दर्शन के सौ वर्ष

लेखक
जॉन पैसमोर

अनुवादक
चांदमल शर्मा
कलानाथ शास्त्री

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की
मानक ग्रंथ योजना के अन्तर्गत प्रकाशित

ⓒ भारत सरकार

प्रथम संस्करण २०००
वर्ष १९६६

प्रस्तुत पुस्तक वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
की मानक ग्रंथ योजना के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार के शतप्रतिशत अनुदान से
प्रकाशित हुई है ।

मूल्य पन्द्रह रुपये ।

प्रकाशक हिन्दी प्रकाशन विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर ।

मुद्रक भारत प्रिंटर्स
जयपुर ।

प्रस्तावना

हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने के लिए यह आवश्यक है कि इनमें उच्चकोटि के प्रामाणिक ग्रन्थ अधिक से अधिक संख्या में तैयार किए जाएँ। भारत सरकार ने यह कार्य वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के हाथ में सौंपा है और उसने इसे बड़े पैमाने पर करने की योजना बनाई है। इस योजना के अन्तर्गत अंग्रेज़ी और अन्य भाषाओं के प्रामाणिक ग्रन्थों का अनुवाद किया जा रहा है तथा मौलिक ग्रन्थ भी लिखाए जा रहे हैं। यह काम अधिकतर राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों तथा प्रकाशकों की सहायता से प्रारम्भ किया गया है। कुछ अनुवाद और प्रकाशन कार्य आयोग स्वयं अपने अधीन भी करवा रहा है। प्रसिद्ध विद्वान और अध्यापक हमें इस योजना में सहयोग दे रहे हैं। अनूदित *और नए साहित्य में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शब्दावली का ही प्रयोग किया जा रहा है ताकि भारत की सभी शिक्षा संस्थाओं में एक ही पारिभाषिक शब्दावली के* आधार पर शिक्षा का आयोजन किया जा सके।

दर्शन के सौ वर्ष नामक पुस्तक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। इसके मूल लेखक श्री जान पैसमोर हैं और अनुवादक श्री चाँदमल शर्मा एवं श्री कलानाथ शास्त्री हैं। आशा है कि भारत सरकार द्वारा मानक ग्रन्थों के प्रकाशन सम्बन्धी इस प्रयास का सभी क्षेत्रों में स्वागत किया जायगा।

निहालकरण सेठी

अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

आमुख

हिन्दी प्रकाशन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर अपने तृतीय प्रकाशन के रूप में जान पसमोर कृत 'हंड्रेड ईयर्स आव फिलासफी' का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करने में प्रसन्नता और गौरव का अनुभव करता है। यद्यपि लेखक ने ग्रंथ की रचना, जैसा उसने स्पष्ट रूप से अपनी प्रस्तावना में स्वीकृत किया है, ब्रितानी दृष्टिकोण से की है तथापि विभिन्न विचारधाराओं को समाविष्ट करने की सफल चेष्टा भी इसमें दिखाई देती है। मुझे विश्वास है कि देश के विश्वविद्यालयों, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के संयुक्त प्रयत्नों से प्रस्तुत यह अनुवाद योजना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त पाठ्य सामग्री उपलब्ध कर सकेगी।

राजस्थान विश्वविद्यालय भारत सरकार के आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय के प्रति आभारी है कि उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ का हिन्दी संस्करण प्रकाशित करने का उसे अवसर दिया। मैं डा० शान्तिप्रसाद वर्मा, नियोजक हिन्दी प्रकाशन विभाग, का आभारी हूं, जिन्होंने अत्यधिक कार्य व्यस्त रहते हुये भी पुस्तक को प्रस्तुत रूप में प्रकाशित करने की व्यवस्था की।

जयपुर
२२ दिसम्बर, १९६६

मुकुट बिहारी माथुर,
उपकुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय

प्राक्कथन

इस पुस्तक का शीर्षक 'दर्शन के सौ वर्ष' पढ़कर पाठक को इसमें जितना पाने की प्रत्याशा हो सकती है उतना उसे मिलेगा नहीं। इसके दो कारण हैं। एक तो यह कि इस पुस्तक को केवल ज्ञान मीमांसा तर्कशास्त्र तथा तत्वमीमांसा तक ही सीमित रखा गया है, जितना कि एक आस्ट्रेलियायी के लिये ऐसा दृष्टिकोण लेना संभव हो सकता है। यह बात अवश्य कह देना चाहता हूं कि ऐसा करने में अन्य दर्शन शाखाओं, जैसे सौन्दर्य शास्त्र आचारशास्त्र, धर्मदर्शन, समाजदर्शन, विधिदर्शन, का किसी प्रकार का अपमान करना मेरा उद्देश्य कदापि नहीं था। इस मर्यादा को स्वीकार करने का निर्णायक कारण तो संक्षिप्त होने की आवश्यकता था, इस पुस्तक का जो कलेवर इस समय पाठक के सामने है वह वस्तुतः एक बहुत विस्तृत मूल कलेवर का संक्षिप्तीकृत स्वरूप है। मैंने वही विषय चुने हैं जो समन्वित किए जाकर एक विवेक-सम्मत व्यवस्थित आकार ले सकते थे। फिर भी मैं यह मानता हूँ कि सामान्य पाठक को यह पुस्तक कुछ संकीर्ण और विशेषीकृत लगेगी क्योंकि मैंने इसमें दर्शन की उन शाखाओं के बारे में बहुत कम लिखा है जिनमें एक ऐसा पाठक भी रुचि ले सकता हो जो दार्शनिक न हो।

दूसरे कारण के सम्बन्ध में, इस पुस्तक में विषय का प्रतिपादन करते हुए मैंने अपना क्षेत्र जान बूझकर ब्रितानी व सीमित रखा है। हां, कभी-कभी इस क्षेत्र से बाहर भी चला गया हूँ—जैसे यूरोपीय दर्शन को छू आया हूँ या अमरीकी दर्शन पर कुछ ठहर गया हूं। पर हर हालत में अपने ही क्षेत्र का रहा हूं विदेशी नहीं बना। अमरीकी और यूरोपीय दार्शनिकों के बारे में बहुत कम ही कह पाया हूँ। विषय का प्रतिपादन जिस रूप में मैंने किया है उस रूप में एक अमरीकी या फ्रांसीसी लेखक नहीं करता। मेरा मापदण्ड यही रहा है कि अमुक लेखक के विचारों ने इंगलैण्ड के दार्शनिक विचार क्षेत्र में किस सीमा तक प्रवेश किया है, और दर्शन शास्त्र का पाठक माइंड और द प्रोसीडिंग्स आव द अरिस्टोटेलियन सोसाइटी जैसी पत्र पत्रिकाओं में उसका नाम पा सकता है या नहीं। इसी आधार पर मैंने लेखकों को प्रतिपादनार्थ चुना है।

एक इसी प्रकार का मापदण्ड मुझे यह बतलाने में सहायक रहा है कि मैं किन लेखकों का विस्तार से वर्णन करूं और किनका केवल संक्षेप में नाम धाम ही गिना दूं। मैंने यह देखा है कि किन लेखकों ने अपने समय में होने वाले दार्शनिक विचार मंथनों और वाद विवादों में प्रमुख भाग लिया है। इस आधार पर ही मैंने उन्हें

अधिक या कम स्थान दिया है। मैंने अपने दृष्टिकोण से उनके व्यक्तिगत गुणों को परखने की चेष्टा नही की। इसमे मैं कहाँ तक सफल हुआ हूँ नही कह सकता।

इसी प्रकार मेरा यह दृष्टिकोण भी रहा है कि लेखकों के उन्ही पहलुओ को चुना जाय जिनमे दर्शन जगत ने अधिक रुचि दिखाई बजाय इसके कि उनकी सारी कृतियो की सूची दे दी जाए। मैंने एक सटिप्पण सूची बनाने का प्रयत्न नही किया है बल्कि दार्शनिक विचार मन्थन का एक इतिहास लिखना चाहा है। मेरे मापदण्ड त्रिकालातीत हैं यह मैं नही कहता। यों ही देखिये न यदि मैं सन् १६०० ई० मे यह पुस्तक लिखता तो सम्भवतः बर्कले और ह्यूम पर एकाध पंक्ति ही लिखकर रह जाता क्योंकि उस समय मुझे यह आवश्यक लगता कि डूगाल्ड स्टीवर्ट पर अधिक ध्यान केन्द्रित रखा जाना चाहिये। इसी प्रकार 1950 ई० में लिखते समय मेरा ध्यान सर विलियम हैमिल्टन पर केन्द्रित रहने की ओर होता।

पुस्तक में काफी त्रुटियां रही हैं। कुछ चीजें छूट गई हैं कहीं परख की गलती है तो कहीं सीधे-साधे भूल-चूक हो गई है। भूलें हुई हैं-यह मुझे लगता है-भूलें क्या हैं, यह नही मालूम। मुझे प्रसन्नता होगी यदि मुझे वे भूलें बताई जाएँ, ताकि आगे कभी उन्हे सुधारा जा सके।

न्यूजीलैण्ड इंग्लण्ड और आस्ट्रेलिया तीनों देशो के दार्शनिकों को मेरे इस पुस्तक लेखन के प्रयत्न के कारण कष्ट उठाना पड़ा हैं। बहुतो ने मुझे किसी न किसी रूप मे सहायता दी है पर किसी ने पूरी पुस्तक नहीं देखी है इसलिये यही अच्छा है कि उनके नाम न लिये जाएँ। मुझे केवल इन व्यक्तियो को धन्यवाद देकर ही सन्तोष कर लेना पड़ेगा-सर्व श्री आर० जी० ब्यूरट आर० ब्रैडले श्रीमती एफ० वुड और सबसे अधिक मेरी पत्नी को। इन्होंने पुस्तक लेखन के कठिन काम मे सहायता की है। पुस्तक सूची में सबसे अधिक श्रम सुश्री डगमर कारबोच ने किया है। अन्त मे मुझे न्यूयार्क के कार्नेगी कारपोरेशन को भी धन्यवाद देना है जिन्होंने पुस्तक लेखन के मध्यान्तर के रूप मे आक्सफर्ड मे मेरे एक वर्षीय निवास की व्यवस्था करवाई जो पुस्तक को पूरा करने मे सहायक रहा। इस एक वर्षीय निवास को सानन्द स्मरणीय बनाने के लिये कार्पस क्रिस्टी कॉलेज के प्रेजीडेंट तथा फलोज को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

ड्यूनेडिन-आक्सफर्ड-कैनबरा

जान पासमोर

संक्षिप्त संकेतों का परिचय

अर्क० अर्कें०	अर्केंतनिस
ए जे पी	ऑस्ट्रेलियन जर्नल ऑव फिलासोफी (जो 1947 तक ऑस्ट्रेलियन जर्नल ऑव फिलासोफी के नाम से निकलती थी)
एक्यु० अक्यु अलिटेस	एक्युअलिटेस साइंटिफीक्स एत इंडस्ट्रिएलिस
आर० आई० पी०	रिव्यू इंटरनेशनाल द फिलोसफाई
आर० एम०	रिव्यू ऑव मेटाफिजिक्स
आर० एम० एम०	रिव्यू द मेटाफिजिक एत द मोराल
जे० एच० आई०	जर्नल आव द हिस्ट्री ऑव आइडियाज
जे० पी०	जर्नल आफ फिलासोफी
जे० एस० एल०	जर्नल ऑव सिम्बोलिक लाजिक
डी० एन० बी०	डिक्शनरी ऑव नेशनल बॉयोग्राफी
पी० ए० एस० प्रोसी० आर० सोसा०	प्रोसीडिंग्स आव द अरिस्टोटेलियन सोसायटी
पी० ए० एस० एस०	प्रोसीडिंग्स आव द अरिस्टोटेलियन सोसायटी सप्लीमेंटरी वाल्यूम
पी० बी० ए० प्रोसी० ब्रि० अ०	प्रासीडिंग्स आव द ब्रिटिश अकडमी
पी० पी० आर०	फिलासोफी एण्ड फिनामिना लॉजिकल रिसर्च
पी० एस० सी०	फिलासोफी आव साइंस
पी० क्यू० फि० क्वा०	द फिलासाफिकल क्वाटरली
पी० आर० फि० रि०	द फिलासोफिकल रिव्यू

पी० एस० फि० स्ट०	फिलासोफिकल स्टडीज
फिलो० फिल०	फिलासोफी
बी० जे० पी० एस०	ब्रिटिश जनल फार द फिलासोफी आव साइन्स
बी० पी० एम०	ब्रिटिश फिलासफी एट मिडसेंचुरी (1957) सपादक सी० ए० मेस ।
यू० एस०	इन्टरनेशनल एनसायक्लापेडिया आव यूनिफाइड साइन्स
सी० ए० पी० I तथा II	कन्टेम्परेरी अमरीकन फिलासफी जिल्द I तथा II (1930) सपादक जी० पी० एडम्स तथा डबलू० पी० मांटेग्यू
सी० बी० पी० I तथा II	कन्टेम्परेरी *ब्रिटिश* फिलासफी *I तथा II* सीरीज (1924–5) सपादक जे० एच० म्योरहैड,
सी० बी० पी० *III*	कन्टेम्परेरी ब्रिटिश फिलासोफीस *III* सीरीज सपादक डी० एच० लुईज
एल० एल० I तथा II	लाजिक एण्ड लैंग्वेज जिल्द I (1951) तथा II (1953) सपादक ए० जी० एन० फ्लू ।

विषय सूची

अध्याय पृ० संख्या

1 मिल तथा ब्रितानी अनुभववाद 1
2 भौतिकवाद, प्रकृतिवाद एवं अनीश्वरवाद 29
3 परमात्म की ओर 46
4 व्यक्तित्व एवं परमात्म 77
5 अर्थक्रियावाद एवं समधर्मी यूरोपीय दर्शन 107
6 तर्कशास्त्र के क्षेत्र में नये विकास 145
7 आकारी तर्कशास्त्र के कुछ समालोचक 190
8 वस्तुपरकता की ओर 212
9 मूर एवं रसल 249
10 कुक विल्सन एवं आक्सफोर्ड दर्शन 299
11 नव यथार्थवादी विचारक 321
12 विवेचनात्मक यथार्थवाद एवं अमरीकी प्राकृतवाद 348
13 हठीले तत्ववादी 371
14 प्रकृति वैज्ञानिक दार्शनिक बने 400
15 कुछ कैम्ब्रिज दार्शनिक तथा विटजनस्टीन कृत ट्रैक्टटस 428
16 तर्कसम्मत वस्तुस्थितिवाद 456
17 तर्कशास्त्र, अर्थविज्ञान एवं रीतिविधान 486
18 विटजनस्टीन एवं साधारण भाषादर्शन 526
19 अस्तित्ववाद पर एक पृष्ठ लेख 568

अध्याय 1

मिल तथा ब्रितानी अनुभववाद

दार्शनिक चेतना शताब्दियों तक रुद्ध बने रहने की स्थिति को सहज स्वीकार नहीं करती। कलाकारों की भाँति दार्शनिक भी निरंतर प्राचीन युग-प्रचेताओं से प्रेरणा लेते रहे हैं और उनके अक्षुण्ण ज्ञानों से नवोत्साह प्राप्त करते रहते रहे हैं। प्रत्येक युग के पुनर्निर्माण का अपना एक विशिष्ट तरीका होता है और निश्चय ही उसमें किसी पूर्ववर्ती दार्शनिक या दार्शनिकों का स्पष्ट प्रभाव विद्यमान होता है। दांते का अरस्तू के विषय में भी यह मत था कि वह सभी तत्कालीन जिज्ञासुओं का प्रेरणा-स्रोत था। विगत शताब्दी में बर्कले तथा ह्यूम ब्रितानी दर्शनक्षेत्र की जीवंत शक्तियाँ रहीं और वहाँ एक युग के दार्शनिक कुहरे के पश्चात् प्लेटो का पुनः प्रतिपादन हुआ, उसके प्रति पुनः रुचि जाग्रत होने लगी। दर्शन के क्षेत्र में यह नवजागरण लाने के लिए दार्शनिक परम्परा के ज्ञाता विद्वानों की एक दीर्घ शृंखला का हम आभार मानना होगा जिनके अध्ययन और अध्यवसाय से हमें चिंतन के क्षेत्र में नई धाराओं के दर्शन हुए। प्लेटो, बर्कले, तथा ह्यूम[1] हमारे समय में निश्चय ही अत्यन्त महत्वपूर्ण दार्शनिकों में से हैं। फिर भी, उनकी शिक्षाओं पर शोध करने का यह उपयुक्त अवसर नहीं है।

सौभाग्य से जॉन स्टुअर्ट मिल की पुस्तक **सिस्टम आफ लाजिक** (1843) को चिंतन के क्षेत्र में अलगाव की एक स्वाभाविक सीमा-रेखा माना जा सकता है। एक ओर जहाँ यह ग्रंथ प्रतिक्रिया अथवा प्रशंसा दोनों ही दृष्टियों से सम-सामयिक दर्शन में प्रकटित अत्यन्त महत्वपूर्ण विचारधाराओं के प्रवर्तन में सहायक रहा है, तो दूसरी ओर इसे अठारहवीं शती के उत्तरार्द्ध की विचारधारा का चरमोत्कर्ष

---

[1] टी॰ एच॰ ग्रीन तथा टी॰ एच॰ ग्रोज द्वारा 1847 ई॰ में किए गए ह्यूम की कृतियों के सम्पादन के पश्चात ही विचारकों की रुचि ह्यूम में होनी प्रारम्भ हुई थी। बर्कले को तो लोग उसके दृष्टि सिद्धान्त, 'थ्योरी ऑफ विजन' के कारण अनुभववादी मनोवैज्ञानिक (एम्पिरिकल साइकोलोजिस्ट) के रूप में जानते ही थे। दार्शनिक के रूप में उनकी भी प्रतिष्ठा उस समय तक न हो सकी थी जब तक ए॰ सी॰ फ्रेजर द्वारा 1871 ई॰ में उनकी रचनाओं का एक पूरा संस्करण प्रकाशित न कर दिया गया। डब्लू॰ लूटोस्लाव्स्की द्वारा अपनी पुस्तक **ओरीजिन एण्ड ग्रोथ आव प्लेटोज लोजिक** (1279) में एल॰ केम्पबल के अनुसरण में प्लेटो की वार्ताओं को सफलतापूर्वक क्रमबद्ध कर लेने से उनके दार्शनिक महत्त्व की पुनः स्थापना हो जाती है।

भी माना जा सकता है, इस अपवाद के साथ कि मिल अपनी शती के महान विचारक ह्यूम की रचनाओ स अनभिज्ञ ही रहे ।[1] मिल की शिक्षा का तो मूल उद्देश्य ही अपने को अठारहवी शती का दाशनिक बनाना था इसलिए मिल के जीवन और काय सभी की दिशा अपने समय की दाशनिक विचारधाराओ की कमियो की आलोचना करने की ओर रही ।

मिल के शिक्षक उनके पिता जेम्स मिल थ जो स्वय एक प्रख्यात दाशनिक मनोवैज्ञानिक तथा अथशास्त्री थ । उनम भी अन्य लोगो स कुछ सीखने की अपूर्व क्षमता थी । डेविड हाटले तथा जर्मी बेन्थम उनके दो प्रमुख प्रेरणा-स्रोत थ । हाटले न अपनी पुस्तक **आब्जर्वेशन्स ऑन मैन** (1749) म एक नय मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया जिसे अनुभव-साहचयवाद (एसोसिएशनिज्म) के नाम स जाना जाता है तथा जिसके अनुसार यह माना जाता है कि मनुष्य का मन सवेदना के क्षेत्र म प्रस्तुत हुई प्रतिक्रियाओ से उत्पन्न कुछ मनोवैज्ञानिक नियमो द्वारा सचालित है । आरम्भ म इस सिद्धान्त न कोई हलचल उत्पन्न नही की और उसे बहुत न्यून व्यक्तियो द्वारा जीवित रखा गया—लेकिन शीघ्र ही उस जेम्स मिल जस समथक मिले जिन्होने **द अनालिसिस आव द फिनोमेना आव दि ह्यूमन माइण्ड** (1829) नामक पुस्तक लिख कर इस सिद्धान्त का विकास और प्रवतन भी किया । बाद म जे० एस० मिल द्वारा 1869 म इस सिद्धान्त का सम्पादन और विश्लेषण भी किया गया[2] ।

---

[1] द्रष्टव्य **जोन स्टुअट मिल ए क्रिटिसिज्म विथ पसनल रिपलेक्शन्स** (1882) एक परम्परागत अनुभववादी दृष्टि के लिए मिल की विचारधारा मे हुए परिवतनो को आर० पी० एन्शूज द्वारा लिखित पुस्तक **द फिलोसोफी आव जे० एस० मिल** मे भली भाति दिखाया गया है । डबलू० एम० जेवन्स की 1890 ई० म प्रकाशित पुस्तक **प्योर लोजिक एण्ड अदर माइनर वक्स** भी देखिए । 1916 ई० म प्रकाशित जे० एफ क्राफड द्वारा लिखित पुस्तक **द रिलेशन आफ इनफरेन्स टु फेक्ट इन मिल्स लाजिक**, ओ० ए० कूबिज की **द डवलपमेण्ट आफ जान स्टूअट मिल्स सिस्टम आव लाजिक** (1932) । वतमान अनुभववादी दृष्टि के लिए ब्रिटन की पुस्तक **जॉन स्टुअट मिल** (1955) द्रष्टव्य । 1954 म प्रकाशित एम० एस० जे० पके की पुस्तक **जोन स्टुअट मिल** उनकी जीवनी के लिए 1949, म एच० जे० लास्की द्वारा प्रकाशित सस्करण म उनकी आत्मकथा मिल सकती है । ई० नेगल द्वारा लिखित पुस्तक **मिल्स फिलोसोफी आव साइन्टफिक मैथड** (1950) म मिल की तक प्रणाली सार रूप म बतायी गयी है ।

[2] द्रष्टव्य एच० सी० वारेन की **ए हिस्ट्री आव द एसोसियेशन साइकोलोजी** (1921), जे० सी० फ्लूगल की **ए हण्ड्रेड इयस आव साइकोलोजी** (1933)

पिता पुत्र दोनों को ही इस सिद्धान्त ने लगभग एक ही कारण से प्रभावित किया और वह यह था कि जिस वैज्ञानिक पद्धति से सोवियत संघ के मनोवैज्ञानिक अनुकूलित प्रतिवर्त (कण्डीशण्ड रिफ्लेक्स) का सफलता पूर्वक प्रयोग कर रहे थे। उससे इस सिद्धान्त का काफी मेल था, और इसने सोवियत संघ के मनोवैज्ञानिकों का समर्थन भी प्राप्त करना शुरू कर दिया था। इनका विचार था कि इस सिद्धान्त ने आत्मा के स्वरूप के सम्बन्ध में व्याप्त रूढ़ि और अंधविश्वास को झाड़ दिया है और इसके स्थान पर मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का सशक्त आधार प्रस्तुत किया है। इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस सिद्धान्त ने आत्मा सम्बन्धी, दर्शन के क्षेत्र में व्याप्त, मूल मतभेदों का निवारण करके अनन्त पूर्णता की शक्ति का परिचय दिया है। अपने पिता के सम्बन्ध में स्टुअर्ट मिल ने कहा कि उनका मूल उद्देश्य परिस्थितियों के सहारे विकसित मनुष्य के आधार पर मनुष्य की नैतिक और बौद्धिक दशा को शिक्षा के माध्यम से सुधार करना था। अपने प्रारंभिक आलेखों में उनकी अंतिम रचनाओं में भी उनकी इस धारणा में कहीं कमी नहीं दिखाई देती। अपने पिता से जो मौलिक मतभेद मिल के थे उनको उन्होंने तत्काल ही निखार दिया था। इस बात का प्रमाण उनकी 1869 में लिखी पुस्तक द सब्जेक्शन ऑव वीमेन में जितना स्पष्ट रूप में मिलता है उतना अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। इस पुस्तक में उन्होंने संकेत दिया है कि नर नारियों में न्यूनतम समय-शील मतभेदों के समय भी ऐसी स्थितियाँ काम करती रहती हैं जिन्हें किसी स्वाभाविक विधान के अभाव में भी परिस्थितियों से उपजी हुई माना जा सकता है।

इस प्रकार यदि मिल ने हार्टले से यह सीखा कि पूर्णता प्राप्त करना संभव है तो बेन्थम से भी यह कि व्यवस्थाओं में कुछ सत्य मौलिक और विशुद्ध सच्ची स्थितियों के लिए घातक होते हैं और उनके मार्ग में बड़ी बाधा उत्पन्न करते हैं। किन्तु कुछ सीमाओं तक बेन्थम से मिल का मतभेद भी था—उतना मतभेद उनमें हार्टले के प्रति दर्शन में नहीं आया। बेन्थम पर लिखे ऐसे आलेख बेन्थम (1838)

तथा ए० बेन का आलेख एसोसियेशन कन्ट्रोवर्सीज (माइंड, 1887)। बेन की कृतियों द्वारा ब्रितानी अनुभववादी परम्परा ने मनोविज्ञान में प्रवेश किया, यह बात अब कुछ स्पष्ट है। उनकी रचनाओं के लिए द्रष्टव्य फ्लूगल की उपर्युक्त कृति। माइंड (1876) की स्थापना के लिए बेन ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। सर्व प्रथम संपादक क्रूम रॉबर्टसन अनुभववादी परम्परा के सुपाठ्य सातत्यसाधक थे। उनका दृष्टिकोण प्रमुख रूप से मनोविज्ञान की ओर था। वैसे उन्होंने लिखा बहुत कम। उनके लेखों में से अधिकतर उनके दार्शनिक अवशेष (फिलोसॉफिकल रिमेन्स, 1894) के रूप में पुनः प्रकाशित किये गये थे।

भी माना जा सकता है इस अपवाद के साथ कि मिल अपनी शती के महान विचारक ह्यूम की रचनाओं में अनभिज्ञ ही रहे।[1] मिल की शिक्षा का तो मूल उद्देश्य ही अपने को अठारहवीं शती का दार्शनिक बनाने का था इसलिए मिल के जीवन और कार्य सभी की दिशा अपने समय की दार्शनिक विचारधाराओं की कमियों की आलोचना करने की ओर रही।

मिल के शिक्षक उनके पिता जेम्स मिल थे जो स्वयं एक प्रख्यात दार्शनिक मनोवैज्ञानिक तथा अर्थशास्त्री थे। उनमें भी अन्य लोगों से कुछ सीखने की अक्षुण्ण क्षमता थी। डेविड हार्टले तथा जर्मी बेन्थम उनके दो प्रमुख प्रेरणा-स्रोत थे। हार्टले ने अपनी पुस्तक **आब्जर्वेशन ऑन मैन** (1749) में एक नये मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया जिसे अनुभव-साहचर्यवाद (एसोसिएशनिज्म) के नाम से जाना जाता है तथा जिसके अनुसार यह माना जाता है कि मनुष्य का मन संवेदना के क्षेत्र में प्रस्तुत हुई प्रतिक्रियाओं से उत्पन्न कुछ मनोवैज्ञानिक नियमों द्वारा संचालित है। आरम्भ में इस सिद्धान्त ने कोई हलचल उत्पन्न नहीं की और उसे बहुत न्यून व्यक्तियों द्वारा जीवित रखा गया—लेकिन शीघ्र ही उसे जेम्स मिल जैसे समर्थक मिले जिन्होंने **द अनालिसिस आव द फिनोमेना आव दि ह्यूमन माइण्ड** (1829) नामक पुस्तक लिख कर इस सिद्धान्त का विकास और प्रवर्तन भी किया। बाद में जे० एस० मिल द्वारा 1869 में इस सिद्धान्त का सम्पादन और विश्लेषण भी किया गया[2]।

---

[1] द्रष्टव्य **जोन स्टुअर्ट मिल ए क्रिटिसिज्म विथ पर्सनल रिफ्लेक्शन्स** (1882) एक परम्परागत अनुभववादी दृष्टि के लिए मिल की विचारधारा में हुए परिवर्तनों को आर० पी० एन्सूज द्वारा लिखित पुस्तक **द फिलोसोफी आव जे० एस० मिल** में भली भांति दिखाया गया है। डब्लू० एस० जेवन्स की 1890 ई० में प्रकाशित पुस्तक **प्योर लोजिक एण्ड अदर माइनर वर्क्स** भी देखिए। 1916 ई० में प्रकाशित जे० एफ० श्राफड द्वारा लिखित पुस्तक **द रिलेशन आफ इनफरेंस टु फैक्ट इन मिल्स लाजिक**, आ० ए० कूबिज की **द डवलपमैण्ट आफ जान स्टूअर्ट मिल्स सिस्टम आव लाजिक** (1932)। वर्तमान अनुभववादी दृष्टि के लिए ब्रिटन की पुस्तक **जॉन स्टुअर्ट मिल** (1955) द्रष्टव्य। 1954 में प्रकाशित एम० एस० जे० पैके की पुस्तक **जोन स्टूअर्ट मिल** उनकी जीवनी के लिए 1949, में एच० जे० लास्की द्वारा प्रकाशित संस्करण में उनकी आत्मकथा मिल सकती है। ई० नगल द्वारा लिखित पुस्तक **मिल्स फिलोसोफी आव साइन्टिफिक मैथड** (1950) में मिल की तर्क प्रणाली सार रूप में बतायी गयी है।

[2] द्रष्टव्य एच० सी० वारन की **ए हिस्ट्री आव द एसोसियेशन साइकोलोजी** (1921) जे० सी० फ्लूगल की **ए हन्ड्रेड इयर्स आव साइकोलोजी** (1933)

पिता पुत्र दोनों को ही इस सिद्धान्त ने लगभग एक ही कारण से प्रभावित किया और वह यह था कि जिस वैज्ञानिक पद्धति से सोवियत संघ के मनोवैज्ञानिक अनुकूलित प्रतिवर्त (कण्डीशण्ड रिफ्लेक्स) का सफलता पूर्वक प्रयोग कर रहे थे। उसमें इस सिद्धान्त का काफी मेल था, और इसने सोवियत संघ के मनोवैज्ञानिकों का समर्थन भी प्राप्त करना शुरू कर दिया था। इनका विचार था कि इस सिद्धान्त ने आत्मा के स्वरूप के सम्बन्ध में व्याप्त रूढ़ि और अन्धविश्वास को झाड़ दिया है और इसके स्थान पर मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का सतर्क आधार प्रस्तुत किया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सिद्धान्त ने आत्मा सम्बन्धी, दर्शन के क्षेत्र में व्याप्त, मूल मतभेदों का निवारण करके अनन्त पूर्णता की शक्ति का परिचय दिया है। अपने पिता के सम्बन्ध में स्टुअर्ट मिल ने कहा कि उनका मूल उद्देश्य परिस्थितियों के सहारे विकसित मनुष्य के आधार पर मनुष्य की नैतिक और बौद्धिक दशा का शिक्षा के माध्यम से सुधार करना था। अपने आरम्भिक भाषणों में उनकी अन्तिम रचनाओं में भी उनकी इस धारणा में कहीं कमी नहीं दिखाई देती। अपने पिता से जो मौलिक मतभेद मिल के थे उनको उन्होंने तत्काल ही निकाल दिया था। इस बात का प्रमाण उनकी 1869 में लिखी पुस्तक द सब्जेक्शन आव वीमेन में जितना स्पष्ट रूप में मिलता है उतना अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। इस पुस्तक में उन्होंने मवन दिया है कि नर नारियों में न्यूनतम संघर्ष-शील मतभेदों के समय भी ऐसी स्थितियाँ काम करती रहती हैं जिन्हें किसी स्वाभाविक विकास के अभाव में भी परिस्थितियों में उपजी हुई माना जा सकता है।

इस प्रकार यदि मिल ने हार्टले से यह सीखा कि पूर्णता प्राप्त करना सम्भव है तो बेन्थम से भी यह कि बयामा में कुछ सत्य मौलिक और विशुद्ध सच्ची स्थितियों के लिए घातक होते हैं और उनके मार्ग में बड़ी बाधा उत्पन्न करते हैं। किन्तु कुछ सीमाओं तक बेन्थम से मिल का मतभेद भी था—ऐसा मतभेद उनमें हार्टले के प्रति देखने में नहीं आया। बेन्थम पर लिखे ऐसे आन बेन्थम (1838)

तथा ए० बेन का आन एसोसियेशन कन्ट्रोवर्सीस (माइंड, 1887)। बेन की कृतियों द्वारा ब्रितानी अनुभववादी परम्परा ने मनोविज्ञान में प्रवेश किया, वह बात अब कुछ स्पष्ट है। उनकी रचनाओं के लिये द्रष्टव्य फ्लूगल की उपयुक्त कृति। माइंड (1876) की स्थापना के लिये बेन ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी सर्व प्रथम सम्पादक क्रूम राबर्टसन अनुभववादी परम्परा के सुयोग्य सातत्यसाधक थे। उनका दृष्टिकोण प्रमुख रूप से मनोविज्ञान की ओर था। वैसे उन्होंने लिखा बहुत कम। उनके लेखों में से अधिकतर उनके दार्शनिक अवशेष (फिलोसाफिकल रिमेन्स, 1894) के रूप में पुनः प्रकाशित किये गये थे।

म उन के प्रति मिल का विद्रोह अपनी चरम सीमा पर था। अठारहवा शती की विचारधारा जिसका प्रतिनिधित्व इग्लड मे कालरिज तथा कार्लाइल ने किया–की प्रतिक्रिया स्वरूप मिल न यह अनुभव किया कि बेंथम का सिद्धात अव्यावहारिक है, विचारक होने की भक म उनका अनुभववाद अनुभवहीनता का द्योतक बन गया है। मिल ने बताया कि बन्थम ने एक साफ सुथरे विचारक होने की भख म यह कहन *की भीषण गलती कर डाली कि जो अनुभव हम जटिल रूप से प्राप्त करते हैं वह* अनुभव ही नही है। बन्थम न इस प्रकार उन बहुत सी उलभी हुई सामान्य *परिस्थितियो को भी अस्वीकृत कर दिया जो मिल के अनुसार, समूची मानवजाति* के अनुभवो की युग युग से अविश्लिष्ट शृखला रही थी।[1]

इतना होते हुए भी मिल एव कालरिज मे अधिक समय तक समझौता चलना सभव नही था–कालरिज और उसके अनुयायी यथाथ से इतर अन्त साक्ष्यवादी (इण्ट्यूशनिस्ट) थे। इसी व्याज स मिल कई बार उनकी खिल्ली उडाया करत थे। उनके अनुसार ये लोग सीमित और निर्धारित रुचियो के अनुरूप आचरण करने वाले थे और उनका यह काय विशुद्ध अनुभव के क्षेत्र के विरोध मे था। इसके अतिरिक्त भी मिल के मतानुसार उनकी प्रणाली गलत आधार पर टिकी थी। इसलिए मिल कालरिज *स्कूल की सामान्य धारणाओ के* प्रतिकूल बन्थम की विस्तार म जान वाली प्रणाली के प्रति वफादार रह जिसके *अनुसार पूर्ण को खण्ड करके देखन, अमूत को यथाथ स्तर तक ले जाकर अध्ययन* करन व विशिष्ट मूल्यो और सामान्य स्थितियो का अलग अलग करके देखने तथा सभी समस्याओ का निदान उनको खण्ड खण्ड करके निकाल लान म था[2]। मिल

---

[1] मिल के अधिकतर निबन्धो की भाति बन्थम पर उनका निबन्ध भी **डिसर्टेशन्स एण्ड डिस्कशन्स** *(वाल्यूम–1859–75)* म सकलित है। साथ ही द्रष्टव्य **बिब्लियोग्राफी आव द पब्लिश्ड वक्स आव जान स्टुअट मिल** सपादक, एम० मकमिन जे० आर०, हेइन्डस जे० एम० मैकरिमन *(1945)* बेन्थम तथा मिल–परिवार के लिये द्रष्टव्य ई हलवी की **द ग्रोथ आव फिलोसाफिकल रडिकलिज्म** *(अग्रेजी अनुवाद 1928) तथा एल० स्टीवन द इंग्लिश* **यूटिलिटेरियन्स (1900)**। बथम तथा उसक विरोधियो के मिल के साथ सबधो के *लिये देखें–एफ० आर लीविस* **मिल आन बेंथम एण्ड, कालरिज (1950)** तथा श्री स्वामोनर (कालरिज) एव श्री मक क्वेडी (मिल के एक मित्र जे० आर० मक कुलाच) के बीच विमश (टी० एल० पीकाक की **क्रोचेट कासल** मे), इ० नफ की **कार्लाइल एण्ड मिल (1924)**

[2] इस प्रणाली के लिय द्रष्टव्य *सा० के० आगडन की बन्थमस थियरी आव* **फिक्शन्स (1932)**

कभी भी गभीर रूप से यह सोचने को विवश नही हुए कि मन अनुभूतियो का आकलन (सेट) है, समाज व्यक्तियो का तथा वस्तु एक घटनाक्रम का। उनकी दृष्टि मे तो दर्शन की मूल समस्या सही तौर पर उन सबका विस्तार मे खण्ड खण्ड वर्णन करना ही है। वैज्ञानिक जगत् मे यही बात होती आई है कि वहा पर वस्तु का अध्ययन खण्डो एव उसके विभिन्न उपकरणो को लेकर होता है।

स्वभावत मिल के नैतिक और राजनीतिक लेखन पर भी बेंथम का प्रभाव विशद रूप से था। लेकिन मिल का बेंथमवाद कुछ अर्थो मे अपनी एक सीमा भी लिए हुए था—खास तौर पर उनके तर्कशास्त्र तथा ज्ञानमीमासा के लिये यह कहा जा सकता है।

मिल की दृष्टि मे अनुभव साहचर्यवाद का यदि भली भाति परीक्षण किया जाए तो वह मात्र एक मनोवैज्ञानिक आकल्प ही नही अपितु एक विकासशील समाज नीति की पहली आवश्यकता की भी पूर्ति करता है। अनुभव-वाद भी इसी भाति केवल अनुभव से प्राप्त ज्ञान की मीमासा मात्र नही है। अनुभववादी न होने का अर्थ है कि परम्परा (एस्टाब्लिशमेट) से चिपका रहना या तथाकथित पावन मूल्यो तथा सिद्धान्तो के सरक्षण के हेतु वचन-बद्ध होना। इसीलिए मिल ने लिखा कि केवल दोषयुक्त विचारक और सस्थाए ही यह धारणा रख सकते है कि सत्य का प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा प्राप्त न कर पाने के बावजूद भी अन्त साक्ष्य से प्राप्त किया जा सकता है। यहा मिल द्वारा प्रयुक्त की गयी शब्दावली का महत्व है। उन्होने जोर देकर लिखा है "झूठे विचारक और दोष युक्त सस्थाए।' इस प्रकार हम देख सकते है कि यदाकदा अनुभववाद पर आक्रमण करने तथा अनुभव-साहचर्यवाद की प्रामाणिकता पर सदेहवादी हो जाने के बावजूद भी मिल मे इन सिद्धान्तो के प्रति गहरी आस्था है और वे जोड तोड करके भी इनको सिद्ध कर देते है।

1830–42 ई० मे आगस्ट काम्ते [1] द्वारा लिखी गई 'कोर्स इन पोजिटिविस्ट फिलासोफी' नामक पुस्तक मे व्यक्त किये गये फ्रासीसी वस्तुस्थितिवाद के प्रति जानमिल की अभिरुचि ने भी मिल के दर्शन और विचारो पर गहरा प्रभाव

---

[1] ए० ब्रूल-ब्रेवी की हिस्ट्री आव माडर्न फिलासफी इन फ्रास (1899) मे काम्ते के सम्बन्ध मे बडा अच्छा सक्षिप्त वर्णन मिलता है। साथ ही देखें टी ह्वाइटाकर की कोम्ते एण्ड मिल (1908), ई० केयड, दि सोशल फिलासफी एण्ड रिलिजन आव कोम्ते (1885), ब्रितानी आदर्शवाद के दृष्टिकोण से एक समीक्षा। काम्ते की दिस्कोर सु ला साम्बल दु पाजितिविस्म एच० बी० एक्टन का कोम्तेज पोसिटिविज्म एण्ड द साइन्स आव सोसाइटी (फिलासफी मे, (1951), सयुक्तराज्य अमेरिका मे कोम्ते के प्रभाव के लिए द्रष्टव्य आर० एल० हाकिन्स की आगस्ट कोम्ते एण्ड द यूनाइटेड स्टेटस (1938)।

डाला है। उन्होंने कोम्त द्वारा लिखी एक अन्य पुस्तक **सिस्टम ऑफ पोजिटिविस्ट पोलिटी** (1951–54), को मानवीय मस्तिष्क में अब तक निकली आध्यात्मिक तानाशाही की सर्वव्यापिनी उपलब्धि माना है। शुरू शुरू में मिल कोम्त के समाज दर्शन में प्रस्तुत हुए उनके समग्रतावादी रूप को पहचान नहीं पाये थे। कोम्ते में उन्होंने एक ऐसा दार्शनिक जन्म लेता हुआ पाया था जो बेन्थम द्वारा प्रदर्शित की गई समाज के प्रति वैज्ञानिक दृष्टि को भी अपने में समाहित किए था और जिस दृष्टि का पूर्ण अभाव उन्हें कार्लाइल और कालरिज में साफ दिखाई दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी कार्लाइल और कालरिज की इतिहास दृष्टि के मिल कायल थे—जो उन्हें बेन्थम में नहीं मिली थी।

कोम्ते के वस्तु स्थितिवाद (पोजिटिविज्म) और उनके द्वारा प्रस्तुत इस धारणा से कि हमारा सम्पूर्ण ज्ञान निरन्तर हो रही घटनाओं और उनके संयोजन में प्रकट हुई स्थितियों का वर्णन करने में ही निहित है, मिल पहले से भी परिचित थे। यही बात उन्होंने अपने पिता से सीखी थी। लेकिन कोम्ते की नवीनता इस ऐतिहासिक बोध में भी थी जिसके आधार पर उन्होंने यह घोषणा की थी कि मानवी जिज्ञासा का अन्तिम चरण वस्तु स्थिति का ही है। पहले इसी तथ्य को धर्म-दर्शन (थियोलाजी) द्वारा प्रतिपादित किया जाता रहा तथा बाद में तत्वमीमांसा (मेटाफिजिक्स) द्वारा ईश्वरधर्मवादी (थियोलाजिकल) स्तर पर घटनाक्रम को सब ही दैवी शक्ति के स्वेच्छाकृत कार्यों का प्रतीक माना गया है और तत्ववादी (मेटाफिजिकल) स्तर पर उन्होंने दैवी देवताओं के स्थान पर शक्ति सत्ता एवं तत्व-आदि शब्दों का रूपान्तर मात्र प्रस्तुत किया है। इसलिए केवल तीसरी अवस्था के जरिए ही जो कि वस्तुस्थिति की अवस्था है, मनुष्य घटनाक्रम के विभिन्न उपकरणों के पारस्परिक सम्बन्धों का वर्णन कर सकने में सफल हुआ है। कोम्ते को यह बात मान्य है कि वस्तुस्थिति की अवस्था को विश्लेषण से प्राप्त करते समय कुछ अनुभव दूसरे प्रकार के अनुभवों से ज्यादा सहायक होते हैं।

विज्ञान की सब विधियां एक तार्किक क्रम में अनुबद्ध होती हैं और किन्हीं खास नियमों के कारण प्रत्येक प्रकार के विज्ञान को दूसरे प्रकार के विज्ञान पर आधारित रहना पड़ता है और यही उनके विकास की ऐतिहासिक स्थिति की परिचायक है। गणित सर्वप्रथम [illegible]कों में सामान्य सिद्धान्त के रूप में हमारे सामने प्रकट हुआ। उसके बाद क्रमशः भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र तथा जीव-विज्ञान उद्भूत हुए। सामाजिक विज्ञान को भौतिक शास्त्र तथा जीव विज्ञान के विकास की प्रतीक्षा करनी पड़ी बाद में वे विकसित हुए। इतना हो जाने के बाद कोम्त के मतानुसार, इस बार अब सामाजिक विज्ञानों की बारी थी। उनमें पहली बार वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करके समाज का अध्ययन शुरू हुआ।

बहुत अंशों में, इस निष्कर्ष के आधार पर ही कोम्ते को अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान को अवैज्ञानिक कह कर छोड़ देना पड़ा। अर्थशास्त्र को तो इसलिए कि वह धन की अलग से समीक्षा करते हुए सामाजिक संदर्भ में उसे काट देता है और इसीलिए यह समाज में हो रही वास्तविक आर्थिक क्रियाओं को देखने में असमर्थ हो जाता है। मनोविज्ञान को भी कोम्ते इसलिए त्याज्य मानते हैं कि उसमें व्यक्ति के लिए स्वयं अपनी मानसिक अवस्था को निरन्तर एक ही रूप में देख और समझ पाना सम्भव नहीं है क्योंकि विश्लेषण की क्रियाएं मानसिक प्रक्रिया में स्वयं बदल जाती हैं। कोम्ते की इन धारणाओं का निराकरण करना मिल ने एक मनोवैज्ञानिक तथा अर्थशास्त्री के पुत्र होने के नाते भी आवश्यक माना। इसके बावजूद भी मिल कोम्ते के साथ इस सीमा तक सहमत हो गये कि सामाजिक विज्ञान काफी पिछड़ा हुआ है और उनका यह पिछड़ापन ही इस तथ्य का द्योतक है कि समाज का वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन ही नहीं हुआ है। मिल का यह विचार मत: साक्ष्यवादियों से इस अर्थ में विपरीत था कि समाज एक ऐसी सत्ता नहीं है जो स्वतः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके।

इसके अतिरिक्त भी कोम्ते की रचनाओं ने मिल को नई पद्धति पर सोचने की प्रेरणा दी। दरअसल यह वैज्ञानिक दृष्टि तो थी ही किन्तु यह वैज्ञानिक दृष्टि मौलिक रूप में उस दृष्टि से भिन्न थी जिसका उपयोग भौतिक शास्त्र और रसायनशास्त्र में होता है। मिल इसी दृष्टि का उपयोग समाज के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए करना चाहते थे। इस उपलब्धि के साथ ही मिल अपना ग्रंथ सिस्टम आफ लोजिक पूर्ण करना चाहते थे जिस पर वे कुछ वर्षों से कार्यरत थे। मिल की इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि वह उसके आधार पर नैतिक विज्ञानों की 'तर्क प्रणाली' का प्रवर्तन करना चाहते थे जिसे आज की भाषा में सामाजिक विज्ञानों का रीति-विधान (मेथाडालोजी) कहा जा सकता है। लेकिन पहले इसके लिए भूमि तैयार करनी थी। नैतिक विज्ञानों का विधिपूर्वक विशिष्ट तार्किक विकास करने से पूर्व एक सामान्य तार्किक प्रणाली का प्रवर्तन करना आवश्यक था। यहां कोम्ते मिल के लिए न्यूनतम उपयोग के हो सके। मिल की धारणा के अनुसार कोम्ते जानकारी प्राप्त करने की विधि वर्णन करने में सिद्धहस्त थे लेकिन प्रमाणी-करण (सिद्ध करने) के लिए कोई मानदण्ड उन्होंने कायम नहीं किया। कोम्ते में सिद्ध और झूठ अनुमानों के बीच में भेद करने जैसी स्थिति की कोई संभावनाएं भी नहीं दिखाई देती। कोम्ते विज्ञान प्रणाली का वर्णन करने में सिद्धहस्त थे जबकि मिल ने उनका औचित्य सिद्ध करने का प्रयास किया।

तर्कशास्त्र का अर्थ मिल के लिए सिद्धीकरण अथवा प्रमाणीकरण का विज्ञान (साइंस आव प्रूफ आव एविडेंस) है। प्रत्येक साध्य मूल दत्त-सामग्री (ओरिजिनल डेटा) पर निर्भर करता है लेकिन तर्कशास्त्र इन उपकरणों की प्राकृतिक

डाला है। उन्होंने काम्ते द्वारा लिखी एक अन्य पुस्तक **सिस्टम आफ पोजिटिविस्ट पोलिटी** (1951–54) को मानवीय मस्तिष्क से अब तक निकली आध्यात्मिक तानाशाही की सर्वव्यापिनी उपलब्धि माना है। शुरू शुरू में मिल काम्ते के समाज दर्शन में प्रस्तुत हुए उनके समग्रतावादी रूप को पहचान नहीं पाये थे। कोम्ते में उन्होंने एक ऐसा दार्शनिक जन्म लेता हुआ पाया था जो बेंथम द्वारा प्रदर्शित की गई समाज के प्रति वैज्ञानिक दृष्टि को भी अपने में समाहित किए था और जिस दृष्टि का पूर्ण अभाव उन्हें कार्लाइल और कालरिज में साफ दिखाई दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी कार्लाइल और कालरिज की इतिहास दृष्टि के मिल कायल थे—जो उन्हें बेंथम में नहीं मिली थी।

काम्ते के वस्तु स्थितिवाद (पाजिटिविज्म) और उनके द्वारा प्रस्तुत इस धारणा से कि हमारा सम्पूर्ण ज्ञान निरंतर हो रही घटनाओं और उनके संयोजन से प्रकट हुई स्थितियों का वर्णन करने में ही निहित है, मिल पहले से भी परिचित थे। यही बात उन्होंने अपने पिता से सीखी थी। लेकिन कोम्ते की नवीनता इस ऐतिहासिक बोध में भी थी जिसके आधार पर उन्होंने यह घोषणा की थी कि मानवी जिज्ञासा का अंतिम चरण वस्तु स्थिति का ही है। पहले इसी तथ्य का धर्म–दर्शन (थियोलोजी) द्वारा प्रतिपादित किया जाता रहा तथा बाद में तत्वमीमांसा (मेटाफिजिक्स) द्वारा ईश्वरधर्मवादी (थियोलाजिकल) स्तर पर घटनाक्रम का सम्बन्ध ही दैवी शक्ति के स्वच्छंदकृत कार्यों का प्रतीक माना गया है और तत्ववादी (मेटाफिजिकल) स्तर पर उन्होंने देवी देवताओं के स्थान पर शक्ति सत्ता एवं तत्व–आदि शब्दों का रूपांतर मात्र प्रस्तुत किया है। इसलिए केवल तीसरी अवस्था के जरिए ही, जो कि वस्तुस्थिति की अवस्था है मनुष्य घटनाक्रम के विभिन्न उपकरणों के पारस्परिक सम्बन्धों का वर्णन कर सकने में सफल हुआ है। कोम्ते की यह बात मान्य है कि वस्तुस्थिति की अवस्था को विश्लेषण से प्राप्त करते समय कुछ अनुभव दूसरे प्रकार के अनुभवों से ज्यादा सहायक होते हैं।

विज्ञान की सब विधियां एक तार्किक क्रम में अनुबद्ध होती हैं और किन्हीं खास नियमों के कारण प्रत्येक प्रकार के विज्ञान को दूसरे प्रकार के विज्ञान पर आधारित रहना पड़ता है और यही उनके विकास की ऐतिहासिक स्थिति की परिचायक है। गणित सर्वप्रथम अ ना में सामान्य सिद्धांत के रूप में हमारे सामने प्रकट हुआ। उसके बाद क्रमशः भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र तथा जीव–विज्ञान उद्भूत हुए। सामाजिक विज्ञान को भौतिक शास्त्र तथा जीव विज्ञान के विकास की प्रतीक्षा करनी पड़ी बाद में वे विकसित हुए। इतना हो जाने के बाद, कोम्ते के मतानुसार इस बार अब सामाजिक विज्ञानों की बारी थी। उनमें पहली बार वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करके समाज का अध्ययन शुरू हुआ।

बहुत अंशों में, इस निष्कर्ष के आधार पर ही कोम्त को अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान को अवैज्ञानिक कह कर छोड़ देना पड़ा। अर्थशास्त्र को तो इसलिए कि वह धन की अलग से समीक्षा करते हुए सामाजिक संदर्भ से उसे काट देता है और इसीलिए यह समाज में हो रही वास्तविक आर्थिक क्रियाओं को देखने में असमर्थ हो जाता है। मनोविज्ञान को भी कोम्त इसलिए त्याज्य मानते हैं कि उसमें व्यक्ति के लिए स्वयं अपनी मानसिक अवस्था को निरंतर एक ही रूप में देख और समझ पाना सम्भव नहीं है क्योंकि विश्लेषण की क्रियाएं मानसिक प्रक्रिया में स्वयं बदल जाती हैं। कोम्त की इन धारणाओं का निराकरण करना मिल ने एक मनोवैज्ञानिक तथा अर्थशास्त्री के पुत्र होने के नाते भी आवश्यक माना। इसके बावजूद भी मिल काम्ते के साथ इस सीमा तक सहमत हो गये कि सामाजिक विज्ञान काफी पिछड़े हुए हैं और उनका यह पिछड़ापन ही इस तथ्य का द्योतक है कि समाज का वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन ही नहीं हुआ है। मिल का यह विचार प्रत्यक्षवादियों से इस अर्थ में विपरीत था कि समाज एक ऐसी सत्ता नहीं है जो स्वतः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके।

इसके अतिरिक्त भी काम्ते की रचनाओं ने मिल को नई पद्धति पर सोचने की प्रेरणा दी। दरअसल यह वैज्ञानिक दृष्टि तो थी ही किन्तु यह वैज्ञानिक दृष्टि मौलिक रूप से उस दृष्टि से भिन्न थी जिसका उपयोग भौतिक शास्त्र और रसायन-शास्त्र में होता है। मिल इसी दृष्टि का उपयोग समाज के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए करना चाहते थे। इस उपलब्धि के साथ ही मिल अपना ग्रंथ सिस्टम ऑफ लोजिक पूर्ण करना चाहते थे जिस पर वे कुछ वर्षों से कार्यरत थे। मिल की इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि वह उसके आधार पर नैतिक विज्ञानों की 'तर्क प्रणाली' का प्रचलन करना चाहते थे जिसे आज की भाषा में सामाजिक विज्ञानों का रीति-विधान (मेथोडालाजी) कहा जा सकता है। लेकिन पहले इसके लिए भूमि तैयार करनी थी। नैतिक विज्ञानों का विधिपूर्वक विशिष्ट तार्किक विकास करने से पूर्व एक सामान्य तार्किक प्रणाली का प्रवर्तन करना आवश्यक था। [illegible] काम्ते मिल के लिए न्यूनतम उपयोग के हो सके। मिल की धारणा के अनुसार [illegible] जानकारी प्राप्त करने की विधि वर्णन करने में सिद्धहस्त थे लेकिन प्रमाणी[illegible] (सिद्ध करने) के लिए कोई मानदण्ड उन्होंने कायम नहीं किया। काम्ते [illegible] और झूठ अनुमानों के बीच में भेद करने जैसी स्थिति की कोई संभावनाएं [illegible] दिखाई देती। कोम्ते विज्ञान प्रणाली का वर्णन करने में सिद्धहस्त थे [illegible] उनका औचित्य सिद्ध करने का प्रयास किया।

तर्कशास्त्र का अर्थ मिल के लिए सिद्धीकरण अथवा [illegible] विज्ञान (साइंस आव प्रूफ ऑव एविडेंस) है। प्रत्येक साक्ष्य [illegible] (आरिजिनल डेटा) पर निर्भर करता है लेकिन तर्कशास्त्र [illegible]

डाला है। उन्होंने कोम्ते द्वारा लिखी एक अन्य पुस्तक **सिस्टम आफ पोजिटिविस्ट पोलिटी** (1951–54) को मानवीय मस्तिष्क में अब तक निकली आध्यात्मिक तानाशाही की सर्वव्यापिनी उपलब्धि माना है। शुरू शुरू में मिल कोम्ते के समाज दर्शन में प्रस्तुत हुए उनके समग्रतावादी रूप को पहचान नहीं पाये थे। कोम्ते में उन्होंने एक ऐसा दार्शनिक जन्म लेता हुआ पाया था जो बेन्थम द्वारा प्रदर्शित की गई समाज के प्रति वैज्ञानिक दृष्टि को भी अपने में समाहित किए था और जिस दृष्टि का पूर्ण अभाव उन्हें कार्लाइल और कालरिज में साफ दिखाई दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी कार्लाइल और कालरिज की इतिहास दृष्टि के मिल कायल थे–जो उन्हें बेन्थम में नहीं मिली थी।

काम्ते के वस्तु स्थितिवाद (पाजिटिविज्म) और उनके द्वारा प्रस्तुत इस धारणा से कि हमारा सम्पूर्ण ज्ञान निरन्तर हो रही घटनाओं और उनके संयोजन में प्रकट हुई स्थितियों का वर्णन करने में ही निहित है मिल पहले से भी परिचित थे। यही बात उन्होंने अपने पिता से सीखी थी। लेकिन कोम्ते की नवीनता इस एतिहासिक बोध में भी थी जिसके आधार पर उन्होंने यह घोषणा की थी कि मानवी जिज्ञासा का अंतिम चरण वस्तु स्थिति का ही है। पहले इसी तथ्य को धर्म–दर्शन (थियालोजी) द्वारा प्रतिपादित किया जाता रहा तथा बाद में तत्वमीमांसा (मेटाफिजिक्स) द्वारा ईश्वरधर्मवादी (थियोलाजिकल) स्तर पर घटनाक्रम को सदैव ही दैवी शक्ति के स्वेच्छाकृत कार्यों का प्रतीक माना गया है और तत्ववादी (मेटाफिजिकल) स्तर पर उन्होंने देवी देवताओं के स्थान पर शक्ति सत्ता एवं तत्व–आदि शब्दों का रूपान्तर मात्र प्रस्तुत किया है। इसलिए केवल तीसरी अवस्था के जरिए ही जो कि वस्तुस्थिति की अवस्था है मनुष्य घटनाक्रम के विभिन्न उपकरणों के पारस्परिक सम्बन्धों का वर्णन कर सकने में सफल हुआ है। कोम्ते का यह बात मान्य है कि वस्तुस्थिति की अवस्था को विश्लेषण में प्राप्त करते समय कुछ अनुभव दूसरे प्रकार के अनुभवों से ज्यादा सहायक होते हैं।

विज्ञान की तर्क विधियां एक तार्किक क्रम में अनुबद्ध होती हैं और किन्हीं खास नियमों के कारण प्रत्येक प्रकार के विज्ञान को दूसरे प्रकार के विज्ञान पर आधारित रहना पडता है और यही उनके विकास की ऐतिहासिक स्थिति की परिचायक है। गणित सर्वप्रथम अंकों में सामान्य सिद्धान्त के रूप में हमारे सामने प्रकट हुआ। उसके बाद क्रमश: भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र तथा जीव–विज्ञान उद्भूत हुए। सामाजिक विज्ञान को भौतिक शास्त्र तथा जीव विज्ञान के विकास की प्रतीक्षा करनी पडी बाद में वे विकसित हुए। इतना हो जाने के बाद, काम्ते के मतानुसार इस बार अब सामाजिक विज्ञानों की बारी थी। उनमें पहली बार वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करके समाज का अध्ययन शुरू हुआ।

बहुत अंशों में इस निष्कर्ष के आधार पर ही कॉम्ते को अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान को अवैज्ञानिक कह कर छोड़ देना पड़ा। अर्थशास्त्र को तो इसलिए कि वह धन की अलग से समीक्षा करते हुए सामाजिक संदर्भ में उसे काट देता है और इसीलिए वह समाज में हो रही वास्तविक आर्थिक क्रियाओं को देखने में असमर्थ हो जाता है। मनोविज्ञान को भी कॉम्ते इसलिए त्याज्य मानते हैं कि उसमें व्यक्ति के लिए स्वयं अपनी मानसिक अवस्था को निरंतर एक ही रूप में देख और समझ पाना सम्भव नहीं है क्योंकि विश्लेषण की क्रियाएं मानसिक प्रक्रिया में स्वयं बदल जाती हैं। कॉम्ते की इन धारणाओं का निराकरण करना मिल ने एक मनोवैज्ञानिक तथा अर्थशास्त्री के पुत्र होने के नाते भी आवश्यक माना। इसके बावजूद भी मिल कॉम्ते के साथ इस सीमा तक सहमत हो गये कि सामाजिक विज्ञान काफी पिछड़े हुए हैं और उनका यह पिछड़ापन ही इस तथ्य का द्योतक है कि समाज का वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन ही नहीं हुआ है। मिल का यह विचार अंतःसाक्ष्यवादियों के इस अर्थ में विपरीत था कि समाज एक ऐसी सत्ता नहीं है जो स्वतः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके।

इसके अतिरिक्त भी कॉम्ते की रचनाओं ने मिल को नई पद्धति पर सोचने की प्रेरणा दी। दरअसल यह वैज्ञानिक दृष्टि तो थी ही किन्तु यह वैज्ञानिक दृष्टि मौलिक रूप से उस दृष्टि से भिन्न थी जिसका उपयोग भौतिक शास्त्र और रसायन-शास्त्र में होता है। मिल इसी दृष्टि का उपयोग समाज के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए करना चाहते थे। इस उपलब्धि के साथ ही मिल अपना ग्रंथ सिस्टम आफ लोजिक पूर्ण करना चाहते थे जिस पर वे कुछ वर्षों से कार्यरत थे। मिल की इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि वह उसके आधार पर नैतिक विज्ञानों की 'तर्क प्रणाली' का प्रचलन करना चाहते थे जिसे आज की भाषा में सामाजिक विज्ञानों का रीति-विधान (मेथोडालोजी) कहा जा सकता है। लेकिन पहले इसके लिए भूमि तैयार करनी थी। नैतिक विज्ञानों का विधिपूर्वक विशिष्ट तार्किक विकास करने से पूर्व एक सामान्य तार्किक प्रणाली का प्रवर्तन करना आवश्यक था। यहां कॉम्त मिल के लिए न्यूनतम उपयोग के हो सके। मिल की धारणा के अनुसार कॉम्त जानकारी प्राप्त करने की विधि वर्णन करने में सिद्धहस्त थे लेकिन प्रमाणी-करण (सिद्ध करने) के लिए कोई मानदण्ड उन्होंने कायम नहीं किया। कॉम्त में सिद्ध और झूठ अनुमानों के बीच में भेद करने जैसी स्थिति की कोई संभावनाएं भी नहीं दिखाई देती। कॉम्ते विज्ञान प्रणाली का वर्णन करने में सिद्धहस्त थे जबकि मिल ने उनका औचित्य सिद्ध करने का प्रयास किया।

तर्कशास्त्र का अर्थ मिल के लिए सिद्धीकरण अथवा प्रमाणीकरण का विज्ञान (साइंस आव प्रूफ आव एविडेंस) है। प्रत्येक साध्य मूल दत्त-सामग्री (ओरिजिनल डेटा) पर निर्भर करता है लेकिन तर्कशास्त्र इन उपकरणों की प्राकृतिक

विशदीकरण करने की बात तत्ववाद (मेटाफिजिक्स) के लिए छोड़ देता है । अपने लिए यह कार्य सुरक्षित रख लेता है कि उस दत्त सामग्री को किस विधि से उपस्थित किया जाय—ताकि उसे वैज्ञानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयोग में लाया जा सके[1]।

इन प्रदत्त सामग्रियों के उपस्थापन की पद्धतियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है भाषा का विश्लेषण किया जाना जो नाम देने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक है, ऐसा मिल का मत था । इसलिए मिल ने बतलाया है कि उनकी लाजिक सर्वप्रथम भाषा के विश्लेषण के अध्याय से आरम्भ होती है । यही वह बिन्दु था जहाँ पर बाद में उनकी बहुत कड़ी आलोचना हुई । कुछ अर्वाचीन दार्शनिक तो यह मानते हैं कि नामकरण की प्रक्रिया और भाषा के प्रयोग को एक मान लेना ही दर्शन की बुराइयों की जड़ है । मिल शब्दों को दो श्रेणियों में विभाजित करते हैं । एक श्रेणी इस प्रकार की जैसे 'सुकरात' जैसा नाम जिसे अपने ही संदर्भ से जाना जा सकता है और दूसरी ऐसी जैसे 'व्याकरण की भाषा का शब्द आफ' (का) जिसे बिना किसी संदर्भ के जाना ही नहीं जा सकता । और इन्हीं के आधार पर बड़े नाम-पद जैसे (सुकरात के पिता) आदि निर्मित होने चलते हैं । मिल 'इफ' (यदि) तथा 'ऑर' (या) जैसे शब्दों के लिए कुछ भी नहीं कहते जो अपने आप में न नाम ही है और न नामकरण करने वाले पदों से ही जुड़े हैं ।

मिल तो यह मानकर ही चलते हैं कि सभी संज्ञाएं तथा सभी विशेषण संदर्भ मुक्त नाम हैं । इसलिए जब कभी भी हम इस प्रकार के शब्दों के सम्पर्क में आते हैं तो यह पूछना सार्थक है कि अमुक नाम किस वस्तु का बोधन कराता है ?

व्हाइटनैस (सफेदी) जैसी भाववाचक संज्ञाएं मिल के अनुसार किसी गुण का व्यक्त करती हैं । विशेषण 'सफेद' उन विभिन्न वस्तुओं के बारे में बताता है जिन्हें सफेद होने वाला माना जा सकता है । 'जान" द सो" द फादर आफ सोक्रेटीज" आदि वस्तुओं के नाम की ओर संकेत करते हैं । व्हाइटनस (सफेदी) और 'जान' में एक मूलभूत अन्तर यह है कि जान और इसी प्रकार की अन्य संज्ञाएं नोन-कनोटेटिव (अ-स्वगुण-निर्देशक) पद हैं । मिल स्वगुणनिर्देशक पदों (कनोटेटिव टर्म्स) की परिभाषा यह देते हैं कि ये वे पद हैं जो किसी कर्ता के बारे

---

1 यहाँ यह मेटाफिजिक्स (तत्ववाद) शब्द थोड़ा भ्रामक बन सकता है । इस पद से मिल का अभिप्राय कुछ उस अभिव्यक्ति से है जिसे साधारणत 'ज्ञान का सिद्धान्त' (थियरी ऑव नालिज) कहा जा सकता है । काम्त तथा अन्य परवर्ती वस्तुस्थिति-वादियों का इस पद से अभिप्राय किसी ऐसे सिद्धान्त से है जो उन तत्वों के बारे में हम समझाना चाहता है जो अनुभूति (एक्सपरियंस) से परे हैं, अनुभवगम्य नहीं हैं ।

न अथवा किसी गुण के बारे में बताते है। सफेद शब्द उन सभी वस्तुओ की ओर संकेत करता है जो सफेद हैं तथा साथ ही उस सामान्य सफेदी की ओर इंगित करता है जो उन सभी वस्तुओ मे समान रूप मे विद्यमान है। इसी भांति मनुष्य नामक शब्द सुकरात और अफलातून आदि के बारे मे बताता है तथा उसके मानवत्व (विवेक) और प्राणिवत्व (पशुत्व) दोनो की ओर इंगित भी करता है। इसके विपरीत सुकरात किसी एक विशिष्ट व्यक्ति की ओर उसके किसी गुण का बताये बिना इंगित करता है। इस तरह व्यक्तिवाचक संज्ञाएं (नाम) सम्बद्ध अर्थ बोधित नही कराती। हा, ऐसे पदो की जैसे 'जेण्टिपी के पति', (हसबण्ड आफ जेण्टिपी) जो किसी अर्थ का बोधन भी करते है—बात और है।

मिल द्वारा किए गए पदावली के विश्लेषण के अनुसार प्रत्येक कथन केवल विभिन्न नामो को आपस मे जोडता है। जैसे 'सभी मनुष्य मरणशील हैं' वाली पदावली मे दो सार्थक नाम हैं—'मनुष्य' तथा 'मरणशील'। इस प्रकार की पदावली का क्या मतलब हो सकता है? मिल के अनुभववादी पूर्व प्रभाव को ध्यान मे रखते हुए हम उससे यह प्रत्याशा रख सकते है कि वह यह उत्तर देगा कि यह वाक्य दो वर्गों को जोडता है यह बतलाता है कि मनुष्य नामक वर्ग मरणशील नामक वर्ग के अन्तर्गत आता है। लेकिन दरअसल मिल इस सिद्धान्त को परित्यक्त करते हैं—उनके अनुसार गुण का विचार श्रेणी के विचार से पहले का है। क्योंकि श्रेणी की परिभाषा वस्तुओ के उन गुणो के आकलन से ही होती है जो सामान्य रूप मे उनमे पाए जाते हैं—इसलिए मिल के अनुसार 'मनुष्य मरणशील है' की प्रमुख ध्वनि इस बात मे है कि मनुष्यत्व का गुण सदैव ही मरणशीलता के गुण से संयुक्त है।

चूंकि प्रत्यय गुण घटना या वस्तु के होने मे निहित होता है किसी तत्ववादी पदावली का अन्तिम महत्व इस बात मे है कि कुछ अनुभवो अथवा घटनाओ के उपकरण नियमित रूप से एक दूसरे से सम्बद्ध होते हैं। इसके दूसरी ओर, किसी पदावली का वैज्ञानिक कार्य, उसके तात्त्विक विश्लेषण से अलग, मिल के मतानुसार, यह कहना है कि किसी परिस्थिति मे किस प्रकार के परिणाम की आशा की जा सकती है। इस विचारधारा के अनुसार सभी मनुष्य मरणशील हैं का मतलब यह है कि मनुष्यत्व की उपस्थिति मरणशीलता के अस्तित्व का संकेत है एक प्रमाण है एक गवाही है। इस पदावली से निकलने वाले उपर्युक्त तीनो अर्थ समान हैं, इसलिये वे इनमे से किसी एक का भी स्वतन्त्रतापूर्वक प्रयोग करने मे कोई हिचक महसूस नही करते और उनका अपनी इच्छानुसार जहा वे सर्वोत्तम ढंग से प्रयुक्त किये जा सकते हैं प्रयोग करते हैं।

अपने स्वगुण निर्देश (कानोटेशन) सिद्धान्त के जरिए, मिल 'आवश्यक सत्यों' तथा 'विशेषक वचनो' की एक संतोषप्रद हवाला देने की आशा रखते है और अनुभववादी

सिद्धान्त से भी अपने को अलग करने की आवश्यकता नहीं देखते। 'प्रत्येक मनुष्य विवेकशील है' जैसे कथन मात्र एक शब्द समूह ही है। जैसे ही हम मनुष्य के बारे में समझने लग जाते हैं हमें यह भी ज्ञान हो जाता है कि मनुष्य विवेकशील है। इसलिए विवेकशीलता पद मनुष्य पद के एक गुण को आंशिक रूप से व्यक्त करता है। 'सभी मनुष्य विवेकशील हैं' तब, एक ऐसी ध्वनि को प्रकटाता है जो हमें शब्द के अर्थ के सम्बन्ध में तो बताता है लेकिन मनुष्य के बारे में कुछ नहीं कहता। मिल इस पदावली को कि 'सभी मनुष्य मरणशील हैं' इस प्रकार उपयुक्त 'विवेकशील' वाली पदावली से अलग करते हैं। क्योंकि मरणशीलता मनुष्य के शब्दार्थ के एक गुण को आंशिक रूप से व्यक्त नहीं करती इसलिये यह पदावली वास्तविक सूचना देती है, किन्तु इसी आधार पर वह एक आवश्यक पदावली नहीं हो जाती। आगे का अनुभव ऐसा भी हो सकता है जो इसे झूठा सिद्ध कर दे। इसलिये केवल शब्दावली द्वारा कथन ही सही अर्थों में आवश्यक कथन होते हैं।

तब फिर गणित के कथनों का क्या होगा? निश्चय ही वे वास्तविक और आवश्यक दोनों होते हैं। मिल अपने अनुयायियों की भांति यह नहीं मानते कि शब्दावली होने के कारण ही गणित के कथन आवश्यक कथन हो जाते हैं। यह बात नहीं है कि यह सम्भावना मिल के मस्तिष्क में नहीं आई थी। डूगाल्ड स्टीवर्ट ने पहले से यह बता दिया था कि गणित परिभाषाओं से उत्पन्न होने वाली विभिन्न विवक्षाओं के प्रतिपादन में निहित है और परिभाषायें, मिल के मतानुसार केवल शब्दावलियां हैं क्योंकि वे किसी अर्थ का बोधन ही कराती हैं। किन्तु मिल स्टीवर्ट का इस स्थल पर अनुसरण नहीं करते। वे उसके विरोध में कहते हैं कि गणित के स्वयंसिद्ध तथ्यों को परिभाषाओं में नहीं उतारा जा सकता। इसलिये उसका केवल एक ही विकल्प जो उसके पास बचा था वह गणित के कथनों को पूर्ण रूप से आवश्यक सत्यों के रूप में जानकर के चलने की बात का विरोध करना था।

सत्य कथनों के रूप में अनुभव से प्राप्त सामान्य बातें होना उनके लिए आवश्यक है जो निश्चय ही आगे होने वाले अनुभवों से सुधारने की गुंजाइश भी रखते हुए हैं।

इस प्रकार गणित की पदावलियों को आवश्यक सत्य मानने से इनकार करने पर मिल को अपने ही समसामयिक विचारक विलियम ह्वेवल[1] के प्रतिवाद का

---

[1] यहीं तो शुरुआत करनी ही होती है इसलिये मैंने अनायास ही यह मान लिया है कि ह्वेवल उस कालावधि के पूर्व के थे जो मेरी अवधि है। यद्यपि बहुत अंशों में उनका विज्ञान-दर्शन [illegible] अपेक्षा अधिक आधुनिक है। उनकी हिस्ट्री आव इंडक्टिव साइंसेज [illegible] जिसमें मिल ने बहुत से विचार लिये हैं। इसकी [illegible] आव [illegible] जो तीसरा

सम्बद्ध मानता है (विना परिमाण की स्थिति, तथा विना चौडाई की सरल रेख ए) आदि । हमारे अनुभवो म कभी प्रस्तुत नही होते मिल का उत्तर यही है कि हम अपने अनुभवो मे भी तो बहुत से अ शो को अनदेखा कर देते है और कुछ का ही अपना ध्यान दे पाते है । एक सरल रेखा की यह परिभाषा करना कि उसकी लम्बाई है, लेकिन चोडाई नही, हमारे इसी मन्तव्य को व्यक्त करता है कि हम ज्यामितिक सुविधा के लिए सरल रेखा की चौडाई को अनदेखा करना चाहते है । इस प्रकार हम एस निष्कर्षों पर पहु चते है जिनका उपयोग हम आवश्यक सुधार करके वास्तविक जीवन मे कर सकते हैं । किसी विशेष सरल रेखा की चौडाई के बारे म विचार करके हम इस सुधार का आरम्भ कर सकते है ।

तब अनुमान का क्या होगा ? इन मामलो म ही मिल का विचार है कि हम वास्तविक और मात्र शाब्दिक रूपा तरण म भेद करना होगा । 'कुछ सम्राट निर कुश होते हैं' को जब हम बदल कर 'कुछ निर कुश सम्राट होते है' कहते हैं तो यह रूपान्तरण स्पष्टत शब्दो का रूपान्तरण ही है । दोनो पदावलिया करीब एक ही बात कहती हैं कि कुछ अ शो म कुछ गुण दोनो ही पदावलियो म साथ विद्यमान है । इसके दूसरी ओर ऐसी सामान्य पदावलिया जिनका अनुमान अनुभव के सहारे होता है, वे मिल के मतानुसार वास्तविक अनुमान को बताने वाली होती हैं ।—इस सदर्भ मे यहा वह प्रक्रिया क्रियमाण देखी जा सकती है जहा पर ज्ञान स पहले की अज्ञात अवस्था तक पहु चा जा सकता है । मिल के अनुसार इसी प्रकार की पदावलिया दरअसल अनुमानित प्रक्रिया को प्रकट करती है । इस तरह यह बात स्वीकृत हो जाती है कि तात्कालिक अनुमान क्रियापद के रूपान्तरण से हो सकता है और इस तरह आगमन वास्तविक अनुमान कहा जा सकता है । हमारे सामने प्रश्न यही रहता है कि आगमन (इण्डक्शन) की भाति क्या हेत्वनुमान या तकपदी को भी तात्कालिक अनुमान माना जा सकता है ?

मिल की हेत्वनुमान के प्रति धारणा को प्राय गलत समझा गया है । उसे लाक की भाति परम्परागत तर्कशास्त्र म निदय आलोचक के रूप म अध्ययन किया

---

1 मिल ने कोम्ते के अथशास्त्रीय सिद्धान्तो का खडन भी कुछ इसी तरह किया है द डेफिनिशन **आव पोलिटिकल इकोनामी** निब ध (1836) म जो **सम अनसेटल्ड क्वेश्च स आव पोलिटिकल इकानामी** (1844) म पुन प्रकाशित हुआ उसने यही कहा है कि अथशास्त्र मानव से उतना ही सम्बन्धित है जितना मानव का धन से सम्ब ध है किन्तु उसे प्रायोगिक रूप देते समय हमे इस सिद्धान्त म सुधार करना पडता है और सम्पत्ति से अतिरिक्त अन्य मानव कृत्यो का भी अध्ययन करना पडता है जो मनोविज्ञान तथा अन्य सामाजिक विज्ञानो के सिद्धान्त के आलोक म समझे जा सकते है और हम उन विज्ञानो से ही उन्हे समझना भी पडता है ।

जाता रहा है।[1] जबकि वास्तव में यह बात नहीं है। दरअसल मिल तो स्वयं इस बात के लिए तत्पर हैं कि वे उन अनुभववादियों के उस दोषारोपण से तर्क पद्धति की रक्षा कर सकें जिसके अनुसार वे उसे मध्ययुगीन बकवास कहते हैं। मिल के पिता उनमें से नहीं थे और मिल का संस्कार भी तर्कपद्धति की शास्त्रीय परम्परा में ही हुआ—इसी बीच रिचर्ड व्हेटली ने अपने ग्रंथ एलीमेंट्स आफ लाजिक (1826) में दो शताब्दियों की उपेक्षा के बाद तर्क पद्धति के इंगलैंड में शास्त्रीय अध्ययन किए जाने पर बल दिया है—अपने इस प्रयास में उन्होंने परम्परागत हेत्वनुमान के लिए काफी समर्थन व्यक्त किया है।

मिल के कथनानुसार यह उस मानसिक प्रक्रिया के विश्लेषण की प्रणाली है जो प्रत्येक सही तर्कपद्धति में अनिवार्य रूप से काम में लाई जाती है। यद्यपि मिल अपने अनुभव-वादी पूर्ववर्तियों की मान्यताओं से इतने अधिक अलग हुए कि उन्होंने हेत्वनुमान को भी उपयोगी माना। फिर भी वे ह्वाटले के विरोध में उनसे इस बात से सहमत थे—कि यह प्रणाली उस प्रकार के वैज्ञानिक अनुमान की श्रेणी में नहीं आती जिसमें तर्क का आकार नियत किया जा सकता है। यह एक सत्य अनुमान न होकर गोलमोल अनुमान ही कहा जायगा। यह बात उन्हें दृढ़ता के साथ कहनी पड़ी और यही कारण है कि बहुधा उन्हें हेत्वनुमान का प्रबल आलोचक ही माना जाता है।

उदाहरण के लिए हम परम्परागत एक हेत्वनुमान (तर्कपदी) को लें। 'सभी मनुष्य मरणशील हैं सुकरात एक मनुष्य है इसलिए सुकरात भी मरणशील है। इस पर मिल का यह कहना है कि इस तर्कपदी में सुकरात की मरणशीलता के प्रति पूर्व संकेत हो जाता है। उसे तर्क द्वारा सिद्ध नहीं किया गया है। अगर यह भी मान लिया जाय कि हमने कहीं भी सुकरात का नाम भी न सुना हो और हम यह कह रहे हों कि सभी मनुष्य मरणशील हैं तो भी हम उसकी मरणशीलता को इसके द्वारा सिद्ध ही करना चाहते हैं—जब हम सभी मनुष्यों के बारे में यह कहते हैं। इस प्रकार यह सिद्ध करना कि सुकरात मरणशील है और वह भी इस पदावली के सहारे कि मनुष्य मरणशील हैं इस बात का संकेत करता है कि हम केवल किसी बात को सिद्ध करने के लिए ही सिद्ध कर रहे हैं।

इसके बाद भी यदि हम तर्कपदी का यह परम्परागत अर्थ स्वीकार कर लें कि वह एक सामान्य नियम से विशेष नियम की ओर जाने वाली तर्क पद्धति है तो हम

---

[1] इसके लिये द्रष्टव्य ए॰ शूज तथा विटन की उपर्युक्त कृतियाँ। आर॰ जैक्सन एन एक्जामिनेशन आव द डिडक्टिव लॉजिक आव जान स्टुअर्ट मिल (1941)। दुर्भाग्यवश उस पारम्परिक गलत निर्वचन को पैकी की जीवनी में भी दोहराया गया है।

सक्षेप म यही कहना ठीक है कि द्वद्वात्मक भौतिकवाद इस सिद्धान्त का *प्रतिपादन करता है कि* वस्तुए हमारी चेतना स अलग हैं और हमारे मन म प्रति बिम्बित होकर विचार क रूप म प्रकट होती है। ये भौतिक सत्ताए और उनस उत्पन्न तत्सबधी विचार निरतर एक परिवतनशील अवस्था को प्रकटाते हैं। जा एगल्स क अनुसार विरोधाभास का समाप्त करते हुए नकारात्मकता के नकार के सिद्धान्त को ही सिद्ध करता है।

---

[1] सन्भ जी० पाल लेनिन्स **थ्योरी आफ पर्सेप्शन** (एनालिसिस 1938)।

[2] एस० हुक के द्वारा प्रस्तुत माक्स की व्याख्या 1939 म प्रकाशित पुस्तक **टुवड स द अडरस्टेण्डिङ्ग** काल माक्स म। विशेषत उन्होन प्राग्मितिवाद से माक्स वाद का काफी अशो म सादश्य दिखाया है।

इस प्रकार मार्क्स प्राकृतिक विज्ञान के सूक्ष्म भौतिकवाद (द्रष्टव्य कपिटल 1867) का खण्डन करते है क्योंकि यह इतिहास और उसकी प्रक्रिया को नही मानता। यह भौतिकवाद, प्राकृतिक वस्तुओ का केवल मात्र अपरिवर्तनशील अणुओ का क्रमबद्ध हो जाना मानता है। हीगल द्वारा प्रस्तुत इसी परिवर्तन (फलक्स) के सिद्धान्त ने द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद को बहुत से वैज्ञानिको का समर्थन प्राप्त कराया है और वह भी उस वक्त जब विज्ञान परमाणुवाद[1] के पौराणिक रूपो को अमान्य कर रहा था। उन्नीसवी शती की उन अन्य भौतिकवादी मान्यताओ के विपरीत जो उस समय प्रचलित पदार्थ और शक्ति की परिभाषा करके ही प्रतिष्ठा प्राप्त कर गये द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद ने अपनी जटिलता के सहारे प्रस्तुत अवस्थाओ को एक लचीले हथियार के रूप में उपयोग किया।

---

[1] जे० बी० एस० हाल्डेन द मार्क्सिस्ट फिलोसोफी एण्ड द साइन्सेज (1938)। एच० लेवी की पुस्तक ए फिलोसोफी फार द माडर्न मैन (1938) इस के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत की जा सकती है।

अध्याय 3

परमात्म की ओर

उन्नीसवीं शती का कोई भी जाना पहचाना वैज्ञानिक, दार्शनिक के रूप में अधिक महत्त्व का सिद्ध न हो सका। इसके बावजूद भी उनकी रचनाओं का दर्शन के विकास पर काफी अंशों में प्रभाव पड़ा ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार निम्नस्तरीय लोगों का अस्तित्व समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों के जीवन का उनके समक्ष में आने का साहस न रखते हुए भी प्रभावित करना है। भौतिकवाद और अनीश्वरवाद को अब केवल कुछेक विचित्र व्यक्तियों का दूषित और निजी आविष्कार कह कर पदच्युत नहीं किया जा सकता था। दार्शनिकों ने इन्हें न अपनाने के लिए भरसक यह प्रयत्न किए थे कि ये इनकी उपलब्धियों को अपने क्षेत्र में प्रवेश न करने देने के लिए अपने दरवाजे और खिड़कियां बन्द कर लें। कुछ स्थानों पर तो दर्शन का केवल धर्म और परम्परागत नैतिकता की सुरक्षार्थ वैज्ञानिक दृष्टि के विरुद्ध स्थापित करने का कार्य चल रहा था।[1] और तो और दर्शन की अपनी सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। अस्फुट स्वरों में तो दर्शन पर बंजरता, खोखलेपन और विनाशी मूर्खता के आरोप भी लगाए जा रहे थे।

जर्मनी में तो हीगलवाद और भौतिक विज्ञानों का सहारा लेकर कान्तातर आदर्शवाद के समूचे ढांचे को बड़ी तीव्र गति से ढहाया जा रहा था और प्रत्येक स्थान पर एक पुकार उठ रही थी—कांट की ओर दुबारा लौट चलो। किन्तु अभी कांट के ये नव-समर्थक उनके दर्शन के बारे में एकमत नहीं हो रहे थे। कुछ लोगों ने केवल कांट के **क्रीटीक आफ प्योर रीजन** पर ही अपना ध्यान केन्द्रित किया था। और उसमें दी गई मानवीय ज्ञान की व्याख्या का समालोचनात्मक विश्लेषण ही किया था। उनके अनुसार एक वैज्ञानिक युग में दर्शन का सही कार्य इसी प्रकार का विश्लेषण करना ही था। कुछ उनके **क्रिटीक आफ प्रैक्टीकल रीजन** में प्रेरणा प्राप्त कर रहे थे। उनके अनुसार विज्ञान को इसमें नैतिकता और धर्म का सहचारी माना गया है। **क्रिटीक आफ जजमण्ट** में उनके अनुसार अनुभव द्वारा स्थापित ध्येय उद्देश्य और मूल सत्ता, विज्ञान और धर्म को समझने में एक ही तरह से मदद करते हैं।

---

[1] सन्दर्भ, ए एलिओटा **द आइडियलिस्टिक रिएक्शन अगेंस्ट साइंस** (अंग्रेजी संस्करण 1914), एम० एच० कारे **फेजेज आफ थाट इन इंगलैण्ड** (1949)

[2] यह सामूहिक पुकार सर्वप्रथम ओ० लीबमन की पुस्तक **काण्ट एण्ड द एपीगोनी** (1865) में सुनाई दे सकती है।

इन सभी विभिन्नताओं के कारण जर्मनी के नव-कांटवाद का एक सामान्य प्रभाव पड़ा। विज्ञान की नकल पर दार्शनिकों ने विशेषीकरण, ज्ञान-मीमांसा, मूल्यों के विश्लेषण के सिद्धांत और धर्म-दर्शन की ओर अपना ध्यान केन्द्रित करना आरम्भ कर दिया था। नए दार्शनिक सिद्धांतों को गढ़ने में उनकी रुचि खत्म हो गई थी।

विशेष तौर पर ज्ञान मीमांसा की ललक जर्मनी में नयी नयी थी, और इस ललक के साथ ही जर्मनी में ब्रितानी अनुभववादी दर्शन के प्रति रुचि जाग्रत हुई थी। क्योंकि इस सिद्धान्त का बल सदैव ही ज्ञान मीमांसा पर ही रहा था।[1] कुछ समय तक तो परम्परागत प्रबन्ध को कौतूहलवश ही उथला जाता रहा। यह अजीब बात है कि ब्रिटेन में जर्मन पद्धति पर जिस समय महत्वपूर्ण ढंग से विचार किया जाना प्रारम्भ हुआ था ठीक उसी समय जर्मन में भी ब्रितानी तरीके से विचार होना शुरू हुआ था और बाद में तो ब्रिटेन में तैयार किए गए तथा जर्मनी में धार लगाकर तीखे किए गए वैचारिक हथियारों से बीसवीं शती के ब्रितानी अनुभववाद ने आंग्लजर्मन आदर्शवाद पर विजय प्राप्त की थी।

किन्तु सारे जर्मन दार्शनिक ज्ञानमीमांसा के लिए तत्वमीमांसा पूर्णतया छोड़ देने को तैयार नहीं थे। इस चेतना के संवाहकों में से इंग्लैण्ड में सर्वाधिक प्रभावशाली आर० एच० लात्ज रहे थे।[2] अपनी पुस्तक *मेटाफीजिक्स (1879)* में उन्होंने लिखा

---

[1] उदाहरणार्थ द्रष्टव्य एफ० लंग की पुस्तक हिस्ट्री आफ मटीरियलिज्म (1886) जो कांटवादी विचारधारा की एक बहुत महत्वपूर्ण उपज है। लंग ब्रितानी दर्शन के एक सामान्य विद्यार्थी थे एवं जान स्टुअर्ट मिल के शिष्य थे। अध्याय चार भी देखें।

[2] अनुवादकों की असाधारण श्रृंखला द्वारा उनका अंग्रेजी में अनुवाद हुआ। इनमें ग्रीन और बोसांके, नेटलशिप, (तर्कशास्त्री) कांस्टेंस जोन्स और सर विलियम हैमिल्टन की पुत्री वगैरह थे। द्रष्टव्य, एच० जोन्स ए क्रिटीकल एकाउंट आफ दी फिलासफी आफ लोत्ज़े (1895)। नवहीगलवादी दृष्टि से यह लाज के प्रभाव के ज्वार को कम करने का एक अतुलनीय प्रयास है ई० ई० टामस लात्जेज थ्योरी आफ रीअलिटी (1821) या उनका 'माइण्ड' में प्रकाशित निबन्ध लात्जेस रिलेशन टू आइडियालिज्म (1915) एल० स्टालिन कान्ट, लोत्ज़े एण्ड रिसल, (अंग्रेजी अनुवाद 1889)। टी० एम० लिण्डसे हरमन लोत्ज़े (माइण्ड, 1876), जी० सन्तयाना लोत्जेज मोरल आइडियलिज्म (माइण्ड 1890), शिलर लात्जेज मोनिज्म (पी० आर० 1896)। जर्मनी के इस सम्बन्ध के साहित्य के लिए द्रष्टव्य एफ यूबरवेग ग्रु॰ दरिस देर गेस्शीट देर फिलोसोफी। लोत्ज़ की विचारधारा पर विस्तृत विवरण के लिए देखें, जे० ई० एडमन हिस्ट्री आफ फिलोसोफी अङ्क ३ (अंग्रेजी अनुवाद 1890)। लाज पर निबन्धों के लिए देखें आर० एडमन कृत ए शार्ट हिस्ट्री आफ लाजिक। इंग्लैण्ड में लाज के प्रभाव के लिए देखें पी० डीवाउ ट्न (1911) इन्फ्लुएन्स आफ लोत्ज़ेज फिलोसोफी आन एंग्लोमेरिकन (1932)।

कि जब चाकू में कोई वस्तु काटने का काम न लिया जाता हो तो उसे लगातार तीखा करना निरर्थक है। इसलिए करणीय यही है कि दार्शनिक समस्याओं को सीधे ढंग से हल किया जाय। बेहतर यही है कि बजाय यत्नपूर्वक ज्ञान के मार्ग को खोजने के सीधा ज्ञान प्राप्त ही क्यों न किया जाय।

तो भी कुछ अंशों में लोत्जे नवकाण्टवादियों द्वारा दर्शन प्रणाली (सिस्टम) पर किये जा रहे प्रहारों के समर्थक थे। भौतिकवादी और हीगलवादी इन दोनों ही प्रकार के विचारकों ने उनके मतानुसार उसी प्रकार की गलती की थी। उन्होंने न केवल कोशिश की बल्कि एक ही सिद्धान्त से अनुभव की बहुलता में बिखरे वैभव का व्यर्थ ही व्यक्त करना चाहा। चाहे यह कोई यन्त्रवत कार्य हो, भौतिकवादियों की तरह अथवा हीगलवादियों की तरह विचार की आवश्यक परिस्थिति हो। उनके अनुसार इस प्रकार से विचारक्रम का अंग बढ़ाना तत्त्वमीमांसा की सीमाओं तथा उसकी प्रकृति को गलत समझना ही है। तत्त्व-मीमांसा एक प्रकार से सृष्टिक्रम की अवस्थाओं के बारे में ऐसी जानकारी हासिल करनी है जिसके द्वारा उन सब वस्तुओं की व्याख्या होती है जिन्हें अस्तित्वमान और घटित होने वाला गिना जाता है। कोई घटना वास्तव में कैसे घटित होती है उसके लिए हमें तत्त्वमीमांसा का नहीं अपितु अनुभव का सहारा लेना चाहिए।

लोत्जे के दर्शन[1] को आत्मवादी यथार्थ की संज्ञा दी गई है—यथार्थ से यहाँ सही तात्पर्य है कि किसी घटना का घटित होना यान्त्रिक दशाओं पर अवलम्बित रहता है और आदर्शवाद का यही कि या तो घटनाएँ एक पूर्वयोजना के सहारे घटित होती हैं अथवा वे घटित होकर किसी उद्देश्य की पूर्ति करती हैं।[2] चूँकि लोत्जे ने डाक्टरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया था इसलिए उनकी प्रारम्भिक रचनाओं में जिनमें

---

[1] लोत्जे कृत **सिस्टम आफ फिलोसोफी** जिसे वह अपने दार्शनिक विचारों का एक सिलसिलेवार और पूर्ण ग्रन्थ बनाना चाहते थे उनकी मृत्यु के कारण अधूरी रह गयी। उनकी केवल दो पुस्तकें ही प्रकाशित हो सकीं **लोजिक** (1874) तथा **मेटाफिजिक्स**। 1856 से 1864 तक लिखे गए उनके ग्रन्थ '**माइक्रोकोस्मस**' में उनके विचार अधिक लोकप्रिय ढङ्ग से प्रस्तुत हुए हैं।

[2] ब्रितानी दर्शन प्रत्यक्षीकरण के सिद्धान्त के पूर्वग्रह के कारण दार्शनिक विचारधाराओं को अपने प्रत्यक्षीकरण की दृष्टि से ही भौतिक पदार्थों का वर्गीकरण करता है। यथार्थवाद उनके लिए ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें यह माना गया है कि भौतिक पदार्थ अदृश्यमान हो जाने पर भी अस्तित्व में होते हैं और आत्मवाद तो यह मानता है कि पदार्थ तभी अस्तित्वमान हैं जब वे दिखाई देते हैं। इस तरह हक्सले अपने आपको आदर्शवादी कहते हैं क्योंकि वे पदार्थ को संवेदना के आकलन के अलावा कुछ नहीं मानते।

जनरल फीजियोलोजी आफ बोडीली लाइफ (1851) नामक पुस्त[illegible] यथार्थवाद मिलता है और इसमे शारीरिक क्रियाओं के यांत्रिक विश्लेषण के प्रति गहरी आस्था दिखाई गयी है—और लोत्जे की इन प्रारम्भिक रचनाओ ने जमनी की भौतिकवादी विचारधारा को हिला देने मे काफी हाथ बटाया है। किन्तु जसा उन्होंने अपनी पुस्तक 'माइक्रोकोस्मस' मे स्वय कहा है कि उनका उद्देश्य एक ओर यह दिखाना है कि समष्टि तत्व किस सीमा तक सृष्टि म निहित यान्त्रिकता के नियम का पालन करता है तो दूसरी ओर यह भी कि यान्त्रिकता का यह नियम पूर्णतया उसी पर आधारित भी है। लोत्जे के मतानुसार यह इसलिए है क्योकि यान्त्रिकता के सभी नियम समष्टि म व्याप्त आत्मा की ही इच्छा प्रकट करते हैं। ये शिवत्व के परिमाण की एक दशा के अतिरिक्त कुछ नही है। अपने ही द्वारा लिये गए इस निष्कर्ष को तक द्वारा या अभ्यास मे वे सिद्ध नही कर सकते ऐसा उन्होंने स्वय माना है। मनुष्य की वृद्धि के लिए मूल्यो की सृष्टि तथा यान्त्रिकता की सृष्टि म जमीन आसमान का अन्तर है, उस सृष्टि म जिसमे पदार्थ हैं वसे ही, जसे कि वे हैं, क्योकि वसे ही होना उनके लिए सत्य है और उस सृष्टि म जिसम वे हैं, अपनी अवस्थानुसार हैं क्योकि यान्त्रिकता की शक्तियां उन्हें उन्हीं अवस्थाओं म रहने के लिए विवश कर रही है। लोत्जे के मतानुसार हमने जब जब भी पूर्व विश्वास के साथ उन दोनो के एकीकरण का प्रयास किया है, हमारी चेतना हमें स्पष्टत यह विश्वास देती रही है कि इस प्रकार के एकीकरण का ज्ञान होना असम्भव है। इसलिए जिन लोगों म लोत्जे के द्वारा बताए गए इस पक्के विश्वास की कमी है उन्होंने कभी इस तरीके से तो कभी उस तरीके मे अपनी विचार की एक ऐसी प्रणाली ईजाद कर लेने म सफलता हासिल की है जो उनके उद्देश्यों की पूर्ति करती हो। बहुधा लोत्जे को उन लोगो का पक्षधर माना गया है जो मूल्यो और तथ्यो म वे सकारात्मक तथा अवमानात्मक जाच पडताल म स्पष्ट अन्तर मानते है चाहे यह बात उनकी विचारधारा का मूलाधार रही है कि वे इस प्रकार की प्रतिवादी स्थितियो को समाप्त करें।

लोत्जे के बारे म बनी यह सामान्य धारणा पूर्णत उचित है कि वे सफल जाच पडताल की विशिष्टता के कारण रहे हैं चाहे यह जाच पडताल तर्कशास्त्र सम्बन्धी रही हो अथवा नतिकता, सौन्दर्यशास्त्र या मनोविज्ञान सम्बन्धी ही क्यो न रही हो (क्योकि यदि उन्हें मेधावी न माना जाय तो दर्शन म उनका अस्तित्व ही नही रहेगा)। वे अपनी जाच पडताल द्वारा कभी भी सृष्टि का एक समन्वयी स्वरूप गढ़ने म सफल नही हुए। उनमे सृष्टि म एकत्व ढूढने की तीव्र चाह थी फिर भी उनकी जाच पडताल की वृत्ति उन्हें सर्व द्वैत की ओर ले ही जाती थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने जो कुछ भी बाद म लिखा है उसके कारण जितना यश उनको मिला उतना बहुत कम लोगो को मिला होगा फिर भी उनके अनुयायी एक प्रकार से नही के बराबर ही थे। उनके बारे म यह परिचित धारणा कि वे केवल आधे दार्शनिक थे, पूरी तौर से गलत नही है। उनके द्वारा प्रवर्तित दर्शन को आगे बढ़ाना

न केवल कठिन है अपितु असम्भव भी है। कदाचित ही उसका कोई परिणाम निकले क्योंकि मूलतः उनकी दृष्टि कोई विचारधारा बनाने की ओर थी ही नहीं। लोत्ज के ब्रह्माण्ड में प्रत्येक प्रकार की स्थिति को स्थान था। लेकिन उतनी सामर्थ्य से कोई अन्य उनके उस जगत में पदार्पण नहीं कर सका।

कुछ समय के लिए इङ्गलैण्ड की ओर लौटकर देखें तो हमें पता लगेगा कि वहाँ जो घटित हुआ वह विचित्र ही था। विलियम जेम्स ने इसका संक्षिप्त चित्रण इस प्रकार किया है। जर्मनी में हीगल के शव संस्कार के बाद अमेरीका व इङ्गलैण्ड में उसका नव प्रभाव जाग्रत हो जाना आश्चर्य की बात है। मैं सोचता हूँ कि उनकी विचारधारा का क्रिश्चियन धर्म के प्रति हमारी उदार दृष्टि के विकास में काफी महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इसने अध्यात्म के लिए चिर-अपेक्षित तत्व-मीमांसा का योगदान देकर रीढ़ की हड्डी का काम किया है। जबकि जर्मनी में हीगलवाद भौतिकवाद की प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाने में असफल हो गया था। शायद सत्य यही है कि ब्रिटेन में उसका प्रवर्तन उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही हुआ हो।[1]

हीगल के प्रति जाग्रत हो रही नई नई रुचि की पृष्ठभूमि में जो आध्यात्मिक वृत्ति काम कर रही थी उसका प्रदर्शन जे० एच० स्टर्लिंग की कृतियों में स्पष्ट रूप से हुआ है।[2] 1865 में प्रकाशित उनकी पुस्तक '**द सीक्रेट आफ हीगेल**' जिसके बारे में आलोचकों ने लिखा है कि इस पुस्तक में सीक्रेट (भेद) बड़ी चतुराई से छिपाकर रखा गया है के साथ ही हीगलवाद सर्वप्रथम अपेक्षाकृत अधिक बोधगम्य तथा सम्यक रूप से इंगलैंड में आया।

स्टर्लिंग अपने समर्थनात्मक इरादों के विषय में पूर्ण रूप से खुले हुए थे, बिना इस बात की पर्वाह किए कि वे सही हैं अथवा गलत। उन्होंने बड़े उत्साह से लिखा कि कांट तथा हीगल का काम आस्था को पुनः स्थापित करने के

---

[1] निश्चय ही अन्य दार्शनिकों ने हक्सले पर परम्परागत अध्यात्मवाद का सहारा लेकर प्रहार किया है। इनमें सबसे अधिक परिचित राबर्ट फ्लिण्ट की **थीइज्म** (1877) है जिसके तेरह संस्करण निकले। द्रष्टव्य, डी० मैकमिलन **लाइफ आफ रोबर्ट फ्लिण्ट** (1914)।

[2] द्रष्टव्य ए० एच० स्टर्लिंग **जे० एच० स्टर्लिंग हिज लाइफ एण्ड वर्क** (1912) यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि केयर्ड तथा वेनस की भाँति स्टर्लिंग महोदय भी स्काट थे। परम्परागत स्काटलैंड के दर्शन के प्रति असन्तोष ने ही योरपीय दर्शन में नवरुचि जाग्रत की थी।

अतिरिक्त कुछ नही था। यह आस्था ईश्वर के प्रति थी आत्मा की अमरता के प्रति थी और इच्छा शक्ति की स्वतन्त्रता के लिए थी, यही नही यह आस्था ईसाईयत के एक स्वत जात धर्म होने के प्रति भी थी। और यही कारण था कि उन्होंने हीगल और काण्ट की अपने पाठकों द्वारा पढ़े जाने की भी सिफारिश की। अमेरिका में तो सेण्ट लुई के हीगलवादियों के उत्साही समूह ने एक ओर वहाँ पर उनके सिद्धान्तों को सरल और स्वाभाविक मोड़ दिया था तो दूसरी ओर उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि हीगल ने राजनीति में निहित तीन मुखों वाले दैत्य को, धर्म में निहित परम्परामुखता को, तथा विज्ञान में निहित प्रकृतिवाद को समाप्त कर दिया है।[1] ये सब अपेक्षाएं कालान्तर में समाप्त होनी ही थी। नव हीगलवादियों ने अपना एक अलग दार्शनिक आन्दोलन खड़ा कर दिया था जो उदारतम ईसाइयों की मान्यताओं में भी काफी परे था। लेकिन यह बात सही थी कि इस प्रकार की अवस्थाओं का व्यापक तौर पर स्वागत हुआ तो उसके कारण ब्रिटेन में उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों में आदर्शवाद के प्रति एकाएक रुचि जाग्रत हो गई, इस बात में भी इन्कार नही किया जा सकता।

निश्चय ही एकाएक उपस्थित हो जाने वाली इस स्थिति पर अतिशयोक्तियां की गई और की भी जा सकती थी। इससे पूर्व दो बार आदर्शवाद इंगलैण्ड में प्रचलित हुआ था दोनों ही अवसर पर भौतिकवाद के बढ़ते हुए चरणों से बचाव के रूप में। पहले अवसर पर कैम्ब्रिज के प्लेटोवादी, डेकार्ट और प्लेटो की सहायता से 17वीं शती में विकसित हुई यान्त्रिकता एवं अनीश्वरवादी विचारधाराओं के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। दूसरे अवसर पर न्यूटन द्वारा प्रणीत विज्ञान से उपजे भौतिकवाद एवं देववाद द्वारा बर्कन की विचारधारा को काफी धक्का लगा। यद्यपि आदर्शवाद की कोई परम्परा अब तक ब्रिटेन में विद्यमान नही थी तो भी उसका समर्थन करने वालों की वहाँ कमी नही थी। साहित्यिक विचारकों ने जिनमें

---

[1] [illegible] जे० एच० म्योरहेड प्लेटोनिक ट्रेडीशन इन एङ्ग्लोसैक्सन फिलोसोफी (1931) में हीगलवाद के इङ्गलैंड और अमरीका में प्रवर्तित होने के बारे में विस्तार से वर्णन है। अन्य उपलब्धियों में सेण्ट लुई हीगलवादी द जर्नल आफ स्पेकुलेटिव फिलोसोफी जैसी पत्रिका की स्थापना करने के लिए जिम्मेदार थे। यह पत्रिका (1867) एंग्लोसैक्सन जगत में अपनी तरह की पहली ही थी। द्रष्टव्य पी० आर० एण्डरसन और एम० एच० फिश द्वारा लिखित फिलोसोफी इन अमेरिका फ्राम दी प्यूरिटन्स टु जेम्स (1939)। जे० एल० ब्लाउ मैन एण्ड मूवमेण्ट्स इन अमेरिकन फ़िलोसोफी (1952), जी० वाट कनिंघम द आइडियलिस्ट आर्गूमेण्ट इन रीसेण्ट ब्रिटिश एण्ड अमेरिकन फिलोसोफी (1933)। डब्लू० टी० हैरिस सेण्ट लुई हीगलवाद के नेता थे।

कालरिज तथा कार्लाइल (इंगलैंड) और एमर्सन (अमरीका) आदि सम्मिलित थे—'द सीक्रेट आफ हीगल' के प्रति रुचि जाग्रत करनी आरम्भ की थी। यह शीर्षक ही एक बाह्य स्थिति की ओर संकेत करता था। इस बात का आभास देता था कि हीगल में अवश्य ही कुछ न कुछ था। और प्रमुख विचारधारा के रूप में प्रवर्तित हो जाने में पूर्व दो उल्लेखनीय व्यक्ति इंगलैण्ड में आदर्शवादी विचारक थे। ये जे० एफ० फेरियर और जान ग्रोटे थे।[1] फरियर एक ऐसे विद्वान[2] थे, जिन्हें हीगल और शैलिंग की कृतियों का कुछ परिचय था और जिन्हें बर्कले की विचारधारा के प्रति भी रुचि थी—अब तक बर्कले की विचारधारा को लोगों ने अवहेलना कर रखा था। अपनी पुस्तक इन्स्टीट्यूट्स आफ मैटाफिजिक्स में (1854) वह एक ऐसे दार्शनिक के रूप में प्रकट हुए हैं जिन्हें परम तत्त्व (एब्सोल्यूट) की खोज है। उनके अनुसार परमात्म स्पष्ट अनासक्त मुक्त सात्त्विक, शुद्ध एवं निर्विकल्प सत्ता है। ब्रिटेन में निश्चय ही इस प्रकार की साहसिक विचारधारा बहुत न्यून देखने में आती है शायद इसका कोई पूर्व सूत्र इंगलैंड में नहीं मिलता। यूरोप में चाहे इसका प्रचलन हो गया था। फेरियर की विचार प्रणाली भी इसी प्रकार अपराम्परागत थी। ब्रितानी दर्शन ने सदैव इस बात पर गर्व किया है कि वहाँ जन्मे विचारक लचीली अनौपचारिक और दार्शनिक भाषा को गढ़ने के प्रति लापरवाह रहे हैं जब कि फरियर ने प्रयास करके अपने विचारों को प्रामाणिकता की एक अटूट शृंखला में आबद्ध कर दिया था। ये विचार पूर्ण रूप से तथ्यों पर आधारित थे। इन तथ्यों की परिभाषा उन्होंने यह की थी कि ये किसी भी अकल्पनीय स्थिति के प्रतिकूल हैं—परस्पर विरोधाभास से लीन हैं असंगति से रहित और सम्भव है।

उनके निष्कर्ष कदाचित कम आश्चर्यजनक थे। कांट जियन सिद्धान्त जिन्होंने ब्रिटेन में एक व्यापक स्वीकृति प्राप्त की थी से आरम्भ करके उन्होंने यह प्रमाणित

---

[1] कालरिज से लेकर ब्रेडले तक आरम्भ हुए इस आन्दोलन के लिए द्रष्टव्य म्योरहेड और जे० प्यूमस कृत आइडियलिज्म इन इंगलैण्ड फ्राम कालरिज [illegible] ब्रेडले (1955)

[2] ई० एस० हाल्डेन जे० एफ० फरियर (1899), जी० एफ० स्टाउट फिलोसोफी (वोटिवा टेबेला (1911) में)। लेक्चर्स इन अर्ली ग्रीक फिलोसोफी एण्ड रिमेन्स (1866) नामक रचना उनकी महत्त्वपूर्ण कृति मानी जाती है। मिल द्वारा फरियर पर की गई टिप्पणी मनोरंजक है उनके विचारधारा के तंतु इतने प्रभावशील ढङ्ग से बुने गए हैं और इतने आतंक डालने वाले हैं कि लगभग उन्हें एक कलाकृति की संज्ञा में रखा जा सकता है। उनका सारा दर्शन वृत्ताकार तर्कों का एक अद्वितीय नमूना पेश करता है और काव्य के समीप होने पर भी उन्हें दर्शन समझा जा रहा है।

करने की कोशिश की कि अधिक से अधिक हम जितना जान सकते है वह न तो शुद्ध पदार्थ है न शुद्ध आत्म, किन्तु पदार्थ को जानता हुआ आत्म है। दूसरे यह भी कि भौतिक पदार्थ की भांति इसका अस्तित्वमान होना कम से कम सम्भव है किन्तु प्रकट में यही सबसे ज्यादा होने की स्थिति में है। मस्तिष्क स्वतन्त्र रूप से अस्तित्वमान परम सत्ता नहीं हो सकते क्योंकि वस्तु को अनुभव करने के कारण ही उनका अस्तित्व है और यह कहना कि परमात्म एक ऐसी सत्ता है जो हमारे ज्ञान से परे है, और जिसके बारे में हम बिल्कुल कुछ भी नहीं जानते, फरियर के मतानुसार यह मानने के बराबर है कि हम किसी सम्भव ज्ञान के उपकरण को नहीं जान सकते। यह बात स्पष्टतः स्वीकरणीय है कि हम कैन्सर के कारण से परिचित नहीं है किन्तु यह उसी समय है जब उसका कोई न कोई कारण है और उससे अनभिज्ञ है और कारण को जान सकने की स्थिति विद्यमान है।

यह निष्कर्ष विशिष्टतः ब्रितानी है क्योंकि इसके द्वारा ज्ञान का उपकरण-सापेक्ष माना गया है और यही सत्य के ज्ञान की कुंजी है। फरियर का दर्शन सामान्य बुद्धि से किसी प्रकार मेल नहीं खाता था।

स्काट विचारधारा के एक महान प्रवर्तक टामस रीड के बारे में फरियर का यह मत है (कदाचित यह इसलिए भी है कि स्वयं स्कोटलैंड में प्रोफेसर होने के कारण ही उन्होंने ऐसा लिखा) कि अपने मन्तव्यों में नेक होने तथा दर्शन के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठतम योग्यता रखने वाले टोमस रीड में तार्किक अनुमान सम्बन्धी योग्यता नहीं थी—निश्चय ही उनका मस्तिष्क अदार्शनिक था, जिसका सामान्य बुद्धि वाले पाठकों को प्रसन्न रखने के लिए किया गया उनके द्वारा उपयोग अपनी सूझ-बूझ और नवीनता के कारण अतुलनीय माना जा सकता है। फरियर के मन में सामान्य व लोकप्रिय रुचियों की कामचलाऊ, किलेबन्दियों के प्रति एक गहरी घृणा थी जिसके परिणाम से ब्रिटेन में दर्शन के नये स्वर प्रकटने लगे थे। बाहरी क्षेत्रों में अब ब्रितानी दर्शन के प्रति यह अपेक्षा और औत्सुक्य स्वाभाविक था कि कैसे उसका विकास ठोस तथ्यों पर हो रहा है। और धीरे-धीरे सामान्य रुचि के अनुकूल प्रस्तुत की जाने वाली दार्शनिक विचारधारा के प्रति एक अनिच्छा का भाव सभी क्षेत्रों में विकसित हो रहा था।

जान ग्रोट यद्यपि इतना क्रांतिकारी नहीं था तो भी उसकी कृति **एक्सप्लोरेशियो फिलोसोफिका भाग 1** अपने उपशीर्षक रफ नोटस आन माडर्न इण्टेलेक्चुअल साइन्स (1865) के साथ घर घर में विकसित हो रहे आदर्शवाद का मनोरंजक नमूना है। जैसा कि इसके शीर्षक से ध्वनित है यह अपने आप में एक पूर्ण कृति नहीं है। इसके अधिकांश भाग में मिल, हैमिल्टन ह्वेवेल और फरियर आदि पर समालोचनात्मक निबन्ध हैं किन्तु विज्ञान को अपना अपेक्षित दर्जा दिलवाने के इनके

प्रयास से इनका सामान्य मन्तव्य प्रकट हो जाता ही है। लात्जे की भांति ग्रोट भी चाहते थे कि सभी प्राकृतिक वैज्ञानिकों को यान्त्रिक विश्लेषण के जरिए ही आगे बढ़ना चाहिए और उन्हें उसके दार्शनिक परिणामों की कोई चिन्ता नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद वे मिल के इस दृष्टिकोण का प्रबल विरोध करते हैं कि वैज्ञानिक प्रणाली का प्रयोग नैतिक विज्ञानों पर भी वैसे ही किया जा सकता है। *शारीरिक प्रक्रियाओं से परे मानवी भावनाएं कोई भौतिक पदार्थ नहीं हैं इसलिए* ग्रोटे के मतानुसार वे विज्ञान के क्षेत्र से बाहर हैं।

उनके अनुसार विज्ञान, वस्तुओं के बारे में ज्ञात तथ्यों के आधार पर सूक्ष्म अध्ययन करने का नाम है। इस प्रकार का सूक्ष्मीकरण मानवीय भावनाओं के बारे में किया जाना असम्भव है। हां, दर्शन की दृष्टि से उनकी ज्ञातव्यता ही उनकी वास्तविक एवं मूल अवस्था के सम्बन्ध में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रश्न है। अब हम पदार्थों पर इस दृष्टि से विचार करते हैं तो ग्रोट के मतानुसार हम इसीलिए उन्हें जान सकते हैं क्योंकि उनमें हमारी बुद्धि के साथ जुड़ जाने का एक गुण विद्यमान रहता है। दूसरे शब्दों में वे इसीलिए ज्ञातव्य हैं क्योंकि वे स्वयं में विवेक–सम्पृक्त हैं। इसका अर्थ यही हुआ कि उनमें स्वयं में अपना मस्तिष्क है—ग्रोटे के मतानुसार यही एक ऐसा निष्कर्ष है जो हमें इस ब्रह्माण्ड के साथ एक कुटुम्ब के रूप में जोड़ता है। मिल द्वारा प्रदर्शित केवल संघटनात्मक आत्मा, जो हमें एक अकथनीय एवं कष्ट–प्रद व उजाड़ अवस्था में छोड़ देती है, के विरोध में ग्रोटे ने यह सान्त्वनात्मक बात कही। इस ब्रह्माण्ड के साथ कुटुम्ब की यह भावना जो हमें इतनी अनुभूति प्रदान करती है कि इस ब्रह्माण्ड की रचना स्वयं भी की जा सकती है—आदर्शवादी दर्शन के उद्देश्य को अत्यन्त शक्तिशाली ढंग से पुष्ट करती है। ग्रोटे की इस सम्बन्ध में की गई उक्तियां काफी मुखर हैं।

लेकिन न तो ग्रोटे की भी नल्वी[1] और न फरियर जैसा विशद प्रमाणीकरण इस

---

[1] केम्ब्रिज भावना को समाहित करती कदाचित ग्रोटे की यह सर्वप्रथम विचार धारा है। *वे केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नैतिक दर्शन के प्रोफेसर थे। इस नैतिक दर्शन* ने अपना चरमोत्कर्ष जी० ई० मूर की कृतियों में प्राप्त किया है।

मूर का मनीषीपन उनके द्वारा प्रयुक्त बोलचाल की भाषा से युक्त प्रचार धारिक तथ्य उद्धरणपूर्ण शैली, उनकी तत्त्व, विशिष्ट किन्तु विद्वत्ता के बोझ से मुक्त आलोचना उनका सामान्य आदमी के समझने योग्य भाषा का प्रयोग करने के प्रति जोर, इन सभी बातों में झलकता है। कुछ स्थलों पर तो वे मौलिक हैं, जब वे परिचय द्वारा ज्ञान और किसी वस्तु के बारे में ज्ञान के अन्तर की चर्चा कर रहे होते हैं जिसका प्रवर्तन बाद की केम्ब्रिज विचारधारा का एक अङ्ग बन गया। ग्रोटे बहुत दृष्टियों से एक प्रभावशाली दार्शनिक रहे हैं, किन्तु उनका प्रभाव ऐसा है जिसे संक्षेप में नहीं कहा जा सकता।

ब्रितानी आदर्शवादी विचार प्रणाली में कहीं मिलता है। विदेशी प्रभावों के ज्वार ने उन्हें अपने साथ बहा लिया।[1] सातवीं दशाब्दी में ही सर्वप्रथम अनुवाद और टिप्पणियों पर बल दिया जाता रहा था। आक्सफोर्ड में बेंजामिन जोवेट द्वारा 1871 में किए गए प्लेटो के अनुवाद ने उनके विशिष्ट शिष्यों में उन्हीं के द्वारा समर्थित जर्मन आदर्शवाद से किसी प्रकार का कम प्रेम नहीं छोड़ा था। विलियम वलेस की पुस्तक द लाजिक आफ हीगल (1874) अनुवाद और टिप्पणी दोनों ही दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण थी। एडवर्ड केयर्ड ने कान्ट का एक विस्तृत अध्ययन 1817 में प्रस्तुत किया था। इनके द्वारा कान्ट को हीगल के प्रभाव के चश्मे से देखा गया है। 1833 में उन्हीं के द्वारा प्रकाशित संक्षिप्त किन्तु महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हीगल में इन्होंने हीगल का अध्ययन प्रस्तुत किया।

केयर्ड की पुस्तक हीगल जिसमें हीगल के दर्शन के महत्त्व को समझाया गया है स्पष्टतः स्काट हीगलवादियों के प्रभावों और मन्तव्यों को ही प्रदर्शित करती है। केयर्ड की दृष्टि में हीगल सर्वप्रथम एक अध्यात्मवादी थे। उनकी विचारधारा प्रबल रूप में उत्तम मानवी जीवन जीने की व्यावहारिक दृष्टि से ही निर्मित हुई है। उनमें एक ऐसी भावना थी जिससे वे मानवी अस्तित्व के धार्मिक और नैतिक आधार को पुनः प्राप्त करना चाहते थे जिसे क्रान्तिवादी संदेहवाद ने ध्वस्त कर दिया था। और उनकी विचार प्रणाली अर्थात् उनकी द्वन्द्वात्मकता की विधि समन्वयवादी दृष्टि प्रस्तुत करती है। उनके मत में हीगल के लिए कोई ऐसी प्रतिवादी स्थिति नहीं है जिसका समन्वय न होता हो। निश्चय ही उच्चतर एकता की कोई भावना हमारे या प्रकृति के स्वभाव में निहित है, जो प्रतिवादी स्थितियों का समन्वय करवा देती है इसलिए यदि विज्ञान और धर्म में कोई विरोध है तो वह मात्र ऊपरी है। वास्तव में वे किसी उच्चतर एकता की सिद्धि में लगे हुए दो उपकरण हैं।

केयर्ड वास्तव में यह बताने की कोशिश करते हैं कि परम्परागत धर्म व भौतिकवादी विज्ञान के बीच की खाई को पाटा जा सकता है—यह एक ऐसे धर्मदर्शन से सम्भव है जो विज्ञान की इस बात का समर्थन करता है कि वैज्ञानिक नियमों के किसी प्रकार के अपवाद नहीं होते और धर्म की इस बात का कि आत्मा की या आदर्श की स्थिति ही सर्वोच्च है। इन ऊपर से विरोधी दिखने वाले सिद्धान्तों को यह कह कर जोड़ा जा सकता है कि वैज्ञानिक नियम अपने आपमें आत्मिक हैं। केयर्ड ने लिखा है कि—ऐसे विश्व में जो प्राकृतिक है पहले की भाँति अब यह दर्शन या दैवी तत्त्व

---

[1] द्रष्टव्य म्योरहेड की उपर्युक्त कृति। एफ० होआंग लोनीओहीगल्यिनिज्म एन एङ्गलेतेरी।

प्रयास से इनका सामान्य मन्तव्य प्रकट हो जाता ही है। लोत्ज़ की भाँति ग्रोटे भी चाहते थे कि सभी प्राकृतिक वैज्ञानिकों को यान्त्रिक विश्लेषण के जरिए ही आगे बढ़ना चाहिए और उन्हें उसके दार्शनिक परिणामों की कोई चिन्ता नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद वे मिल के इस दृष्टिकोण का प्रबल विरोध करते हैं कि वैज्ञानिक प्रणाली का प्रयोग नैतिक विज्ञानों पर भी वैसे ही किया जा सकता है। शारीरिक प्रक्रियाओं से परे मानवी भावनाएँ कोई भौतिक पदार्थ नहीं हैं इसलिए ग्रोटे के मतानुसार वे विज्ञान के क्षेत्र से बाहर हैं।

उनके अनुसार विज्ञान, वस्तुओं के बारे में ज्ञात तथ्यों के आधार पर सूक्ष्म अध्ययन करने का नाम है। इस प्रकार का सूक्ष्मीकरण मानवीय भावनाओं के बारे में किया जाना असम्भव है। हाँ, दर्शन की दृष्टि से उनकी ज्ञातव्यता ही उनकी वास्तविक एवं मूल अवस्था के सम्बन्ध में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंश है। अब हम पदार्थों पर इस दृष्टि से विचार करते हैं तो ग्रोटे के मतानुसार हम इसीलिए उन्हें जान सकते हैं क्योंकि उनमें हमारी बुद्धि के साथ जुड़ जाने का एक गुण विद्यमान रहता है। दूसरे शब्दों में वे इसीलिए ज्ञातव्य हैं क्योंकि वे स्वयं में विवेक-सम्पृक्त हैं। इसका अर्थ यही हुआ कि उनमें स्वयं में अपना मस्तिष्क है—ग्रोटे के मतानुसार यही एक ऐसा निष्कर्ष है जो हमें इस ब्रह्माण्ड के साथ एक कुटुम्ब के रूप में जोड़ता है। मिल द्वारा प्रदर्शित केवल संघटनात्मक आत्मा, जो हमें एक अकथनीय एवं कष्टप्रद व उजाड़ अवस्था में छोड़ देती है, के विरोध में ग्रोटे ने यह सान्त्वनात्मक बात कही। इस ब्रह्माण्ड के साथ कुटुम्ब की यह भावना जो हमें इतनी अनुभूति प्रदान करती है कि इस ब्रह्माण्ड की रचना स्वयं भी की जा सकती है—आदर्शवादी दर्शन के उद्देश्य को अत्यन्त शक्तिशाली ढंग से पुष्ट करती है। ग्रोटे की इस सम्बन्ध में की गई उक्तियाँ काफी मुखर हैं।

लेकिन न तो ग्रोटे की भी तल्खी[1] और न फरियर जैसा विशद प्रमाणीकरण इस

---

[1] कैम्ब्रिज भावना को समाहित करती कदाचित् ग्रोटे की यह सर्वप्रथम विचारधारा है। वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नैतिक दर्शन के प्रोफेसर थे। इस नैतिक दर्शन ने अपना चरमोत्कर्ष जी० ई० मूर की कृतियों में प्राप्त किया है।

मूर का मनीषीपन उनके द्वारा प्रयुक्त बोलचाल की भाषा से मुक्त औपचारिक तथ्य, उद्धरणपूर्ण शैली, उनकी तल्ख विशिष्ट, किन्तु विद्वत्ता के बोझ से मुक्त आलोचना, उनका सामान्य आदमी के समझने योग्य भाषा का प्रयोग करने के प्रति जोर इन सभी बातों में झलकता है। कुछ स्थलों पर तो वे मौलिक हैं जब वे परिचय द्वारा ज्ञान और किसी वस्तु के बारे में ज्ञान के अन्तर की चर्चा कर रहे होते हैं जिसका प्रवर्तन बाद की कैम्ब्रिज विचारधारा का एक अङ्ग बन गया। ग्रोटे बहुत दृष्टियों से एक प्रभावशाली दार्शनिक रहे हैं, किन्तु उनका प्रभाव ऐसा है जिसे संक्षेप में नहीं कहा जा सकता।

पहली पीढ़ी के सभी आदशवादियों म सर्वाधिक प्रभावशाली टी० एच० ग्रीन थे। जेम्स के कथनानुसार ग्रीन की विचारधारा ने अन्य सब आदशवादियों की अपेक्षा उच सबधी उदारवादी दृष्टिकोण निर्माण करने म आधिभौतिक (तत्त्ववादी) रीढ़ की हड्डी का काम किया है—उनके इस दशन ने अपने समय के जिज्ञासु और लोकबुद्धि वाले आक्सफोर्ड के विद्यार्थियों को प्रबलरूप से प्रभावित किया। जैसा कि आर० जी० कॉलिंगवुड ने 1939 म प्रकाशित अपनी आटोबायोग्राफी म लिखा है ग्रीन की विचार-प्रणाली ने लोकजीवन म शिष्यों की एक ऐसी निर्माण परम्परा प्रवाहित की जो अपने साथ यह आस्था लिए थे कि जो दशन उन्होंने ऑक्सफोर्ड म पढ़ा है वह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी और उनका ध्येय उसे व्यवहार म लाना था। इसी प्रकार की आस्था विभिन्न प्रकार के तत्कालीन राजनीतिज्ञों मे भी थी जिनमें एसक्विथ और मिलनर जैसे राजनीतिक थे, गोरो एव स्कॉट हॉलैण्ड जैसे पादरी थे और आरनोल्ड टायनबी जैसे समाजसुधारक थ। इस प्रकार के प्रभाव के जरिए ग्रीन की विचार प्रणाली 1880–

स्मरणाश (पी० बी० ए० 1921)। वे एक उत्साही और समथ अध्यापक थे—जन्म के वल्श थे, जिन्होंने अपने जीवनान्त तक केयड द्वारा प्रतिपादित हीगलवाद का प्रवतन किया (द्रष्टव्य ए फथ टेट इनक्वायरस 1922)। इसके लिए उन्हें उन तथाकथित नए विचारकों का विरोध करना पड़ा जो अपने आपको परमात्मवादी तथा वयत्तिक आदशवादी मानते थे। उनकी अत्यन्त महत्वपूर्ण कृति क्रिटिकल एग्जामिनेशन आफ लोत्ज़े फिलोसोफी (1895) है। वाटसन भी एडवर्ड कयर्ड के भाई जान केयर्ड की भाँति प्रमुखत धमदशन म रुचि रखते थ। जान कयर्ड के सबध मे देखें, सी० एल० बार कृत मेमोयर्स आफ प्रिंसिपल केयर्ड (1926)। म्यारहेड और मेकेन्ज़ी ने कयर्ड की आदशवादी परम्परा को वतमान शताब्दी की तीसरी दशाब्दी तक चलाते रहे उन्होंने इसका सबध राजनीतिक, नतिक तथा सामाजिक विचार-धाराओं के साथ स्थापित करते हुए बहुत समय बाद तक विकसित हुए विज्ञान और दशन के साथ भी उसे जोड़े रखा। किन्तु केयर्ड का दशन कभी वैसा हुआ और व्यवस्थित न रहा। और मकेन्ज़ी के हाथों म तो वह एक उदार मतवाद म विकसित हो गया। द्रष्टव्य जे० एस० मेकेन्ज़ी कृत एलीमेण्टस आफ कान्स्ट्रक्टिव फिलोसोफी (1917) और पी०बी०ए० म (1935) प्रकाशित म्योरहेड के स्मरणाश। म्योरहेड की अत्यन्त महत्वपूर्ण रचनाओं म उनका नीतिशास्त्र तथा दशन का इतिहास है। व लाइब्रेरी आव फिलोसफी एव कण्टम्पोररी ब्रिटिश फिलोसोफी (1924) नामक ग्रन्थों के सम्पादक के रूप म उन्होंने विभिन्न प्रकार के दाशनिकों को एक साथ लाकर खड़ा कर दिया है। कयर्ड की समन्वयवादी परम्परा का सदैव उन्हें स्मरण रहता था। म्यारहेड की आत्मकथा रिफ्लेक्शन्स बाई ए जर्नीमैन इन फिलोसोफी (मरणोपरान्त प्रकाशित, 1942) आदि आदि। इस युग म प्रकट हो रही नयी सामाजिक प्रवृत्तियों के निर्माण म आदशवादियों का क्या योगदान रहा यह बात म्योरहेड की इस आत्मकथा म देखी जा सकती है।

भौतिक शक्तियों का भेद करवाना और अधिक सम्भव है—हम आदर्श का कहीं भी प्राप्त करें इसके लिए यह आवश्यक है कि वह सब जगह प्राप्त हो। विशेष आत्मिक प्रक्षेप की घटनाओं को (जैसे कोई दैवी चमत्कार) जिन पर रूढ़िवादी धर्म अधिक बल देता है—अन्धविश्वास कह कर त्याग देना चाहिए। इस प्रकार के अन्धविश्वास की ऐसे जगत में आवश्यकता क्या है जो पूर्णतः आत्मवादी हो? परम्परागत अध्यात्मवाद असफलता से ईश्वर, आदमी और प्रकृति में भेद करता है। आदर्शवाद इसीलिए दरअसल सही दार्शनिक अध्यात्म है क्योंकि केयर्ड के मतानुसार वह इन तीनों में एक आत्मिक सत्ता को कार्य करते हुए देखता है। केयर्ड तथ्यों के जगत और मूल्यों के जगत जैसी परिचित धारणा को भी नहीं मानते। मूल्य वस्तुतः तथ्यों में ही सन्निहित हैं अन्यत्र कहीं नहीं, और प्रत्येक तथ्य का अपना मूल्य है।

केयर्ड के हीगलवाद का एक अन्य पहलू उनका विकास के सिद्धान्त पर जोर देना है। जिस उच्चतर सत्ता में प्रतिद्वन्द्वी विचारधाराएँ समन्वित हो जाती हैं वह एक एकात्मक सत्ता अपने आंगिक प्रक्रिया के विकास को ही प्रकट करती है। केयर्ड के मतानुसार धर्म का अध्ययन ऐतिहासिक दृष्टि से भी होना चाहिए। हम यह देखना है कि किस प्रकार धर्म आरम्भ से ही मनुष्य के जीवन में आकस्मिक शक्ति के रूप में कार्य करता रहा है। यही उनकी दो पुस्तकों **द इवोल्यूशन आफ रिलीजन** (1893) तथा **द इवोल्यूशन आफ थियोलोजी इन द ग्रीक फिलोसफी** (1904) के मूल कथ्य हैं। यह प्रश्न करना उनके अनुसार गलत है कि अमुक धर्म गलत है या सही? हमें देखना यह चाहिए कि सत्य को कितनी मात्रा में अमुक धर्म द्वारा अभिव्यक्ति मिली है और उसमें क्या विसंगतियाँ और अस्पष्ट धारणाएँ आज भी विद्यमान हैं।

डार्विन और काम्त के विषय में अन्दर से कुछ लिख सकने की स्थिति में केयर्ड अपने आप को इसलिए पाते हैं कि उन्होंने विकासवाद के सिद्धान्त की धारणा को एक बहुत बड़ा योगदान दिया है। उनकी इसी गहरी सहानुभूति ने अभिव्यक्ति की अद्भुत क्षमता ने तथा उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व ने स्काटलैण्ड में हीगलवाद के प्रचार में काफी योग दिया। वे वहाँ पर 1866 से लेकर 1892 तक ग्लासगो विश्वविद्यालय में नैतिक दर्शन के प्रोफेसर थे। इंगलैण्ड में भी अपने ही गुरु जावेट के बाद उन्हें मास्टर आफ बलियल के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।[1]

---

[1] केयर्ड और उसके सम्बन्ध में द्रष्टव्य एच० जोन्स एवं जे० एम० म्योरहैड कृत **द लाइफ एण्ड फिलोसोफी आफ एडवर्ड केयर्ड** (1921)। जे०एस० मकेन्जी **एडवर्ड केयर्ड एज ए फिलोसोफीकल टीचर** (माइण्ड 1909)। जोन वाटसन **द आइडियलिज्म आफ एडवर्ड केयर्ड** (पी० आर० 1909)। जोन्स, मूरहैड, मकेनजी एवं वाटसन केयर्ड के प्रमुख शिष्यों में से थे। जोन्स के लिए देखें, एच० डब्ल्यू० जे० हैथरिंगटन **लाइफ एण्ड लेटर्स आफ सर हैनरी जोन्स** (1924)। जे०एच०म्योरहैड के

पहली पीढ़ी के सभी आदर्शवादियों में सर्वाधिक प्रभावशाली टी० एच० ग्रीन थे। जेम्स के कथनानुसार ग्रीन की विचारधारा ने अन्य सब आदर्शवादियों की अपेक्षा उच्च मध्यवर्गी उत्तरदायी दृष्टिकोण निर्माण करने में आधिभौतिक (तत्त्ववादी) रीढ़ की हड्डी का काम किया है—उनके इस दर्शन ने अपने समय के जिज्ञासु और लोकबुद्धि वाले ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों को प्रबलरूप से प्रभावित किया। जैसा कि आर० जी० कॉलिंगवुड ने 1939 में प्रकाशित अपनी आटोबायोग्राफी में लिखा है, ग्रीन की विचार प्रणाली ने लोकजीवन में शिष्यों की एक ऐसी निर्माण परम्परा प्रवाहित की जो अपने साथ यह आस्था लिए थे कि जो दर्शन उन्होंने ऑक्सफोर्ड में पढ़ा है वह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी और उनका ध्येय उसे व्यवहार में लाना था। इसी प्रकार की आस्था विभिन्न प्रकार के तत्कालीन राजनीतिज्ञों में भी थी जिनमें एस्क्विथ और मिलनर जैसे राजनीतिज्ञ थे गोरो एवं स्कॉट हालैण्ड जैसे पादरी थे और आर्नोल्ड टायनबी जैसे समाजसुधारक थे। इस प्रकार के प्रभाव के जरिए ग्रीन की विचार प्रणाली 1880-

---

स्मरणांश (पी० बी० ए० 1921)। वे एक उत्साही और समर्थ अध्यापक थे—जन्म के वेल्श थे, जिन्होंने अपने जीवनान्त तक केयर्ड द्वारा प्रतिपादित हीगलवाद का प्रवर्तन किया (द्रष्टव्य ए फेथ देट इन्क्वायर्स 1922)। इसके लिए उन्हें उन तथाकथित नए विचारकों का विरोध करना पड़ा जो अपने आपको परमात्मवादी तथा वैयक्तिक आदर्शवादी मानते थे। उनकी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कृति क्रिटिकल एग्जामिनेशन आफ लोत्से फिलोसोफी (1895) है। वाटसन भी एडवर्ड केयर्ड के भाई जान केयर्ड की भाँति प्रमुखतः धर्मदर्शन में रुचि रखते थे। जान केयर्ड के संबंध में द्रष्टव्य, सी० एल० वार कृत मेमोयर्स आफ प्रिंसिपल केयर्ड (1926)। म्यारहेड और मकेन्जी तो केयर्ड की आदर्शवादी परम्परा को वर्तमान शताब्दी की तीसरी दशाब्दी तक चलाते रहे उन्होंने इसका संबंध राजनीतिक, नैतिक तथा सामाजिक विचारधाराओं के साथ स्थापित करते हुए बहुत समय बाद तक विकसित हुए विज्ञान और दर्शन के साथ भी उसे जोड़े रखा। किन्तु केयर्ड का दर्शन कभी कसा हुआ और व्यवस्थित न रहा। और मकेन्जी के हाथों में तो वह एक उदार मतवाद में विकसित हो गया। द्रष्टव्य जे० एस० मेकेन्जी कृत एलीमेण्ट्स आफ कान्स्ट्रक्टिव फिलोसोफी (1917) और पी० बी० ए० में (1935) प्रकाशित म्योरहेड के स्मरणांश। म्योरहेड की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रचनाओं में उनका नीतिशास्त्र तथा दर्शन का इतिहास है। व लाइब्रेरी आव फिलोसफी एवं कन्टम्पोरेरी ब्रिटिश फिलोसोफी (1924) नामक ग्रन्थों के सम्पादक के रूप में उन्होंने विभिन्न प्रकार के दार्शनिकों को एक साथ लाकर खड़ा कर दिया है। केयर्ड की समन्वयवादी परम्परा का सदैव उन्हें स्मरण रहता था। म्यारहेड की आत्मकथा रिफ्लेक्शन्स बाई ए जर्नीमैन इन फिलोसोफी (मरणोपरान्त प्रकाशित, 1942) आदि आदि। इस युग में प्रकट हो रही नयी सामाजिक प्रवृत्तियों के निर्माण में आदर्शवादियों का क्या योगदान रहा यह बात म्यारहेड की इस आत्मकथा में देखी जा सकती है।

म लेकर 1910 तक राष्ट्रीय जीवन क प्रत्येक भाग पर अपनी छाप अंकित करती रही[1]।

जान्स और बहुत स अन्य ब्रितानी आन्शवान्यिा की भाति ग्रीन एक सधे हुए अध्यापक थ यद्यपि उन्होन एक शिक्षाशास्त्री और समाजसुधारक क रूप म मुक्त रूप स व्यापक धरातल पर काय किया था। उन्होने अपन पीछ अपने तत्त्ववादी सिद्धान्तो का कोई भी पूणताप्राप्त वक्तव्य नही छोडा। उन्ह एक साचे म लान क लिए 1874 म प्रकाशित उनकी पुस्तक इण्ट्रोडक्शन टू ह्यूम्स ट्रीटीज आन ह्यूमन नेचर और 1883 म मरणोपरान्त प्रकाशित उनक ग्र थ प्रोलेगोमेना टू एथिक्स म उनकी विचारधाराओ का सम्पादन व आकलन किया जाना जरूरी था। इसके अतिरिक्त उनक कुछ ऐसे भाषण भी थ जो प्रकाशित नही हुए थे।

शुरू म ही इस सबध म एक बात पर बल दिया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। ग्रीन को नवहीगलवाद कहन की एक परम्परा सी हो गयी थी लकिन हीगलवादी विचारधारा के प्रबल समथक मूलत कयडवादी थे ग्रीन नही थ। ग्रीन ने कयडवादियो की इसी आधार पर आलाचना भी की थी क्योकि ग्रीन क विचार म य लोग अनावश्यक

---

[1] ग्रीन के इस पक्ष क लिए द्रष्टव्य जे० ब्राउन्स कृत स्टडीज इन कण्टेम्पोरेरी बायोग्राफी (1905)। लकिन फिर भी कालिगवुड का मत है कि लोकजीवन पर हुए ग्रीन विचारप्रणाली के प्रभाव का पूण रूप स कभी भी नही बताया गया है। निश्चय ही ग्रीन निर्विवाद रूप स सब क्षेत्रो म लोकप्रिय थ। बारगोट एसक्विथ न अपनी 1980 मे प्रकाशित आटोबायोग्राफी म लिखा है कि जब उन्होंने जावट स पूछा था कि व ग्रीन को कितना चाहत थे तो फौरन ही उन्हे यह जवाब मिला था मैंने उन्ह कभी भी प्रेम नही किया। सबस अधिक उनके जीवन को उजागर करने वाले स्मरणांशो म आर० एल० नटलशिप की मेमोइस (ग्रीन की आकलित कृतियां, खण्ड 3 888) है जो अपन आप म एक महत्त्वपूण दार्शनिक कृति हो गई है। नटलशिप स्वय इस विचार प्रणाली के प्रतिभाशाली सदस्य थ। इनकी मृत्यु 47 वष की अवस्था म हो गई। उनकी भी बिखरी हुई कृतियो का सम्पादन ए० सी ब्रे डले क जीवन कथांश सहित फिलोसोफिकल लेक्चस एण्ड रिमेन्स (1897) नाम स प्रकाशित हुआ। 1896 म प्रकाशित फयरब्रादर की पुस्तक द फिलोसोफी आफ टी० एच० ग्रीन भी देख। ए० ज० बलफार का 1884 म माइण्ड म प्रकाशित निबन्ध ग्रीन्स मेटाफ्रिजिक्स आव नोलेज' ई० केयड" एट्रोडक्शन टू एसेज इन फिलोसोफिकल क्रिटिसिजम मे प्रकाशन (1883) एच० सिजविक द फिलासफी आव टी० एच० ग्रीन (माइ ड 1901) एच० बी० नाक्स ग्रीन्स रिफ्युटेशन आव आइडियलिजम (माइ ड 1900)। हम्फ्रे वाड क उपन्यास राबट एल्समेयर (1888) म ग्रीन मि० ग्र क रूप म देख जा सकते है।

रूप से हीगल के प्रभाव में आए हुए थे। (ब्रैडले ने ग्रीन पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि वे हीगलवादी नहीं थे और कुछ अंशों में तो हीगल के विरोध में थे।) जॉन केयर्ड की पुस्तक इण्ट्रोडक्शन टू द फिलोसोफी आफ रिलीजन (1880) के सम्बन्ध में ग्रीन ने अपनी एक टिप्पणी में लिखा है कि यदि अपने निष्कर्षों में नहीं तो अपनी विचार प्रणाली में केयर्ड हीगेल से बहुत अधिक प्रभावित लगने लगे हैं। वे हीगल के उस निष्कर्ष को कि स्वयं चेतन और आत्मिक सत्ता एक ही हैं और जो कुछ सत्य है अथवा तथ्य है वह उसी की अभिव्यक्ति के रूप में प्रकटता है, हम संसार के उपकरण हैं जो उसकी अभिव्यक्ति हैं किन्तु मूलतः ही हम इस भौतिक जगत के सचेत भोक्ता हैं—यही चेतना एक साथ ही हमें इस जगत का अंशी तथा हमें उससे असंपृक्त भी बनाती है। इसके साथ ही वे सारे तत्व जो हमें इस निष्कर्ष तक सहायक रहे अपर्याप्त ही थे इसलिए प्रारम्भ से अब तक इन सबको दुबारा से लिखना पड़ेगा।

खास तौर पर वे यह मानते थे कि हीगल द्वारा विचार पर दिया गया बल हीगलवादियों को यह धारणा बनाने के लिए विवश कर रहा था कि इस संसार में परिव्याप्त आत्मतत्व की सिद्धि इस बात से होती है कि हम वस्तु-जन्य विचारों के अतिरिक्त पीछे और किसी के बारे में सचेत नहीं होते। फेरियर के इस मत को कि कोई भी सच्चा आदर्शवादी बर्कले का मतानुयायी नहीं हो सकता वह लगातार विरोध करते रहे। इस बारे में सही दृष्टि किसी एक व्यक्ति के मन द्वारा प्राप्त की गई विश्व की जानकारी नहीं है बल्कि विश्व के जरिए एक समष्टिव्यापी मन की कल्पना करना है। इस प्रकार विश्व को अपने दर्शन का प्रारम्भिक सूत्र मानकर बहुत से अपने समय के विचारकों की भांति काण्ट की ओर ही लौटे हैं। उनका तार्किक विश्लेषण स्वयं काण्टवादी है या बहुधा प्लेटोवादी। उसमें प्लेटो की थिएटेटस वाली तर्क प्रणाली की झलक मिलती है—हीगलवादी प्रभाव उसमें नहीं हैं।

ग्रीन की पुस्तक इण्ट्रोडक्शन टू ह्यूम, आदर्शवादी परम्परा की एक स्थायी उपलब्धि है—और जे० एफ० मिल द्वारा सद्य प्रणीत अनुभववादी परम्परा से भली भांति प्रतिस्पर्धा कर सकती है। ग्रीन इस बात का प्रबल विरोध करते हैं कि यथार्थ रूप से होने का मतलब केवल संघटनात्मकता ही है—संघटनात्मकता तो हमारे अनुभवों की दी गई एक ऐसी अवस्था है जो हमें एकत्रित इन्द्रियबोध के कारण प्राप्त होती है। अधिक से अधिक जो अनुभव हम प्राप्त कर सकते हैं वे पहले से ही सम्बन्धों के आकलन मात्र हैं। उदाहरण के लिए मान लो यह कहा जाए कि हम सफेदपन की संवेदना का अनुभव हो रहा है तब इसे सफेदपन की संवेदना कहना ही इसे पहले से किसी अवस्था में सम्बन्धित कर देना है, चाहे वह उस पदार्थ से ही क्यों न सम्बन्धित हो जिसका वह गुण है। और यदि यह बात न मानकर यही मान लिया जाय कि हमारा वर्णन' हमारे पहले के इन संवेदनाओं की ही पुष्टि करता हुआ सफेदपन' का एक चित्र हमारे सामने रख रहा है तो भी पहले वाली अवस्थाओं में

से लेकर 1910 तक राष्ट्रीय जीवन के प्रत्येक भाग पर अपनी छाप अंकित करती रही[1]।

जोन्स और बहुत से अन्य ब्रितानी आत्मवादियों की भाँति ग्रीन एक सधे हुए अध्यापक थे यद्यपि उन्होंने एक शिक्षाशास्त्री और समाजसुधारक के रूप में मुक्त रूप से व्यापक धरातल पर कार्य किया था। उन्होंने अपने पीछे अपने तत्त्ववादी सिद्धान्तों का कोई भी पूर्णताप्राप्त वक्तव्य नहीं छोड़ा। उन्हें एक साँचे में लाने के लिए 1874 में प्रकाशित उनकी पुस्तक **इण्ट्रोडक्शन टू ह्यूम्स ट्रीटीज ऑन ह्यूमन नेचर** और 1883 में मरणोपरान्त प्रकाशित उनके ग्रन्थ **प्रोलेगोमेना टू एथिक्स** में उनकी विचारधाराओं का सम्पादन व संकलन किया जाना जरूरी था। इसके अतिरिक्त उनके कुछ ऐसे भाषण भी थे जो प्रकाशित नहीं हुए थे।

शुरू में ही इस सम्बन्ध में एक बात पर बल दिया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। ग्रीन को नवहीगलवादी कहने की एक परम्परा सी हो गयी थी लेकिन हीगलवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक मूलतः केयर्डवादी थे ग्रीन नहीं थे। ग्रीन ने केयर्डवादियों की इसी आधार पर आलोचना भी की थी क्योंकि ग्रीन के विचार में ये लोग अनावश्यक

---

[1] ग्रीन के इस पक्ष के लिए द्रष्टव्य जे॰ ब्राइस कृत **स्टडीज इन कन्टेम्पोरेरी बायोग्राफी** (1905)। लेकिन फिर भी कालिंगवुड का मत है कि लोकजीवन पर हुए ग्रीन विचारप्रणाली के प्रभाव को पूर्ण रूप से कभी भी नहीं बताया गया है। निश्चय ही ग्रीन निर्विवाद रूप से सब क्षेत्रों में लोकप्रिय थे। मारगोट एसक्विथ ने अपनी 1980 में प्रकाशित **आटोबायोग्राफी** में लिखा है कि जब उन्होंने जोवेट से पूछा था कि वे ग्रीन को कितना चाहते थे तो फौरन ही उन्हें यह जवाब मिला था मैंने उन्हें कभी भी प्रेम नहीं किया। सबसे अधिक उनके जीवन को उजागर करने वाले स्मरणांशों में आर॰ एल॰ नटलशिप की मेमोइर (**ग्रीन की आकलित कृतियाँ,** खण्ड 3 1888) है जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण दार्शनिक कृति हो गई है। नटलशिप स्वयं इस विचार प्रणाली के प्रतिभाशाली सदस्य थे। इनकी मृत्यु 47 वर्ष की अवस्था में हो गई। उनकी भी बिखरी हुई कृतियों का सम्पादन ए॰ सी॰ ब्रेडले के जीवन कथांश सहित **फिलोसोफिकल लेक्चर्स एण्ड रिमेन्स** (1897) नाम से प्रकाशित हुआ। 1896 में प्रकाशित फेयरब्रादर की पुस्तक **द फिलोसोफी आफ टी॰ एच॰ ग्रीन** भी देखें। ए॰ जे॰ बलफार का 1884 में **माइण्ड** में प्रकाशित निबन्ध ग्रीन्स मेटाफिजिक्स ऑव नोलेज, ई॰ केयर्ड **एन इण्ट्रोडक्शन टू एसेज इन फिलोसोफिकल क्रिटिसिज्म** में प्रकाशन (1883) एच॰ सिजविक द फिलासफी आव टी॰ एच॰ ग्रीन (माइण्ड 1901) एच॰ बी॰ नाक्स ग्रीन्स रेफ्युटेशन आव आइडियलिज्म (माइण्ड 1900)। हम्फ्रे वार्ड के उपन्यास **राबर्ट एल्समेयर** (1888) में ग्रीन मि॰ ग्रे के रूप में देखे जा सकते हैं।

रूप में हीगल के प्रभाव में आए हुए थे। (ब्रैडले ने ग्रीन पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि वे हीगलवादी नहीं थे और कुछ अंशों में तो हीगल के विरोध में थे।) जान केयर्ड की पुस्तक इन्ट्रोडक्शन टू द फिलोसाफी आफ रिलीजन (1880) के सम्बन्ध में ग्रीन ने अपनी एक टिप्पणी में लिखा है कि यदि अपने निष्कर्षों में नहीं तो अपनी विचार प्रणाली में केयर्ड हीगल से बहुत अधिक प्रभावित लगने लगे हैं। वे हीगल के इस निष्कर्ष को कि स्वयं चेतन और आत्मिक सत्ता एक ही हैं और जो कुछ सत्य है अथवा तथ्य है वह उसी की अभिव्यक्ति के रूप में प्रकटता है, हम संसार के उपकरण हैं जो उसकी अभिव्यक्ति हैं किन्तु मूलतः ही हम इस भौतिक जगत के सचेत भोक्ता हैं—यही चेतना एक साथ ही हमें इस जगत का अंशी तथा हमें उससे असपृक्त भी बनाती है। इसके साथ ही वे सारे तत्व जो हमें इस निष्कर्ष तक सहायक रहे अपर्याप्त हो ये, इसलिए प्रारम्भ से अब तक इन सबको दुबारा से लिखना पड़ेगा।

खास तौर पर वे यह मानते थे कि हीगल द्वारा विचार पर दिया गया बल हीगलवादियों को यह धारणा बनाने के लिए विवश कर रहा था कि इस संसार में परिव्याप्त आत्मतत्व की सिद्धि इस बात से होती है कि हम वस्तुजन्य विचारों के अतिरिक्त पीछे और किसी के बारे में सचेत नहीं होते। फेरियर वे इस मत का कि कोई भी सच्चा आदर्शवादी बर्कले का मतानुयायी नहीं हो सकता यह लगातार विरोध करते रहे। इस बारे में सही दृष्टि किसी एक व्यक्ति के मन द्वारा प्राप्त की गई विश्व की जानकारी नहीं है बल्कि विश्व के जरिए एक समष्टिव्यापी मन की कल्पना करना है। इस प्रकार विश्व को अपने दर्शन का प्रारम्भिक सूत्र मानकर बहुत से अपने समय के विचारकों की भाँति काण्ट की ओर ही लौटे हैं। उनका तार्किक विश्लेषण स्वयं काण्टवादी है या बहुधा प्लेटोवादी। उसमें प्लेटो की थिएटेटस वाली नक प्रणाली की झलक मिलती है—हीगलवादी प्रभाव उसमें नहीं है।

ग्रीन की पुस्तक इन्ट्रोडक्शन टू ह्यूम, आदर्शवादी परम्परा की एक स्थायी उपलब्धि है—और जे० एफ० मिल द्वारा सद्य प्रणीत अनुभववादी परम्परा से भली भाँति प्रतिस्पर्धा कर सकती है। ग्रीन इस बात का प्रबल विरोध करते हैं कि यथार्थ रूप से ज्ञान का मतलब केवल संघटनात्मकता ही है—संघटनात्मकता हमारे अनुभवों की दी गई एक ऐसी अवस्था है जो हमें एकत्रित इन्द्रियबोध के कारण प्राप्त होती है। अधिक से अधिक जो अनुभव हम प्राप्त कर सकते हैं वे पहले से ही सम्बन्धों के आकलन मात्र हैं। उदाहरण के लिए मान लो यह कहा जाए कि हमें सफेदपन की संवेदना का अनुभव हो रहा है तब इसे सफेदपन की संवेदना कहना ही इसे पहले से किसी अवस्था में सम्बन्धित कर देना है, चाहे वह उस पदार्थ से ही क्यों न सम्बन्धित हो जिसका वह गुण है। और यदि यह बात न मानकर यह मान लिया जाय कि हमारा 'वर्णन' हमारे पहले के इन संवेदनाओं का ही [illegible] 'सफेदपन' का एक चित्र हमारे सामने रख रहा है तो भी पहले इसका [illegible]

उसका सम्बन्ध कायम करने से हमें कोई न रोक सकेगा। इसके अलावा इस एक संवेदना को सत्ता देने का अर्थ यही है कि हम उसे बहुत सी अवस्थाओं से अलग करके एक ऐसी पृष्ठभूमि से जोड़ रहे हैं जिसमें से ही उसे हमने चुना है और तब उसे संवेदना कहने का यही अर्थ है कि हम उसे सत्त्व ही किसी सावयव स्थिति से जोड़ते ही हैं। इससे निष्कर्ष यही निकला कि किसी के विषय में चर्चा करने का अर्थ उसका सम्बन्ध स्थापित करना है। इस प्रकार यह मान लेना कि संवेदना की सरलावस्था अपने आपमें मौलिक है और सत्य है अपने आपमें सत्य को निरर्थक सिद्ध करना है। एक ऐसा शून्य बनना है जिसके विषय में कुछ भी कहा जाना सम्भव नहीं है।'

ग्रीन के कथनानुसार 'सत्य या तो अगम्य निर्वचनीय नेति भाव है या सम्बन्धित सापेक्ष सत्ता है। अनुभववादियों तक ने यह बात तो मानी है कि संबंध मन द्वारा रचित अवस्था है। इसलिए यदि सत्य सापेक्ष है तो इसका अर्थ यह हुआ कि सत्य अपनी स्थिति के लिए मन के अस्तित्व का ही मुंह जोहता है। अनुभववादियों से ग्रीन वहां अलग हो जाते हैं जहां वे उनके द्वारा स्थापित यह बात नहीं मानते कि संबंध प्रस्तुत स्थितियों का ही परिणाम है। वस्तुस्थिति एक ऐसी अवस्था है जिसमें कोई सापेक्ष भाव नहीं है। किन्तु उनके अनुसार ये सम्बन्ध यदि हटा दें तो वस्तु स्वयं पूर्णत गायब हो जाती है निरपेक्ष' वस्तु-स्थिति एक भ्रामक एवं मनगढ़त आविष्कार है।

यह उनके तर्क की प्रणाली है। सम्पूर्ण सत्य सापेक्षिक है। और केवल विचारशील चेतना ही इन संबंधों को देख पाती है—इसलिए वास्तविक जगत निश्चय ही किसी न किसी मस्तिष्क द्वारा निर्मित है। दो समस्याएँ एक साथ खड़ी हो जाती है। संसार जैसा हम उसे अनुभव करते है 'भौतिक' है। वह हमारे द्वारा वहां पर अनुभव करने के लिए ही है। यदि यह मन द्वारा निर्मित है तो यह कैसे संभव है? इसके अतिरिक्त भी हम सत्य को अपने से अलग करने के अभ्यासी हो गए है। जैसा है, उसे अपने से अलग करने के अभ्यस्त हम इस प्रयास में काल्पनिक हो जाते है—और तब हम उसे अपने ही लिए फिर रचते है—इसलिए यह अन्तर प्रत्येक प्रकार की जांचपड़ताल के लिए जरूरी है। लेकिन यदि विश्व को मन से निर्मित मानलें तो यह अन्तर तुरंत हट जाता है।

ग्रीन द्वारा इन दो समस्याओं का हल करने का प्रयास उन्हें व्यक्तिगत चेतना से अनन्त चेतना की ओर ले जाता है जिसे वे ईश्वर सदृश मानते है। जानने की प्रक्रिया में हम शनै शनै एक व्यक्ति के रूप में इस बात के प्रति सचेत हो जाते है कि वस्तु अनन्त चेतना के उपकरण के रूप में ही सदैव अस्तित्वमान रही है। यही कारण है कि जिसे हम जानने का प्रयास करते है वह हमें भौतिक दिखाई देता है। मन से बिल्कुल परे हम उसे नहीं रखते। वह हमारे मन से परे है। किंतु यह बात

भी पूणत सही नही है क्योकि उसी अवस्था क प्रति सचत हो कर जिसके विषय म अनन्त चेतना पहन स ही सचत है हम स्वय अनन्त चतनामय हो जात हैं या उसके उपकरण ता हा ही जात है। हमारे अनुभव के विकास म, व अपनो ओलेगोमेना टू एथिक्स म लिखत है एव भौतिक अवयव, जो ममय की एतिहासिक स्थिति है शन शन अन त चतना के उपकरण का काम करन लग जाता है—इस तरह जा हम जानते हैं हम हमारे मन स परे है, विशेष कर हमारे व्यक्तिगत मन के। तो भी यह हमार ही उस मन द्वारा, जा अनन्त चतना का भागीदार है निर्मित है। हमारा मस्तिष्क जिस शरीर म भौतिक अवयव हान के कारण बाधित रहता है, ता कभी कभी यह उस भौतिक शरीर स कोई भी तादात्म्य सबध स्थापित करन म असफल हो जाता है जो अनन्त चतना द्वारा निर्मित है। यह उस समय वस्तु के सम्बन्ध मात्र व्यक्तिगत दृष्टिकोण से ही करन लग जाता है। सभी वास्तविक पदार्थों के स्थान पर काल्पनिक पदाथ दृष्टिगत हान लगने है। उस समय पदाथ जसे व्यक्तिगत रूप स हम उन्ह देखत है बस दिखाइ दते है—अनन्त चतना के द्वारा निर्मित पदाथ के रूप म नही।

अनन्त चतना द्वारा निर्मित जगत और अपूण मानवी अस्तित्व द्वारा रची सृष्टि म यह भेद ग्रीन क अनुसार हमारे भौतिक पदार्थों के अनुभवा का तथा दिन प्रतिदिन भी यथाथ और काल्पनिक अवस्थाओ के भेद का भली प्रकार समझा दता है। और एसा मान लन मे भी हमार इस सामान्य सिद्धान्त से हम वचित नही होना पडता कि अनुभव के सारे पदाथ मन द्वारा निर्मित है। इसी तरह स व अनन्त चतना और व्यक्तिगत चतना म सामन्जस्य और अन्तर की चर्चा भी करत है और यह मानते हैं कि यह अन्तर आदशवादी का भौतिकवाद के सत्यो का स्वीकार करन म बिना अपन मूल सिद्धान्त स विचलित हुए भी सहायता करता है। निस्सदह पदाथ 'सत्य' है किन्तु एसा करन का सीधा अथ यही है कि व विचार द्वारा निर्मित हैं। मस्तिष्क को पदाथ स उपजा मानना आधार–आधय के सही क्रम का उलटने क अतिरिक्त कुछ भी नही। हमारी क्षणिक मानसिक अवस्थाएँ हमारी लुप्त हाती हुई भावनाएँ हैं जिन्हे मनाविज्ञान अध्ययन करता है। य कदाचित भौतिक शरीर की हो दशाएँ हा, किन्तु य ग्रीन क मतानुसार पूवत मानसिक ही नही है और न इनस सबधी चतना ही है।[1] मन अपन आप म गुजरती हुई क्षणिक अवस्था नही है क्योकि यह समय सापक्ष नही है। यदि एसा हाता तो समय क क्रम म घटित हो रही घटना का सयोजन यह नही कर सकता था और न भूत और भविष्य का भेद ही कर सकता था और न पूववर्ती स्थितिया का अनुवर्ती स्थितिया स भिन्न करक ही दख सकता था। ग्रीन यह बात विजयाल्लास म कहत हैं कि मिल तक न यह बात स्वीकार की है कि काई अस्थायी मन स्थिति क्रम अनुक्रम के विषय म स्वय सचत नही हा

---

[1] व वास्तव म क्या है वह दूसरी बात है। ग्रीन क विचारा की आलाचनात्मक समीक्षा के लिए दखिय एम० अलेक्जेडर कृत द एकेडेमी (1885)।

उसका सम्बन्ध कायम करने से हमें कोई न रोक सकेगा। इसके अलावा इस एक संवेदना को मानने का अर्थ यही है कि हम उसे बहुत सी अवस्थाओं से अलग करके एक ऐसी पृष्ठभूमि में जोड़ रहे हैं जिसमें से ही उसे हमने चुना है और तब उसे संवेदना कहने का यहाँ अर्थ है कि हम उसे सदैव ही किसी सावयव स्थिति से जोड़ते ही हैं। इससे निष्कर्ष यही निकला कि किसी के विषय में चर्चा करने का अर्थ उसका सम्बन्ध स्थापित करना है। इस प्रकार यह मान लेना कि संवेदना की सरलावस्था अपने आपमें मौलिक है और सत्य है अपने आपमें सत्य को निरर्थक सिद्ध करना है। एक ऐसा शून्य बनना है जिसके विषय में कुछ भी कहा जाना सम्भव नहीं है।'

ग्रीन के कथनानुसार 'सत्य या तो अगम्य निर्वचनीय नेति भाव है या सम्बन्धित सापेक्ष सत्ता है। अनुभववादियों तक ने यह बात तो मानी है कि संबंध मन द्वारा रचित अवस्था है। इसलिए यदि सत्य सापेक्ष है तो इसका अर्थ यह हुआ कि सत्य अपनी स्थिति के लिए मन के अस्तित्व का ही मुँह जोहता है। अनुभववादियों से ग्रीन वहाँ अलग हो जाते हैं जहाँ वे उनके द्वारा स्थापित यह बात नहीं मानते कि संबंध प्रस्तुत स्थितियों का ही परिणाम है। वस्तुस्थिति एक ऐसी अवस्था है जिसमें कोई सापेक्ष भाव नहीं है। किन्तु उनके अनुसार ये सम्बन्ध यदि हटा दें तो वस्तु स्वयं पूर्णतः गायब हो जाती है निरपेक्ष वस्तु-स्थिति एक भ्रामक एवं मनगढ़त आविष्कार है।

यह उनके तर्क की प्रणाली है। सम्पूर्ण सत्य सापेक्षिक है। और केवल *विचारशील चेतना ही इन संबंधों को देख पाती है–इसलिए वास्तविक जगत निश्चय* ही किसी न किसी मस्तिष्क द्वारा निर्मित है। दो समस्याएँ एक साथ खड़ी हो जाती हैं। संसार जैसा हम उसे अनुभव करते हैं 'भौतिक' है। वह हमारे द्वारा वहाँ पर अनुभव करने के लिए ही है। यदि यह मन द्वारा निर्मित है तो यह कैसे संभव है? इसके अतिरिक्त भी हम सत्य को अपने से अलग करने के अभ्यासी हो गए हैं। जैसा है, उसे अपने से अलग करने के अभ्यस्त हम इस प्रयास में काल्पनिक हो जाते हैं–और तब हम उसे अपने ही लिए फिर रचते हैं–इसलिए यह अन्तर प्रत्येक प्रकार की जाँचपड़ताल के लिए ज़रूरी है। लेकिन यदि विश्व को मन से निर्मित मान लें तो यह अन्तर तुरंत हट जाता है।

ग्रीन द्वारा इन दो समस्याओं का हल करने का प्रयास उन्हें व्यक्तिगत चेतना से अनन्त चेतना की ओर ले जाता है जिसे वे ईश्वर सदृश मानते हैं। जानने की प्रक्रिया में हम शनैः शनैः एक व्यक्ति के रूप में इस बात के प्रति सचेत हो जाते हैं कि वस्तु अनन्त चेतना के उपकरण के रूप में ही सदैव अस्तित्वमान रही है। यही कारण है कि जिसे हम जानने का प्रयास करते हैं वह हमें भौतिक दिखाई देता है। मन से बिल्कुल परे हम उसे नहीं रचते। वह हमारे मन से परे है। किन्तु यह बात

भी पूर्णत सही नहीं है क्योंकि उसी अवस्था के प्रति सचेत हो कर जिसके विषय में अनन्त चेतना पहले से ही सचेत है हम स्वयं अनन्त चेतनामय हो जाते हैं या उसके उपकरण तो हो ही जाते हैं। हमारे अनुभव के विराम में, वे अपनी प्रोलेगोमेना टू एथिक्स में लिखते हैं एक भौतिक अवयव जो समय की ऐतिहासिक स्थिति है शन शन अनन्त चेतना के उपकरण का काम करने लग जाता है—इस तरह जो हम जानते हैं हम हमारे मन से परे हैं, विशेष कर हमारे व्यक्तिगत मन के। तो भी यह हमारे ही उस मन द्वारा जो अनन्त चेतना का भागीदार है निर्मित है। हमारा मस्तिष्क जिस शरीर में भौतिक अवयव होने के कारण बाधित रहता है, तो कभी कभी यह उस भौतिक शरीर से कोई भी तादात्म्य संबंध स्थापित करने में असफल हो जाता है जो अनन्त चेतना द्वारा निर्मित है। यह उस समय वस्तु के सम्बन्ध मात्र व्यक्तिगत दृष्टिकोण से ही करने लग जाता है। सभी वास्तविक पदार्थों के स्थान पर काल्पनिक पदार्थ दृष्टिगत होने लगते हैं। उस समय पदार्थ जैसे व्यक्तिगत रूप से हम उन्हें देखते हैं वैसे दिखाई देते हैं—अनन्त चेतना के द्वारा निर्मित पदार्थ के रूप में नहीं।

अनन्त चेतना द्वारा निर्मित जगत और अपूर्ण मानवी अस्तित्व द्वारा रची सृष्टि में यह भेद ग्रीन के अनुसार हमारे भौतिक पदार्थों के अनुभवों को तथा दिन प्रतिदिन भी यथार्थ और काल्पनिक अवस्थाओं के भेद को भली प्रकार समझा देता है। और ऐसा मान लेने से भी हमारे इस सामान्य सिद्धान्त से हम वंचित नहीं होना पड़ता कि अनुभव के सारे पदार्थ मन द्वारा निर्मित हैं। इसी तरह से वे अनन्त चेतना और व्यक्तिगत चेतना में सामञ्जस्य और अन्तर की चर्चा भी करते हैं और यह मानते हैं कि यह अन्तर आदर्शवादी को भौतिकवाद के सत्यों को स्वीकार करने में बिना अपने मूल सिद्धान्त से विचलित हुए भी सहायता करता है। निस्सन्देह पदार्थ 'सत्य' हैं किन्तु ऐसा करने का सीधा अर्थ यही है कि वे विचार द्वारा निर्मित हैं। मस्तिष्क को पदार्थ से उपजा मानना आधार–आधेय के सही क्रम को उलटने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं। हमारी क्षणिक मानसिक अवस्थाएं हमारी लुप्त होती हुई भावनाएँ हैं जिन्हें मनोविज्ञान अध्ययन करता है। ये कदाचित भौतिक शरीर की ही दशाएँ हों, किन्तु ये ग्रीन के मतानुसार पूर्णत मानसिक ही नहीं हैं और न इनसे संबंधी चेतना ही है।[1] मन अपने आप में गुजरती हुई क्षणिक अवस्था नहीं है क्योंकि यह समय सापेक्ष नहीं है। यदि ऐसा होता तो समय के क्रम में घटित हो रही घटना का संयोजन यह नहीं कर सकता था और न भूत और भविष्य का भेद ही कर सकता था और न पूर्ववर्ती स्थितियों को अनुवर्ती स्थितियों से भिन्न करके ही रख सकता था। ग्रीन यह बात विजयोल्लास में कहते हैं कि मिल तक ने यह बात स्वीकार की है कि कोई अस्थायी मन स्थिति क्रम अनुक्रम के विषय में स्वयं सचेत नहीं हो

---

[1] वे वास्तव में क्या हैं वह दूसरी बात है। ग्रीन के विचारों की आलोचनात्मक समीक्षा के लिए देखिये एम० अलेक्जेंडर ग्रीन द एकेडमी (1885)।

सकती। तव फिर मन किस प्रकार माना जा सकता है ? ता भा व अनुभूतियां जि ह भौतिक मनोवनानिक मन' कहता है निरतर परिवतन की अवस्था म रहती हैं।

विकासवाद के सम्ब ध म प्रकट हुई नई आस्थाएँ, ग्रीन सहप स्वीकार करता है पुरातन 'प्राकृतिक अध्यात्म' का दर्जा घटाती हैं यह बात अच्छी है किन्तु सत्य तो यह है कि विकासवाद का सिद्धान्त अनन्त चतना के अनुकूल पडता है। अपितु तार्किक दृष्टि स उसकी आवश्यकता को और भी सिद्ध करता है। (द्रष्ट य लेक्चस आन द लॉजिक आफ द फोमल लाजीशियन्स) अन्यथा ता हम निश्चय ही यह सोचना पडता, कि कुछ नही म स भी कुछ प्रकट हो सकता है। और यह अवस्था सम्भव नही है। इसका परिष्कार हम उसी समय कर सकत हैं जब हम यह सोचें कि जो मात्र मानवीय दृष्टि म उपजी हुई स्थिति है वह सदव ही अनन्त चतना म पहल स विद्यमान रही है।

ग्रीन क आलोचको न उनकी तत्त्ववाद म खोच ढूढ लन म बहुत शीघ्रता दिखाई। उनम सबस बडी भूल ग्रीन की यह बतायी गई है कि व व्यक्तिगत और अनन्त चेतना क बीच विद्यमान सम्ब धो की चर्चा ही नही करत। हा परम्परागत अनुभववाद पर की गई उनकी समालोचना वास्तव म विध्वसक थी। कोइ विचारक भी उनकी इस आलोचना क कारण यह न मान सका कि इस अन्तिमरूप म नष्ट कर दिया गया है।[1] जब कुछ युवा चिंतकों न अपनी पुस्तक ऐसेज इन फिलोसोफीकल क्रिटिसिज्म प्रकाशित की जिसन सव प्रथम आदशवादी आ दोलन के क्षेत्र और सीमा का स्पष्ट निर्धारण किया था तो उसका टी०एच० ग्रीन को समर्पित किया जाना बिल्कुल उचित ही था।[2]

ब्रितानी आदशवादियो के सबस सुदृढ दाशनिक निश्चय ही एफ० एच० ब्रे डल

---

1 निश्चय ही कुछ लोगो न इसक लिए सघप भी किया द्रष्टव्य द क टेम्पोरेरी रिव्यू (1880) म प्रकाशित ग्रीन—ह्यूम स्पेन्सर विवाद।

2 इसम तकशास्त्र पर निब ध सग्रहीत है तथा सामाजिक दशन इतिहास एव तत्ववाद पर भी कुछ निब ध हैं। इसके लेखको मे एण्ड्रू सथ आर० बी० और ज० एस० हाल्डेन बोसाके, सोरले, डी०जी० रिशी डब्लू० पी० केर हनरी जेम्स एव जेम्स बोनार हैं। इनम केर न बाद मे साहित्यिक चिंतक क रूप मे ख्याति प्राप्त की। आर० बी० हाल्डेन जो बाद म लाड होगए न राजनीतिक दार्शनिक के रूप म ज० एस० हाल्डेन न एक दाशनिक वज्ञानिक के रूप म तथा बोनार न अथशास्त्र के इतिहासज्ञ क रूप म ख्यातिया अर्जित की। इस प्रकार अब आदशवाद को विभिन्न क्षेत्रो म जाने का अवसर मिला। शक्सपीयर सम्ब धी विद्वान ए० सी० ब्र डल इस दल के निकटतम सम्पक म थ।

थे[1]। और यदि ब्रितानी अनुभववाद की ब्रेडले उतनी ही तीव्रता स आलोचना कर रहे थ जितनी ग्रीन और केयड न की थी—और दार्शनिक प्रणाली मे तो वे उन दोना से अधिक प्रबल थ[2]—तो भी व बिना शर्त के ग्रीन की इस मूल धारणा का खण्डन करते हैं कि सत्य केवल सापेक्षता मे ही निहित है। और हीगेल के प्रशसक हाने के बावजूद भी ब्रेडल किसी भी भाति हीगलवादी नही हैं। उनकी द्वन्द्वात्मक तर्कप्रणाली हीगल के बजाय पारमनीडीज और जेनो की द्वन्द्वात्मक प्रणाली है। यह स्पष्ट है कि उन्होने प्लेटो द्वारा पारमेनीडीज तथा सोफिस्ट पर लिखी अलग पुस्तको से बहुत कुछ ग्रहण किया है जिनम यह द्वन्द्वात्मक प्रणाली दिखाई गई है—तथा प्लेटो के द्वारा प्रस्तुत वर्तालाप प्रणाली क माध्यम से भी उन्होने काफी सीखा[3]। उनकी पुस्तक

---

[1] द्रष्टव्य म्यूरहैड प्लेटोनिक ट्रेडीशन। इसम ब्रेडले के दर्शन का विस्तार मे देखा जा सकता है। ए० ई० टेलर एफ० एच० ब्रेडले (पी० बी० ए० 1924) आर० डब्लू० चर्च ब्रेडलेयन डायलेक्टिक्स (1942) सी० ए० केमबेल स्केप्टीसिज्म एण्ड कन्सट्रक्शन (1931) एच० रशडल द मैटाफिजिक्स आफ मिस्टर एफ० एच ब्रेडले (पी० बी० ए 1912), ब्रेडले पर लिखे निबन्ध, रचयिता जी० डी० हिक्स, जी० एफ० स्टाउट एफ० सी० एस० शिलर ए० ई० टेलर एव वार्ड (माइण्ड 1925)। एम० टी० एन्टोनेली द मैटाफिजिक्स ऑफ एफ० एच० ब्रेडले (1952) एलिनोर ग्लाइन की पुस्तक हैल्कियोन (1912) म ब्रेडल को सीरो के रूप म प्रस्तुत किया गया है।

[2] द्रष्टव्य, प्रीसपोजीशन्स आफ क्रिटीकल हिस्ट्री (1874) जहाँ पर वे यह मन्तव्य व्यक्त करते हैं कि इन्द्रियबोध सत्य के परीक्षण के सम्बन्ध मे कम से कम विश्वसनीय हैं, इन्द्रियबोध एक अन्धविश्वास ह यह दार्शनिक ज्ञान से पूर्णत अनभिज्ञ होन का प्रमाण है जो यह प्रतिदिन के हमे होन वाले अनुभव के प्रति पूर्णान्ध कर दता है—जो मात्र एक दोषपूर्ण पूर्वाग्रहिल रूढिवादिता म ही सम्भव है।

[3] जर्मन दार्शनिका म, जो ब्रेडल के समकक्ष खडे हो सकत हैं उनम जे० एफ० हर्बट का नाम लिया जा सकता है। हर्बट गोटिंजन विश्वविद्यालय मे लोत्जे के अग्रज थ। ब्रेडल न एपीयरेन्स एण्ड रिएलिटी म जो द्वन्द्वात्मक वार्त्तालाप प्रणाली अपनाई है—हर्बट म भी बहुत स स्थला पर देखी जा सकती है। ब्रेडल, हर्बट के कार्यों के प्रति पूर्ण जिज्ञासु थ। उन्हान ए० ई० टेलर को हर्बट का अध्ययन करने क लिए इसलिए कहा था ताकि वह हीगल क अत्यधिक प्रभाव स बच जाए। जब ब्रेडल द प्रिंसिपल्स आफ लॉजिक के अतिरिक्त परिशिष्ट म यह कहते हैं कि उनका (1883) हर्बट से परिचय नही है तो उनका आशय कदाचित् हर्बट क मनोविज्ञान स अपरिचित होने से है क्योंकि उन्होने इसी किताब म हर्बट के तर्कशास्त्र का सन्दर्भ दिया है। द्रष्टव्य, जे० वार्ड द्वारा एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका क नये सस्करण म हर्बट पर लिखा निबन्ध। जी० एच० सॅगल का 1913 मे माइण्ड म प्रकाशित निबन्ध द मैटाफिजिकल मेथड

प्रिंसिपल्स आफ लाजिक (1883) के कुछ अंशों में व्याप्त व्यंजनात्मकता प्लेटो की सुकरात पर लिखी व्यंजनात्मकता से कदाचित् ही मेल खाती हो "मैं मानता हूं कि मैं इस प्रकार के अपमानों की कतई पर्वाह नहीं करता। और इसके लिए मिस्टर स्पेंसर अथवा वैसे तो दूसरे महान् आधिकारिक विचारक जो इस प्रकार के अपमान को अनदेखा कर सकते हैं या उसे समझते नहीं, वे ही उसे अपने पर ले सकते हैं।

प्रारंभ से ही ब्रैडले ने अपने आलोचनात्मक अस्त्र का प्रयोग विरोधाभास पर दोषारोपण करने के लिए ही किया। तर्कशास्त्र में उनकी आस्था थी। प्लेटो की भाषा में तर्क द्वारा जहां तक जाया जा सकता हो वहां तक उदारता से जाने की प्रवृत्ति उनमें थी। यह बात अंग्रेजी दर्शन में न्यूनतम है। उन्होंने अपनी पुस्तक **प्रीसपोजीशन्स आफ क्रिटिकल हिस्ट्री** में लिखा कि यदि आलोचना आलोचना है तो सबसे पहले उसे प्रत्येक वस्तु की सत्यता पर संदेह करके चलना होगा और यदि इसके बावजूद भी कुछ ऐसे स्थल रह जाते हैं जिनको गलत बताया जाना असंभव हो जाय तो यह उन स्थलों की निजी महत्ता है। किन्तु यदि तथ्यों में और सिद्धान्तों में मेल नहीं बैठ रहा हो तो यह तथ्यों के लिए गलत अवस्था है। यदि एक महान ऐतिहासिक तथ्य' और 'एक महान सूक्ष्म सिद्धान्त' के बीच में वरण का प्रश्न सामने उपस्थित हो जाए तो ब्रैडले का मत है कि वे सिद्धान्त और महान सत्य के पक्ष में ही बोलेंगे। उलट कर अब आक्सफोर्ड की उच्च शिक्षा' का यही मार्ग हो गया था।

एपीयरन्स एण्ड रीयलिटी (1893) में तर्कशास्त्र के आधार पर विकसित किये गये तत्त्ववाद का ब्रैडले द्वारा प्रस्तुत किया गया अच्छा उदाहरण मिलता है। उनकी यह कठिन पुस्तक उनकी एक अन्य पुस्तक **प्रिंसिपल्स आफ लाजिक** के साथ में ही पढ़ी जाय तो ठीक है। विशेषकर इस के दूसरे संस्करण (1922) में जोड़े हुए **टर्मिनल एसेज** के लिए उनके **एसेज आन ट्रुथ एण्ड रीयलिटी** (1914) के लिए और उनके सापेक्षता पर लिखे अपूर्ण निबंधों के लिए जिनका प्रकाशन उनके मरणोपरान्त **कलेक्टेड ऐसेज** नामक पुस्तक (1935) में हुआ, यह बात ठीक पड़ती है। ब्रैडले कृत **एथिकल स्टडीज** (1876) और मूल्यों की विशेषतः उसमें संग्रहीत निबंध **माई स्टेशन एण्ड इट्स ड्यूटीज** नैतिक मूल्यों की दृष्टि से नयी दृष्टि से युक्त होने के कारण काफी महत्त्वपूर्ण है। यही पुस्तक उनके तत्त्ववादी सिद्धान्तों का आगे जाकर आधार बनी।[1]

आफ ह्वट। ब्रैडले ट्यूबिंगन स्कूल के प्रणेता एफ० सी० बौर से काफी प्रभावित थे। एफ० सी० बौर ने 1830 और 1860 के मध्य प्रकाशित अनेक ग्रंथों में हीगलवादी चर्च का समर्थन किया। द्रष्टव्य आर० मकाय **द ट्यूबिंगन स्कूल** (1863) ए० ए० श्वाइजर **पाल एण्ड हिज इन्टरप्रेटर्स** (1911 अंग्रेजी अनुवाद 1912)

[1] ब्रैडले ने तत्त्वमीमांसा (आधिभौतिकी तत्त्ववाद या मेटाफिजिक्स) की परिभाषा देते हुए कहा है कि मूल वृत्तियों के आधार पर खड़े हमारे विश्वासों में कुछ

एपीयरेन्स एण्ड रीयलिटी का मूल विषय विचार एवं सत्य के संबंध को उजागर करना है—जिसे उन्होंने अपनी पुस्तक द प्रिंसिपल्स आफ लॉजिक में बहुत अंशों में अपर्याप्त छोड़ दिया था। अपनी भाषा के माध्यम से जिसमें बहुत कुछ लॉज का प्रभाव है— ब्रेडले ने हीगल के इस सिद्धान्त का खंडन किया है कि सत्य होना और विचार की अवस्था में होना दोनों समान स्थितियाँ हैं। अपनी पुस्तक द प्रिंसीपल्स आफ लॉजिक में ब्रेडले ने लिखा कि यह मान्यता कि अस्तित्व संभवतः वही है जो 'विचार' उतना ही निर्जीव और काल्पनिक है जितना सूक्ष्म भौतिकवाद है। इस विश्व की गरिमा अंततः यही है कि यदि संसार को किसी अधिक पूर्ण सत्ता की झलक के रूप में देखें तो विश्व हमारे सम्मुख अधिक शानदार रूप में आता है। किन्तु केन्द्रीय आवरण एक प्रकार का छल करते हैं। हमारे सत्य यदि परमाणुओं की रंगहीन गति को हमारी ऊपरी आँख से छिपा लेते हैं सूक्ष्मतम अवस्थाओं के स्थिर रंगमय ताने बाने का दृश्य मंचन से वंचित रख देते हैं और रक्तहीन वर्गों की अपार्थिव लीला का आनंद हमें नहीं लेने देते, वे निश्चय ही तब उस परम के निर्णायक तत्व के रूप में काम नहीं करते हैं जो हमारी श्रद्धा की अपेक्षा करते हैं, सिवाय मनुष्य की बुद्धि के पार्थिव शारीरिक सौन्दर्य में रमण करके सुख प्राप्त कर लेने वाली अवस्था के।

तो भी इससे निकलने वाले निष्कर्ष की कठिनाई यही थी कि इससे सीधा अनीश्वरवादी विचारधारा की ओर उन्मुख होना पड़ता था। यदि सत्य सभी विचारों से परे है तो हमेशा हमेशा के लिए निश्चय ही हमारे लिए एक अज्ञेय सत्ता के रूप में अनुपलब्ध होगा। ब्रेडले की समस्या विचार की पहुँच और सीमाओं का [illegible] था और इसमें वह न तो तात्कालिक अनुभव का परित्याग करते थे और न परमात्म के बोध को, जो कितना ही सीमित क्यों न हुआ हो, छोड़ना चाहते थे।

ब्रेडले की तत्त्वमीमांसा इसलिए तात्कालिक अनुभव की समस्या को लेकर शुरू होती है। इसी समस्या पर विस्तार में उन्होंने 1906 में माइण्ड में प्रकाशित और 'ट्रूथ एण्ड रीएलिटी" के नाम से पुनर्मुद्रित हुए अपने निबन्ध आन अवर नालेज

न कुछ बुराई [illegible] होता है। उनकी पुस्तक माइ स्टेशन एण्ड इट्स ड्यूटीज में उन्होंने मूल वृत्तियों पर खड़े अपने विश्वासों के बारे में बतलाया है और लिखा है कि प्रत्येक वस्तु के लिए कहीं न कहीं जगह होनी चाहिए और वह वस्तु केवल अपने ही स्थान में शामिल होती है। ब्रेडले की तत्त्वमीमांसा के संबंध में द्रष्टव्य, ए० ई० टेलर कृत एलीमेन्टस ऑफ मेटाफिजिक्स (1903)। टेलर जिन्होंने भी बाद में हीगलवादी विचारधारा को छोड़ दिया उस समय ब्रेडले से काफी प्रभावित थे और उनकी पुस्तक एलीमेन्टस आफ मेटाफिजिक्स काफी अर्थों में ब्रेडले की विचारधारा का ही विवेकपूर्ण विवेचन है। उसके विपरीत उनकी पुस्तक द फेथ आफ ए मोरेलिस्ट (1930) नैतिक आधार पर ईश्वर के अस्तित्व की सिद्धि करती है और ऐसा लगता है जैसे उसे मार्गीय क्रिश्चियन धर्म के लिए लिखा गया है।

आफ इमीजिएट एक्सपीरिएन्स' म विचार किया है। हम एस अनुभव भी मिलत है जहा 'मेरे बोध म और उस अवस्था म जिसका बोध मेरी चेतना कर रही है, कोई अन्तर नही है। ज्ञान के प्रारम्भ के साथ हो जानने की और होने की तात्कालिक अनुभूति होती है। और चाहे एक तरीके म यह भेद मिट भी जाए तो भी मेरे सासारिक ज्ञान का वतमान मूलाधार स्वय यही स्थिति है। तात्कालिक अनुभूति शुद्ध और सरल है। इसम हम किसी वस्तु का अनुभव करते हुए कभी शामिल नही होते। क्योकि यही हमम और हमारी वस्तुओ म आवश्यक भेद कर देती है और यह भेद केवल विचार द्वारा ही सम्भव हुआ। यह तो यथावत अनुभूति है। यह न तो किसी की अनुभूति न किसी वस्तु के बारे म अनुभूति है।[1] इसकी भी विभिन्न अवस्थाए है लेकिन वह विभिन्नता सापेक्षिकता से पूव की है। एक लाल भडक का अनुभव उदाहरणाथ प्रस्तुत करे। हमारा यह अनुभव लालिमा और भडक के फलाव इन दोनो गुणो को अलग २ करके नही देखता। लालिमा और फलाव दोनो कही न कही किसी एक सम्बन्ध के कारण जुडे है। यह जोडने वाला तत्व भावना है लेकिन फिर भी इसम यह वभिन्नय समाया है।

जसे ही हम वस्तुसम्बन्धी भाषा की चचा प्रारम्भ करते है उसम गुणो और सम्बन्धो के बारे म सतक होते है—जो उसके सम्बन्ध म विचार करते ही निणय देने ही उसकी सत्यता सिद्ध करने के लिय आवश्यक रूप स प्रस्तुत हो जाते है। तब हम इस भावना के स्तर स परे चले जाते है। विचार पूणत चाहे अनुभव को नही छोडे लेकिन उसका सूक्ष्मीकरण कर लेता है।[2] लाल को एक धब्बे के रूप म पहली दृष्टि म अलग कर देने पर हम यह समझते है कि यह उसका एक अलग

---

[1] बर्नार्ड बासाक द्वारा यह बात अपनी पुस्तक नोलेज एण्ड रीएलिटी (1885) म शीघ्र ही कह दी गई। चाहे दूसरे ब्रेडल के उत्तरो स सन्तुष्ट न हुए हो किन्तु ये तो हो ही गए। तुलना के लिए द्रष्टव्य ए०ई० टेलर का टिप्पणी कि हीगलवादियो ने अज्ञेय पर बहुत मजे मनाए उनका परमात्मा स्वय अपने विश्वास की अवस्था म होने के कारण अज्ञेय ही है। द्रष्टव्य ए० नयूमिन्न कृत लोज ब्रेडले एण्ड बासाक (माइण्ड 1892)।

[2] जेम्स वार्ड इस बात का खण्डन करते है कि तात्कालिक अनुभव जसी कोई स्थिति हो सकती है। द्रष्टव्य, उनका लिखा मिस्टर ब्रेडलज एनालिसिस आफ माइण्ड (माइण्ड 1887) एव ब्रेडलेज डाक्ट्रीन्स आफ एक्सपीरीयन्स (माइण्ड 1925)। किन्तु ब्रेडल का मत था कि मनोविज्ञान की सामान्य प्रवृत्ति उन्ही की तरफदारी करती है विशेषकर विलियम जेम्स उनका तात्कालिक अनुभव का सिद्धान्त ही उन कुछ चन्द चीजो म स था जिन पर ब्रेडल के ही कथनानुसार हीगल का सारा प्रभाव था।

गुण है। यह अलगाव का और एक साथ जुड़ाव का प्रयास हमें तत्काल ही अपने ही विरोधाभास की ओर ले जाता है। यही एपीयरेंस एण्ड रीयलिटी के प्रथम खण्ड का मूल कथ्य है। इस बाह्य जगत के बारे में हम जो कुछ भी कह सकने की स्थिति में हैं, वह सब या उससे सम्बन्धित कोई भी सामान्य धारणा इसी प्रकार के विरोधाभासों से भरपूर है और इसलिए वह मात्र दिखावा है—माया है—सत्य नहीं।

उदाहरण के लिए यह उक्ति लें 'शक्कर मीठा है'। ब्रैडले पूछते हैं कि इस उक्ति में 'है' जिस प्रकार से वस्तु और गुण दोनों को जोड़ता है उसका क्या अभिप्राय है? हम यहाँ यह नहीं कहते कि शक्कर ठोस है, सफेद है, आदि आदि। शक्कर अपने इन विभिन्न गुणों में से किसी एक के 'तद्वत्' नहीं हो सकती, लेकिन अन्य किसी भी तरह से शक्कर को इन तमाम गुणों से युक्त, कैसे बताया जा सकता है? यदि केवल इसे इन गुणों का संयोग मात्र ही कहें तो इसकी इयत्ता समाप्त हो जाती है। और यदि इसे गुणेतर कोई अवस्था माना जाय तो वह गुणेतर जो कुछ भी है उसको बताना हमारे लिए असम्भव हो जायगा।

यहाँ यह कहा जा सकता है कि शक्कर अपने विभिन्न गुणों से युक्त होने के साथ साथ उनको एकत्व में बाँधने वाले तत्वों से भी बनी है। तब ब्रैडले कहते हैं कि ये सम्बन्ध किस प्रकार से गुणों को जोड़कर एक कर देते हैं यह एक पहेली रह जाता है। ये गुण निश्चय ही किसी दूसरे के आश्रय नहीं हैं। सफेदी ठोस नहीं है, न मीठापन ही सफेद है। फिर यह कैसे जुड़ सकते हैं? उसके अतिरिक्त प्रस्तुत उक्ति में 'है' का सम्बन्ध बताने वाले 'है' से क्या ताल्लुक है? निश्चय ही हम नहीं कह सकते कि मीठापन यहाँ सफेदी से जुड़ जाने के कारण सम्भव हुआ है। यदि 'है' के स्थान पर 'रखता है' जैसा कोई पद हम आवेश में कह दें तो भी समस्या का केवल क्रियात्मक रूपान्तर ही होता है। 'वस्तु से सम्बन्धित है' नामक पदावली में 'वस्तु से सम्बन्ध रखती है', नामक पदावली किसी भी अर्थ में ज्यादा स्पष्ट नहीं है। दुविधा वैसी की वैसी रहती है चाहे हम उससे किसी भी भाँति बचने की कोशिश करें। भाषा में हम जो कुछ करते हैं वह यही है कि या तो हम किसी दूसरे व्यक्ति के गुण को उसके कर्ता का विधेय बना देते हैं और इस प्रकार हम यह कहते हैं कि अमुक वस्तु क्या नहीं है अथवा हम कई बार ऐसी अवस्था को उसका विधेय बना देते हैं, जो उससे अभिन्न है। तब हमारा कथन मात्र एक खोखले तर्क, 'कि क क ही है' वाली अवस्था में व्यर्थ हो जाता है। कोई कथन पुनरुक्ति दोष से बचे इसके लिए यह जरूरी है कि उसमें विभिन्न अवस्थाओं को उजागर किया गया हो। लेकिन इसके साथ ही उसमें ऐक्य भाव होना ही चाहिए। किन्तु कोई भी कथन भिन्नता को एकता में मिला देने से सफल नहीं हो सकता।

एपीयरेंस एण्ड रीयलिटी के तीसरे अध्याय में इस प्रकार के कथनों पर आलोचना आगे बढ़ती हुई नजर आती है और तीसरा अध्याय तो सम्बन्धों की

सामान्य आलोचना प्रस्तुत करता है ।[1] इस अध्याय क बारे म स्वय ब्रैडल न कहा है जो पाठक इस अध्याय म दिये गए सिद्धान्तो स परिचित हो चुके हैं उन्हे आगामी अध्यायो म अपना समय बिताने की आवश्यकता ही नही है । उसने यह ता देख लिया ही होगा कि हमारे अनुभव जहा कही भी सम्बन्ध–सापेक्ष है वहा व सत्य नही है और तब उसन बिना किसी बात को सुने ही बहुत सघटनाओ को स्वीकार नही किया होगा । यह स्पष्टत सही है कि यदि सम्बन्ध ही दोषपूर्ण है ता आकाश समय काय, कारण और परिवतन सभी उसी दोष स युक्त होने चाहिए । ब्रैडल के मत म सम्बन्ध गुणो का जोड़ते हैं क्योकि कोई भी वस्तु मात्र उसके सम्बन्धो स ही निर्मित नही होती—सम्बन्ध बनाने वाली अवस्थाओ के अपने ऐसे गुण होने चाहिए जो उन सम्बन्धो स अलग हो । लेकिन गुण बताना ही एक तरह स अलग करना है अर्थात् सम्बन्धित करना है । इस प्रकार वही एक गुण सम्बन्धो पर आधारित भी है और उनके लिए आधार भी है कि गुणो के कोई सम्बन्ध नही है लेकिन बिना सम्बन्धो के गुण भी तो नही है । इस प्रकार यदि गुण यह दोहरा काय अदा करते हैं ता हम किसी गुण क के विषय म आश्रय के रूप क1 तथा उसके आश्रित के रूप म क2 की अवस्थाओ का भेद करना ही होगा । तब चू कि स्पष्टत ही यह दिखाना असम्भव है कि किन स्थितियो म शक्कर का एक कण सफेद और मीठा दोनो हो सकता है उसी प्रकार क1 तथा क2 क सम्बन्ध के बारे म किसी बोधगम्य तरीके म कोई स्पष्टीकरण देना असम्भव है । कोई भी एक दूसरे का विधेय नही है और इसके बावजूद भी किसी अन्य सम्बन्धो म मूलत भिन्न अवस्थाए जुड जाती है तो फिर क1 या क2 तथा क1 क साथ जोडने म उसी प्रकार की कठिनाई आएगी । इस प्रकार हम अनन्त उलटफेर म पड जाते हैं । और इस प्रकार हम अपनी मूल समस्या के करीब कभी नही पहुचते ।

इन तर्कों तथा इसी के समकक्ष दूसरे तर्कों क सहारे ब्रैडल अपने इस निष्कर्ष की ओर बढ़ते है कि सापेक्षिक तौर पर किया गया विचार जगत् के मायात्मक रूप को ही प्रस्तुत करते है । उसके सत्य स्वरूप का नही । यह तो सतही और व्यावहारिक तौर पर बुद्धि से किया गया समझौता मात्र है । अत्यावश्यक है फिर भी पूर्णत असुरक्षित । आवश्यक इसलिए है क्योकि बुद्धि लगातार परिवतन स अस्थायी और तात्कालिक अनुभव स तुष्ट नही होती । यह व्यावहारिक समझौता इस अथ म है क्योकि इसके आधार पर सभी अनुभवो को जोडकर ऐक्य मे गूथने का प्रयास इसके द्वारा होता है जबकि उसी अवस्था अनुभव का खण्ड खण्ड करने सूक्ष्म दृष्टि स देखने की क्रिया भी होती है । यह पूर्णत असुरक्षित इस अथ म है कि यह विरोधाभास

---

[1] पी० ए० एस० 1901 म प्रकाशित एलेज्ड सेल्फकन्ट्राडिक्शन इन द कन्सेप्ट आफ रिलेशन्स, लेखक जी० एफ० स्टाउट ।

को जन्म देती है। ग्रीन का यह विचार कि विचार स्वभावतः सापेक्ष है सही ही था। बिना सम्बन्धों के विज्ञान एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकता। लेकिन इसमें यह मानना कि विचार विज्ञान का ही एक रूप है ब्रैडले को कभी नहीं भाया।

ब्रैडले द्वारा प्रस्तुत किए गए विचार जो आदर्शवादियों की वह परिचित धारणा की ही पुष्टि करते हैं कि विज्ञान का जिस जगत से सम्बन्ध है वह पूर्ण सत्य नहीं है अब तक काफी जटिल है। किन्तु सबसे ज्यादा जिस बात ने हलचल उत्पन्न की वह थी ईश्वर और आत्म के सम्बन्ध में भी ब्रैडले द्वारा अपना इसी प्रकार का तर्क प्रस्तुत करना।[1]

आत्मा सम्बन्धी किए गए विचारों में जो कमियाँ रह गई हैं यदि उनका ख्याल न करें तो ब्रैडले के अनुसार आत्मा सापेक्ष स्थितियाँ ही उजागर करती है। यह संसरणशील है, अर्थात इसका भूत इसके वर्तमान में जुड़ा है। और यह अनेक प्रकार से इसके चारों ओर फैले विश्व से जुड़ी हुई है। जो दार्शनिक इस निष्कर्ष की अवहेलना करने का प्रयत्न करते हैं और एक शुद्ध महत् अथवा विश्वेतर 'आत्म' की स्थापना करने में लगे हैं ब्रैडले के मतानुसार वे दिन प्रतिदिन की आत्मा के विषय में कुछ नहीं कहते हैं और न ही ये दार्शनिक किन्हीं सम्बन्धों और परिवर्तनशील अवस्थाओं का सहारा लिये बिना अपनी इस विश्वेतर आत्मा को दिन प्रतिदिन की आत्मा से जोड़ सकते हैं। ईश्वर भी उनके अनुसार इसी दोष से युक्त है धर्म के ईश्वर का सम्बन्ध मानवता से है। इसके बावजूद भी मनुष्य और ईश्वर के बीच किसी भी प्रकार के ज्ञेय सम्बन्धों की स्थिति बन ही नहीं पाती है। यदि आप परमात्मा का ईश्वर से तादात्म्य करके देखते हैं तो वह धर्म का ईश्वर नहीं होगा क्योंकि परमात्म का कोई व्यक्तित्व नहीं होता। बस इसका एक मात्र मतापप्रद हल यही है कि ईश्वर मात्र एक अवस्था है और इसका अर्थ यही है कि वह परमात्मा का ही सगुणात्मक रूप है।

यह ब्रैडले का प्रथम निष्कर्ष है कि जैसे ही हम वस्तुओं, गुणों तथा सम्बन्धों का नया रूप प्रस्तुत करते हैं तो हम सगुणात्मक अथवा माया के जगत में निश्चित रूप से चले जाते हैं जो जगत विरोधी स्थितियों से भरपूर तथा अबूझ है। लेकिन क्या इसमें कोई फर्क पड़ता है? क्या हमारे पास सिवाय इसके कि इस विरोधाभास को केवल चिपका कर स्वीकार कर लें कोई अन्य विकल्प है?

एक स्तर तक तो यह अवस्था विकल्पहीन है। किसी भौतिक सिद्धान्त के विरोध में यह कहना कि यह विरोधास्पद तत्वों से बनी है तो जहाँ तक सम्बन्धों का प्रश्न है और जहाँ वह मनोविज्ञान के विरुद्ध संघटनात्मक स्पष्टीकरण की स्वीकृति

---

[1] द्रष्टव्य एस० जे० पैरी जी ब्रैडलेज व्यू आफ द सेल्फ (माइण्ड 1894)।

देता है जो पूर्णतः अबूझ है तो यह निश्चय ही तत्त्ववादी सिद्धांतों का ऐसी जगह प्रयोग करना हुआ जहाँ वे प्रयुक्त नहीं किए जा सकते। सभी जगह इस प्रकार के विज्ञान का सार तत्त्व यही है कि वे अर्द्ध सत्य का प्रयोग करें। दूसरे शब्दों में, सुविधानुसार कल्पना और झूठ को खुलकर काम में लाएँ। यह बात ब्रैडले ने अपने एक निबंध 'ए डिफेन्स आफ फिनामिनालिज्म इन साइकोलोजी' (माइण्ड 1900) में स्पष्ट की है[1]।

लेकिन तत्त्वमीमांसा के उद्देश्य इससे कहीं बड़े हैं। ब्रैडले के अनुसार तत्त्वमीमांसा का उद्देश्य एक ऐसा सामान्य दृष्टिकोण खोजना है जो मस्तिष्क को तुष्टि प्रदान कर सके। क्योंकि सत्य वही है जो मस्तिष्क को पूर्णतः संतुष्ट करे। व्यवहार में लेने पर यह दृष्टिकोण लाजे की परिभाषा के अनुकूल ही है। उन्होंने लिखा था तत्त्ववाद का केवल मात्र यह बताना है कि ऐसी कौनसी समष्टिसम्मत दशाएँ हैं जिनके बारे में हम बिना कोई विरोधास्पद बात किए ही कह सकें कि ये सत्य हैं अथवा ऐसा तो होता ही है। परमात्म के अलावा सभी जगह इस प्रकार का विरोधाभास मिलेगा। फिर भी बुद्धि इससे कम में तो संतुष्ट होती ही नहीं। परमात्म पर विचार इसलिए नहीं किया जा सकता क्योंकि विचारने का अर्थ है विरोधास्पद होना। किन्तु साथ ही साथ यह केवल मात्र अज्ञेय अथवा अगम्य भी नहीं है। हमारे अनुभव के कुछ ऐसे रूप हैं जो हमें यह अनुभूति प्रदान करते हैं कि परमात्मा किस प्रकार का होगा चाहे तुम परमात्मवान जीवन को अपने सम्पूर्ण विस्तार में स्वयं निर्मित नहीं कर सकते।

ब्रैडले को अपना प्रथम सूत्र तात्कालिक अनुभव में प्राप्त होता है। यद्यपि यह अनुभव अस्थायी और सचल है और इसीलिए स्वयं बुद्धि को ही यह तुष्ट नहीं कर सकता तो भी यह उस माध्यम की सीख देता है जिसके कारण हम एकत्व और अनेकत्व का समन्वय रख सकते हैं। हमारे सम्पूर्ण अनुभव का सामान्य विचार जहाँ आकर भावना और बुद्धि और इच्छाशक्ति सभी पुनः एक हो जाती है। इसका एक दूसरा सूत्र स्वयं विचार की प्रक्रिया से ही व्यक्त होता है—बुद्धि को अपने मुक्त प्रयास में संतुष्ट करने के लिए जिस दिशा में विचार गतिमान होता है वही गति इस बात का संकेत देती है कि परमात्म किस प्रकार का है। जब हम सोचने लग जाते हैं तो

---

[1] ए० ई० टेलर हमको बताता है कि ब्रैडले ने उनसे कहा था कि मुझे गंभीरता में अनुभववादी मनोविज्ञान का अध्ययन करना चाहिए। कलेक्टेड एसेज में संगृहीत ब्रैडले की मनोवैज्ञानिक कृतियाँ लाक की ब्रितानी मनोविज्ञान परम्परा का निर्वाह करती हैं। ब्रैडले जिस बात का विरोध करते थे वह थी मनोविज्ञान का भी दर्शन बनाने की सनक। उनकी कृतियों का अनवरत कथन यही था कि वे तत्त्वमीमांसा को मनोविज्ञान में पूर्णतः अलग रखना चाहते थे।

हमें एक ऐसी तरह का सत्य मिलता है जो अकेले विचार द्वारा हमें प्राप्त नही होता। तब हम सयोग ढूढने की कोशिश करते हैं—ऐसे सयोग जो केवल मात्र जोडने वाली अवस्थाओ से भिन्न होते हैं। हम यह देखने की आशा मे रहते है कि अमुक व्यक्ति "अ" को निश्चय ही 'ब' के साथ जाना चाहिए। केवल यही नही कि अ, ब के पास गया विचार हमें सदैव क्रूर सयोजकता के फेरे में छोडकर चले जाते हैं। क्योंकि यदि हमें यह मालूम भी पड जाय कि अ 'ब' के पास इसलिए गया कि 'स' वहाँ था तो भी 'अ' और 'ब' को एक साथ रखकर 'स' को सयोजक करके देखा है। जब तक हम अलग अलग सत्यो के सबन्ध मे खोज करते रहेगे और उन्हे अन्य अवस्थाओ से तथा परस्पर जोडते रहेगें तो हम वह सयोग प्राप्त नही हो सकता—जो इनमें अन्तरग रूप से व्याप्त है और जिसकी खोज हम कर रहे हैं। और न परमात्म के सबध में अभावों दृष्टि से ही हम कुछ ऐसी पूर्णता प्राप्त कर सकेंगे जिसका विचार हम निरन्तर प्रवृत्त करता रहता है। सत्य उस समय तक सतुष्ट नही होता जब तक सम्पूर्ण तत्व हमारे सन्मुख न हो और जो कुछ हमारे पास है उसे हम पूर्ण रूप से जान न लें। और सच तो यह है कि जब तक सगति में सभी चीजें हमारे सम्मुख न हो तब तक उन्हे पूर्ण रूप से समझना हमारे लिए सभव भी नही है। वे सब उपकरण भी ऐसी अवस्था में होने चाहिए कि तब हम उनसे अच्छे या बुरे की उस सबन्ध में कोई कामना न करें।

ब्रेडले का मत है कि विचार का अपने ही द्वारा रचे उपकरणों (खोजे गए सत्यों) के प्रति असन्तोष हमें यह देख लेने में सहायता करता है कि मन के सतुष्ट हो जाने की अवस्था में सत्य का क्या स्वरूप होगा। यह सर्वात्म, परिपूर्ण, और पूर्णत सगत होना चाहिए। यदि मन शक्ति और भावना के दृष्टिकोण से भी देखा जाए तो भी हम परमात्म के सबन्ध मे इसी प्रकार के निष्कर्ष पर पहुँचते हैं। इस प्रकार के परमात्म में हम केवल अपनी नैतिक भावनाओ की पूर्ण तुष्टि कर सकते है। परमात्म से इतर किसी भी विचार में मनुष्य स्वय सिद्धि एव आत्मोत्सर्ग के लक्ष्यो के मध्य पिसता रहता है और अपनी इच्छाओ के विरोधाभास से मुक्त नही हो पाता और उसे सतोष या शक्ति उसी समय मिलती है जब वह पूर्णत अपना विनाश करले।

परमात्म केवल एक होना चाहिए क्योंकि ब्रेडले एकत्व के रूप में ही अनेकत्व सापेक्षिकता को निमन्त्रण देता है। तो भी एकत्व अनेकत्व को अपने में समाहित किए है क्योंकि इस अनेकत्व के अभाव में परमात्म केवल शून्य ही होगा। इसी जगह आकर ब्रेडले की ठोस समष्टितत्वो की धारणा उभर कर सामने आती है। हम वस्तुओ को वर्गीकृत करके देखने के आदी है—घोडो को चौपायो में, चौपायों को जानवरो मे और जानवरो को प्राणियो में आदि आदि। और इस प्रकार यह वर्गीकरण जैसे जैसे अन्तत हम सामान्यता की ओर लगातार लेता चला जाता

है—कम वस वस्तु–सम्ब धी धारणा समात होती जाती है । प्राणी नामक शब्द घोड़ जस शब्द से कम विशिष्ट है तथा प्रमूत हो गया है । इसी तक प्रणाली पर यदि परमात्म के विषय म सोचें तो उसके निर्मायक तत्व भी अत्यन्त निकृष्ट कोटि के हाग अन्तत शून्य म विनष्ट हो जाएँगे ।

इस प्रकार का वर्गीकरण प्रमूत समष्टियो का प्रयोग करता है । विचार इस प्रकार की प्रमूत समष्टियो के निर्माण म अधिक लगा रहता है । इस प्रकार की समष्टियो के बिल्कुल विपरीत ब्रेडले अपनी ठोस समष्टिया क प्रयोग का सुझाव दत हुए कहत हैं कि य वस्तुओ के अमूर्ती–करण नही अपितु उसक विभिन्न नियामक तत्वो का आकलन मात्र है । उनका समुदाय है । यह एक व्यक्ति है, हम इसक स्वभाव से परिचित हो सकते हैं । ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार हम एक व्यक्ति तथा समाज स । एक समाज अपन सदस्यो की सम्पन्न बहुलता को अपन सभी सघर्षों और सहयोगी प्रयत्नो को अपन म समाहित किए रहता है । यह समाज क एक व्यक्ति स अधिक सम्पन्न है अपनी इस बहुलता को एकता म बाधते हैं जस एक जाति बाधती है । किन्तु यह समष्टि एक व्यक्तित्व हो जाता है और जाति नही रहता ।

तो भी ब्रेडल क अनुसार इसकी वयक्तिकता अपूर्ण है । पूर्ण व्यक्ति तो परमात्म ही हो सकता है । जबकि व्यक्ति अथवा समाज कुछ अशो म सदा ही वातावरण और परिस्थितियो क सहारे रहते हैं । इस प्रकार अपूर्ण व्यक्ति सत्ता हो सकता है । एक एसी सत्य और सवव्यापी व्यष्टि जिसम समष्टि का भाव भी समाहित है और यह समष्टि शून्य की समष्टि नही है ।

ब्रेडल यहाँ तक तो स्वीकारन के लिए तयार है कि यह परमात्म अनुभव–सिद्ध है । एक अननुभूत सत्य दोषपूर्ण अमूर्तीकरण पर आधारित होता है जिसका अस्तित्व ही निरथक है जो किसी भी भाति अनुभवसिद्ध नही है वह मेरे लिए अथ हीन है । यहाँ आकर ब्रेडले आदशवादी ज्ञान मीमासा की विशिष्ट तकप्रणाली अपनाते हैं । हम किसी वस्तु के विषय मे उस समय तक नही सोच सकत जब

---

1 अमूत एव ठोस समष्टियो क लिए द्रष्टव्य एन० क स्मिथ द नचर आफ यूनीवसल्स (माइण्ड 1927) । एम० बी० फोस्टर द कोक्रीट यूनीवसल माइण्ड 1931) । एच० बी० एक्टन थ्योरी आफ कोक्रीट यूनीवसल्स (माइण्ड 1936-7) । एव परिसवाद (ज० डब्लू० स्काट जी० इ० मूर एच० विल्डन कार जी० हाउम हिक्स) क्या ठोस समष्टि ही सही प्रकार का समष्टि दशन है ? ((पी० ए० स० 1919) द्रष्टव्य स्वय आदशवादियो की रचनाए बी० बोसाके द प्रिसिपल आफ इण्डवीजुएलिटी एण्ड वेल्यू (1912) ब्रेडले प्रिंसिपल्स आफ लोजिक, हीगल द फिनोमेनोलोजी आफ स्पिरिट (1807) ।

तक कि वसा सोचने की अनुभूति हमम नही और इसीलिए अनुभवहीन काई विचार विचार हो ही नही सकता। ता भी कही भी वे यह नही कहते कि परमात्म का अनुभव किया जा चुका है। क्योंकि इसका अथ यही होता कि उसकी अनुभूति करने वाला व्यक्ति उसस अलग होता। इसलिए वह तो केवल अनुभूति मात्र है।

यहा ब्रेडले का परमात्म एक सवव्यापी एव निरपक्ष अनुभूति है। यह न तो मन है न आत्मा।[1] मन द्वारा अनुभव की गई अवस्था से तो यह निश्चय ही कुछ और है क्योंकि उपयुक्त दोनो प्राक्ल्प उसको सापेक्षिक बना देते हैं। हम पारमात्मिक अनुभूति का एक ऐसा सामान्य रूप बना सकते हैं जिसम सघटनात्मक विशिष्टताए एकीकृत हो जाती हैं। उच्च स्तर पर एव सम्पूण एकत्व की एसी तात्कालिक अनुभूति होनी है जिसम उसकी बहुलता का कोई भी अश छूटता नही। यही विचार, जिस हम बिल्कुल समझ नही पाते, विस्तार म—अनुभूति पाने पर परमात्म का विचार हो जाता है।

तब यह परमात्म अपनी प्रकट बहुलता स किस प्रकार सयुक्त है? परमात्म के विषय म उसके सबधो का जिक्र करना उसके बारे म गलत सोचना है। वास्तव म परमात्म के विषय म अथवा उसकी माया के बारे म जो भी कथन हम कहते हैं निश्चय ही दोषपूण होगा क्योंकि इसके लिए विचार की भाषा का प्रयोग हम करना पडेगा और अमूर्त सत्यो का सहारा लेना पडेगा। किन्तु सभी भिन्नताये, परमात्म की सवव्यापिनी शक्ति म अपने लिए स्वय स्थान ले ही लेंगे।[2]

जब प्रतीतिया स्वत विरोधी हो और परमात्म सम्पूण रूप से स्वत सगत, तो फिर इन दोनो का निभाव कसे सभव है? यही प्रश्न स्वाभाविक तौर पर हम करते है। ब्रेडले ने इस प्रश्न का उत्तर अपने विरोधाभास के विशिष्ट सिद्धान्त के आधार पर दिया है। इसे उन्होने अपनी पुस्तक 'द प्रिंसिपल्स आफ लाजिक' के नकारात्मक विवेक वाले अध्याय म विकसित किया है। सामान्य तौर पर क का विरोधाभास अ—क होगा अर्थात् यह अ—क क का आन्तरिक रूप से विरोधी है।

---

[1] इसके बावजूद भी ब्रेडले अपनी कृति अपिएरेन्स ऐण्ड रिएलिटी का हीगल के इस आवश्यक सदेश के साथ समापन करते हैं आत्मा से परे कोई भी सत्य न तो है और न ही हो सकता है और जो वस्तु जितनी अधिक आत्मिक है उतनी ही अधिक वह सत्य भी है। यह रूढ आदशवाद ही है—लेकिन ब्रेडले ने 'अपियरेन्स एण्ड रियेलिटी' म इसे ऐसा ही स्वीकार नही किया है।

[2] सदभ, आर० एफ० ए० हानले प्रेग्मेटिज्म वसज एब्सोल्यूटिज्म (1) (माइण्ड 1905) एव जी० डाउस हिक्स 'एफ० एच० ब्रेडले द्वारा प्रणीत प्रकृति पर विचार (माइण्ड 1925, पुनर्मुद्रित क्रिटीकल रिएलिज्म' 1938)।

इस प्रकार कोई परमात्म, चाहे वह कितना ही व्यापक क्यों न हो इन दोनों विरोधी तत्वों को एक साथ अपने में समाहित कर सकता है। किन्तु ब्रेडले के मतानुसार अ-क का अर्थ क में विरोधी न होकर क से भिन्न अथवा कोई अन्य स्थिति का होना ही माना जाना चाहिए जो घूम फिर कर एक दूसरी सकारात्मक अवस्था ख को हमारे सामने प्रस्तुत करता है।[1] इस प्रकार हमारा यह कहना कि अ लाल नहीं है इस बात की ही स्वीकृति है कि यह कोई दूसरा रंग है जैसे हरा आदि।

निस्सन्देह यह बात असम्भव है कि एक ही समय में कोई वस्तु लाल भी हो और हरा भी। किन्तु ब्रेडले के अनुसार इस प्रकार क्षणों और अवस्थाओं की बात करना विज्ञान की कल्पना का ही प्रयोग करना हुआ। यदि हम विभिन्न प्रणालियों के विषय में जैसा हमें सोचना चाहिए वैसा अलग अलग ढंग से सोचें तो इस बात को देखने में कोई मुश्किल नहीं है कि लाल और हरा एक ही वस्तु में एक साथ कैसे रखा जा सकता है – यदि किसी एक व्यवस्था द्वारा उन्हें विरोध में खड़ा कर दिया गया है तो एक उससे भी बड़ी व्यवस्था में यह भेद मिट जाना चाहिए और दोनों को एक साथ ही संगति से अपने में समाहित कर लेना चाहिए। निश्चय ही इतने पर भी हमारे लिए यह समझना कि हमारे दैनिक जीवन के सभी विरोधाभास कैसे दूर हो जायेंगे काफी मुश्किल है। किन्तु ब्रेडले के अनुसार हमें यह जानने की आवश्यकता भी नहीं है। हमारे लिए तो यही जान लेना पर्याप्त है कि विरोधाभासों का दूर किया जाना सम्भव है और परमात्मा ही इनको पार कर सकता है। एक प्रसिद्ध सूत्र इस संबंध में द्रष्टव्य है जो सम्भव है और होगा वह है भी।”

इस अर्थ में सभी प्रतीतियां ब्रेडले के परमात्म द्वारा पार कर ली जाती हैं सत्य शिव और सुन्दर यह आदर्शवादी मूल्यों की त्रिविधा अपने किसी भी परिचित रूप में वहां विद्यमान नहीं रहती। बुरा भद्दा और झूठा ये भी इसी क्रम के रूप हैं और परमात्म में इनकी भी विद्यमानता रहती ही है। लेकिन ब्रेडले यहां यह बात कतई नहीं मानते हैं कि परमात्म के इस पारकरण में गुणों का यह मौलिक भेद मिट जाता है। कुछ प्रतीतियां अन्यों की अपेक्षा परमात्म के अधिक करीब हैं ये प्रतीतियां सर्वाधिक सत्य और सर्वाधिक मूल्यवान हैं। इन प्रतीतियों में से प्रत्येक के विषय में हमें यह-प्रश्न पूछना चाहिए कि कितने और संयोग से यह परमात्म में

---

[1] तकनीकी भाषा में ब्रेडले विरोधास्पद और विसंगत में कोई भेद नहीं मानते। (द्रष्टव्य एपियरेन्स एण्ड रिएलिटी का परिशिष्ट नोट—1।) प्लेटो ने सोफिस्ट नामक ग्रन्थ में जिस तरह विचार किया है ब्रेडले के संबंध में भी यही कहा जाता है कि उन्होंने भी लगभग वैसा ही किया है। किन्तु ब्रेडले पर तात्कालिक प्रभाव हीगल का ही था। द्रष्टव्य द लाजिक आफ हीगल' (अनुवाद वलेस) अध्याय 7।

विलीन हो जाएगा। जितने कम संयोग की अपेक्षा होगी उस प्रतीति की उतनी ही अधिक महत्ता होगी। और इस सत्य का परीक्षण प्रतीतियों में निहित संगति और व्यापकत्व-भाव से ही होगा।

जिसे हम भूल कहते हैं,[1] उसे गंभीर रूप से समंजित किया जाना आवश्यक है। वे इस बात का पूर्व खण्डन करते हैं कि भूल में कोई सत्य नहीं है। हमारी अन्य धारणाओं की अपेक्षा केवल ये अधिक भ्रामक होती हैं। अन्य सभी धारणाएं भी किसी न किसी तरह दोषपूर्ण होती हैं। क्योंकि वे किसी ऐसी अकेली अवस्था की ओर इंगित करने में असफल हो जाती हैं जो ही एक मात्र सत्य है। यह कहते हैं कि पुस्तक लाल है और हम ऐसा कह कर उसके विषय में सन्तोष भी प्राप्त कर लेते हैं किन्तु वर्तमान परिस्थितियों में पुस्तक देखने में उसका जो रूप हमारे सामने आता है उसी के आधार पर दुर्भाग्यवश हम यह समझ लेते हैं कि पुस्तक पूर्णत: लाल है। किन्तु यह गलत है क्योंकि जो सम्पूर्ण अवस्थाएं उस पुस्तक के लाल रंग को देखने के लिए हमारे पास होनी चाहिए पुस्तक की प्रस्तुत अनुमति के कारण वे हमारे पास पूर्ण रूप में नहीं हैं। इसलिए हमारी यह धारणा कि पुस्तक लाल है—हमारे उस झूठे बोध पर ही आधारित लगती है जिसके अपूर्ण होने पर भी हम उसे पूर्ण मान हुए रहते हैं।[2] इस प्रकार का अपूर्ण बोध इतना मूल्यवान तो होता है कि यह पुस्तक सम्बन्धी हमारे अन्य बोधों से किसी न किसी रूप से जुड़ा है। यदि यह गलत भी हो तो भी इसके कुछ न कुछ सत्य तो है ही क्योंकि इस वस्तु में नहीं तो किसी अन्य वस्तु के विषय में यह कुछ बताता है। सिर्फ वर्तमान सन्दर्भ में इसका गलत होने का अर्थ यही है कि प्रस्तुत वस्तु में सम्बन्धित सत्य से इसका कम से कम संयोग हो सका है।

दोनों ही अवस्थाओं में किताब लाल है वाली धारणा ब्रेडले के अनुसार दुर्बलतम धारणा है क्योंकि इसका व्यापकत्व से जरा सा भी सम्बन्ध नहीं है। दृश्यमान तथ्यों के सम्बन्ध में भी यही बात सही है जिनमें सत्य खोज लेने की आशाएं करते हैं। इन्द्रिय संवेदना द्वारा परीक्षित अनुभूतियां निम्न कोटि के सत्य होती हैं। इसके विपरीत ब्रेडले के मतानुसार ईश्वर में सत्य की उच्चतर अवस्था है, क्योंकि इसकी पूजा एक व्यापक सत्ता के रूप में की जाती है और इसका स्पष्टीकरण एक व्यापक भाव के रूप में ही दिया जाता है।

---

[1] जी० एफ० स्टाउट ब्रेडले आन ट्रूथ एण्ड फाल्सिटी (माइण्ड 1928) 1930 में पुनर्मुद्रित स्टडीज इन फिलोसोफी एण्ड साइकोलोजी। सी० डी० ब्राड मिस्टर ब्रेडले आन ट्रूथ एण्ड रीएलिटी (माइण्ड 1914)

द्रष्टव्य प्रिंसिपल्स आफ लोजिक में से दूसरा टर्मिनल एस्से। जी० एस० स्टाउट मिस्टर ब्रेडलेज थ्योरी आफ जजमेण्ट (पी० ए० आर० 1903—स्टडीज में पुनर्मुद्रित)

केवल यही ब्रेडल का भौतिकवादियो का अतिम जवाब है। भौतिकवादियो के तथ्य ही न कवल सत्य स शून्य होते हैं अपितु प्रतीतियो के रूप म उनकी सत्यता की अवस्था निम्न कोटि की होती है। इसी प्रकार के सिद्धान्त क प्रतिपादनाथ ब्रेडले न 'एपीयरेंस एण्ड रीएलिटी' क परिशिष्ट म लिखा है कि जो हमारी दृष्टि म सर्वोच्च है वही समष्टि के लिए सर्वाधिक सत्य है और उसकी सत्यता के अपदस्थ होने का कोई प्रश्न ही नहा उठता दूसरी ओर सामान्य भौतिकवाद म थ तत वस्तु के बारे मे हम जो कुछ जानते है उसक सत्य की अवस्था न्यून होती जाती है क्योंकि अनुभव स उसका सम्बन्ध टूट जाता है और अन्तत प्राप्त की गई अवस्था मूलत अपनी पूर्वावस्थाओ स ही जुडी होती है और उसी का परिणाम होती है। इस अवस्था तक तो ब्रेडले ने विश्वास के साथ लिखा किन्तु प्रत्यक प्रकार की प्रतीति के विश्लेषण की बात उसन तत्ववादियो पर छोड दी।

कोई भी आदशवादी ब्रेडले क इस निष्कष म सहमत न हो सका कि आत्मा यद्यपि पूर्ण सत्य नही है तो भी कम स कम प्रकृति से तो वह अधिक सत्य ही है। आत्मा और प्रकृति तथ्य और मूल्य और यन्त्रीकृत विश्व सम्बन्धी दृष्टिकोण और आदशवाद के प्रस्तुत द्वत तथा सघष को समाप्त करन म ब्रेडल का प्रमुख हाथ था। लेकिन बहुत स आलोचको की दृष्टि म एसा करके ब्रेडल ने धम और नतिकता का तो ध्वस ही कर डाला।

अध्याय 4

व्यक्तित्व एवं परमात्म

ब्रैडले की पुस्तक 'एपीयरेंस एण्ड रीएलिटी' के प्रकाशन से 6 वर्ष पूर्व एण्ड्रू सेथ की[1] पुस्तक 'हीगेलियनिज्म एण्ड पर्सनलिटी' (1887) प्रकाशित हो चुकी थी। उससे 4 वर्ष पूर्व सेथ की जिम्मेदारी तथा सहयोग में नवहीगलवादी निबंधों का संग्रह 'ऐसेज इन फिलोसोफीकल क्रिटिसिज्म' भी प्रकाशित हो चुका था। इस संग्रह में स्वयं उनका एक निबंध था जिस पर हीगल का प्रभाव था। तो भी उपर्युक्त पुस्तक 'हीगेलियनिज्म एण्ड पर्सनलिटी' हीगलवाद की समूची वृत्तियों के प्रतिरोध में एक आवाज है और इसमें हीगलवाद द्वारा प्रतिपादित चेतना के एक मात्र साध्य के सिद्धान्त का तो डटकर विरोध है—यही प्रतिरोध आगे जाकर ब्रैडले की व्यक्तित्व मूलक आदर्शवादी समालोचना का आधार बना।

कुछ अंशों में सेथ स्काट परम्परा का कायापलट करते हुए लगते हैं। इसका सूत्र हम उनकी पुस्तक 'स्कोटिश फिलोसोफी: ए कम्पेरीजन आफ द स्कोटिश एण्ड जर्मन आन्सर्स टू ह्यूम' (1885) में आसानी से खोज सकते हैं। यहां आकर वे यह मानने लग जाते हैं कि दर्शन को किसी न किसी भांति ईश्वरविषयक हमारी आस्था को औचित्य देना ही होगा चाहे वह आत्मा परमात्म से तादात्म्य के जरिए हो अथवा हमारी चेतना से परे अलग खड़े हुए बाह्य वस्तुगत अथवा जागतिक सत्ता के जरिए ही क्यों न हो। लेकिन सेथ लोज को भी दृष्टि में रखने की आवश्यकता स्वीकार करते हुए कहते हैं कि उनका दर्शन तो स्काट विचारधारा के काफी अनुकूल पड़ता है। ब्रैडले ने लिखा था कि एक मननक पाठक के लिए भी लोज की इस मान्यता का पता लगा लेना कठिन है कि उनके लिए एकात्म सदैव ही संघटनात्मक विशेषणों में कुछ अधिक

---

[1] कौटुम्बिक कारणों से उन्होंने बाद में अपना नाम बदलकर प्रिंगल पैटीसन रख लिया था। द्रष्टव्य जी० एफ० बारबर की उनके मरणोपरान्त प्रकाशित पुस्तक 'बालफोर लेक्चर्स आन रीएलिज्म' (1933) एवं जे० बी० बनी एवं जे बी० बपर के निबंध (पी० बी० ए० 1931), एच० एफ० हैलेट की श्रद्धांजलि (माइण्ड 1934), एवं ई० एम० मैरिंगटन की ए० जे० पी० 1931 में प्रकाशित स्मरणांजलि। वे ए० केम्पबलर फ्रेजर के विद्यार्थी थे और लाक तथा बर्कले की कृतियों के सम्पादक थे और इनके द्वारा लिखित पुस्तक 'वेराइटी आफ थीज्म' वैयक्तिक आदर्शवाद पर काफी प्रकाश डालती है। इस पर हुए सुवाद के लिए द्रष्टव्य सेथ द्वारा 1919 में माइण्ड में प्रकाशित निबंध 'द आइडिया आफ गोड' जिसमें उन्होंने कुछ आलोचनाओं का जवाब दिया है।

अपना अधिक ध्यान केंद्रित रखा है। कट्टर आध्यात्मवादी उनकी इस बात में सहमत न हो सके कि ईश्वर मात्र एक अपूर्ण सत्ता है।

यदि उसे मनुष्य से अलग कर दिया जाय तो तब आदर्शवादियों को यह शिकायत थी कि सेथ ने प्रकृति को पर्याप्त स्वतन्त्रता नहीं दी है। मनस्तत्ववादियों का मत था कि उन्होंने प्रकृति और मन में बहुत भेद रक्खा है। लेकिन सचाई तो यह है कि सेथ की विचारधारा सामान्य मस्तिष्क वाले बुद्धिजीवियों के लिए काफी आकर्षक रही और उनके द्वारा अपेक्षित इस स्थिति की कि दर्शन को प्रकृतिवाद तथा परमात्मवाद के बीच में कोई माध्यम खोज निकालना चाहिए—सेथ की यह विचारधारा काफी अंशों में पूरा करती है। इसमें धर्म और विज्ञान का भी सन्तुलन है तथा व्यक्तित्व के अधिकारों तथा समुदाय की माँग के लिए भी पर्याप्त जगह है। मैज[1] के शब्दों में—इस प्रकार एक साधारण आदर्शवाद का प्रादुर्भाव हो गया था और इसका प्रवर्तन प्रान्तीय एवं उपनिवेशी विश्वविद्यालयों में काफी हुआ। इसके अनुयायियों में से कुछ तो सांस्कृतिक परम्परा के व्यक्ति थे जिनकी व्यापक रुचियों ने सेथ के मठवाद में ही सन्तोष पाया था लेकिन कुछ का मत था कि इस प्रकार का विभाजन निश्चय ही ठस दिमाग की ही उपज हो सकता है—। दर्शन इस प्रकार के लोगों के हाथों में पड़कर गम्भीर चिंतन मनन से हट कर विविध प्रकार की सजावट का माध्यम बन गया था।

हीगलियनिज्म एण्ड पर्सनालिटी नामक पुस्तक में प्रतिपादित अपने व्यक्तिवाद में यदि सेथ थोड़ा मुकर गये हों तो इसका कारण यही था कि आदर्शवाद की एक नई प्रजाति प्रवर्तन में आ चुकी थी इस आदर्शवाद ने व्यक्ति को उस सीमा तक स्वतन्त्र माना जिसके सेथ भी कभी प्रतिवादी रहा करते थे। और व्यक्ति यहाँ आकर इतना स्वतन्त्र हो गया था कि ईश्वर और प्रकृति की सत्ताओं को यह एक चुनौती थी। यह प्रवृत्ति अमरीकी आदर्शवादी विचारक जी एच होवीसन में देखी जा सकती है।[2]

होवीसन ने अपने दार्शनिक जीवन का समारम्भ सेन्ट लुईस फिलासोफीकल सोसाइटी के अग्रणी सदस्य होकर किया और यह भी सेथ की भाँति समझौतावादी

---

[1] अपनी श्रेष्ठ कृति **ए हण्ड्रेड ईयर्स आफ ब्रिटिश फिलोसोफी** (1935 अंग्रेजी में अनूदित 1935) में मैज ने इस प्रकार का मन्तव्य व्यक्त किया है। उनका मैं काफी आभार मानता हूँ।

[2] विशेषत द्रष्टव्य **द लिमिटस आफ इवोल्यूशन** (1901) 1905 के इसके द्वितीय संस्करण में आलोचकों का जवाब दिया है। मेकरेगट का माइण्ड के 1902 में प्रकाशित रिव्यू, 1934 में प्रकाशित जेडब्लू० बूखम एवं जी एम स्ट्रेटन की पुस्तक **जोज होम्स होवीसन फिलोसोफर एण्ड टीचर** इत्यादि।

छोड़कर नहीं। वे व्यक्तित्व के लिए हीगल के विरुद्ध हो गए। उनके अनुसार परमात्मवाद पौर्वात्य सिद्धान्त है और पाश्चात्य आदमी में जमा हुई वैयक्तिक सूझ बूझ के प्रति एक जन्मजात आग्रह है। उनमें दायित्व एवं पैठ के लिए भी एक आग्रह है। उसके इस आग्रह को कोई भी एकतत्ववादी दर्शन संतुष्ट नहीं कर पा रहा था चाहे वह एक-तत्ववाद प्रकृतिवादी हो अथवा आदर्शवादी—ही क्यों न हो।[1] अनेकतावादी आदर्शवाद जिसके अनुसार सत्य परस्पर जुड़े हुए मनों का तथा उनसे संयुक्त ईश्वर का एक ऐसा अनन्त गणराज्य है जिसका बिना वैयक्तिकता का समापन किए ही प्रकृतिवाद के विरुद्ध प्रयोग किया जा सकता है। वह यह बात स्वीकार नहीं करना चाहते हैं कि मनस्तत्व ईश्वर में ही निःसृत है। होवीसन ने लिखा कि कोई दैवी निमित्त भी अपने से भिन्न एक स्वतः कर्मशील बुद्धि को किसी भी उत्पादक कर्म द्वारा प्रकट नहीं कर सकता। प्रत्येक मन आत्माओं के समाज में अनन्त रूप से अस्तित्वमान रहता है और ईश्वर केवल मात्र वहां बराबरी का दर्जा पाने वालों में सबसे अग्रज है। हां यह एक ऐसा अग्रज है जिनका अन्य सभी आत्माएं निरन्तर संदर्भ प्राप्त करती रहती हैं।

इसलिए हेनरी स्टर्ट के द्वारा सम्पादित एक पुस्तक के शीर्षक के रूप में 1902 में पर्सनल आइडियलिज्म प्रकाशित हुआ तो होवीसन को क्रोध हो आया। इसमें बहुत से नए युवक विचारकों ने अपने आपको ब्रैडले की सम्पूर्ण आदर्शवादी परम्परा का अनुयायी माना है। स्पष्टतः ही होवीसन को अपना कापी राइट खतरे में पड़ता हुआ लगा और होवीसन के मतानुसार जो इससे भी अधिक खराब बात थी वह यह थी कि इनमें से बहुत से लेखक तो व्यक्तिमूलक आदर्शवादी भी नहीं

---

[1] यहां प्रस्तुत व्यक्तित्वमूलक आदर्शवाद बड़े ही स्पष्ट तौर पर एक प्रजातान्त्रिक दर्शन की मांग को पूरा करता है। इसी योजना को उत्कर्ष तक ले जाने वालों में होवीसन के शिष्य एच० ए० स्ट्रीट का नाम लिया जा सकता है। उनका 1913 ई० में हिबर्ट जर्नल में प्रकाशित यह निबन्ध दर्शनीय है डेमोक्रेटिक कन्सेप्शन आफ गॉड जिसमें इस बात पर अभियोग लगाया गया है कि प्रजातान्त्रिक समाज में किसी ऐसी सत्ता को जो सर्वोच्च हो—तथा सभी दृष्टियों से पूर्ण हो—और बहुलता से पहले उससे संघर्षहीन प्रयोजनत्व के बीच भेद कायम रखना सरासर गलत है। इस प्रकार की यह अमरीकी दृष्टि एक यूरोपीय को विचित्र सी ही लगती है। कदाचित इसका कारण यह हो कि यह अपने विषय वस्तु की भिन्नता की परवाह नहीं करती। होवीसन की इस बात की सहमति दी जा सकती है कि भारतीय दार्शनिक पूर्ण आदर्शवाद या परमात्मवाद की ओर उन्मुख थे और उन्हीं के कारण कदाचित ब्रैडले का नाम ऐसे समय में भी जीवित है जिसमें पश्चिमी जगत में उनका कोई अनुयायी शेष नहीं है। द्रष्टव्य द फिलोसोफी ऑफ एस० राधाकृष्णन्, लाइब्रेरी आफ द लिविंग फिलोसोफर्स वाला संस्करण (सम्पादन पी० ए० शिल्प 1952)

थ। वे तो विलियम जेम्स के अनुयायी थ जिसके विरुद्ध होवीसन न अपनी वक्त य शक्ति का पूरा उपयोग किया था।[1]

हेस्टिग्स रेशडल अपन निबन्ध **पसनलिटी, ह्यूमन एण्ड डिवाइन** म हावीसन के निकटतम पहुचे है। उन्हान लिखा है कि परमात्म, ईश्वर और आत्म दोनो को समाहित किये है अपने द्वारा जानन एव अनुभव करन की सभी अवस्थाओ क साथ। लकिन होवीसन की तरह रेशडल आत्माओ का अनन्तता की स्वीकृति नही दत। प्रत्यक आत्मा ईश्वर द्वारा निर्मित है। किन्तु कट्टरपन्थिया क लिए दी गई इस छूट का सतुलन इस धारणा स होता है कि ईश्वर अपनी सृष्टि क उपकरणा स ही सीमित और उनसे ही प्रनिबद्ध है।[2]

अब तक यह बात काफी स्पष्ट हो गई है स्वतन्त्र आत्माओ क समुदाय क रूप मे सत्य का विचार सरलता स ईश्वर के विचार स मल नही खाता। सथ को यह बताने म कोई कठिनाई नही हुई कि हावीसन ईश्वर को प्रारम्भिक अन्त निया शील स्थिति के रूप म सीमित नही कर सक। रेशडल और होवीसन फिर भी न्यायपूर्ण ढग स सेथ को यह उत्तर दे सकते है कि उनक स्वय द्वारा निर्मित ईश्वर और एकात्म सत्ताओ के बीच का सम्बन्ध कट्टर अध्यात्म एव प्रगतिशील आदश वादियो के बीच एक अकुलाहट भरा सयोग मात्र ही है। इसका उद्घाटन बाद म जे० ई० मकटेगट न किया। ईश्वर का पलायन होना चाहिए क्योकि सत्य तो सीमित आत्माओ क समुदाय की समवायी सत्ता ही है।

मकटेगट का व्यक्तित्व मूलक आदशवाद सेथ हावीसन व रेशडल की ढीली ढाली विचार प्रणालियो स सवथा भिन्न है। उन्ह अपनी योग्यता के कारण व्यक्तित्व मूलक आदशवाद का ब्रेडले कहा जा सकता है। ब्रेडले की ही भाति न कि होवीसन एव सथ की तरह उनको आदशवाद के समसामयिक विरोधियो द्वारा

---

[1] स्टट क लिए देख सी०ज० कव (माइण्ड 1947)। एफ सी एस शिलर पर लिखा हुआ अध्याय ८ दख। दूसरे निबन्धकारो म जी० एफ० स्टाउट है। उन पर अध्याय 13 को दखा जा सकता है। डब्लू आर बाइस गिब्सन योरोपीय दशन क अनुवादक एव टिप्पणीकार क रूप म प्रसिद्ध हैं। (देखें डब्लू ए मैरीलीन ए ज पी 1930) एव नतिक सिद्धान्तवादी हस्टिग्स रेशडल (देखें मथियसन द्वारा लिखित द लाइफ आफ एच० रेशडल (1928)

[2] इसी प्रमय के लोकप्रिय प्रस्तुतीकरण के लिए देख एच जी वेल्स कृत ब्रिटलिंग सीज इट थ्रो (1961) गाड द इनविजिबल किग (1917, एव स्पष्टो सिज्म आफ द इस्ट्रूमेन्ट (1904)

कटु आलोचना की गई है।[1]

किन्तु जहां ब्रैडले द्वारा तत्ववाद का कार्य यह माना गया है कि जिस बात पर हम सहज रूप में विश्वास कर लेते हैं उन विश्वासों की व्यवस्था की गलतियां निकाली जाय वहीं मैकटेगर्ट सहज रूप में कुछ विश्वास करने में बहुत कुछ सचाई देखते हैं। हम हमारे सहजात विश्वासों के लायक ही नहीं यदि हम उन्हें दार्शनिक विचारधारा में पुष्ट नहीं कर सकें। कोई भी ऐसा आदमी धार्मिक भाव रखने का अधिकारी नहीं है जब तक उसने उनका दार्शनिक अध्ययन न कर लिया हो। यह बात मैकटेगर्ट ने अपनी पुस्तक सम डॉग्माज ऑफ रिलिजन (1906) में लिखी है।

इस पुस्तक का उद्देश्य मूलतः नकारात्मक है। यहां मैकटेगर्ट ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि लोकप्रिय अध्यात्म-दार्शनिक आलोचना के समक्ष खड़ा नहीं रह सकता।[2] अपनी दूसरी रचनाओं में वे एक ऐसे तत्ववाद की खोज में हैं जो धार्मिक भाव की पुष्टि कर सके और वे धार्मिक भाव की परिभाषा एक ऐसे विश्वास से देते हैं जो हमारे और वस्तुजगत के बीच कोई संगति बैठा सके। यह संगति होने के लिए निम्नलिखित शर्तें पूरी होना जरूरी हैं। पहली कि यह ब्रह्माण्ड आत्माओं से निर्मित है, दूसरी कि आत्मा अमर है। तीसरी यह कि आत्मा प्रेममय है अथवा अपने प्रमुख तत्वों में वह यथार्थ उपकरणों को लिए है। चौथे, यह ब्रह्माण्ड शिवमय है और निरन्तर पूर्ण शिवत्व की ओर अग्रसर हो रहा है।

---

[1] सन्दर्भ 1935 से 38 में प्रकाशित सी० डी० ब्राड कृत ऐग्ज़ामिनेशन ऑफ मैकटेगर्ट्स फिलोसाफी (दोनों खंड)। किसी भी समसामयिक दार्शनिक पर इतनी टिप्पणियां नहीं लिखी गईं। जब केम्ब्रिज के विचारक तत्ववादी युक्तियों का विश्लेषण करते हैं तो उनमें मैकटेगर्ट का उद्धरण देने की विशेष वृत्ति रहती है—जिसमें उन्होंने इस बात से इन्कार किया है कि समय सत्य है। द्रष्टव्य डिकिन्सन कृत जे० ई० मैकटेगर्ट 1931। एस० वी० कीलिंग मैकटेगर्ट दर्शन के स्मृति ग्रन्थ। सी० डी० ब्राड के स्मरणार्थ (पी बी ए 1927। पुनर्मुद्रित संशोधन सहित 1930)। जी० ई० मूर की श्रद्धांजलि (माइण्ड 1928)। मैकटेगर्ट द्वारा अपने ही दर्शन का सारांश एन आण्टोलोजीकल आइडियलिज्म (सी० बी० पी०)

[2] मैकटेगर्ट सामान्यतः व्यक्तित्वमूलक आदर्शवादियों के विपरीत क्रिश्चियन धर्म के प्रबल आलोचक हैं। वे इसे नीतिशास्त्र अथवा अध्ययन मात्र ही मानते हैं। अपने एक पत्र में उन्होंने लिखा है—इन सब से परे कोई क्रिश्चियन है तो उसे ईसा मसीह की पूजा करनी पड़ेगी। और मैं ईसा मसीह को बहुत ज्यादा पसन्द नहीं करता। क्या तुम किसी ऐसे आदमी या औरत को दरअसल पसन्द करोगे जो ईसा मसीह की नकल करते हों? द्रष्टव्य एच० रेशडेल मैकटागर्ट्स डोग्माज ऑफ रिलीजन (माइण्ड 1906)

पहले पहल तो उन्होंने यह सोचा कि वे अपनी इन शर्तों की पूर्ति हीगल की द्वन्द्वात्मकता के जरिए कर सकते हैं। अधिकांश ब्रितानी दार्शनिकों ने इस द्वन्द्वात्मकता को न्यूटानियों की भांति रहस्यलोक में विचरण करने की प्रवृत्ति कह कर उसे अस्वीकार कर दिया था। मेक्टगट ने लिखा कि इसके बावजूद भी इन सभी ने हीगल के निष्कर्षों को तो स्वीकार किया है किन्तु उनके द्वारा दिये गये प्रमाणों को व्यर्थ का कह कर अस्वीकार किया है। 1896 में लिखी अपनी पुस्तक **स्टडीज इन द हीगेलियन डाइलेक्टिक** में तथा 1910 में लिखी **ए कमेण्ट्री ऑन हीगल्स लोजिक** में उन्होंने हीगल की भांति विचार करने का निश्छल प्रयास भी किया है किन्तु इसके बावजूद भी यह स्पष्ट हो जाता है कि हीगेल को भी उन्हें अपने द्वारा निर्धारित निष्कर्षों के समनाथ ही पड़ा है। कोई भी इस बात से सहमत नहीं हुआ है कि जिस हीगल का वर्णन वह करते हैं वह कहीं भी उनकी कल्पना से बाहर का कोई हीगल है। 1910 में लिखी उनकी पुस्तक **स्टडीज इन द हीगेलियन कोस्मोलोजी** निश्चय ही उनके हीगल–विषय के अध्ययन की भ्रम–पूर्ण सूचना देती है। यह तो उनके सामने ही प्रस्तुत नैतिक और धार्मिक प्रश्नों के समाधान के लिए लिखी गई एक विचारपूर्ण पुस्तक है। उन्होंने यह भी स्वीकारा है कि हीगल ने प्रश्नों को न्यूनतम रूप में छुआ है। मेक्टगट की प्रकट मुश्किल यह थी कि हीगल ने अमरत्व के प्रति एक बहुत ही आकस्मिक दृष्टि रखी थी। फिर भी उनकी मान्यता है कि जो विचार उन्होंने अपने हीगल संबंधी अध्ययनों में व्यक्त किए हैं जिनमें अधिकतर लाज और ब्रैडले की आलोचना ही है अपने स्वभाव में हीगलवादी ही हैं चाहे वे हीगल की मूल विचार शृंखला से कितने ही कठिनाई से क्यों न जुड़े।

ये ही कुछ ऐसे वर्ष थे जिनमें हीगलवादी दर्शन पर करारी चोटें की जा रही थीं। विशेष तौर पर मेक्टेगट के केम्ब्रिज सहयोगियों द्वारा। बर्टेण्ड रसल जो हीगलवाद के प्रबल विरोधी हो गए थे और जी० ई० मूर जो स्वयं हीगल दर्शन में अधिक रुचि नहीं रखते थे इन दोनों ने मक्टेगेट द्वारा प्रतिपादित नव हीगलवादी विचारधारा का अध्ययन करना प्रारंभ किया था[1]। मेक्टेगट अभी भी यह बात मानते थे कि हीगलवादी द्वन्द्वात्मकता सर्वोच्च अवस्था है, लेकिन जैसे जैसे वह अपनी श्रेष्ठतम कृति **द नेचर आफ एक्जिस्टेन्स** (2 अंक 1921 27) लिख रहे थे वे निश्चय ही हीगल प्रणाली से विपरीत जा रहे थे।

द नेचर आफ एक्जिस्टेन्स दर्शन के इतिहास में बहुत सावधानी से तैयार की गई रचनाओं में से एक मानी जानी चाहिए। आंग्ल विचारधारा की दृष्टि में तो यह अद्वितीय है। इसलिए नहीं कि फरियर ने भी यही प्रणाली अपनायी थी– बल्कि

---

[1] द्रष्टव्य 1936 में प्रकाशित मकडोनाल्ड की पुस्तक **रसेल एण्ड मेक्टेगट**, जी० ई० मूर कृत **मिस्टर मेक्टेगट्स स्टडीज इन हीगेलियन कोस्मोलोजी** (पी०ए०एस० 1901) एवं 1903 में प्रकाशित **मिस्टर मेक्टेगट्स एथिक्स** (ऐथिक्स 1930)

इसलिए कि एक निगमनात्मक तत्त्ववाद तयार करने म जिसम सारे दार्शनिक निष्कर्षपूर्ण निर्धारित कुछ असदिग्ध तर्क वाक्यो पर विकसित होते हैं, इसका कोई मानी नही हैं।

मिल की आगमनात्मक प्रणाली की आलोचना भी ब्रैडले द्वारा इतनी ही प्रबलता से की गई है। ये प्रणालियाँ, प्रारंभ में ही यह मानकर चलती हैं, कि हमारा अनुभव, मूलतः समष्टियों के पारस्परिक संबंधों पर अवलम्बित होता है। इनके संबंध में मिल द्वारा सोची गई यह धारणा कि वे विशुद्ध रूप से 'विशिष्ट' तथ्यों पर आधारित हैं बिलकुल ही भ्रामक है। मिल की तरह ही यह कहना कि हमारे सामने ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं जो केवल एक ही परिस्थिति में भिन्न होती हैं, यह सिद्ध करता है कि इन स्थितियों की बहुत सी सामान्य धातुएँ हैं अर्थात् ये विशुद्ध रूप से विशिष्ट नहीं हैं। और तब ये तथाकथित प्रणालियाँ, उपयुक्त उस एक या अधिक परिस्थितियों को अपने सिद्धांत से बहिष्कृत कर देती हैं और उस कारण को भी अनुपयुक्त मान लेती हैं जिसके लिए खोज करते समय उसका पता हमें लगा है। तब हर समय हम समष्टियों के बारे में ही विचार कर रहे होते हैं और व्यष्टियों से कोई नियमन नहीं करते। इस तरह आगमनात्मक तर्कशास्त्र एक भ्रमजाल है। लाजे की समसामयिकता में ही ब्रैडले ने तर्कशास्त्र लिखा। उस समय तो वे अन्तरिम सत्य और विचार के बीच एक सीमारेखा खींचने के पक्ष में थे और इसको तत्वदर्शन की, और दूसरे को तर्कशास्त्र की विषय वस्तु मानते थे। इस प्रकार उनका तर्कशास्त्र विशेषतः उनके ग्रन्थ प्रिंसिपल्स का प्रथम अंक, उनके स्वयं के परमात्मवादी तत्वदर्शन के प्रभाव से काफी अंशों में मुक्त है। इस ग्रंथ ने ऐसे बहुत से दार्शनिकों का ध्यान भी आकर्षित किया है, जो उनके विशाल ग्रन्थ एपीयरेन्स एण्ड रीएलिटी से परेशान एवं उकता जाते थे। अपनी पुस्तक नॉलेज एण्ड रिएलिटी में बर्नार्ड बोसांके ने हीगलवादी परम्परा का खण्डन करते हुए ब्रैडले को विचार और सत्य का यह भेद कर देने पर काफी बुरा भला कहा है। प्रिंसिपल्स के दूसरे व बाद के संस्करणों में अपनी ही इस धारणा के प्रति कहीं कहीं पछतावा भी प्रकट होता है और वे अनेक बार इस संबंध में सही दृष्टि के लिए बोसांके के लॉजिक पढ़ने का सुझाव भी देते हैं। प्रत्ययवादी तर्कशास्त्र के लिए जो ब्रैडले की विचित्रताओं से मुक्त हो हमें बोसांके का अध्ययन करना ही चाहिए।

1888 में प्रकाशित उनकी पुस्तक लॉजिक का उपशीर्षक है द मोरफोलोजी ऑव नॉलेज। यहीं इसकी विषय वस्तु का संक्षिप्त परिचय मिल जाता है। तर्कशास्त्र, हीगल और लाजे की प्रणाली की ही भाँति एक प्रकार है जिसके जरिए वे अवस्थाएँ व्यक्त की जा सकती हैं जहाँ विचार अपने सरलतम रूप में (जैसे, यह लाल

है कठिनतम जटिल तकवाक्यो की ओर जाता है, और जिनसे सीधा समष्टि भाव व्यक्त होता है। वह समष्टि भाव, जो अपने भागो के साथ एक व्यवस्था स जुडा है।

यह बात उल्लखनीय है कि ब्रेडले के विपरीत बोसाके मिल का सदभ गौरव से देते हैं। यहा बोसाके क द्वारा सभी म अच्छाई दख लने की सामाय वृत्ति से कुछ अधिक महत्व की बात है विशेषकर उनक द्वारा खोजे गए सत्य और प्रशसा तो हैं ही)। ब्रेडल से विपरीत (क्योकि व सभी की बुराइया दखते थ और उनकी ऊपरी गलतिया निकाला करते थे) बोसाके की अपनी नापसदगी भी थी सिफ फक उनम इतना ही था कि वह ब्रेडल की भाति पनी होकर प्रस्तुत नही हुई थी और आकारी तकशास्त्र तो उनकी आलोचना का शिकार हुआ भी नही था। इस देश म तक पद्धति म सुधार स्टुअट मिल की रचनाओ से ही प्रारभ होता है ' यह बोसाके का सामान्य मत था। और मिल अपनी प्रतिभा के कारण ही अरस्तू–परम्परावादियो की विगतिमुखता स सदव ऊपर रह सके चाहे उनके दाशनिक चिंतन म कुछ खामिया अवश्य रह गई हो। मिल के पक्ष म जो बडी बात है वह यह कि तकशास्त्र उनके लिए सव प्रथम जाच पडताल का एक सिद्धात था। लकिन जहा मिल ने तकशास्त्र को सगति का तकशास्त्र कहा है वही आगमनात्मक तकशास्त्र को सत्य का तकशास्त्र भी कहा है। बोसाके के लिए तमाम तकशास्त्र सत्य की ही जाच पडताल करते है। चाहे सत्य तब फिर व्यवस्थित सगति की प्रगति म निहित हो गया हो अथवा समवायित' की। अरस्तू के विगतिमुख अनुयायियो को सगति के ऐसे छोटे बिल मे घुसने न दिया जाना चाहिए जहा जाकर वे बोसाके के क्रोध से छिप सकें।

बोसाके के तकशास्त्र को विस्तार से समझते जाना (1895 म उन्होने **इसेंशियल्स आव लोजिक** की सक्षिप्त टीका निकाली थी, जिसका बार बार मुद्रण भी हुआ) अधिक उपयोगी नही होगा। यह तो प्रत्ययवाद के परिचित तत्वदशन की एक तरह से पुन व्याख्या है और उसका काफी अश लाजे अथवा ब्रेडले के सिद्धातो की व्याख्या मात्र है। किन्तु अध आकारी तौर के कुछ दृष्टिकोण उसम ऐसे हैं जिनके कारण बोसाके एक प्रतिनिधि तकशास्त्री माना जाने लगा था।[1]

इस तरह बोसाके न, सशत कथनात्मक निणयो की सुनिश्चित स्थापना की ओर विशेष बल दिया और ' यदि तो ' के उस आकार का जिसे पीयस ने स्थापित किया और रसेल ने जिसे मूत रूप दिया था, विरोध किया। सशत कथनात्मक स्वीकृति

---

[1] द्रष्टव्य एल जे रसेल कृत द बेसिस ऑव बोसाकेज लोजिक (माइण्ड 1918 और उस पर बासाके का उत्तर (1919)

बोसांके के अनुसार तो अपने आप ही पदों में निहित विरोधाभास है और वैसा ही कथनात्मक अनुमान है। किसी निश्चित अर्थ से विलग इसकी समूची प्रक्रिया केवल अन्धविश्वास मात्र है। वह अपनी धारणा का उद्धरण इस उदाहरण से देते हैं 'यदि एक गधा प्लेटो है, तो वह एक महान दार्शनिक है' यह कोई कथन नहीं हो सकता, क्योंकि यह अपनी अन्तर्निहित एकता को हवा में उछाल कर बिखेर देता है। 'कोई गधा' प्लेटो हो सकता है यह सत्य तो पूर्णतः असंगत है और इसलिए कोई सत्य ही नहीं है। कोई भी वास्तविक प्राकल्प, एक ऐसी स्वीकारोक्ति होगी, जो सत्य की प्रणाली में वास्तविक एवं निश्चित रूप से सही बैठ सकेगी। "यदि हृदय रुक जाता है तो शरीर मृत्यु को प्राप्त होगा' यह इस कथन की आवयविक रचनाप्रणाली के मध्य रहे दो विशेषणों का संबंध व्यक्त करता है एक रुकता हुआ हृदय और मृत्यु को प्राप्त होता हुआ शरीर"। सशर्त कथनों के प्रति रहा बोसांके का दृष्टिकोण, उनके आकारी तर्कशास्त्र के विरोधी होने का प्रमाण है। कोई भी सच्चा दर्शन सिद्ध तर्कशास्त्र स्थायी तार्किक शर्तों से अपना संबंध रखेगा। लोत्ज़े से सहमति रखते हुए वे कहते हैं कि यह निर्णयों की सिद्धि करता है और इसके विभिन्न अंग एक प्रणाली से आवश्यक रूप से जुड़े होते हैं। आकारी तर्कशास्त्र, इसके विपरीत, पदों एवं तर्कवाक्यों का उपयोग करता है और वह भी इस रूप में मानो वे अपने आप में विशिष्ट तत्व हों जिनका कोई भी तर्कशास्त्री अपनी इच्छानुसार प्रयोग कर सकता है। इस प्रकार बोसांके, तर्कपदी की आलोचना इस आधार पर करते हैं कि यह प्रमेयों एवं निष्कर्षों को जोड़ देती है और प्रमुख (मेजर) मध्य (मिडिल) के एवं अल्प पदों (माइनर टर्म्स) का तो बिल्कुल बाहरी तौर से उपयोग करती है।

बोसांके के लिए प्रश्न यह नहीं है, कि किस प्रकार सुकरात मरणशीलता से जुड़ा है लेकिन एक विशेष प्रकार की कथनात्मकता से है, जैसे 'सुकरात की मानवी तरह की मरणशीलता' को भली भांति सत्य का रूप दिया जा सकता है। यह प्रश्न तर्कपदी जिसका बल विशेष की ओर होता है, द्वारा उठाया जाना अथवा तय किया जाना संभव नहीं है।

बोसांके तर्कशास्त्र में विशेष रूप से कुख्यात स्थिति, उनके द्वारा पारस्परिकता (रेसीप्रासिटी) पर दिया गया बल है।[1] यह उनके द्वारा सशर्त कथनों की व्याख्या किए जाते समय बहुत स्पष्ट रूप से प्रकट हुआ है। इस संबंध में निश्चित प्रकार का

---

[1] जर्मन तर्कशास्त्रियों के कुछ अप्रामाणिक समूहों में सशर्त कथनों की विलोमता यदि प फ है अन्य दूसरी असंगतियों की तरह ही बनाए रखी गई है लेकिन सभी अप्रामाणिक मतावलम्बी इसका खण्डन करते हैं और पीयर्स के अनुसार प्रामाणिक तर्कशास्त्र तो इस अवस्था का पूर्ण खण्डन करता है।

सशत कथन इस स्वीकारोक्ति म है कि यदि अ ब है तो अ स है। उनका कहना है कि कोई न कोई एसी प्रणाली है, जिसम अ ब स समान रूप से है, अर्थात् वह तीनो की समवायी स्थिति है और चू कि यह समवायिता व्यवस्थित है इसका यही अथ हुआ कि अ का स होना अ को आवश्यक रूप से ब भी बनाता है। यह निष्कप सीधे इस परम्परागत दृष्टिकोण पर प्रहार करता है कि सशत कथन उलट नही जा सकते। किन्तु ये, स्वभावत ही सत्य समवायिता क सिद्धात एव लौजे की इस धारणा स जुडे हैं, कि प्रत्येक तकवाक्य, एक तादात्म्य को व्यक्त करता है। बोसाके यह स्वीकारते हैं कि "यदि वह डूब गया है तो वह मर गया है प्रकटत कदाचित् उलटा और पारस्परिक भाव सिद्ध नही करे किन्तु वे इस रूप मे भी कहना नही चाहते कि यदि वह मर गया है तो मर गया है।" यद्यपि यहा यह बात उल्लेखनीय है कि व उक्त कथन के इस आशय के प्रति आस्थालु ये हो। उनका विचार है कि वे ऐस कथनो का वभिन्न्य उनके तादात्म्य को स्वीकार करके भी बनाए रख सकते हैं जिसका मतलब यह हुआ कि "यदि वह डूब गया है तो वह पानी म घुटकर मर जायगा।' कवल इसी प्रकार की सतक व्याख्याओ द्वारा ही हम तकशास्त्र की समवाय सबधी माग को औचित्य द सकते हैं। कोई भी तक पेश करना पारस्परिकता ही है क्योंकि ये उद्धरण या य तक जिनका सबध दनिक जीवन से है प्राय असम्बद्ध स्थितियो के बोझ से भारी रहते हैं अथवा सीमित समय म काय कारण भाव मे उलझ जात हैं। अपनी प्रकृति मे सशत कथन, बासाके के अनुसार भी विपययी (रिवर्सिबल) नही है।[1]

इस दृष्टिकोण का बोसाके ने पालन किया। उनका तक सबधी अ तिम ग्रन्थ **इम्प्लीकेशन्स एण्ड लीनियर इन्फरेंस** (1920) था। इसमे इ होने बताया है कि आगमन एव निगमन करने वाले दोनो तरह के तकशास्त्री एक ही तरह की भूल करते हैं। व दोनो समझते हैं कि अनुमान एक रेखीय (लीनियर) हैं। यह एक ऐसी अवस्था है जिसक जरिए एक प्रकार से दूसरे प्रकार के निष्कर्षों तक पहुँचा जा सकता है। जिन बातो मे व मतभेद रखते है उनसे अधिक महत्वपूण उनका एक ही प्रकार की यह भूल करना है। भली भाति समझे तो अनुमान तो निणय पर पहुचने की आवश्यकता महसूस करने मे ही विद्यमान होता है यह दखने मे कि या तो यह **अमुक अमुक** है अथवा कुछ भी नहीं है और ऐसा ज्ञान उसी समय सभव है जब हम यह पहचानें। बोसाके के लिए अनुमान का अथ किसी निणय की परिस्थितियो को देखना है। वह भी इस अथ म नही कि यह अथवा वह निणय इससे प्राप्त हुआ है। किन्तु अधिक सशक्त ढग स वे अपनी इस बात को कहना चाहते हैं कि अनुमान

---

[1] **सदभ काज एण्ड ग्राउण्ड (जे० पी० 1910)**

करने का ग्रथ इस सबध म विश्वस्त होना है कि यदि वह निणय सत्य नही है ता वह सम्पूण विचार प्रणाली जिसका वह ग्र ग है ग्रौर उसके साथ वह सत्य भी जिसकी ग्रोर सकत है, ध्वस्त हा जाएगा। ग्रनुमान के विपय म यह दृष्टिकोण रसल प्रभृति विचारकों की इस धारणा स, कि प्रत्यक प्रकार की जाच पडताल तक की विपय वस्तु है स सवथा भिन्न है। किसी निणय के बारे म माना हुग्रा कोई सत्य चाहे कितना ग्रनौपचारिक ही क्यो न हो एक तार्किक प्रक्रिया हो जाता है, एक एसी प्रणाली जो विचार की स्थापना करती है।

सभी प्रत्ययवादी इस बात पर सहमत नही हैं कि दशनसम्मत तकशास्त्र का निराकारी होना जरूरी है। इस विपय मे रोयस ब्रडल[1] एव बोसाक स ग्रपनी गणित सबधी रुचि के कारण बिल्कुल भिन्न थे। किन्तु इसका यह ग्रथ नही था कि वे प्रत्ययवादी नही थ। उनका तकशास्त्र, प्रत्ययवादी दशन एव एक गणितज्ञ के तक शास्त्र का समन्वित रूप माना जा सकता है। पीयस एव रसल, जो रोयस स काफी प्रभावित थ की रचनाग्रो म यह प्रभाव देखा जा सकता है।[2] ग्र ग्रेजी ग्रनुवाद 1915 एनसाइक्लोपेडिया ग्राव द फिलोसोफीकल साइ सेज मे लाजिक (तकशास्त्र) सबधी सक्षिप्त टिप्पणी म उन्होने 1905 म ग्रमरीकन मैथेमैटिकल सोसाइटी म द रिलेशन ग्राव द प्रिंसिपल्स ग्राव लोजिक टू द फाउण्डेशन ग्राव ज्योमेट्री क सबन्ध म विकसित की हुई ग्रपनी नयी धारणाग्रो का साराश दिया ह ग्रौर वहा व तकशास्त्र को क्रम का विज्ञान' मानते हैं। यह क्रम या तो ग्राकारी पदो क द्वारा वर्णित किया जा सकता हे ग्रथवा विचार की ग्रावश्यकता कहकर उसकी दाशनिक व्याख्या की जा सकती ह। इस पर पहले दृष्टिकोण से विचार करना पीयस ग्रौर रसेल की विचारधारा का ग्रनुसरण करना ह ग्रौर दूसरे ढग से विचार करना ब्रडल ग्रौर बोसाके को समझना है ग्रौर रोयस इस बात पर किसी की पर्वाह नही करते थ कि वे एक साथ दोनो का ग्रपनाते है। इस तरह रोयस सामान्यत एक प्रत्ययवादी ही है।

---

[1] द्रष्टव्य, रोयस के तकशास्त्र सबधी निबध (सम्पादक डी० एम० राबिन्सन 1951) सी० ग्राई० लेविस कृत सर्वे ग्राव सिम्बोलिक लोजिक

[2] वे ए० बी० केम्पे द्वारा लिखे गए निबध द थ्योरी ग्राव मैथेमेटिकल फाम (फिल ट्रास रोयल सोसाइटी 1886) स बहुत प्रभावित थे। ए० बी० केम्पे का ही एक ग्रन्य निबध ग्रान रिलेशन बिटवीन द लोजीकल थ्योरी ग्राव क्लासेज एण्ड द जोमेट्रिकल थ्योरी ग्राव पोइ टस (प्रोसीडिंग्स लदन, मैथेमटिक्ल सोसाइटी 1890)। उन्होने केम्पे के विपय म लिखा ह कि उनका दृष्टिकोण प्राय ग्रनदखा ही रह। केवल पीयस न उसका ध्यान से ग्रध्ययन किया है।

किन्तु युवक अमरीकी तकशास्त्रियो मे से गणितीय तकशास्त्र म रुचि रुगान वाली य प्रथम कडी भी थे।

इस दौरान कुछ ऐसे तकशास्त्री हुए जो इसमे स किसी भी पक्ष के नही थे। ये उपकरणवादी (इन्स्ट्रूमेण्टलिस्टस) थे। इग्लण्ड म अल्फ्रेड सिजविक द्वारा बडे ही अध्यवसायी रूप से तकशास्त्र का एक रुचिहीन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा रहा था। उन्होंने इस भवध म बहुत सी किताबें लिखी जिनमे पहली **फलेसीज ए व्यू आव लोजिक फ्रॉम द प्रेक्टिकल साइड** (1883) थी।

सिजविक के लिए तक दोषयुक्त पदो के निवारण करने का विज्ञान है। तकशास्त्रियो का दोष कहा से शुरू होता है इस बात की खोज और जाच करना चाहिए और यह उनका ही एक ऐसा विषय है जिसकी क्षमा याचना सहित व अध्ययन किया जाना आवश्यक मानते है। सामान्य तार्किक नियम दोषो के निवारण करन के लिए पर्याप्त नही है क्योकि व ऐसे समय प्रस्तुत हो जाने वाली दुविधा की पर्वाह ही नही करते। उदाहरण के लिए सभी मॉडल सुगठित हैं यह एक माडल है इसलिए यह भी सुगठित है। इस तकपदी मे पहल और तीसरे वाक्य म माडल का क्या एक ही अथ है ? सामान्यतया तकशास्त्री यह मानकर चलते हैं कि उनके प्रारंभिक सूत्र या तो किसी प्रकार की दुविधा स रहित तक वाक्य हैं अथवा वसे ही निणय हैं, जबकि वास्तव म वे एस कथनो से प्रारभ करते है जिनकी व्याख्या करते ही दुविधा उत्पन्न हो जाती है अनिश्चितता और हिचक साफ झलकने लगती है।

किसी ऐसे कोई तकशास्त्र को जिसकी न्यूनतम भी उपयोगिता है किसी ऐसे तकशास्त्र का जो केवल खेल नही हो उसे तक वाक्यो मे रहे आकार की दृष्टि स बध सम्बन्ध देखने का प्रयास छोड देना चाहिए। इस तो उस विस्तृत कम से लग जाना चाहिए जिसक जरिए यह पता लग कि वास्तव म किसी एक मामले म लोग क्या कह रहे हैं या उनके विमश का बिन्दु क्या है।

सिजविक के विचार की दिशा एफ० एस० सी० शिलर द्वारा अपनायी और विकसित की गई। एक के बाद एक प्रकाशित पुस्तको की शृखला म और अपन बहुत से निबधो म तो वे आकारी तकशास्त्र का सहार करने पर तुल गए थ। और उन्होंने 1920 म **लोजिक फोर यूज** लिखकर 'स्वेच्छाचारी' विकल्प वोलटरिस्ट आल्टरनटिव) प्रस्तुत भी किया ह। प्रत्ययवादियो की भांति शिलर निणय से प्रारभ करते हैं लेकिन ड्यूई का अनुसरण करत हुए वे ब्रेडले को इस आधार पर नापसन्द करते हैं कि उन्होंने निणय को तकवाक्य जसे श्रेणी मे रखकर उसका मूल्य कम कर दिया ह। दूसरे शब्दो म उन्होंने निणय पर इस प्रकार अपन विचार व्यक्त

किए है, माना यह बिल्कुल निर्वैयक्तिक कोई चीज हो और उसकी सज्ञा का निर्णायक को प्राशाम्रो एव रुचियो से स्वतन्त्र माना ह । निणय" सदव ही निणय करना तो ह ही, यह एक व्यक्तिगत कम ह जो एक विशेष मशा से प्रस्तुत किया जाता है और यही मशा उसकी साथकता सिद्ध करती है । किसी निणय का साथकता जिस सदभ मे वह प्रयुक्त हुआ है, उतनी ही है क्योकि जो बात हम दर असल कहना चाहते हैं वह कभी भी शब्दो अथवा सकेतो द्वारा पूरी तरह से व्यक्त नही हो सकती । इस तरह यदि हम यह कहना हो कि एक वर्गाकार गोल है तो प्राकारी तकशास्त्री इसे अपने प्राप मे विरोधाभास कहकर इसका खण्डन करेंगे । निस्सदह यह उस वक्त विरोधाभास ही होगा जब हम इन शब्दो से एक ज्यामितिक प्राकृति खीचना चाहे-फिर भी जो बात रह जाती है वह यही है कि यदि हम किसी लदन की चौपड का वणन कर रह हैं, तो हम जो कुछ कहत हैं वह सही होगा । किन्तु दूसर सबधो म, हो सकता है यह एक मखौल हो जाय अथवा इस भाषा का कथन हो जाय कि किसी ने बुरी तरह स यह वग खीचा है । हम क्या कह रहे है उसके प्रति निश्चित धारणा बनाने क लिए एक तकशास्त्री को सदभ मालुम करना पडेगा तब प्राकारी नियम निरथक हो जाए ग ।

शिलर प्राग कहते है कि ऐसे कोई प्राकारी नियम नही है जो हम यह बता सकें कि अमुक निणय क्या सिद्ध करता है और क्या नही ? यदि एक तक शास्त्री के दनिक जीवन के वास्तविक अनुमानो का विश्लेपण करना पडे, उस मालूम होगा कि वधता और तार्किक सत्य के सारे सिद्धा त तब उस ताक मे रखने होग । यहाँ शिलर सिजविक स भी आगे चल जाते है । व वधता क साथ ही 'छेप कथनो' का भी खण्डन करते हैं । ठीक से समझें तो हम यह मालुम होगा कि शिलर और बोसाके दोनो के लिए एक सीमा तक, तकशास्त्र जाच पडताल का एक सिद्धान्त है और जाच पडताल स्वय अपने आप मे एक ठोस मानवी कृत्य ह । यह दृष्टि हम यह दखने मे मदद करेगी कि मनुष्य कस गलती करता ह ? और तब इस प्रकार के तकशास्त्र का काय उन विभिन्न प्रक्रियाम्रो का विश्लेपण करना होगा जो सत्य की खोज के लिए काम म लाए जाते हैं, इसस भी हमारी जाच पडताल सुरक्षित हो जायगी यह जरूरी नही । शिलर की मशा तकपदो को त्याग देने की कतई नही ह और वह भी पीछे लौट कर, कार्टेजियनवादियों के निर्विकल्प अ त साक्ष्य (डाइरेक्ट इ ट्यूशन) को स्वीकार करने या मिल के आगमनात्मक तकशास्त्र का लोहा मानकर । शिलर का कथन ह कि ऐसी आपत्तिया जि हे पहले से न देखा गया है ऐसी दशाएँ और अनात सभावनाम्रो के विरुद्ध कोई भी वनानिक प्रमाण और परीक्षण के दोरान की जा रही कसी भी सतकता हमारी रक्षा कर सकने म असमथ हो जाती ह । ऐस समय म जो काय हम कर सकते हैं वह यही है कि हम

ऐसी अवस्था का निर्माण करें जिनम हमार प्राकल्प के साथ समावनाओ का पलडा बहुत भारी हो।

तकशास्त्र को इस तरह जाच पडताल का एक सिद्धान्त मानना, पहले भी जान ड्यूई द्वारा एसेज इन एक्सपेरीमण्टल लौजिक (1916) म सुभाया जा चुका है और बाद म विस्तार से उस पर उन्होंने काय भी किया है। (लाजिक, द थ्योरी आव एनक्वायरी 1938) म ड्यूई ने यह बताने का प्रयास किया है कि आकारी भेद जांच पडताल के दौरान मे ही प्रकट होते जाते हैं और उनका जाच पडताल के दौरान म रहे उस तारतम्य के अतिरिक्त कोई अलग से महत्व भी नही होता। तार्किक सिद्धान्त उनकी दृष्टि से शाश्वत सत्य नहीं होते जिन्हें एक बार और अन्तिम बार निर्धारित कर दिया गया हो—और जिनके द्वारा सभी सभावित जाच पडतालो के लिए तत्काल उत्तर दिया जा सकता हो। इसके विपरीत, ये ऐसे सिद्धान्त हैं जिन्हें वैज्ञानिक जांच के दौरान या विशेषत उसके विकसित होते समय सफलता प्राप्त करने की क्रिया म सहायक देखा गया है और जब विज्ञान ही जाच-पडताल की नई विधियां विकसित कर रहा है, तब तकशास्त्र का भी सुधार किया जाना आवश्यक है।

ड्यूई का कथन है कि परम्परागत तकशास्त्र, प्लेटो की वैज्ञानिक विचार धारा के अनुरूप है जिसम सारतत्वो के बीच रहे सम्बन्धो की खोज की गई है। तकपदी जाच पडताल की उस प्रक्रिया का प्रतिनिधित्व करती है जिसम प्रणालियो के सामान्य लक्षण खोज निकाले गए हैं।

तकपदी जाच पडताल की उस प्रक्रिया का प्रतिनिधित्व करती है जिसम प्रजातियो को एक सामान्य अवस्था की ओर जाते हुए देखा जाता है। आधुनिक विज्ञान परिमाणो की ही चचा करता है सारतत्वो की नही और जिन सम्बन्धो की ओर वह सकेत करता है उसका विश्लेषण नही किया जा सकता है। ड्यूई हमेशा से उस आकारी स्वरूप पर विचार करते रहे हैं, जो प्रजाति निर्माण के वर्गीकरण के अनुकूल है। उनका मत है कि समसामयिक आकारी तकशास्त्र आंशिक रूप से उस ध्येय के प्रति अर्पित है जो परम्परागत तकशास्त्र म है। समसामयिक तकशास्त्र ने

---

1 ऊपर देखें अध्याय 5—एच० एस० थयर कृत द लजिक आव प्रेगमेटिज्म, एन एग्जामिनेशन आव जान ड्यूईज लौजिक (1952) एम० आर० लोहेन जान ड्यूई ए प्रिफेस टू लौजिक 1944 मे जान ड्यूई कृत लौजिक पर गोष्ठी के लिए देख द थ्योरी आन इन्क्वायरी (जे० पी० 1939), डी० ए० पिएट एव बर्ट्रेण्ड रसल द फिलासोफी आव जान ड्यूई (सम्पादित पी० ए० शिल्प 1939)

उनमें संबंधसूचकों तथा अनुमानों का कर्ता एवं विधेय बताने वाले तर्ककथनों एवं तर्कपक्षीय अनुमानों आदि सभी को विचारणीय माना है किन्तु ड्यूई के अनुसार इसने बात को अधिक स्पष्ट करने के बजाय उलझा दिया है, इसने नए आकार जोड़ दिये हैं, जबकि उसे पुराने आकारों का ही नवीनीकरण करना चाहिए था। आधुनिक तर्कशास्त्रियों ने जाँच पड़ताल का संदर्भ देकर तार्किक रूपाकारों का अमूर्तीकरण कर दिया है और उन्हें केवल मात्र आकारी कहा है जबकि ड्यूई के अनुसार, आवश्यकता इस बात की थी कि जाँच पड़ताल की एक नई तर्क प्रणाली विकसित की जाती जिसमें आकारी और भौतिक वाक्यों के बीच का भेद उसी प्रकार दूर हो जाता, जिस प्रकार यूनानी तर्कशास्त्र में हो गया है। अरस्तू का तर्कशास्त्र, यूनानी लोगों द्वारा धारण की गई ज्ञान-सम्बन्धी मान्यताओं का संतोषप्रद विश्लेषण है। नवीन तर्कशास्त्र को भी आधुनिक वैज्ञानिकों द्वारा की गई ज्ञान की व्याख्या का भी उतना ही संतोषप्रद विश्लेषण करना चाहिए।

ड्यूई द्वारा किये गए आकारी सम्बन्धों का विश्लेषण एवं उदाहरण द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। परम्परागत विरोधमुखता उपविरोधमुखता एवं विरोधी भाव के सम्बन्धों को 'सभी क्ष' य हैं 'कोई क्ष य नहीं हैं' के माध्यम से उसी समय बताया जा सकता है जब हम अपनी जाँच पड़ताल में सीमा निर्धारित करें। अपने आप में ही 'विरोधमुखी तर्कवाक्य" दोष हैं, यह बात इस तथ्य में प्रकट हुई है कि दोनों विरोधमुखी कथन अवैध हो सकते हैं लेकिन फिर भी वे जाँच पड़ताल के उस क्षेत्र को माप लेने में हमारी सहायता करते हैं जिसमें हमारी समस्या का सम्भावित हल विद्यमान है। उस क्षेत्र में कहीं न कहीं जब 'क्ष' को निश्चित रूप से य माना गया है तो दूसरी ओर उसे कभी 'य' होने के लिए असमर्थ। बस उस क्षेत्र में से एक सम्भावित हल निकाल लेने की ही बात है और यही विरोधमुखता के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दु है। उप विरोधमुखी कथन कुछ क्ष य हैं और कुछ क्ष य नहीं हैं हल की ओर हमें आगे ले जाता है। ड्यूई के लिए उनका महत्व इसी में है कि वे एक निश्चित समस्या को मूर्त रूप तो देते ही हैं। समस्या यही है कि ऐसी कौनसी स्थिति है जिसके कारण सम्पूर्ण भेद प्रस्तुत हुआ है, भेद उन क्ष ओं के और उन 'क्ष ओं के बीच जो 'य' हैं और य नहीं हैं। यहाँ केवल आकारी तथ्य मात्र का प्रश्न नहीं है कि दोनों ही स्थितियाँ एक साथ दोषपूर्ण नहीं हो सकतीं किन्तु यह भौतिक तथ्य कि वे हमारे लिए एक समस्या निश्चित करते हैं और यही उप विरोधमुखता (सब कान्ट्रेरीटी) के सिद्धांत का तार्किक महत्व सिद्ध करता है।

ड्यूई के मत में महत्वपूर्ण और सूक्ष्म स्थिति तो विरोधी भाव के विश्लेषण में है। आकारी तर्कशास्त्र तो इस स्वीकारोक्ति से ही संतुष्ट है कि सभी क्ष य हैं और कुछ क्ष य नहीं हैं, दोनों एक दूसरे की काट करते हैं। किन्तु यहीं ठहर जाना

विरोधी भाव की प्रकृति को ही गलत समझ लेना होगा। वैज्ञानिक, मात्र विरोधी भाव प्रकट हो जाने भर से ही उसे मात्र आकारी सम्बन्धों का नाम देकर अपनी नाक भौं नहीं सिकोड़ने लगता। उसके लिए विरोधी भाव, जांच पड़ताल के लिए एक प्रेरणास्पद स्थिति है। एक ऐसे प्रकार का नव-सामान्यीकरण प्रस्तुत करना है जिसमें भौतिक सामान्यीकरण, कि सभी क्ष य हैं का इस ढंग से गढ़ लिया जाता है कि उसमें विरोधी भाव बताने वाले मामलों का भी वर्णन हो जाए जैसे यह क्ष य नहीं है जो ड्यूई के अनुसार सब क्ष य है का सच्चा विरोधी भाव है।

हीगल के तर्कशास्त्र एवं ड्यूई के उपकरणवादी तर्कशास्त्र के बीच की कड़ी बड़ी स्पष्ट है। और यदि हम और अधिक ध्यानपूर्वक आकारी तर्कशास्त्र की ड्यूई द्वारा की गई आलोचना को समझें तो हमें यह जानकर निरन्तर एक धक्का लगेगा, कि वे ब्रैडले एवं बोसांके जैसे उत्तरहीगलवादी तर्कशास्त्रियों से समता रखते हैं। उदाहरण के लिए वे कहते हैं कि एक वास्तविक समष्टि न्यायीनिर्णय को निश्चित रूप से आवश्यक जुड़ाव की ओर इंगित करना चाहिए एवं हमारे लिए इतना ही पर्याप्त होना चाहिए कि कोई सशर्त कथन संबंधी निर्णय उस समय तार्किक दृष्टि से संतोषप्रद' है यदि वे उलटे जा सकते हैं (रिवर्सिबल हैं)। और जांच पड़ताल के सम्पूर्ण सिद्धांत के उस दृष्टिकोण के विरुद्ध उनका स्वर है जो यह मानता है कि तर्कवाक्यों का किसी एक प्रणाली का अंग होने के अलावा अपना कोई स्थान है। उनके ग्रंथ लाजिक' में महत्वपूर्ण बात यह है कि स्थिर सत्य के विचार को व्यवस्थित जांच पड़ताल के विचार स्थानान्तरित कर देते हैं। अपने इस प्रयास में वे हीगल की 'आत्मा" (स्पिरिट) के प्रति ब्रैडले के परम (एब्सोल्यूट) से अधिक सहानुभूतिपूर्ण हैं। आकारी तर्कशास्त्र पर की गई उनकी आलोचना, उन लोगों को कुछ नवीन लगे जो तर्कशास्त्र को हीगल और उनके बाद विकसित हुई प्रत्ययवादी परम्परा के द्वारा देखना चाहते हैं। यहां महत्वपूर्ण बात जांच-पड़ताल का वही ठोस सिद्धांत है जिसने पांचवें अध्याय में हमारा ध्यान आकर्षित किया है।

जांच पड़ताल के सिद्धांत के द्वारा आकारी तर्कशास्त्र को खपा जाना ही लोजे से लेकर ड्यूई तक के विचार आंदोलन का मूल तत्व रहा है। निश्चय ही यह दृष्टि नई नहीं है। यह तो कोर्टेजियन की दृष्टि है और उसे लॉक द्वारा डेकार्टे से लिया गया था, लेकिन जब इसने 19 वीं० सदी का अनुभव किया तो उस समय आकारी तर्कशास्त्र की पुनः व्याख्या करना आवश्यक हो गया था। मूलभूत प्रश्न यही है कि तर्क का सम्बन्ध अनुभव से है अथवा सिद्धिकरण से? अनुमान करने की मानवीय क्रिया से है अथवा आकारी

सम्बन्धों के सिद्धिकरण से ? यदि हम कहें कि अनुभव ही इसका तथ्य है, तो हम यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्य हो जाते हैं कि आकारी सम्बन्धों का अध्ययन, अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। यदि हम इस सिद्धिकरण मानें तब जांच पड़ताल की प्रक्रिया के सम्बन्ध में उस मनस्तत्ववाद का खंडन हम करना पड़ेगा और अनुमान एवं सिद्धिकरण-सम्बन्धी यह विभेद, हमारे निर्णय के बीच जांच-पड़ताल किये जा रहे क्षेत्र के विशिष्ट भाग पर हमारा क्षणिक ध्यान खींचता है और तर्कवाक्य जिसे एक स्वतः पूर्ण इयत्ता माना गया है, एक ऐसी प्रणाली को बताता है जो किसी भी संदर्भ से मुक्त है। क्या वास्तव में तर्कवाक्य होते हैं और क्या कोई आकारी सिद्धिकरण होता है, ये ही विचार के मूल बिन्दु थे।

अध्याय 8

वस्तुपरकता की ओर

उन्नीसवीं शती की विचारधारा की प्रमुख वृत्ति यह निष्कर्ष लेने में रही, कि वस्तु तथा वस्तुसंबंधी तथ्य अपने अस्तित्व एवं प्रकृति के लिए किसी एक मन की क्रिया पर आश्रित हैं। मिल यह बताने निकले थे कि वे कैसे साहचर्य की यांत्रिक क्रिया से बनते हैं एवं संवेदनाओं द्वारा पोषित हो रहे हैं। ग्रीन का विचार था कि वे 'विचार' से निर्मित होती हैं। ब्रेडले के अनुसार वे सत्य की ससीम छायाएँ हैं। जेम्स का विचार था कि वस्तु एवं वस्तु संबंधी तथ्य मन द्वारा निर्मित उपकरण हैं, जिनमें अनुभव के साथ चलने की प्रभावशाली क्षमता है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि यदि मन न होता तो तथ्य भी नहीं होते। मतभेद उनमें केवल इसी बात का था कि अनुभव पारमात्मिक हैं, संवेदना जन्य हैं अथवा चेतना का प्रवाह मात्र।

लेकिन हमने पहले ही इस संबंध में हुई विकलता के चिह्नों का पता लगा लिया है। मिल की अनंत संभावनाओं ने इस पर काफी प्रकाश डाल दिया था। जेम्स यहाँ पर जरा से विचलित हो गये थे। तथ्य हमारे द्वारा निर्मित होते हैं फिर भी वे हमारे कार्यों में बाधा डालते हैं। बोसांके के प्रत्ययवाद में प्रकृति काफी हद तक स्वतंत्र है। मैक के संघटनवाद में संवेदनाएँ तत्वों द्वारा रूपांतरित की गई हैं ताकि यह न सोचा जा सके कि तथ्य मन द्वारा निर्मित है। और एवेनेरियस ने हर्बर्ट द्वारा दिये गये सुझावों को विकसित करते हुए इण्ट्रोजेक्शन[1] के विश्लेषण से हलचल उत्पन्न कर दी थी। इसे एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक तंत्र माना गया है जो हमें यह विश्वास करने को गलत दिशा में भटका देता है कि जो हम प्रत्यक्ष या सीधे तौर पर अनुभव करते हैं वह सदैव ही एक प्रतिमान (इमेज) है अथवा प्रतिनिधित्व है और कभी भी स्वतंत्र रूप से अस्तित्वमान पदार्थ नहीं है।

तो भी इनमें से कोई भी लेखक चाहे वे इस बिंदु के कितने ही समीप क्यों न आ जाएँ इसके लिए संगत रूप से तैयार थे कि तथ्य मन द्वारा केवल पहचाने जाते हैं उसके द्वारा निर्मित नहीं और यह न मान कर वे जीव विज्ञान मनोविज्ञान

---

[1] द्रष्टव्य जी० एफ० स्टाउट द्वारा बाल्डविन की डिक्शनरी आव फिलोसोफी एण्ड साइकोलोजी में अंतर्निवेश (इण्ट्रोजेक्शन) शीर्षक से लिखा गया निबंध।

एव नृतत्त्व विज्ञान (एन्थ्रोपोलोजी) जैसे सृजन विज्ञानों से भी दूसरी श्रेणी म रख दिए गए, क्योकि उन्नीसवी शती मे इनका जितना जोर था, इतना कभी नही था।

इन विज्ञानों का प्रादुर्भाव वास्तव म उन्नीसवी शती का सबसे महत्वपूर्ण संस्कृति के विकास का युग है। सृजन संबंधी जाच पडताल के प्रति नवोत्साह होने से प्रश्नों पर विचार करने का एक नया तरीका विकसित हुआ, और अन्तत हीगल का अनुकरण भी सिवाय उनके तत्वदर्शन को छोडकर।

ईश्वर के प्रति हमारी आस्था के सम्मुख खडे होकर या बाह्य जगत के प्रति हमारे विश्वास के आधार पर या फिर जीवन म कुछ गणितीय या तर्कीय सिद्धान्तो को स्वत सिद्ध मानकर दार्शनिक अपने आप से यह प्रश्न पूछने के अभ्यस्त हो गये थे 'क्या यह विश्वास सत्य है?' उत्तर-काण्टवादी अनीश्वरवाद ने अवश्य ही इस धारणा को हेय दृष्टि से देखा था कि यह एक सार्थक प्रश्न है जिसका सिद्धान्तत जवाब दिया जा सकता है चाहे व्यवहार मे वह कितनी ही बाधाए क्यो न प्रस्तुत करे। सृजनविज्ञानो इस प्रकार खडे किए गए शून्य की ओर झपट पडे और यह कहा गया, कि मुख्य प्रश्न तो ऐतिहासिक हैं–कि ऐसे विश्वास कहाँ से और कैसे जन्म लेते रहे हैं। यह पूछना कि वे सत्य हैं प्रतिक्रियावादी हैं तत्त्ववादी पृष्ठभूमि तयार करना है। किन्तु यह पूछना, कि वे कैसे उत्पन्न हुए इसके विपरीत एक समस्या को प्रस्तुत करना हुआ–एक अर्थनाव, हल करने योग्य समस्या–जिसे अनुभव के जरिए एव सृजनप्रणाली के आधार पर भी समझा जा सकता है।

दर्शन म भी यह बात काफी सामान्य रही थी। उदाहरण के लिए मिल ने एक मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त की रचना की, जिससे हम बाहरी जगत म विश्वास कर सकें। भौतिक पदार्थो म आस्था रख सकें। और हम प्राथमिक एव दूसरे प्रकार की गुणावस्थाओ का भेद कर सकें। और वह सब भी स्पष्टत बाहरी जगत के प्रति हमारी सामान्य भावना को हटाकर ही अथवा यह मानकर कि वस्तुओ को ये अमुक अमुक धातुए हैं। वे कहते हैं कि मैं यह विश्वास नही करता कि किसी भी वस्तु की वास्तविक बाह्यता को मन से अलग करके हम किसी भी प्रकार सिद्ध कर सकते हैं। इसी प्रकार स्पेंसर ने एक सुलझा हुआ सिद्धान्त विकसित किया था। वह सिद्धान्त विकासवाद पर आधारित था और इसम हमारे इस विश्वास की उत्पत्ति पर चर्चा की गई थी, कि कुछ गणितीय, एव तार्कीय कथन आवश्यक होते हैं। उनकी आवश्यकता उनके प्रकट होने के सदर्भ म ही देखी और समझी जा सकती है उनकी प्रकृति का विश्लेषण करने से नही।[1]

---

[1] द्रष्टव्य जे० कुक विलसन द्वारा लिखित ऑन द ईवोल्यूशनिस्ट थ्योरी ऑव एग्जियम्स, उद्घाटन भाषण 1889।

स्वाभाविक तौर पर अब तो सृजन-वैज्ञानिक भी प्रजननप्रणाली-संबंधी अपने दावों के प्रति काफी उत्साह प्रदर्शित करने लगे थे। दर्शन से अपना स्वतन्त्र स्थान कायम करने की चिंता में उन्होंने ऐसे सिद्धान्त की खोज की जो न केवल दर्शन से स्वतन्त्र था अपितु उससे वस्तुतः श्रेष्ठ था। कुछ अभी भी विवाद अवश्य था। कई बार तो न सुलझता हुआ लगने वाला। वह यह कि विज्ञानों की रानी की उपाधि से किसे विभूषित किया जाए? मनोविज्ञान को जीव-विज्ञान को अथवा नृतत्व-विज्ञान को? किन्तु इस समय कोई भी तत्त्वदर्शन जो इस पद की कामना करता था उसका मखौल पुराना इतराने वाला' कहकर उड़ाया जाता था।

तो भी अजीब तरह से एक नया आन्दोलन, इस बात पर अड़ा था कि प्रत्येक मामला वस्तुपरक है। और सदैव मूलभूत प्रश्न यही है कि 'क्या यह सत्य है अथवा असत्य'। इस प्रश्न ने एक मनोवैज्ञानिक की रचनाओं में अपना प्रभाव डालना प्रारंभ कर दिया था। ये एक ऐसे मनोवैज्ञानिक थे जो ब्रितानी दर्शन की मनोवैज्ञानिकीकरण की वृत्ति के प्रशंसक थे, खास तौर पर मिल के, और इस बात के प्रबल समर्थक थे कि मनोविज्ञान ही मूलभूत विज्ञान है। किन्तु फ्रेंज ब्रेण्टानो अरस्तूवादी भी थे एक शास्त्रीय पद्धति से प्रशिक्षित पादरी और साथ ही साथ ह्यूज के 'ट्रीटाइज' को आगे विकसित करने वाले। 1874 में लिखी उनकी कृति **साइकोलोजी फ्राम एन एम्पिरिकल स्टेण्डपोइण्ट**[1] में अरस्तू की वस्तुपरकता को पुनः स्थापित किया गया है और उनमें कुछ मध्यकालीन दार्शनिकों के महत्व को भी स्वीकारा गया है।

---

[1] देखें मरणोपरान्त संस्करण (सम्पादक ओ॰ क्राउस 1924–8), इसी के एम॰ डी॰ गन्डीलेक द्वारा 1944 में किये गये फ्रेंच अनुवाद में कुछ अतिरिक्त निबन्ध भी हैं—ओ॰ क्राउस की 1919 में जर्मनी भाषा में प्रकाशित **फ्रेन्ज ब्रेन्टानो**। ए केसिल कृत दी **फिलोसोफी फ्रेंज ब्रेन्टानोस** 1951। एच॰ ओ॰ ईटन कृत **दी आस्ट्रीयन फिलोसोफी आव वेल्यूज** (1930)। एल॰ गिल्सन कृत 1955 में प्रकाशित दो पुस्तकें **मेथोडे एट मेटाफिजीक सेलो फ्रेन्ज ब्रेन्टानो एवम् ला सायकोलोजी डिस्क्रिप्टिव सेलो फ्रेंस ब्रेण्टानो**। ब्रेंटानो की एक मात्र रचना जो 1902 में अंग्रेजी में अनुवादित हुई **दी ओरीजिन आव द नालेज राइट एण्ड रोंग** (1889) है। यद्यपि यह रचना मूलतः नैतिक है, फिर भी उसमे दिए गये विस्तृत नोट जो कि मूल पाठ्यक्रम के साथ जुड़े हैं ब्रेंटानों की व्यापक रुचियों और साइकोलोजी के बाद विकसित हुई विचारधारा की दिशा की ओर संकेत करते हैं। इसके परिशिष्ट में, ब्रेंटानो के निबन्ध 'आन सबजेक्टलेस प्रोपोजीशन्स' के साथ अनुवादक द्वारा उनकी जीवनी से संबंधित टिप्पणी भी है। जर्मन दर्शन पर ब्रेंटानो का प्रभाव बहुत व्यापक

आधुनिक पाठक को शायद ब्रेण्टानो की पुस्तक का शीर्षक भ्रम में डाल सकता है क्योंकि 19 वीं शती का मृजन विज्ञान एवं तत्त्ववादी दार्शनिकों के विरोध की वृत्ति, इन दोनों के सम्मिलित प्रयास के फलस्वरूप 'अनुभववादी' मनोविज्ञान का अर्थ मृजन मनोविज्ञान हो गया था, जिससे मानसिक अवस्थाओं के प्रादुर्भाव का पता लगता है और जो उन्हें शारीरिक प्रक्रिया मानकर ही इन सबकी चर्चा करता है। ब्रेण्टानो उस समय लिख रहे थे जिस समय जी० टी० फेचनर के एलीमेण्ट्स आव साइकोफिजिक्स (1860) ग्रन्थ के प्रकाशन ने भौतिक एवं मनोवैज्ञानिक मापों से संबंधित सनसनी उत्पन्न कर दी थी। ब्रेण्टानो ने भी इस कृति में अपनी रुचि प्रदर्शित की थी किन्तु वे यह मानने के लिए कतई तैयार नहीं थे कि यह मनोविज्ञान के क्षेत्र को भी आत्मसात कर लेता है। इस प्रकार वे वर्णनात्मक मनोविज्ञान को जो कि विशुद्ध रूप से अशारीरिक मनोविज्ञान है मृजन मनोविज्ञान से अपने शारीरिक तत्त्वों सहित अलग करके देखने की ओर प्रवृत्त हुए[1]। वह यह अनुभव करने लगे थे कि उन्होंने अपनी पुस्तक सायकोलोजी में यह भेद स्पष्टता से प्रकट नहीं किया था। कदाचित् यही कारण है कि उन्होंने अपनी इस पुस्तक को कभी पूरा नहीं किया और केवल उसे संशोधित और पुनः प्रकाशित करके ही सन्तोष कर लिया। 1911 में प्रकाशित इस पुस्तक का नाम

रहा। यदि कुछ थोड़े बहुत नाम ही गिनाये जायें तो उनके प्रभाव में मीनोंग, हुसर्ल, एहरेन-फेल्स स्टफ, मेसरिक आदि प्रसिद्ध हैं। यह बात उल्लेखनीय है कि फ्रायड ने भी तीन सालों तक उनके भाषणों को सुना है। किन्तु वे एक असम्पृक्त दार्शनिक थे और रोमन कैथोलिक अधिकारियों के साथ पोपों की दोषवृत्तियों पर हुई झड़पों के कारण दर्शन की ओर से उनका ध्यान हट गया था। उनके पत्र और हस्तलिखित कृतियाँ आज भी संकलित और प्रकाशित की जा रही हैं।

ब्रेण्टानो द्वारा की गई शास्त्रीय व्याख्या के लिए देखें ई० गिल्सन द्वारा लिखित "फ्रेंज ब्रेण्टानोस इण्टरप्रेटेशन ऑव मेडाइवल फिलोसाफी" (मेडाइवल स्टडीज 1939)। ब्रेण्टानो का अपने पूर्ववर्तियों के प्रति रहा दृष्टिकोण उनके 1892 में प्रकाशित डीवियर फेजन डर फिलोसोफी नामक रचना में देखा जा सकता है। उनकी दृष्टि में काण्ट और हीगल ने आधुनिक दर्शन में गतिरोध उत्पन्न किया है। ब्रिटानी दर्शन के प्रति उनकी रुचि जर्मन आत्मा के मरदकों द्वारा संदेह की दृष्टि से देखी गई।

[1] मदम ई० बी० टिचनर द्वारा लिखित 'ब्रेण्टानो एण्ड वुण्ड इम्पीरिकल एण्ड एक्सपेरिमेण्टल सायकोलोजी' (अमरीकन जरनल आव साइकोलोजी, 1922)।

उन्होंने ऑन द क्लासीफिकेशन ऑव साइकिकल फिनोमीना रखा। यह पुस्तक उनकी पहले वाली पुस्तक का एक अंश ही है क्योंकि इसमें उन्होंने बहुत गहराई से वर्णनात्मक मनोविज्ञान के अपने आदर्श को प्रस्तुत किया है। 1866 में लिखे अपने डाक्टरेट के शोधप्रबंध में उन्होंने मिल के इस कथन से सहमति प्रकट की है कि मनोविज्ञान की प्रणाली प्रकृति विज्ञान की ही प्रणाली है।" किन्तु एक ओर वे निरन्तर यह कहते रहे कि उनका मनोविज्ञान अनुभववादी है तो दूसरी ओर साधारण प्रकृति विज्ञान से भी वह कम से कम मेल खाता है।

ब्रेण्टानो का अनुभववादी मनोविज्ञान पर यह विवाद था कि वे मूलतः पर्यवेक्षण (आब्जरवेशन) को अपने अनुभववाद का आकार नहीं मानते। कोम्ते का अनुसरण करते हुए ब्रेण्टानो ने भी अन्तरीक्षण (इण्ट्रोस्पेक्शन) की सम्भावना का खण्डन किया है और उसे हमारी मानसिक प्रक्रियाओं को पर्यवेक्षण (आब्जरवेशन) माना है। हमारे द्वारा अपने क्रोध का ईक्षण अथवा उस पर हमारा ध्यान केन्द्रित करना तत्काल ही उस भाव को विनष्ट कर देता है। कोम्ते ने यह निष्कर्ष निकाला था कि मनोविज्ञान असम्भव है और उसे समाजशास्त्र द्वारा स्थानान्तरित कर दिया जाना चाहिए। ब्रेण्टानो इस निष्कर्ष को नहीं मानते। मनोवैज्ञानिक के पास पर्यवेक्षण की अनेक विधियाँ हैं। वह अपनी मानसिक प्रक्रियाओं का स्मरण कर सकता है, वह पागल लोगों का अध्ययन कर सकता है, जीवन के सरलतर प्रकारों को देख सकता है एवम् अन्य लोगों के व्यवहार का अध्ययन कर सकता है। किन्तु फिर भी, यह दृष्टि ही स्वतः एक मनोवैज्ञानिक को बहुत गहराई तक नहीं ले जायगी। उनकी कृति ऑन द क्लासिफिकेशन ऑव साइकिकल फिनोमेना में उपर्युक्त सभी तकनीकों को पृष्ठभूमि में धकेल दिया जाता है।

मनोविज्ञान का आधार यही है कि हम हमारी मानसिक क्रियाओं को देख सकते हैं, चाहे हम उनका पर्यवेक्षण न कर सकें। यह अन्तर समझने के लिए हमें इस कार्टेजियन धारणा से प्रारम्भ करना चाहिए जो ब्रेण्टानो के अनुसार इस विषय में निर्विवाद है कि किसी प्रतिनिधित्व के प्रति सचेत होने का मतलब है उसके साथ ही उस क्रिया के प्रति को जागरूक होना जो हमें उसके प्रति सजग बनाती है। उदाहरण के लिए हम उस समय तक कोई ध्वनि नहीं सुन सकते जब तक कि हम न केवल उस ध्वनि के प्रति सचेत हों अपितु सुनने की क्रिया से भी परिचित हों। ये दो विभिन्न प्रकार की सचेतन क्रियाएँ नहीं हैं केवल एक ही क्रिया के दो विषय हैं। ध्वनि (पहला विषय) और क्रिया (दूसरा जो इस तरह एक अप्रवर्तित विषय हो जाता है) यदि किसी तरह से दो विषय होते तो कार्टेजियन धारणा हमें अनन्त मानसिक क्रियाओं के गुणन की ओर ही प्रेरित करती। इसका

अर्थ यही है कि ध्वनि के प्रति सचेत होना उसकी चेतनता के प्रति भी सचेत होना होगा और उसी प्रकार ध्वनि की चेतना के प्रति सचेतन होना, उस सचेतनता के प्रति भी सचेत होना है। इस तरह यह क्रम अनन्त रूप से चलता रहेगा। इस अविश्वसनीय गुणन से बाहर निकलने का एक ही तरीका है और वह यह, कि हम इस बात का खण्डन करें कि इस ध्वनि की चेतना के प्रति सचेत होने की हमारी क्रिया ध्वनि के प्रति सचेत होने की क्रिया से भिन्न है। किसी मानसिक क्रिया का पर्यवेक्षण करने का प्रयत्न, दूसरी क्रिया का पहला विधेय बनाना है। जब हम पर्यवेक्षण की बात करते हैं, तो हम पर्यवेक्षक एवं पर्यवेक्षित दोनों के बीच में एक भेद करते हैं और ब्रेण्टानो, कोम्ते के साथ यह मानने में सहमत हैं, कि यह असम्भव है।

यहीं आकर मनोविज्ञान एवं अन्य अनुभववादी जाँच पड़तालों में एक महत्वपूर्ण भेद प्रकट हुआ है। ब्रेण्टानो शब्द को विशेष महत्व देते हुए कहते हैं कि मनोविज्ञान में हम दृष्टि रखते हैं जबकि अन्य विज्ञानों में हम पर्यवेक्षण करते हैं। इससे लगता है जैसे अन्य विज्ञान मनोविज्ञान की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक स्थिति में हैं। किन्तु ब्रेण्टानो इस बात का जोरदार खण्डन करते हैं। लाक के साथ सहमति प्रकट करते हुए वे कहते हैं कि प्राकृतिक वैज्ञानिक की प्राकृतिक पदार्थों की ओर सीधी पहुँच नहीं है, जिन्हें वर्णन करने का वह प्रयास करता है। उनकी वास्तविक प्रकृति के विषय में वह जो कुछ भी कहता है, वह मात्र अनुमान है। यह अनुमान वस्तु के ऊपरी दिखावे पर प्राप्त उसके अनुभव पर आधारित रहता है, वह ध्वनि रंग और ऐसी ही अन्य वस्तुओं का पर्यवेक्षण कर सकता है किन्तु वह कभी भी भौतिक पदार्थ को नहीं देख सकता। वह कभी भी सीधे और तात्कालिक रूप से उसके प्रति सचेत नहीं हो सकता। इसके बिल्कुल विपरीत एक मनोवैज्ञानिक अपनी विषयवस्तु के साथ का तात्कालिक एवं सीधा अनुभव करता है। प्रत्येक मानसिक क्रिया सीधे तौर पर अपने होने को एक दूसरी अवस्था करके भी देखती है वह केवल रूप—दर्शन नहीं है और न ऐसी ही कुछ है जिसमें से मानसिक क्रिया के मूल स्वरूप का अनुमान लगाया जा सके किन्तु दरअसल मानसिक क्रिया जैसी है वह भी वैसा ही है। इसीलिए ब्रेण्टानो के लिए ह्यूम की ही तरह मनोविज्ञान का स्थान विज्ञानों में सर्वप्रथम है। दोनों इस कार्टेजियन सिद्धान्त को मानते हैं कि मानसिक तत्व का हमारा ज्ञान अन्य सब वस्तुओं की अपेक्षा विचित्र रूप से सीधा और निश्चित है।

लेकिन ब्रेण्टानो ने अपने को डेकार्ट लाक की परम्परा से अलग कर लिया, और वस्तुपरकता की ओर बढ़ने की दिशा में अपना प्रभाव डाला। यह कार्य उन्होंने मानसिक' तत्व को पुनः परिभाषित करके किया था। लॉज ने जिस मूलभूत मानसिक संघटन की बात सोची थी वह था प्रत्यय' और इस प्रकार के प्रत्ययों के

कारण हमारा अनुभव निश्चय ही सीमित हो जाता है। इस प्रकार यदि पक्के अनुभववादियो की तरह मानें कि अनुभव के बिना कोई भी ज्ञान सभव नही है उससे यह अर्थ निकलेगा कि जो कुछ हम जानते हैं उसका मानसिक होना आवश्यक है। मानसिक एव अमानसिक दोनो के बीच के भेद का विशेषतया उसकी आवश्यकता से जुडी हुई स्थिति का ब्रेण्टानो पूर्णत खण्डन करना चाहते थे। अनुभववादी दृष्टिकोण के किसी पक्के अनुयायी के विश्वास से कम से कम ऐसा तो लग ही सकता है।

ब्रेण्टानो ने इस प्रकार की अनुभववादी युक्ति का उच्छेदन करने का प्रयास किया मूलत यह बात अस्वीकार करके, कि मानसिक होने का अर्थ प्रत्यय मे बदल जाना है। मानस सघटन का मूलभूत रूप यही है कि वह किसी वस्तु की ओर सकेत करता है अथवा किसी विषय वस्तु की ओर सकेत करता है अथवा किसी विषय वस्तु का सदर्भ प्रकट करता है। इन दोनो वाक्याशो को वे पर्याय मानते हैं। मानसिक तत्व तब तक एक क्रिया है एव अमानसिक इसके विपरीत किसी वस्तु की ओर सकेत करने अथवा किसी विषय वस्तु के भाव को प्रकटाने मे असमर्थ होता है।

ब्रेण्टानो द्वारा क्रिया पर दिए गये बल के कारण भ्रम पैदा हो गया। उसी तरह उनके द्वारा क्रिया के उपकरणों की व्याख्या के कारण भी ऐसी ही गलतफहमी पैदा हुई और उस प्रयोजनात्मक अन्तस्तित्व (इन्टेन्शनल इनएग्जिस्टेन्स) की सज्ञा दी गई है। क्रिया एव प्रयोजनात्मक जैसे शब्दो की पसन्द के कारण ही उन्हे शोपेनहोवर के अनुयायियो मे एक अंशीय मनःवैज्ञानिक के रूप मे माना गया। इन लोगो के लिए पदार्थ उद्देश्य ध्येय एव क्रियाए, ऐसी सवेदनाए हैं जो हम निश्चित लक्ष्य की ओर प्रेरित करती है। इस प्रकार की गलत व्याख्याओ से बचने के लिए ब्रेण्टानो ने प्रयोजन से सम्बन्धित अपनी भाषा को त्याग दिया था। एक मानसिक क्रिया मात्र वह विधि है जिसके कारण हमारा मन किसी वस्तु से जुड जाता है और वस्तु वही है जिसे मन अपने समक्ष अपनी क्रिया के उपकरण के रूप मे देखता है।[1]

---

[1] 'ट्रीटीज" के परिशिष्ट मे जब ह्यूम यह कहते है कि विश्वास और गल्प मे उनके सोचे जा सकने के कारण ही अन्तर होता है तो वे जैसे ब्रेण्टानो के मानसिक क्रिया के सिद्धात का ही एक पूर्व कल्प दे रहे होते हैं। इसके विपरीत ह्यूम द्वारा विश्वास की यह व्याख्या कि वह एक 'विशद प्रत्यय है" ब्रेण्टानो को स्वीकार नहीं थी क्योंकि वे इसकी आलोचना करते हुए कहते हैं कि इसमे विश्वास की क्रिया का उसके उपकरण प्रत्यय के साथ घोलमेल कर दिया गया है।

ब्रेण्टानो के लिए सर्वसाधारण मानसिक क्रिया वह है जिसे वे प्रतिनिधिकरण का नाम देते हैं इसमें वस्तु केवल मन के समक्ष रहती है। प्रतिनिधिकरण के आधार पर ही सब मानसिक क्रियाएं टिकी हैं क्योंकि यह स्थिति ही शेष मानसिक क्रियाओं को वस्तु के विषय में कुछ समझने का अवसर प्रदान करती है जो बाद में जाकर उन्हीं का एक अंग बन जाती हैं। स्पष्टतः प्रतिनिधि करण की यह व्याख्या लाक की अनुभव की व्याख्या से काफी मेल खाती है लेकिन लाक के दर्शन में यद्यपि अनुभव हमारी निर्णयात्मिका बुद्धि को सरल प्रत्ययों के रूप में कच्चा माल प्रदान करता है, तो भी वहाँ हमारे निर्णय का वास्तविक उपकरण हमारे अनुभव के उपकरण से बिलकुल ही भिन्न है। वह प्रत्यय नहीं है बल्कि सम्मति और असहमति के संबंधों के कारण जुड़े, बहुत से प्रत्ययों का एक मिला जुला रूप है। इन सबसे ही अलग, ब्रेण्टानो, ह्यूम की भाँति इस बात का खण्डन करते हैं कि हमारे निर्णय के लिए प्रस्तुत कोई वस्तु प्रतिनिधीकरण की किसी वस्तु से कहीं भिन्न है।

वे ह्यूम का उदाहरण देते हैं—एक अस्तित्वमूलक निर्णय' जैसे कि, यह निर्णय कि वृक्ष अमुक अमुक रूप में अस्तित्वमान है" केवल एक ही प्रत्यय की ओर संकेत देता है। और वह एक प्रत्यय है "वृक्ष'। इसमें [illegible] और अस्तित्व किसी संबंध के कारण दो अलग अलग उपकरणों के रूप में नहीं जुड़े हैं। इसका यही अर्थ हुआ, कि कभी कभी किसी निर्णय में एक ही प्रत्यय हो सकता है, और उसमें निहित वस्तुओं की बहुलता निर्णय को परिभाषित करने का मूलाधार नहीं बन सकती। किन्तु ब्रेण्टानो ह्यूम से भी आगे चल जाते हैं। वे कहते हैं कि प्रत्येक सरल[1] निर्णय को अस्तित्ववादी रूप दिया जा सकता है। कुछ वृक्ष हरे हैं' यह कथन न तो इस बात का खण्डन करता है कि हरे वृक्ष होते हैं और न 'कोई वृक्ष हरा नहीं है' यही कथन हरे वृक्षों के न होने को सिद्ध करता है। इसी तरह सभी वृक्ष हरे हैं इस बात का खण्डन नहीं है। और न कुछ वृक्ष हरे नहीं हैं, यही

---

[1] सरल' और जटिल' निर्णयों के अंतर के लिए देखें द ओरीजिन आव द नोलेज आव राइट एण्ड रोंग के नोटस। ब्रेण्टानो का अस्तित्व-संबंधी सिद्धांत बेन द्वारा स्थापित प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र के काफी अनुकूल था। देखें अध्याय 6 ब्रेण्टानो द्वारा तर्कशास्त्र संबंधी किए गए नवा वर्णनों का ब्योरा अंग्रेजी पाठक के लिए डी॰ पी॰ एन लण्ड के 1876 में माइंड में लिखे गए लेख में मिल सकता है। यह नोट बाद की तार्किक चर्चाओं को भी प्रभावहीन सिद्ध करने में काफी सहायक रहा है। इसमें ब्रेण्टानो के विरोध में लण्ड का कथन है कि यद्यपि समष्टि व्यापी तर्कवाक्य अपने कर्ता के अस्तित्व को सिद्ध नहीं करते, तो भी वे उसके अस्तित्व की कल्पना तो करते ही हैं।

इस बात का स्वीकरण है कि ऐसे पेड़ भी हैं जो हरे नहीं हैं। इन निर्णयों की विषय वस्तु वे ही हरे वृक्ष हैं जिन्हें हम अपने लिए एक प्रत्यय का प्रतिनिधित्व करता हुआ मान सकते हैं। इसी तरह निर्णय एवं प्रतिनिधिकरण में यही अंतर वस्तु में निहित नहीं है, किन्तु उस विधि में निहित है जिसके जरिए हम उसका विचार करते हैं। निर्णय करना एक वस्तु को स्वीकार या अस्वीकार करना है, उसका प्रतिनिधित्व केवल मात्र वस्तु का हमारे सामने होना है।

स्पष्टतः यह सिद्धांत, कुछ कठिनाइयां लिए है। उनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि किस प्रकार वस्तुओं एवं मानसिक क्रियाओं से उनके संबंधों का कोई संतोषप्रद विवरण दिया जाय। वस्तु किसी न किसी तरह क्रिया की विषयवस्तु है। यह ऐसी स्थिति है, जो एक निर्णय की क्रिया को दूसरे निर्णय की क्रिया से अलग करती है। उदाहरणार्थ, हम इस बात का खण्डन करते हैं कि गोल वर्गाकार होते हैं। हमारे खण्डन की यह क्रिया सही है। किन्तु इससे उसकी विषय वस्तु के रूप में गोल वर्गाकारों का होना कैसे सिद्ध हुआ जब कि इस क्रिया का सम्पूर्ण उद्देश्य गोल वर्गाकारों का न होना ही सिद्ध करना है। संक्षेप में इसका अर्थ यही है, किस प्रकार एक वास्तविक क्रिया की विषय वस्तु अवास्तविक हो सकती है? परम्परागत सिद्धांत के अनुसार इसमें कोई मुश्किल नहीं है। उनके लिए गोल वर्गाकार के प्रत्यय की बात को स्वीकार कर लिया गया है, वह वास्तविक प्रत्ययात्मक प्रत्यय हैं चाहे यह अपने से भिन्न किसी वस्तु की ओर संकेत करने में अक्षम हो। डेकार्ट के मतानुसार इसमें वस्तु-परकता है चाहे उसमें आकारी सत्य नहीं हैं। किन्तु एक बार हम इस प्रत्यय को किसी ऐसी क्रिया की विषयवस्तु बना लें जो आकारी सत्य को व्यक्त करती है तो उसके साथ ही वे सारी समस्याएं तत्काल ही खड़ी हो जाती हैं जिनका उत्तर देने का प्रयास ब्रेंटानो के प्रशंसकों ने किया है।

विशेषतः मीनोंग का वस्तु सिद्धांत उनसे हुए इस अलगाव को व्यक्त करता है। मीनांग ने वीएना में ब्रेंटानो के संरक्षण में कार्य किया और इसीलिए उन्होंने अपने दार्शनिक जीवन का आरम्भ एक मनोवैज्ञानिक के रूप में किया। किन्तु यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि उनकी पहली एवं प्रमुख रचना दो अंकों में ह्यूम स्टडीज (1877-82) नाम से प्रकाशित हुई जिसमें उन्होंने ह्यूम के प्रत्ययों के सिद्धांतों को समझने और उन्हीं के द्वारा किए गए संबंध सूचकों के विश्लेषण की ओर विशेष ध्यान दिया है। वे उसी रूप में मनोवैज्ञानिक थे जिस रूप में ह्यूम को एक मनोवैज्ञानिक कहा जा सकता है। उन्होंने ब्रितानी अनुभववादियों के इस मत को स्वीकार कर लिया था कि संबंध सूचक एवं समष्टि कथन मन की ही रचनाएं

है। इसस यह लगता है जस साथकता सवधा सत्यो एव निणयो के सिद्धात सभी का वास्तविक चेन मनोविनान हो[1] है।

मीनोग की प्रणाली भी ब्रेण्टानो सदृश ही थी। दशनसवधी विशप समस्याओ का उनके द्वारा किय' गया श्रमसाध्य विशनपण जा कालान्तर म बीसवी शती क ब्रितानी दशन का मूलभूत तत्व रहा और जो जमन प्रदश म चल रह परम्परागत दशन से आस्ट्रिया के दशन की अपेक्षा कही अधिक भिन्न था। ब्रेण्टानो एव उनके अनुयायियो के लिए दशन मात्र विनान क अतिरिक्त और कुछ नही था। उनम लग के समान यह धारणा बना लेन का धय नही था कि दशन एक प्रकार का काव्य है एक व्यापक तौर पर रची गयी काल्पनिक सृष्टि है। इनका विचार था कि दाशनिक को स्पष्ट रूप स परिभाषा की जान योग्य समस्या का चुनाव करना चाहिए और तब अपनी सम्पूण क्षमता स उसके सुलझान मे प्रवृत्त हो जाना चाहिए। दरअसल, अनेक प्रकार स तो उनकी धारणा परम्परागत दशनशास्त्रियो क विशद विश्लेषण या प्रवृत्ति का स्मरण दिलाने लगती है। जबकि डेकार्ट के समय स ही दाशनिक लोग दशन के शास्त्रीय भेदो का उन्मूलन करने म लग गय थे और उन्होने उन स्थलो मे रहे विवादो को एक बार उपभार कर दिया था, जिन्ह इन पूववर्ती दाशनिको ने समानरूप से अविवादास्पद मान लिया था।

---

[1] इसी क साथ मीनोग, दाशनिक मनोविज्ञान को समस्याओ पर विचार करने की ओर भी प्रवृत्त हो गए थे देखें, जे० एन० फिण्डले कृत 'इमोशनल प्रेजेण्टेशन' (ए जे पी 1935) एव रिकमेण्डेशन्स रिगार्डिग द लव्वज आव इण्ट्रोस्पेक्शन (पी० पी० आर० 1948)। इनम मीनोग क समक्ष प्रस्तुत हुई मनोवैज्ञानिक समस्याओ का ब्योरा दिया गया है। मीनोग के सबध म अधिकृत जानकारी फिण्डल कृत मीनोग्स थ्योरी आव आबजेक्टस (1935) म देखें। आर० जेवसन का रिव्यू भी देखें (माइण्ड 1934)। 1904 मे माइण्ड म ही प्रकाशित बर्ट्रेण्ड रसल का लेख 'मीनोग्स थ्योरी ऑव कोम्प्लक्सज एण्ड एजम्पशन्स (1904)। मीनाग की रचनाओ के रिव्यू (माइण्ड 1899 1905 1907) रसेल एव मीनोग दोना क दशन पर काफी प्रकाश डालते हैं। जी० डास हिक्स द फिलोसोफिकल रिसर्चेज आव मीनाग' (माइण्ड 1922 पुन मुद्रित 1938 क्रिटिकल रिएलिज्म)। ए० माइकनिस कृत द कन्सप्शन आव पासीबिलिटी इन मीनोग्स जीजेण्ड स्टेण्डस थ्योरी (पी० पी० आर० 1941)। जे० एन० फिण्डल का एलेक्सियस मीनोग गेडेकश्चिफ्ट म प्रकाशित 'द इम्पनूएस ऑव मीनाग इन ए ग्लोसक्सन् कण्ट्रीज' 1952 शीषक निबध। मीनाग की कोई भी रचना अग्रेजी म अनूदित नही हुई है।

1904 ई० तक जब उन्होंने इन्वेस्टीगेशन्स इन्ट थ्योरी ऑव ऑब्जेक्ट्स एण्ड साइकोलोजी नामक ग्रन्थ लिखा मीनोंग के समक्ष यह बात स्पष्ट हो गई थी कि वे जो रचना कर रहे थे, उसके लिए यद्यपि मनोविज्ञान साधक था तो भी वह रचना अपनी मूल प्रवृत्ति में मनोवैज्ञानिक नहीं थी यहां तक कि अपनी लचरतम व्याख्या में भी वे उसे ऐसा मानने के लिए तैयार नहीं थे। इसके विपरीत निष्कर्ष निकाल लेना जैसा कि ब्रेंटानो ने किया है, उनकी दृष्टि में विषय-वस्तु एवं वस्तु को और उलझाना होगा। विषय वस्तु एवं पदार्थ या वस्तु सम्बन्धी भेद का निर्धारण करने में मीनोंग ने पोलैण्ड के दार्शनिक के ट्वारडोव्स्की की सहायता ली। ट्वारडोव्स्की ने अपनी पुस्तक टूवार्ड्स ए थ्योरी ऑव द कण्टेण्ट एण्ड ऑब्जेक्ट ऑव प्रेजेण्टेशन्स (1894) में मानस-पचटन में तीन विभिन्न संयोजक तत्वों का भेद बताया है मानसिक क्रिया, उसकी विषयवस्तु एवं इन दोनों का आधार वस्तु। विषय वस्तु एवं पदार्थ का तादात्म्य करा देने का प्रभाव यह होता है कि उससे मन के समक्ष प्रस्तुत वस्तु का अस्तित्व भी ऐसा लगने लगता है मानो वह भी मन की समझने की प्रक्रिया का ही एक अंश है। किन्तु यह दृष्टिकोण सर्वथा असमीचीन है। क्योंकि जो वस्तु मन के सामने है वह बहुधा एक भौतिक पदार्थ भी होती है जो ठोस, और फैली हुई है। ऐसा पदार्थ किसी प्रकार मानसिक क्रिया द्वारा उत्पन्न किया जाना सम्भव नहीं है। इसके अतिरिक्त भी यदि हम किसी एक तरह से अनस्तित्वशील पदार्थ का भी विचार कर रहे हों, तो भी[1] विचार करने की मानसिक क्रिया तो अस्तित्व में रहती ही है। और जो भी उसकी विषयवस्तु का अंश होना है वह भी अस्तित्वमान होना चाहिए। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि गोल वर्गाकार मानसिक क्रिया की विषय-वस्तु नहीं हो सकता यद्यपि स्पष्टतः वह मानसिक क्रिया में प्रकट हो सकता है। इसके साथ ही मीनोंग की यह भी धारणा थी कि उस क्रिया के दौरान ऐसा कुछ तो होना ही चाहिए जो इस तथ्य का आभास देता है कि वह बहुत से पदार्थों की अपेक्षा एक पदार्थ की ओर निर्देशित हो रही है। यही कुछ उस क्रिया की विषय वस्तु होती है। लॉक के प्रत्ययों की भांति यह विषयवस्तु पूरी अथवा अधूरी सी कोई तस्वीर नहीं है न यह किसी प्रकार की संवेदना ही है। क्योंकि ऐसी कोई भी तस्वीर अथवा संवेदना तब एक अन्य पदार्थ हो जाएगा।

---

[1] पदार्थ की परिभाषा— यह वह अवस्था है जिसकी ओर मानसिक क्रिया गतिमान होती है।' इस प्रकार किसी पदार्थ का वस्तु होना आवश्यक नहीं है। जलपरियां यूनीकार्न एवं दो का 'वर्गमूल' ये सभी पदार्थ हैं—क्योंकि हम इनके सम्बन्ध में विचार कर सकते हैं। मीनोंग के गेजेंस्टैण्ड का अनुवाद कई बार एक्यूजेटिव के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

हम फिर स्पष्ट करना पड़ेगा कि मानसिक क्रिया, एक संवेदना, अथवा एक तस्वीर की ही ओर क्यों गतिशील है दूसरे पदार्थों की ओर क्यों नहीं ? विषयवस्तु की इससे अधिक स्पष्ट परिभाषा कदाचित् न हो सके कि वह मानसिक क्रिया की एक ऐसी विशेषावस्था है जो उस अमुक अमुक पदार्थ की ओर संकेत करने में सहायता देती है। मीनोंग का मत है कि ऐसी विषयवस्तु का पता लगा लेना टेढ़ी खीर है। लेकिन फिर भी बहुत प्रयास करने पर यह संभव हो सकता है। मुश्किल हमारे सामने उसी समय आती है, जब हमारा ध्यान मानसिक क्रिया की ओर न हो कर पदार्थ की ओर हो जाता है, और कुछ इसलिए भी कि हम सदैव ही ऐसे समय किसी विशिष्ट वस्तु की खोज में लग जाते हैं जैसे विषयवस्तु यह पहचाने बिना ही कि विषयवस्तु तो मानसिक क्रिया के दौरान प्रकटी एक विशेष अवस्था है।

मीनोंग के लिए इस धारणा का महत्व यही था कि इसने पूर्णतः नवीन दार्शनिक चिंतन की एक दिशा खोल दी थी। और यह दिशा थी पदार्थ सिद्धान्त' जिसे किसी भी प्रकृति विज्ञान के अन्दर समाहित नहीं किया जा सकता—तो भी वह किसी भी तरह से अनुभव शून्य और तत्त्ववादी नहीं है। इस नए दार्शनिक चिंतन को खोज निकालने का प्रयास जिनमें पदार्थ सिद्धान्त' संघटनवाद 'विश्लेषण' तार्किक भाषा शब्दार्थ विज्ञान (सिमैन्टिक्स) आदि हैं बीसवीं शती के दर्शन के मूलभूत अंग रहे हैं। इसका कारण ढूँढ लेना मुश्किल नहीं है। सामाजिक विज्ञानों के स्वतन्त्र रूप से विकसित हो जाने के फलस्वरूप अब दार्शनिक न तो मनोविज्ञान, और न राजनीति सिद्धान्त अथवा समाजशास्त्र पर ही अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते थे और अपने निष्कर्षों को दार्शनिक कह कर विभूषित कर सकते थे। दूसरी ओर बहुत कम दार्शनिक, मैक्टैगर्ट के ज्वलंत अपवाद को छोड़कर यह स्वीकार करने को तैयार थे कि एक अनुभवेतर तत्वदर्शन की रचना करना ही उनका मुख्य कर्म था। अब तो लगने लगा था, कि दर्शन' का लोप होने वाला है। जैसा कि अधिकाधिक दार्शनिक यह विश्वास करने लगे थे कि सारा ज्ञान अनुभवजन्य है और तब क्या इससे यह अर्थ नहीं निकलता कि ज्ञान के सम्पूर्ण क्षेत्र का विभाजन विभिन्न प्रकार के प्रकृतिविज्ञानों को सौंपकर कर दिया जाना चाहिए ! इस तरह दार्शनिक प्रतिभाओं के संरक्षण की समस्या खड़ी हो गई और उनके लिए एक ऐसा क्षेत्र खोजा जाने लगा जो अनुभववादी हो ताकि तत्त्ववादियों के विरोधियों में भी अपना स्थान वे प्राप्त कर सकें और दूसरी ओर उनके उस चिंतनात्मक तकनीक की रक्षा हो सके जो दर्शन का मूल आधार रहा है और उन्हें प्रयोगशाला के तकनीक अपनाने की आवश्यकता न पड़े। पदार्थ सिद्धान्त इस नई माँग को संतुष्ट करने का प्रयास था। आखिरकार मनोविज्ञान की विवरणात्मक शाखा तो दर्शन शास्त्र नहीं था। इसकी खोज का अपना एक अलग क्षेत्र था–पदार्थ सिद्धान्त'।

मीनोग का कथन है कि कुछ पदाथ ही–केवल कुछ ही पदाथ–अस्तित्ववान हैं। उदाहरणाथ हरी पत्ती इस तरह अस्तित्वमान हैं। कुछ पदाथ अस्तित्व म न होते हुए भी सत्य है–उदाहरणाथ लाल और हरे का भेद ऐसा ही वास्तविक' भेद है किन्तु यह उस रूप म अस्तित्वशील नही है जिस रूप म एक लाल पुस्तक" एव 'लाल पत्ती का भेद अस्तित्व म है। कोई भी ऐस पदाथ जिनका अपने अस्तित्वो के कारण पारस्परिक सबध है और जो अधिक सूक्ष्म है वे अस्तित्ववन हैं, ऐसा कहना बहुत कठिन है और न ग्गे का अक ही अस्तित्व मे है यद्यपि वह सत्य ता है ही। इस तरह के वास्तविक पदाथ जो अस्तित्व की परिभाषा क अतगत नही लिए जा सकत कवल मात्र हैं (सबसिस्टिग) यहा कहा जाना चाहिए।

अस्तित्वशील एव भावशील (सबसिस्टेन्ट) के जरिए पदाथ के इस विभाजन मात्र स पदाथसबधी व्याख्या की समावनाए टूट नही जाती हैं क्योकि कुछ पदाथ उदाहरण क लिए गोल वर्गाकार, न तो अस्तित्वशील है और न भावशील। व होने के बाहर के क्षेत्र म हैं–[1] किन्तु व पदाथ तो हैं ही यह तो वास्तविक के पक्ष म हमारा पूर्वाग्रह है, जो हम गलत रूप से यह सोचने को प्रेरित करता है कि

---

[1] इन पदार्थों के स्तर का वणन करने का मीनोग का तरीका समय समय पर बदलता रहा। (बकौल फिडल की पूर्वोक्त कृति के) इस पर ब्रन्टानो की टिप्पणी के लिए द्रष्टव्य वानदर क्लासिफिकेशन के परिशिष्ट तथा द आब्जेक्टस आव थाटस" का मरणोपरान्त प्रकाशित पूरक लख। य दोनो साइकोलोजी के 1924–8 के सस्करण में सकलित हैं। ब्रेन्टानो क अनुसार हमार मस्तिष्क क सामन एसा कोई पदाथ नही रहता जिसमे अनस्तित्व का गुण हो। जब हम एक गोलाकार वग' के बारे म सोचते हैं तो कोई पदाथ हमारे चितन म नही आता, ऐसी स्थिति म केवल चितनशील मस्तिष्क ही वहा है पदाथ नही। इस प्रकार वे अपना यह पुराना दृष्टिकोण यो परिवर्तित करने को बाध्य हो जाते हैं जिसके अनुसार वे मानते थे कि चितन की क्रिया सदा किसी पदाथ क सम्बध को बताती है। यह परिवतन इसलिए जरूरी हुआ कि अन्यथा इसका अथ यह होता कि वहा कोई न कोई पदाथ अवश्य होना चाहिए। अब वे यह कहत हैं कि पदाथ का मस्तिष्क के साथ एक अधूरा सम्बन्ध होता है। इसस व यह बतलाना चाहत हैं कि कुछ मामलों म सिवाय मस्तिष्क के और कुछ मौजूद नही रहता। परन्तु ब्रेन्टानो क आलोचक कहते हैं कि उन्होन अधूरा सम्बन्ध इसलिए गढा है कि व दोनो विश्वो को इसम ले आयें, यह मान भी लें और न भी मानें कि मस्तिष्क और उसक पदार्थों म कोई भेद है। इसके द्वारा कार्टेजियन अन्तसिद्धात कि जिस पदाथ की स्वतन्त्र सत्ता है, और जो केवल मस्तिष्क म ही विद्यमान हैं, य दोनो अलग अलग हैं भी सिद्ध हो जाता है जिसे आधुनिक वस्तुनिष्ठावाद टालना चाहता है।

सभी पदार्थ उसी तरह वास्तविक होने चाहिए जिस तरह हरी पत्ती वास्तविक है। एक बार हम अपना यह पूर्वाग्रह दार्शनिक मन के अनुपयुक्त मानकर त्याग दें तो जाँच पड़ताल का एक विस्तृत क्षेत्र जिसमें पदार्थों के स्वरूप और उनकी विभिन्न वृत्तियों को जानने का मार्ग हमारे समक्ष चिरप्रतीक्षित भूमि की भाँति खुला हो जाएगा।

पदार्थों में व्याप्त भेदों में से एक भेद विशेष महत्व का है। यह भेद उन पदार्थों को व्यक्त करता है जो या तो वस्तुमूलक (आब्जेक्टिव) है या अवस्तुमूलक। सुविधा के लिए ऐसे पदार्थों को जिनका कोई आधार नहीं है, हम पदार्थ मात्र' की संज्ञा देते हैं। किन्तु एक पदार्थ मात्र जैसे एक सुनहरा पहाड़' अस्तित्वशील हो भी सकता है और नहीं भी किन्तु इसके संबंध में यह कहना निरी बकवास होगी कि आया वह स्थिति या एक तथ्य' है, अथवा नहीं। इसके विपरीत एक वस्तुमूलक पदार्थ जैसे 'सुनहरे पहाड़ों का अस्तित्व' का, अनुभूति के जरिए होना सिद्ध नहीं किया जा सकता, यद्यपि एक सूक्ष्म पदार्थ होने के कारण वह भावशील तो है ही। किन्तु तब भी वह या तो एक तथ्य है अथवा नहीं।

किसी 'वस्तु मूलक' की प्रकृति उस समय बड़ी सरलता से देखी जा सकती है जब हम उस पर किसी वाक्य के अर्थ के रूप में विचार करें न कि केवल उसके अभिधार्थ रूप में ही और न उस मानसिक क्रिया के रूप में जिसमें से वह प्रकटा है बल्कि यह देखकर भी कि वह क्या अर्थ व्यक्त करता है। यदि अब हम पूछें 'एक सुनहरा पहाड़ अस्तित्वशील नहीं है' यह वाक्य किस विषय के बारे में है? तो संभवतया इसका सबसे सुलभ उत्तर सुनहरा पर्वत' ही होगा और मीनोंग के मतानुसार, यह उत्तर समझ में आने योग्य तो है ही। और चूँकि यह बोधगम्य है, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं, कि पदार्थ मात्र भी होते हैं। और वे यही हैं, जिन्हें वाक्यों अथवा शब्दों द्वारा मूर्त रूप मिल रहा है। लेकिन इस तरह यह तथ्य प्रकट नहीं होगा कि सुनहरा पहाड़' और सुनहरा पहाड़ अस्तित्वशील नहीं है,' में क्या अन्तर है? यह भेद मालूम करने के लिए हम यह मानने के लिए विवश होना पड़ेगा कि हमारा उपर्युक्त वाक्य सुनहरे पहाड़ों' के न होने के विषय में ही है, केवल उनके होने के विषय में ही नहीं है। और इस तरह हमें वस्तुमूलकों से पदार्थ मात्र का अन्तर करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

यही बात दूसरे ढंग से भी कही जा सकती है—कि वस्तुमूलक हमारे निर्णय के उपकरण हैं, किन्तु बात पूर्णतः खरी (एक्यूरेट) नहीं है। क्योंकि हम बिना निर्णय के ही एक वस्तुमूलक के विषय में सोच सकते हैं। हम उसकी कल्पना कर सकते हैं। उसे अस्तित्वशील मानकर उस पर विचार कर सकते हैं—बिना उसे स्वीकृति या अस्वीकृति दिए। जबकि निर्णय करते समय ऐसा करना सम्भव नहीं।

मैं यह मान सकता [illegible] कि हिटलर अभी तक भी जीवित है। उसके जीवित होने के सम्बन्ध मे विचार कर सकता हू बिना यह स्वीकार, या अस्वीकार किये, कि वह वास्तव म जीवित है या नही। एक जीवित हिटलर के अस्तित्व का वस्तुमूलक उसी प्रकार होगा, जैसा उस समय होता जब मैं हिटलर के जीवित होने के बारे म कोई निर्णय देता। किन्तु यहा मानसिक क्रिया केवल इस बात को मान लेने से प्रारम्भ हुई है। यह कोई निर्णय' नही है। एक मान्यता (दे १९०२ म प्रकाशित निबंध ऑन सपोजल्स) निर्णय और बोधगम्यता के बीच की स्थिति है। एक प्रतिनिधिकरण की भाति यह न तो कुछ स्वीकार करता है और न कुछ अस्वीकार और निर्णय की तरह यह एक वस्तुमूलक की ओर गतिशील है।

वस्तुमूलक को इस प्रकार वर्णित करके हम बहुत तरह के प्रश्न पूछ सकते है। मीनोंग की दृष्टि मे मूल प्रश्न यह है कि यह तथ्य है अथवा नही। हम सबसे ऊपर जिस बात का ज्ञान हासिल करना चाहते है, वह यही है कि क्या यह एक तथ्य है कि हिटलर जीवित है ? किन्तु इसके अतिरिक्त हम इसके साथ ही यह भी तो पूछ सकते हैं कि यह अवस्था आवश्यक सम्भाव्य या सभव भी है अथवा नही? ये ही वस्तुमूलक के अग है, उस मानसिक क्रिया के नही—जो उस सम्बन्ध म लागू हुई है। यह कहना कि जीवित हिटलर का अस्तित्व एक सभावना है उस वस्तुमूलक के ही किसी अग की ओर सकेत करता है। उदाहरण के लिए इसका केवल यही अर्थ नही है कि हम उसके मर जाने' के प्रति सदेह है। वस्तुमूलक भी या तो सत्य अथवा दोषपूर्ण होते है।

सत्य मीनोंग की दृष्टि मे तथ्यात्मकता से दूसरे दर्जे पर है। सत्य म दो तरह के सदम होते है—पहला वस्तु मूलक की तथ्यात्मकता का दूसरा उसमे यह तथ्य है, कि किसी न किसी ने प्रस्तुत वस्तु मूलक के तथ्यात्मक होने को प्रमाणीकृत कर दिया है। एक वस्तुमूलक या तो तथ्यात्मक अथवा अतथ्यात्मक होता है और जब तक उसे वैसा सिद्ध नही कर दिया जाए तब तक उसका सत्य होना भी सिद्ध नही होता। यह एक तथ्य भी हो सकता है और नही भी कि हिटलर जीवित है। और इसका उस प्रश्न से कोई सरोकार नही, कि किसी ने हिटलर के जीवित होने को सिद्ध किया है या नही। किन्तु यह कहना कि उसका जीवित होना सत्य है यह सिद्ध करेगा कि किसी न किसी ने अवश्य ही हिटलर को जीवित देखा है क्योंकि सत्य उतने ही समय तक रहेगा जिस समय तक मानव जाति जीवित रहेगी जबकि तथ्य इस प्रकार मानवजाति के आधार के मुह जोही नही है। ऐसी बहुत सी बातें जिन्हे दार्शनिकों ने शाश्वत सत्य मानकर कही हैं वे सब तथ्यो के विषय मे कही हुई बातें ही है।

तब हम किस प्रकार एक वस्तु मूलक की तथ्यात्मकता की पहचान करेंगे ? मीनोंग का उत्तर है कि हमारे कुछ निर्णय एक विचित्र प्रकार के होते हैं और ये

गवाह अथवा साक्षी" प्रस्तुत करते हैं। ये निर्णय उन वस्तु मूलकों की ओर निर्देशित कर दिए जाते हैं, जो तथ्यात्मक होते हैं। गवाह निर्णय का मूलभूत अंग है। देकार्ट के विशदता एवं एकपरकता (डिस्टिंक्टनेस) के सिद्धान्त से वे काफी मेल खाते हैं। मीनोंग यह नहीं कहना चाहते कि वस्तु-मूलक उसी समय तथ्यात्मक होते हैं, जब सामान्यतया उनके गवाह हमारे पास हों। ऐसे गवाह, किन्हीं अन्य तथ्यों की ओर इंगित करेंगे और फिर यह प्रश्न बना रहेगा कि हमने यह कैसे जाना कि वे तथ्य हैं। यह बाधा उस समय हटाई जा सकेगी, जब हमारे कुछ निर्णय अपने आप ही साक्षी भी प्रस्तुत करें।

मीनोंग के दृष्टिकोण के विषय में, इस संबंध में तो काफी कहा जा चुका है कि किस प्रकार उनकी विचारधारा ने ब्रितानी दार्शनिकों का ध्यान आकर्षित किया चाहे यहाँ उनकी सूक्ष्मता एवं अन्तरंग दृष्टि के प्रति हम न्याय न कर सके हों। पहले स्थान पर उनके द्वारा तथ्यों, वस्तुओं, अंशों, समष्टियों, संबंधसूचकों, भाव भेदों आदि की वस्तु मूलकता बड़े ही अच्छे ढंग से मीनोंग द्वारा चर्चित हुई है। इनमें किसी को भी मन का अंग नहीं माना गया है, जो इनका विचार करता है और उन्हें स्वीकृति देता है। लेकिन दूसरे स्थान पर तो यह वस्तुपरकता बड़ी कीमत देकर कायम रखी गई है। ऐसा लगता है यह ब्रह्माण्ड विभिन्न निर्मायिका शक्तियों द्वारा बना है और उनमें विचित्रतम धातुएँ हैं। उदाहरण के लिए यह इस तथ्य को अपने में समाहित करता है, कि 'सुनहरे पहाड़" सुनहरे होते हैं। और इसके साथ ही यह तथ्य कि वे अनस्तित्वशील हैं उसी तथ्य के समान कि मनुष्य मरणशील हैं। इसके कुछ मूलभूत तो अस्तित्वशील है किन्तु वे बिना अस्तित्व के ही सत्य हैं और कुछ अन्य ऐसे हैं जो न अस्तित्वशील ही हैं और न सत्य ही। दार्शनिक लोग यह पूछते हैं कि क्या यह संभव था कि आत्मपरकता को इन विचित्र और अविश्वसनीय परिणामों पर पहुँचने के पूर्व ही खण्डित किया जा सके ?

जिसे हम निर्णय का सामान्य सिद्धान्त कह सकते हैं उसके अन्तर्गत कुछ ऐसे निर्णय आते हैं, जिन्हें वैयक्तिक मन के इतिहास की घटना समझी जाती है। ऐसे शब्द भी हैं जिनसे अभिव्यक्ति मिलती है और ऐसा एक संसार भी है जिसमें निर्णय या तो विचार उत्पन्न करते हैं या बाधा डालते हैं अथवा उन्हें एक साथ बाँध देते हैं। इसी अन्तिम बिन्दु पर प्रमुख विवाद खड़ा हुआ है किन्तु यह एक वस्तु मूलक मानसिक क्रिया ही है। न शब्दों का सम्मिलित रूप है और [illegible] आवश्यक रूप से एक तथ्य ही है। यदि एक ही उदाहरण लें जेम्स ने जिसके विरोध में तत्काल आवाज उठाई थी निश्चय ही सत्य किसी तीसरे जगत में निवास नहीं करता जो वास्तविकता, कथनों और विश्वासों से अलग कहीं हो।' (उन्होंने अपने एक साथी को लिखे पत्र में यह व्यक्त किया था) मैं चाहता हूँ कि तुम इस प्रकार की मान्यता (सपोजल) के भद्दे नारों को भूल जाओ जिन्हें तुम्हारे ऊपर मूक

मीनाग ने तथा उसके अ ग्रेजी अनुयायियो न डान रखा है। मीनाग क अग्रेजी अनुयायी इस प्रकार कहग कि कम से कम मीनोग ने ना महत्वपूरण और अवहलना-प्राप्त तथ्यो को प्रबल रूप म स्थापित किया है। हमारा विश्वाम काई मानसिक घटना नही है और चू कि यह सही अथवा गलत होसकता है यह एक सत्य नही है। लेकिन इसके साथ ही जेम्म द्वारा प्रस्तुत तीसरे जगत के विचार से वे भी बतरतीब ढग से नाराज हुए थे।

एडमण्ड हुसल[1] के सघटनवाद म भी ब्रे ण्टानो का प्रभाव देखा जा सकता है। किन्त इस सबध म कि उन पर वह प्रभाव किस तरह का रहा है आज भी लागो म परस्पर मतभेद है। अपने विद्यार्थी जीवन के दौरान जब व मसारिक और ब्रे ण्टानो क सरक्षण म काय कर रह थे उस समय भी उनका आवासस्थान जमनी था, आस्ट्रिया नही। और हम दखेग कि धीरे धीर व जमन प्रत्ययवादी परम्परा की ओर किस प्रकार लौटने लगे थे। उन पर आरम मे कुछ दिनो तक ब्रिटानी अनुभववाद का महत्वपूरण प्रभाव रहा था। हुसल की आरभिक रचनाओ म ब्रे ण्टानो का वह प्रभाव काफी स्पष्ट है।

मीनोग की ही भाति हुसल भी ब्रे ण्टाना द्वारा की गई मनोविनान की इस मोहयुक्त व्याख्या से असहमत थ कि वह सर्वोच्च विनान है। १८६१ मे प्रकाशित उनकी पहला महत्वपूरण कृति फिलोसोफी आव अरिथमेटिक मे उन्होने गणित के सूत्रो का मनोवैज्ञानिक सिद्धान्ता के जरिए उपयोग किए जा सकन की सभावना बताई है और उन्होने उनका सबध, तकशास्त्र मे तो समुचित ढग से जोड ही दिया है। लकिन उन्होन यह प्रोजक्ट शीघ्र ही त्याग दिया। 1900-1901 म प्रकाशित

---

[1] एम० फारबर कृत द फाउण्डेशन्स आव फिनोमेनोलोजी एडमण्ड हुसल एण्ड द क्वेस्ट फोर ए रिगरस फिलोसोफी (1943) एव 1940 मे सकलित फिलोसोफीकल ऐसेज इन मेमोरी आव एडमण्ड हुसल आर०आई०पी० का हुसल विशेषाक (1939) और उसम प्रस्तुत पुस्तक सूची जरनल आव फिलोसोफी मे प्रकाशित निबध (1939), नाआर्के द्वारा प्रस्तुत आइडोन का माइण्ड म प्रकाशित रिव्यू (1914), जी० रा ल एच० होजज एच० एकटन द्वारा पी० ए० एस० एस 1932 म प्रकाशित फिनोमेनोलोजी, डब्लू आर डी गिबसन कृत द प्रोबलेम आव रीयल एण्ड आइडियल इन फिनोमेनोलोजी आव हुसल मा ण्ड 1915) जे० मक स्टीवर्ट कृत हुसलस फिनोमेनालोजी ए० जे० पी० 1933-4, ए० चण्डलर कृत प्रोफसर हुसलस प्रोग्राम आव फिलोसोफीकल रिफोम (पी० आर० 1917), सी वी सलमन कृत द स्टार्टिग पोइण्ट आव हुसल्स फिलोसोफी (पी० ए० एस० 1929), पी० पी० आर० म 940 म प्रकाशित निबध ई० पी० वल्स कृत द फिलोसोफी आफ एडमण्ड हुसल (1939), एट्यूडस फिलोसोफीक्स नामक पत्रिका का हुसल विशेषाक (1954 ।

उनकी कृति लोजीकल इन्वेस्टीगेशन्स के प्रथम भाग में विद्यमान प्रोलेगोमेना टू प्योर लोजिक विशेष रूप से मनस्तत्त्ववाद के विरोध में एक सुनियोजित कृति है। उनकी इस कृति में तार्किक और गणित संबंधी निष्कर्षों को मनोवैज्ञानिक प्रमेयों पर खड़ा किया गया है।[1]

अब विशेषतः मिल को इस विघटन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। यह सब उनके द्वारा तर्कशास्त्र के लिए अपनायी गई मनोवैज्ञानिक दृष्टि ही थी, जिस पर हुसल अब प्रहार करते हैं—[2] अपनी पुस्तक सर विलियम हेमिल्टन्स फिलोसोफी

---

[1] जहा तक गणित का ताल्लुक है, इस प्रतिक्रिया में त्साइतश्रिफ्ट फ्यूर फिलोसाफी उन्द फिलोक्रिटिक (1894) में निकले फ्रेग के समीक्षण का भी हाथ था। फाबर ने माना है कि हुसल ने अपने आपको मनस्तत्त्ववाद से मुक्त करने में विलियम जेम्स से भी सहायता प्राप्त की। शायद जेम्स द्वारा द प्रिंसिपल्स ऑव साइकोलोजी में लिखे गए अध्याय 'नेससरी ट्रूथ्स' की ओर संकेत है, जिसमें मिल और स्पेन्सर के विपरीत जेम्स मानते हैं कि 'तर्कशास्त्र और गणित की मुख्य विषय-वस्तु है हमारे विचार के विषयों के बीच आदर्श एवम् आन्तरिक सम्बन्ध।' हुसल ने अक्सर मनस्तत्त्ववाद की नटॉप कृत आलोचना का हवाला भी दिया है, जो नेटॉप के द ऑब्जेक्टिव एण्ड सब्जेक्टिव फाउण्डेशन्स ऑव नॉलेज शीर्षक लेख में (फिलोसोफीश मोनातशेफ्ट 1887 में प्रकाशित) मिलती है। नेटॉप और हुसल में समानता के लिए द्रष्टव्य, फाबर की उपयुक्त कृति।

[2] जर्मनी में मनस्तत्त्ववाद के स्थापन का श्रेय जे. एफ. फ्राइज को दिया जाता है जिन्होंने न्यू क्रिटीक डर वर्नुफ्ट (1807) जैसी कृतियों में नवकान्तवाद की एक नई किस्म को जन्म दिया। इनमें 'क्रिटिक' पद्धति अनुभववादी मनोविज्ञान की ही प्रणाली मानी जाती है। यह प्रणाली इसकी जाँच करती है कि कौन से कथन आवश्यक हैं। (इस आवश्यकता का औचित्य सिद्ध करने की जरूरत नहीं है, ऐसा फ्राइज मानते हैं।) लियानार्ड नेल्सन के नेतृत्व में नव फ्राइजियन दल ने इस शताब्दी के प्रारम्भ में फ्राइज का पुनरुत्थान किया। (नेल्सन की कृतियों के आंशिक अंग्रेजी अनुवाद सोक्रेटिक मेथड एण्ड क्रिटिकल फिलोसोफी 1909 नाम से छपे हैं।) नेल्सन ने अपने ग्रन्थ ऑन द सो काल्ड प्राब्लेम ऑव नोलेज में मनस्तत्त्ववाद पर हुसल के आक्रमण का जवाब दिया। उनका तर्क है कि मनस्तत्त्ववाद के कथनों से हम आवश्यक कथनों को नहीं छाँट सकते किन्तु मनस्तत्त्ववादी जाँच द्वारा उन्हें जाँच अवश्य सकते हैं क्योंकि उनमें से बहुत से संज्ञान (काग्नीशन) के रूप में छिपे रहते हैं। मनस्तत्त्ववाद के विरुद्ध हुसल के तर्कों से ब्रेन्टानो भी सन्तुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा है— ज्योंही कोई दार्शनिक यह नाम सुनता है वह राम राम जपने लगता है गोया यह बात कोई भूत-बाधा हो। यदि मनस्तत्त्ववाद का अर्थ 'व्यक्तिनिष्ठावाद' (सब्जेक्टिविज्म) है तो इस भूतबाधा मानने को ब्रेन्टानो तैयार हैं, किन्तु वे मानते हैं कि ज्ञान एक निर्णय है और निर्णय मस्तिष्क के क्षेत्र की चीज है।' (मनस्तत्त्ववाद पर उनका निबन्ध उनकी कृति साइकोलोजी, 1911, के ग्यारहवें परिशिष्ट में देखें।

मे मिल न तकशास्त्र क विषय मे यह लिखा है कि जहा तक तकशास्त्र का एक विज्ञान होने का प्रश्न है निश्चय ही उसक लिए उसे सद्धान्तिक आधार, मनोविनान म उधार लेन होंगे। हुसल इस बात पर आपत्ति करते हैं कि मनोवनानिक नियम आगमनात्मक सामा यीकरण से अधिक कुछ नही है। यही बात काट ने क्रिटीक आव प्योर रीजन म पहले से ही अपने समय के मन –तकवाद की आलोचना करत समय लिख दी थी और इसी कारण, आगामी अनुभवो से सुधार लिए जाने का सभावना लिए रहते हैं जबकि तार्किक और गणित सबधी सिद्धान्त आवश्यक' हैं। उनका सत्य' होना आवश्यक है, और इसी कारण उ हे आगमन द्वारा प्राप्त प्रमेयो पर आधारित नही माना जा सकता। हुसल का नियसिवाद और उसके द्वारा तक शास्त्र के नियमो तथा गणित के मूलभूत सिद्धान्तो की सुरक्षा क उत्तरदायित्व न उ हे एक विशुद्ध तकशास्त्र की रचना करन की ओर प्रेरित किया, जो एक मात्र अनुभव सिद्ध अवस्था एव मनोवज्ञानिक प्रमेयो से मुक्त था और इस तरह दोषयुक्त होन के सभी खतरो मे सुरक्षित था।

इस तरह की योजना इससे पूव प्रतीकवादी तकशास्त्रियों द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी है। अपनी शिक्षा से हुसल एक गणित–शास्त्री थे और सभवत ऐसी आशा भी की जा सकती थी कि व उनस सहयोग करेंगे किन्तु वास्तव मे व नवीन तकशास्त्र क बडे आलोचक थे–और वह भी उस तकशास्त्र के जो आदर की रचनाओ म प्रदर्शित हुआ है। इस प्रकार का तकशास्त्र ऐसी धारणाओं स काम चला लता है, जि हे कभी भी परीक्षित नही किया गया है। काण्ट क मतानुसार तो इस प्रकार का दृष्टिकोण कोई स तोषप्रद आलोचना ही प्रस्तुत करने मे अनुपयुक्त है। यह अपनी ही काय प्रणाली के आधारभूत तत्वो की जाच भी नही करता। अधिक से अधिक यह हमे एक विशिष्ट मागदशक उपलब्ध करवा सकता है–जो हम एक विशिष्ट प्रकार की समस्या क विशिष्ट प्रकार के समाधान द सके। कि तु विशुद्ध तकशास्त्र को इससे भी आगे जाना आवश्यक है। यह तो प्रत्येक समा य आगमन को तथा प्रत्येक प्रकार की तार्किक युक्तियो को अपने मे समेट लेन वाला एक सिद्धान्त होना चाहिए। इस तरह यदि हुसल मिल के मनोविनान म ही तकशास्त्र का आधार खोजने की बात का विरोध करते हैं तो वह यह निष्कष लने क लिए कतई तैयार नही है कि तकशास्त्र एक स्वय पर्याप्त प्रणाली है जिसकी आधार भूमि उसकी आन्तरिम सगति ही है।

लौत्जे द्वारा प्रतिपादित तकशास्त्र का सिद्धा त उनकी विचारधारा एव रुचि के अनुकूल था। लोज का विचार था कि तकशास्त्र, विचार सम्ब धी एक आदश प्रस्तुत करता है और इस आदश मे प्रत्यक प्रकार की जाच पडताल किसी न किसी रूप मे लागू हो सकती है। इसी प्रकार हुसल विशुद्ध तकशास्त्र की परिभाषा आदश सिद्धान्तो की एक ऐसी वनानिक प्रणाली कहकर देते हैं जो विशुद्ध रूप

में उन मौलिक धारणाओं पर आधारित है, जो प्रत्येक *विज्ञान का अंग बन गई हैं।* ये ही वे धारणाएँ हैं जिनके कारण ही सामान्य रूप से आज विज्ञान को विज्ञान मानने की सुविधा हो सकी है। ये प्रत्येक प्रकार के तर्क में निहित हैं। इस तरह तर्कशास्त्र का न तो आगणन से ही उस प्रकार का तादात्म्य है जिस प्रकार प्रतीकवादी तर्कशास्त्र का है और न अनुभववादी विज्ञान की उस विवरणात्मक विधि से ही उसका कोई संबंध है, जिस से *आगमनात्मक तर्कशास्त्रियों का संबंध* रहा है।

प्रतीकवादी एवं आगमनात्मक तर्कशास्त्र का मूल्य अपने ही क्षेत्र में हो सकता है और उसी प्रकार विचार की प्रक्रिया में मनोवैज्ञानिक अध्ययन का भी महत्व हो सकता है लेकिन वे मुख्यतः तर्कशास्त्र के क्षेत्र से नहीं आते क्योंकि हुसल के अनुसार उनमें अपेक्षित निश्चयावस्था एवं सामान्यीकरण की स्थितियों का अभाव है।

एक विशुद्ध तर्कशास्त्र, संघटनात्मक विधि के उपयोग की मांग करता है। कई बार तो हुसल ने संघटनवाद को, विवरणात्मक मनःविज्ञान की संज्ञा दी है और उनका यह प्रयास कि वे इनके उपयुक्त कोई पद ढूंढ निकालेंगे हुसल और ब्रेण्टानो के बीच एक ऐतिहासिक कड़ी जोड़ने का काम करता है। लेकिन फिर भी उन दोनों में *एक बहुत बड़ा अंतर है। अपने एवं ब्रेण्टानो के बीच के अंतर को वे एक* विवरणात्मक मनोविज्ञान का भेद मानते हैं। ब्रेण्टानो के लिए विवरणात्मक मनोविज्ञान, केवल आनुभविक जांच पड़ताल है। इसके विपरीत, हुसल का संघटनवाद न तो प्रकृतिविज्ञान का आधार ही ग्रहण करता है और न वह यह विधि ही अपनाता है, क्योंकि उनके अनुसार न तो इस प्रकार की विधि से और न वैज्ञानिक दृष्टि से ही, विशुद्ध तर्कशास्त्र तक पहुंचना संभव है। क्योंकि ये अनुभव तथ्यों के अतिरिक्त किसी स्वतंत्र सिद्धान्त की संभावना को व्यक्त नहीं करते।

निश्चय ही इस प्रकार के विशुद्ध एवं अनुभव-निरपेक्ष (नान इम्पीरीकल) तर्कशास्त्र की संभावना अपने आप में ही चुनौती का विषय है। इस सिद्धान्त का खण्डन, उन ऐतिहासिकता में विश्वास करने वाले महानुभावों द्वारा हो चुका था जिनका कहना था कि कोई सत्य एक विशिष्ट कालावधि में मनुष्य द्वारा विश्वास के लिए स्वीकृत अवस्था के अतिरिक्त और कोई स्थिति है ही नहीं और हुसल द्वारा लिखित प्रोलेगोमेना टू लोजिक में इसीलिए ऐतिहासिकता अथवा सांस्कृतिक तारतम्य (कल्चरल रिलेटिविज्म) है। थियेटटस में प्लेटो की भांति हुसल यह कहते हैं कि इन तारताम्यवादियों के खण्डन का तरीका ही कुछ ऐसा है जिसमें पहले से ही अंतिम सत्यों के स्वीकार करने की ध्वनि आती है। यदि उनके ही सिद्धान्त को सामने रखा

जाए तो इन तारतम्यवादियों को इसे अन्तिम सत्य मानना ही पड़ेगा।[1]

इसके दूसरी ओर, अनुभववादी भी विशुद्ध तर्कशास्त्र के विचार का खण्डन करते हैं और उनको दिया गया हुसर्ल का उत्तर हमें उनके सिद्धान्त के मूल में ले जाता है। परम्परागत अनुभववाद की दृष्टि से हम सीधे रूप में केवल विशिष्ट अस्तित्वों से ही परिचित हो पाते हैं। इसलिए कोई भी सामान्य सिद्धान्त उन्हीं अनुभवों के आधार पर निर्मित होना चाहिए यदि उसे किसी भी भाँति अनुभव द्वारा दिए गए तथ्यों से कोई संबंध रखना है। एक अनुभव निरपेक्ष सिद्धान्त इस तरह केवल वैचारिक बुनावट के अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता। हुसर्ल केवल मात्र इस मान्यता का खण्डन करते हुए कहते हैं कि हम सीधे रूप से केवल विशिष्ट अस्तित्वों से ही परिचित हो पाते हैं। १९१३ में प्रकाशित अपनी पुस्तक आइडियाज फोर अ प्योर फिनोमेनोलोजी एण्ड फिनोमेनोलोजीकल फिलोसोफी में उन्होंने अपने दृष्टिकोण का साराश बताते हुए कहा है कि सत्य तो यह है कि प्रत्येक आदमी प्रत्ययों अथवा सारतत्वों (एसेंसेज) को देखने लग जाता है और निरंतर उन्हें देखता रहता है। ये प्रत्यय या सारतत्व उस समय भी उसके साथ लगे रहते हैं जब वह विचार कर रहा होता है और इस तरह ये लोग बिना सोचे समझे इन्हीं के आधार पर निर्णयों पर पहुँच जाते हैं। किन्तु सैद्धान्तिक दृष्टि से लोग ऐसी व्यवस्था से बचने की ही कोशिश करते हैं।

वे अपनी इस बात को ह्यूम की पुस्तक ट्रीटीज का उदाहरण देकर प्रस्तुत करते हैं। जब ह्यूम मानसिक क्रियाओं का श्रेणीकरण कर रहे होते हैं और उसके अन्तर्गत प्रत्यक्षीकरण, स्मरण करने एवं कल्पना करने की क्रियाओं की चर्चा करते हैं तो उस समय वे प्राकृतिक पदार्थों की अस्तित्वशील एवं अनस्तित्वशील अवस्था का सन्दर्भ ही नहीं देते केवल उसे उदाहरण के रूप में ही प्रस्तुत कर देते हैं। प्रत्यक्षीकरण क्रिया का विवरण वे प्रभाव ग्रहण करने जैसे पर्यायों से देते हैं 'भौतिक पदार्थों के अमुक अमुक गुणों का अनुभव" यह विवरण नहीं देना चाहते। इस तरह ह्यूम इस बात का संकेत दे देते हैं कि प्रत्येक प्रकृतिविज्ञान के निष्कर्षों से बचकर भी किस प्रकार सिद्धान्त बनाया जा सकता है। वे केवल देखने की क्रिया की

---

[1] सन्दर्भ जॉन वाइल्ड कृत निबन्ध हुसर्ल्स क्रिटीक आव साइकोलाजिज्म इट्स हिस्टोरिक रूट्स एण्ड कण्टेम्पोरेरी रेलेवेन्स (फिलोसोफीकल ऐसेज इन मेमोरी आव एडमण्ड हुसर्ल सम्पादक एम फोयर)। हुसर्ल के इन तर्कों का, जो सूक्ष्म एवं गहन हैं विस्तृत अध्ययन करने के लिए भी वह पुस्तक देखें। इसी से उनकी तुलना प्लेटो से की गई है। वाइल्ड समसामयिक अमरीकी यथार्थवादी विचारधारा के एक समुदाय के नेता हैं जो सारतत्वों एवं समष्टियों की व्याख्या में हुसर्ल का अनुसरण करते हैं। द्रष्टव्य द रिटर्न टू रीजन (1953–सम्पादक–वाइल्ड)

मूल प्रकृति अथवा उसके सारतत्वों (एसेंसेज) की ओर ही हमारा ध्यान खींच पाने में सफल होते हैं। इस सम्बन्ध में कोई भी परीक्षण और न कोई भौतिक दृष्टि ही उनकी इस विधि से कोई संगति रखती है जिसके जरिए संभवतः इसे सिद्ध अथवा खण्डित किया जा सके। ह्यूम इसका कदाचित यह जवाब दें कि वे एक भौतिक विज्ञानशास्त्री नहीं होकर मनोवैज्ञानिक हैं। लेकिन हुसर्ल का कथन है कि यदि हम उनके द्वारा अपनायी गई विधि पर गौर करें, तो हम पाएंगे कि वे किसी भी अनुभववादी मनोवैज्ञानिक की ही भांति न तो केस हिस्ट्री की ही जांच करते हैं और न तुलनात्मक पर्यवेक्षणों का संदर्भ ही प्रस्तुत करते हैं, न ह्यूम अन्तर्दर्शन (इन्ट्रोस्पेक्शन) में ही कभी उस तरह निरत होते हैं, जैसे एक अनुभववादी मनोवैज्ञानिक हुआ करता है। क्योंकि जब ह्यूम अपने ही मन की जांच करते हैं तो वे किसी साक्षी की खोज नहीं करते जिससे अनुभवजन्य सामान्यीकरण की जांच की जा सके और न यह उनका उद्देश्य ही है कि वह मानसिक क्रिया का एक विशिष्ट नमूना प्रस्तुत करें। उनका उद्देश्य तो प्रत्यक्षीकरण की क्रिया के सारतत्व का यथावत् ग्रहण करना है, न इससे कुछ ज्यादा, न कम। हुसर्ल यह भी स्वीकार करते हैं कि यह करने के लिए ह्यूम को कुछ विशिष्ट प्रत्यक्षीकरण की क्रियाओं पर विचार करना पड़ा था, किन्तु उस क्रिया से संबंधित विशिष्टता का कोई मेल उनकी चेतना से नहीं था। उनका ध्यान तो मूलतः उस क्रिया के दौरान प्रदर्शित हो जाने वाले सारतत्व में ही लगा रहा।[1]

इस पर भी यदि ह्यूम की इस तत्व संबंधी धारणा को सही मान लिया जाय कि हमारे सारे अनुभव विशिष्ट अवस्थाओं को लेकर ही होते हैं जैसे कि उन्होंने अपने ग्रंथ ट्रीटीज में स्थापित भी की है तो भी हुसर्ल के अनुसार उनकी प्रणाली दुर्बोध ही रहेगी। ह्यूम अपनी ही मान्यताओं के कारण इतने दृष्टिकोणहीन हो गए हैं कि वे जो कुछ करने जा रहे हैं, उसके फल को देख नहीं पाते। वे इस भ्रम के शिकार हो जाते हैं, कि वे एक अनुभववादी मनोवैज्ञानिक हैं, जबकि वास्तव में वे विशुद्ध रूप से मन के संघटनात्मक विश्लेषण में ही निरत रहते हैं और विभिन्न मानसिक क्रियाओं के सारतत्वों का सीधा अन्तःसाक्ष्य करते होते हैं। इसी तरह स्वयं ओढ़ी हुई दृष्टिहीनता ही दार्शनिकों को यह ज्ञान करने से वंचित रख देती है, कि जितनी बार भी वे अंकों का परीक्षण करते हैं, वे उन्हें सामान्य धारणाएं मानकर चलते हैं अनुभव से जानकर सामान्यीकृत करने की बात स्वीकार करके

---

[1] तुलना के लिए देखें, जी राईल द्वारा प्रस्तुत अपनी रचनाओं का विवरण, द कंसेप्ट आव माइण्ड (1949)। इसे धारणाओं की तार्किक भूमि निर्धारित करने का श्रेय दिया गया है। देखें, जी बर्जर द्वारा लिखित हुसर्ल एण्ड ह्यूम (आर० आई० पी० 1939) एवं सी० वी० सेलमन कृत द सेन्ट्रल प्रोब्लेम आव डेविड ह्यूम्स फिलोसोफी (1929)

नहीं और इसके अतिरिक्त भी दैनन्दिन जीवन का यह सामान्य अनुभव था, कि ये वस्तु लाल है—इस तरह की सामान्य गुणात्मकता के प्रति अन्त साक्ष्य का भाव रखता है जो उसका सारतत्व' होती है। प्रत्येक उल्लेखनीय दर्शन को तत्ववादी मान्यताओं से अपने को अलग कर लेना चाहिए। उसे तो सामने प्रस्तुत हुई स्थिति की ही जाँच पड़ताल करनी चाहिए और किसी भी भाँति सीधे रूप से प्राप्त हो सकने वाले सारतत्व संबंधी अनुभवों से उन तत्ववादी कल्पना में पड़कर मार्गान्तरित नहीं होना चाहिए। 'संघटनवादी" होने की यही पहली शर्त है कि उपयुक्त सतर्कता बरती जाए।[1]

हसर्ल की कृति लोजीकल इन्वेस्टीगेशन्स की रचना इस तरह पूर्व धारणाओं से रहित पूर्व वैज्ञानिक एवं संघटनवादी दृष्टि से हल निकाल लेने का प्रयास है। और चूँकि उपर्युक्त कृति, विशुद्ध रूप से तार्किक है इसलिए उसका प्रकृति विज्ञानों से पूर्व होना तथा उनका अनुसरण न करना जरूरी हो जाता है। ब्रेण्टानो के सिद्धान्त की भाँति उनकी ये जाँच पड़ताल भी काफी जटिल है और सूक्ष्म भी, विशदीकरण से भरपूर है। अपनी दार्शनिक शैली, विषय चुनने की क्रिया एवं सिद्धान्त-प्रकटन की क्षमता के कारण उन्होंने बीसवीं शताब्दी में प्रकाशने वाली ब्रितानी विचारधारा का जैसे एक प्रारूप दे दिया था। इसलिए उनकी विचारधारा के मूल बिन्दुओं का सार प्रस्तुत करना असम्भव है।

हसर्ल की रुचियों एवं उनके दृष्टिकोण को समझने के लिए हमें प्रारम्भ से उनकी इन रचनाओं का अध्ययन करना होगा। एक्सपेरिएन्स एण्ड मीनिंग यूनिवर्सल्स एण्ड एब्स्ट्रैक्शन, द अनालिसिस आव होल एण्ड पार्ट, द आइडिया आव ए प्योर ग्रामर[2] एवं एक्सपीरिएन्स एण्ड कण्टेण्ट आदि।

हमेशा की भाँति उनका मूल उद्देश्य यह प्रकट करना था कि अनुभववाद असमीचीन है। वे कथन के दो रूपों का इस प्रकार विभाजन करते हैं—किसी व्यक्ति विशेष के जीवन घटना से संबंधित कथन तथा वह आशय जो कोई व्यक्ति किसी कथन के माध्यम से व्यक्त करना चाहता है, इस पर भी यह संभावना तो रहती ही है कि दो व्यक्ति एक ही आशय का कथन व्यक्त करें—उस समय उनमें फर्क केवल शब्दों पर दिए गए बल उच्चारण की उसकी विधि और आवाज के भारीपन

---

[1] सर्वप्रथम उनका प्रकाशन 1901 में हुआ था। लेकिन हसर्ल ने आंशिक रूप से 1913 में उसे दुबारा लिखा था, ताकि उनकी बाद की विचारधारा से भी वे मेल खा सकें। इस पुस्तक के पश्चात् उनकी धारणाओं में और भी विकास होता रहा है।

[2] इस बात का विटिंगस्टीन पर शायद कुछ प्रभाव पड़ा हो कम से कम तार्किक व्याकरण का विचार तो इसमें प्रचलित ही था।

आदि से सबधित हो सकता है। यहा आकर हुसल पूछते हैं कि क्या अनुभववादी इस बात का स्पष्टीकरण दे सकते हैं कि किस प्रकार दो कथन अपने आशय म एक ही भाव प्रस्तुत कर सकते हैं? अपने सामान्य नामकरण के सिद्धात पर कदाचित् अनुभववादी को यह कहना पडे कि आशयो का तादात्म्य कदाचित् इसके कारण प्रस्तुत हुआ है कि दोनो कथन कुछ अशो मे एक जसे ही हैं, लकिन हुसल आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहते है कि यदि हम समानताए ढूढने लगें तो इन प्रस्तुत कथनो म केवल स्वराघातो म ही समानता मिलगी और यह समानता दो कथनो के बीच रही विशेष घटना क कारण ही सभव है। हम किसी भी प्रकार तार्किक रूप से एक सूत्र क बाद दूसरे सूत्र के जरिए कभी भी इन दो कथनों की तुलना स प्राप्त समान आशयो तक पहुच पाने म असमथ हो जाएगे। बस केवल उनके कहे जाने की समानता के अतिरिक्त हम और क्या पाएगे?

हुसल का कहना है कि किसी कथन का अथ समझने के लिए सीधी अत दृष्टि होनी चाहिए और इससे यही अथ निकलता है कि अथ अथवा आशय' एक ऐसी अवस्था है, जिसके विषय मे विशेष अनुभवो से उत्पन्न ज्ञान को ही मूल आधार मानने वाले अनुभववादी कोई स्पष्टीकरण नही दे सकते। तो भी विज्ञान के लिए सार्थकता का होना आवश्यक है। इसलिए एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर आकर अनुभववाद रुक जाता है। (यह एक निष्कष था जिसके विरुद्ध बहुत से हुसल क अनुयायी भी विवाद करते रहे थे। "तार्किक वस्तुस्थितिवादी" विचारकों ने तो इस प्रकार के निष्कष के विरोध का बीडा उठा लिया था और उसका उत्तर उन्होंने अनुभववादी आशय के सिद्धात का विकास करके दिया।)

आशय' के अपने विश्लेषण स हुसल यह निष्कष निकालते हैं, जिसे वे बाद तक कायम रखना चाहते रहे कि तक अतदृष्टि पर आधारित है मनस्तत्ववादियों की तरह अनुभवजन्य सामान्यीकरण पर नहीं। क्योकि तक का सबध कथनो के आशय स अधिक है। केवल मात्र व्यक्तिगत रूप स कह दिये गये निरथक कथनों म नही। दूसरे शब्दो म बोल्जानो[1] के अनुसार यह तककथनो (प्रोपोजीशन्स) का

---

[1] बी० बोलजानो एक पादरी थे और प्रेग म धमदशन के व्याख्याता थे। 1819 म उन्हें राजनीतिक कारणो स वहा स पदच्युत कर दिया गया किन्तु इनका सबसे महत्त्वपूण काय तकशास्त्र एव गणित दशन पर हुआ है। इग्लण्ड में वे अपनी कृति द पराडोक्सेज आव इनफिनिट (1851 म मरणोपरान्त प्रकाशित) के कारण काफी विख्यात रहे। रसेल न भी कई बार द प्रिंसिपल्स आव मैथेमेटिक्स म इसका सन्दभ प्रस्तुत किया है। किन्तु 1837 म प्रकाशित उनकी कृति विसेन्स चेफ्टसलेहर म तकशास्त्र सम्बन्धी उनका योगदान महत्त्वपूण है, और हुसल ने भी इसी कारण उन्हें सवश्रेष्ठ तकशास्त्रियों म स एक माना है। इस पुस्तक म बोलजानो ने, हुसल की ही भांति विशुद्ध तकशास्त्र की स्थापना करने का प्रयास किया है

सिद्धान्त है और उन विभिन्न कथनो एव निणयो को परस्पर जोड देता है, जिन्हे हम 'समानार्थक' मानते हैं। हम इस समय हुसल से पूछ सकते है कि यह 'तक, कथन' (प्रोपोजीशन) कहा विद्यमान है ? उनका उत्तर है कि यह प्रश्न निरथक है उसी प्रकार, जिस प्रकार कोई पूछे कि 'लालिमा' कहा है ? तक-कथन और समष्टिया कोई भावतत्व नही हैं जो वस्तुओ की भाति यहा वहा विद्यमान रहे। वे तो भावतत्वो के सगुम्फन मात्र है और सारतत्वो का सगृहीत रूप हैं। वे तो लाल वस्तुओ की ललाई है, और कथनो मे से तककथन है। इस विषय के तथ्य यही हैं कि हमे इनका सीधा अनुभव होता है। एक ऐसा अनुभव जो शेष अनुभवो की अपेक्षा एक विचित्र रूप से स्वत प्रमाण है।[1] इस प्रकार के सारतत्वो से सम्बन्धित अन्त साक्ष्य के समय हम एक ऐसे निश्चय पर पहुच जाते हैं, जिसे प्राप्त करना अपने दोषपूर्ण सामान्यीकरणो द्वारा किसी भी अनुभववादी के लिए सम्भव नही है। इस

और उसे मनोवैज्ञानिक पूर्वाग्रहो से भी मुक्त माना है। तकशास्त्र उनके अनुसार तककथनो का सिद्धान्त है और तककथन की परिभाषा ऐसे कथन से की गई है जो यह बताए कि अमुक वस्तु है या नही चाहे वह सत्य हो अथवा असत्य और इसी रूप मे किसी विचार अथवा मस्तिष्क मे प्रविष्ट हो जाए।

इस प्रकार एक तककथन न तो शब्दो का समूह है और न एक विचार ही। और तकशास्त्र तो बिल्कुल ही उस परम्परागत परिभाषा से निकल चुका था जिसने उसे विचारो का विज्ञान कहा है। तककथन इस तरह सामान्य कथनो से स्वतन्त्र है लेकिन फिर भी वे कथनो के आशय को व्यक्त करते हैं। मीनोग के वस्तुमूलको (आब्जेक्टिव्स) से उनका नजदीक का साम्य दिखता है। पेराडोक्सेज आव द इनफिनिट के अंग्रेजी अनुवाद की ऐतिहासिक भूमिका दशन योग्य है। (1950) पी० आर० 1944 मे प्रकाशित एच० आर० स्मार्ट कृत बोल्जानो ज लोजिक द्रष्टव्य है। वाई बारहिलल कृत बोल्जानो ज प्रोपोजीशनल लोजिक आक० फर० मथेमेटीकल लोजिक 1952) एव बोल्जानो ज डफीनीशन आव एनालिटिकल प्रोपोजीशन्स (मैथेडोस 1950)। हुसल और बोल्जानो के लिए देखें कारबर की उपयुक्त कृति एव एच० फेल्स कृत बोल्जानो एण्ड हुसल (फलोस जेहर बुच डेर गोरेशजसेल स्चेफ 1926)

[1] विशिष्ट टिप्पणियो एव ग्रन्थियो के लिए देखें स्पीगेलबग कृत फिनोमेनोलोजी आव डाइरेक्ट ऐवीडेन्स (पी० पी० आर० 1941) तुलनीय, मीनोग द्वारा प्रस्तुत ऐवीडेन्स (साक्ष्य) एव ब्रेन्टानो द्वारा प्रस्तुत प्रत्यक्षीकरण (परसेप्शन) के सिद्धान्त। प्लेटो एव कार्टेजियन परम्परा मे चर्चित हुए अस्तित्व एव सारतत्वो मे हुए अन्तर की बात भी उल्लेखनीय है। अभी हाल ही मे लोजे ने अपनी कृति लाजिक मे तात्कालिक निश्चिति के विचार को जिसे चाहे अन्त साक्ष्य कहे अथवा और कुछ अस्तित्व मे अवश्य ही है।

तरह विशुद्ध तर्कशास्त्र की आवश्यकता को हम महसूस कर सकते हैं, जिसका काम जाँच पड़ताल के लिए आवश्यक आधारभूत सारतत्वों की परिपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करना है।

उनके द्वारा लिखित लोजिकल इन्वेस्टीगेशन्स एवं विशेषकर प्रोलेगोमेना टू लोजिक ने ही बहुत से एंग्लो सेक्सन दार्शनिकों के लिए हुसर्ल का सही प्रतिनिधित्व किया है। अपेक्षाकृत बहुत कम विज्ञानी दार्शनिक आगे आने वाले अन्धकार युक्त मार्ग में हुसर्ल का अनुसरण करने को तैयार थे, यद्यपि जर्मनी संयुक्त राज्य अमरीका एवं दक्षिणी अमरीका में उनकी विचारधारा का काफी प्रभाव पड़ा था।

इसके बावजूद भी हुसर्ल का विचार था, कि लोजीकल इन्वेस्टीगेशन्स में प्रस्तुत विचारधारा अपने आप में अस्थायी थी। जब सर्वप्रथम इसका प्रकाशन हुआ था, तो नवकाण्टवादी विचारक नेटॉप ने उस पर यह टिप्पणी की थी (काण्ट स्टडीयन 1901) कि हुसर्ल ने साधारण जगत की स्थिति को बिल्कुल अन्धकार में रख दिया है और सारतत्वों से उसका क्या संबंध था यह भी स्पष्ट नहीं किया है। और यदि वह उनका स्पष्टीकरण करेंगे तो निश्चय ही उन्हें काण्ट-सदृश तत्वदर्शन अपनाना पड़ेगा। हुसर्ल इस टिप्पणी से सहमत थे किन्तु तत्वदर्शन की एवज में वे पारवर्ती संघटनवाद (ट्रान्सेन्डेन्टल फिनामेनोलाजी) और एक ऐसे समष्टि दर्शन को अपनाना चाहते हैं जो सभी विज्ञानों को अपनी विधि में सुधार करने के लिए मसाला तैयार करके दे सकें। यह बात उन्होंने एन्साइक्लोपेडिया ब्रिटानिका (चौदहवां संस्करण, 1929) में लिखे संघटनवाद पर अपने निबन्ध में व्यक्त की है।

हुसर्ल की रुचि के प्रतिकूल लोजिकल इन्वेस्टीगेशन्स की आवश्यकता से अधिक अनुभववादी रचना हो गई थी। वे अभी भी एक विशुद्ध दर्शन की स्थापना के संबंध में संतुष्ट नहीं हो पाए थे। अब तक अपने द्वारा अपनायी गयी ह्यूमवादी प्रणाली के आगे जाना अब परमावश्यक हो गया था। यद्यपि उन्होंने पहले ही ह्यूम के इस सिद्धान्त को त्याग दिया था, कि यूनिवर्सल अथवा सारतत्व, अनुभवों से प्राप्त सामान्यीकरण ही हैं। उनका दर्शन फिर भी अनुभववादी ही था, क्योंकि वे अनुभव को उसके यथावत् रूप में स्वीकृति देना चाहते थे और उसी के आधार पर उन अनुभवों में निहित तार्किक आकार की खोज करते थे। उनकी इच्छा यही थी कि वे, अपने द्वारा अपनायी गई प्रणाली का औचित्य यह दिखाकर प्रस्तुत करें कि वस्तुओं को उसी रूप से स्वीकार करना, जैसी वे हमारी चेतना में प्रस्तुत होती हैं, उन्हें अपने वास्तविक रूप में देखना ही है।

जर्मनी प्रत्ययवादी परम्परा में वे एक परमात्मा की खोज करना चाहते थे, जो सभी आलोचना से परे हो और जिस पर हमारा सम्पूर्ण ज्ञान आधारित रह सके।

इसके लिए उन्होंने देकार्त की विचारधारा से सहायता प्राप्त करनी चाही और विशेष रूप से कोर्टेजियन 'सन्देह की प्रणाली' को स्वीकृति दी।[1] मेडीटेशन्स में देकार्त ने बाह्य जगत की उन सभी अवस्थाओं पर सन्देह व्यक्त किया है, जिन पर सन्देह किया जा सकता है और अन्त में वे एक ऐसे सन्देहहीन स्थल पर पहुँचना चाहते थे, जो सन्देहातीत हो। 1913 में आइडियाज़ में प्रवर्तित की गयी हुसर्ल की 'कोष्ठ विधि' (मेथड ऑव ब्रैकेटिंग में) इसी पैटर्न का अनुसरण किया है। वे इस वास्तविक जगत को कोष्ठक में डालकर विचार प्रारम्भ करते हैं। वे वास्तव में उस पर सन्देह नहीं करते, केवल कार्टेजियन तरीके से अपने निर्णय का स्थगन कर देते हैं। यह कदम उठाकर वे प्राकृतिक पदार्थों का अध्ययन प्रस्तुत करने वाले प्रत्येक विज्ञानको, भौतिकी एवं रसायनशास्त्र को तो स्वतः ही स्थगित कर देते हैं। साथ ही साथ वे मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र को भी इसलिए स्थगित कर देते हैं क्योंकि वे मनुष्य को एक प्राकृतिक पदार्थ ही मानते हैं।

इतने व्यापक रूप से कोष्ठकीकरण करना, जिससे कोई वस्तु मुक्त न रहे आपत्ति का कारण बन सकता है। यदि ऐसा ही होता, तो प्रकृति विज्ञान ही अन्तिम होते। इनके मिथ्यात्व पर विचार करना ही असम्भव होता और इसीलिए इनके सिद्धान्तों को किसी अधिक निश्चयात्मक आधार या सहायता की अपेक्षा नहीं होती। किन्तु वास्तव में हुसर्ल का मत यह है कि चेतना का अपना एक स्वत्व (बीग) होता है जो अपनी परम विचित्रता के कारण संघटनवादी संबंधों में असम्पृक्त है। देकार्त की भाँति वे यह विचार लेते हैं कि चेतना नाम की कोई वस्तु जब अन्य कुछ न रहे तो भी अस्तित्वमान हो सकती है और जो प्राकृतिक पदार्थों की श्रेणी में नहीं आती। क्योंकि किसी अनुभववादी विज्ञान की विषयवस्तु वह हो नहीं सकती। बहुत से समसामयिक ब्रितानी दार्शनिक इस प्रकार के दृष्टिकोण को अपनाने के लिए तैयार नहीं थे और उनकी दृष्टि में तो पारवर्ती संघटनवाद को त्याग देने का यही पर्याप्त कारण भी हो सकता है।

हुसर्ल आगे कहते हैं कि चेतना का अस्तित्व उस समय भी असम्पृक्त रहता है जब हम तर्कविज्ञानों एवं गणित तथा आगमनात्मक भौतिकविज्ञानों से संबंधित अपने निष्कर्षों का स्थगन ही क्यों न कर दें। यदि गणित और तर्कशास्त्र न भी रहें, तो भी चेतना तो रहेगी ही। अब हमने चेतना के प्रत्येक पारवर्ती क्रिया-संबंधी हमारे निर्णयों का स्थगन कर दिया है। अर्थात् एक ऐसी क्रिया का जिसका अपने से परे कोई और भाव हो तो भी इसके बावजूद, हमारे सामने उन अन्तर्जात क्रियाओं (इम्मेनेन्ट एक्ट) की चर्चा करना शेष रह ही जाता है जो अपने विधेय को अपने

---

[1] द्रष्टव्य जे० एफ० पुल्टन द्वारा लिखित द कार्टेजियनिज्म ऑव फिनोमनोलोजी (पी० आर० 1940

मे ही समाहित किए है। ऐसा मान लेना भी कार्टेजियन पद्धति का स्मरण कराना है कि चेतना की कुछ ऐसी क्रियाए हैं, जो अपने विधेय के रूप मे ऐसी वस्तुओ का स्मरण कराती हैं जो चेतना की ही किसी दूसरी अवस्था को उजागर करती हैं। इसलिए ऐसी क्रियाओ का अनुमान लगाना तर्कसगत है जो सभी पदार्थों के अस्तित्व पोछ दिए जाने पर भी उस समय तक विद्यमान रहती हैं, जब तक स्वय चेतना विलीन न हो जाय।

और ऐसी क्रियाओ का अस्तित्व ही हमारा प्राथमिक निश्चय-भाव है। बिना विरोधाभास के हम अपनी ही चेतना को नकार नही सकते, जब कि किसी अन्य पदार्थ को जो विचार क्रिया का अग नही, विचार द्वारा नकार सकते हैं। हुसर्ल की भाषा मे हम गणित सबधी सत्य के निर्णय का स्थगन कर सकते हैं, लेकिन हम अपने निर्णय का स्थगन नही कर सकते यह जानकर भी, कि हम उस निर्णय के योग्य हैं अथवा नही।

कोष्ठकीकरण की प्रक्रिया हमे चेतना के अस्तित्व की ओर ही अभिमुख करती है और हम यह आभास देती है कि यही "परमात्म" भाव है, एक ऐसी वस्तु का भाव, जिसका अस्तित्व अनिवार्य है, उस विचार द्वारा नकारना सभव नही है। उस परमात्म से हम पुन नये सिरे से भौतिक जगत के पदार्थों की ओर लौटकर आ सकते हैं। अब हम उन पर पारवर्ती सघटनवाद के माध्यम से विचार करते हैं और उन्हे वही दर्जा देते हैं जैसे वे हमारी चेतना-क्रम मे आकर घटित होते हैं। हम इस तरह प्रकृति विज्ञान के निष्कर्षों को मान्यता देने की आवश्यकता भी महसूस नही करते जिनके समक्ष पदार्थ पूर्णत चेतना से भिन्न हैं। इस तरह हम अपनी उपयुक्त बात मानकर अर्थात् पदार्थों को चेतना पर आश्रित मानकर, अपनी जाच पड़ताल की निश्चिति एव शुद्धता की रक्षा कर सकते हैं। हम तब बिना पूर्वाग्रहो के आगे बढ़ते है और उसी पर विचार करते हैं जिसके विषय मे न सोचना सम्भव नही।

इस तरह उदाहरण के लिए समय सबधी सघटनवाद समय के उस रूप से ही सम्बद्ध है जिस रूप मे वह हमारी चेतना मे प्रवाहित दिखाई देता है। यह वाद अपने आपको जो कुछ प्रदत्त है उसी की व्याख्या में सीमित कर लेता है, और ये प्रदत्त स्थितियां नकारी न जा सकने वाले तथ्य होती हैं जैसे स्वरावली चेतना मे एक स्वर के बाद दूसरे स्वर के रूप मे उभरती हैं और किसी भी रूप में वह अपने लिए किसी भी अस्थायी रहने वाले वैज्ञानिक निर्णय की मुह जोही नहीं रहती। इस प्रकार सघटनवाद, समय के ढाचे का वर्णन करता है, जो वास्तव मे चेतना में वैसा ही प्रकटता है। इससे यह भी पता लगता है कि समय किन उपकरणों से बना है और कौन सी अवस्थाएं, समय को बताने वाली कही जाती

चाहिए । विधि के नियमो की भाति यह इस सत्य का उद्घाटन करता है कि सामयिक सबध अनियोजित हैं, प्रत्येक समय सबधी अनुभव को वणन करने वाली उसकी सामान्य अवस्था का विस्तृत विवेचन करता है। सक्षेप म समाज का सघटनवाद किसी भी सामाजिक अनुभव के सभावित ढाचे का विश्लेषण करने का प्रयास होगा । काण्ट द्वारा प्रस्तुत अनुभव की अवस्थाओ एव पारवर्ती सघटनवाद के बीच उल्लेखनीय साम्य दिखाई देता है । हसल फिर भी काण्ट की भाति केवल प्रकृति विज्ञान के आकार से ही सबद्ध नही हैं, किन्तु वे किसी भी प्रकार चेतना म प्रस्तुत स्थिति का विश्लेषण करने से अवश्य ही सम्बद्ध थे ।

आइडियाज के अतिम अशो म तथा अपनी बाद की रचनाओ म पारवर्ती सघटनवाद की प्रवृत्ति के विषय म वे अधिक विस्तार स व्याख्या प्रस्तुत करते हैं । वे उस पर हुई आलोचनाओ का भी उत्तर देते है और धीरे धीरे सघटनाओ के विश्लेषण की प्रणाली निर्माण करने की दिशा मे प्रवृत्त दिखाई देते हैं । उनके चरण चिन्हो पर बहुत से शिष्य चले । सवप्रथम यह दौर जमनी म चला और एनुअल **ओनीकल आव फिलोसोफी एण्ड फिनोमेनोलोजीकल रिसच** (फ्रेबुर्क) तथा अमरीकन दर्शन पर उनका प्रभाव **फिलोसोफी एण्ड फिनोमेनोलोजीकल रिसच** (1940)[1] म देखा जा सकता है । जहा तक किसी विषय की शरीररचना का प्रश्न है, वहा तक तो उसके विश्लेषण म इन लोगो ने हसल का अनुसरण किया जसे मन के मूलभूत ढाचे के विषय म समाज के विषय म, धम एव प्रकृति के विषय मे । लेकिन बहुत से आलोचको से जो उनकी आरभिक कृतियो के प्रशसक भी थे यह शिकायत की है, कि अपनी बाद की रचनाओ म हसर्ल प्रत्ययवाद की ओर मुड गए है और उन्होने पूर्णत वस्तुपरकता पर बल देना भी छोड दिया है जिसे उन्होने प्रबल रूप से **लोजीकल इन्वस्टीगेशन्स** म प्रस्तुत किया था ।

मेडीटेशन्स कोर्टेसिएनिस (1952) म हसर्ल ने अपने विरोध म लगाए गए एकात्मवाद (सोलीपसिज्म) के अभियोग से अपना बचाव किया है । उनका प्रारभिक बिन्दु सामान्य चेतना है किसी विशेष व्यक्ति की चेतना नही । लेकिन वे जमन वस्तु-

---

[1] हसल के प्रभाव म लिखे गए बहुत से ग्रथो म है एम शेलर कृत **डर फोर्मेलिस्मस इन डेर एथिक** (1913–16) एव एफ काफमैन की **द मैथेडोलोजी आव द सोशल साइन्सेज** (1936) । अग्रेजी अनुवाद (1944) । फ्रास मे सघटनवाद के प्रभाव के लिए जे० हेरिंग द्वारा लिखित निबध **फ्रेंच फिलोसोफीकल थोट इन फ्रास एण्ड यूनाइटेड स्टेटस** म 1950 सपादक एम फारबर । अमरीका म हुए प्रभाव के लिए फारबर द्वारा उसी अक म लिखा हुआ निबध **डिस्क्रिप्टिव फिलोसाफी एण्ड ह्यूमन एक्जिस्टेन्स** ।

परक प्रत्ययवाद की परम्परा से साम्य रखने की बात को स्वीकारते हैं और प्रत्ययवाद को सर्वप्रथम वैज्ञानिक आधार दे सकने में सफल हुए हैं।

ब्रेण्टानो द्वारा पदार्थ' पर दिए गए बल ने, जर्मनी में दो विभिन्न प्रकार की विचार रेखाओं का विकास किया। मीनोंग ने वस्तुपरकता का दामन पकड़ लिया और एक वस्तुपरक ब्रह्माण्ड की रचना से अपने दर्शन का समापन भी किया चाहे उनका यह जगत् अपने आपमें कितना ही विचित्र क्यों न हो। जबकि हुसर्ल इस प्रयास में, कि एक वास्तविक पूर्वाग्रह मुक्त वस्तुपरक तर्कशास्त्र की स्थापना की जाय, अपनी दिशा पुनः प्रत्ययवाद की ओर मोड़ देते हैं।

इसी बीच में ब्रेण्टानो के प्रभाव को इंग्लण्ड में सर्वप्रथम प्रकटानेवालों में जी० एफ० स्टाउट का नाम लिया जा सकता है[1] स्टाउट केम्ब्रिज के व्यक्ति थे और हेनरी सिगविक के तथा जेम्स वार्ड के शिष्य थे। सिगविक,[2] जो एक प्रभावशाली शिक्षक थे, पर नीति एवं राजनीति दर्शन पर लिखी गई अपनी पुस्तकों के कारण बहुत विख्यात हुए। विशुद्ध रूप से दर्शन पर उन्होंने बहुत कम लिखा था।

फिलोसोफी पर लिखा गया उनकी रचनाओं का जो भाग उनके मरणोपरान्त प्रकाशित हुआ, वह था फिलोसोफी इट्स स्कोप एण्ड रिलेशन्स (1902) एवं लेक्चर्स आन द फिलोसोफी आव काण्ट एण्ड अदर फिलोसोफीकल लेक्चर्स एण्ड ऐसेज (1905)। ये दोनों ही ग्रन्थ प्रथम कोटि के नहीं हैं फिर भी इनमें से कुछ बातें अच्छी हैं। 'इतिहासवाद' पर प्रस्तुत उनकी जीवन्त समालोचना और सामान्य बुद्धि का उनके द्वारा किया गया बचाव, इन दो के कारण ही उन्नीसवीं शती के प्रत्ययवाद के विरुद्ध मजबूती से खड़े रहने में वे सफल रहे थे। स्टाउट, जिनकी चर्चा हम बाद में करेंगे, प्रत्ययवाद की ओर अधिक प्रवृत्त थे। इनका प्रत्ययवाद, सामान्य बुद्धि के आधार पर खड़ा था। केम्ब्रिज परम्परा में सामान्य बुद्धि के प्रति वह अपील,

---

[1] देखें सी ए मेस के स्मरणांश (पी बी, ए 1945) सी डी ब्राड (माइण्ड 1945), आर० नाइट (ब्रि० जर्नल० एड० साइकोलोजी 1946), जे० पासमूर (स्टाउट्स गोड एण्ड नेचर 1952)।

[2] देखें ए० एस० एवं ई० एम० एस० के स्मरणांश (1906) जे० ब्राइस हेनरी सिगविक, स्टडीज इन कण्टेम्पोरेरी बायोग्राफी में (1903) एल० स्टीफेन कृत हेनरी सिगविक माइंड 1901) और डी० एन० बी० में भी, सिगविक पर उनका लेख है। सी० डी० ब्रोड कृत एथिक्स एण्ड द हिस्ट्री आव फिलोसोफी (1952) में हेनरी सिगविक पर लिखा लेख।

उस विचारधारा का उसी तरह एक उल्लेखनीय अग बन गई थी, जिस तरह वह स्काटलण्ड के दाशनिको मे प्रचलित है । ब्रेण्टानो के दशन का यही अ श था जिसने स्टाउट को प्रभावित किया था ।

ब्रेण्टानो के साथ रहे अपने सबधो की चर्चा वे अपनी पुस्तक एनालिटीकल साइकोलोजी (1896 मे करते है । वहा वे ब्रेण्टानो द्वारा चेतना के दृष्टिकोण की परिभाषा को स्वीकार भी करते हैं । मानसिक क्रिया' नामक मुहावरे पर स्टाउट का विश्वास नही था और उ होने इस बात को स्वीकारने से साफ इ कार कर दिया, कि स्पष्टत 'जानने की कोई विशिष्ट क्रिया होती है' और वह चेतना द्वारा प्रदत्त पदाथ के सदभ से कही भि न होती है । किन्तु फिर भी वे यह भेद स्वीकारने मे नही हिचके ।

ट्वार्डोस्की द्वारा बाद मे किए गए विषयवस्तु एव पदाथ के भेद का अस इ ह पूर्वाभास हो गया था ।[1] चेतना वृत्ति के विचार सदभ जो उनके अनुसार वयक्तिक चेतना का कोई वतमान रूप नही हैं, और चेतना के अभिवर्धित रूप जिसे वे प्रतिनिधिकरण कहते हैं के बीच के भेद को उ होने पहले से ही विचार लिया था और यह भी कहा था कि ये ही अवस्थाए एक पदाथ की ओर अग्रसर हो जाने वाले विचार की दिशा एव परिभाषा बनाते है ।

विचार के पदाथ एव चेतना द्वारा सदर्भित स्थिति के बीच रहा भेद और जिस प्रतिनिधिकरण के जरिए, चेतना इसका सदभ देती है स्टाउट की रुचि का उनके दशन मे आजीवन स्रोत बने रहे । फिर भी उनमे बहुत से परिवतन भी आए थे । इनमे से कुछ परिवतन तो पदो का बदल देने के सम्बन्ध मे थे । चेतना मे तात्कालिक रूप से विद्यमान प्रभाव के लिए न तो विषय वस्तु न प्रत्यय और न प्रतिनिधिकरण ही उन्हे सही पर्याय योग्य लगे । इसके अतिरिक्त हुए परिवतनो का महत्वपूर्ण परिणाम निकला । न केवल नाम अपितु प्रतिनिधिकरण के भाव ने ही उ हे परेशान कर दिया था ।

---

[1] द्रष्टव्य सम फ डामेटल पाइ टस इन दि थियरी आव नालेज (1911) यही ग्र थ स्टडीज इन फिलासफी एण्ड साइकालोजी (1930) नाम से पुनमु द्रित हुआ है और इसी मे उ होंने अपने दृष्टिकोण को व्यक्त किया है । यद्यपि 1894 मे ट्वार्डोवस्की के निब ध के प्रकाशन से पूव उ होने इसे प्रकाशित नही करवाया था । मीनोंग्स थ्योरी आव आबजेक्टस लिखकर फिण्डले ने मीनोग और स्टाउट के बीच रहे महत्वपूर्ण मतभेदो और खासकर विषय-वस्तु की प्रकृति की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है ।

सबसे पहले तो स्टाउट का 'प्रतिनिधिकरण,' लाक के 'प्रत्यय' से मेल खाता था जबकि मीनोंग की 'विषय वस्तु' उससे बिल्कुल नहीं मिलती थी। स्पष्टतः इसका यही अर्थ था, कि स्टाउट प्रतिनिधिकरण से संबद्ध सिद्धांत के दौरान प्रस्तुत हो जाने वाली शास्त्रीय कठिनाइयों का हल निकाल लेना चाहते थे। उन्हें यह दिखाने की आवश्यकता रही कि जो कुछ भी तात्कालिक रूप से हमारी चेतना के समक्ष प्रस्तुत होता है क्या वह सदैव ही प्रतिनिधिकरण है? हम कभी प्रतिनिधिकरण के सिद्धान्त में ही उनके आगे जा सकते हैं यह मानकर कि जिस वस्तु का प्रतिनिधित्व हो रहा है, वह निश्चय ही उससे भिन्न है। यही भेद स्टाउट करना चाहते थे। यद्यपि उन्होंने प्रतिनिधिकरण के अस्तित्व को स्वीकार कर लिया था तो भी उन्होंने यह कभी नहीं कहा था कि वे प्रत्यक्षीकरण का एक प्रतिनिधिकरण का सिद्धांत कायम करना चाहते हैं। क्योंकि विचार के दौरान ही हम स्वतः ही वस्तु की पकड़ करते चले जाते हैं चाहे यह पकड़ बाद में प्रतिनिधिकरण द्वारा ही समझाई जा सके। 1905 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'थिंग्स एण्ड सेन्सेशन्स' में उन्होंने लिखा कि प्रारम्भ से ही हमारे तात्कालिक अनुभव में कुछ ऐसे तत्व प्रकटने लग जाते हैं जो अपनी वास्तविक सत्ता के लिए अपनी प्रस्तुत स्थिति से इतर का निरंतर संकेत देते रहते हैं। यह संकेत हमारे किसी भी प्रकार के तात्कालिक अनुभव से अथवा हमारे द्वारा प्राप्त अनुभव से भिन्न होता है। इस संबंध में प्रस्तुत यह तथ्य अविवादास्पद ही है। स्मृति ऐसा ही एक प्रसंग है, जिसका इस संदर्भ में वे उल्लेख करना चाहते थे। जब हम किसी वस्तु का स्मरण करते हैं तो हमारा वह स्मरण, किसी बीती हुई वस्तु के विषय में ही होता है, किन्तु फिर भी हमारा स्मरण वर्तमान में चलता है और वर्तमान प्रतिनिधिकरण की ही मांग करता है। यह प्रतिनिधिकरण इस तरह वह नहीं होता जो हम याद करते हैं क्योंकि यह वर्तमान है। इसी तरह विगत वैसा नहीं हो सकता, जो अभी हमारे सम्मुख है। इसलिए स्मरण का कोई भी विवरण देने के लिए हम प्रतिनिधिकरण एवं पदार्थ दोनों का संदर्भ देना होगा।

इसी तरह इन्द्रिय प्रत्ययीकरण में प्रस्तुत छोटी चांदी की तस्तरी का मन में प्रस्तुत हुआ तात्कालिक अनुभव उसे किसी भी भांति चन्द्रमा नहीं बना देता। वह न छोटा है न चान्दी का है और न ही एक तस्तरी है। लेकिन फिर भी ऐसे प्रतिनिधिकरण के कारण चन्द्रमा ही एक वस्तु के रूप में प्रस्तुत होता है। कठिनाई इस बात में नहीं है कि हम प्रतिनिधिकरण एवं पदार्थों में भेद नहीं कर सकते, किन्तु यह प्रतिनिधिकरण के क्षेत्र का वर्णन करने में है। उनका संसार में क्या स्थान है यह बताने की कठिनाई और ठीक ढंग से यह बताने की भी कठिनाई, कि वे किस रूप में पदार्थों की ओर इंगित करते हैं।

मूलत स्टाउट ने परम्परावादी उत्तर कार्टेजियन दृष्टिकोण को स्वीकार किया है जिसके अनुसार प्रतिनिधिकरण चेतना का सशोधित रूप है। हम यदि इसकी शिथिल परिभाषा दें तो, इसे मन का ही एक अ श कहेंगे। स्पष्टत यहा पर अनेको भारी कठिनाइया है। बकले ने इसी की ओर इशारा करते हुए कहा था, कि इस प्रकार की चेतना का सशोधित रूप किसी ऐसे अस्तित्व की ओर सकेत कर सकता है जो स्वय चेतना सशोधित रूप नही है। अर्थात् जो अपनी प्रकृति मे चेतना से बिल्कुल भिन्न है और वह है एक भौतिक पदार्थ। स्टाउट का अनुमान था, कि यह कठिनाई लेबनीय और लोपा जसे लखको की विचारधाराओ के माध्यम से पार कर लेंगे। उनके शिक्षक वाड ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया था, कि मन और पदाथ मे कोई बड़ा भेद नही है, क्योकि जिन्हे हम भौतिक पदाथ कहते हैं, वे छद्म वेश मे मन की अवस्थायें ही है। इस प्रकार प्रकृति की विविधता, जो प्रतिनिधिकरण एव पदार्थ की व्याख्या के समय प्रस्तुत होती है, शनै शनै विलीन हो जाती है। किन्तु स्टाउट लबनीय के इस तत्ववाद का खण्डन करते हैं और तब प्रतिनिधिकरण के विवरण को चेतना का सशोधन मात्र भी नही मानते। उनका कहना है कि प्रतिनिधिकरण जो हमारी इन्द्रियानुभूति का परिष्कार है पार्थिव है, चाहे भौतिक न हो। इससे उनका यह आशय था कि यद्यपि ये मानसिक तो नही है तो भी ये भौतिक शास्त्र की विषय वस्तु की भाति पदाथ के रूप म व्यक्त किये भौतिक पदार्थों की तरह नही है। इसी दृष्टिकोण के आधार पर हम इन्द्रियो द्वारा ग्रहण किए गये भौतिक पदार्थों के अस्तित्व की व्याख्या कर सकते हैं और उसम हम स्वय भौतिक पदाथ होने की आवश्यकता नही पडती। इन्द्रियानुभूति और भौतिक पदाथ दोनो एक ही अवयव के अश हैं और इस रूप म वे दोनो ही भौतिक है। हमे अब यह सोचने की अधिक आवश्यकता नही कि मानसिक रूप से हुए परिष्कार अपने स्वभाव के कारण बिल्कुल अलग रूप म अपना स्थान रख सकते हैं।

अब प्रश्न यह शष रहता है कि यदि हमारी इन्द्रिया स्वभाव म भिन्न नही है तो वह किस प्रकार एक ऐसी वस्तु का सकेत दे सकती हैं जो उनसे परे हो? स्टाउट द्वारा दिया गया इसका उत्तर उन्हे विभिन्न प्रकार से एक प्रत्ययवादी तत्व दशन निर्माण करने की ओर प्रेरित करता है जिसे हम बाद के अध्यायो मे चर्चित करेंगे। यहा एक सुझाव किसी न किसी रूप म वे देते ही हैं कि हमारा इन्द्रिय बोध अपने स्वभाव मे ही आशिक एव अपूर्ण है। इसलिए इसे एक व्यापक सत्ता का अ श मानने के लिए हम विवश हैं, यदि हम इसे पूरी तरह समझना चाहे तो हमारा इन्द्रिय बोध ही हमारे सम्मुख कुछ ऐसे प्रश्न खडे करता है जो इसका उत्तर प्रस्तुत नही कर सकता है। इसका उत्तर देने के लिए हम इसके विषय म भौतिक पदार्थों मे रहे इसके सम्बन्धो के जरिये विचार करना पडेगा। इस स्थिति

को उन्होंने अपनी कृति गॉड एण्ड नेचर (मरणोपरान्त 1952 मे प्रकाशित) मे भली-भाँति लिखा है। और 1947 मे ए० जी० पी० नामक पत्रिका मे इसी बात को उन्होंने अपने एक लेख डिस्ट्रीब्यूटिव यूनिटी एज ए केटेगरी मे व्यक्त किया है। अन्य स्थलो मे जैसे उदाहरण के लिए माइण्ड एण्ड मैटर मे उनका झुकाव अर्थ-क्रियावाद की ओर हो गया है। उनके अनुसार हम केवल इन्द्रिय बोध के द्वारा ही अपनी जिन्दगियो का सचालन नही कर सकते, हमारे अनुभवो की व्यावहारिक ढलन (प्रेक्टिकल एडजस्टमेंट) के लिए हमे इन्द्रिय बोध को वस्तुओ की ओर उन्मुख होता हुआ देखना पड़ेगा। किन्तु ये तो विस्तार की बातें हैं। मूलत उनका बल इस बात पर था कि इन्द्रिया जिन वस्तुओ की ओर सकेत करती हैं, वे इन्द्रियो से ही पूर्णत भिन्न न होकर उनके साथ ही निरन्तर होने का भाव प्रस्तुत करती हैं।

इन्द्रिय एव पदार्थ का सम्बन्ध बताने के लिए वे एक 'जटिल' एव 'विभक्त' एकता का सिद्धान्त प्रवर्तित करते हैं। धारणा उनके तत्व दर्शन के निर्माण मे महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उदाहरण के लिए, एक पीले पदार्थ के प्रत्यक्षीकरण को ही लें। एव फण्डामेंटल प्वाइन्टस इन द थियरी ऑव नॉलेज नामक निबन्ध मे स्टाउट ने कहा है कि यह मानना बिल्कुल निरर्थक है, कि प्रस्तुत स्थिति मे दो पीली स्थितिया हैं। एक वह, जो वस्तु को पीले रूप मे प्रस्तुत कर रही है और एक वह जो वस्तु का पीलापन है। किन्तु यह प्रस्तु पीलापन, वस्तु के पीलेपन के साथ तादात्म्य नही रख सकता, क्योंकि विभिन्न प्रकार की पीली वस्तुओ के विभिन्न समयो मे विभिन्न व्यक्तियो द्वारा किये गये अनुभव किसी भी भाति पदार्थ के पीलेपन तक ही सीमित नहा हैं। स्टाउट के अनुसार, सम्भावना यही है, कि इन बहुमुखी प्रस्तुतीकरणो के भिन्न भिन्न पीलपन मिलकर एक भाव प्रस्तुत करते हैं जिसके शेष सब अग कहे जा सकते हैं जैसे अमुक अमुक अवस्थाओ मे निहित यह पीलापन, इस तरह इन विभिन्न प्रस्तुतीकरणो की जटिल एकता ही पदार्थ का पीलापन है। इस प्रकार, स्टाउट प्रतिनिधिकरण और पदार्थों अथवा इन्द्रियो के भेद को बनाए रखते हैं और प्रत्यक्षीकरण के प्रतिनिधित्व के सिद्धान्त सम्बन्धी कठिनाई मे पड़ने से बच जाते हैं। प्रस्तुतीकरणो के सम्बन्ध मे उनके दृष्टिकोणो मे जिस तरह बाद मे विकास हुआ उसी प्रकार प्रस्तुतीकरण सबधी वस्तुपरकता के उनके दृष्टिकोण मे भी विकास देखा जा सकता है और इसके साथ ही सामान्यत मन मे पदार्थों की वस्तुपरकता की बात भी विकसित होती है। सर्वप्रथम वे यह मानने के लिए बिल्कुल तैयार थे, कि विचार के लिए किसी वस्तु के अस्तित्व का होना आवश्यक है। एरर शीर्षक मे व्यक्तिगत प्रत्ययवाद पर पढ़ा गया उनका एक निबन्ध उनकी प्रारम्भिक स्थिति का मौलिक परिचायक है। वहा वे यह घोषणा करते हैं, कि दोष सदैव ही किसी वस्तु के विषय मे होता है और इसीलिए वह किसी न किसी सत्य का सदर्भ ही प्रस्तुत करता है। लेकिन

सकता है। किन्तु यदि कोई सम्भव स्थिति, वास्तविक स्थिति पर आश्रित रहती है, तो वास्तविक भी किसी सम्भव स्थिति पर आश्रित रह सकता है। वास्तविक होने का अथ सभी प्रकार से सम्भव होना है। अर्थात् वास्तविक एक मूर्तिमान सम्भावना है। इसी दृष्टिकोण का विस्तृत विवेचन स्टाउट द्वारा प्रस्तुत समष्टियो के सिद्धान्त से जुड़ा है जिसे हम बाद के अध्यायो मे बतलायगे। अभी तो जो महत्त्वपूण बात है, वह यह, कि प्रारम्भ से ही स्टाउट की रचना, ब्रेन्टानो एव मीनोग द्वारा उन दाशनिक प्रश्नो का जवाब देने मे लग गई थी, जो उन्होने दाशनिको के समक्ष प्रस्तुत किये थे। उन्ही की भाति वे भी वस्तुपरकता के विचार का परीक्षण, और बचाव करने म लगे थे। हमे स्मरण रखना चाहिए कि जिस समय वे एनेलिटिक साइकोलोजी लिख रहे थे, मूर और रसेल दोनो को उन्होने पढाया था। कई अर्थों मे तो इन दोनो का दशन स्टाउट के दशन को आगे बढाता है।

अध्याय ६

मूर एव रसेल

सबध सूचको के विषय मे रसल पीयस से अधिक कुछ न कह सके सिवाय बात को अधिक स्पष्ट शब्दों म कह देने के।[1] किन्तु निश्चय ही यह रसेल द्वारा इन पर दिए गए बल के कारण ही है कि आज दाशनिको म इसका प्रचलन हो गया है। वग एव वग सदस्यता विषयक उनका सिद्धान्त आरम्भ मे तो अपने तत्कालीन पूव वर्तियो के पदचिन्हो का अनुसरण करता हुआ दिखाई देता है। प्राकृतिक अको का वे वगविभाजन की दृष्टि से ही वणन करना चाहते हैं और इस परिभाषा के जरिए गणित के मौलिक सूत्रो का भी। पीयानो जसे गणितज्ञो ने यह पहले ही बता दिया था कि गणित के अतिरिक्त सारे अक भी गणित के अको की तरह परिभाषित किए जा सकते हैं। यदि रसल प्राकृतिक अको को वग के विचार से परिभाषित कर सकते हैं तो गणित को अको की आवश्यकता ही नहीं रह जाएगी। और उसे तार्किक स्थिराको स भिन्न देखने की आवश्यकता भी नहीं होगी। गण सख्या की परिभाषा, रसेल यह कहकर देते हैं कि वह सन्व ही एक वग का अक ' । जसे कि सभी वर्गों का एक वग किसी प्रस्तुत वग के समान ही होगा। एक वग के छह सदस्य हैं। यदि यह एक ऐसे सामान्य वग का ही एक उपवग है जो

---

[1] आवर नालेज आफ एक्स्टनल वल्ड (1914) म दिये गए दूसरे भाषण का साराश देखें।

समान रूप से उस वर्ग के सदस्य हैं। यहां इसका एक विशेष तकनीकी अर्थ भी है, कि उसका भी वही अंक है जो अमुक अमुक वर्ग का होगा। इस तरह रसेल को इस आपत्ति का सामना करना पड़ा कि उनकी परिभाषा गोल माल है, क्योंकि वे एक वर्ग के अंक की परिभाषा समान रूप से उस वर्ग के अन्य सदस्यों को एक मानकर दे रहे हैं। उनका उत्तर है कि हम समानता की या एक ही अंक वाले वर्ग होने की परिभाषा दे सकते हैं—और वह परिभाषा भी अंकों से व्यक्त नहीं की जाएगी जैसे जब दो वर्गों का 1 1 के अनुपात से जोड़ा जाय, तो उनका अंक भी एक ही होगा। न ही हम 1 1 के अनुपात को व्यक्त करने के लिए ही 1 की संख्या की आवश्यकता पड़ेगी। एक संबंध 1 1 है, यदि क्ष य म ऐसे संबंध के कारण जुड़ा है और यदि वह उसी भांति य 1 से जुड़ा है तो य तथा य 1 समान होंगे। उदाहरण के लिए यह कहना कि क्रिश्चियन समाज में वैध पतियों एवं वैध पत्नियों के बीच 1 1 का आनुपातिक संबंध है तो उसका यही मतलब हुआ कि यदि क्ष य का वैध पति और क्ष1 य का वैध पति है तो क्ष तथा क्ष1 एक ही हैं। इसी तरह यदि क्ष, य और य1 का वैध पति है तो य तथा य1 एक ही होंगे। रसेल इस तरह यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि एक वर्गीय अंकों की परिभाषा देने के कारण उनका सिद्धान्त गोल मोल नहीं है।

अंक संबंधी इस परिभाषा में ही रसेल की दार्शनिक प्रणाली का केन्द्रबिन्दु निहित है जिसे वे अमूर्तीकरण का सिद्धान्त भी कहते हैं। और इसे कम भ्रामक रूप से अमूर्तीकरणों से किनारा कर जाने वाला सिद्धान्त कहें तो बेहतर होगा। सामान्य दृष्टिकोण से एक संख्या अमूर्तीकरण के जरिए प्राप्त की जाती है और वह भी उन समूहों की इकाइयों के जरिए, जिनमें सामान्य अंकीय अवस्थाएं विद्यमान हों। किन्तु रसेल इस बात पर स्वयं ही आपत्ति करते हैं कि हमारे द्वारा चुनी गई एक अवस्था कैसे विद्यमान होती है इसके विषय में बताने का कोई तरीका उपलब्ध नहीं है।[1] 'अमूर्तीकरण का सिद्धान्त' जिसका उपयोग कुछ विशेष आकारों को पूर्ण करके ही किया जा सकता है—इन कठिनाइयों से बच जाता है। यह उस वर्ग का सदस्य देकर अपनी परिभाषा आरंभ करता है जो सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है—और परस्पर के एक अद्वितीय संबंध को प्रकटाता है (उदाहरण के लिए 1 1 का प्रत्युत्तर)। इस प्रकार की परिभाषा इस संभावना को रद्द नहीं करती कि इन वर्गों के सभी सदस्यों में एक सामान्य अवस्था भी है। लेकिन इसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि ऐसा मानकर ही चलें। यहीं पर सर्वप्रथम यह स्थिति प्रकटती है, जो बाद में जाकर रसेल के दर्शन का मुख्य प्रेरक स्रोत बनी। वस्तु की अवस्थाओं एवं

---

[1] द्रष्टव्य अध्याय 26 (प्रिंसिपिया मैथेमेटिका)।

द्यसाओं की संख्या का अमूर्तीकरण करने के लिए उन्हें अपने को न्यूनतम करके देखना—ताकि थोड़े से थोड़े प्रतीकों द्वारा संसार का पूरा चित्रण किया जा सके।

यदि वर्गों के पदों के रूप में अंकों की परिभाषा अपने आप में विरोधास्पद न भी हो तो भी इससे विरोधास्पद स्थितियों के जन्म ले लेने का खतरा तो है ही। मुख्यतः यह कठिनाई वर्गों के वर्ग बनाते समय सम्मुख आती ही है। यह तो स्पष्ट ही है कि ऐसा करके भी एक वर्ग ही बनेगा इसलिए यह भी सिद्ध हुआ कि यह भी वर्गों के वर्ग का ही एक सदस्य होगा। अर्थात् यह भी अपने आपको सदस्य के रूप में उस सामान्य वर्ग से जोड़ देता है और यह बात अपने आप में अद्वितीय नहीं है। वस्तुओं का ऐसा वर्ग जो मनुष्य नहीं है वह अपने आप में कोई अमानवी अवस्था तो है ही। इसके दूसरी ओर कुछ ऐसे वर्ग भी हैं, जो अपनी जाति को सम्मिलित नहीं करते। वस्तुओं का वह वर्ग जो मनुष्यों से बना है अपने आप में एक आदमी नहीं है। इससे लगता है कि वर्ग दो प्रकार के होते हैं वे जो अपने वर्ग के सदस्य हैं और वे जो अपने वर्ग के सदस्य नहीं हैं। अब उदाहरण के लिए हम यह मानें कि एक ऐसा वर्ग भी है जिसमें वैसे सारे वर्ग निहित हैं जो अपने ही वर्ग के सदस्य नहीं हैं, तो क्या यह वर्ग अपने वर्ग का सदस्य नहीं है? फिर भी अपने वर्ग का सदस्य होने के लिए उसे उक्त वर्गों में से एक वर्ग तो होना ही चाहिए। इस तरह यहाँ स्पष्टतः एक विरोधाभास प्रकट हो जाता है। लेकिन फिर भी यदि वह अपने सामान्य वर्ग का सदस्य नहीं है तो वह उन वर्गों में से एक नहीं है जो अपने वर्ग के सदस्य नहीं हैं। इस तरह फिर एक विरोधाभास प्रकट हुआ। इस प्रकार हम स्वतः ही एक विपरीतावस्था की ओर चले जाते हैं। दोनों प्रकार के विकल्प ही विरोधाभास प्रकट करते हैं।

अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति एक वैज्ञानिक लेखक के सम्मुख कभी आई हो कि उसके द्वारा निर्मित एक विशाल इमारत की नींव को इस प्रकार हिलता हुआ कोई देखता है। यह बात उन्होंने फण्डामेण्टल्स आव लाज आव अरिथमेटिक के परिशिष्ट में लिखी है। रसेल द्वारा सुझाए विरोधाभास निश्चय ही उनकी नींव को हिलाने वाले थे। मुश्किल यही है कि यदि गणित की तार्किक रचना को बनाए रखना है तो हमें पहले से समुचित रूप से निर्मित एक धारणा से प्रारंभ करके ही आगे बढ़ना चाहिए ताकि वर्तमान स्थिति तक आते आते हम बिना विरोधाभास के इस प्रकार सुनिर्मित वर्गों के वर्ग के सदस्यों के विषय में जो अपने सामान्य वर्ग के सदस्य नहीं हैं अपने मंतव्य को व्यक्त कर सकें। किन्तु यही तो वह स्थिति है जिसे रसेल द्वारा सुझाए गए विरोधाभास के जरिए हटाने का प्रयास किया गया है। फ्रेगे ने इस कठिनाई के हल के लिए प्रयत्न किया—और उन्होंने समानधर्मी विस्तरण (इक्वल एक्सटेंशन्स) के संबंध में अपनी पहले की धारणा में संशोधन भी कर लिया और उसमें उस धारणा को भी सम्मिलित कर लिया जो वर्गों को व्यक्त करने वाले पदार्थों को व्यक्त करती थी। इस तरह अब यह बात स्वीकृति नहीं पा सकी कि वस्तुओं का वह वर्ग जो मनुष्य नहीं है 'मनुष्य नहीं' के विचार का विस्तार या फिर वर्गों का वह वर्ग जो अपने सामान्य वर्ग का सदस्य नहीं है अपने वर्ग का सदस्य है, इनके विषय में अब विचार करना आवश्यक नहीं था। सामान्यतः वे यह विश्वास करते थे कि यदि वे सीमित दशाओं के प्रमाण प्रस्तुत कर देंगे तो रसेल द्वारा सुझाए गए विरोधाभासों को वे हटा सकेंगे।

रसेल द्वारा दिया गया हल इस संबंध में अधिक अच्छा है। यह है प्रकारों के एक 'सिद्धान्त' का[1] प्रस्तुतीकरण। इससे यह नहीं जानना चाहिए कि वे कभी भी इससे पूर्ण संतुष्ट हुए हैं। वे स्वयं ही इसे ऊहापोहमय एवं अपूर्ण मानते हैं, किन्तु फिर भी समसामयिक दर्शन के विकास में इसका काफी महत्वपूर्ण प्रभाव रहा।

---

[1] यह बात पहले प्रिंसिपल्स आव मैथेमेटिक्स के परिशिष्ट 'ब' में तथा बाद में मैथेमेटिकल लाजिक बेस्ड आन द थ्योरी आव टाइप्स (अमेरिकन जर्नल आव मैथेमेटिक्स 1908) नामक निबंध में लिखी। आर०एम०एम० 1910 में ला थ्योरी देस टाइप्स लोजीक्स में भी इस संबंध में सामग्री है। लेकिन प्रिंसिपिया मैथेमेटिका में पूर्ण रूप से इसकी चर्चा की गई है। द फिलोसोफी आव लोजिकल एटोमिज्म टू जुलाई 1919 (मोनिस्ट 1918–19) नामक निबंध में रसेल की अपेक्षाकृत लोकप्रिय शैली में यह वृत्तान्त मिल सकता है। 1919 में प्रकाशित इण्ट्रोडक्शन टू मैथेमेटिकल फिलोसोफी नामक ग्रन्थ में उनकी हिचक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। जब से प्रकारों के सिद्धान्त का रसेल ने स्वतन्त्र रूप से प्रतिपादन किया है, इसको सभी स्थानों में रसेल की मौलिक आविष्कृति स्वीकार किया जाना चाहिए चाहे इसके निर्माण में व्हाइटहेड का प्रभाव उन पर रहा हो।

इयत्ताओ की सख्या का अमूर्तीकरण करन के लिए उन्हे अपन को न्यूनतम करके देखना–ताकि थोडे स थोडे प्रतीको द्वारा ससार का पूरा चित्रण किया जा सके।

यदि वर्गों के पदो क रूप म अको की परिभाषा अपने आप म विरोधास्पद न भी हो तो भी इससे विरोधास्पद स्थितियो के जन्म ले लेने का खतरा तो है ही। मुख्यत यह कठिनाई वर्गों के वग बनाते समय सम्मुख आती ही है। यह तो स्पष्ट *ही है कि ऐसा करके भी एक वग ही बनेगा इसलिए यह भी सिद्ध हुआ कि यह भी* वर्गों के वग का ही एक सदस्य होगा। अर्थात् यह भी अपन आपको सदस्य के रूप म उस सामान्य वग से जोड देता है और यह बात अपने आप म अद्वितीय नही है। वस्तुओ का ऐसा वग जो मनुष्य नही है वह अपने आप म कोई अमानवी अवस्था तो है ही। इसके दूसरी ओर कुछ ऐसे वग भी हैं, जो अपनी जाति को सम्मिलित नही करते। वस्तुओ का वह वग जो मनुष्यो से बना ह अपने आप म एक आदमी नही है। इससे लगता ह कि वग दो प्रकार के होते हैं व जो अपने वग के सदस्य हैं और वे जो अपने वग के सदस्य नही हैं। अब उदाहरण के लिए हम यह मान कि एक ऐसा वग भी है जिसमें वसे सारे वग निहित हैं जो अपने ही वग के सदस्य नही हैं, तो क्या यह वग अपने वग का सदस्य नही है ? फिर भी अपने वग का सदस्य होने के लिए उसे उक्त वर्गों म से एक वग तो होना ही चाहिए। इस तरह यहा स्पष्टत एक विरोधाभास प्रकट हो जाता है। लकिन फिर भी यदि वह अपने सामान्य वग का सदस्य नही है तो वह उन वर्गों मे स एक नही है जो अपने वग के सदस्य नही हैं। इस तरह फिर एक विरोधाभास प्रकट हुआ। इस प्रकार हम स्वत ही एक विपरीतावस्था की ओर चले जात हैं। दोनो प्रकार के विकल्प ही विरोधाभास प्रकट करते हैं।

विरोधास्पद स्थितिया कोई नई खोज हो ऐसी बात नही। झूठ बोलन वाल की विरोधास्पद स्थिति, दशन की ही जितनी पुरानी है। रसल उसे इस प्रकार पुन प्रेषित करते हैं —

उदाहरण क लिए यह मान लें कि एक आदमी यह कहता है कि वह झूठ बोल रहा है। *अब उस यदि सत्य मान लें तो वह झूठ बोल रहा है अर्थात् वह जो* कुछ कह रहा है वह सत्य नहीं है और यदि वह जो कुछ कह रहा है वह सही नही है, तो भी वह झूठ बोल रहा है। अर्थात् वह जो कुछ कह रहा है वह सही है। इस तरह के परिचित विरोधाभासो को प्राय हम चतुराई से अनदेखा कर जाते हैं किन्तु सभी वर्गों क एक वग वाले विरोधाभास को इतनी आसानी से अनदेखा नही किया जा सकता। और गणित तथा तकशास्त्र के विश्लेषण के दौरान उठ खडे हुए ऐसे ही बहुत से विरोधाभासो के लिए भी यही बात सत्य है।

फ्रेगे की रचनाओ मे निहित विरोधाभासो से परिचित होकर रसेल ने उनको दो कुछ उदाहरण उन्हे भेजे। फ्रेगे इससे बडे विचलित हो गए। कदाचित् ही इसस

अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति एक वैज्ञानिक लेखक के सम्मुख कभी आई हो कि उसके द्वारा निर्मित एक विशाल इमारत की नींव को इस प्रकार हिलता हुआ कोई बता दे। यह बात उन्होंने फण्डामेण्टल्स आव लाज आव अरिथमेटिक के परिशिष्ट में लिखी है। रसेल द्वारा सुझाए विरोधाभास निश्चय ही उनकी नींव को हिलाने वाले थे। मुश्किल यही है कि यदि गणित की तार्किक रचना को बनाए रखना है तो हमें पहले से समुचित रूप से निर्मित एक धारणा से प्रारंभ करके ही आगे बढ़ना चाहिए ताकि वर्तमान स्थिति तक आते आते हम बिना विरोधाभास के इस प्रकार सुनिर्मित वर्गों के वर्ग के सदस्यों के विषय में जो प्रश्न सामान्य वर्ग के सदस्य नहीं हैं अपने मंतव्य को व्यक्त कर सकें। किन्तु यही तो वह स्थिति है जिसे रसेल द्वारा सुझाए गए विरोधाभास के जरिए हटाने का प्रयास किया गया है। फ्रेगे ने इस कठिनाई के हल के लिए प्रयत्न किया—और उन्होंने समानधर्मी विस्तरण (इक्वल एक्सटेंशन्स) के संबंध में अपनी पहले की धारणा में संशोधन भी कर लिया और उसमें उस धारणा को भी सम्मिलित कर लिया जो वर्गों को व्यक्त करने वाले पदार्थों को व्यक्त करती थी। इस तरह अब यह बात स्वीकृति नहीं पा सकी कि वस्तुओं का वह वर्ग जो मनुष्य नहीं है 'मनुष्य नहीं' के विचार का विस्तार या फिर वर्गों का वह वर्ग जो अपने सामान्य वर्ग का सदस्य नहीं है अपने वर्ग का सदस्य है इनके विषय में अब विचार करना आवश्यक नहीं था। सामान्यतः वे यह विश्वास करते थे कि यदि वे सीमित दशाओं के प्रमाण प्रस्तुत कर देंगे तो रसेल द्वारा सुझाए गए विरोधाभासों को वे हटा सकेंगे।

रसेल द्वारा दिया गया हल इस संबंध में अधिक अच्छा है। यह है प्रकारों के एक सिद्धान्त का[1] प्रस्तुतीकरण। इससे यह नहीं जानना चाहिए कि वे कभी भी इससे पूर्ण संतुष्ट हुए हैं। वे स्वयं ही इसे ऊहापोहमय एवं अपूर्ण मानते हैं, किन्तु फिर भी समसामयिक दर्शन के विकास में इसका काफी महत्वपूर्ण प्रभाव रहा।

---

[1] यह बात पहले प्रिंसिपल्स आव मैथेमेटिक्स के परिशिष्ट ब में तथा बाद में मैथेमेटिकल लॉजिक बेस्ड आन द थ्योरी आव टाइप्स (अमेरिकन जर्नल आव मैथेमेटिक्स 1908) नामक निबंध में लिखी। आर०एम०एम० 1910 में ला थ्योरी देस टाइप्स लोजीकल में भी इस संबंध में सामग्री है। लेकिन प्रिंसिपिया मैथेमेटिका में पूर्ण रूप से इसकी चर्चा की गई है। द फिलोसोफी आव लोजिकल एटोमिज्म टू जुलाई 1919 (मोनिस्ट 1918–19) नामक निबंध में रसेल की अपेक्षाकृत लोकप्रिय शैली में यह वृत्तान्त मिल सकता है। 1919 में प्रकाशित इण्ट्रोडक्शन टू मैथेमेटिकल फिलोसोफी नामक ग्रन्थ में उनकी हिमक स्पष्ट रूप में देखी जा सकती है। जब से प्रकारों के सिद्धान्त का रसेल ने स्वतन्त्र रूप से प्रतिपादन किया है, इसको सभी स्थानों में रसेल की मौलिक आविष्कृति स्वीकार किया जाना चाहिए, चाहे इसके निर्माण में व्हाइटहैड का प्रभाव उन पर रहा हो।

सारे विरोधाभास खास प्रकार के छलवृत्तो (वीशस सर्किल्स) के कारण प्रकटते हैं[1] जब कभी भी यह मान लिया जाता है कि पदार्थों का सग्रह करते ही सदस्यता का गुण उसम निहित हो जाता है। और तब इस सग्रह को इन सदस्यो के पूणक के रूप म परिभाषित भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए मानलो हम कहते हैं कि सभी तक-कथनों म क्ष नाम की एक अवस्था विद्यमान है। यदि देखें तो यह वाक्य भी अपने आप म एक तकवयन है। इसलिए तकवाक्यो का एक वग अपने सदस्यो के रूप म यदि इन तकवाक्यो को रखता है, तो ऐसा लगता है कि यह वग पूण हो गया है। क्योंकि यह सभी तकवाक्यो की बिना सदभ दिए ही चर्चा करता है। यह विरोधाभास कि वग एक साथ ही पूरा होना चाहिए और अपूण भी रहना चाहिए इस तथ्य को ही उजागर करता है कि ऐसा कोई वग है ही नही।' इस प्रकार हम कहना पडेगा, कि सभी तकवाक्यो से सबधित कथन निरथक है। तब हम तकवाक्यो के सिद्धान्त का विकास कसे करेंगे? सभी तक वाक्यो की भ्रामक पूणता के भाव को खण्डित करके रसल के सुझाव के अनुसार उन्हें विभिन्न तकवाक्यो को ऐसी इकाइयो म विभाजित कर देना चाहिए जो अपने आप म विशुद्ध पूणता का भाव समाहित करने योग्य हो जाए और बाद मे भी इस प्रत्यक इकाई का अलग से वणन न किया जा सके। यह तोड देने का भाव ही प्रकारो के सिद्धान्त का उद्देश्य है-इसे तकवाक्यो के लिए प्रयुक्त करने के बजाय तकवाक्यीय काय के साथ प्रयुक्त किया जाता है। गणित के लिए इसका रसेल की दृष्टि मे बहुत महत्व है।

प्रकारो के सिद्धान्त दो तरह के हैं—एक सरल तथा दूसरा शाखा-प्रशाखाओं वाला। सरल सिद्धान्त म साथकता की शृखला होती है। रसल के अनुसार तक वाक्यीय कायमूलक म क्ष मरण शील है म से क्ष के स्थान पर एक स्थिराक रख देने से वह सही तकवाक्य हो जाता है। कुछ अन्य तरह के अक रख देने से वाक्य ही दोषपूण हो सकता है। किन्तु कुछ मामलों म तो इस तरह से प्राप्त किया हुआ तक वाक्य न तो सही होता है और न केवल अथहीन हो जाता ह।[2] क्ष के स्थान पर

---

[1] रसेल के छलवत्तो (वीशस सर्किल्स) के सिद्धात पर प्रस्तुत की गई बाद की आलोचनाओं के लिए देखें गोडेल द्वारा फिलोसोफी आफ बर्ट्रेण्ड रसेल नामक ग्रन्थ मे लिखित अध्याय रसेल्स मैथेमेटिकल लोजिक।

[2] यहा यह बात ध्यान देने योग्य ह कि सत्य झूठ एव अथहीन तर्कवाक्यो की त्रिमर्गी मे कोई नवीनता नही थी। रसेल ने स्वय कहा है कि पौराणिक तकशास्त्र मे भी इसका विचार विद्यमान ह। मिल की पुस्तक सिस्टम ऑव लोजिक म तो बहुत ही विशद रूप से इसकी चर्चा ह और फ्रेगे के सबध मे उपयुक्त चर्चा में भी इसी के सम्बन्ध में काफी कहा जा चुका ह।

रखे गए स्थिरांक एक सार्थक तर्कवाक्य की रचना कर देते हैं। इन्हें ही सार्थकता की 'शृंखला' निर्माण करने वाला तत्व माना गया है या कभी कभी इसे फलन का प्रकार भी कहा जाता है। मैं मरणशील हूँ नामक कथन में सार्थकता की शृंखला, एक विशिष्ट इयत्ता में सीमित हो गई है। यह हमेशा उचित रहता है चाहे गलत भी हो, कि हम कहें कि यह विशेष वस्तु मरणशील है। किंतु रसेल के लिए मनुष्यों के वर्ग को या मानवता को मरणशील मान लेना निरर्थक ही है। सामान्य सिद्धान्त यही है कि एक कार्यफलन' हमेशा ही अपने लिए प्रस्तुत तर्क से ऊँचा होना चाहिए। यही कारण है, मरणशील फलन सुकरात जैसे शब्द के लिए उचित ही तर्क लगता है। किन्तु यदि उसे मनुष्यों के वर्ग के लिए प्रयुक्त किया जाय तो निरर्थक हो जाएगा। और इसी तरह कोई वस्तु एक वर्ग की सदस्य तो हो सकती है किन्तु एक वर्ग का, कम से कम एक वर्गों के वर्ग का यदि उसे सार्थक होना है तो, सदस्य हुए बिना काम नहीं चल सकता। उसी तरह जैसे एक व्यक्ति किसी क्लब का सदस्य हो सकता है किंतु एक क्लब किसी समुदाय या बड़े वर्ग का ही सदस्य हो सकता है। वर्ग के विरोधाभास में जिसे अपनी ही सदस्यता प्राप्त हो, इस नियम को अनदेखा रखा गया है। यह मान लिया गया कि सभी वर्ग एक ही प्रकार के हैं—और कोई भी वर्ग दूसरे वर्ग का सदस्य हो सकता है किन्तु यही मानना एक छलवृत्त को प्रकटाने जैसा ही है। सभी 'वर्गों का वर्ग' तब सभी वर्गों' से भिन्न एक ऐसा वर्ग होगा जो उन वर्गों का होते हुआ उनसे अतिरिक्त हो। किन्तु एक बार इन प्रकारों का भेद दृढ़ रूप में स्वीकार लिया जाए तो यह कहना निरर्थक होगा, कोई वर्ग अपने वर्ग का ही सदस्य है अथवा नहीं। इस तरह यह भीषण विपरीतता विलीन हो जाएगी।

रसेल का मत है कि हम अचेतन रूप में भी प्रकारों के भेद का ख्याल अपनी दैनिक बातचीत में रख ही लेते हैं। अचेतन रूप से इसलिये कि उदाहरण के लिए, यह कोई कहना नहीं चाहेगा कि मानवता मनुष्य नहीं है। किंतु मानवता और एक मानव में जहाँ स्पष्ट अंतर है, वहाँ तक वे मूलभूत विषय जैसे सत्य झूठ, कार्य-फलन अवस्था, वर्ग आदि का कोई निश्चित प्रकार नहीं है। हम केवल सत्यों के विषय में बातचीत करने के अभ्यासी हो गए हैं। इस समय चाहे हम पहले दर्जे के सत्यों का विचार कर रहे हों (जैसे क्ष–य है) अथवा दूसरे दर्जे के (क्ष य है यह सत्य है)। तब विरोधाभास प्रकट होना अनिवार्य है। हमें यह सोचने के लिए विवश होना पड़ता है कि सत्यों से संबंधित तर्कवाक्य उन्हीं की सिद्धि के लिए हैं। जबकि वास्तव में पहले दर्जे के सत्यों के लिए प्रयुक्त दूसरे दर्जे के सत्य मात्र होते हैं। और तब हम शीघ्र ही निरर्थकता के समुद्र में हाथ पैर मारने लग जाते हैं। इससे बाहर आने का एक मात्र तरीका पहले से साफ साफ बता देना है, कि कौन से दर्जे के सत्य

का वर्गों का या कार्यफलन आदि के विषय में हम चर्चा करने जा रहे हैं।[1]

विरोधास्पद स्थितियों के सभी खतरों का निवारण करने के लिए प्रकारों का सरलीकृत सिद्धान्त पर्याप्त नहीं है। प्रकारों के बीच भेद करना अभी और आवश्यक है। इन दो तर्कवाक्यीय कार्यफलनों की तुलना करो–क्ष एक जनरल है एवं क्ष में महान जनरल होने के सभी गुण हैं। दोनों की सार्थकता की शृंखला तो एक जैसी है। नेपोलियन को अच्छी तरह से दोनों अवस्थाओं में क्ष के स्थान पर रखा जा सकता है। किन्तु 'महान् जनरल के सभी गुण' नामक विधेय अपने आप में एक अनुपयुक्त समग्रता है क्योंकि यह अपने आप ही एक ऐसा गुण रखता है। यह समग्रता उसी समय हटाई जा सकती है, जब प्रत्येक प्रकार के निहित क्रम के भेद को प्रकट किया जाय। तब महान् जनरल के सभी गुण हैं एक ऊँचे क्रम की स्थिति होगी और अपने आप में एक गुण नहीं। इस प्रकार का सिद्धान्त इस संदर्भ में आवश्यक है यदि हम प्रत्येक प्रकार की तार्किक असंगति को दूर करना है।

बहुशाखी सिद्धान्त के प्रवर्तन में आ जाने से मौलिक रूप से अवर्पित प्रकारों का सिद्धान्त और भी जटिल हो गया लेकिन इससे भी बड़ी गलती यह थी कि बहुशाखी सिद्धान्त गणितीय विश्लेषण की कुछ विशिष्टताओं को मिटा देता था क्योंकि इस सिद्धान्त के अनुसार गणितीय विश्लेषण में अवांछित समग्रताओं का प्रयोग होता था।[2] रसेल की धारणा थी कि वे इस कठिनाई का हल यूनीकरण

---

[1] रसेल ने प्रकारों के विषय में भी बाद में कुछ असंतोष प्रकट किया था। क्या यह भी विभिन्न प्रकारों के लिए है? किन्तु यह कहना कैसे संभव है कि सुकरात और मनुष्यता अलग-अलग प्रकार हैं। जब तक कि प्रकारों के निर्धारण का कोई एक सामान्य आधार न हो? क्या हम प्रकारों के सिद्धान्त के विरुद्ध पाप नहीं कर रहे होते हैं जब विभिन्न प्रकार के तर्कों के लिए यह भी कहते हैं कि वे विभिन्न प्रकार के हैं? तो क्या हम एक अलग कार्यफलन इससे नहीं निकाल रहे हैं? इसी कारण से रसेल ने प्रकारों के सिद्धान्त के लिए भाषाई व्याख्या का स्वागत किया था जिसे आर कारनप जैसे विचारकों ने प्रवर्तित किया। यह कहना कि कोई इयत्ता इस या उस प्रकार की है एक भूल होगी। प्रकारों की भिन्नता अभिव्यक्ति से आती है। और यह बात बिना विरोधाभास के कही जा सकती है एक दूसरे दर्जे की भाषा में एक 'सुकरात' और 'मनुष्यता' नामक शब्द भिन्न अर्थ प्रकटाने वाले हैं। इस संबंध में रसेल द्वारा अपने आलोचकों का उत्तर द फिलोसोफी आव बर्टेण्ड रसेल नामक पुस्तक में देखें। द्रष्टव्य जे० जे० स्मार्ट हाइटहेड एण्ड रसेल्स थ्योरी आव टाइप्स (एनालिसिस 1950) पी० वेस द थ्योरी आव टाइप्स माईण्ड 1928)

[2] विशेषत: डेडेकाइण्ड कट का संदर्भ–द्रष्टव्य गोडेल की बड़ी कृति एवं जी० एच० हार्डी कृत ए कोर्स आव प्योर मैथेमेटिक्स (1908)

के स्वयसिद्ध' (एक्जियम ग्राव रिड्यूसिबिलिटी) की सहायता से कर सकते थ। इससे यही सिद्ध होता है कि [illegible] म य के सभी गुण विद्यमान हैं' वाले प्रकार के कथनों म एक ऐसा समाकारी कथन विद्यमान होता ही है जो सभी गुणों' के सदभ को अपने म समाहित किए है। किन्तु उसके समाकारी होने की वजह स वह मूल कथन को केवल गणितीय तक के रूप म उसके स्थान पर प्रयोग कर सकता है। किन्तु इस स्वयसिद्ध का प्रिंसिपिया मैथेमटिका की निगमनात्मक प्रणाली म दुरुपयोग ही हुआ है और इसम उस स्वत सिद्धि का अभाव भी था, जिसकी माग करने के गणितज्ञ अभ्यस्त हो जाते हैं।

आश्चय की बात नही है कि अन्य तकशास्त्रियो ने इन विरोधास्पद स्थितियो के निवारण का प्रयास बिना बहुशास्त्री प्रकारो के सिद्धान्त के विषय म चिन्ता किए किया है।

इन प्रयासो म सवश्रेष्ठ एफ० पी० रेमस कृत द फाउण्डेशन ग्राव मैथेमटिक्स नामक लेख कहा जा सकता है।[1] और प्रिंसिपल्स ग्राव मैथेमेटिक्स के दूसरे सस्करण म रसेल, रेमसे के हल को स्वीकार लेते हैं। रेमस के अनुसार रसेल ने कुछ ऐसी विरोधास्पद स्थितियो को एक साथ मिला दिया है, जिनकी प्रवृत्ति भी भिन्न भिन्न है। उदाहरण के लिए, एक तो व स्थितिया जो वर्गों स सबधित विरोधाभासो से उपजती हैं, वह भी उस समय जब उनसे एक तार्किक प्रणाली रची जाने का प्रयास किया जाता है। दूसरी वे जो भूठे (लायर) की विरोधास्पद स्थिति के कारण अपने मूल म आपाई तथा उसके प्रयोग स सम्बन्धित हो जाती है। अर्थात् वे उसी समय प्रकटती हैं जब हम प्रणाली के विषय का विश्लेपण करते हैं। पीआनो का अनुकरण करते हुए रेमस कहते हैं कि प्रकारो का सरलीकृत सिद्धान्त पहले प्रकार के विरोधाभासो का हल प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त है और अपने इसी रूप म इसका एक तकशास्त्री स सबध भी होता है। दूसरे प्रकार की विरोधास्पद स्थितियो का निवारण दुविधाओं को हटाकर किया जा सकता है। व दनिक व्यवहार के शब्दो स

---

1 देखें प्रोसीडिंग्स ग्राव लन्दन मैथेमेटिकल सोसाइटी जिसका पुनमुद्रण उनके मरणोपरान्त द फाउण्डेशन्स ग्राव मैथेमेटिक्स एण्ड अदर लोजिकल ऐसेज नाम स हुआ। इसका सम्पादन आर० बी० ब्रैथवेट ने सन् 1931 म किया। द्रष्टव्य आर कारनप द्वारा प्रस्तुत द लोजीकल सिन्टेक्स ग्राव लैंग्वेज म विपरीतताओं पर चर्चा। (1934–अंग्रेजी सस्करण 1937)। द डिक्शनरी ग्राव फिलोसोफी म ए० चर्च द्वारा लिखित लोजिकल पराडोक्सेज नामक निबंध उसी म जोरजेनसन का इसी सबध मे विस्तृत विवरण देखें। माइण्ड 1936 मे प्रकाशित डब्लू० वी० मा० क्वाइन कृत निबंध ग्रान [illegible] एग्जियम ग्राव रिड्युसिबिलिटी।

उत्पन्न हुई दुविधाओ के कारण उत्पन्न हो जाती हैं, जसे-'मतलब है' (मीन्स) नाम है' (नेम्स) परिभाषित करता है' (डिफाइन्स)। इस तरह प्रकारो का बहुशास्त्री सिद्धान्त किसी भी अवस्था म अनिवाय नही है और बदनाम 'न्यूनीकरण के स्वय सिद्ध' को अस्वीकृत किया जा सकता है।[1]

तब रसल के प्रकारो के सिद्धान्त का प्रभाव यह है कि मूर की विश्लेषण की व्याख्या की भाँति यह इस बात को बढ़ावा देता है कि मापाई जाच पड़ताल चाहे वह किसी भी तरह की हो एक दार्शनिक के लिए विशेष महत्व की होती है। रसल के सकेत सिद्धान्त से ही ऐसा एक और प्रभाव प्रकटा। अब तार्किक स्थिराक' पर हुई चर्चा हम सीधे उनके दशन के केन्द्र की ओर ल जायगी।

हम पहले ही देख चुके हैं कि रसेल का प्रारम्भिक तत्वदशन मूर से लिया गया है। उन्होने द प्रिंसिपल्स आव मथेमेटिक्स म लिखा है कि दशन के मूल प्रश्नो पर अपनी प्रमुख अवस्थाओ म भी मेरी स्थिति जी० ई० मूर से प्रभावित रही है। मैने उनसे तकवाक्यो की अनस्तित्वशील प्रकृति के विषय मे जाना (सिवाय उन वाक्यो के जो स्वत अस्तित्व को सिद्ध कर दते थे) और यह भी जाना कि व किसी के जान बिना भी विद्यमान रह सकते हैं। उनसे मैंने बहुलतावाद का सिद्धान्त

---

[1] विरोधाभासो पर विचार करने के लिए अन्य प्रस्ताव भी थे। एल जे ब्रूवर एव एच० वी० वील जसे प्रख्यात अन्त साक्ष्यवादियो ने गणितीय विश्लेषण के उन अपरिपक्व सिद्धान्तो को छोड देने की राय दी थी जिनक कारण न सुझाये जा सकने वाले विरोधाभास प्रकटते हो। ई० जमलो न इन्वेस्टीगेशन्स इण्टू द फाउण्डेशन आव द थ्योरी आव सेटस (मैथेमेटिक एनालेन 1908) नामक कृति म इस समस्या पर इन विधेयो के कारण हुए अन्तर की दृष्टि से विचार किया है-जिनका विस्तार किया जाना अथवा न किया जाना सम्भव नही है। डब्लू क्वाइन ने अमेरिकन मथेमेटिकल मन्थली 1937 म तथा बाद मे मैथेमेटिकल लॉजिकल 1945 मे न्यू फाउण्डेशन्स आव मैथेमेटिकल लोजिक लिखकर रसेल के प्रकारो के सिद्धान्त तथा जर्मेलो की इकाइयो की व्याख्या को मिला देने का प्रयास किया है। सक्षिप्त वृत्तान्त के लिए 1950 मे प्रकाशित क्वाइन का मेथड्स आव लोजिक तथा मथेमेटिकल लोजिक देखें (1940। इनम जमलो की रचनाओ म हुए विकास का सदम है। द्रष्टव्य के० ग्रलिंग कृत द लोजीकल पराडोक्सेज (माइण्ड 1936) ए० फ्राइनकेल एव वाई० बार हिलेल कृत ले प्रोब्लेमे डस एन्तीनोमीज एत सेस देवलेपमेन्तस रीसेन्तस (आर० एम० एस० 1939), क्वाइन के एव फ्रेगे के द्वारा प्रस्तुत किए गए हलो क परस्पर सबधो क लिए देखें—डब्लू० वी० ओ० क्वाइन कृत आर फ्रेगेज वे आउट (माइण्ड 1955)।

वग (२) 'मरणशीलो का वग । किन्तु वास्तव म ता 'क्ष मरणशील है' को सकेत लिपिक सरचना है, क्योकि क्ष मरणशील है। यह तो क्ष मनुष्य है का कायफलन मात्र है। रसेल के मनुसार कोई ऐसी इयत्ता नही है, जिसे एक वग के रूप म जाना जा सके।

इसी प्रकार एक मोर जहा मपने मारभिक निबधो म स एक निबध इज पोजीशन इन टाइम मॉर स्पेस एब्सोल्यूट मॉर रिलेटिव ? (माइण्ड 1901) मे रसेल ने दिकीय बिन्दुमो एव समयघटको (टम्पारल इन्स्टन्टस) के साथ स्वतन्त्र रूप से खिलवाड किया है मोर इन्हें दिक तथा समय की मन्तरिम इकाई माता है। व्हाइट हैड ने उन्हे इस बात के लिए उकसाया कि व वाक्य जो स्पष्टत इन इयत्तामा का सकेत देते है, बिना किसी निरथकता के ऐसे वाक्यो मे बदले जा सकते हैं, जिनस बिन्दुमो, घटनामो, परमाणुमो म को की नियति, वर्गों, वेवरले का लेखक तथा वतमान फ्रास का राजा मादि का सदम प्रस्तुत कर सके।

मभी तक तो दनिक जीवन के उपकरणो को, जैसे मज कुर्सी, हमारे तथा तथा दूसरों के मनस मादि के विषय मे कुछ भी नही कहा गया है किन्तु जिस प्रक्रिया के जरिए हमारी इन्द्रिय चेतना से इनका सबध बनाया गया है वही प्रोब्लेम्स माव फिलोसोफी (1912) नामक ग्रथ की भूमिका तयार करने के लिए पर्याप्त है। है। इस पुस्तक के मामुख मे रसेल, मूर के प्रति उनके उन भाषणो क लिए कृतनता ज्ञापन करते हैं। जो 1953 म सम मेन प्रोब्लेम्स माव फिलोसोफी नाम से प्रकाशित हो चुके थे। मूर के साथ वे इस मामले मे सहमत हो जाते है कि जिस वस्तु स हमारा तात्कालिक ससग होता है व ऐन्द्रिय उपकरण ही है, भौतिक पदाथ नही।

किन्तु फिर भी रसेल एव मूर की ज्ञानमीमासा म उल्लेखनीय मन्तर है। रसल के लिए भौतिक पदार्थों का मस्तित्व एक वज्ञानिक प्राकल्प है-भौतिकी के प्राकल्प का ही समानान्तर। इन्हे हम सत्य मानते हैं क्योकि मन्य किसी प्राकल्प की मपेक्षा ये हम हमारे ऐन्द्रिय उपकरणो के व्यवहार की सरलतम व्याख्या करने की सुविधा प्रदान करते है। य मूर के पदार्थों की भाति ऐसे पदाथ नहीं है जिन्हें हम तत्काल जान लेते हैं। रसेन का यह कहना, कि हम भौतिक पदार्थों का सीधा प्रत्यक्षीकरण नही करते, विज्ञान की उस धारणा से मेल खाता है जिसम हमारे प्रत्यक्षीकरण की व्याख्या की गई है। मूर की सामान्यबुद्धि की व्याख्या से रसेल की यह स्थिति सवथा भिन्न है। इसके मतिरिक्त भी व प्रोब्लेम्स माव फिलोसोफी का पूरा वातावरण तक गणितीय है तथा कार्टेजियन शली की याद दिलाता है। रसेल मविवादास्पद स्थिति की खोज मे थ। कम स कम ऐसी स्थिति के, जिसके विषय म सदेह किया जाना मसभव हो जाए मोर उसी माधार पर हमारी दनिक

आस्थाओं की वे आलोचना भी करते हैं—जिन्हें हम संस्कारों के कारण विश्वास-योग्य मानते हैं। ऐसी सामान्य बुद्धि को वे जरूर कुछ रियायत तो देते हैं किन्तु वे मूर के सामान्य बोध के बचाव से पूर्णतः कभी भी संतुष्ट नहीं हो सके। वे जिसका बचाव करना चाहते हैं, वह सामान्यबोधी दृष्टिकोण न होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही है—और उस समय बचाव का औचित्य देने के लिए भी विज्ञान का ही सहारा लेना होगा, ऐसी रसेल की मान्यता रही है।

अविवादास्पद की खोज के प्रयास में उन्होंने **द प्रोब्लेम आव फिलोसोफी** नामक ग्रन्थ की रचना की और ऐसे पदार्थों की सबसे पहले व्याख्या की जिनसे हम तत्काल 'परिचित' होते हैं। रसेल, परिचय द्वारा ज्ञान तथा विवरण द्वारा ज्ञान *प्राप्त करने की अलग अलग व्याख्या करते हैं। इस व्याख्या में वे जेम्स से प्रभाव* ग्रहण करते हैं। जेम्स ने यह प्रभाव ग्रोटे से ग्रहण किया था। इस तरह यह सिद्धान्त एक केम्ब्रिज के विद्वान् से बहुत से विद्वानों के समूह में प्रवर्तित हुआ है। यही वह स्थल है जहां रसेल द्वारा किया गया संकेतन का विश्लेषण उनके दर्शन की विवेचना का महत्वपूर्ण आधार बन जाता है।[1]

यदि हम प्रत्यक्षतः किसी वस्तु का बोध प्राप्त करते हैं तो हमारा ज्ञान परिचय द्वारा प्राप्त ज्ञान की श्रेणी का होगा। इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है हमारी ऐन्द्रिय चेतना—मैं प्रत्यक्षतः यह जान सकता हूं कि मुझे ऐन्द्रिय उपकरणों का अनुभव हो रहा है। और इससे यह निष्कर्ष निकला कि (वे यह बात जरा हिचकते हुए

---

[1] यद्यपि रसेल जेम्स के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं तो भी अन्तर करने की उनकी प्रणाली जेम्स से सर्वथा भिन्न है। **नोलेज बाई एक्वेन्टेन्स एण्ड नोलेज बाई डिस्क्रिप्शन** नामक रसेल का निबंध सर्वप्रथम पी० ए० एस० 1910 में प्रकाशित हुआ। कोई से संशोधन के साथ **प्रोब्लेम्स आव फिलोसोफी** में उसका पुनः मुद्रण हुआ। **मिस्टिसिज्म एण्ड लोजिक** में भी उसे शामिल किया गया है। द्रष्टव्य जी० डी० हिक्स जी० ई० मूर तथा अन्य लेखकों द्वारा लिखित **इज देयर नोलेज बाई एक्वेंटेन्स** (पी० ए० एस० 1949)। द्रष्टव्य रसेल का निबंध **आन द नेचर आव एक्वेंटेन्स** (मोनिस्ट 1914)। **सम मेन प्रोब्लेम्स आव फिलोसोफी** नामक ग्रन्थ में मूर ने प्रत्यक्ष तथा परोक्ष बोध की चर्चा की है। 'परिचय द्वारा ज्ञान' तथा 'विवरण द्वारा ज्ञान' इसी का जरा नव्य रूपान्तर है। किन्तु मूर ने एक नोट में परिचय द्वारा ज्ञान के संबंध में लिखा है कि वह न तो ज्ञान ही है और न परिचय ही। जानने के विषय में ऐसा कोई सामान्य बोध नहीं है जिससे केवल मात्र इस तथ्य से कि मैं एक व्यक्ति को देख रहा हूं *यह अन्दाजा लगाया सके कि उसी क्षण मैं उसे जान* भी रहा हूं।

करता है) मैं प्रत्यक्षतः इस म का बोध प्राप्त कर रहा हूँ जो अनुभव प्राप्त कर रहा है और इन मानसिक अवस्थाओं से गुजर रहा है।

मानसिक अवस्थाएँ हमारा आत्म तथा ऐन्द्रिय उपकरण ही ऐसी वस्तुएं हैं जिसके जरिए हम प्रत्यक्ष परिचय प्राप्त हो सकता है। लेकिन, इसके साथ ही हम समष्टियों से भी परिचित रहते हैं, जैसे सफेदी, आग की स्थिति तथा विविधता आदि। जब हम एक इन्द्रिय उपकरण के जरिए एक स्थिति के दूसरी से पहले होने का अनुभव प्राप्त करते हैं तब हम एक समष्टि से परिचित होते हैं जो प्राग्भाव की संबंधसूचक होती है।

हम भौतिक पदार्थों से परिचित नहीं हैं। हम किसी पदार्थ को मेज के रूप में वैसा ही जानते हैं जैसा कि एक विशेष वर्णन के जरिए उसके विषय में कहा गया है। उदाहरण के लिए' पदार्थ एक ऐसी वस्तु मानी जाती है जो इन्द्रिय उपकरणों को सचेष्ट करती है। और प्रत्यक्ष अनुभव के जरिए न जानकर केवल अनुमान से हम यह जानते हैं कि अमुक पदार्थ विद्यमान है। न हम दूसरे मनुष्यों से ही परिचित हो पाते हैं। उनसे भी नहीं, जिनके साथ हम अपने व्यक्तिगत परिचय का दावा करते हैं। ये मनुष्य भी उसी स्थिति में हैं जैसे भौतिक पदार्थ होते हैं। इन्द्रिय उपकरणों की चेष्टा से उत्पन्न ये अनुमान मात्र हैं—और उन लोगों से जिनसे सामान्यतया हम प्रत्यक्ष परिचय प्राप्त नहीं कर सकते जैसे जूलियस सीजर तो हम स्पष्टतः उन्हें विवरण के जरिए ही जान पाते हैं। उदाहरण के सीजर को जानने का हमारा एक दृष्टान्त यह है कि वह आदमी है जिसने रूबीकन नदी पार की थी।

ऊपरी तौर पर यह अजीब सिद्धान्त नजर आता है। साधारणतः जूलियस सीजर किसी ऐसी वस्तु का नाम नहीं है, जो विवरण योग्य हो और जूलियस सीजर ने रूबीकन नदी पार की थी, जैसे कथनों में जूलियस सीजर किसी 'विवरण' की ओर संकेत नहीं देकर, इस बात को प्रकट करता है कि हमारे विवरण की दिशा क्या है। किन्तु रसेल यह आपत्ति करते हैं कि संभवतया हम किसी ऐसी वस्तु के विषय में चर्चा नहीं कर सकते, जो हमारे परिचय क्षेत्र में नहीं आती। यह तर्कवाक्य इस तरह जूलियस सीजर के विषय में नहीं हो सकता चाहे व्याकरण की दृष्टि से, ठीक इसके विपरीत बात ही क्यों न प्रकट होती हो। रसेल के अनुसार प्रत्येक समझ में आने योग्य तर्ककथन पूर्णतः उन तत्त्वों से बना होना चाहिए जिनसे हम परिचित रहते हैं। कोई तर्ककथन जो जूलियस सीजर के विषय में हो वास्तव में किन्हीं इन्द्रिय उपकरणों (चाहे हमने उनके विषय में सुना हो या पढ़ा हो) से संबद्ध होना चाहिए एवं कुछ समष्टि भावों को भी उसे उजागर करना चाहिए। जिस प्रकार

वेवरले का लेखक 'वेवरले का लेखक स्कोट है' नामक तर्कवाक्य का सही कर्ता नहीं है, उसी तरह रसल के कथनानुसार जूलियस सीजर ने रूबीकन नदी पार की—नामक तर्कवाक्य में जूलियस सीजर सही कर्त्ता नहीं हो सकता। यद्यपि इस संबंध में विस्तृत वर्णन से और भी जटिलता आएगी तो भी ऐसे तर्ककथनों की विवरण के सिद्धान्त के जरिए व्याख्या की जा सकती है। इस सिद्धान्त के आधार पर ऐसे तर्ककथनों में जूलियस सीजर को उपयुक्त संदर्भ में न दिए जाने पर भी उसके मूलभाव में कोई अन्तर नहीं आता।

अब समस्या यही शेष रहती है कि सामान्य सिद्धान्तों के ज्ञान की व्याख्या कैसे की जाए ? क्या किसी सामान्य सिद्धान्त को वस्तुसंबंधी ऐसे कथनों में बदला जा सकता है, जिनसे हम परिचित हैं ? रसेल की दृष्टि में गणितीय तर्कवाक्यों के विषय में ऐसी कोई कठिनाई नहीं है। वे समष्टियों को व्यक्त करते हैं और हम समष्टियों से परिचित होते ही हैं। किन्तु आगमनात्मक सिद्धान्त उनकी दृष्टि में अधिक जटिल होते हैं। ह्यूम की भांति ही वे सोचते हैं यदि इस सिद्धान्त का कोई ठोस आधार नहीं है, तो हमारे लिए यह अपेक्षा करने का कोई कारण नहीं है कि कल सूर्योदय होगा, या यही मानना कि रोटी पत्थर की अपेक्षा अधिक पौष्टिक होती है। वे यह भी समझ नहीं पाते, कि आगमनात्मक सिद्धान्त किस भांति या तो समष्टियों के बीच विद्यमान किन्हीं संबंधों के सूचक हैं या अनुभवजन्य अनुमान हैं। इस तरह वे इस निष्कर्ष पर पहुंचने को बाध्य हो जाते हैं कि (चाहे ऐसा मानना कितना ही ऊहापोही क्यों न हो) हमारा सम्पूर्ण ज्ञान हमारे द्वारा प्राप्त अनुभव पर आश्रित है। यह मानना हमारे इस विश्वास पर आधारित है, कि अनुभव न तो किसी को सिद्ध ही कर सकता है न उसका खण्डन ही। तो भी अनुभवजन्य तथ्यों के ही भांति उपर्युक्त विश्वास की जड़ गहरी है। उनके दर्शन के शिथिल स्थलों में से यह भी एक स्थल था।

इसकी क्षतिपूर्ति करने के उनके प्रयास में—प्रोब्लेम्स ऑव फिलोसोफी से दूर जाकर ह्यूमन नोलेज इट्स स्कोप एण्ड लिमिट्स नामक ग्रंथ की रचना हो सकी।

उनके दर्शन का अन्य शिथिल स्थल, भौतिक पदार्थों की व्याख्या थी। भौतिकी को एक अनुभववादी विज्ञान माना जाता है। तो भी 1914 में साइंटिया नामक पुस्तक जिसका 1917 में मिस्टिसिज्म एण्ड लॉजिक नाम से पुनः मुद्रण हुआ, के एक निबंध द रिलेशन ऑव सेन्स डेटा टू फिजिक्स में उन्होंने बताया है कि स्वयं भौतिकी हमें यह बताती है, कि जिस किसी वस्तु का प्रत्यक्षीकरण हम करते हैं वह भौतिकी की विषयवस्तु से सर्वथा अलग अनुभव है। परमाणुओं का

भी जाना जिसके अनुसार ससार को जो स्वतन्त्र इयत्ताओं के अनन्त अवो स बना है और इन सबम ऐसे सबध हैं जिन्ह उनके पदो के कारण कोई विशेषण नही दिया जा सकता और न ही उस पूण की व्याख्या ही की जा सकती है जो इनस बना है। य इयत्ताए तकवाक्यों मे पदो के रूप म रहती हैं।

इस आन्टोलाजी से भाषा का सिद्धान्त सबद्ध है। उन्होने लिखा कि यह आवश्यक है कि एक वाक्य म लिखा प्रत्येक शब्द साथक होना चाहिए ताकि हमार तकवाक्यो का दाशनिक विश्लेषण सतकता से किया जा सक और इसम प्रयुक्त प्रत्येक शब्द क महत्व की सिद्धि की जा सके। प्रत्येक शब्द 'अथ' है, प्रत्येक अथ एक इयत्ता य ही वे सिद्धान्त हैं जिन पर रसेल न अपनी आरम्भिक रचनाए की थी।

फ्रेगे की भाति वे भी पहल से ही अपने सकेतन' के विश्लेषण के दौरान यह मानते हैं कि तकवाक्य का व्याकरणीय आकार भ्रामक भी हो सकता है। एक तकवाक्य मे कोई धारणा ऐसे भी प्रयुक्त की जा सकती है जो धारणा के विषय मे कुछ न कहकर धारणा से सबद्ध किसी पद के विषय म कुछ कहती हो। इस प्रकार, मैं एक आदमी से मिला' का अथ यही नही है कि मैं मनुष्य सबधी धारणा' स मिला। यहा आदमी यही इगित करता है कि वह कोई विशिष्ट मानव है। इसी प्रकार 'मनुष्य मरणशील है भी किसी धारणा को व्यक्त नही करता। टाइम्स म रसल ने लिखा कि यह बात जानकर हमे आश्चय होगा कि केमलोट मे अपने निवास स्थान पर ग्लेडस्टन रोड के ऊपरी कमरे में 18 जून 19 का एक आदमी जो मृत्यु और पाप का सबसे बडा लडका था मर गया। यह घोषणा हमार लिए आश्चयजनक नही यदि मनुष्य मरणशील है।

प्रिंसिपल्स आव मथेमटिक्स मे यह तकवाक्य कि इगलण्ड का राजा गजा है, किसी प्रकार के मौलिक परिवतनों की अपेक्षा नही रखता। इस तकवाक्य का रसेल के अनुसार यह अथ है कि इग्लण्ड के राजा के नाम से जिस आदमी की ओर सकेत किया गया है वह गजा है। उनकी इसी व्याख्या का ही परिणाम था कि जिसस सकेतन का नया सिद्धात प्रवत्त हुआ (रसेल कृत आन डिनोटिंग, माइण्ड 1905)।[1]

---

[1] एल एस० स्टेबिंग कृत ए मोडन इट्रोडक्शन टू लोजिक द्वितीय सस्करण (1933) में द्रष्टव्य अध्याय दूसरा तथा नवम, जे० डब्लू० रीज्ज द ओरीजिन एण्ड कौसीक्वेंसेज आव द थ्योरी आव डिस्क्रिप्शन्स (पी० ए० एस० 1933) आर० जे० बटलर कृत स्केफोल्डिंग आव रसल्स थ्योरी आव डिस्क्रिप्शन्स (पी०आर० 1954), जी० ई० मूर कृत रसेल्स थ्योरी आव डेस्क्रिप्शन्स, द फिलोसोफी आव बट्रेण्ड रसेल

द प्रिसिपल्स आव मैथेमटिक्स एव आन डिनोटिंग इन दो कृतियो की रचना के बीच रहे समय का उपयोग रसेल ने मीनोंग का अध्ययन करन म बिताया। सबसे पहल व मूर के प्रति अपने दाशनिक ज्ञान क लिए वसन थे–लेकिन शीघ्र ही सदेह उभरन लगे। मीनोंग के लिए यह बात अच्छी थी कि वास्तविकता के पक्ष म की गई चचा क प्रति घृणा का भाव उन्होने दर्शाया। इसी पूर्वाग्रह' ने वास्तविकता के प्रति एक नए स्वस्थ भाव को जन्म दिया और रसल की दृष्टि म प्रत्येक वज्ञानिक दशन के लिए यही से प्रारभ होना आवश्यक था। 'यथाथ का भाव तकशास्त्र क लिए तत्व की वस्तु है और जो कोई भी इस पर यह कहकर विवाद करता है कि हैमलेट का यथाथ एक दूसरे प्रकार का यथाथ है वह विचार जगत् के लिए हानि का काम कर रहा है।' यह बात उन्होने इन्ट्रोडक्शन टू मैथेमेटिकल लौजिक 1910 म लिखी। तो भी यथाथ के नाम पर इस प्रकार के कथनो पर क्या कहा जाय कि प्रजातान्त्रिक युग मे फ्रास का राजा गजा है? इसमे यह अथ नही निकलता कि फ्रास का राजा का सकेत दने वाला जो मनुष्य' है वह 'गजा है। क्योकि इस मुहावरे म सकेत देने के लिए अब कोई ऐसी स्थिति है ही नहीं। मीनोंग ने कहा था कि यह एक ऐसे पदाथ की ओर सकेत करता है जो सत्ता के बाहर' विद्यमान है। यह एक ऐसा पदाथ है जिसके लिए विरोधाभास का सिद्धान्त लागू नही होता। क्योकि पूरे विश्वास के साथ कोई भी कह सकता है कि इसमे ऐसा उल्लेखनीय गुण है भी और नही भी है। फ्रास के राजा के अनस्तित्व के विषय म अब हम अपनी कल्पना के अनुसार यह कहने के अधिकारी हैं कि वह गजा नही है। यही वह बिन्दु है, जिसके विरुद्ध रसेल द्वारा नव्य स्थापित यथाथ के भाव ने विद्रोह किया। उनका विचार था कि इससे निकलने का कोई अन्य तरीका होना चाहिए और यह एक ऐसा तरीका होना चाहिए जिसके अनुसार फ्रास के राजा का कोई इयत्ता' मानना नही पडे। अपने द्वारा प्रस्तुत सकेतन के नए सिद्धान्त म उन्होने इसी बात की खोज की थी जिसे बाद म उन्होने वर्णन के सिद्धान्त' की सज्ञा दी थी।

सकेतित मुहावरे' का अथ उनके लिए निम्नाकित है। (यहा यह बात उल्लेखनीय है कि धारणाओ के स्थान पर मुहावरो का प्रयोग प्रारम्भ हो गया है।। 'एक आदमी कुछ आदमी,' 'कोई आदमी,' प्रत्येक आदमी 'सभी आदमी' फ्रास का

नामक पुस्तक म रसेल द्वारा किए गए नवान्वेषण की ई० ई० सी० जो स जस तक शास्त्री द्वारा आलोचना की गई है। देखें माइण्ड 1910 11 के बहुत से निबध। रसेल ने मिस्टीसिज्म एण्ड लोजिक मे उनका जवाब भी दिया है। नई आलोचना के लिए देखें। पी० टी० गीच कत रसेल्स थ्योरी आव डिस्क्रिप्शन्स (एनालिसिस 1950) एम० लेजरोविच कत नोलज बाइ डिस्क्रिप्शन (पी० आर० 1937), पी० एफ० स्ट्राउसन कत आन रेफरिंग माइण्ड 1950)।

वर्तमान राजा' 'इंग्लैण्ड का वर्तमान राजा', 'वर्तमान शती के प्रथम चरण में,' 'सौर मण्डल के आकर्षण का बिन्दु' 'पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमना' वे इन मुहावरों की सामान्य प्रवृत्ति के विषय में कुछ नहीं कहते। किन्तु यह स्पष्ट है कि इनमें से एक भी विशिष्ट नाम नहीं है तो भी वे किसी भी वाक्य में व्याकरण की दृष्टि से कर्त्ता होने योग्य तो हैं ही।

रसेल के संकेतन के सिद्धान्त का मूलभूत भाव वास्तव में यही है कि मिल के खिलाफ ये संकेत देने वाले मुहावरे किन्हीं इयत्ताओं के नाम नहीं हैं, चाहे वाक्यों में कर्त्ता के रूप में इनका प्रयोग कई बार भ्रम उत्पन्न कर देता हो। उन्होंने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए ऐसे वाक्यों की रचना की, जिनमें संकेत देने वाले मुहावरे थे। उन्होंने मूल वाक्य में निहित अर्थ को किसी प्रकार संकेत देने वाले मुहावरे के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास नहीं किया है। यदि ऐसा संभव हो जाय, जैसा कि मान्यता है तो फिर यह आवश्यक नहीं रहेगा कि हम यह मानें कि एक संकेतक मुहावरा सदैव ही किसी विशिष्ट स्थिति का नामांकन करता है। तब मीनोंग के अयथार्थ पदार्थों को भी त्यागा जा सकता है। 'ओकम के उस्तरे की धार' पर चढ़ाकर यही निष्कर्ष निकलता है कि इन इयत्ताओं की जब तक आवश्यकता न हो जाय, गुणन नहीं किया जाना चाहिए।

भाषा के प्रारंभिक रूप से हम रसेल के सामान्य प्रक्रिया का उद्धरण दे सकते हैं—सब कुछ (एव्री थिंग) कुछ नहीं (नथिंग) कुछ (सम थिंग)। 'सब कुछ स है' जैसे सब तर्कवाक्य इस बात की सिद्धि नहीं करते कि 'सब कुछ' जैसी 'रहस्यमयी इयत्ता' का अस्तित्व है और वास्तव में उसकी ही तुलना स से की जा रही है। इस प्रकार की इयत्ता के होने की कल्पना करने की आवश्यकता ही नहीं है। इस बात को इस तथ्य से प्रकट किया जा सकता है कि 'सब कुछ स है' का विश्लेषण इस तरह किया जा सकता है कि क्ष के सभी मूल्यों के लिए क्ष, स है। यहां 'सब कुछ' का उद्धरण आवश्यक नहीं है। लेकिन फिर भी पूर्णतः मूल बात को कहने में यह व्याख्या समर्थ है।

इससे भी अधिक जटिल एवं महत्वपूर्ण बात रसेल द्वारा प्रस्तुत निश्चित विवरण का सिद्धान्त है। ये ऐसे मुहावरे होते हैं जिनमें 'दी' का प्रयोग होता है।[1] अमुक नाम का मुहावरा निश्चय ही किसी इयत्ता की ओर इंगित करता है। उदाहरणार्थ, फ्रेगे ने विचार किया था कि 'दी' किसी प्रस्तुत पदार्थ को होने की

---

[1] अनिश्चित विवरणों से अलग, जिनमें 'ए' नामक आर्टीकल लगा है। द्रष्टव्य रसेल कृत इंट्रोडक्शन टू मैथेमेटिकल फिलोसोफी।

श्रेष्ठतम अवस्था का सकेत है किन्तु इस तकवाक्य कि वेवरले का लेखक (आथर) स्कोच है।' यहा प्राय हम विधेय को कर्त्ता का गुण मान लेते हैं म वेवरले का लेखक' नामक मुहावरा वेवरले के लेखक के विषय मे कोई विवरण प्रस्तुत नही करता। इस तकवाक्य का रसल के अनुसार यही अथ है कि वह तीन तकवाक्यो का सयोजक है (अ) 'कम से कम एक व्यक्ति ने वेवरले लिखी' (ब) अधिक से अधिक एक व्यक्ति ने वेवरले लिखी (स) 'जिस किसी ने वेवरल लिखी वह स्कोच था।' या अधिक सद्धान्तिक ढग से रखें तो कहगे, एक ऐसा पद स है जिसके अनुसार(1)क्ष ने वेवरल लिखा' समानाथक है। क्ष के सभी मूल्यो के लिए क्ष स हैं। एव (२) 'स स्कोच है।'

यह पुन –रचना वेवरले के लेखक की चर्चा ही नही करती। इससे यही अथ निकला, कि हम कहने को तो कह सकते हैं कि 'वेवरले का लेखक स्कोच है' जबकि दरअसल वेवरले का कोई लेखक नही है। इस तरह हमारा कथन गलत हो जाएगा क्योंकि तकवाक्य (अ) कम से कम एक व्यक्ति वेवरले का लेखक है' तकवाक्य ही गलत है, लेकिन तो भी यह निरथक नही हो सकता। अब हम यह समझ सकते हैं कि फ्रांस का राजा गजा है,' जसा कथन किस प्रकार अपना अथ प्रकटा सकता है—जबकि हम यह जानते हैं कि 'फ्रास के राजा' जसी कोई सत्ता अस्तित्व मे नहीं है। इस तरह मीनोग द्वारा आवश्यक माने गए पदाथ की ही यहा आवश्यकता महसूस नही होती।

रसेल के लिए अब अपनी दाशनिक साधना का माग खुल गया था। ओकम की माति तर्कों के पने प्रयोग ने तलवार का काम किया था और तक तथा दशन से अनावश्यक एव अवाछित तत्वो को काटकर अलग कर दिया था। अ को को जो अब वर्गों के वग की श्रेणी म नही आते थे, सवप्रथम पलायन करना पडा किन्तु मीनोग के पदार्थों' के विचार पर विजय प्राप्त करना महत्वपूण कम था–और तब शीघ्र ही उन्हे सामान्य पराजितो की माति नरक (हेदस) मे जाना पडा। अर्थात् घृणा का पात्र बनना पडा।

रसेल के कथनानुसार, निश्चित विवरण हमशा अपूण प्रतीक होते हैं। इस फ्रेग न कायफलन मे प्रकट होने वाले 'नाम' कहा है और 'पूण प्रतीको से भिन्न माना है। किसी तक म प्रकट हुए नाम, विशिष्ट नाम ही पूण प्रतीक होते हैं। वाक्यो म उनका उपयोग तो है लेकिन वे किसी इयत्ता का प्रतिनिधित्व नही करते। यही बात वर्गों के लिए भी सही है। वग भी भाषा परम्परा के प्रतीकात्मक चिह्न हैं, इनका तकवाक्यीय कायफलनो के काय फलन बतान के लिए उपयोग होता है। 'मनुष्य' वग सबधी कथन मरण शील वग मे समाहित हो जाता है–और ऐसा लगता है जसे यहा पर इयत्ताओ का परस्पर सबध बताया जा रहा है। (१) मनुष्य

कोई रग नही होता अणु कोई ध्वनि नही करते, विद्युदणुओ का कोई स्वाद नही होता जीवाणुओ की कोई गध नही होती, तो भी जिसे हम प्रत्यक्ष देखते हैं वह रगमय है ध्वनियुक्त है, गध और स्वाद से सना है। तब किस प्रकार भौतिक पदार्थो का ऐन्द्रिय ससर्ग से सही ज्ञान किया जा सकता है। किन्तु वे बकले के साथ सहमत होते हुए कहते हैं कि ऐसा अनुमान करना और वह भी विशेषकर उन तत्वो के लिए जो हमारे अनुभव से अपनी प्रकृति मे ही भिन्न हो सैद्धान्तिक रूप से असभव है। जब तक कि किसी भाति भौतिक पदार्थो को ऐन्द्रिय उपकरणो के रूप मे बदला नही जा सकता तब तक भौतिकी उनकी दृष्टि मे केवल एक कल्पना मात्र ही है।

इस प्रकार सार रूप मे किसी को प्राप्त करने मे जो कठिनाई है—उससे मुक्ति पाना सभव नही है। ऐन्द्रिय उपकरणो की जो सामान्य परिभाषा की गई है उसके अनुसार ऐन्द्रिय उपकरण (सेन्स डेटा) आत्मपरक हैं तथा विभक्त हैं। भौतिक पदार्थ वस्तु परक हैं तथा निरन्तर हैं। भिन्न-भिन्न व्यक्ति भिन्न भिन्न, एक से न दिखाई देने वाले, ऐन्द्रिय उपकरणो के ससर्ग से आते हैं। एक पेनी (सिक्का) किस प्रकार आपके लिए गोलाई का ऐन्द्रिय बोध देती है और मेरे लिए चपटे होने का। रसेल का विचार था कि इग्लण्ड के नव यथार्थवादी टी० पी० नन एव एस० एलक्जण्डर तथा अमरीका[1] के ई० बी० होल्ट के द्वारा दिए गए निर्देशो की सहायता से कदाचित् हम इन आपत्तियो पर विजय प्राप्त कर ले।

इनकी प्रमुख धारणाए[2] ये हैं कि ऐन्द्रिय उपकरण आत्मपरक नही है।

---

1 देखें एस० एलक्जेण्डर कृत द बेसिस आव रीएलिज्म (पी० बी० ए० 1914), टी० पी० नन कृत आर सेकेण्डरी क्वालिटीज इण्डिपेण्डेण्ट आव परसेप्शन? (पी०ए०एस० 1909), द न्यू रियलिज्म (सम्पादक मारविन 1912) मे ई० बी० होल्ट कृत द प्लेस आव इल्यूजरी एक्स्पीरिएन्स इन ए रीएलिस्टिक वर्ल्ड। अगला ११ वा अध्याय भी देखें।

2 रसेल के उपकरणो के सिद्धान्त के लिए द्रष्टव्य जी० डी० हिक्स कृत द नेचर आव सेन्स डेटा माइण्ड 1912, एव रसेल द्वारा उसका उत्तर (माइण्ड 1913), जे० ई० टरनर कृत मिस्टर रसेल्स आव सेन्स डेटा एण्ड नोलेज (माइण्ड 1914), एच० ए० प्रिचार्ड कृत मिस्टर बर्टेण्ड रसेल आन द नोलेज आव द एक्सटरनल वर्ल्ड (माइण्ड 1913) एव मिस्टर बर्ट्रेण्ड रसेल्स आउटलाइन आव फिलोसोफी (माइण्ड 1928), सी०ए० स्ट्राग कृत रसेल्स थ्योरी आव एक्सटरनल वर्ल्ड, माइण्ड (1922), जे० एच० वूडगर कृत मिस्टर रसेल्स थ्योरी आव एक्सटरनल वर्ल्ड, माइण्ड 1922), जे० एच० वूडगर कृत मिस्टर रसेल्स थ्योरी आव परसेप्शन (मोनिस्ट 1930) एव सी० ए० फिज कृत पूर्वोक्त एव बहुत से अन्य निबध जिन्हे पी० ए० शिल्प द्वारा द फिलोसोफी आव बर्ट्रेण्ड रसेल मे सम्पादित किया गया है।

यह न तो मानसिक अवस्था ही है और न ऐसी किसी अवस्था का अश। दूसरी बात यह कि, एक बार यह ज्ञान हो जाए तो सद्धातिक रूप से यह मान लेने मे कोई कठिनाई नही होगी कि इंद्रिया है। ऐसे पदार्थो के रूप मे, जो भी उसी प्रकार के भौतिक अथवा तात्विक विश्लेषण किए जाने की क्षमता रखते हैं जिस प्रकार इंद्रिय उपकरण, किन्तु वास्तव मे किसी के द्वारा उनका प्रत्यक्षीकरण नही हो रहा। तीसरे, ऐंद्रिय उपकरणो की मान ली गई असगति काल और दिक की सामान्य धारणा पर आश्रित लगती है। चूकि ऐंद्रिय उपकरण वस्तुपरक है भौतिक पदार्थो की परिभाषा भी तब ऐंद्रिय उपकरणो की शृखला मात्र मानकर देनी होगी और ऐंद्रिय ससग से इनका परस्पर जुड़ाव माना जायगा। और तब ये तथाकथित असगत ऐंद्रिय उपकरण भिन्न एव निजी दिक मे अलग अलग तरह के सदस्य माने जाएगे। इस तरह रसेल के अनुसार एक पनी (सिक्का) चपट ऐंद्रिय उपकरणो से युक्त है जो आपके निजी दिक मे वसी घटित हो गयी है, किन्तु इसके साथ ही साथ अन्यो के निजी दिको मे विभिन्न प्रकार के ऐंद्रिय उपकरणो को घटित करती है–और मेरे लिए गोलाई का भाव लिए हुए ऐंद्रिय उपकरणों को जन्म देती है। ये भिन्न भिन्न रूप एक वस्तु की रचना करते हैं क्योंकि ये सभी भौतिकी के नियमो के अनुरूप व्यवहार उस घटित होने की शृखला, किसी एक वस्तु का आभास नही देती हो तो सामान्यत उसका व्यवहार उस घटना से सबद्ध ही नही है। कम से कम भौतिकी के लिए वस्तु सबधी सत्य तो यही है। सामान्य बुद्धि की वस्तुओ पर इतनी कम सतकता से विचार किया जाता है कि उनकी रचना का कम सतोषजनक विवरण दिया जाना असभव है।

रसल का निष्कष है कि भौतिकी को ऐसी भौतिक वस्तुओं की आवश्यकता नही है–जो ऐंद्रिय उपकरणो से सवथा भिन्न प्रकृति की हो और यही सभी प्रकार के वैज्ञानिक दाशनिकीकरण की सवश्रेष्ठ आधार भूमि है कि जहा कही भी सभव हो, तार्किक रचनाए अनुमानित इयत्ताओ के बदले मे रखी जानी चाहिए।[1]

---

[1] तुलना के लिए देखें चोन लेयड कृत व र्लाऑव पारसीमोनी (मोनिस्ट 1919), जोन विजडम कृत लोजीकल कान्स्ट्रक्शन (माइंड 1931–3) एल एस स्टेबिंग कृत कोन्स्ट्रक्शन्स (पी० ए० एस० 1933) रसेल का विचार था कि गलत होने के खतरे से हम निश्चय ही उस समय बच जाएगे जब बिना स्वीकार किए हम आगे बढ़ते जाए और न हम स्पष्टत इसका खण्डन ही करें कि एक इयत्ता अस्तित्व मान होती है। उन्होने (मोनिस्ट 1919 मे) लिखा कि प्रत्येक इयत्ता एव प्रमेय के घटा देने के साथ ही आप गलत होने की सभावना को भी घटा सकते हैं। यह एक गणितज्ञ तकशास्त्र की वाणी है। वे तक एव तत्वदशन दोनो मे ही एक ऐसी

इस तरह यदि भौतिक पदार्थों का ऐन्द्रिय उपकरणों द्वारा रचित मान लिया जाय, तो एक वैज्ञानिक दार्शनिक को इस सिद्धान्त का ही परित्याग कर देना चाहिए। रसेल ने 'द प्रोब्लेम्स ऑव फिलोसोफी' में यही प्रतिपादित किया है कि इनके अस्तित्व का अनुमान ऐन्द्रिय उपकरणों के अनुभव से हमारे द्वारा प्राप्त अनुमान की अपेक्षा अधिक सरल ढंग से किया जाना चाहिए।

रसेल के दर्शन में यहाँ आकर एक वैज्ञानिक दार्शनिक के लिए भी यह प्रत्यक्ष जगत् ऐन्द्रिय उपकरणों, समष्टियों एवं मानसिक तथ्यों से ही निर्मित मान लिया गया है। रसेल ने अब इस दृष्टिकोण का परित्याग कर दिया है कि मानसिक तथ्यों से परे हम आत्मा का सीधा साक्षात्कार कर सकते हैं। तो भी वे यह मानते हैं, कि मानसिक तथ्य ऐन्द्रिय उपकरणों से बिल्कुल भिन्न होते हैं। जो कुछ भी अनुभव किया गया है, जिस किसी की भी इच्छा या चाहना की गई है, वह इसके विपरीत ऐन्द्रिय उपकरणों की ही शृंखला है।

विश्वास की व्याख्या रसेल को उलझन में डालती रही थी। यह बात विशेषतः उस समय प्रकट हुई जब विट्जनस्टीन के प्रभाव में आकर उन्होंने तर्कसम्मत अनुवाद के दर्शन की रचना करने का प्रयास किया था।[1] तर्कसम्मत अनुवाद का दर्शन भिन्न भिन्न प्रकारों के तथ्यों का विश्लेषण करने का प्रयास है—उसी प्रकार जिस प्रकार पशुविज्ञान विभिन्न प्रकार के पशुओं की व्याख्या प्रस्तुत करता है। वे अभी भी मूर के इस दृष्टिकोण को स्वीकार करते हैं कि दर्शन का काम

न्यूनतम कामचलाऊ स्थिति की खोज करता है, जिससे एक प्रणाली कायम की जा सके। कम से कम शब्द के जरिए ही एक आदर्श भाषा का निर्माण होगा। यही बात उन्होंने प्रिंसिपिया मैथेमेटिका की शब्दावली द्वारा व्यक्त की है।

[1] इस शीर्षक के निबंध द मोनिस्ट 1918 एवं लोजीकल एटोमिज्म (सी० पी० बी० आई०) में देखें। देखें जे० ओ० अर्मसन कृत फिलोसोफीकल एनालिसिस डी० एफ० पीयर्स कृत लोजीकल एटामिज्म (रिवोल्यूशन इन फिलोसोफी 1956)। रसेल 1912 में कैम्ब्रिज में विटगिस्टीन से मिले थे। द मोनिस्ट में लिखे अपने निबंधों के आमुख में इस आशय का मंतव्य प्रकट करते हैं कि उन्होंने उन्हें प्रकाशित करने का निश्चय इस बात से अनभिज्ञ रहकर ही किया था कि विटगिस्टीन जीवित है या नहीं। किन्तु फिर भी किसी को उन पर हुए विटगिस्टीन के प्रभाव को बढ़ा चढ़ा कर नहीं रखना चाहिए। इन निबंधों के दस स्थलों पर वे मूर एवं जेम्स से सीखे हुए बहुलतावाद का ही पुनः स्थापन करते हुए नजर आते हैं। इन्हें रसेल ने एकेश्वरवाद के प्रमुख आलोचक होने की संज्ञा दी थी। इसी पुस्तक के छठे अध्याय में डब्लू० ई० जानसन पर लिखी गई टिप्पणी भी पढ़ें।

ममस्त ब्रह्माण्ड का एक सामा य विवरण प्रस्तुत करना है। रसेल सवप्रथम तथ्यो क मूल अश तकसम्मत अणुमो से अपनी यारया प्रारम करते है। रसेन के अनुमार ये दो प्रकार के ह। ऐद्रिय उपकरण एव समष्टिया। एक आणविक तथ्य मे अश क रूप मे ये आधारभूत तत्व है। उदाहरणाथ जहा अ' तथा ब' दोनो ऐंद्रिय उपकरण ह वहा 'अ' 'ब मे पहल होगा अथात उसका पूववर्ती होगा।

तथ्य विशिष्ट हो सकत है जसे यह सफेद है अयवा ममष्टिगत जस सब मनुष्य मरणशील हैं सार ससार को विशिष्ट सत्यो से निर्मित माना जाना असमव है। रसेल का कथन है कि उपयु त दृष्टिकोण उस समय तथ्य को समाहित कर लेना कि आणविक तथ्य ही व तथ्य हैं जो विद्यमान है। और एक बार यह सामान्य तथ्य स्वीकृत हो गया–तो अयो को स्वीकार नही करने का कोई ठोस कारण नही दिखाई देता। एक तथ्य स्वीकारात्मक अथवा नकारात्मक हो सकता है। कुछ तथ्य तो सवथा सामान्य होते है व विशिष्ट इयत्ताओ का सदभ नही देते केवल कथन सबधी सामान्य आकारो के विषय म ही कुछ कहते हैं। ये उनके विचार म तक के तथ्य है। और तब तथ्यो के विषय मे तथ्य हैं आदि आदि।

फिर भी झूठे या सच्चे तथ्य कही नही होते। केवल एक तककथन ही सही अथवा गलत हो सकता है और रसेल क अनुसार, तककथन तथ्य न होकर एक प्रतीक है। उन्होने लिखा है यदि आप ससार के अन्वेषण म लगे हैं तो तक कथन प्रकट नही होग। उस समय, तथ्य विश्वास इच्छाए एषणाए सब प्रकट हो सकते हैं किन्तु तककथन प्रस्तुत नही होगे। यह तो कवल तककथनो के वर्गीकरण की ही बात हैं कि रसेल के लिए कठिनाई उत्पन्न हो जाती है।

रसेल के अनुसार तककथन के दो वग होत हैं आणविक तथा पारमाणविक सब परमाणविक तककथनो को आणविक तककथना क सत्यफलन क रूप मे व्यक्त किया जा सकता है अथात् इनकी स यता एव झुठाई आणविक तककथनो की सचाई एव झुठाई पर ही पूणत आश्रित हैं—और इन्ही मे इनकी रचना होती है। एक आणविक तककथन की सचाई उस तककथन म निहित तथ्य से बाहर झाक कर देखने स उपलब्ध हो सकेगी। इस तरह यदि सरलतम उदाहरण लें तो तो कहेंग कि परमाणविक तककथन प एव फ सत्य हैं। यदि आणविक तक कथन प फ दोनो सही हैं और यदि इनम मे प्रत्यक असत्य है तो व भी असत्य हैं। किन्तु प की अपनी सचाई प स इतर किसी अन्य अवस्था म ही निहित है।

रसल के सम्मुख अब समस्या यही है कि उन्ह इसी वर्गीकरण म मानसिक तथ्यो म सम्बन्धित तककथना को रूपायित करना है। मैं विश्वास करता हू कि

सत्य है, क्या यह कथन आणविक है अथवा परमाणविक? यह लगता तो आणविक कथन ही है, जिसमें दो अवयव हैं। 'मैं विश्वास करता हूं' तथा 'क्ष य है'। किन्तु इस दृष्टिकोण को स्वीकारते ही जो कठिनाई प्रस्तुत होती है वह यही कि 'क्ष य है' कि सत्यता एवं झूठेपन से 'मैं विश्वास करता हूं कि क्ष य है' की सचाई अथवा झूठेपन का कोई ताल्लुक ही नहीं है। इसलिए 'क्ष य है' 'मैं विश्वास करता हूं कि क्ष य है' का किसी भी भांति तथ्यांश नहीं हो सकता। कम से कम इस रूप में तो नहीं जिस रूप में 'प' 'प तथा फ' का एक भाग है। इस चिड़िया-घर में विश्वास नामक चीज एक नई प्रजाति' के आने जैसा है। तो इस निष्कर्ष में कुछ अंश असंतोषजनक तो हैं ही, मानसिक तथ्य तार्किक विचित्रताओं के कारण अनेक तथ्यों से छिटककर किसी भी भांति अलग नहीं किए जा सकते।

यदि दूसरी ओर 'मैं विश्वास करता हूं कि क्ष य है' की पुनः रचना व्यवहार-वादियों की भांति की जाय, जैसे जब जब भी मुझे क्ष से पाला पड़ता है—तो मैं अमुक अमुक तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त करता हूं। 'उदाहरण के लिए यदि मैं कहूं कि मेरा विचार है कि सांप खतरनाक होते हैं तो इसका यही अर्थ होगा कि जब कभी भी मैं सांप को देखता हूं मैं एक छड़ी उठा लेता हूं। ऐसी अवस्था में विश्वासों को तथा अन्य मानसिक तथ्यों को अलग तार्किक प्रजाति मानने की आवश्यकता ही नहीं रह जायगी इस तरह यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। रसल इसी दिशा में अपने ग्रंथ द एनालिसिस आव माइण्ड में आगे बढ़े हैं और इस तरह जे० बी० वाटसन एवं टी० पी० नन जैसे व्यवहारवादियों से इस ग्रंथ का प्रूफ पढ़वाना इस दृष्टि से सार्थक ही था।[1]

मैश के विज्ञान दशन का एक अन्य सतत कथ्य निष्कृति म महत्वपूण सिद्ध होने वाला था। उन्होंने भौतिकवादियो के लेखो मे विद्यमान प्रदर्शन पर अतिरिक्त बल दिया। उनके अनुसार वह बल एसा था जो उन्हे एक कडे आदर्श, जो कि मिथ्या और भ्रमपूण था, की तरफ ले जाता था। एक वज्ञानिक प्राकल्पना को जिसे दूसरे शब्दो म एक नया नियम कहा जा सकता था तथाकथित प्रथम सिद्धान्तो मे से बनावटी ढग से नही निकाला जाना चाहिए था। उन्होने कहा यदि ऐसी कोई प्राकल्पना जाच से सिद्ध हो सकती तो वही सब कुछ उसके लिए, हमारी अपेक्षानुसार पर्याप्त था।' उन्होने लिखा कि जब एक उपयुक्त कालावधि के पश्चात् एक प्राकल्पना को उचित ढग से जाच कर सिद्ध कर लिया गया हो तो एक विज्ञान क लिए इसके अतिरिक्त और कोई भी अपेक्षा अनावश्यक हो जानी चाहिए। उपयुक्त कालावधि' और उचित ढग से जाच-सिद्ध जसे वाक्याशो की अस्पष्टता यहा एकदम स्पष्ट हो जाती है। तथ्य यह है कि विज्ञान पर कडे प्रदर्शन के रूप म प्लेटो-कार्टेजियनवादी धारणा पर मैश द्वारा किए गए आघात रीतिविधान क अनुवर्ती विकास क क्षेत्र म महत्वपूण देन हैं।

इग्लण्ड मे जहा मैश की अनूदित पुस्तकें शीघ्र ही लोकप्रिय हो गई डब्ल्यू० के० क्लिफाड और अधिक विस्तार मे लिखने वाले उनके मित्र और शिष्य जीव वज्ञानिक-सांख्यिक काल पियसन ने भी कुछ वसे ही विचार दिए। क्लिफोड ने अपने भाषण[1] आन थ्योरीज आव फिजिकल फोर्सेज मे, कई ऐसे वाक्यो को जो प्रश्नात्मक

---

[1] 1870 मे दिया। लेक्चर्स एण्ड एसेज' पुस्तक 1879 म उनकी मृत्यू परान्त प्रकाशित हुआ।

स्वरूप के होते हुए भी सच्चे अर्थों में प्रश्न नहीं होते, घटनाएँ क्यों घटती हैं इस वाक्य के सन्दर्भ से अपनी बात में सोदाहरण समझाया है। इस वे सूचना-प्राप्ति करने की सच्ची माँग न मानकर एक कूट प्रश्न ही मानते हैं। हम 'वास्तव में क्या (घटनाएँ) घटती हैं ?' जैसे सच्चे वैज्ञानिक प्रश्न को भी अच्छी तरह पूछ सकते हैं कारण कि हम उत्तर देने की आशा रख सकते हैं। माइण्ड में अपने निबन्ध आन द नेचर आव थिंग्स इन दमसेल्वज (1878) में उन्होंने पुनः यह टिप्पणी की कि 'कारण' शब्द का विज्ञान अथवा दर्शन में कहीं भी कोई वैध स्थान नहीं है।

कोई भी देख सकता है कि हवा का रुख किस ओर है। सत्य यही है कि ये सब प्रसंगोक्ति से अधिक कुछ नहीं है। क्लिफोर्ड की कामनसेंस आव द एक्जेक्ट साइंसेज (1885) जिसे पियर्सन ने संपादित और पूर्ण किया है अधिक सारभूत ग्रंथ है।[1] उसमें क्लिफोर्ड नव-यूक्लीडियन ज्यामितियों के उन परिणामों पर विचार करते हैं जिन्हें जर्मन दार्शनिक-वैज्ञानिक एच० वान हेल्महोल्ज ने अपने भाषण 'द ओरिजिन एण्ड मीनिंग आव ज्योमेट्रिकल एग्जियम्स'[2] में बहुत पहले ही दे दिया है। तत्पश्चात् यह विचार त्याग दिया गया कि युक्लिड की ही एक मात्र ज्यामिति है जो कि गणित शास्त्र की शुद्ध निर्णायक शाखा है और जो दिक् में सबों द्वारा गृहीत माप का एक आदर्श विवरण है। अब व्यावहारिक ज्यामिति को शुद्ध ज्यामिति से अच्छी तरह अलग रखा जाता है। क्लिफोर्ड कहते हैं कि शुद्ध गणित की एक शाखा ज्यामिति को दूसरी ज्यामिति की तुलना में ठीक या गलत मानना वैसा ही अनुचित है जैसा क्रिकेट को सही मानकर हाकी को गलत मानना। क्रिकेट के साथ किसी एक घटना विशेष का सम्बन्ध कर उसे भले ही यह कहकर गलत करार दे दिया जाय कि वह क्रिकेट के खेल के नियम के अनुकूल नहीं है। इसी प्रकार एक शुद्ध रेखागणितज्ञ नियमों की गलती करता है। पर एक ज्यामिति तभी गलत या सही होती है जब वह व्यवहार में आती है, जब उसे चलित लवों द्वारा ग्राह्य माप का विवरण मान कर लिया जाता है। ऐसी स्थिति में ज्यामिति अपने आपको आनुभविक जाँचों के लिए मुक्त कर देने के कारण तुरन्त ही गणित-भिन्न हो जाती है। गणित और उसके प्रयोग का यह उग्र अन्तर पिछली दशाब्दियों में अत्यधिक

---

[1] 1846 का संस्करण देखें जिसमें जे० आर० न्यूमैन की भूमिका और बर्ट्रेंड रसेल की प्रस्तावना है।

[2] माइण्ड में (1876 1878) पुनः प्रकाशित हुआ और उनके पापुलर लेक्चर्स आन साइंटिफिक सब्जेक्ट्स में (1865 अंग्रेजी अनुवाद 1873) प्रकाशित हुआ। देखें हेल्महोल्ज पर लिखित वी० एफ० लन्जेन का हेल्महोल्ज थ्योरी आव नोलेज (स्टडीज एण्ड ऐसेज इन आनर आव जार्ज सार्टन, संपादक एम ए मोंटेग्यू, 1944 में प्रकाशित)।

व्यवहृत हुआ था चाहे जिस विशष ढग से ज्यामिति व्यवहृत होती है उसके बारे म ननु नच की गई हो ।

काल[1] पियसन क्लिफोड का गणित का सिद्धात स्वीकार कर अत्यत सतुष्ट थे। मैश की ही माति जिहोने अपनी साइस आव मैकेनिक्स[2] पियसन को समर्पित की थी उनकी रुचि भी यान्त्रिकी के क्षत्र म ही थी । द ग्रामर आव साइस' क उन भागो म जिनका जो यान्त्रिकी से सम्बधित हैं मश लिखते हैं, पियसन उही सकेतो को आगे बढाते हैं जिह क्लिफोड ने छोड दिया था, और जिह पियसन ही ने न कि क्लिफोड ने अधिक ब्योरा दिया था। द ग्रामर आव साइस' (1892) जिसम पियसन ने यान्त्रिकी के सिद्धान्त का एक व्यवस्थित रूप म प्रतिपादन किया था व्यापक रूप मे प्रभावशाली रहा है। इसके स्तर का प्रमाण कुछ इस तथ्य से भी लग सकता है कि वह एवरीमस लाइब्रेरी' मे पुन प्रकाशित भी हुआ था। वज्ञानिकों के दशन को कई अय योगदानो की भाति कदाचित द ग्रामर आव साइन्स दाशनिक परिनिरीक्षा मे खरी नही उतरे। जो यति का सिद्धात (epistemology) इसमे है वह लौक और बकले के बीच एक अनुचित समझौता है लेकिन वह अपनी आधुनिकता से हमे बहुधा चौंका देता है। इनमे से बहुत से शोध-प्रबध (Theses) जो कि बाद म चलकर ताकिक वस्तुनिष्ठावाद के रूप मे जाने जाते थ यहा इस ग्रथ म स्पष्ट रूप स प्रतिपादित किए गए हैं।

अपन अनुगामियो की तरह प्रथमत पियसन भी विनान की एकता और सव व्यापकता पर बल देते हैं। मानसिक और भौतिक वस्तुजगत का सारा क्षत्र, समस्त ब्रह्माण्ड ही उसका क्षत्र है।' जब धमशास्त्री और तत्ववादी इस बात की माग करते है कि विज्ञान को अपने उचित व्यापार कम तक ही सीमित रहना चाहिए तो व सीमाए बाधत हैं। इस पर पियसन कहते है कि इसको कोई वनानिक स्वीकार नही कर सकता। ऐसा कुछ भी नही है जो वनानिक अनुसधान के क्षेत्र से बाहर रहता हो।

इस प्रकार पियसन बिना किसी समझौते के इस बात को नकारते हैं कि धम अथवा तत्वदशन हम उसक वनानिक नान से परे का कुछ देते है। व कहते हैं कि सत्य तक पहुचने का एक ही माग है वह है तथयो का विभाजित और उन पर

---

[1] देखें ई एम पियसन के पियसन एन्ड अप्रीसिएशन (बोएमेट्रिका 1938)

[2] पियसन साथ ही विपुल रूप से मश का भी प्रसग देते हैं। क्लिफोड, पियस और मश के बीच प्राथमिकताएँ स्थापित करने का प्रयत्न एक निरथक प्रयत्न होगा।

विमर्श करने से प्राप्त मार्ग । यदि हम इस वैज्ञानिक रीति का उपयोग करते हैं तो हम सबको अन्ततः एक ही परिणाम मिलते हैं । मात्र एक ही तथ्य इस बात को सिद्ध करने के लिये पर्याप्त है कि चूंकि प्रत्येक तत्ववादी का अपना अलग ढंग है, तत्वदर्शन के पास मानव ज्ञान को देने के लिए कुछ भी नहीं है । लांग से सहमत होकर पियर्सन कहते हैं कि तत्ववादी एक प्रकार का कवि है लेकिन एक खतरनाक कवि, कारण यह है कि वह बौद्धिक विमर्श में लय होने का ढोंग भी रचता है ।

अन्त में मैश और करखाफ की ही भांति पियर्सन इस बात को भी नकारते हैं कि विज्ञान क्यों की व्याख्या भी करता है । पियर्सन के अनुसार एक वैज्ञानिक नियम हमारे प्रतिबोधन (perception) की व्यवस्था का एक संक्षिप्त विवरण ही है । उदाहरणार्थ जब एक भौतिकशास्त्री कहता है कि वह वस्तुओं के यान्त्रिक स्पष्टीकरण तक पहुंच गया है तो उसका कुल मिला कर यही अर्थ हो सकता है कि यान्त्रिकी की भाषा में अनुभवों के कुछ तत्यकों का वह वर्णन मात्र कर सकता है । वास्तव में यान्त्रिकी एक सुविधाजनक भाषा ही है जिसमें हम अपने अनुभवों का सार दे सकते हैं–इससे अधिक या कम कुछ नहीं ।

एक दूसरे दृष्टिकोण से भी पियर्सन का कार्य मैश की अपेक्षा अधिक रोचक है । वह अपने समय की यान्त्रिकी से असन्तुष्ट थे । उन्होंने लिखा, द्रव्य, पिंड और शक्ति की धारणाओं में व्याप्त सम्भ्रम को शुद्ध करने के लिए एक तेज ठण्डी हवा की आवश्यकता है ।' किसी को यह नहीं समझना चाहिए कि उन्नीसवीं शती का वस्तुस्थितिवाद कुछ उग्र और आत्मसंतुष्ट वैज्ञानिकों के दर्शन पर आघात का ही एक रूप था प्रत्युत एक महत्वपूर्ण सीमा तक, उसने स्वयं विज्ञान के अन्दर ही बीसवीं शती की क्रान्ति के लिए मार्ग प्रशस्त किया, जो आइंस्टीन के नाम के साथ सम्बद्ध थी ।

इससे पूर्व कि हम उस क्रान्ति के स्वभाव और प्रभाव पर विचार करें हम उस समय के कुछ दार्शनिक वैज्ञानिकों के बारे में भी कुछ कहना चाहिए जिनके लेखक मैश के वस्तुस्थितिवाद से एकदम प्रभावित थे । जर्मन भौतिकशास्त्री एच० हर्ट्ज हैल्महोल्ज के ही शिष्य थे, जो अपने शिष्य हर्ट्ज के अपूर्ण और मृत्यूपरान्त प्रकाशित ग्रंथ द प्रिन्सिपल्स आव मैकनिक्स प्रजेन्टेड इन ए न्यू फोर्म' (1884 अंग्रेजी अनुवाद 1899) की प्रस्तावना लिखने के लिए ही जीवित रहे । इस ग्रंथ में हर्ट्ज ने यान्त्रिकी में प्रागभावी और आनुभविक क्या है इन दोनों का पारस्परिक अन्तर स्पष्ट करने का यत्न किया । उन्होंने अपना कार्य इस ढंग से किया जिससे उनके एक सहकर्मी इंजीनियर विटजन्स्टीन और उनके बाद उस समय के कई ब्रिटिश विज्ञान दार्शनिक भी विशेष प्रभावित हुए ।

हट ज के अनुसार शुद्ध या निगम्य यान्त्रिकी बिम्बो और धारणाओ मे बनती है। इन बिम्बो को प्रायोगिक तथ्यो की अनुकृतिया अथवा सामान्य प्रतिबिम्ब नही माना जा सकता। वे मानते हैं कि य बिम्ब तथ्यो क अनुकूल होते हैं लकिन यह अनुकूलता एक चित्र स उस वस्तु की जिसका वह चित्र प्रतिनिधित्व करता है अनुकूलता जसी नही है। बशर्ते कि व बिम्ब हम आवश्यक पूर्वानुमान करन क योग्य बनाते हो। यथाथ के साथ यही एक समझौता है जिसकी हम उनस अपक्षा कर सकते है। हट ज साचत है कि बिम्बा की कोइ भी सख्या समान रूप स सन्तोष अनक हो सकती है यदि हम उन्ह उनके आनुभविक व्यावहारिकता के दृष्टिकोण स दखें। इस प्रकार अपने इलेक्ट्रिकल वक्स (1882 म अंग्रेजी अनुवाद 1893) मे वे इस बात की धारणा करते हैं कि मक्सवल के हैल्महोलज क तथा उन सबके विद्युत के सिद्धान्त जिन्हे वे यहा प्रस्तुत कर रहे हैं स्वरूप की विशष भिन्नताओ के बावजूद भी एक ही आन्तरिक महत्व को लिए हैं और इसीलिए उन्ह एक स पदार्थों का हा बना हुआ होना चाहिए।

यदि कोई भौतिकशास्त्री एक की बजाय दूसरे बिम्ब को अधिमान देता है जबकि प्रत्यक बिम्ब एक ही समीकार की ओर अग्रसर होता है तो यह मान इसीलिए है कि कुछ बिम्ब दूसरो की तुलना म अधिक सरल और उपयुक्त हैं यथा कि य वस्तु के आवश्यक सम्बन्धो के दूसरो की तुलना म अधिक चित्र प्रस्तुत करते हैं और उनम दूसरो की अपेक्षा खाली और सतही सम्बन्धों की सख्या कम है। हमारे प्रत्येक चित्र म वे कुछ न कुछ ऐस गुण अवश्य हाते हैं जो उसके प्रमुख काय के लिए इतने आवश्यक नही होते, उदाहरणाथ किसी नक्श की कुछ विशेषताए उस कागज पर भी आधारित होती हैं जिस पर वह बना हुआ हाता है न कि उस क्षत्र के भूगोल पर हो जिसका कि वह प्रतिनिधित्व करता है। एक चित्र म ऐसी असगतिया जितनी कम होगी चित्र उतना ही अच्छा होगा। इसी आधार को लेकर हटज ने अपने विद्युत के सिद्धान्त को मक्सवेल के सिद्धान्त की तुलना म अधिमान दिया। वह इस बात की धारणा नहीं करते कि उनका सिद्धान्त उन बिन्दुओं पर भी सही है जिन पर मक्सवेल का गलत है। सामान्य रूप से हट ज अधिक स्पष्टता और सादगी के लिए न कि अधिक परिशुद्धता के लिए यान्त्रिकी का पुन लेखन करते हैं।

जो प्रणाली उन्होने बनाई है वह अपने आपको कायरत भौतिकशास्त्रियों[1] के लिए अनुकूल नही मानती। उनके लिए जो चीज महत्व की थी वह उनका विभिन्न बिम्बा का अन्तर था, जिसके माध्यम से यान्त्रिक तथ्यो और वास्तविक तथ्यो का प्रतिनिधित्व होता था, और उस अन्तर के साथ जो अन्य बात थी वह इसी बात

---

[1] ए० जे० पी० म स्माट और पी० फाउल्के के मध्य विमर्श दखें (1951-52

को दर्शाने का प्रयत्न था कि यान्त्रिकी में एक शुद्ध प्राग्भावी तथ्य भी है। द प्रिंसिपल्स आव मेकनिक्स को दो भागों में बाँटा गया है—प्रथम पुस्तक की आमुख-टिप्पणी में हर्ट्ज इस विश्वास को अभिव्यक्त करते हैं कि उस पुस्तक की विषय वस्तु अनुभव से पूर्णत स्वतन्त्र है। यदि यह बात सत्य हो तो इससे भिन्न के ढंग की पूर्णतया 'आनुभविक यान्त्रिकी' की सम्भावना समाप्त हो जाती है। उसी के साथ उसके प्राग्भावी तत्त्व अब उन बिम्बों की इकाइयों के अतिरिक्त और कुछ नहीं रहते जिन्हें हम आनुभविक के साथ अधिक प्रभावशाली होने के लिए निर्मित कर देते हैं। ये किसी भी अर्थ में विवेक की आवश्यकता नहीं हैं। इस प्रकार हर्ट्ज का यान्त्रिकी का विश्लेषण पारम्परिक अनुभववाद और पारम्परिक बुद्धिवाद (Rationalism) के बीच का मार्ग प्रशस्त करता है।

साइंस ऐंड हाइपोथेसिस (1902 अंग्रेजी अनुवाद 1905) जैसे ग्रन्थों में गणितीय भौतिक शास्त्रों को प्रशिक्षित करते हुए हेनरी पोइनकेयर[1] ने अपेक्षाकृत अधिक लोकप्रिय तथा निष्कृति में शीघ्र प्रभावशाली स्वरूप में बहुत कुछ वैसी ही स्थिति सामने रखी। पोइनकेयर इस विचार को नकारने में विशेष रूप से सन्नद्ध हैं कि सिद्धान्ततः यान्त्रिक ढंग से विज्ञान का निर्माण स्वयंसिद्धों में से निष्कृतियाँ निकालकर ही किया जा सकता है। इस दृष्टि से वह आत्मा से उसी विचार आन्दोलन के हामी हैं जिसके बर्गसाँ और अर्थक्रियावादी हैं। वह विचार के यन्त्रीकरण के किसी भी प्रयत्न के विरोध में सहजता और अन्तर्ज्ञान की रक्षा करते हैं। इस कारण से उन्होंने रसल और उसके सहयोगियों के गणितीय तर्क पर प्रबलता से आघात किया है। उन्होंने सोचा कि गणित को तर्कशास्त्र में बदलने का अर्थ उस सहजता और अन्तर्ज्ञान के तत्त्व को नष्ट करना होगा जिसे उन्होंने विशेष महत्त्व दिया है।

उस 'रूढ़िवाद' की यही पृष्ठभूमि है जो पोइनकेयर के नाम के साथ जुड़ी है। जब उन्होंने इस बात की धारणा की कि यान्त्रिकी के नियम परिपाटियाँ हैं तो वह इस लिए थी कि परिपाटी मानवीय आत्मा का एक स्वतन्त्र सृजन है। जैसा कि अर्थक्रियावादियों ने कहा था यदि नियम अनुभवों का एकमात्र सारांश ही होता तो वैज्ञानिक का कार्य उसके पर्यवेक्षणों के रिकार्ड करने और उनके सारांश निकालने तक ही सीमित रहता। वैज्ञानिक वास्तव में एक संवेदनशील मशीन के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। लेकिन यदि इसके विपरीत नियम मात्र परिपाटियाँ या छद्मवेशी परिभाषाएँ अथवा ऐसी भाषा ही है जिसे हम लचों की गति के सम्बन्ध में बात करने की व्यवस्था के लिए निर्मित करते हैं, तो वैज्ञानिक एक सर्जक है।

---

[1] आर० एम० एम० (1913) का पोइनकेयर अंक देखें, टी० डेनजिग हेनरी पोइनकेयर (1954)

यह सिद्धान्त प्रत्यक्ष ही विज्ञान की वस्तुपरकता को नष्ट कर देता है। उसे काव्य की एक प्रजाति (Species) में बदल देता है। पाइनकेयर के मत में उनके कुछ शिष्य[1] परिपाटीवाद (Conventionalism) को उस दिशा में बहुत दूर तक ले गए, और आदर्शवाद में लाकर विलीन कर दिया। इसलिए उन्होंने यह दर्शाने की चेष्टा की कि परिपाटी एक स्वतन्त्र सृजन होने के बावजूद भी स्वेच्छा नहीं है। अनुभव यदि किसी वैज्ञानिक को एक विशेष परिपाटी पर चलने के लिए बाध्य नहीं करता तो कम से कम एक दिशा को छोड़कर दूसरी किसी दिशा में जाने के लिए निर्देशित तो करता ही है। पाइनकेयर अपने प्रिय उदाहरण में कि वैज्ञानिक ग्रहों की गति के सम्बन्ध में एक टोलेमिक और और एक कोपर्निकन, विवरणों में से किसी एक परिपाटी को चुनते हुए न कि किसी तथ्य को रिकार्ड करते हुए अपने चुनाव में किञ्चित भी नहीं सकुचाता। विज्ञान की वस्तुपरकता इसी बात से निकलती है कि एक बार एक परिपाटी के चला दिए जाने पर वैज्ञानिक लोग उसकी वरिष्ठता को स्वीकार कर लें। पाइनकेयर ने सोचा गलीलियो सत्य के लिए संघर्ष कर रहा था भले ही सत्य वास्तव में वह न हो जिसे गलीलियो ने मान रखा था।

पोइनकेयर परिपाटीवादी और आनुभविक तत्वों को समन्वित करने में वास्तव में भले ही सफल न हुए हों, वे अपने सहकर्मी वैज्ञानिक पियर दुहीम[2] का

---

[1] उदाहरणार्थ के लिए ई० ली राय। देखें उनकी द लोजिक आव इनवेंशन' (आर एम एम 1905)। परिपाटीवाद का एक संस्करण पहले ही जी० मिल्हाड के द्वारा अपनी ले रेशनल (1898) में रसायनशास्त्र में व्यवहृत हुआ था। फ्रांसीसी रीतिवादी सामान्यत इसे दर्शन की ही एक शाखा मानते हैं जो कि फ्रांस में अधिक सक्रिय हैं। देखें ए लीलेण्ड पब्लिकेशन्स इन द फिलोसोफी आव द साइन्सेस (1900) जो फिलोसोफीकल थोट इन फ्रांस एण्ड द यूनाइटेड स्टेटस में प्रकाशित हुआ (संपादन एम० फारबर (1950) द नेचर आव फिजिकल थ्योरी (1931) नामक बी लेन्जन के ग्रन्थ में और ए० पथ की द ए प्रियोरी इन फिजिकल थ्योरी (1946) में इन सबने यह कह कर कि व्यापक रूप से पुष्ट प्राक्कल्पनाएं परिपाटियों की तरह ही काम करती हैं, परिपाटीवाद को अनुभववाद के साथ समन्वित करने के प्रयत्न किये, यद्यपि बाद के अनुभवों ने भले ही उन्हें उलटा कर दिया हो। सी लवी कृत पैप का रिव्यू (माइण्ड 1947) भी देखें।

[2] देखें दुहीम कृत ए रे की पुस्तक ला थ्योरी दे ला फिजीक चेज लेस फिजीसियेन्स कन्तेम्पोरेन्स (1907) की समीक्षा जिसे एक परिशिष्ट के रूप में उनकी पुस्तक फिजिक्स इट्स आब्जेक्टस, इट्स स्ट्रक्चर (1906 अंग्रेजी अनुवाद 1954) के द्वितीय संस्करण के साथ (1914) में जोड़ा गया।

इस बात से आश्वस्त करने में निश्चय ही असफल रहे कि वे वैसा समन्वय कर सके थे। दुहैम इस बात का स्वीकार करते हैं कि वैज्ञानिक सिद्धान्तो को बडे अनमने मन से अस्वीकार किया जाता है। कभी कभी तो उनके अवगुण लम्बे प्रयोगो के प्रमाण के पश्चात ही सामने आते हैं, तब भी वे इस बात को स्वीकार नही करते कि ये शुद्ध परिपाटियां हैं, कोई भी प्रयोग सिद्धान्त रूप में उन्हें असिद्ध नही कर सकता। उनका उद्देश्य वैज्ञानिक सिद्धान्तो का एक ऐसा ढांचा तैयार करने का है जो उन्हें अनुभवसिद्ध होने के लिए प्रस्तुत करे यद्यपि उस जांच का सीधा और तात्कालिक होना जरूरी नही है।

दुहेम के अनुसार रीतिवादी एक भ्रामक किन्तु खतरनाक गलती में पडते हैं। वे शरीरविज्ञान अथवा दैनिक जीवन की भांति भौतिक सिद्धान्तो को भी, विज्ञान की आनुभविक प्राक्कल्पनाओ के साथ मिलाते हैं। लेकिन जहां ऐसी कोई प्राक्कल्पना कुछ विशेष पर्यवेक्षणीय इयत्ताओं के गुणो का वर्णन करती हैं, दुहैम कहते हैं वहां एक भौतिक नियम अमूर्त और प्रतीकात्मक होता है। वह भौतिक इयत्ताओ के स्थान पर पुंजो, दबावो और आयतनो को सम्मिलित करता हैं। यदि एक वैज्ञानिक किसी दबाव और ताप को देखने की बात करता है दुहैम चुनौती देते हुए कहते हैं कि, तो उसे यह स्मरण रखना चाहिए कि उसका पर्यवेक्षण एक सैद्धान्तिक सम्बन्ध को पहले से मान कर चलता है यथा पारे के खाने के घनत्व में ताप और एक परिवर्तन के बीच का सम्बन्ध। इस प्रकार यह मानना एकदम गलत है कि भौतिक विज्ञान ऐसी आनुभविक प्राक्कल्पनाओ से बनता है जो पर्यवेक्षण द्वारा अन्तिम रूप से प्रस्थापित या विस्थापित की जा सकती हैं। तथाकथित पर्यवेक्षण स्वयं अपने आप में वैज्ञानिक सिद्धान्तो को अन्तर्निहित किए रहते हैं और यह उन्ही सिद्धान्तो में से हमारे पर्यवेक्षणो के विरोध में हो सकता है प्राक्कल्पनाएं विरोधी नही हैं।

भौतिक शास्त्र की प्रणाली को जैसा कि दुहेम वर्णन करते हैं चार अवस्थाओ में बांटा जाता है। प्रथमत भौतिकशास्त्री भौतिक प्रक्रियाओ के सरलतम अंगो को चुन लेता है जो उसे सरल दिखते हैं, वह गलती पर भी हो सकता है (कारण कि वे कैसे विखण्डित होते हैं, वह नही जानता, लेकिन तब भी उनमें से वह कुछ अधिक जटिल प्रक्रियाओं का निर्माण कर सकता है।) वह इन्हें गणितीय प्रतीको के रूप में रूपांकित करता है यहां वास्तव में शुद्ध परम्परा का एक तत्व आ जाता है। जैसे कि भौतिकशास्त्री ताप को एक सेन्टीग्रेड पर बहुत [illegible] अंशमानो में प्रतीकित करने के लिए चुनता है तो अपनी रचनात्मक गणितीय कल्पना के प्रयोग से वह इन प्रतीकों को एक सामान्य सिद्धान्त के रूप में जोड़ देता है। यहां तक अनुभव भी भौतिकशास्त्री को सुधारने में असमर्थ है, उसका कार्य अभेद्य रहता है। जब तक कि

उसमें या तार्किक विरोध प्रकट न हो जाए। लेकिन अन्त में वह अनुभव की तरफ ही अधिक लौटता है। नंगे तथ्यों की तरफ नहीं बल्कि प्रयोगात्मक नियमों की तरफ। यदि उसके सिद्धान्त में से ज्ञात प्रयोगात्मक नियमों को निगमित किया जा सकें तो वह इसे सच्चा मानता है लेकिन यदि जो परिणाम वह निकालता है प्रयोगात्मक नियमों के साथ असंगत हैं तो उसके उपकरण चाहे जिस सीमा तक परिशुद्धता की इजाजत देते हों वह अपना सिद्धान्त झूठा मानकर छोड़ देता है अथवा उसमें कोई न कोई संशोधन अवश्य कर देता है। तब इन अवस्थाओं में प्रयोगात्मक नियम निर्णायक हो जाते हैं।

कुछ मायनों में दुहेम का ढंग मैशियन है। वह कहते हैं कि भौतिक सिद्धान्त एक व्याख्या नहीं है। व्याख्या का कार्य तत्त्वदर्शनवादियों के लिए छोड़ देना चाहिए[1]। वह आगे कहते हैं, एक सिद्धान्त गणितीय तर्कवाक्यों की ऐसी व्यवस्था है जो अधिकाधिक सरल पूर्ण और सही ढंग से प्रयोगात्मक नियमों के पूरे समूह का प्रतिनिधित्व करने का प्रयत्न करती है। लेकिन साथ ही वे किसी भी स्थिति में मैश के अनुगामी मात्र नहीं हैं। उनकी मौलिकता प्रथमतः सिद्धान्तों और प्रयोगात्मक नियमों के स्पष्ट अन्तर दिखाने में, दूसरे एक असली (क्रूशल) प्रयोग के आदर्श को त्याग देने में तथा तीसरे उनके इस बात के आग्रह में है कि भौतिक सिद्धान्तों को गणितीय स्वरूप ही ग्रहण करना चाहिए अर्थात् यह उनकी यान्त्रिक आरूपों की अस्वीकृति हुई।

ई० मेयरसन[2] के लेखों में मैश का विरोध अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट और मुँहफट है। संभवतः यह बात अमहत्वपूर्ण नहीं है कि मेयरसन का प्रशिक्षण एक रसायनशास्त्री के रूप में ही हुआ था अतः एक दृष्टि से विज्ञान का उनका सिद्धान्त मैश के वस्तुस्थितिवाद के विरोध में एक परम्परात्मक रासायनिक यथार्थवाद के बचाव के रूप में लिया जा सकता है। दुहेम और पियर्सन से ये वैसे

---

[1] वैसे दुहेम एक कैथोलिक थे। उन्होंने भौतिकशास्त्र को तत्ववादी दर्शन से जिस तीव्रता के साथ अलग कर दिया वह भौतिकशास्त्र के लिए भी उतने ही हित का था जितना तत्ववादी दर्शन के। अभिनव दर्शन की एक महत्वपूर्ण विशेषता वास्तव में कैथोलिक दार्शनिकों की विज्ञान की वस्तुस्थितिवादी व्याख्याओं को इस आधार पर स्वीकार करने की तत्परता ही रही है कि वे धर्म का काफी गुंजाइश दे देते हैं।

[2] देखें जी० बास ए क्रिटिकल एग्जामिनेशन आव द फिलोसोफी आव ई० मेयरसन (1930), ए० ई० ब्लूमबर्ग का ई० मेयरसन्स क्रिटीक आव पोजिटिविज्म' मोनिस्ट 1992) मैटर एण्ड लाइट (1937, अंग्रेजी अनुवाद 1939) में प्रकाशित एल० डी ब्रोगली का स्मारक निबंध।

कनिष्ठ हैं। वास्तव में दशन को इनका अत्य त व्यापक योगदान द प्रोग्रेस आव थोट (1931) तक प्रकाशित नही हुआ था। तथ्य यही है कि उनको विचारधारा पूव आइ स्टीन काल मे ही निमित हो गई थी। यह विचारधारा वातावरण के लिहाज स पुरातन थी इतिहास का कालक्रम अवश्य नया था।

मयरसन की पहली महत्वपूण पुस्तक आइडेंटिटी एण्ड रियलिटी (1908 अ ग्रे० अनु० 1930) उनकी कृतियों के दोनो मुख्य बि दुओ को सुझाती है। वस्तुनिष्ठावादी इस सिद्धा त के विपरीत कि विज्ञान सवगो को अनुशासित करता है उ होने इस बात की पुष्टि की कि विनान का उद्देश्य है यथार्थो तक वस्तुओ को भेदना क्योंकि वास्तव म यही तात्विक आवेग (ontological impulse) हैं। जो वस्तुत है, उसकी खोज ही विनान का प्रेरक तत्व है। मयरसन के अनुसार परमाणुसिद्धान्त एक आदश वनानिक सिद्धा त का अच्छा उदाहरण है। दूसर, इस विचार के खिलाफ कि विज्ञान अपने आपको अचल सयोजको (Constant Conjunctions) की खोज तक ही सीमित रखता है, वे कहते हैं कि विनान समरूपकों की खोज है। विनान प्रदर्शित करता है कि जो सतही तौर पर सृष्टि और विनाश की प्रक्रिया दिखती है, वह वाकई म पदार्थों के अ दर होने वाली ऐसी पुन यवस्थाओ के अतिरिक्त और कुछ नही हैं जो प्रत्यक्ष परिवतनो क माध्यम स अपनी समरूपता को कायम रखती हैं। और उस दृष्टिकोण से मेयरसन ने सोचा कि मरक्षण सब धी नियम वनानिक जाच म से ही निकले हैं। वास्तव म यदि विनान पूण रूप म सफल होता तो वह व्यथ की पुनरुक्तियो मे उलझ कर कभी का समाप्त हो गया होता। यह एक ऐसी नियति थी जिसस वह बचा रहा—यद्यपि यह पर्याप्त विरोधाभासी लगता है, पर यह सब इसलिए हुआ क्योंकि विनान पूणत कभी भी अविवेकी स्थितियो पर विजय प्राप्त नही कर सका अर्थात् वह उन विभिन्नताओ म रही एकरूपता को प्रकट करने म असफल रहा।

स्पष्टत मेयरसन की रचनाए समसामयिक दशन की प्रमुख धाराओ क सीधे विरोध म आती है। आज उ हे एक दाशनिक मानने की बजाय विनान के इतिहासकार क रूप म अधिक ख्याति प्राप्त है, दूसर लेखकों के विपरीत जिनकी रचनाओ पर हम विचार करते रहे हैं—जसे मश, पियसन क्लिफोड हट ज, दुहैम पाइनकेयर, और जिनकी कृतियो ने विज्ञानदशनो का आकार ग्रहण किया व समसामयिको का ध्यान अपनी ओर के द्रित किया। इसी बीच भौतिकशास्त्री स्वय तत्ववादी अनुमान की गहराइयो मे चल गए।

पिछली कुछ दशाब्दियो मे दाशनिक प्रवत्तिवाले वज्ञानिको की रचनाओं में एक महत्वपूण प्रवृत्तिमूलक परिवतन प्रकट हुआ है। दुहैम और मश दोनों ने अले

हो यह भिन्न भिन्न कारणों से किया हो तत्वदर्शन से भौतिकशास्त्र के स्वतन्त्र होने की बात पर जोर दिया। उन्होंने इस बात की धारणा की कि भौतिकशास्त्र न तो किसी का ऋणी ही था और न उसने परम्परात्मक दर्शन को ही कुछ दिया। इसके विपरीत एडिंगटन और व्हाइटहेड जो शिक्षा से गणितज्ञ भी थे पूर्णत तत्ववादी रहे जबकि तत्वदर्शन को साधारणतया पेशेवर दार्शनिकों द्वारा दूर से ही टाल दिया जाता रहा।

भौतिकशास्त्र की प्रकृति में हुए परिवर्तन, ऐसे परिवर्तन जिनके विषय में हम केवल नाम और[1] तिथि लिख सकते हैं दर्शन के प्रति वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण में कुछ क्रान्तिकारी संशोधन के लिए उत्तरदायी हैं। अनेक अर्थों में ऐसा आभास हुआ कि भौतिकशास्त्र तत्ववाद की जिम्मेदारियों के लिए उसका वारिस हो गया। प्रथम परिवर्तन था दिक और काल के सम्बन्ध में। आइन्स्टीन का सापेक्षता का विशेष सिद्धान्त (1905) सापेक्षता के पक्ष में इस बहु विवादित दार्शनिक समस्या को लेकर धीरे धीरे जम रहा था कि क्या दिकीय स्थिति और कालावधि प्रभूत्त और सापेक्ष है? एक भौतिकशास्त्री के, न कि एक तत्ववादी के प्रयत्नों से एक दार्शनिक सुवाद अन्तत समाप्त हुआ। दूसरे जैसा कि कहा गया था भौतिकशास्त्र ने प्राचीन नियतिवादी सुवाद पर एक नई रोशनी डाली। शास्त्रीय नियतिवाद को इस प्रकार रक्खा जा सकता है—यदि दिए हुए समय में एक भौतिक पद्धति का तथा उस पर लागू होने वाले समस्त बाह्य प्रभावों का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध हो, तो सिद्धान्त रूप से उस पद्धति की भावी स्थिति के बारे में पूर्वानुमान करना सदैव संभव है। ऊर्जाणु-यान्त्रिकी ने जो हिसेनबर्ग के 'अनिश्चय सिद्धान्त' में प्रकट हुई थी और जिसे एडिंगटन ने 'अनियततत्ववादी सिद्धान्त' की संज्ञा दी थी उप-अण्वीक्षणीय प्रक्रियाओं के संबंध में तो कम से कम 'पूर्ण विवरण' की संभावना को रद्द कर शास्त्रीय नियतिवाद के सिद्धान्त को नीचा दिखाया है। एक विद्युतकण की स्थिति को पूर्ण परिशुद्धता के साथ निश्चित करने के दौरान में ही हिसेनबर्ग ने कहा कि भौतिकशास्त्री उसकी निश्चयीकरण की संभावनाओं को स्वत ही समाप्त कर देता है। अनेक भौतिकशास्त्रियों ने जब इसका यह अर्थ निकाला कि कार्यकारण सम्बन्धी सिद्धान्त को पछाड़ दिया गया है, तो ऐसा आभास हुआ कि एक महत्वपूर्ण दार्शनिक निष्पत्ति भौतिकशास्त्रियों के विचारविमर्शों से एक बार फिर प्रकट हुई है।

---

[1] विस्तृत विवरणों के लिए देखें ए० आइन्स्टीन और एल० इनफील्ड की द इवोल्युशन आव फिजिक्स (1938), डब्ल्यू० विलसन की ए हन्ड्रेड ईयर्स आव फिजिक्स (1950)।

तीसरे नवभौतिकी बहुत कुछ महत्वपूर्ण अंशों में ज्ञानमीमांसीय थी। उसकी सफलताओं ने, जैसा कि बताया गया, हमेशा के लिए ज्ञानमीमांसा के तमाम परम्परावादी झगड़ों को तय कर दिया था। यह कसौटी—जिसे अब एक शास्त्रीय उदाहरण का स्तर प्राप्त हो गया है, आइंस्टीन की परम समकालिकता (एब्सोल्यूट सायमल्टेनिटी) की धारणा की आलोचना है। आइन्स्टीन पूछते हैं, कोई इस बात को कैसे देख सकता है कि दो सुदूर घटनाएं एकदम समकालिक हैं? आइंस्टीन सिद्ध करने के प्रयास में कहते हैं—ऐसा कोई भी प्रयत्न जिससे हम उनकी समकालिकता को स्थापित करने की आशा करते हैं एक दोषपूर्ण प्रतिगमन (वीसियस रिग्रेस) को ही अपने में सन्निहित करता है। उदाहरणार्थ मान लीजिए कि हम यह सुझाते हैं कि दो घटनाएं समकालिक हैं क्योंकि वे घटी मुखों पर नापे जाने के पश्चात् एक ही समय में घटती दिखती हैं। सुदूर वस्तुओं के मामले में कोई इस बात का निश्चय कैसे कर सकता है कि घटी-मुखों पर पहुंचने वाले हाथ एक बिन्दु पर एक ही समय में पहुंचे हैं?

आइंस्टीन समापन करते हुए कहते हैं कि सुदूर वस्तुओं की परम समकालिकता की धारणा निरर्थक है। आइंस्टीन कहते हैं कि ह्यूम और मैश के अध्ययन ने उन पर निश्चय ही प्रभाव डाला है। ज्ञानमीमांसीय विश्लेषण जिसका यहां भौतिक सिद्धान्त की रचना के लिये प्रयोग हुआ है वह न तो लोक और न बर्कले ही के लिए एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे बाह्य विवेचनात्मक माना जाय। अब यह भौतिक शास्त्री के कार्योपकरणों में से एक ऐसा उपकरण है जिसका औचित्य किसी अन्य उपकरण की भांति भौतिक समस्या के हल करने के पश्चात् उपलब्ध सफलता का संकेत देता है। इस आधार पर एक मात्र स्वीकार्य ज्ञानमीमांसा वही है जो संक्रिय भाषा में धारणाओं को परिभाषित करे और जो उन सब धारणाओं को निरर्थक कह कर त्याग दे जो कार्यशील परिभाषाओं के अन्तर्गत नहीं आतीं।

भौतिक शास्त्र के इस दार्शनिक रूपान्तर का सभी भौतिकशास्त्रियों ने प्रसन्नतापूर्वक स्वागत नहीं किया। एडिंगटन ने इसे प्राकृत दर्शन का पुनरुद्भव माना है। रदरफोर्ड जैसे प्रयोगवादी इन नयी प्रवृत्तियों के प्रति पूर्ण सन्देहशील थे। तो भी सम्पूर्णतः गणितीय भौतिकशास्त्री जिनके लिए ज्ञानमीमांसक विश्लेषण प्रयोगशाला के शिक्षण से कहीं अधिक उपयुक्त है, आधुनिक विज्ञान का प्रवक्ता रहा।[1] वे भी आधुनिक भौतिकशास्त्र के दार्शनिकीकरण के संबंध में एकमत नहीं

---

[1] इस संबंध में एक उल्लेखनीय अपवाद हैं प्रयोगवादी एन० आर० कैम्पबेल, जिनकी रचना फिजिक्स द एलीमेण्ट्स (1920) भौतिक नियमों एवं भौतिक सिद्धान्तों के बीच रहे संबंधों की महत्वपूर्ण ढंग से व्याख्या प्रस्तुत करती है। स्ट्रक्चर एण्ड

थ। आइस्टीन एव प्लक[1] इन दोनो म से एक भी यह स्वीकारने के लिए तयार नही कि हिसनबग का अनिश्चितता का सिद्धा त काय कारण के सिद्धान्त का अ तिम रूप स उ मूलन कर देने म सफल हुआ है। और न सभी भौतिकशास्त्रियो ने आइ स्टीन के दिककाल सिद्धा त को ही स्वीकार किया। कम से कम थोडे हेर फर के बाद ही धारणाओ एव सक्रियता के बीच के सबधो को विभिन्न धरातलो पर स्थापित किया गया। कि तु उन मतभेदों के बीच की दूरी कितनी ही रही हो तथ्य यह है कि परम्परागत दशन ही अधिकाश समस्याओ को अब भौतिक सिद्धा तो क आधार पर ही चर्चित किया जा रहा था। भौतिकशास्त्री अब उन विवादो पर अपनी विशेषज्ञ दृष्टि से विवचन करने लगे जि ह व कभी रूखे तत्ववाद का विषय मानकर त्याग देते थे।[2]

पेशेवर दार्शनिक, दार्शनिक पत्रकार नही भौतिकी म हुई क्राति स बहुत न्यून रूप मे प्रभावित हुए। उन को यह सदेह करना पडा था कि बहुत सी अन्य क्रान्तियो की भाति भौतिकी की क्राति ने भी कोई नई दार्शनिक समस्या को खडा नहीं किया और न पुरानी समस्याओ को ही हल किया है। हा, केवल हगामा ही अधिक मचाया है। इसके साथ यह तो माना जाना ही चाहिए कि व्यवसायी दार्शनिको को यह बात डरा गई कि दार्शनिक भौतिकी अपनी युक्ति के महत्त्वपूर्ण बि दुओ पर गणित मे जाकर विलीन होती चली जा रही है। न दार्शनिको की यह आस्था कि वे सूक्ष्म बातो को भी समझ सकते हैं उ ह इस अपेक्षा की ओर ही ले गई कि उनके बाध मे

थ्योरीज नामक इसी का एक अध्याय फागल एव ब्रौडबक की कृति रीडिंग्स इन द फिलोसोफी आव साइन्स म भी पढा जा सकता है। रीतिविधान की चर्चा करने वाली रचनाओ मे कम्पबल की रचनाए बहुधा अचर्चित ही रह जाती हैं। (ब्रथवेट की साइण्टिफिक एक्सप्लेनेशन्स चाहे इसका अपवाद है) कि तु युवा ब्रिटिश विचारकों म इन्हें बडे सम्मान से पढा जाता है।

[1] आइ स्टीन फिलोसोफर साइण्टिस्ट (लाइब्रेरी आव लिविंग फिलोसोफर्स स० पी० ए० शिल्प (1949) म देखें यही चर्चा।

[2] उदाहरण के लिये देखें एम० प्लैंक कृत व्हेयर इज साइन्स गोइंग? (1932) (अंग्रेजी अनुवाद 1933)। डब्लू० हिसेन्बग कृत फिलोसोफिकल प्रोब्लेम्स आव न्यूक्लियर साइन्स (1935) अंग्रेजी अनुवाद (1952) एम० बान कृत नेचुरल फिलोसोफी आव कौज एण्ड चान्स (1949) एल० डी० ब्रोगली कृत मैटर एण्ड लाइट (1937 अंग्रेजी अनुवाद 1939) एच० मारजिनो द नेचर आव फिजिकल रीयलिटी (1950); एच० वील कृत द फिलोसोफी आव मैथेमेटिक्स एण्ड नेचुरल साइन्स परिवर्द्धित संस्करण 1939 (मूल जमन टेक्स्ट 1926 का था)

कोई विशप महूत्व का चमत्कार उत्पन्न होने वाला है। केवल अपवाद अवश्य रहे होंगे। उल्लेखनीय दाशनिक राजनीतिज्ञ आर० बी० हाल्डेन, अपनी बहुपठित पुस्तक द रेन आव रिलेटिविटी (1921)[1] म अपनी होगलवादी आस्था पर म इस्टीन के मापप्नता के सिद्धा त की याख्या करने का प्रयास करत हैं। एलेक्जेण्डर ने कालन्कि सम्बंधी सिद्धा त की उनके द्वारा की गई आंशिक पुष्टि का स्वागत किया। रसल ने नवमौतिकी की लोकप्रिय याख्या की तथा उसक प्रमाव चि हो का वहा दर्शाया। बहुत से केम्ब्रिज दाशनिको ने जमे सी० डी० ब्रोड इस बात का मानवोचित प्रयास किया कि मौतिकी क समसामायिक विकास मे से कोई दाशनिक मथ निकाला जा सके। सब मिलाकर अभिनव विज्ञान के दाशनिक स्वर की खोज के लिए वनानिक दाशनिको की ओर ही मुँह कर के हमे देखना होगा जो इस काल म बहुतायत मे थे।

अग्रेंज लेखको म सर आथर एडिंगटन नाम के ज्योतिषी सुविख्यात हैं[2] उनकी कृति स्पेस टाइम एण्ड ग्रेविटेशन (1920) म उन्होने आधुनिक वैनानिक विचारो के स्पष्टतम व्याख्याता के रूप मे यश कमाया। नेचर आव फिजीकल वल्ड (1928) एव द फिलोसोफी आव फिजिकल साइन्स (1939) मे वे प्रबुद्ध प्राकृत दाशनिक के रूप मे प्रकटे हैं। उनक दशन म नवमौतिकी की व्याख्या के लिए उपयोग म ली गई व्यक्तित्वमूलक प्रत्ययवान्दी प्रवृत्ति के दशन किये जा सकते हैं।[3]

---

1 इमके साथ ही विशिष्ट राजनीतिज्ञ होने क नात लाड हाल्डन दाशनिक कृतियो की एक दीघ शृ खला क निर्माता थ जिनमे द पाथवे टू रीअलिटी सव-प्रसिद्ध है। यहा यह बात उल्लखनीय है कि रेन आव रिलेटिविटी (1903 4) ब्रिटन के व्यवसाय के लिए आणविक ऊर्जा पर काय किय जाने की सम्भावना और उसके महत्व पर बल देते हैं। प्रत्ययवान्दी तत्ववादी दाशनिक द्वारा एकाएक अपने ग्र थ म सहज व्यावहारिकता का यह प्रयोग किया जाना वास्तव म अद्वितीय है। देखें ए एस प्रिगल पटीसन द्वारा लिखित मृत्युलेख (पी० बी० ए० 1028)

2 दखें ए० डी० रिशी द्वारा दिये गय एडिगटन की स्मृति मे भाषण (1948), ई० हाइटाकर (1951), एच० डिंगल (1954), जी० डी० हिक्स कृत प्रोफसेर एडिगट स फिलोसोफी आफ नेचर (पी० ए० एस० 1928) एन० आर० कम्पबल "एरम आव सर आथर एडिगटन' (फिलो० 1931) ई० व्हाइटाकर फ्रोम यूक्लिड टू एडिगटन (1949) आर० बी० ब्र थवट क रिव्यू (माइण्ड 1929 1949) सी० डी० ब्राड (फिलो० 1940)

3 देखें एस० स्टबिंग फिलोसोफी एण्ड फिजिसिस्ट 1937, पी० फ्रैंक इण्टरप्रिटेश स एण्ड मिसइण्टरप्रिटेशन्स आव माडन फिजिक्स (1939), द न्यू फिजिक्स एण्ड मैटाफिजिकल मैटीरियलिज्म (पी० ए० एस० 1942) एव रीअलिज्म एण्ड मोडन फिजिक्स (पी० ए० एस०,एस० 1929 पर विचार), ई० नेजल सोवरेन रीजन (1954)

एडिंगटन यह मानते हैं सब प्रश्नों से परे, कि हम प्रत्यक्षतः हमारी चेतना के उपकरणों के अतिरिक्त अन्य किसी भी वस्तु से परिचित नहीं होते। इस मामले में तथा और भी बहुत से मामलों में उनके दार्शनिक विचार सीधे रूप में डब्लू० के० क्लिफोर्ड से प्रभावित हैं। वे इस एक मान्यता नहीं मानते किन्तु यह एक तथ्य हैं जो अन्य मान्यताओं से कहीं अधिक इस संबंध में सन्देहशील है कि एडिंगटन का दर्शन आधुनिक विज्ञान की ही एक परिणति है और कार्टेजियन परम्परा से प्रभावित नहीं है।

इस तरह एडिंगटन के लिए आइंस्टीन की भौतिक धारणाओं संबंधी कार्यकारी परिभाषा चेतना के उपकरणों की बात की ही सिद्धि है। अनुभव या क्रियाएं ऐसे ही उपकरणों से पूर्णतः निर्मित हैं। तो भी इसके साथ ही मनुष्य अपरिहार्य रूप से उस ज्ञान की ओर पहुंचने का प्रयत्न करते हैं जो अपनी चेतना से परे विद्यमान है—बाह्य जगत के रूप में। एडिंगटन के सामने भी तब आत्मपरकतावाद की मूलभूत समस्या आ खड़ी होती है। उन्हें अब यह बताना है कि ज्ञान भी हमारी चेतना तक ही सीमित है। वह साथ ही साथ किसी ऐसी अवस्था का ज्ञान भी हो सकता है जो चेतना से परे है। उनका हल नव-काण्टवादी हल है। यदि बाह्य जगत् चेतना की प्रकृति का ही होता तो अनुभव हमें उसके रूप से परिचित करा सकता था, यह उनका तर्क है। इस प्रकार बाह्य जगत् चेतना ही है—जीवन है। बाह्य जगत् का ज्ञान ही सारा वस्तुपरक ज्ञान है, वह आत्मा का ही ज्ञान है। विशुद्ध रूप से वस्तु परक जगत् आत्म जगत् ही है जिसे भौतिकी छायित या प्रतिबिम्बित ही कर सकती है तिरोहित नहीं कर सकती।

हमें यह आश्चर्य नहीं करना चाहिए कि दार्शनिकों ने जिनके द्वारा इस प्रकार के अर्द्ध परिपक्ववाद के जरिए ही इसका प्रवर्तन एवं रक्षा की गई है, एडिंगटन के तत्ववाद पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाने से इंकार कर दिया है। उनके विज्ञान दर्शन ने संकुचित रूप में अधिक रुचि जाग्रत की थी। इसमें आकर्षण है और अभिनव भौतिकी की युक्तियां तथा अभिप्रेतों की सुन्दर व्याख्या है।

एडिंगटन की दृष्टि में भौतिक शास्त्री 'अदृष्ट तत्वों के त्याग में अभी भी पर्याप्त रूप से दृढ़ नहीं हो पाए हैं। ऐसी धारणाएं जो एक विशिष्ट अवस्था पर बनी हैं, कभी भी सत्यापित नहीं हो सकतीं। एक बार आइंस्टीन प्रणाली के अभिप्रेतों को गंभीरता पूर्वक स्वीकार लिया जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि भौतिकी बिन्दुसूचकों को या मीटरी जांच को संयोजित करने के अतिरिक्त और किसी काम की नहीं है। ये बिन्दुसूचक जो अदृष्ट' प्रक्रियाएं या इयत्ताएं नहीं हैं, इस तरह भौतिकी की विषय वस्तु है। भौतिक जगत् जो जीवाणुओं, विद्युदणुओं

आदि का जगत् है (जिसे किसी भी भांति जीवन या चेतना का बाह्य जगत् नही मानना चाहिए) वही एक ऐसे जगत् के रूप म परिमापित किया जा सकता है जिसकी कि बिन्दुसूचक व्याख्या करते हुए माने गए है।

तब एडिगटन की दप्टि म भौतिक जगत् वस्तुपरक नही है। इस तरह वे नियम जिन्ह भौतिकशास्त्री भौतिक इयत्ताओ के व्यवहार का नियामक मानते है वे निश्चय ही वास्तव मे विद्यमान अवस्थाओ के विवरण नही हैं– सभी प्राकृतिक नियम आत्मपरक हैं। उन्हे एडिगटन द्वारा आत्मपरक कहे जाने का यही आशय है कि उन्ह ज्ञानमीमासा के सिद्धान्त से निगमित किया जा सकता है या फिर प्राग्भावी सिद्धान्तो के जरिए। वे यहा काण्ट से भी आगे चल जाते हैं। यहा तक कि प्राकृतिक स्थिराक के रूप म समष्टि म विद्यमान परमाणुओ की सख्या को प्राग्भावी विचार द्वारा बिना अस्पष्ट हुए निगमित किया जा सकता है और इस तरह वे पूर्णत आत्मपरक हैं। यह एक चकाचौध कर देने वाला सिद्धान्त है। यह एक विचित्र सिद्धान्त है किन्तु इसे केवल विचित्र या स्वौयात्मक (आर बिट्ररी) सिद्धान्त कहकर त्यागा नही जा सकता। एडिगटन सशक्त रूपसे नव भौतिकवादी सिद्धान्तो की ओर युक्तिपूवक हमारा ध्यान खीचना चाहते हैं जिनके जरिय एक प्रस्तुत परिस्थिति म ज्ञान प्राप्त करना हमारे लिए सभव है। इस बिन्दु के सबध म उनके द्वारा प्रस्तुत विस्तृत उदाहरण, व इस पर जो तत्ववादी ज्ञानमीमासक धारणाए उन्होने बनाई वे दशन–वैज्ञानिको के लिये विशेष महत्व की हो गई हैं।

स्पष्टत यह देखा जा सकता है कि एडिगटन आत्मपरक एव वस्तुपरक भौतिक एव बाह्य जगत् सबधी धारणाओ से जूझने मे लगे हैं। वे इस अनिवादी धारणा को मानने मे हिचकते हैं कि भौतिक जगत् एक साथ आत्मपरक भी है तथा एकमात्र विद्यमान जगत् भी है। उनके दशन म प्रस्तुत बाह्य जगत् म मूल्यो के लिय पर्याप्त स्थान है। वस्तुपरकता के आदश को न छोडकर भी वे यह सब कर सके हैं। एडिगटन के साथी भौतिकशास्त्रियो का उनसे इस बात म असतुष्ट रहना अस्वाभाविक नहीं था कि ज्ञान उस सीमा तक ही वस्तुपरक है जहा तक वह भौतिकी की सीमा स बाहर है।

जिन लोगो ने एडिगटन के बाह्य जगत् के सिद्धान्त का परित्याग कर दिया है और अन्य मामलो मे जो उनके दाशनिक क्षेत्र तक ही सीमित रहे हैं– उनम दो व्यक्ति उल्लेखनीय हैं एच० डिगल एव पी० डब्लू० ब्रिजमेन। डिगल कृत द सोर्सेज आव एडिगटन्स फिलोसोफी (1954) नामक शोधलेख स्पष्ट रूप स उनके और अपने बीच रहे विज्ञान–दशन सबधी मतभेदो को व्यक्त करता है। डिगल के अनुसार एडिगटन यह जानने म पूर्णत असफल रहे कि उनकी दाशनिक कृतियो का क्या

एडिंगटन यह मानते हैं सब प्रश्नों से परे, कि हम प्रत्यक्षतः हमारी चेतना के उपकरणों के अतिरिक्त अन्य किसी भी वस्तु से परिचित नहीं होते। इस मामले में तथा और भी बहुत से मामलों में उनके दार्शनिक विचार सीधे रूप में डब्लू० के० क्लिफर्ड से प्रभावित हैं। वे इसे एक मान्यता नहीं मानते किन्तु यह एक तथ्य है जो अन्य मान्यताओं से कहीं अधिक इस सम्बन्ध में आग्रहशील है कि एडिंगटन का दर्शन आधुनिक विज्ञान की ही एक परिणति है और कार्टेजियन परम्परा से प्रभावित नहीं है।

इस तरह एडिंगटन के लिए आइन्स्टीन की भौतिक धारणाओं सम्बन्धी कार्यकारी परिभाषा चेतना के उपकरणों की बात की ही सिद्धि है। अनुभव या क्रियाएं ऐसे ही उपकरणों से पूर्णतः निर्मित हैं। तो भी इसके साथ ही मनुष्य अपरिहार्य रूप से उस ज्ञान की ओर पहुंचने का प्रयत्न करते हैं जो अपनी चेतना से परे विद्यमान है—बाह्य जगत के रूप में। एडिंगटन के सामने भी तब आत्मपरकतावाद की मूलभूत समस्या आ खड़ी होती है। उन्हें अब यह बताना है कि ज्ञान भी हमारी चेतना तक ही सीमित है। वह साथ ही साथ किसी ऐसी अवस्था का ज्ञान भी हो सकता है जो चेतना से परे है। उनका हल नव-काण्टवादी हल है। यदि बाह्य जगत् चेतना की प्रकृति का ही होता तो अनुभव हमें उसके रूप से परिचित करा सकता था, यह उनका तर्क है। इस प्रकार बाह्य जगत् चेतना ही है—जीवन है। बाह्य जगत् का ज्ञान ही सारा वस्तुपरक ज्ञान है, वह आत्मा का ही ज्ञान है। विशुद्ध रूप से वस्तु परक जगत् आत्म जगत् ही है जिसे भौतिकी छायित या प्रतिबिम्बित ही कर सकती है तिरोहित नहीं कर सकती।

हमें यह आश्चर्य नहीं करना चाहिए कि दार्शनिकों ने जिनके द्वारा इस प्रकार के अर्द्ध परिपक्ववाद के जरिए ही इसका प्रवर्तन एवं रक्षा की गई है, एडिंगटन के तत्ववाद पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाने से इन्कार कर दिया है। उनके विज्ञान दर्शन ने संकुचित रूप में, अधिक रुचि जाग्रत की थी। इसमें आकर्षण है और अभिनव भौतिकी की युक्तियां तथा अभिप्रेतों की सुन्दर व्याख्या है।

एडिंगटन की दृष्टि में भौतिक शास्त्री 'अदृष्ट' तत्वों के त्याग में अभी भी पर्याप्त रूप से दृढ़ नहीं हो पाए हैं। ऐसी धारणाएं जो एक विशिष्ट अवस्था पर बनी हैं कभी भी सत्यापित नहीं हो सकतीं। एक बार आइन्स्टीन प्रणाली के अभिप्रेतों को गम्भीरता पूर्वक स्वीकार किया जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि भौतिकी बिन्दुसूचकों को या मीटरी जांच को संयोजित करने के अतिरिक्त और किसी काम की नहीं है। ये बिन्दुसूचक जो 'अदृष्ट' प्रक्रियाएं या इयत्ताएं नहीं हैं, इस तरह भौतिकी की विषय वस्तु हैं। भौतिक जगत् जो जीवाणुओं, विद्युदणुओं

आदि का जगत् है (जिसे किसी भी भांति जीवन या चेतना का बाह्य जगत् नही मानना चाहिए) वही एक ऐसे जगत् के रूप में परिमापित किया जा सकता है जिसकी कि बिन्दुसूचक व्याख्या करते हुए माने गए हैं।

तब एडिंगटन की दृष्टि में भौतिक जगत् वस्तुपरक नही है। इस तरह वे नियम जिन्हें भौतिकशास्त्री भौतिक इयत्ताओं के व्यवहार का नियामक मानते हैं वे निश्चय ही वास्तव मे विद्यमान अवस्थाओं के विवरण नही हैं– सभी प्राकृतिक नियम आत्मपरक हैं। उन्हें एडिंगटन द्वारा आत्मपरक कहे जाने का यही आशय है कि उन्हें ज्ञानमीमांसा के सिद्धान्त से निगमित किया जा सकता है या फिर प्राग्भावी सिद्धान्तों के जरिए। वे यहां काण्ट से भी आगे चल जाते हैं। यहां तक कि प्राकृतिक स्थिरांक' के रूप में समष्टि में विद्यमान परमाणुओं की संख्या को प्राग्भावी विचार द्वारा बिना अस्पष्ट हुए निगमित किया जा सकता है और इस तरह वे पूर्णत आत्मपरक हैं। यह एक चकाचौंध कर देने वाला सिद्धान्त है। यह एक विचित्र सिद्धान्त है किन्तु इसे केवल विचित्र या स्वोयात्मक (आर बिट्री) सिद्धान्त कहकर त्यागा नही जा सकता। एडिंगटन सशक्त रूप में नव भौतिकवादी सिद्धान्तों की ओर युक्तिपूर्वक हमारा ध्यान खींचना चाहते हैं जिनके जरिये एक प्रस्तुत परिस्थिति में ज्ञान प्राप्त करना हमारे लिए संभव है। इस बिन्दु के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत विस्तृत उदाहरण, व इस पर जो तत्ववादी ज्ञानमीमांसक धारणाएं उन्होने बनाई वे दर्शन-वैज्ञानिकों के लिये विशेष महत्व की हो गई हैं।

स्पष्टत यह देखा जा सकता है कि एडिंगटन आत्मपरक एवं वस्तुपरक भौतिक एवं बाह्य जगत् संबंधी धारणाओं से जूझने में लगे हैं। वे इस प्रतिवादी धारणा को मानने मे हिचकते हैं कि भौतिक जगत् एक साथ आत्मपरक भी है तथा एक मात्र विद्यमान जगत् भी है। उनके दर्शन में प्रस्तुत बाह्य जगत् में मूल्यों के लिये पर्याप्त स्थान है। वस्तुपरकता के आदर्श को न छोड़कर भी वे यह सब कर सके हैं। एडिंगटन के साथी भौतिकशास्त्रियों का उनसे इस बात में असंतुष्ट रहना अस्वाभाविक नहीं था कि ज्ञान उस सीमा तक ही वस्तुपरक है जहां तक वह भौतिकी की सीमा से बाहर है।

जिन लोगों ने एडिंगटन के बाह्य जगत् के सिद्धान्त का परित्याग कर दिया है और अन्य मामलों में जो उनके दार्शनिक क्षेत्र तक ही सीमित रहे हैं– उनमें दो व्यक्ति उल्लेखनीय हैं, एच० डिंगल एवं पी० डब्लू० ब्रिजमैन। डिंगल कृत द सोर्सेज आव एडिंगटन्स फिलोसोफी (1954) नामक शोधलेख स्पष्ट रूप से उनके और अपने बीच रहे विज्ञान-दर्शन संबंधी मतभेदों को व्यक्त करता है। डिंगल के अनुसार एडिंगटन यह जानने में पूर्णत असफल रहे कि उनकी दार्शनिक कृतियों का क्या

मतलब निकाला जा सकता है। वे यह नहीं देख पाते कि उन्होंने बाह्य जगत् की विक्टोरियन धारणा को अर्थहीनता म बदल दिया है– विशेषकर यह देखते हुये भी कि कितने विक्टोरियन भौतिकशास्त्री सघटनवादी हुए हैं। यह जान करके कि भौतिक विज्ञान बाह्य जगत् को व्यक्त करने म असफल रहा, एडिंगटन ने निष्कर्ष निकाला कि इसे दूसरे ढग से व्यक्त किया जाना चाहिये। डिगल प्रतिवाद म कहते हैं कि अच्छा तो यह होता कि वे यह कह देते कि बाह्य जगत् है ही नहीं। डिगल मैश से इस बात मे सहमत हैं कि विज्ञान अनुभवो का सह-सम्बन्ध ही है, एव भौतिक-शास्त्र के मामले म ये अनुभव बिन्दुसूचकों का रूप ले लेते हैं – और इनका सह सम्बन्ध विद्युदणुओ जीवाणुओ तथा तरग-क्रियाओ आदि के जगत् मे से ऐसे बिन्दुसूचको की रचना कर देना ही होगा।

जीवविज्ञान के मामले म अनुभव जविक निरीक्षण होते हैं जो विकासशील जगत् मे समन्वित हो जाते हैं, इसी म पतृकता आदि जविक धारणाए भी शामिल हैं। इसी प्रकार धम एव आचारशास्त्र मे धार्मिक एव नतिक अनुभवो का समन्वय होता है। न तो भौतिकी और न जीवशास्त्र न तो मटिक या अमैट्रिक पयवेक्षण हमे विज्ञान के जगत् से बाहर ले जाने मे समथ है–क्योकि यह जगत् सहसबधी अनुभवों के अलावा अन्य कुछ नही रखता–एक ऐसे बाहरी जगत को जिसे सभावित वज्ञानिक सयोग से परे मान लिया गया है। न नतिकता तथा धम ही ऐसे अति-अनुभवी जगत् की रचना करने मे समथ हैं। अनुभव सभी कुछ है एव पर्याप्त है।

ब्रिजमैन का सनियवाद' जो सवप्रथम लोजिक आव मोडन फिजिक्स (1927) मे भली भाति प्रवतन म आया है, एडिंगटन के विज्ञान दशन की भाति ज्ञान मीमासीय गुत्थियो से भरपूर है। इसम जो सर्वाधिक प्रभावशाली[1] है वह है इसका यह अथक्रियावादी सिद्धान्त कि धारणा प्रत्यभिमुखी क्रियाओ की इकाई का ही पर्याय है।' उदाहरणाथ लम्बाई की धारणा जिसे ब्रिजमैन ने विस्तार म वर्णित किया है–उन क्रियाओ के समूह से अभिन्न है जिनके जरिए हम यह कहते है कि लम्बाई माप की जाती है। इसमे यह निष्कर्ष निकलता है कि तारकमापी

---

[1] देखें इस पर आधारित रचनाए बी॰ एफ॰ स्किनर द बिहेवियर आव ओरगेनिज्म (1939)सी॰ बी॰ प्रट द लोजिक आव मोडन साइकोलोजी (1939), आपरेशनिज्म इन साइकोलोजी पर साइकोलोजिकल रिव्यू (1945) का प्रकाशित विशेषाक। गूढ अध्ययन के लिए देखें ए॰ सी॰ बन्जामिन कृत ओपरेशनिज्म (1955) मथेडोस नामक पत्रिका के प्रकाशक इटली के रीतिविधायक समुदाय के लोग थे। ब्रिजमन द्वारा प्रवतित विचारो को जमनी के रीतिविधायक ह्यूगो डिगलर की रचनाओ म देखा जा सकता है। देखें मैथेडोस (1952)।

लम्बाई थ्योडोलाइट से मापी लम्बाई की धारणा से बिल्कुल भिन्न है। इससे यह भी निष्कर्ष निकलता है कि सभी ज्ञान सापेक्ष है। विजमैन हालडेन कृत 'द रेन ग्राव रिलेटिविटी' का यहा पर समर्थनपूर्वक सदर्भ देते हैं। विजमैन के अनुसार आइस्टीन के सापेक्षता के सिद्धान्त के ये अपरिहार्य निष्कर्ष हैं। जब तक कि हम उन्हे स्वीकार नही करते तब तक हम आइस्टीन की विचारधारा के क्रांतिकारी पक्ष को पसन्द करने मे असफल हो जाएगे।

सभी वैज्ञानिको मे से यदि गणितज्ञो को भी इस श्रेणी मे मान लिया जाए–जिन जिन ने भी अपने को दार्शनिक बना लिया है उनमे सर्वप्रसिद्ध हैं ए० एन० व्हाइटहेड। कुछ ऐसे लोग भी जो हैं जो यह मानते हैं कि वह हमारी शती के प्रमुख दार्शनिक हैं जबकि कुछ ऐसे भी हैं जो उनकी तत्ववादी सृष्टि को रहस्यमय निजी स्वप्न की सृष्टि कहकर त्यागने योग्य मानते हैं। इतिहास का अन्तिम कथन कुछ भी हो–जिसकी अभी से पूर्वकल्पना करना मूर्खता पूर्ण ही होगा–किन्तु हम यह तो कह ही सकते हैं–कि कोई भी व्यक्ति कभी भी उनकी रचनाओ का ऐसा विवरण कदाचित न दे पाएगा जो बहुत अधिक अशो मे स्वीयात्मक न हो। मतो का परिवर्तन जो हर स्थान पर स्पष्टत देखा जा सकता है और जो उन सात्विक एव विविध रचनाओ के कारण ही नही है जो उनके अपने सुदीर्घ जीवन काल मे लिखी गई हैं, किन्तु एक अध्याय की सीमा मे भी बदल कर यह रूप देखा जा सकता है। अभिव्यक्ति की धूमिलता तथा लोच तो हर जगह इनमे विद्यमान है। उनके द्वारा विज्ञान, कला, समाज, दर्शन के इतिहास आदि से सबद्ध सदर्भ की चौंधिया देने वाली बस्ति ये सब समसामयिक विचारो का इतिहास लिखने वाले के मन मे निराशा का भाव जागृत कर देते हैं। सर्वश्रेष्ठ यही है कि उनकी विचारधारा का एक ऐसा खाका बनाया जाय ताकि पाठक अपनी सामर्थ्यानुसार उसमे से ही उन्हें समझ सकें।[1]

---

[1] इतने पर भी वी० लोवी कृत डवलपमेण्ट आव व्हाइटहेडस फिलोसोफी (द लाइब्रेरी आव लिविंग फिलोसोफर्स एलफ्रेड नोर्थ व्हाइटहेड 1914) पुस्तक से कम किसी कृति द्वारा उनका सदर्भ देना समवत उन्हे गलत समझना ही होगा। इस ग्रन्थ मे दूसरे निबध भी देखें। व्हाइटहेड पर रिव्यू भी देखें। सी० डी० ब्राड, ब्रेथवेट, स्टेबिंग, जोनसन कृत व्हाइटहेडस थ्योरी आव रीअलिटी (1952) जिसमे आलोचनात्मक निबध के अलावा कई पुस्तकसूचियाँ भी हैं। डी० एमेट कृत व्हाइटहेडस फिलोसोफी आव आरगेनिज्म (1932), ए० एन० व्हाइटहेड (पी बी ए 1947) ए० एन० व्हाइटहेड द लास्ट फज (माइण्ड 1948), डब्लू० डब्लू० हेमरश्मिट कृत व्हाइटहेडस फिलोसोफी आव टाइम (1947) ई० पी० शाहा कृत व्हाइटहेडस थ्योरी आव एक्स्पीरिएन्स 1950 मिलर डी० एल० तथा जेन्ट्री जी० कृत

ह्वाइटहेड ने एक गणितज्ञ के रूप में अपना कार्य प्रारंभ किया किन्तु उनके गणित में वे भाव पहले ही थे जिनके जरिए वे प्रमुख युगान्तरकारी दार्शनिक रचनाएं लिख पाए। उन्होंने सर्वदा ही व्यापक तौर पर सम्भाव्य सामान्यीकरणों की स्थापना करने का प्रयास किया है। अपनी प्रथम विशाल कृति ए ट्रीटीज आन यूनिवर्सल एल्जेब्रा (1891)[1] में उन्होंने बीजगणित के ऐसे ही सामान्यीकरण को आगे बढ़ाया–उसे गणित से बिल्कुल मुक्त कर दिया। ये बात हम पहले भी जोर्ज बूले की रचनाओं में देख चुके हैं। ह्वाइटहेड एक ऐसे बीजगणित की रचना करने की आशा करते थे जो वास्तव में समष्टिव्यापी हो, एक ऐसा बीज गणित, जिसका प्रवर्त्तन में आया बीजगणित एक अंश मात्र ही हो। इसके साथ ही साथ उनकी कृति ट्रीटीज में एक उपशीर्षक भी है 'विद एप्लीकेशन'। वे अपरिभाषित प्रतीकों से काम लेने से असंतुष्ट थे। वे अपने प्रतीकों का ज्ञान के विशेष क्षेत्रों की जांच के लिए उपयोग करना चाहते थे। यदि हम उनकी तुलना उनके समसामयिक ब्रितानी दार्शनिकों से करें तो हमें मालूम होगा कि वे उनसे जितना मूर्तरूपों में भिन्न हैं उतना ही अमूर्त रूपों में भी। एक ओर जहां वे उनके द्वारा माने गए विशेष का सामान्यीकरण कर देते हैं वहीं दूसरी ओर उनके सामान्यीकरणों की वे भौतिकी, शिक्षाशास्त्र, कला आदि सिद्धान्त के रूप में व्याख्या करते हैं। उनके विशेषीकरण दर्शन के क्षेत्र के अतिरिक्त और कहीं अपना स्थान नहीं रखते।

यूनिवर्सल एल्जेब्रा की रचना के पश्चात् के ह्वाइटहेड के जीवन के वर्ष अपने कभी रहे शिष्य बर्ट्रेण्ड रसेल के साथ मिलकर 'प्रिंसिपिया मैथेमेटिका'[2] की रचना में व्यतीत हुए, किन्तु इसके बावजूद भी उन्हें रोयल सोसाइटी के लिए एक उल्लेखनीय स्मारिका जिसका शीर्षक मैथेमेटिकल कान्सेप्ट्स फोर द मैटीरियल वर्ल्ड (1905)[3]

द फिलोसोफी आव ह्वाइटहेड (1938) वी० लोवी, सी० हार्ट्सहोर्न एवं ए० एच० जानसन कृत ह्वाइटहेड एण्ड द मोडर्न वर्ल्ड (1950)।

[1] देखें डब्लू० वी० ओ० क्वाइन कृत ह्वाइटहेड एण्ड द राइज आव मोडर्न लोजिक। इसी पुस्तक में शिल्प द्वारा निखित सी० आई० लेविस कृत सर्वे आव सिम्बोलिक लोजिक।

[2] देखें अध्याय 9। प्रिंसिपिया मैथेमेटिका में ह्वाइटहेड के योगदान की अनुशंसा के लिए देखें रसेल कृत ह्वाइटहेड एण्ड प्रिंसिपिया मैथेमेटिका (माइण्ड 1948) द्रष्टव्य ह्वाइटहेड का लेख द आरगेनाइजेशन आव थोट (1916) जो 1991 में द एम्स आव एज्यूकेशन में तथा उपर्युक्त शीर्षक में ही 1917 में प्रकाशित हुआ।

[3] सर्वप्रथम द फिलोसोफिकल ट्रांजेक्शंस आव द रायल सोसाइटी (1906) में प्रकाशित एफ० एस० सी० नोथ्राप एवं एम० डबलू० ग्रोस कृत अल्फ्रेड नोर्थ ह्वाइटहेड एन एन्थोलोजी (1953) में पुनः मुद्रित है।

था लिखने का समय मिल ही गया। यह प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र की भाषा के ऐसे प्रयोग का प्रयास है जिसके माध्यम से अन्तरिम इयत्ताओं तथा दिक के बीच समाविष्ट सम्बन्धों की चर्चा हुई है। इसमें सर्वसामान्य भाषा का प्रयोग है तथा इसमें माना गया है कि अन्तिम इयत्ताओं से ही दिक् में विद्यमान भूत (stuff) का निर्माण हुआ है।

उनकी स्मारिका में दो बातें विशेष ध्यान देने योग्य हैं। व्हाइट हैड की शिकायत है कि दार्शनिक पूर्णतः अपर्याप्त तार्किक उपकरणों की सहायता से ही काम चला लेता है। वह तत्व गुण एवं अधिक कर ता द्विपादी संबंधसूचकों के बाहर नहीं जाता। भौतिक पदार्थ एवं दिक के बीच विद्यमान संबंधों का कोई भी यथोचित विवरण देने के लिए उसे अनेकिक संबंध सूचकों का उपयोग करना चाहिए। बहुत से परम्परागत सिद्धान्त तो तार्किक संभावनाओं की अति सरलीकरण की चाहना के कारण ही ध्वस्त हो जाते हैं यही बताना उनके दर्शन का सतत कथ्य था।

दूसरे स्थान पर इस स्मारिका में यह बात स्पष्ट देखी जा सकती है कि व्हाइटहैड क्यों भौतिक जगत् की परम्परागत धारणा से असंतुष्ट थे तथा क्यों वे मौलिक रूप से इसके स्थान पर एक नई तात्विकी का प्रयोग करना चाहते थे। दिक बिन्दु पदार्थ–परमाणु काल–प्रकरण के रूप में किए गए तीन भेदों को पूर्णतः सामान्यीकरण तक ले जाकर शास्त्रीय विचारक व्हाइटहैड की अपेक्षित मांगों को संतुष्ट करने में असफल रहे। अभी तक तो वे इस संभावना का सुझाव भी नहीं दे रहे कि काल के प्रकरण को छोड़ा जा सकता है किन्तु वे अभी से इस संबंध में कि दिक–बिन्दुओं को भौतिक परमाणुओं की भाषा में परिभाषित किया जा सकता है–श्रमपूर्वक विचार करने में संलग्न दिखाई देते हैं। उनके अनुसार जहां तक विशुद्ध ज्यामिति तक ही सीमित रहने का प्रश्न है वहां तक शास्त्रीय सिद्धान्त द्वारा किया गया कार्य प्रशंसनीय है क्योंकि यह उनके परिवर्तन का यथोचित विवरण नहीं दे सकता। स्पष्टतः ही दिक् में विद्यमान स्थिर बिन्दु परिवर्तित नहीं हो सकते। और इस तरह भौतिक शास्त्री के समक्ष परिवर्तनशील परमाणुओं तथा स्थिर बिन्दुओं का एक हल न किया जा सकने वाला द्वैत है। किसी प्रकरण में परमाणु द्वारा एक बिन्दु का आभरण पूर्णतः स्वीयात्मक नहीं है। किसी भी रूप में वह बिन्दु की, परमाणु की अथवा प्रकरण की प्रकृति से निर्गमित नहीं है। स्वीयात्मकता की इस स्थिति ने व्हाइटहैड को परेशान कर रक्खा था।

उनकी स्मारिका से यह स्पष्ट हो गया था कि व्हाइटहैड रसेल के विचारों के प्रभाव में आ गए थे। यह बात अपेक्षित भी थी। वास्तव में रसेल कृत फिलोसोफी आव लेबनीज जो उस समय दर्शन को एक महत्वपूर्ण योगदान था, व्हाइटहैड को

प्रणाली द्वारा ह्वाइटहैड प्रकरणों की परिभाषा अनुभव से करते हैं और उस अनुभव को वास्तव में उनका तदाकारी नहीं स्वीकारते। प्रकरणों की परिभाषा अवधियों के समूह को उस श्रेणी से दी गई है जिसमें अन्य प्रकरणों से विशेषतः व्यापक सम्बन्ध विद्यमान हैं।[1]

चौथी बात ह्वाइटहैड का प्लेटोवाद अब पूर्णता पर है—वे घटनाओं एवं पदार्थों का भेद करते हैं—

प्रत्येक घटना अपने आप में अद्वितीय है—अपनी प्रकृति से ही वह अपुनर्घटनीय है।' हम कह सकते हैं कि घटनाएं प्रकृति की विशिष्टताएं हैं अभिधान हैं। दूसरी ओर पदार्थ वही हैं जिन्हें प्रकृति में हम परिचित रूपों में पहचान सकते हैं। और ये प्रकृति के स्थायी अङ्ग हैं। न तो पदार्थ और न घटनाएं ही पृथक रूप में अस्तित्वमान रह सकते हैं। प्रत्येक घटना का एक विशेष रूप होता है अर्थात् कोई पदार्थ निश्चय ही उसमें अन्तः प्रविष्ट हुआ होता है जबकि प्रत्येक पदार्थ किसी घटना को ही मूर्तिमान करता है। तो भी यद्यपि हम पदार्थ की स्थिति को समुचित रूप से बता सकते हैं, यह सोचना भीषण भूल हो जायगी कि यह केवल मात्र उसी दायरे में है। उदाहरण के लिए हम कह सकते हैं कि झंझा एटलांटिक महासागर में स्थित है। वह तो है ही, किन्तु इंग्लैण्ड के मनोरंजन यात्री डर कर कई बार इंग्लैण्ड से ही अपनी बर्थ रद्द करवा लेते हैं। इसलिए झंझा इंग्लैण्ड में भी है और एटलांटिक में भी। एक पदार्थ अपने आसपास के तत्त्वों से भी बना है और उसका आसपास का वातावरण भी असीमित है।[2]

पांचवीं बात जो उनके दर्शन में सर्वाधिक प्रभावशाली थी और विशेष रूप से जिसे साइन्स एण्ड द मोडर्न वर्ल्ड में पूर्ण अभिव्यक्ति मिली थी वह यह है कि ह्वाइटहैड प्रकृति के विभाजन का विरोध करते हैं। यह सब तो गलीलियो–लौक द्वारा किया गया समष्टि वर्णन है जिसमें रंगों ध्वनियों गन्धों के तात्कालिक अनुभव जगत् में तथा विज्ञान की इयत्ताओं जिनमें न गंध है न रंग है, न ध्वनि का भेद है और जिन वस्तुओं में हमारे मन की आसक्ति हो यह द्वैत उसीके विषय में एक

---

[1] ह्वाइटहैड के दर्शन में प्रिंसिपिया मैथेमेटिका में प्रयुक्त प्रणाली को ही महत्त्वपूर्ण प्रणाली माना जा सकता है। विस्तार के लिए देखें द प्रिंसिपल्स आव नेचुरल नौलेज (भाग० 3) द कोन्सेप्ट आव नेचर (अध्याय 5) प्रोसेस एण्ड रीयलिटी (भाग 4)।

[2] देखें स्टेबिंग ग्रेथवेट तथा डो० एम० रिंच कृत इज द फलेसी आव सिम्पल लोकेशन ए फेलेसी ? (पी० ए० एस० एस० 1927)।

विभ्रम भी उत्पन्न कर देता है। विनान के लिए सूर्यास्त की रक्ताभा प्रकति का उतना ही प्र श है जितना परमाणुग्रो का कम्पन। यदि वनानिक सूर्यास्त का मन–सयोग स उत्पन्न स्थिति मानत हैं तो उससे उसकी प्रकृति की मूल स्थिति का सम्यक विवरण द पान की ग्रसमथता ही जाहिर हागी। जा कुछ जाना गया है उस विनान का फिर से सह–सयुक्त करना चाहिए ग्रोर इस बात की चिता नही करनी चाहिए कि पहल उसे किस रूप म समझा या जाना गया है। ग्रपनी बहुत गलत समझी गई ग्रोर व्यापक रूप स गलत व्यवहृत बात को जब व्हाइटहड न यो लिखा प्रकृति ने मन के लिए ग्रपने सब द्वार बद कर लिए हैं तो व मूलत यही कहना चाहत थे।

प्रकट रूप म तत्ववादी ग्रपनी रचनाग्रो म जिन्ह व्हाइटहैड न ग्रपने बाद के वर्षों मे लिखा खासतौर पर 63 वष की ग्रवस्था म हावड की चेयर ग्राव फिलोसोफी प्राप्त करने क बाद, तो उनके प्रकृति दशन क कथ्य एक बार पुन व्याख्यायित हुए तथा विकसित हुए। बाद की इन रचनाग्रा म स 1925 मे लिखी साइन्स एण्ड द मोडन वल्ड का व्यापक रूप स पढा गया। इस इतना ग्रपन तत्वदशन के लिए नही पढा गया जितना मानवी सस्कृति को समझ सकने की दिशा म किए गए यागदान क रूप म पढा गया। एडवेंचस ग्राव ग्राइडियाज’ को भी उन्ही कारणा से वैसी ही लाकप्रियता मिली। केवल प्रोसेस एण्ड रीग्रलिटी (1929) म ही व्हाइटहैड का तत्वदशन पूरी ग्रभिव्यक्ति पा सका–चाह यह ग्रभिव्यक्ति ग्रपने ग्रापम कितनी ही दुविधाजनक क्यो न रही हो।

स्वभावत प्रोसेस एण्ड रीग्रलिटी की तुलना एलेक्जेण्डर की स्पेस टाइम एण्ड डीटी से किया जाना काफी सभव है। व्हाइटहैड ने इस पुस्तक की बडी प्रशसा की। किन्तु य ग्रनुशसाए पारस्परिक थी। दोना ही लेखको की दृष्टि मे दशन की मूलभूत समस्या काल दिक का विशिष्ट वस्तुग्रा स सम्बन्ध नियत करना है। इन दोनों के हल फिर भी बहुत भिन्न हैं। इसके ग्रातिरिक वे दोनो एक ही प्रकार का दाशनिक प्रणाली का उपयोग करते हैं, ग्रर्थात् ऐसी विधि का जिसे ग्रनादर की दृष्टि स दखते हुए हम म ग्रापको बताता हूँ’ वाली प्रणाली कह सकते हैं। फिर भी दानो पूणत बुभौवल वाली इसी प्रणाली से विचार व्यक्त नही करते। रिलीजन इन द मेकिंग (1926) म व्हाइटहैड ने लिखा कि तत्ववाद एक विवरण है। मानवी रुचि क एक विशेष चेत्र म जहा पर वह सत्य का कोई सामान्य रूप दखने की गध प्राप्त कर लेता है तत्ववादी उसी चेत्र मे सचाई ढूढता है। वह तब इन्हे काम–चलाऊ तौर पर पदावस्थाए मान लेता है। तथा इस खोज म कि वे वस्तुत क्या है, लग जाता है ग्रोर मानवी रुचि के ग्रन्य

क्षेत्रों में प्रस्तुत उनके उद्धरणों से उनकी तुलना करता है। सामान्य सिद्धान्तों से अनुभव का निगमन असम्भव है। उसका उल्टा विचार ही तत्ववादी की भीषण भूल रही है। तो भी हम अनुभव के अतिसामान्य रूप का वर्णन कर सकते हैं। 'प्रोसेस एण्ड रीयलिटी' ऐसे ही एक विवरण का प्रयास है।

व्हाइटहेड के लिए इसकी शुरुआत प्रत्यक्षीकरण के सिद्धान्त से होती है। जहाँ प्राकृतिक दर्शन में उनकी दृष्टि समरूपी है, अर्थात् मानवी चिंतन या प्रत्यक्षीकरण की क्रिया का कोई संदर्भ प्रस्तुत नहीं करती उनका तत्वदर्शन विषमरूपी है—अर्थात् वहाँ वे प्रकृति के संबंध में हमारे चिंतन का विश्लेषण कर रहे हैं। प्रत्ययवादी दर्शन आधुनिक दर्शन का यह आत्मपरक आधार स्वीकार लेता है कि सम्पूर्ण विश्व ऐसे तत्वों से बना है जो कर्ता के अनुभवों में प्रकटते हैं। इस तरह वे जानबूझकर अपने तत्वदर्शन को प्रत्ययवादी परम्परा से जोड़ देते हैं। उनका उद्देश्य परम प्रत्ययवादी सिद्धान्त का यथार्थवादी आधार पर रूपान्तर करना है। वे इस तरह बोसांके तथा हाल्डेन की सूक्ष्ममयी कृतियों के ब्रैडले की अपेक्षा, अधिक निकट लगते हैं—यद्यपि ब्रैडले के अनुभूति सिद्धान्त से वे कृतज्ञतापूर्वक बहुत प्रभाव भी ग्रहण करते हैं। हाल्डेन के वे इस सिद्धान्त को स्वीकारते हैं कि हमें यह विश्वास करने के लिए तत्पर रहना चाहिए कि संसार हमें जितने और जैसे रूप में दिखाई दे उतने और वैसे ही रूप में हम उसे स्वीकार लें। परम प्रत्ययवादियों में तथा व्हाइटहेड में जो बात संयोग से मिल जाती है और कदाचित् यही बात उन्हें रसल से बिल्कुल विलग कर देती है वह है उनके द्वारा इस सिद्धान्त का स्वीकरण कि प्रत्येक तथ्यवाक्य एक समष्टि का संदर्भ देता है और उसका कोई न कोई सामान्य तत्ववादी रूप होता ही है और अपने अंतिम विश्लेषण तक उस तथ्य के संबंध में अपेक्षित समष्टि का सामान्य रूप घोषित करना ही चाहिए। यह निष्कर्ष इस सिद्धान्त की स्वाभाविक निष्पत्ति है कि वस्तु में निहित सभी तत्व किसी प्रणाली से उसका संबंध स्थापित करते समय प्रकट हो सकते हैं।

व्हाइटहेड के दर्शन[1] की जीवशास्त्रीय ध्वनि निश्चय ही प्रत्ययवादी परम्परा

---

[1] जीवशास्त्रीय दर्शन जो व्हाइटहेड के प्रभाव में निर्मित हुआ उसके लिए देखें डब्लू ई एगर *ए कण्ट्रीब्यूशन टू द थ्योरी आव लिविंग आरगेनिज्म (1943)*। जैसा कि हम अध्याय 11 में देख चुके हैं भौतिक एवं जीवशास्त्री दोनों अपनी वैज्ञानिक जाँच पड़तालों में आई मुश्किलों के कारण ही दार्शनिक बन गए थे। उदाहरणार्थ देखें सी शेरिंगटन मैन आन हिज नेचर (1940), जे० एस० हाल्डेन द फिलोसोफी आव ए बायलोजिस्ट (1935), एल० होगबेन द नेचर आव लिविंग मैटर (1930)।

म नही मिलती । इस बिन्दु पर कदाचित् व्हाइटहेड अमरीकी अर्थक्रियावाद स ही प्रभावित हैं । सवप्रथम प्रत्यक्षीकरण का जीव शास्त्रीय सकेत अनुबोधन म विकल्पित करके और उस अवयवव्यापी वातावरण को अग मानकर व इसी परिग्रहण (प्रीहेंशन) को सभी वस्तुओं मे निहित पारस्परिक सम्बन्धो के जरिए खोजते हैं-चाहे वह वस्तु कोई अवयव हो या नही । उनकी व्याख्या के अनुसार यह समष्टि अस्तित्व की इकाइयो स बनी है और य इकाइया (अनुभूतिया) परिग्रहण से ही बनी हैं । व्हाइटहेड की दृष्टि मे दार्शनिक इसलिए भटक गए हैं क्योकि उन्होने यह मान लिया कि दृष्टि सबधसूचकता की विशेष अवस्था है । व्हाइटहेड इन्हे अपनी आन्तराग सवदना पर विचार करने के लिए कहते हैं । तभी वे शायद यह देख पाएगें कि परिग्रहण एव प्रतिराध केवल नीरस सवेदन का प्राप्त करना हो नही, बल्कि वे तत्व हैं जो न केवल प्रत्यक्षीकरण के मूलभूत अङ्ग हैं अपितु, समष्टि के निर्मायक सारे सबधो के भी ।

अध्याय १५

कुछ केम्ब्रिज दाशनिक तथा विटजनस्टीन कत टैक्टेटस

केम्ब्रिज मोरल सा म फकल्टी वतमान शती की पहली दशाब्दियो म किस प्रकार असफल रही यह पहले ही पर्याप्त रूप से दर्शाया जा चुका है। एक ऐसा विश्वविद्यालय जो मूर रसल मक्टेगट व्हाइटहेड वाड एव स्टाउट सदृश विचारकों क योगदानो के लिए श्रेयाभाक है उस पर बजरता का या सकीणता का आरोप तो कुछ अथ नही रखता तो भी हमारी कहानी अभी अधूरी है। केम्ब्रिज म पोषित अ य विचारको ने भी इस विश्वविद्यालय के दाशनिक श्रेय के आकार मे वृद्धि की है। इनम सबसे पहले उल्लेख योग्य है वह दाशनिक जिसे इस विश्वविद्यालय ने पहल एक मेधावी छात्र के रूप म तथा बाद म एक प्राध्यापक के रूप मे स्थान दिया और जो बाद म जाकर हमारी शती का महान् विचारक बना वह था आस्ट्रिया–वासी लुडविग विटजनस्टीन।

डब्लू० ई० जानसन देशज विचारका म से उल्लेखनीय हैं। इनके विषय म हम सक्षेप म पहले ही (अध्याय ६ म) लिख चुके हैं। द लोजिकल कैलकुलस (1892) पर उनके निबधो से उनके द्वारा युगस्वर का पूर्वानुमान लगाए जाने का सकेत मिलता है और आशिक रूप स वह सारी चर्चा भी जो बाद की विचारधाराओ के रूप म कम्ब्रिज म विकसित हुई इनके विचारो मे पहल स ही व्यक्त हुई है। इसके बाद क वर्षो म उन्होने शिक्षक के रूप म महान् प्रभाव डाला लेकिन प्रकाशित कुछ भी नही कराया। 1920 तक तो लोजिक[1] शीपक से लिखी अपनी प्रमुख पुस्तक

---

[1] भाग 1 1921 म भाग दो (उपशीपक डेमोन्स्ट्रेटिव इन्फरेन्स डिडक्टिव एण्ड इण्डक्टिव) 1922 म, भाग 3 द लोजीकल फाउण्डशन आव साइन्स 1924 म भाग चतुथ की रूपरेखा के कुछ भाग जो प्रोबेबिलिटी पर लिखे गए हैं उनके मरणोपरान्त माइण्ड 1932 म प्रकाशित हुए। सी० डी० ब्रोड, 'डब्लू० ई० जोनसन (पी० बी० ए० 1931) तथा द्वितीय भाग का उनका आलोचनात्मक रिव्यू (माइण्ड 1922) भाग 3 (माइण्ड 1924) एच० डब्लू० बी० जोसेफ व्हाट डज मि० जोनसन मीन बाई ए प्रोपोजीशन ? (माइण्ड 1927–8) ए० ए न० प्रायर डिटरमिनेबल्स डिटमिनेटस एण्ड डिटरमेनेण्टस' (माइण्ड 1949) तकशास्त्र की पुस्तकें जिनम जोनसन की रचनाओ का उपयोग किया गया है उनमे आर० एम० ईटन जनरल लोजिक,एन इन्ट्रोडक्टरी सर्वे (1931) सी० ए० मस द प्रिंसिपल्स आव लॉजिक (1733) तथा एल० एस० स्टेबिंग ए माडन इन्ट्रोडक्शन टू लाजिक उल्लेखनीय हैं।

का प्रकाशन भी नहीं कर पाए थे। उसे भी उनके विद्यार्थियों में से एक के ही दबाव से, स्वयं की प्रेरणा से नहीं उन्होंने आकलित करके पुस्तकाकार रूप में प्रकाशित कराया। यह एक सुनिश्चित योजना के आधार पर लिखी गई कृति नहीं। इसका मूल्य इसकी व्यापकता में निहित है। अब इस सम्बन्ध में जो भी किया जा सकता है वह यही कि इसमें प्रस्तुत विचारों को एक सामान्य रूप दिया जाय।

यद्यपि जानसन का प्रशिक्षण एक गणितज्ञ के रूप में हुआ उनकी कृति लोजिक गणितीय न होकर मूलतः दार्शनिक है। यह पुस्तक युक्तिपूर्वक तर्क को गणित से निगमित करने की दिशा में सहानुभूति पूर्वक अग्रसर है। तो भी वे इस कार्य में भाग नहीं लेते। वे केवल रसेल की तर्कवाक्यीय फलन के सिद्धान्त की कटु आलोचना ही प्रस्तुत करते हैं। वास्तव में वे जे० एम० कीन्स से कनिष्ठ तर्कशास्त्रियों का नाम तक नहीं लेते। कीन्स के नवनिर्मित परम्परागत तर्कशास्त्र का उपयोग वे अपनी रचनाओं में अवश्य ही करते हैं।

जैसा हम पहले कह चुके हैं वे तर्कवाक्य से आरम्भ करते हैं। इसके साथ ही प्रत्ययवादी तर्कशास्त्र से उनका अलगाव इतना तीव्र नहीं होता है। ‘तर्कवाक्य निर्णय की ठोस क्रिया का केवल एक अंश मात्र है’। जोनसन द्वारा विशद भेदों की ओर दिए गए बल के बावजूद भी निर्णय एवं तर्कवाक्यों के बीच का सम्बन्ध जताने वाले विभिन्न विवरणों को संगति में लाना असम्भव है। यह तथ्य, जो उनके ग्रन्थ लोजिक की आत्मा को भी छूता है इस बात का स्वयं प्रमाण है कि इसका पाठक पर एक एकीभूत प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। प्रत्ययवादियों के विरुद्ध ये आकारी तर्कशास्त्र को एक स्वतः पूर्ण शास्त्र का दर्जा देते हैं और उसे तर्कवाक्यों का सिद्धान्त मानते हैं। इसके साथ ही यह स्वतःपूर्ति (आटोनोमी) स्वाग्रहों (रिजर्वेशन्स) से इतनी अधिक आक्रान्त हैं कि आकारी तर्कशास्त्र मात्र एक ‘कठपुतली राज्य’ रह गया है—वास्तविक सत्तासूत्र तो ज्ञानमीमांसा के हाथों से बँधे हैं।

परिणामतः जोनसन का ग्रन्थ लोजिक अप्रत्याशित क्षेत्रों तक अतिक्रमण कर जाता है, उदाहरण के लिए इसमें मन काय सम्बन्धों का सुन्दर विश्लेषण है। तर्कशास्त्र, ‘जो विचार का विश्लेषण विवेचन मात्र है, आगमन की अवहेलना नहीं कर सकता—आगमन सम्बन्धी कोई भी समुचित चर्चा कारण एवं तत्व-संबंधी धारणाओं पर एक प्रकार की खोज ही होनी चाहिए। ऐसी खोज यदि इसे गंभीर रूप से किया गया तो मन काय-संबंधों से उपजी विशेष समस्याओं का विवरण एवं निदान प्रस्तुत करने के लिए है। जोनसन संक्षेप में अपनी युक्तियों का वहाँ तक अनुसरण करते हैं जहाँ तक वे उन्हें ले जाती हैं। उनका लोजिक सामान्य दर्शन क्षेत्र को भी उनका एक योगदान है, केवल तर्कशास्त्र नहीं है। किन्तु केम्ब्रिज

वैचारिक अथवा तार्किक परम्परा क्या रही है इसका विवेचन उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से किया है। उनकी दार्शनिक चर्चाएं साफ सुथरी विश्लेषणात्मक व विभेद मूलक अवश्य हैं किन्तु बहुत कम अंशों में निर्णयात्मक है।

जोनसन कुछ बातों के लिए प्रभावशाली रहे। उनके नव तर्कवादों ने (यद्यपि ऐसा बहुत कम हुआ है) व्यापक स्वीकरण प्राप्त किया है। उसमें ऐसे फिकर प्रयुक्त हैं, जैसे प्रदर्शन योग्य परिभाषा (आस्टेंसिव डेफिनीशन), व ऐसी विपरीतताएँ बतलाते हैं जैसे 'ज्ञान मूलक एवं संरचनाकारी' में 'अवधारक एवं अवधाय' में सतत (कंटिन्युएंट) एवं घटनशील (आकरेंट) में। ये दार्शनिक साहित्य की परिचित शब्दावलियाँ हो गई हैं। इससे केवल यह अर्थ नहीं निकलता कि जोनसन शब्दों के मात्र एक चतुर शिल्पी थे। उन्हें दार्शनिक सुवादों का नया रूप देने तथा उन्हें प्रबलतर करने के लिए अपने नवान्वेषणों की उपयोगिता सिद्ध करनी ही थी।

वे यह बताने के लिए निकलते हैं कि परिभाषा की केवल एक प्रक्रिया नहीं है और न आगमन की ही एक प्रक्रिया है, वे अनेकों हैं। इसके बावजूद जब वे नवान्वेषित स्थितियों का नामकरण करते हैं तो यह केवल शैल्पिक दृष्टि से नहीं है, ऐसा मान लेने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वे फिर एक बार तर्कशास्त्रियों को तार्किक आकारों का निर्धारण करने में उनके द्वारा बरती गयी बेफिक्री के कारण बुरा भला कहने से भी नहीं चूकते। विशेष रूप से उनका विचार है कि उन्होंने लाल एक रंग है तथा प्लेटो एक मनुष्य है जैसे दो तर्कवाक्यों को गलत ढंग से एक सरणि में रख दिया है। उस अन्तर का निर्धारण करते हुए जिसे उनके अनुसार उन्होंने अनदेखा कर दिया था वे अधिकारी एवं अवधाय के भेद को अपने तर्कशास्त्र में प्रकटाते हैं। प्लेटो एक मनुष्य है, यह तर्कवाक्य वर्ग सदस्यता के विषय में न कह कर अवधारी के अवधाय होने के विषय में बताता है। लाल, हरे, पीले ये एक अवधारी रंग के अवधाय हैं। उसी प्रकार, जिस प्रकार वर्ग, वर्तुल, अण्डाकार आदि सब अवधारी शक्ल के अवधाय हैं। इन अवधारियों की इकाइयों की जो बात स्वीकृति करती है वह वर्ग सदस्य की भाँति इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उनमें कहीं समानता है लेकिन जोनसन के सुझावानुसार, इसका यही अर्थ है कि उनमें किसी एक खास तरीके का भिन्नत्व है। एक ही अवधाय के अवधारी एक दूसरे से अलग अलग होते हैं। वह भी इस विशेष अर्थ में कि वे एक ही समय में उसी क्षेत्र को अवच्छिन्न नहीं करते। एक ही क्षेत्र लाल और गोलाकार हो सकता है किन्तु एक ही समय में लाल और हरा नहीं हो सकता। इसके अलावा उनका अन्तर तुलनीय भी है। जबकि विभिन्न अवधायों के लिए यह नहीं कह सकते।' यह कहा जा सकता है कि लाल एवं हरे रंग में जो अन्तर है वह लाल और नारंगी रंग के अन्तर से कहीं ज्यादा है, किन्तु हम यह नहीं कह सकते कि यह अन्तर लाल एवं गोलाकार के अन्तर की भाँति बड़ा छोटा या बराबर है।

जोनसन की प्रतिभा इसी प्रकार के सतर्क भेदों की रचना करने की ओर लगी हैं। उनकी गणितीय क्षमता का स्मरण करते समय यह मालूम करके आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि समाव्यता के सिद्धान्त की ओर वे स्वभावत आकर्षित हुए होंगे जिसमें सतर्क विश्लेषण के द्वारा गणित तर्कशास्त्र एवं ज्ञानमीमांसा के बीच में से कुछ मूल्यवान तत्त्व प्राप्त कर लेना उन्हें संभव लगता था। समाव्यता पर उनकी कृतियाँ आंशिक हैं और पूर्णत समर्थित नहीं हैं। वे उस समय तक तो प्रकाशित ही नहीं हुईं जब तक 11 वर्ष नहीं बीत चुके और केम्ब्रिज विचारक जे० एम० कीन्स ने अपनी कृति ए ट्रीटीज आन प्रोबेबिलिटी (1921) प्रकाशित नहीं कर दी जिसमें आंशिक रूप से जोनसन से प्राप्त शिक्षा का मूर्त रूप मिला है और जो आंशिक रूप से उन क्षेत्रों के भी जिनका प्रावक्लन करना जानसन के बूते के बाहर की बात थी, बाहर के क्षेत्र में चली जाती है।

कीन्स पर जोनसन का ऋण केवल मात्र इस बात में निहित माना जाता है कि उन्होंने उनके परिमेयों का सदर्भ प्रस्तुत किया है। जोनसन को कीन्स पहले अपने पिता जे० एन० कीन्स के मित्र के रूप में फिर एक अध्यापक तथा फिर एक सहकर्मी के रूप में भी जानते थे। तो भी, वास्तव में ट्रीटीज के दार्शनिक अंशों की आत्मा निश्चय ही जोनसन की[2] है। अपनी भूमिका में कीन्स ने मूर एवं रसेल के साथ जोनसन का नाम जोड़ा है। और उन्हें ऐसे दार्शनिक माना है जो तथ्य के उजागर करने की दिशा में एक ही तरह से संयुक्त हुए हैं। उन्होंने अपने विषय को मात्र काल्पनिक अभियोग से निकाल कर वैज्ञानिक भूमि प्रदान करवाई। प्रिंसिपिया एथिका में मूर ने कहा है कि शिव (गुड) अपरिभाष्य है। इस आधार पर कीन्स को भी यह कहने का साहस मिला कि समाव्यता की भी यही स्थिति है। रसेल ने तर्कशास्त्र से गणित का निगमन किया। कीन्स ने भी समाव्यता के सिद्धान्त से यही करना चाहा। किन्तु ट्रीटीज में पाया जाने वाला एक अनोखा 'नान तर्कागम वातावरण' भली भांति जोनसन से उद्‌भूत हुआ माना जा सकता है।

कीन्स जोनसन की तरह, तर्कवाक्य से प्रारम्भ करते हैं, वेन की भांति घटना या 'होना' से नहीं। तारतम्य के सिद्धान्त पर प्रस्तुत वेन की इस धारणा को कि प्याले से निकाली जाने वाली दूसरी गेंद शायद काली होगी वे एक समाव्यता का रूप देना चाहते हैं। जब तक कि समाव्यता का सिद्धान्त अपने सभी

---

[1] द्रष्टव्य आर० एफ० हेरडस द लाइफ आफ जे० एम० कीन्स (1951) इसमें न केवल कीन्स के सदर्भ ही देखें अपितु केम्ब्रिज में नैतिक विज्ञान के वातावरण का विवरण देने वाले ग्रन्थ के रूप में भी इसकी उपादेयता है।

[2] एच० जेफ्रीज की साइंटिफिक नोलेज' की भूमिका भी देखें।

दावो म दनिक उपयोग का होना सिद्ध नही करता तब तक इसे उन क्षेत्रो तक ही सीमित रहना चाहिए जिनमे तारतम्य का सिद्धा त स्पष्टत प्रयुक्त हो सकता है, और जिसके भेद निकालने स सबधित कोई धारणा कारगर लग सकती है ।

किसी तकवाक्य को समाव्यता के स्तर तक ले जाना की स के अनुसार उसे ज्ञान के किसी अङ्ग से जोडना हुआ । समाव्यता तकवाक्य की आत्मज य विशेषता स उपजी हुई बात नही है । यह तो अपन युक्तियुक्त होने की मात्रा का सकेत हमारे पास विद्यमान प्रमाणो के आधार पर देती है और इसके आधार पर ही हम किसी तकवाक्य को सही मान सकते हैं । इस तरह से अथवाक्य सदव ही सापेक्ष ही सापेक्ष है तो भी इस अथ म कि उसमे एक एसी समाव्यता है जो प्रमाण से सम्बन्धित है समाव्यता वस्तुपरक भी है–चाहे हम इस समा यता को पहचानें या नही । हम अब यह पूछ सकते हैं कि प्रमाण एव निष्कष के बोध कुछ समा य बताने का सबध किस बात स है । की स का उत्तर है, यह एक अद्वितीय तार्किक सबध है जिसे अ य सबध मे बदला नही जा सकता । हमे इसका बोध अत –प्रेरणा से होता है उसी प्रकार जिस प्रकार हमे अभिप्रेतो का बोध होता है ।

तो भी अभिप्रेत क विपरीत, समाव्यता का सबध अशमानो को स्वीकारता है । प्रदत्त प्रमाणो पर एक निष्कष दूसरे की अपेक्षा अधिक समाव्य हो सकता है । इस तथ्य को जानकर कुछ समा यता के सद्धान्तिक इस निष्कष पर ही पहु च गए कि समा यताए सदव ही परिमाणत तुलनीय है,। की स के मत म एक बार फिर उ होने बिल्कुल ही असमा य आधार पर यह निष्कष निकाला है– और वह भी ऐसे मामले म जहाँ प्याले स गेंद निकालने के वक्त सिवाय काली और सफद गेंदो के और किसी प्रकार की गद नही हैं कि विकल्प ऐकान्तिक हैं समसमा य है तथा अन्तिम सपूण (एक्जास्टिव) है । ऐसी अवस्था मे तो समा यता निश्चय ही आशिक रूप म प्रावकलित हो सकती है । किन्तु इस मामल पर अधिक यापक रूप से विचार हो तो हम शीघ्र पता लगेगा कि क्रम तक की तुलनाओ को भी प्रश्न उठाये जान की बात नही रहती परिमाणात्मक सरचनाओ के बात तो जाने ही दीजिये । परीक्षणो की एव सामा यीकरण की इकाइयो के बीच विद्यमान सबध पर विचार करें, और मान लें कि अमुक अ वाले मामला मे परीक्षणो की सख्या अपेक्षाकृत अधिक है, ब वाले मामल म विविध प्रकार परीक्षण हुए हैं एव स वाले मामले म सामा यीकरण का क्षेत्र और भी यापक है । ऐसी अवस्थाओ मे किस इकाई के आधार पर हम इन विभिन्न

प्रकरणो के समूहों को सामान्यीकरण की संभावना के सम्बन्ध मे रखकर देख पाएगे तथा उनकी तुलना कर सकेंगे ?

कीन्स के संभाव्यता के सिद्धान्तानुसार संभाव्यता एवं अन्त साक्ष्य में गहरा संबंध है। यह कहना कि एक तर्कवाक्य की रचना उचित आगमन के आधार पर हुई है इस कथन से मेल खाता है कि यह काफी संभाव्य है। तो फिर यह शास्त्रीय समस्या कि 'आगमन का औचित्य कैसे दिया जाय,' इस रूप मे परिवर्तित हो जाती है कि हम कब यह मानें कि एक सामान्यीकरण काफी संभाव्य हो गया है ? कीन्स यह बताने का प्रयास करते हैं कि इस संबंधी कोई भी निष्कर्ष एक सामान्य अभिधारणा पर आश्रित होता है। कीन्स ने इस अभिधारणा को 'प्रिंसिपल आव लिमिटेड वेराइटी' (सीमित विविधता का सिद्धान्त) कहा है। इसे मिल के 'यूनिफोर्मिटी आव नेचर' (प्रकृति की एकरूपता) के सिद्धान्त का संशोधित रूप माना जा सकता है। वे लिखते हैं कि हम उस सीमा तक पूर्ण मेल की प्रणाली का तथा अन्य आगमनात्मक प्रणालियो का औचित्य दे सकते हैं कि प्रस्तुत क्षेत्र के पदार्थों के (जिन पर ही हमारे सामान्यीकरण टिके हैं) स्वतन्त्र गुणों की असीम संख्या नही है। अर्थात् उनके रूप चाहे जितने विविध हो उन्हे अपरिवर्तनीय संबधो के समूह में समाहित किया जा सकता है जो संख्या मे ससीम है।

दूसरे शब्दों मे आगमन इसलिए उचित है क्योंकि वस्तुओ के गुण अपने साथ अन्य गुणो को भी लिए हुए होते हैं। मिल की अपेक्षा कीन्स का यह सिद्धान्त आगमन की कितनी रक्षा कर सका यह बात कीन्स के अनुयायियों को अभी भी संशय में डाले हुए है।

वैज्ञानिक चिंतन मे रुचि रखने वाले अन्य कैम्ब्रिज विचारकों में से सबसे अधिक परिचित तथा विपुल ग्रन्थों की रचना करने वाले सी० डी०[1] ब्रोड हैं।

---

[1] ब्रोड का संदर्भ देने वाले बहुत से निबंध एवं किताबें हैं। किन्तु उनमें से बहुत कम उनकी रचनाओं पर आधारित है। लाइब्रेरी आव लिविंग फिलोसोफर्स (1957) की शृंखला में ही एक ग्रंथ उन पर भी निकलने वाला था। सेन्स परसेप्शन एण्ड मैटर (1953) में एम० लीन ने ब्रोड के प्रत्यक्षीकरण संबंधी विचारों का विवेचनात्मक परीक्षण किया है। यह एक ऐसा विषय था जिस पर ब्रोड स्वयं बड़ा ध्यान देते थे। ब्रोड के समय सिद्धान्त पर हुई चर्चा के लिए देखें जे० डी० मेबोट कृत 'ब्रॉड्स ऍब्सट्रैक्ट एक्स्पीरिएन्स आव टाइम' (1951 माइण्ड)। सी० डब्लू० के० मण्डल द्वारा किया गया 'हाऊ स्पेसियस इज द स्पेसियस प्रेजेण्ट?' नामक निबंध (माइण्ड 1954 में उत्तर)। आर० एम० ब्लेक कृत 'मिस्टर ब्रोड्स थ्योरी आव टाइम' (माइण्ड 1925)।

ग्रपने साइण्टिफिक थोट (1923) नामक ग्रथ म वे ग्रपनी ही प्रतिभा का [illegible]कन इस प्रकार करते हैं। यदि दाशनिक विचारधारा म कहीं भी मेरा स्थान है तो न तो वह ऐलक्जेण्डर जैसी रचनात्मक उवरता ग्रौर न मूर के से तीव्र ग्रालोचनात्मक चातुय के कारण ही है। व्हाइटहैड एव रसेल की रचनाग्रो म प्राप्त इन दोनो की तकनीकी गणितीय विशेषताग्रो का समन्वित रूप भी मेरी प्रतिभा का स्वरूप नहीं है। मै तो ग्रधिक से ग्रधिक वस्तुग्रो के सबध म ग्रधिक विनम्रता तथा कम छिछलेपन से कुछ कहने की ही क्षमता रखता हू।' उनके इस ग्रात्मकथन के साथ रसेल द्वारा उनकी कृति परसेप्शन फिजिक्स एण्ड रिग्रलिटी (1914) पर लिखे गए रिव्यू की कुछ बातें भी जोडी जा सकती हैं, इस पुस्तक मे ग्रपनी कोई मौलिक नवीनताए नहीं हैं किन्तु इसका महत्व दूसरो के द्वारा प्रस्तुत विचारों को ग्रसाधारण न्याय निष्पक्षता एव विवेक से प्रस्तुत करने म ही है। ग्रब इससे ग्रधिक ग्रौर क्या कहा जाय? ब्रोड दशन' के नाम से कुछ भी वणन योग्य नहीं। क्योंकि इस ग्रालोचना का प्रत्युत्तर देने के लिए वहा कोई खास प्रमाण नहीं। उनके स्पष्ट एव सतक साराशो का साराश निकालना कमलिनी को रौंद कर बिगाडना ही होगा। हमे तो केवल उनके विचारो की रूपरेखा मे ही सतुष्ट होना होगा जो उन्होने दशन की प्रकृति के विषय मे लिखे है। विशेषत यह देखने लिए कि कहीं हम एक सामान्य गलती तो नहीं कर रहे है ग्रौर ग्र शत इसलिए भी कि केम्ब्रिज दशन के सदभ म उन्हें कहीं रखने का यह सरलतम माग है।

ब्रोड[1] विवेचनात्मक एव ग्रनुमानात्मक दशन में भेद करते हैं– विवेचनात्मक दशन वह दशन है जो मूर, रसेल की विचारधारा म प्रकटा है। इसका उद्देश्य विज्ञान की तथा दनिक जीवन की मूलभूत धारणाग्रो का विश्लेषण करना ही है जसे कि कारण गुण ग्रवस्था ग्रादि। तथा फिर उन सामान्य तत्ववाक्यो को कडी जाच क लिय प्रस्तुत करना है जिन्हे वज्ञानिक एव सामान्य ग्रादमी दनिक रूप से बोलता है, या प्रस्तुत करता है। जसे प्रत्येक घटना का एक कारण होता है' या प्रकृति एकरूपा है।' इस तरह ब्रोड की ग्रधिकाश रचनाए विश्लेषणात्मक ही हैं–यद्यपि इनम प्रस्तुत विश्लेषण प्राय कुछ ऊपर उठकर किए गए हैं। इनके द्वारा भौतिक वस्तुग्रो की धारणा का इतना विश्लेषण नहीं किया गया है जितना उन वस्तुग्रो के विश्लेषण के विषय मे रखी गई

---

[1] द्रष्टव्य सी० बी० पी० ग्राई० मे क्रिटिकल एण्ड स्पेकुलेटिव फिलोसोफी नाम से लिखा गया निबध साइण्टिफिक थोट (1923)। सम ग्रथइस ग्राव स्पेकुलेटिव फिलोसोफी (पी० ए० एस० 1947)।

धारणा का माइण्ड एण्ड इट्स प्लेस इन नेचर (1925) का अन्तिम अध्याय जिसमें ब्राड मन एवं पदार्थ के संबंधों पर सत्रह प्रकार के सिद्धान्तों का उल्लेख करते हैं—उनकी इस प्रणाली की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि अथवा हठादाकृष्ट उपलब्धि कहा जा सकता है।

तो भी ब्रोड विचारानुमान के शत्रु नहीं। 'यदि हम इस संसार को समझने के लिए रूपरेखा बनाकर नहीं सोचते तो हमारे सम्मुख निश्चय ही एक संकुचित दृष्टिकोण रहेगा'। एक विशुद्ध विवेचनात्मक दर्शन शुष्क एवं अनम्य (रिजिड) है। वे प्रत्ययवाद की प्रशंसा करते हैं क्योंकि इसके जरिए कला, विज्ञान, धर्म एवं सामाजिक नियमों को एक ही सिद्धान्त की कसौटी पर रख कर मूर्त रूप दिया गया है। ब्रोड केवल विचारानुमानी दर्शनों पर ही प्रहार करते हैं।

इस तरह सबसे पहले उन उन लोगों के लिए जो दर्शन को स्वभावतः प्रेरणास्पद, रूपकात्मक तथा काव्यात्मक मानते हैं ब्रोड सहानुभूति के विषय नहीं है। 'जो कुछ भी कथनीय है उसे किसी भी भाषा के स्पष्ट एवं उपयुक्त, प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है।' दूसरी बात कि वे विचारानुमानी दर्शन को कभी पूर्ण परीक्षण या प्रदर्शन की कसौटी पर खड़ा होने लायक नहीं मानते। प्रकृति से ही उसे काम-चलाऊ प्रवाही विज्ञान के नए अन्वेषणों के साथ के नए मार्गों का अनुसरण करने तथा सामाजिक जीवन में हुए नए प्रयोगों के अनुकूल सिद्ध होने की क्षमता रखनी चाहिए। पहले से ही दर्शन के जरिए यह निर्धारण नहीं हो सकता कि मूलभूत स्थिति क्या है? इसकी विषयवस्तु इसे अपने बाहर से मिलती है।

तीसरी बात कि विचारानुमानी दर्शन का सदैव ही विवेचक दर्शन के आधार पर टिका रखना चाहिए—वह विचारानुमानी दार्शनिक जो हरेक की मान्यताओं को बिना विवेचना के ग्रहण कर लेता वह गल्पसृष्टियों पर खड़ा होगा। ब्रोड की स्वयं की रचनाएं भी विचारानुमानी दर्शन की भूमिका के रूप में लिखी गई हैं। स्वयं भी वे कुछ अंशों में विचारानुमानी हैं। साइण्टिफिक थोट नामक उनके ग्रंथ में प्रकृतिविज्ञान के काम में लाई गई धारणाओं का स्पष्टीकरण किया गया है। इसके साथ ही इसे भौतिकी, ज्ञानदर्शन एवं सामान्य बुद्धि के सिद्धान्त के जरिए व्यक्त करने का प्रयास भी माना जा सकता है। माइण्ड एण्ड इट्स प्लेस इन नेचर में मनोवैज्ञानिक धारणाओं का विश्लेषण है। चाहे वे मन को प्रकृति में ही कहीं पदस्थापित करने का प्रयास करते हों। यह पुस्तक आलोचना से परे की वस्तु हो जाती है। ब्रोड 'भौतिक उद्भव' के सिद्धान्त के ही एक संस्करण का पक्ष लेते हैं। वास्तव में हम इस विषय में आश्चर्य करने लग जाते हैं कि ब्रोड द्वारा आरम्भ

म सुझाया गया विश्लेपण एव विचारानुमान का भेद क्या अभी तक कायम रह सका है ?

ब्रोड के अधिकाश पाठको को तो इस बात का गहरा धक्का लगा क्योकि उन्होंने माइण्ड एण्ड इटस प्लेस इन नेचर म यह बात कही थी। इस तरह का व्यवहार एक केम्ब्रिज विश्लेपणवादी दाशनिक से किसी भी भाति अपेक्षित नही है। ब्रोड ने 'साइकिकल रिसच एण्ड फिलोसफी'[1] म अपनी दाशनिक मान्यताओ को काफी विस्तार मे लिखा है।

सवप्रथम उन्होने निबध रूप से उन लोगो का खण्डन किया है जिनके लिए दशन की साथकता यह बात निविरोध रूप से स्वीकारने मे निहित थी कि यूरोप एव अमरीका के सममामयिक आदमी के लिए जो विश्वास सामान्य रूप से प्रचलित हैं उनका विश्लपण ही दशन का ध्येय है, अर्थात् इस प्रकार के आदमी के उन विश्वासों का विश्लेपण जिन्हें निविवाद रूप से उसने ग्रहण किया है और जिन पर अविश्वास करने का उसे कोई कारण नही प्रतीत होता।' एक जगह उन्होने यह भी लिखा कि अब यह बात स्पष्ट हो गई है सामान्य बोध पर बहुत कम लिखा या कहा जा सकता है। विश्लेपण इस तरह एक नगण्य बौद्धिक कसरत है। इस मामले मे वे रसेल के काफी करीब तथा मूर स कोसो दूर पडते हैं। उनका प्रारम्भिक बिन्दु सामान्य बोध के बजाय विज्ञान है। यदि इन दोनो म कोई सघष होता है तो सामान्य बोध को विज्ञान के लिए माग छोड देना चाहिए। इसके साथ ही वे रसेल की साहसिकता के बजाय मूर की सतकता की नकल करने के प्रयत्न म रहते हैं। एक बार उन्होने इस प्रकार पश्चात्ताप भी किया, सौ मूर सावेट सी रसल पावेट।' उनके आदशभूत यही दो मान जा सकते हैं--रसेल का ज्ञान व मूर की विश्लपणात्मक क्षमता, इनका सयोग।

इस तरह सामान्य बोध का मनस्तत्वशोध के विरुद्ध स्थापित किया जाना औचित्यपूण नही है। न ही प्राग्भावी तत्वदशन सब प्रकार की भूतबाधाओ का समाधान कर सकता है। चाहे हम कहे कि इस समय प्राग्भावी तत्वदशन है नहीं, होता तो ऐसा करता। मनस्तत्वशोध को स्वय अपने विषय मे कहने के लिए पृथक रूप से छोड दिया जाना चाहिए। हाँ इसे विवेचनात्मक दशन से निश्चय ही सयमित किया जाना चाहिए। यह ब्रोड का मूलभूत दृष्टिकोण है।

सभी तत्ववादियो म से मेक्टेगट की ब्रोड सर्वाधिक प्रशसा करते हैं। क्योकि

---

[1] फिलोसोफी (1949) मे प्रथम प्रकाशित रिलिजन, फिलोसोफी एण्ड साइकिकल रिसच 1953) मे पुन प्रकाशित। मनुस्तात्त्विक शोध कर इसमे प्रचुर सामग्री दखें। फ्लू कृत न्यू अप्रोच टू साइकिकल रिसच तथा फिलोसोफी (1949) एव (पी० ए० एस० एस० 1950 म भी समझी है।

मैक्टेगट ने उस बात का प्रयत्न किया जो असमव है, उन्होने निगमनात्मक तत्वदशन की रचना करनी चाही। ब्रोड ने अपने जीवन के अनेक वर्ष एक्जामिनेशन आव मैक्टेगट स फिलोसोफी (1923-8) क तीन भागो क लिखने म बिताए। यह पुस्तक जो साथ ही एक टिप्पणी भी है-ब्रोड की दर्शन-सम्बधी रचनाओ का अच्छा उदाहरण देती है। मैक्टेगट म ब्रोड को सतोप देने वाली दो वस्तुए थी उनकी शीतलता एव स्पष्टता। कोई भी दार्शनिक इतना कम उग्र नही रहा होगा और न ही किसी ने स्पष्ट होने का इतना जी-तोड प्रयास किया होगा। ब्रोड के अनुसार एक बार निश्चित प्रमेयो का सरल भाषा मे निर्धारण हो जाय एव उनम से तक पूर्ण ढग से निश्चित निष्कष निकाल लिए जाए तो फिर उनका अनुसरण करके उन्हें स्वीकार करने या फिर अस्वीकार करन म हम कोई कठिनाई नही आयगी। ब्रोड ने मैक्टेगट को इस व्यापक परीक्षण म सही पाया था। यही इस बात का प्रमाण है कि ब्रोड के विचारानुमान के प्रति उनकी सहानुभूति थी इस सहानुभूति का विशेष रूप भी था, इसका भी यह प्रमाण है।

साई टिकिक यांट के मामुख म ब्रोड ने लिखा कि '*मैं* *पतक गभार दृष्टि स* मेरे उन मित्रो द्वारा दशन क क्षेत्र मे की गई उछलकूद को देखता रहू गा क्योकि य सब हर विटजनस्टीन की बासुरी क जादुई स्वरो क सम्मोहन म आकर इधर उधर नाच रहे हैं।' ये सब 1925 म उन्होन लिखा। विटजनस्टीन कृत ट्रक्टेटस लोजिको फिलोसोफिकल का अग्रेजी सस्करण[1] इससे तीन वर्ष पूर्व ही निकला था। जमन भाषा मे इसका प्रकाशन 1921 म हो गया था। इस तरह ब्रोड द्वारा ट्रक्टेटस की यह टिप्पणी युवा कम्ब्रिज दार्शनिको पर पडे विटजनस्टीन के तात्कालिक प्रभाव का ही प्रमाण है। क्योकि जो कुछ भी हो, वह 19 वी शती के उत्तरार्द्ध तक इग्लण्ड मे व्यापक रूप स पढा नही जा सका था और आज भी उसे विस्तृत विवेचन एव टिप्पणी का आधार बहुत कम ही बनाया गया है।

वास्तव मे यह एक ऐसी पुस्तक है जिसे साधारणत जरूरत स ज्यादा हिचकिचाहट की स्थिति म ही वर्णित किया जा सकता है।[2] अशत इसे विटजन-

---

[1] इसका अनुवाद असाधारण रूप स खराब है। मैंने जो उद्धरण दिये हैं उनमे परिवर्तन सशोधन करना पडा है।

[2] यहा लिखी जा रही बात को अन्तरिम रिपोर्ट माननी चाहिये। विटजनस्टीन की महत्वपूर्ण हस्तलिपिया जिनके जरिए ट्रक्टेटस पर पर्याप्त प्रकाश डाला जा सकता है अभी भी प्रकाशन के लिए तयार की जा रही हैं। इनमे ट्रक्टेटस से पूर्व की एक नोटबुक भी सम्मिलित है। ट्रक्टेटस पर लम्बी टिप्पणिया भी अभी निर्माणाधीन हैं। पूर्ण व्याख्यात्मक टिप्पणी जी० ई० एन० कौलम्बो कृत इतालव अनुवाद मे प्रकाशित है। देखें जी० टी० गेस्किग कृत एण्डरसन एण्ड द ट्रक्टेटस लोजिको फिलोसाफिकस, एन ऐसे इन फिलोसोफिकल ट्रासलेशन्स (एजेपी 1949) जे० आर० वीयन-

म सुझाया गया विश्लेषण एव विचारानुमान का भेद क्या अभी तक कायम रह सका है ?

ब्रोड के अधिकाश पाठको को तो इस बात का गहरा धक्का लगा क्योकि उन्होंने माइण्ड एण्ड इटस प्लेस इन नेचर म यह बात कही थी। इस तरह का व्यवहार एक केम्ब्रिज विश्लेषणवादी दार्शनिक से किसी भी भांति अपेक्षित नही है। ब्रोड ने 'साइकिकल रिसर्च एण्ड फिलोसफी"[1] मे अपनी दार्शनिक मान्यताओ को काफी विस्तार मे लिखा है।

सर्वप्रथम उन्होंने निबंध रूप से उन लोगो का खण्डन किया है जिनके लिए दर्शन की सार्थकता यह बात निर्विरोध रूप से स्वीकारने मे निहित थी कि यूरोप एव अमरीका के समसामयिक आदमो के लिए जो विश्वास सामान्य रूप से प्रचलित हैं उनका विश्लेषण ही दर्शन का ध्येय है, अर्थात् इस प्रकार के आदमी के उन विश्वासो का विश्लेषण जिन्हे निर्विवाद रूप से उसने ग्रहण किया है और जिन पर अविश्वास करने का उसे कोई कारण नही प्रतीत होता।' एक जगह उन्होंने यह भी लिखा कि अब यह बात स्पष्ट हो गई है सामान्य बोध पर बहुत कम लिखा या कहा जा सकता है। विश्लेषण इस तरह एक नगण्य बौद्धिक कसरत है। इस मामले मे वे रसेल के काफी करीब तथा मूर से कोसो दूर पड़ते हैं। उनका प्रारम्भिक बिन्दु सामान्य बोध के बजाय विज्ञान है। यदि इन दोनो म कोई संघर्ष होता है तो सामान्य बोध को विज्ञान के लिए मार्ग छोड देना चाहिए। इसके साथ ही वे रसेल की साहसिकता के बजाय मूर की सतर्कता की नकल करने के प्रयत्न म रहते हैं। एक बार उन्होंने इस प्रकार पश्चात्ताप भी किया, सी मूर सावेट सी रसेल पावेट।' उनके आदर्शभूत यही दो माने जा सकते हैं—रसेल का ज्ञान व मूर की विश्लेषणात्मक क्षमता इनका संयोग।

इस तरह सामान्य बोध का मनस्तत्वशोध के विरुद्ध स्थापित किया जाना औचित्यपूर्ण नही है। न ही प्राग्भावी तत्वदर्शन सब प्रकार की भूतबाधाओ का समाधान कर सकता है। चाहे हम कहे कि इस समय प्राग्भावी तत्वदर्शन है नही, होता तो ऐसा करता। मनस्तत्वशोध को स्वय अपने विषय मे कहने के लिए पृथक रूप से छोड दिया जाना चाहिए। हाँ इसे विवेचनात्मक दर्शन से निश्चय ही संयमित किया जाना चाहिए। यह ब्रोड का मूलभूत दृष्टिकोण है।

सभी तत्ववादियो म से मेक्टेगट की ब्रोड सर्वाधिक प्रशसा करते हैं। क्योकि

---

[1] फिलोसोफी (1949) म प्रथम प्रकाशित रिलिजन, फिलोसोफी एण्ड साइकिकल रिसर्च 1953) मे पुन प्रकाशित। मनस्तात्त्विक शोध कर इसम प्रचुर सामग्री देखें। फ्लू कृत न्यू अप्रोच टू साइकिकल रिसर्च तथा फिलोसोफी (1949) एव (पी० ए० एस० एस० 1950 म भी समझी है।

मैक्टेगर्ट ने उस बात का प्रयत्न किया जो असम्भव है, उन्होंने निगमनात्मक तत्वदर्शन की रचना करनी चाही। ब्रोड ने अपने जीवन के अनेक वर्ष एक्जामिनेशन आव मैक्टेगर्ट्स फिलोसोफी (1923-8) के तीन भागों के लिखने में बिताए। यह पुस्तक जो साथ ही एक टिप्पणी भी है—ब्रोड की दर्शन सम्बन्धी रचनाओं का अच्छा उदाहरण देती है। मैक्टेगर्ट में ब्रोड को सन्तोष देने वाली दो वस्तुएं थीं उनकी शातलता एवं स्पष्टता। कोई भी दार्शनिक इतना कम उग्र नहीं रहा होगा और न ही किसी ने स्पष्ट होने का इतना जी-तोड़ प्रयास किया होगा। ब्रोड के अनुसार एक बार निश्चित प्रमेयों का सरल भाषा में निर्धारण हो जाय एवं उनमें से तर्कपूर्ण ढंग से निश्चित निष्कर्ष निकाल लिए जाएं तो फिर उनका अनुसरण करके उन्हें स्वीकार करने या फिर अस्वीकार करने में हमें कोई कठिनाई नहीं आयगी। ब्रोड ने मैक्टेगर्ट को इस व्यापक परीक्षण में सही पाया था। यही इस बात का प्रमाण है कि ब्रोड के विचारानुमान के प्रति उनकी सहानुभूति थी इस सहानुभूति का विशेष रूप भी था, इसका भी यह प्रमाण है।

साइंटिफिक थॉट के आमुख में ब्रोड ने लिखा कि 'मैं पैतृक गम्भीर दृष्टि से मेरे उन मित्रों द्वारा दर्शन के क्षेत्र में की गई उछलकूद को देखता रहूंगा क्योंकि ये सब हर विटजनस्टीन की बांसुरी के जादुई स्वरों के सम्मोहन में आकर इधर उधर नाच रहे हैं।'[1] ये सब 1925 में उन्होंने लिखा। विटजनस्टीन के ट्रैक्टेटस लोजिको फिलोसोफिकल का अंग्रेजी संस्करण[2] इससे तीन वर्ष पूर्व ही निकला था। जर्मन भाषा में इसका प्रकाशन 1921 में हो गया था। इस तरह ब्रोड द्वारा ट्रैक्टेटस की यह टिप्पणी युवा केम्ब्रिज दार्शनिकों पर पड़े विटजनस्टीन के तात्कालिक प्रभाव का ही प्रमाण है। क्योंकि जो कुछ भी हो, वह 19 वीं शती के उत्तरार्द्ध तक इंग्लैण्ड में व्यापक रूप से पढ़ा नहीं जा सका था और आज भी उसे विस्तृत विवेचन एवं टिप्पणी का आधार बहुत कम ही बनाया गया है।

वास्तव में यह एक ऐसी पुस्तक है जिसे साधारणतः जरूरत से ज्यादा हिचकिचाहट की स्थिति में ही वर्णित किया जा सकता है।[3] अतः इसे विटजन-

---

[1] इसका अनुवाद असाधारण रूप से खराब है। मैंने जो उद्धरण दिये हैं उनमें परिवर्तन संशोधन करना पड़ा है।

[2] यहां लिखी जा रही बात को अंतरिम रिपोर्ट माननी चाहिए। विटजनस्टीन की महत्वपूर्ण हस्तलिपियां जिनके जरिए ट्रैक्टेटस पर पर्याप्त प्रकाश डाला जा सकता है अभी भी प्रकाशन के लिए तैयार की जा रही हैं। इनमें ट्रैक्टेटस से पूर्व की एक नोटबुक भी सम्मिलित है। ट्रैक्टेटस पर लम्बी टिप्पणियां भी अभी निर्माणाधीन हैं। पूर्ण व्याख्यात्मक टिप्पणी जी० ई० एन० कोलम्बो कृत इतालवी अनुवाद में प्रकाशित है। देखें जी० टी० वेस्किंग कृत एण्डरसन एण्ड द ट्रैक्टेटस लोजिको फिलोसोफिकस, एन ऐसे इन फिलोसोफिकल ट्रांसलेशन्स (एजेपी 1949) जे० आर० वीयन-

स्टीन द्वारा अपने शिष्यो म दशन क प्रति उत्साह पदा करने का परिणाम भी कहा जा सकता है। आज, आज क्या कभी भी, ऐसा कोइ व्यक्ति न रहा होगा जो ट्रक्टेटस के सभी प्रमुख सिद्धान्तो का कायल हो। स्वय विटजनस्टीन ने इसकी आलोचना की है। अभी भी बहुत से चेत्रो म इस बात पर विश्वास करने म लोगो का हिचक है कि विटजनस्टीन ने कोई ऐसी गलती की है जो अन्य लोगो जसी गलती है। विटजनस्टीन ने यदि गलती की है तो वह गलती भी कोई विवकपूण गलती ही रही होगी और कम से कम अपने समसामयिको की गलतिया की बजाय उसमे कुछ गूढता रही होगी। एक बार फिर शिष्यत्व सबधी नाजुक प्रश्न खडे हो जाते हैं। यह प्रश्न कि विटजनस्टीन का आशय क्या था? इस दूसरे प्रश्न से जुडा है कि कौन उनकी रचनाओ को सही ढग से समझ सका है और उनके काय को आग ल जा सका है? इसके दूसरी ओर कुछ ऐसे लोग भी हैं जो विटजनस्टीन को धूत कहकर अमान्य कर देते हैं। यह बात तो स्पष्ट है कि ट्रक्टेटस के किसी भी विवरण का साव भौम स्वीकृति नही मिल सकती।

उन बाह्य कठिनाइयो के अलावा दशन क इतिहासकार को सापक्षतया भटकने क खतरे स बचने के लिए अपने वणन मे सयम भी रखना पडेगा—क्योंकि ट्रक्टेटस स्वय म ही एक पर्याप्त उत्तेजक रचनाओ मे स है। इस मे विचित्र रूप से सूक्ष्म प्रश्नो पर विमश किया गया है जसे साथकता तकशास्त्र की प्रकृति तथ्य एव सत्कवाक्य दशन का काय, एक तरह से तो यह कृति रोमाण्टिक एव आकारी दशन रूपों को बिना झिझक के मिला देती है।

बग कृत एन एग्जामिनेशन आव लोजिकल पोजिटिविज्म (1936), एन० ब्लक लग्वज एण्ड फिलोसोफी (1949), माइण्ड 1923 म एफ० आर० रेमसे द्वारा दिया गया विवेचनात्मक टिप्पण जो 1931 मे फाउण्डेशन्स आव मैथेमेटिक्स के रूप मे प्रकाशित हुआ। ट्रक्टेटस के अग्रजी सस्करण मे लिखी रसेल की भूमिका। जे ओ अमसन् फिलोसोफाकल एनालिसिस (1956)। विटजनस्टीन पर सामान्यत स्मरण लेखाश देखें जो गस्किग एव जेकसन द्वारा लिख गए हैं (जे० पी० 1951)। जी० राइल (अनालेसिस 1951) जे० विजडम (माइण्ड 1952) बी० रसेल (माइण्ड 1951) के विटन (केम्ब्रिज जनल 1954), जी० वोन० राइट (पी० आर० 1955)। मैंने एक अप्रकाशित शोधलेख का भी जो डी श्वेडर द्वारा लिखित हैं तथा बोडल लाइब्रेरी, आक्सफोड मे मिला है, उपयोग किया है। मैं आक्सफोड में ट्रक्टेटस पर प्रस्तुत हुई चर्चा से भी काफी प्रभावित हुआ हू जो कुमारी एसकोम्ब मिस्टर डेविड पीयस एव प्रो० गिल्बट राइल के बीच हुई थी। उस मैं यहा इसलिए प्रस्तुत नही कर रहा हू कि उसे सभी अपनी स्वीकृति दे दें। इसके बावजूद भी यह लिखने में मुझे सकोच नही है कि उसे कोई भी स्वीकृति नहीं देगा।

इसका आमुख एक साथ इन दो धाराओं का परिचय देता है। इसका पहला वाक्य है, 'यह किताब केवल उन्हीं लोगों द्वारा समझी जायगी जिन्होंने पहले से ही उन विचारों पर विचार कर लिया है जो इसमें व्यक्त हैं या फिर उनके समानान्तर विचारों से जिनका परिचय हो।' यह बात रोमेण्टिसिज्म की उत्कृष्ट परम्परा के अनुसरण में ही लिखी गई लगती है। कम से कम इस रूप में कि केवल चुनी हुई आत्माएं जिन पर कृपादृष्टि हो चुकी है वे ही वास्तव में इसे समझ पाएं। तो भी विटजनस्टीन हमें यह बताते हैं कि ट्रेक्टेटस का साराश यह है कि जो कुछ कथनीय है उसे स्पष्टत: कहा जा सकता है और जहां कोई व्यक्ति बोलने का अधिकारी न हो वहां उसे चुप रहना चाहिए। यहां ट्रेक्टेटस की केन्द्रीय विरोधाभासी स्थिति का आभास मिलने लगता है क्योंकि इसमें वह तो कहा गया है जो अकथनीय है और जो बात स्पष्टता से कही जानी चाहिये वह रूपकों एवं सूक्तियों के जरिये दुरूह बना कर प्रस्तुत की गई है। ट्रेक्टेटस का रूप भी इस विरोधाभासता की पुष्टि करता है। प्रत्येक पैरा एक सुघरी प्रणाली के साथ गणनांकित किया गया है। मानो अब हम एक ऐसे दार्शनिक की बात पढ़ रहे हैं जो प्रत्येक सम्भव तरीके से हमारे समझने में सहायता देना चाहता हो। तो भी इस तरह से अंकित पैरे एक प्रहेलिकात्मक शैली में रचे गए हैं। और उनकी वाक्यश्रृंखला इतनी तनावपूर्ण है कि कदाचित् ही कोई पैराग्राफ व्याख्या-संबंधी कोई गंभीर कठिनाई प्रस्तुत करने से बाज आता हो।

इस तरह यदि मैं ट्रेक्टेटस की व्याख्या करने के योग्य अपने को समझूं तो कहूंगा कि यह कार्य सूक्ष्म दृष्टि एवं दीर्घ स्थान की अपेक्षा रखेगा। सीमाओं को देखते हुए मैं जो कुछ भी करने की आशा कर सकता [illegible] वह है उन बिन्दुओं का विचाराय चुनाव करना, जिनके कारण ट्रेक्टेटस का प्रभाव जम सका है।

सबसे पहले तो ट्रेक्टेटस की बौद्धिक पृष्ठभूमि के विषय में विचार होना चाहिए। विटजनस्टीन का प्रशिक्षण दार्शनिक के रूप में न होकर एक इंजीनियर के रूप में हुआ था। इसलिये कोई उनके विषय में यह नहीं मान सकता कि उन्हें मार्गीय दर्शन का साधारण ज्ञान भी था। वह अन्य सभी नौसिखियों की भांति शोपेनहोवर में रुचि रखने लगे थे। यदि कहीं कहीं उनकी रचनाओं में काण्ट का सा पुट मिल जाता है तो उसका यही कारण है। उन्हें मैश एवं हर्ज के विषय में भी कुछ मालूम था और शायद उन्होंने मीनोंग एवं हसर्ल के विषय में लोगों से केवल चर्चाएं ही सुनी थीं। विश्वास के साथ एक मात्र यही बात कही जा सकती है कि ट्रेक्टेटस लिखते समय विटजनस्टीन केवल फ्रेगे एवं रसेल की कृतियों में देखी या पढ़ी या उनके साथ चर्चा की गई विचार धारा के आधार पर अपना पथ अलग से खोजना चाहते थे। रसेल के तर्कसम्मत अणुवाद के दर्शन से वे कितना प्रभावित हुए और कितना उसमें उन्होंने योगदान किया यह बात कहना मुश्किल है। वे कभी भी अपने किसी पूर्ववर्ती

की चालू सन्दर्भ देने के अतिरिक्त और कोई चर्चा नहीं करते। कभी कभी फ्रेगे एवं रसेल के विषय में भी वे जो कहते हैं वह बड़ा पेचीदा होता है। संक्षेप में इस तरह से उन पर हुए प्रभावों पर निश्चय से कहना निरर्थक ही होगा।

अब ट्रैक्टेटस पर सीधी चर्चा ही करें। इसका समारम्भ सजील उद्घोषों से होता है। यह संसार ही सब कुछ है। बस मामला इतना ही है। संसार तथ्यों की, न कि वस्तुओं की पूर्णता से संगुम्फित है।' तो भी स्पष्टतः यह वास्तविक प्रारम्भ नहीं हुआ है। विटजनस्टीन ने ट्रैक्टेटस के परों को बड़े ही कलात्मक, प्रभावोत्पादक, एवं क्रमवार तरीके से संयोजित किया है। यदि हम यह समझने की आशा करें कि जो कुछ वह कहने जा रहे हैं वह क्या है तो हमें उसी शृंखला में आगे पीछे घूमना भटकना पड़ेगा। वास्तव में उन्होंने सार्थकता के सिद्धान्त से ही इस पुस्तक का प्रारम्भ किया है, न कि अत साक्ष्य से प्राप्त तात्विकी से।

विटजनस्टीन की महत्वपूर्ण धारणा है कि प्रत्येक तर्कवाक्य का अर्थ स्पष्ट एवं निश्चित होता है। और इसके साथ यह मान्यता भी कि यह अर्थ तर्कवाक्य के संसार से संबंधित होने के कारण ही है। दैनिक जीवन के तर्कवाक्य में भी जटिल अभिव्यक्तियां होती हैं और ये रसेल की धारणा के अनुरूप तर्क सम्मत कोई विशिष्ट नाम नहीं हैं। इन जटिल अभिव्यक्तियों को विवरण के जरिए बदला जा सकता है। उदाहरणार्थ यदि हम कोई यह पूछे कि सभी लखपती जिद्दी होते हैं का क्या अर्थ है, तो हम इसका उत्तर लखपती एवं जिद्दी का विवरण प्रस्तुत करके दे सकते हैं। इसका विवरण हम यों दे सकते हैं कि 'वे सभी व्यक्ति जिनके पास एक लाख पौण्ड से ज्यादा राशि है उन्हें समझाया जा सकना कठिन है।' किन्तु इस तरह का विवरण देने से हमने अर्थ को स्पष्ट एवं निश्चित नहीं बनाया। हमें तब अपने ही इस विवरण की एवज में कुछ दूसरा विवरण जो इससे कम या ज्यादा जटिल हो देने के लिए कहा जा सकता है। तर्कवाक्य के सम्बन्ध में एक निश्चित अर्थ पर पहुंचने के लिए अर्थात् तर्कवाक्य का एक ही— और केवल एक ही परिपूर्ण विश्लेषण करने के लिए विटजनस्टीन के अनुसार हम जटिल चिह्नों को तार्किक दृष्टि से विशिष्ट नाम देकर परिभाषित करना चाहिये। वे लिखते हैं कि यह तो स्पष्ट है कि तर्कवाक्यों का विश्लेषण करते समय हमें प्राथमिक तर्कवाक्यों का सहारा लेना चाहिए जो अपने तात्कालिक संयोग द्वारा घटित नामों पर आश्रित रहते हैं। इस बिन्दु पर आकर अब हम यह नहीं पूछ सकते कि अर्थ अब भी और स्पष्ट किया जाय। क्योंकि नाम की व्याख्या-परिभाषा नहीं हो सकती। न हम यह आग्रह उस तर्कविषय के लिए ही करना चाहिये जिसमें नामों के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता और जो तत्काल ही हमें संसार से जोड़ देते हैं। इसका अर्थ सीधा हमें समझ में आ जाता है— क्यों कि इसमें दिये गए सन्दर्भ भौतिक इयत्ताओं के सरल मिश्रण से बनते हैं।

तब जिसे विटजनस्टीन सरल इयत्ताए मानते हैं, वे पदार्थों के रूप म होनी चाहिए। क्योकि उनका कोई नाम तो है और तकवाक्यो के निश्चित अथ क लिये नामो का होना आवश्यक है। विटजनस्टीन इन सरल इयत्ताओ का नाम बताने म रुचिशील नही थे। आशय उनका यही है कि ये सरलताए आवश्यक रहनी चाहिए ये सब क्या हैं यह बात प्राथमिक महत्व की नही है। उनका कहना है ' कि यदि यह जगत् अनन्त रूप से जटिल हों ऐसा कि, जिसम प्रत्येक तथ्य मे अनन्त सख्या म आणविक तथ्य निहित हो एव प्रत्यक आणविक तथ्य भी अन त सख्या के पदार्थों स निर्मित हो तो भी पदाथ एव आणविक तथ्य अवश्य होने चाहिए। यह बात ह्यूम क बजाय उन्ह लेबनीज के अधिक निकट ले आती है।

नामो का किसी तकवाक्य के सदभ के बिना कोई अथ नही होता। उसी भाति हम किसी पदाथ की कल्पना नही कर सकते सिवा उस रूप मे जिसमे उसका सबध किसी अन्य विविध पदार्थों से हो। पदार्थों के बीच ऐसे ही सभव सबधो को आणविक तथ्य कहा जा सकता है। यह बात बडी अजीब लगती है कि सभव सबधो को तथ्य मान लिया जाय। साधारणत हम तथ्य के विषय मे उसकी वास्तविकता को लकर ही सोच सकते हैं, सभावना को लेकर नही। तो भी 'सैचवरोल्ट' जैसे जमन शब्द का कोई अन्य अनुवाद किया जाना कठिन ही है। यह विचित्रता उस समय थोडी कम होती लगेगी जब हम आणविक तथ्य के विषय मे यह सोचें कि इसी के कारण तकवाक्य सही और गलत हो सकता है।

एक तकवाक्य सही है यदि कुछ आणविक तथ्य उसमे विद्यमान हैं। गलत है यदि वे विद्यमान नही हैं। तब आणविक तथ्य कुछ इस प्रकार के होने चाहिए जिससे यह प्रश्न कि वे अस्तित्वशील हैं अथवा नही, (प्राप्त होते हैं अथवा नही) उठाया जाता रह सके। आणविक तथ्य उपलब्ध सभावनाए हैं यदि कोई तकवाक्य जो उन्ह चित्रित करता है, वह सही हो। यदि वह गलत होगा तो अनुपलब्ध सभावनाए होंगी। कि तु सभावनाओं के रूप मे उनका अस्तित्व इस प्रश्न से प्रभावित नही रहता है कि उपलब्ध है अथवा नही। अर्थात् इस प्रश्न से कि वे ठोस रूप मे सत्य हैं भी अथवा नही। विटजनस्टीन के मतानुसार तकशास्त्र का अध्ययन करने म हमे तथ्यों की ठोसता से दरअसल कोई वास्ता नही होता, सारी सभावनाए ही इसके तथ्य हैं। उनके विचार म अपरिहाय रूप से यह सब ऐसा ही है, क्योकि गलत तकवाक्य जो ऐसी सभावनाओ के विषय म कहते हैं जो उपलब्ध व ठोस भी हैं तकशास्त्र द्वारा अनुशासित जगत के भी उतने ही अश हैं जितने वे स्वीकार अथवा अस्वीकार कर दिये जाने के काबिल भी हैं सही तकवाक्यो के रूप म कुछ अभिप्राय निहित रखते हैं अथवा नही ।

तब फिर तकवाक्य तथ्यो से किस तरह सयुक्त हैं ? विटजनस्टीन का उत्तर है कि वे तथ्यो के चित्र हैं। यह दृष्टिकोण उनके मस्तिष्क म कसे बना इसके विषय म अनेक किस्से हैं। किन्तु इन किस्सो मे एक अथ म सहमति भी है—कि वे एक ऐसे मोडल से काफी प्रभावित थे जिसे कोई दुघटना व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त किया गया था—जसे कि मोटर दुघटना। अब जसे ही उन्होने छोटी सी चित्रित मोटर सडक एव आसपास की बाडी देखी तभी उन्होने समझ लिया कि तकवाक्य प्रकट हो गया।

इस तरह, विटजनस्टीन ने समस्या का रूप इस प्रकार देखा, समस्या है कि तकवाक्य का विवरण देन के लिए सवप्रथम इस बात की स्वीकृति देना है कि हमे गलत एव दोनों प्रकार के तकवाक्यो की रचना करने की स्वतन्त्रता है, और दूसरी बात यह कि तकवाक्य का मूल ससार से रहे उसके सम्बन्ध के कारण ही बनता है। यह 'चित्र रूपक दोनो ही दृष्टियो से सतोषजनक लगता है। स्पष्ट ही चित्राकित मोटर कार के जरिए जो कुछ वास्तव मे घटित हुआ उसका गलत चित्र दिया जा सकता है। स्पष्टत ही मोटर कार बनाते समय हमारे द्वारा प्रयुक्त की गई प्रक्रिया व दृश्य ही विश्व के विषय मे कुछ कहना व्यक्त करेंगे।

निश्चय ही मोटरकार अपने आपमे तकवाक्य नहीं हैं। हम उसका प्रयोग खेल में तथा दुघटना के चित्र दोनो मे कर सकते हैं। केवल उन्हे एक विशेष तरीके से रखने से ही वे जो कुछ घटित हुआ है उसे, भली भांति सप्रेषित कर देंगे। इस प्रकार रख जाने से ही वे तकवाक्यीय चिन्ह होते हैं। तकवाक्य ससार पर प्रक्षेपित किया गया एक ऐसा ही चिन्ह है अर्थात् उसी के जरिए यह कहा या न कहा जा सकता है कि मामला यो हैं। किन्तु अब मामले का (एक सामान्य मामल का) क्या होगा जब तकवाक्यीय चिन्ह केवल शब्दो से बना हो ? यद्यपि हमारी साधारण भाषा अब अधिक प्रतीकात्मक नहीं हैं उनकी दृष्टि म इसमे चित्रलिप्यात्मक प्रतीक के जो मूल स्वर हैं उन्हें अपने मे पा लिया है। जिस वस्तु का प्रतिनिधित्व हम करना चाहते हैं उसके सम्प्रेषण की क्षमता इसमे है। यद्यपि हमने वास्तव म यह कभी नही देखा है कि दरअसल भाषा किस का प्रतिनिधित्व कर रही है और इस अवस्था म जहा तकवाक्य गलत है तो हम सभवत यह भी नही देख सके हैं कि वह किसे सम्प्रेषित कर रही है। सम्प्रेषण की क्षमता इस तथ्य पर निभर करती है कि तकवाक्य की ठीक वही बनावट है या नही जसी उसकी जिसका कि वह प्रतिनिधित्व करता है। एक नाम एक वस्तु के लिए है दूसरा दूसरी के लिए और उन्हे जोड दिया जाता है, इस तरह सम्पूण मिलकर एक चित्रपट की भाति आणविक तथ्यो का प्रस्तुतीकरण कर देता है। एक तकवाक्य मे उतनी ही वस्तुए उपलब्ध होनी चाहिए जितनी वस्तुस्थिति मे हैं और जिनका भाषा मे

प्रतिनिधित्व हो रहा है।[1]

एक आपत्ति इस संबंध में जो हमें दिखाई देती है वह यह है कि यह सिद्धान्त अधिक से अधिक प्रारम्भिक छोटे वाले तर्कवाक्यों पर लागू हो सकता है। सामान्य तर्कवाक्य आणविक तथ्यों का चित्रण नहीं करते। उनमें तो ऐसी अभिव्यक्तियाँ होती हैं जैसे 'सब' 'कुछ' या' एवं नहीं'। आणविक तथ्यों में इनका कोई अनुरूप नहीं मिलता। इन तथ्यों को आणविक कहने का विटजनस्टीन का आशय कदाचित् यह हो कि वे तार्किक दृष्टि से स्वतन्त्र हैं—एक आणविक तथ्य के अस्तित्व से किसी दूसरे आणविक तथ्य के अस्तित्व या अनस्तित्व की किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलती। इस तरह नकारात्मक आणविक तथ्य को हम मान ही नहीं सकते। सार्वभौम आणविक तथ्यों के बारे में तो यह कतई संभव नहीं है ही, पर ऐसे भी तथ्य इस प्रकार नहीं बनते क्योंकि क्ष य नहीं है' का अस्तित्व तार्किक रूप से क्ष य है के अनस्तित्व' से मुक्त नहीं है।

विटजनस्टीन ने इसीलिए लिखा कि मेरा मूलभूत विचार यही है कि तार्किक स्थिरांकों में प्रतिनिधित्व की क्षमता नहीं होती। यद्यपि ये सब तर्कवाक्यों में ही प्रकटते हैं तो भी तार्किक स्थिरांक इस प्रकार चित्र के अंश नहीं बनते। वे काफी विस्तार से इस बात पर चर्चा करते हैं कि नहीं' (नाट) का क्या महत्व है। उनके विचार में यह तो स्पष्ट ही है कि नहीं' किसी संबंध का नाम नहीं है—उसी प्रकार जैसे दाएँ' या बाएँ, संबंधों के नाम नहीं हैं। वास्तव में 'नहीं' नाम हो ही नहीं सकता। यदि ऐसा होता तो 'नहीं-नहीं-प (या प भिन्न नहीं) प से बिल्कुल भिन्न कथन होता और प' एक अलग ही नाम होता और इस कथन के दो नहीं' को 'प' बिल्कुल व्यक्त नहीं कर पाता। वे कहते हैं कि इससे यह अजीबोगरीब स्थिति भी पैदा हो जाती कि प नाम के एकाकी तथ्य से दूसरे अनन्त तथ्य या नाम निकाले जा सकते थे प के साथ 'नहीं' नहीं का अर्थात् दो नकारों का प्रयोग करते चले जाकर—तो यह सिद्ध हुआ कि 'नहीं कोई अभिधान नहीं है। यह किसी का अपने आपमें चित्रण नहीं करता जिस प्रकार एक तार्किक स्थिरांक किसी का संकेतन करता है—इस उदाहरण में वह यह संकेत करता है कि प पर एक क्रिया की गई है—जो नकारने की क्रिया' है।

तार्किक स्थिरांकों का इस तरह तर्कवाक्य में स्थान निर्धारित कर

---

[1] इस संबंध में हुए विचार विमर्श के लिए तथा विटजनस्टीन की व्याख्या के समय उत्पन्न हो जाने वाली कठिनाइयों के उदाहरणार्थ देखें, ई० डज अत 'द पिक्चर थ्यारी आव मीनिंग' (माइण्ड 1953) और उसके जवाब के लिए देखें, ई० ईवान्स अत ट्रैक्टेटस' 3–1432 (माइण्ड 1955)

विटजनस्टीन इस निष्कर्ष की ओर पहुचे हैं कि प्रत्येक अप्राथमिक तर्कवाक्य आरम्भिक तर्कवाक्यो के सत्य फलन हैं। सम रिमार्क्स आन लोजिकल फोर्म' (पी० ए० एस० एस० (1929) नामक अपने शोध निबन्ध[1] मे वे वस्तुस्थिति को इस तरह प्रस्तुत करते हैं– यदि हम प्रस्तुत तर्कवाक्य का विश्लेषण करने का प्रयत्न करे तो हमे सामान्य रूप से यह मालूम होगा कि वे या तो तार्किक योग है या कोई उपकरण, या फिर आसान तर्कवाक्यो के सत्य फलन हैं। यदि हम अपने विश्लेषण को ओर तक ले जाए तो इसे उस बिन्दु का स्पर्श करना होगा जहा वह ऐसे तर्कवाक्यीय आकारो तक पहुच जाएगा जो स्वय सरलतम तर्कवाक्यीय आकारो से नही बने हैं। हम तब पदो के बीच रहे अन्तरिम सबधो तक भी पहुच जाएगे, अर्थात् उन तात्कालिक सवेगो तक जिन्हे तर्कवाक्यीय आधार को नष्ट किए बिना विभक्त किया जाना सभव नही हैं। रसेल की ही भाति इन अन्तरिम सयोगो के सूचक तर्कवाक्यों को मै आणविक तर्कवाक्य कहता हू। ये प्रत्येक तर्कवाक्य के दाने हैं इनमे तत्व निहित हैं और शेष सभी इसी तत्व का विकास मात्र है।

मान लो हम प या फ नामक तर्कवाक्य पर विचार करते हैं। तब या यह अन्तिम सयोग का प्रतिनिधित्व नही करता। जैसा कि इस तथ्य मे प्रकटता है कि प या फ का अर्थ पूर्णत किया जा सकता है यदि उसके सत्याधारो का सदर्भ हम दे दे। इस प्रक्रिया मे या' का कोई स्थान नही है। यह भी सत्य होगा यदि प तथा फ दोनो सत्य हैं। यह तो उस समय भी सत्य रहेगा जब प सही है और फ गलत

---

[1] इस शोध लेख से विटजनस्टीन इतने असतुष्ट थे जो ट्रेक्टेटस के बाद का उनका एक मात्र प्रकाशन था कि उसके पढे जाने का समय आया तो उन्होने उस पर विचार विमर्श करने या उसे पढे जान से भी इन्कार कर दिया। किन्तु तब भी मुझे ऐसा नही लगता है कि मैंने उस निबध के जो वाक्याश यहा दिए है उन से भी वे असतुष्ट थे।

[2] विटजनस्टीन एक एक अमरीकी तर्कशास्त्री एच० एम० शेफर की रचना का उपयोग करते हैं। शेफर ने ए सेट आव फाइव इण्डिपेण्डेण्ट पोस्चलेटस फोर बूलियन अलजबरा (ट्रास अमरिकन मथ सोसाइटी 1913) यह सिद्ध किया था कि एक तर्कवाक्य के सभी सत्य–फलनो को एक बार के नकार से ही रचा जा सकता है (न–प एव न–फ)। शेफर ने बहुत कम प्रकाशित करवाया किन्तु वे एक प्रभाव शाली अध्यापक थे। देखें स्ट्रक्चर मैथड एण्ड मीनिंग ऐसेज इन आनर आफ हेनरी एम० शेफर, सपा० पी० हनले (1951)। सत्य सारणी एव शेफर द्वारा सुझाए आघाती स्वरो के सिद्धान्तों के लिए देखें पी० एफ० स्टासन कृत इण्ट्रोडक्शन टू लोजिकल थ्योरी (1952)। सदर्भ जोनसन (पृ० 138)।

उस वक्त भी होगा जब प गलत है तथा फ सत्य है। यह गलत उसी समय होगा जब प गलत है और फ भी गलत। इन परिणामों का एक चार्ट बनालें और उसे सत्य सारणी कहें। तब इसका परिणाम एक ऐसा तर्कवाक्यीय चिह्न होगा जो स्पष्टतः प या फ के अर्थ को ध्वनित करेगा। प्रत्येक अप्राथमिक तर्कवाक्य को इस प्रणाली द्वारा विश्लेषित किया जा सकता है चाहे उसमें समष्टि वाची परिमाणक सब विद्यमान हों—और चाहे इसमें विशिष्ट कठिनाइयां ही क्यों न प्रकट जाती हों। इस परिणाम को वैकल्पिक रूप से भी व्यक्त किया जा सकता है कि समा तर्कवाक्यों का एक ही सामान्य आकार होता है—पधिक तथ्यों की शृंखला में से एक का चुनाव विशिष्ट संयोगों को नकार करके ही संभव है।

इस प्रकार के चुनाव में दो प्रतिवादी स्थितियां प्रकटती हैं। पहली वह जिसमें से कोई भी संयोग अलग नहीं किया जा सकता तथा दूसरी जिसमें से प्रत्येक संयोग अलगाया जा सकता है। इस तरह मान लो यदि हम न-'प' में जो 'प' है उसे 'प-या-फ में फ' का एवजी मानलें, तब परिणामी अभिव्यक्ति 'प या न-प' सभी संभावनाओं के लिए सत्य होगी। प-या-फ' द्वारा जो एक मात्र संभावना अलगायी जा रही है वह वही है जहां प एवं फ दोनों गलत हैं। यह बात तब नहीं होगी जब हम फ' की जगह न-प को रख देते हैं। ऐसी अभिव्यक्ति को जो प या न-प' के आकार की हो विटजनस्टीन पुनरुक्त (टॉटोलाजी) ही मानते हैं। प एवं न-प जिसमें किसी संभावना को मूर्तरूप नहीं मिलता, उसे वे विरोधाभास मानते हैं। पुनरुक्तियां एवं विरोधाभास निरर्थक हैं, क्योंकि वे संसार का चित्रण नहीं करते। मैं मौसम के विषय में कुछ नहीं जानता जब मैं यह जानता हूं कि या तो बरसात हो रही है या नहीं हो रही है तो भी ये अनुपयोगी नहीं हैं—वे प्रतीकात्मकता की अज्ञात अभिव्यक्ति करते हैं।

तर्कवाक्य के तमाम सत्य विटजनस्टीन द्वारा पुनरुक्तियों की श्रेणी में रख दिए जाते हैं। यह बात सत्य फलन संबंधी विश्लेषण से प्राप्त हुई। उदाहरणार्थ इस तार्किक सत्य को लें 'प या फ तथा उसके साथ ही न-प मिलकर फ को प्रकट करते हैं।" अब 'प या फ' के तथा न-प' के सत्याधारों का निर्धारण करें तो तत्काल ही हम यह बात ध्यान में आती हुई नजर आएगी कि 'प या फ एवं न-प' दोनों सही नहीं हो सकते। सिवाय उस समय जब फ सत्य हो। यह तथ्य वैकल्पिक रूप से भी विटजनस्टीन के आशय के सिद्धान्त के जरिए यह कहकर प्रकटाया जा सकता है कि फ का आशय प या फ के एवं न-प के आशय में सम्मिलित है। एक यथोचित प्रतीक में (एक आदर्श भाषा में) विटजनस्टीन के मतानुसार यह बात तत्काल ही स्पष्ट हो जायगी। हम उस समय इस दुनिया के विषय में कुछ नहीं कह रहे हैं जब हम यह कहते हैं कि प या फ एवं न-प दोनों फ का व्यक्त करते

हैं। ऐसा कहकर हम किसी मौलिक संभावना को अलग नहीं कर रहे। विटजनस्टीन के अनुसार हम हमारे प्रतीकांकन की ओर सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं–उस अवस्था की ओर जिसके विषय में हमारा प्रतीकांकन स्वयं कहेगा। तार्किक कथन की यह विशेषता है कि हम प्रतीक के जरिए ही यह देख सकते हैं कि वह सही है।

यदि तर्कशास्त्र पुनरुक्तियों से भरा है तब यह पूछा जा सकता है कि हम तर्ककथनों के लिए प्रमाणों को प्रस्तुत करना क्यों आवश्यक मानते हैं? विटजनस्टीन इसके उत्तर में कहते हैं कि पुनरुक्तियों के शीघ्रता से जान लेने के लिए प्रयुक्त एक यान्त्रिक सिद्धीकरण के अलावा प्रमाण की कोई आवश्यकता नहीं है। यह दृष्टिकोण कि तर्कशास्त्र में कुछ आदिम तर्कवाक्य हैं जिनसे अन्य तर्कशास्त्रीय तर्कवाक्यों का निगमन किया जा सकता है एक भ्रममात्र है। शास्त्र की प्रत्येक उक्तियाँ इसी सहारे पर खड़ी हैं–वे सब एक ही बात कहती हैं, अर्थात् कुछ भी नहीं कहतीं।

गणित की तब क्या स्थिति है? विटजनस्टीन के अनुसार वह समीकरणों से बना है जिससे सीधा यह अर्थ निकलता है कि गणितीय तर्कवाक्य भी निरर्थक हैं। क्योंकि यह मानना सदैव ही निरर्थक है कि दो भिन्न पदार्थ एक ही हैं। और किसी वस्तु के विषय में यह बताना कि वह अपने ही से तादात्म्य रखती है कुछ भी न कहने के बराबर है। गणित हमें अपने द्वारा प्रयुक्त प्रतीकांकन के विषय में बताता है–अर्थात् यह बताता है कि कुछ अभिव्यक्तियों को एक दूसरे के एवज में रखा जा सकता है। और यह सब हो सकता दुनिया के बारे में हमें संकेत देता है किन्तु यह संसार को किसी भी भाँति चित्रित नहीं करता। इस प्रकार गणित के सारे कथन आशयहीन हैं।

पोलिश तर्कशास्त्रियो म से अग्रेजी जगत के परिचित लोगो में बहुत विख्यात हैं ए० तार्स्की । *उन्ही की पुस्तक इन्ट्रोडक्शन टू लोजिक एण्ड टू द मेथडोलोजी आव* डिडक्टिव साइन्सेज (1936) 1941 मे अग्रेजी सस्करण के रूप मे भी प्रकाशित हुई है । टार्स्की का नाम विशेषत दो बातो के साथ जुडा है तर्कशास्त्र एव अधितर्कशास्त्र सबधी भेद के लिए तथा सत्य के अर्थ-विज्ञानसबधी सिद्धान्त के लिये । अधितर्कशास्त्र तार्किक प्रणालियों की चर्चा करता है उसी भाति जिस भाति अधिगणित गणित को आकारी रूप देता है । फिर भी हिलबर्ट के अधिगणित एव टार्स्की के अधितर्कशास्त्र म मौलिक भेद है । हिलबर्ट के अनुसार अधिगणित गणित की निराकारी चर्चा है जबकि टार्स्की एक आकारी अधितर्कशास्त्र की रचना करने क लिए चेष्टाशील थे जो उनकी दृष्टि मे साधारण भाषा की अस्पष्ट एव अयुक्तियुक्त अभिव्यक्तियो स मुक्त होगा, और वह अपनी बधता क लिए हिलबर्ट द्वारा सुझाये गये प्रत्यक्ष अन्त साक्ष्य पर आश्रित भी नही होगा ।

कारनप कृत लोजिकल सिन्टेक्स आव लग्वेज टार्स्की की प्रणाली का व्यवहार म लिए जाने का उदाहरण है । यहा तक कि सर्वाधिक आकारवादी तर्कग्रन्थ भी इस धारणा की व्याख्या को साधारण भाषा म कहने के अनुच्छेदों से भरे हैं और उनमे तार्किक सूत्रो के निर्माण की विधि तथा उनके पारस्परिक सबधो का सकेत देने का प्रयास है । कारनप का कथन है यदि ये सरणिया स्वय आकारी हो जायें तो तमाम तर्कशास्त्र पूर्णत सही हो जायगा ।' द लोजिकल सिन्टेक्स आव लग्वज ऐसे वाक्यो के विषय मे वाक्यों की रचना करने की सही विधि का वर्णन करता है । किन्तु अर्थविज्ञान पर कार्य करते हुए इसी दौरान म टार्स्की ने ही कारनप को लोजिकल सिन्टेक्स आव लग्वज की कठोरता को थोडा नरम करने के लिए सहमत किया, क्योकि इस पुस्तक म कारनप ने उन सारे अर्थ-सदर्भों को तत्ववादी कहकर अनादृत किया था जिन्हे वाक्यों के पारस्परिक सबधों के जरिए व्यक्त नही किया जा सकता हो । टार्स्की के प्रभाव म आकर उन्होने स्टडीज इन सेमेंटिक्स लिखा जो पहले से कम आरम्भ प्रहारवादी थी ।

अपने सक्षिप्त इतिहास में अर्थविज्ञान (सेमटिक्स) नामक शब्द ने बौद्धिक क्रिया की विविध भूमियो पर पदक्षेप किया है । ऐसे बे सेमान्तीक (1897) में

प्रिंसिपल्स (बुले० अमे० मैथ० सोसा० 1928) । पी० वीस आन आल्टरनेटिव लोजिक्स (पी०आर० 1937) एफ० वसमन आर देयर आल्टरनेटिव लोजिक्स ? (पी० ए० एस० 1945), सी० आई० लूइस की इसी पुस्तक के बारहवें अध्याय में पढ़े । ई० टोम्स कृत द ला आव एक्सक्लूडेड मिडिल (पी० एस० सी० 1941), सी० आई० लूइस पाल वीस आन आल्टरनेटिव लाजिक्स (पी० आर० 1934) ।

मिस्टर ब्रियल ने इस शब्द को गढ़ा था और उसे अर्थ सम्बन्धी भाषाई जांच की संज्ञा से अभिहित किया था। ब्लिस्टेम्ब द्वारा इसका आशय वही लिया गया जो कारनप द्वारा तर्कसम्मत वाक्यावली (लाजिकल सिन्टेक्स) का लिया गया था। इसका प्रयोग बहुधा अर्थ संबंधी जांच पड़ताल के लिए भी हुआ है जो पीयर्स के संकेत सिद्धान्त में प्रकटी है या जो फ्रेगे द्वारा प्रस्तुत अर्थ एवं संदर्भ के भेद में प्रकटी है तथा जो विट्जनस्टीन के चित्र सिद्धान्त में व्यक्त हुई है। अधिक लोकप्रिय स्तर पर कहें तो कहना होगा कि विश्लेषण करने का ऐसा प्रयास जो भाषा की जटिल हुई स्थितियों के लिए प्रयुक्त हुआ हो अर्थ विज्ञान कहलाएगा।[1]

अर्थ-विज्ञान का यह वाद का संस्करण द मीनिंग आव मीनिंग में रूपायित हुआ है। इसकी रचना सी० के० ओगडेन ने एवं आई० ए० रिचर्ड्स ने की जिन्होंने पीयर्स के निबंधों का मनोयोग [illegible] अध्ययन किया था और जिन पर उन्होंने एक लम्बा परिशिष्ट भी दिया है। और थोड़ा बहुत (रसल के माध्यम से) उनका फ्रेगे से भी परिचय था। सामान्य शब्दों में, उन्होंने पीयर्स के संकेत सिद्धान्त एवं व्यवहारवादियों के मनोविज्ञान को उस रूप में संयुक्त करके रखा जो रसेल कृत एनालिसिस आव माइण्ड में अभिव्यक्त हुआ।

द मीनिंग आव मीनिंग की दो बातों ने विशेष हलचल मचाई। इसमें प्रस्तुत 'नाममात्रवाद' (नोमिनलिज्म) एवं 'भावनात्मक अर्थ के सिद्धान्त' ने। जैसा कि समसामयिक दर्शन में भी बहुधा चर्चा रहती है, ऑगडन एवं रिचर्ड्स ने भी मीनोंग महोदय के उस 'पदार्थ सिद्धान्त' से भीषण उद्धरण प्रस्तुत किए हैं। यदि हम यह मानने का दुस्साहस करें कि अमूर्त सत्ताएं 'नामरूप' मात्र सत्ताएं हैं,[2] तो यही घटित होगा। आगडेन एवं रिचर्ड्स यहां आकर एक दूसरे ही प्रतिवादी छोर

---

[1] मैक्स ब्लैक कृत लैंग्वेज एण्ड फिलोसोफी (1949) नामक ग्रंथ में वर्तमान समय में प्रकटी अर्थ विज्ञान संबंधी विविधताओं की सुंदर व्याख्या है। सेमेंटिक्स नामक अध्याय में इस संबंध में लिखी गई अधिकांश रचनाओं का इसमें संदर्भ है। मुझे अपने इस ग्रंथ में बहुधा ब्लैक की रचनाओं का उल्लेख करने का सुअवसर मिला है, जो असंपृक्त अनुभववादी दृष्टिकोण से लिखी गई है। ब्लैक की रचना में समसामयिक दर्शन की प्रमुख समस्याओं की सुंदर विवेचना मिलेगी। उनके निबंधों के संग्रह में जो उन्होंने एल० लिंस्की के सहकार में सेमेण्टिक्स एण्ड द फिलोसोफी आव लंग्वेज (1952) के नाम से संकलित किया है, अभिधायकता सत्य एवं सार्थकता के संबंध में अमरीकी विद्वानों के मत भी दिए गए हैं।

[2] इसके भीषण प्रतिवाद के लिए देखें, ए०एल० प्रायर कृत एण्टिटीज (ए जे पी 1954)।

में जा पड़ते हैं, जिसकी आलोचना विटजनस्टीन को भी फिलोसोफिकल इन्वेस्टीगेशन्स नामक पुस्तक में करनी पड़ी। उन्होंने यह तर्क प्रस्तुत किया कि प्रतीकवादी उपस्थापना (सिम्बालिक एक्सप्रेसन) से अलग हटकर उचित प्रतीक सदैव ही किसी वास्तविक घटना का नामांकन करता है या फिर उसका विस्तार इसी प्रकार के नामों को इकाई में किया जा सकता है। उनकी रचनाओं में प्रस्तुत यह दृष्टि साइन्स एण्ड सेनिटी (1933) में ए० कोजिब्स्की द्वारा तथा द टिरेनी आव वर्ड्स (1938) में स्टुअर्ट चेज द्वारा अपनायी गयी। अमूर्तता पर इतनी प्रबलता में कदाचित कभी भी प्रहार नहीं किया गया हो। मानवी विचारों के एक व्यापक क्षेत्र को अपमानजनक शब्दावलि में खोखले अमूर्तीकरण की संज्ञा दे दी गयी थी।

वर्णनात्मक (डेस्क्रिप्टिव) एवं भावात्मक (इमोटिव) भाषा के इनके द्वारा किए गए भेद को मानने वाले सभी जगह पैदा होते चले गए। प्रायः इसका प्रयोग उस भाषा या अर्थ के स्वरूप पर प्रहार करने के लिए होता था जो भौतिक विज्ञान के तर्कवाक्य' की कसौटी पर नहीं आ सकता था। किन्तु इसके व्यापक दार्शनिक परिणाम निकले।[1] यह अच्छा है नामक तर्कवाक्य के संबंध में आगडन एवं रिचर्ड्स लिखते हैं कि अच्छा' शब्द का एक खास नैतिक अर्थ है अतः यह विशुद्ध रूप से भावात्मक शब्द है। अच्छा है का कोई प्रतीकात्मक फलन नहीं है। यह केवल एक मनोवृत्ति को व्यक्त करने वाला चिह्न है। और यह कदाचित अन्य लोगों में भी इसी मनोवृत्ति को जाग्रत करता है या फिर उन्हें एक या दूसरी तरह के ऐसे ही कार्य करने की ओर प्रेरित करता है। नीतिशास्त्र के प्रति यह दृष्टिकोण सी० एल० स्टीवेन्सन के निबंध परसुएजिव डफिनीशन्स (माइण्ड 1938) में पूर्णतः अभिव्यक्त हुआ है। उनकी पुस्तक एथिक्स एण्ड लैंग्वेज (1944) में भी यह व्यक्त हुआ है। इस दृष्टिकोण ने उस दृष्टिकोण का खण्डन करने में सहायता की कि प्रत्येक कथन जिसका आकार सत्य है' वाला है केवल सत्य का ही विवरण प्रस्तुत करता है। इस तरह कथनों के विविध आशयों के संबंध में इसके जरिए मार्ग खुल गया। बाद में तो शीघ्र ही वर्णनात्मक एवं भावात्मक शब्दों का द्वैत भी नगण्य मानकर त्याग दिया गया।

---

[1] देखें ब्लैक, स्टीवेन्सन एवं रिचर्ड्स कृत ए सिम्पोजियम आन इमोटिव मीनिंग (पी०आर० 1948)। साधारण भाषा में यदि आप वर्णनात्मक एवं भावात्मक शब्दों के अन्तर को देखना चाहें तो देखें, एम० ई० टोमलिन एवं के० बेयर कृत आन डिस्क्राइबिंग (माइण्ड 1952)। भाषा के प्रकारों का गंभीर एवं तात्विक विश्लेषण देखें कम्युनिकेशन (1939), लेखक के० ब्रिटन। रिचर्ड्स एवं आगडन से सीखी हुई बातों को ब्रिटन ने समन्वित कर दिया है और ऐसा करते समय उन्हें रसेल कारनप जोन, विजडम आदि का भी खयाल रहा है।

उन प्रथ३नानिको मे से जिनकी रचनाए व मोनिग ग्राव मीनिग के ही स्तर की है सर्वाधिक गमीर एव व्यवस्थित सी डब्लू० मोरिस[1] हैं। वे भी पीयस के बडे उपकृत हैं। वास्तव म उनकी रचनाए मी पीयस के सकेत के सिद्धा त की विस्तृत विवेचना है और वे मो व्यवहारवादी दाशनिक हैं। फाउण्डेश स ग्राव द थ्योरी ग्राव साइ स (यू० एस० 1938) नामक अपने ग्र थ मे उ होंने सकेत क सामा य सिद्धा त को तीन मागो म विभक्त किया है, ग्रोर उसके लिए ऐसी प्रणाली अपनायी है जिससे माषा के प्रयाग सबधी कोई स्थिर नियम निर्धारित हो सकें। यह बात उ होने सीमिग्रोटिक्स' (शब्दाथ-विनान) के विवेचन के समय उठाई है। इन तीनो म पहला मापाई उप-विनान है-वाक्यघटन-विद्या (सिण्टेक्टिक्स), जो शब्द-प्रतीको के पारस्परिक सबध म बताता है, फिर ग्रथ विनान (सेमेण्टिक्स) जो उस विधि का वणन करता है जिसके जरिये शब्द अपना ग्रथ बताते हैं, एव ग्रथ क्रिया विनान' (प्रैग्मेटिक्स) जो शब्द सकेता एव उनक व्याख्याकारो के बोच के सबध का बताता है। मोरिम स्वय मी मुख्यत व्याख्या म रुचिशील हैं। वे विशपत इस बात का बताने का प्रयास करते हैं कि प्रतीको की व्याख्या केवल निजो मानसिक मामला न०ी है, किन्तु वह भी सावजनिक दृष्टि म ग्राने वाले व्यवहार से सबधित अवस्था का मामला है। अन्तत वे मी अपने शब्दाथ-विज्ञान (सेमिग्रोटिक्स) पर पुन विचार करन के लिए बाध्य हो ही जाते हैं। उनको भान होता है कि उन्होने माषा पर ग्रावश्यकता से अधिक बल द दिया था। व मानते हैं कि पीयस का सकेत सिद्धान्त हो उचित विनान है जो व्यवहार की उन अवस्थाग्रो को प्राथमिक मानता है जिनम हमारी क्रियाए हमारे द्वारा प्रस्तुत स्थिति की व्याख्या के परिणाम के रूप मे वर्णित की गई है। सकेत के उपयोग का विशिट व्यवहार इस दृष्टिकोण से हमारे कोट पहनने की क्रिया से उदघृत किया गया है-जो किताब पढ़कर नही, बादल को घुमडता देखकर प्रकट हुई है। मोरिस कत साइ स लग्वेज एण्ड बिहेवियर मे वास्तव म ग्रथविनान सामाजिक मनोविना न के क्षेत्र तक मी चला गया है।

दाशनिक क्षेत्र का अधिक सकीण ग्रथ विनान ग्रागडन एव रिचड्र्स के बजाय टार्स्की म देखा जा सकता है। कठोर ऐतिहासिक याय के हिसाब से, हमे लेस्नो स्की एव टी० कोटारबिस्की की रचनाग्रो का उल्लेख करना होगा, जिनका टार्स्की पर

---

[1] द्रष्ट य सी हे ड्यूकास कृत सम कमेण्ट् ग्रान सी डब्लू मॉरिसेज फाउण्डेशस ग्राव थ्योरी ग्राव साइ स (पी० पी० ग्रार० 1942), जोन वाइल्ड एव ड्यूकास के बीच रहे बाद के सुवाद के लिए देखें (पी० पी० ग्रार० 1947)। मोरिस कत साइस, लग्वेज एण्ड बिहेवियर (1946) म एक मारी पुस्तक-सूची मी है।

काफी प्रभाव पड़ा था। किन्तु यह सब अभी भी अप्रकाशित है—या फिर केवल पोलिश भाषा में ही प्रकाशित हुआ है। पोलण्ड के बाहरी क्षेत्रों में पोलिश अर्थविज्ञान का प्रारम्भ टार्स्की द्वारा 1939 में सत्य की अर्थवैज्ञानिक धारणा[1] पर पढ़े गए निबंध के जर्मन अनुवाद से ही माना जाता है।

यदि तत्ववाद के दैत्य का दमन करना है तो कारनप एवं थूरथ की मान्यतानुसार अर्थ, सत्य एवं शब्द संकेत (डेसिग्नेशन) जैसी अभिव्यक्तियों की परिभाषा विशुद्ध वाक्यविज्ञान के आधार पर ही करनी पड़ेगी [अर्थात् एक आकारी प्रणाली के वाक्यों के गुणों के संदर्भ में ही]। लोजिकल सिण्टेक्स आव लैंग्वेज में कारनप द्वारा इस योजना के जरिए ही इसके कटु निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास उन्हें भीषण धारणाएं बनाने के लिए बाध्य कर देता है। वे बहुत संकुचित हो जाते हैं। वे कल के भाषण में अफ्रीका का वर्णन था की व्याख्या यों करते हैं कि यह कल के भाषण में अफ्रीका शब्द आ गया इस बात के कहने का गलतफहमी उत्पन्न करने वाला प्रकार है। कारनप टार्स्की के अर्थविज्ञान का स्वागत करते हैं क्योंकि उससे ऐसे जबरदस्ती के अनुवादों की संभावना हट गई थी। जबकि कुछ हठी वस्तुस्थितिवादियों की धारणा थी कि टार्स्की आकारी वेशभूषा में एक तत्ववादी ही थे।

इसके अतिरिक्त भी भाषाई विरोधास्पदों का हल करने का एक तरीका भी टार्स्की ने निकाल लिया। ये विरोधास्पद स्थितियां उस भाषा द्वारा हल नहीं हो सकतीं जिसमें अर्थविज्ञान की गुंजाइश न हो—अर्थात् एक ऐसी भाषा जिसमें न केवल वाक्य हों बल्कि ये वाक्य किस प्रकार के हों उनके नाम भी हों—[बर्फ सफेद है को ही उद्धरण चिह्नों में लिखकर हम बर्फ सफेद है—नामक सीधे वाक्य का नामरूप मान सकते हैं] तथा इसी प्रकार वाक्यों के पद का वर्णन सत्य असत्य' का पर्यायवाची कहकर हम कर सकते हैं। ऐसी किसी भी भाषा में सब वाक्यों की चिन्ता इस आकार में हो सकती है 'सब सत्य वाक्य क्ष हैं।' इस तरह के तमाम वाक्य स्वयं अपना संदर्भ देते हैं। टार्स्की के अनुसार विरोधास्पद स्थिति उस समय स्वयं ही प्रकटती है जब भाषा में ऐसे स्वसन्दर्भित वाक्यों को प्रवेश मिल जाता है। टार्स्की के तर्क इस सम्बन्ध में आकारवादियों के लिए साधारण भाषी दर्शन के

---

[1] इस निबंध का शीर्षक है देर हारेत्स बेग्रिफ इन देन फोर्मेलीसिएर्तन स्प्राखेन' (1936)। उन्हीं की रचना देखें द सेमेण्टिक कंसेप्शन आव ट्रूथ (पी पी आर 1944) जो लिंस्की में पुनः मुद्रित हुई। कोटेरबिंस्की के लिए देखें मार रण्ड का निबंध (एक 1938 जर्मन भाषा में), या फिर उनके तत्वदर्शन के लिए फण्डामेण्टल आइडियाज आव पनसोमेटिज्म (माइण्ड 1955)। यह 1935 में लिखे उनके निबंध का अनुवाद है।

विरुद्ध उपयोग में लिए जाने के तीक्ष्ण उपयोगी हथियारों का काम करते रहे हैं। और चूँकि साधारण भाषा में ऐसे स्व-मन्मशील वाक्यों का आना स्वाभाविक है इस हेतु इनमें अनिवारणीय विरोधास्पदों[1] का होना लाजिमी है।

अर्थविज्ञान के सम्बन्ध में टार्स्की का सुविख्यात योगदान है उनकी सत्य की परिभाषा जो ऐसी परिभाषा के लिए आकार बनाने के लिए भौतिक उपयुक्तता से पूर्ण दिशाओं की खोज करती है। सत्य की उपयुक्त परिभाषा में सम-भाव रहना चाहिए। 'बर्फ सफेद है' उसी समय और केवल उसी समय सत्य है जब बर्फ सफेद हो। अधिक सामान्य भाषा में यह तो कहना पड़ेगा, जहाँ प एक वाक्य है और क्ष उस वाक्य का नाम, तो इसकी परिभाषा इस तरह होगी कि यदि प सही है तो क्ष एवं क्ष के समानार्थी भी सही होंगे। यह सम भाव अपने आप में सत्य की परिभाषा नहीं है। यह बात गलती से कई बार सोच ली गई है। ये तो उनकी दशाओं को प्रस्तुत करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं करता जिनकी आवश्यकता सत्य-सम्बन्धी परिभाषा पूरित करने के लिए होती है। यह स्व-मदय हटाने के लिए सत्य की परिभाषा अधिभाषा (मेटालैंग्वेज) में की जानी चाहिए, ऐसी अधिभाषा में जो *विषयभाषा के प्रत्येक वाक्य को अपने में समाहित कर सकती हो, (क्योंकि ऐसा* कोई भी वाक्य परिभाषा में प्रयुक्त समभावी श्रेणी के प की एवज में रखा जा सकता है) साथ ही विषय वाक्यों के नाम रूपों को भी समाहित कर सकती हो और उन सामान्य तार्किक अभिव्यक्तियों के नामरूप भी, जिन्हें 'यदि एवं केवल मात्र यदि' के आकार में व्यक्त किया गया हो। इस अधिभाषा के द्वारा ही टार्स्की असल सत्य की परिभाषा पर पहुँचते हैं। वह इतनी तकनीकी है कि उस की चर्चा यहाँ करना सम्भव नहीं है। उनके अनुसार यह परिभाषा भौतिक उपयुक्तता की आवश्यकता को पूर्ण करती है और उसमें ऐसी कमी भी नहीं रहती जिससे उसमें विरोधास्पद स्थिति प्रकट सके।

ऐसे आकारी अर्थ विज्ञान के उपयोग के सम्बन्ध में बहुत से दार्शनिक शंकालु हो गए। किन्तु कारनैप को कोई शंका नहीं थी। टार्स्की द्वारा व्यवहृत नई प्रणालियों का वे उत्साहपूर्वक समर्थन करते रहे।[2] इस तरह कारनैप की अभिनव रचनाओं में

---

[1] देखें स्ट्राल कृत इज एवरीडे लैंग्वेज इनकंसिस्टेंट ?'' (माइण्ड 1954) तथा उसमें प्रस्तुत सामग्री का संदर्भ। के आर पापर कृत सेल्फ रेफरेंस एण्ड मीनिंग इन आर्डिनरी लैंग्वेज (वही पुस्तक)।

[2] द्रष्टव्य एम ब्लैक 'द सेमण्टिक डेफानीशन आव ट्रूथ' (एनालिसिस 1948) जो लैंग्वेज एण्ड फिलोसोफी के नाम से पुनः मुद्रित हुई। साथ ही देखें निबंध 'कारनेप आन सिमेण्टिक्स एण्ड लोजिक,' प्रोबलेम्स आव एनालिसिस में (1954), जे एफ

दर्शन को शब्दार्थ-विज्ञान (सेमिओटिक्स) के ही पर्याय के रूप म देखा गया है । (यह मौरिस की शब्दावलि है जो उन्होने ग्रहण की है) वाक्यशैली (सिंटेक्स) को दर्शन मे महत्व नही दिया गया । ऐसे बहुत से प्रश्न (जिनमे एक सार्थकता की समस्या भी है) जिन्हे पहले उन्होने द्वयार्थक पदो मे व्यवहृत किया था अब वे उन्हे ही अर्थविज्ञान की प्राथमिक समस्या मानकर चलते हैं ।[1] किन्तु इसका यह अर्थ नही कि आकार रूप मे उनका कार्य सीमित हो गया है ।

इसके विपरीत द फाउण्डेशन आव लोजिक (1943) सत्य असत्य सत्य का मूल्य तथा चलाक के मूल्य जैसी शब्दार्थक अभिव्यक्तियो को आकार रूप देने का प्रयास है । कारनप की शिकायत है कि तर्कशास्त्रियो ने अब तक इनको अनाकारी रूप म ही प्रयुक्त किया है । उन्होने अपने आपको गलती से बचाने के लिए सामान्य बुद्धि तथा सहज वृत्ति (इन्स्टिंक्ट) से अधिक किसी अन्य माध्यम का सहारा नही लिया ।

मीनिंग एण्ड नेसेसिटी (1947) मे जो कारनप का अर्थविज्ञान सम्बन्धी अध्ययन की तीसरी कृति है कारनप एक बार फिर मिल तथा फ्रेगे[2] के प्रिय कथ्यो की ही चर्चा करते हैं । आधुनिक दार्शनिक तर्कशास्त्रियो ने कारनप की दृष्टि मे सामान्य रूप से यह मान रखा है कि सुगठित भाषा की प्रत्येक अभिव्यक्ति किसी

थोमसन ए नोट आन ट्रूथ' (अनालिसिस 1949) पी एफ स्ट्रासन ट्रूथ वही) एवं देखें पी ए एस एस 1950 । अर्थ क्रिया विज्ञान (प्रग्मेटिक्स) को भी आकारी रूप देने का प्रयास हुआ है । देखें डबलू सेलर्स प्योर प्रग्मेटिक्स एण्ड एपिस्टेमोलोजी (पी एस सी 1947) आर कारनप आन सम कान्सेप्ट्स आव प्रेग्मेटिक्स तथा इसके साथ आर एम चिशोल्म कृत ए नोट आन कारनप्स मीनिंग एनालिसिस (दोनो पी एस 1955 म मुद्रित) ।

[1] कारनप द्वारा लोजिकल सिन्टेक्स आव लंग्वज मे किए गए संशोधनो के लिए देखें इण्ट्रोडक्शन टू सेमेण्टिक्स 1942 का परिशिष्ट । बहुत से मामलो म उनके दृष्टिकोण की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति द फाउण्डेशन्स आव लोजिक एण्ड मैथेमेटिक्स (यू एस *1939)* म देखी जा सकती है ।

[2] राइल का रिव्यू देखें (फिलोसोफी 1949 म) । उन्होने लिखा है, मेरी प्रमुख मान्यता यह है कि यह कार्य नव-दर्शन के लिए चमत्कार-पूर्ण तकनीकी विचारीकरण है । इसके सिद्धान्त मिल से प्रभावित तथा प्रिंसिपल्स आव मैथेमेटिक्स के बाद मुरझाते हुए युग से प्रकट हुए है ।' नेजल का रिव्यू भी देखें (जे पी 1948) एवं कारनेप द्वारा दिया गया राइल एवं नेजल का उत्तर भी देखें एम्पिरिसिज्म सेमेटिक्स एण्ड ओण्टोलोजी (आर आई पी 1950 लिस्की म पुन मुद्रित) ।

ठोस उपजीवी इयत्ता का नाम ही है, जबकि वास्तव म अभिव्यक्तियों का साथकता उनके आशय एव उनके द्वारा एक विस्तृत क्षेत्र की प्राप्ति म निहित है। फ्रेगे की भाषा म उनकी साथकता एक सदभ रखने तथा उसका कोई आशय होने मे निहित है। शब्द-सकेत (डेजिग्नेशन) क इस सिद्धा त क आधार पर जिसको काफी विस्तार मे लिखा गया है, कारनप यथावस्थी तकशास्त्र (मोडल लाजिक) की रचना करते हैं जिसम यथावस्थी वाक्य वाक्य की शब्दाथक धातुओ की 'याख्या करता हुआ माना गया है। [illegible] आवश्यक रूप स ब है' का मतलब यही है कि अ ब है यह वाक्य आवश्यक तकवाक्य है। इस तरह यथावस्थी तकशास्त्र भी अथविज्ञान की एक शाखा मात्र हो जाता है। वास्तव म यदि कारनप सही है तो अथविज्ञान तक की प्रत्येक शाखा का मूलभूत एव महत्वपूण अभिय ता है।

अपनी सभी रचनाओ म, अ य सब मामलो मे चाहे उनम कितनी ही विविधता मिले, कारनप न ताकिक एव वास्तविक सत्य म भेद बनाए ही रखा है। वे यह जान कर दुखी थे कि टार्स्की ने इस भेद को नगण्य माना था। अमरीका के बहुत स प्रमुख तकशास्त्रियो मे डब्लू वी ओ क्वाइन का नाम विख्यात है। वे टार्स्की के विषमवादी सुझावो को एक प्रभावपूण अतिरेक तक ले गए हैं।

हम जिन तकशास्त्रियो की चर्चा कर रहे हैं उनक विपरीत रसल-'हाइटहेड की तक प्रणाली के प्रति क्वाइन वफादार रहे। यद्यपि अपनी पुस्तक 'यू फाउण्डेशा स आव मथेमेटिकल लोजिक[1] म वे प्रकारो के सिद्धा त की परिभाषा कर देत हैं और अपना काय प्राथमिक ताकिक प्रत्ययो की बहुत थोडी सख्या से चला लते हैं प्रिंसिपिया म प्रयुक्त प्रत्ययो से भी कम म। उनकी नव स्थापनाए सम्पूण खण्डन न होकर एक प्रकार का 'हाइटहेड रसल के गणित दशन का सशोधन मात्र है। क्वाइन फिर भी वस्तु-निर्देशात्मक तकशास्त्र के आदश के वफादार हैं और इस बात के प्रति भी सदेहशील हैं कि बिना सिद्धा तो की हत्या किये यथावस्थी तकशास्त्र निर्मित किया जा सकता है। यदि उ हे एक तकशास्त्री क रूप मे रूढिवादी माना भी जाय तो भी यह मानना होगा कि उनकी दाशनिक उक्तिया जो उनके तक से कहीं अधिक सशक्त हैं निश्चय ही ताजे किस्म की हैं। यदि हम उ हे क्रातिकारी न भी कहें तो।

उनके सक्षिप्त निबधो म से खास तौर पर आन 'हाट देयर इज' (आर० एम० 1948) एव टू डोगमाज आव एम्पिरिसिजम[2]

---

[1] सव प्रथम अमेरिकन मैथेमेटिकल म थली (1937) मे प्रकाशित हुआ। सशोधित रूप म पुन मुद्रित हुआ-फ्रोम ए लोजिकल पोइण्ट आव व्यू (1953)।

[2] फ्रोम ए लोजिकल पोइण्ट आव व्यू मे से रिफरे स एण्ड माडेलिटी वाला अध्याय देखें और मीनिंग एण्ड नसेसिटी म कारनेप के साथ रहे सुवाद का भी।

(पी ग्रार 1955)[1] नामक दा निबधो न उनके समसामयिक विचारकों का ग्राश्चय मे डाल दिया है। ग्रान हाट देयर इज इस बात का विचार करने का प्रयास है कि किन मामलो म एक विशिष्ट तार्किक सिद्धान्त क प्रति हमारा स्वीकरण हमे तात्विकी की दृष्टि से प्रतिबद्ध करता है। यह एक ऐसी योजना थी जिसे बहुत से ब्रितानी दाशनिक प्राग्मावी कहकर छाड देते तथा यह कहते कि तकशास्त्र तात्विक दष्टि स तटस्थ है। केवल नामो का प्रयोग हम यह स्वीकारने क लिए प्रतिबद्ध नही करता कि जो नाम हम प्रयुक्त कर रहे हैं–(जैसे पगासस) वे सब ऐसी इयत्ताग्रो का सदभ प्रस्तुत करते हैं, ग्रोर न विधेयों का प्रयाग हो यह बताता है कि समष्टिया विद्यमान होनी चाहिए। इसके दूसरी ग्रोर क्वाइन के ग्रनुसार बद्ध चलाकों का प्रयोग हम प्रतिबद्ध करता ही है। उदाहरण क लिए यह कथन लें कुछ कुत्ते सफेद हैं। यह कहना इस स्वीकरण से किसी भांति कम नही है कि एक ऐसी वस्तु है जिसम कुत्तात्व ग्रोर सफेदत्व दोनो हैं। चाहे यह सब सफेदी एव कुत्ता पन के ग्रस्तित्व को सिद्ध न भी करती हो। इसी भांति क्वाइन की मा यता है कि यह कहना कि कुछ जन्तुग्रो की प्रजाति पारस्परिक रूप मे उवरा है' प्रकट रूप म यह स्वीकारना है कि वह कम से कम ग्रस्तित्व मे तो है।

यह स्वीकरण केवल प्रकट मे है क्योकि एक तकशास्त्री को ऐसी प्रणाली की जिससे य कथन रचे जा सकें ग्रावश्यकता रहती है। यह एक ऐसी प्रणाली है जो रसेल के विवरण के सिद्धान्त' के समाना तर है। इस तरह यह प्रजाति का व्यजित नही करती। ये नव रचित कथन भी ता हम किसी न किसी वस्तु के ग्रस्तित्व से प्रतिबद्ध कर देंगे। कि तु कदाचित् प्रजाति के ग्रस्तित्व क विषय म नही। एक तकशास्त्री हम ग्रपने नव रचित कथन को स्वीकारने के लिए विवश नही कर सकता। कि तु यह देखना महत्वपूण है कि क्या एक एस तकशास्त्र की भी रचना की जा सकती है जो प्रजाति क ग्रस्तित्व से प्रतिबद्ध न हो ग्रौर फिर भी जीवशास्त्रीय कथनों की रचना उससे हो सके ? तब यदि कुछ ग्र य कारणों स (क्योकि शायद यह हम एक ग्रधिक सरल एव व्यापक विचार सबधी योजना प्रदान करती है), हम प्रजाति मुक्त तात्विकी को ग्र गीकार करने की सोच लें तो हम कम स कम यह ता जानेंगे कि तकशास्त्र म ऐसी कोई बात नही है जा हम ऐसी तात्विकी के परित्याग करने के लिए विवश करे। क्वाइन इसी तरह ऐसे गणितीय तकवाक्यो की रचना करना चाहते थे जिनसे उ हे समष्टियो के सम्बन्ध मे प्रतिबद्ध न होना पडे। वे पूणत यह स्वीकारते हैं कि ऐसा करने मे उनक ग्रनुसरण के लिये किसी को थोडा भी बाध्य

---

[1] फ्रोम ए लौजिकल पोइण्ट ग्राव व्यू म दोनो पुन मुद्रित हुए। देखें जे जे सी स्माट कृत क्रिटिकल नोटिस (ए जे पी 1953) एव पी एफ स्ट्रासन कृत ए लौजिशियन्स लण्डस्केप,' (फिलोसोफी 1955)।

नही होना चाहिये अर्थात् उनकी नामवादी धारणा को स्वीकार करके।[2] वे जिस एक बात पर बल देना चाहते हैं वह यह है कि यदि हम आकारीकरण का एक विशिष्ट तरीका अपना लें, तो हम उसी समय उसके साथ चलने वाली तात्विकी को स्वीकारने के लिए भी विवश हो जाते हैं। वे इस बात को संक्षेप मे कहते हैं कि अमूर्त इयत्ताओं को स्वीकारना ही गलत है। और तब उनके स्वीकरण की व्याख्या करते रहना और भी गलत। यों वे उपसंहार करते हैं।

'टू डॉग्माज ऑव एम्पिरिसिज्म' मे क्वाइन दो भिन्न किन्तु जुड़वा रूढ़ियों पर प्रहार करते हैं। पहली यह कि असंशोधनीय (या संश्लेषणात्मक) एवं संशोधनीय (या विश्लेषणात्मक) तर्कवाक्यों मे मौलिक भेद है, तथा दूसरी, कि प्रत्येक सार्थक कथन तात्कालिक अनुभवों की ही रचना है। क्वाइन दुहेम के अनुसरण मे कहते हैं कि वैज्ञानिक तर्कवाक्यों के एक समूह को परीक्षण के लिए लाता है किसी विभक्त कथन को नही। इसलिए एक तर्कवाक्य एक वैज्ञानिक प्रणाली का मूल तत्व है बजाय अनुभवों का सारांश होने के। यदि अनुभव अप्रत्याशित रूप से प्रकट हो जाता है तो कोई भी अग्रिम रूप से यह नहीं कह सकता कि वैज्ञानिक तर्कवाक्यों की कौनसी इकाई त्याज्य होगी। सैद्धान्तिक रूप से तो इनमे से कोई भी संशोधनीय हो सकती है-अर्थात् असंश्लेषणात्मक हो सकता है। इनमे से कुछ तो निस्संदेह दुर्भेद्य दिखाई देती हैं। हम किसी ऐसी स्थिति की कल्पना नही कर सकते जिसमे हम इनको छोड़ सकें। किन्तु प्रमात्रा-संघटनाओं (क्वांटा फ़िनोमिना) के सिद्धान्त की खोज ने जिसके विषय मे अग्रिम रूप से किसी ने भी कल्पना नही की थी, बहुत से वैज्ञानिकों को प्रकट रूप मे अभेद्य तर्ककथनों को छोड़ देने को बाध्य कर दिया-जैसे, कारण-कार्य के तथा विलगित मध्य के सिद्धान्त। यह क्वाइन की दृष्टि मे हमारे लिए एक चेतावनी होनी चाहिए, यह न मानने की कि कोई भी तर्कवाक्य अपने आप मे अनुभव द्वारा असंशोधनीय है।

विश्लेषण संबंधी आकारी परीक्षण ज्ञानमीमांसीय परीक्षणों से किसी भी दृष्टि मे अधिक संतोषजनक नही है। निम्नांकित पंक्ति पर विचार करें। कोई भी

---

[1] देखें पी टी गीच ए जे आयर व डब्लू वी ओ क्वाइन का 'आन व्हाट देयर इज' (पी ए एस एस 1957), एन गुडमैन एवं क्वाइन का 'स्टेप्स टुवर्ड्स ए कोंस्ट्रक्टिव नोमिनलिज्म' (जे एस एल 1947)। इसके साथ क्वाइन का इस निबन्ध पर नोट 'आन व्हाट देयर इज' की पुस्तकसूची म दिया गया है। ए चर्च 'द नीड फोर एब्स्ट्रैक्ट एण्टिटीज इन सेमेण्टिक एनालिसिस' (प्रोसी अमे एकाडेमी आव आर्टस एण्ड साइंस (1951)। कारनेप कृत 'एम्पिरिसिज्म, सेमेण्टिक्स एण्ड आण्टोलोजी' (आर आइ पी 1950), जी जे वारनक 'मैटाफिजिक्स इन लोजिक' (पी ए एस 1950)।

कुमारा शादी–शुदा नहीं है, तो यह विश्लेषणात्मक होगी, क्योंकि इसे पुनरुक्ति में बदला जा सकता है और 'कुमारा' के स्थान पर 'अ–शादी शुदा आदमी' को पर्याय के रूप में रखा जा सकता है। हम यह कैसे कहेंगे कि 'कुमारे' तथा 'अ–शादी शुदा' आदमी पर्यायवाची हैं? तो भी विश्लेषण की दृष्टि से इसका पर्याय बताने के लिए ही होता है। दो अभिव्यक्तियाँ [illegible] तथा य उस समय पर्यायवाची होंगी यदि क्ष य है विश्लेषण योग्य है। किन्तु हर कोई जो इन पर्यायवाचियों को किसी की एवज में रखने की प्रणाली से विश्लेषण का परीक्षण करता है उसे पर्याय की स्वतन्त्र परिभाषा देनी होगी। पर्याय की कोई भी व्याख्या यह तरकीब करने से सफल नहीं होगी। और इससे हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि न तो पर्यायों की एवज में रखने की प्रणाली से और न किसी अन्य माध्यम से ही तर्कवाक्य की एक श्रेणी को विश्लेषण–योग्य मानकर चुना जा सकता है।[1] वे यह मानने को बिल्कुल तैयार हैं कि कुछ ऐसे तर्कवाक्य तो हैं (उदाहरणार्थ गणित के तर्कवाक्य) जिन्हें अन्तिम आधार मानकर हम छोड़ देना चाहिए। किन्तु इसके अतिरिक्त ऐसा नहीं है कि कहीं कोई ऐसा तर्कवाक्य भी है जिसे सैद्धान्तिक रूप में आगे के अनुभव से परिशुद्ध मानकर छोड़ा नहीं जा सके।

आज के तर्कशास्त्रियों में सर्वाधिक स्वतन्त्र (यद्यपि वे भी टार्स्की से अवश्य प्रभावित हुए थे) कार्ल पापर हैं जिनकी रचनाएँ अभी तक निबंधों के रूप में ही प्रकट हुई हैं। अपनी 'न्यू फाउण्डेशन फोर लोजिक' माइण्ड 1943)[2] में वे तर्कशास्त्र की मूलभूत समस्या से प्रारम्भ करते हैं अर्थात् वैध अनुमानों को अवैध अनुमानों से कैसे भिन्न करें इस पर टार्स्की का अनुसरण करते हुए वे वैध अनुमान की परिभाषा

---

[1] देखें लिस्की का सेमेण्टिक्स। गुडमैन का 'आन लाइकनेस आव मीनिंग' (एनालिसिस 1949 के एक निबंध का परिवर्धित संस्करण) बी मैटस 'सिनोनिमिटी' (यूनिवर्सिटी आव कैलीफोर्निया पब्लिकेशन्स 1950) एम जी व्हाइट का 'द एनालिटिक एण्ड द सिंथेटिक एन अनटेनेबल ड्यूएलिज्म' जोन ड्यूई 'फिलोसोफर आव साइन्स एण्ड फ्रीडम' सम्पा० एस हुक (1950)। एनालिसिस में पर्यायत्व पर सी डी रोलिंस के निबंध हैं (1950)। पी वियनपाल (1951) जे एफ टामलिन एवं एल मैकलर (1953) के भी निबंध हैं। द्रष्टव्य एच पी ग्राइस एवं स्ट्रासन 'इन डिफेन्स आव ए डोग्मा' (पी आर 1956)। ए होफस्टेडटर 'द मिथ आव द होल' (जे पी 1954) आर कारनप 'मीनिंग एण्ड सिनोनिमिटी इन नेचुरल लैंग्वेजेस' (पी० स० 1953) डी डब्लू हैमलिन 'एनालिटिक ट्रूथ्स' (1956 माइण्ड)। देखें प्रिंसिपल्स आव साइकोलोजी का अध्याय 14 जो वेसमन एवं जेम्स पर लिखा गया है तथा जिसमें 'आवश्यक सत्यों' पर चर्चा है।

[2] माइण्ड 1948 में किए गए सुधार एवं संशोधन देखें।

उस अनुमान में देते हैं जो इस तरह रखा जाए कि इसकी कोई भी व्याख्या जो इसके प्रमेयों को सत्य बनाती है, उसके निष्कर्ष को भी सत्य करे। इस तरह, उदाहरण के लिए 'यदि प एवं फ, तो प' एक वैध अनुमान होगा क्योंकि कोई भी सत्य तर्क वाक्य यदि 'प एवं फ' में आये हुए प एवं फ की एवज में रख दिया जाए तो इसी व्याख्या से इसका निष्कर्ष प भी सही होगा।

इस मामले में अनुमान की वैधता अमहत्वपूर्ण अल्प है। हम यह कहकर आपत्ति कर सकते हैं कि 'यदि प एवं फ तो प' यह अनुमान ही नहीं है। किन्तु पापर का यह अमहत्वपूर्ण अल्प चुनाव जानबूझ कर है। अपने एक भाषण में (जो उन्होंने टेन्थ इण्टरनेशनल कांग्रेस आव फिलोसोफी (1948) में दिया था) उन्होंने जिसे गणितीय तर्कशास्त्र का अल्पीकरण (ट्रिवियलाइजेशन) करना कहा है, उसी को वे यहां पूर्ण रूप देना चाहते थे। इसके पहले के सारे प्रयास जिनमें तर्कशास्त्र के अल्पीकरण का प्रयास सत्य-सारणी प्रणाली' के जरिए किया गया था, असफल हो गए थे। पापर अपने प्रहार का एक भिन्न मार्ग ही अपनाते हैं। वे सबसे पहले यह बताने निकलते हैं कि गणितीय तर्क के सब मुख्य विचारों को एकाकी आदिम तर्कविचार द्वारा परिभाषित किया जा सकता है। ऐसा निगमनीयता के प्रत्यावर्ती संबंधों तथा अकर्मक संबंधों के जरिए किया जा सकता है। यहां तक कि तादात्म्य एवं परिमाणन भी, जो सत्य-सारणी प्रणाली से परिभाष्य नहीं है, इस निगमनीयता द्वारा परिभाषित हो सकते हैं। इस तरह केवल अल्पाश्रयी अनुमानों के अतिरिक्त अन्य किसी के बिना सहारे गणित के जटिल रूप को इन परिभाषाओं से पूर्णतः प्रकटाया जा सकता है—इस प्रकार जिसे पापर बिना धारणा के तर्कशास्त्र' की संज्ञा देते हैं उसकी रचना करना संभव है। इस स्वयंसिद्धों की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि निगमन का सामान्य सिद्धान्त भी अपने में पर्याप्त रूप से उचित प्रारम्भिक बिन्दु है।

अंग्रेजी प्रदेशों में पापर की विख्यात पुस्तक है, द ओपन सोसाइटी एण्ड इट्स एनीमीज (1945) जिसके प्लेटो एवं हीगल पर किए गए प्रबल प्रहारों के कारण इसने तहलका मचा दिया था। यद्यपि इस पुस्तक में बात ही बात में, तार्किक एवं गणितीय प्रश्न उठ खड़े हुए हैं, तो भी यह हमारी पहुंच से परे की पुस्तक है। किन्तु उनके स्वदेश आस्ट्रिया में पापर ने सर्वप्रथम अपना स्थान रीति वैधानिक के रूप में बनाया। उस समय उन्होंने लोजिक देर फोर्सचुंग (1935) लिखा था। यद्यपि यह किताब अभी भी अंग्रेजी में अनूदित नहीं हुई है और समझने में भी कठिन है तो भी इसके मुख्य सिद्धान्तों का ब्रितानी रीति-वैधानिक रचनाओं पर काफी प्रभाव पड़ा।[1]

---

[1] देखें जे० ओ० विजडम फाउण्डेशंस आव इनफरेंस इन नेचुरल साइन्स (1952), मान सयद रीसेंट फिलोसोफीस (1936), वी० क्राफ्ट द वियना

पोपर सीमानिर्धारण की समस्या (द प्रॉब्लम ऑव डिमार्केशन) को ही अपने अलगाव का बिन्दु मानते हैं। समस्या विज्ञान एवं आभासी विज्ञान में भेद करने की है। आभासी विज्ञान में पोपर के अनुसार न केवल पारवर्ती तत्त्वदर्शन ही शामिल है किन्तु तारकशास्त्र (ज्योतिष) भी जो अनुभववादी होने का दावा रखता है। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण बात है कि प्रकट रूप से वैज्ञानिक दिखाई देने वाले सिद्धान्त (जैसे मनोविश्लेषण या मार्क्स का इतिहासदर्शन) भी आभासी विज्ञान की ही श्रेणी में आते हैं। पापर यह चर्चा करने में कोई सार नहीं देखते कि ये सिद्धान्त सत्य है या नहीं। बल्कि वे तो यही देखते हैं कि, जैसा वे दावा करते हैं क्या वे उतने ही वैज्ञानिक हैं? खण्डन के शोध कथ्य (थीसिस ऑव रिफ्यूटेबिलिटी) के पीछे कदाचित उनका यही उद्देश्य है। कोई प्राकल्प उसी समय वैज्ञानिक है यदि केवल मात्र सैद्धान्तिक रूप में उसके खण्डन किये जाने की सम्भावना हो।

यद्यपि पॉपर कभी भी वियना वृत्त के सदस्य नहीं रहे वे इसके निकट सम्पर्क में थे और उनके 'खण्डन के शोधकथ्य' के सिद्धान्त को कारनेप द्वारा सार्थकता के निकषण सिद्धान्त का संशोधित रूप ही माना है।[1] उनका यह कथन यों पढ़ा गया 'नहीं सैद्धान्तिक रूप से सत्यापन (निकषण) से नहीं अपितु खण्डन से ही सार्थकता का परीक्षण सम्भव है।' वास्तव में पापर इस बात से आश्वस्त थे कि सार्थकता की समस्या मूलभूत महत्त्व की नहीं है। वस्तुस्थितिवादियों द्वारा निर्धारित सार्थकता की कसौटी द्वारा कोई ठोस परिणाम नहीं निकले हैं। केवल स्वीयात्मक (आर्बिट्ररी) नियमनों की ही स्थापना हो सकी है। खण्डन सार्थकता की कसौटी नहीं है किन्तु विज्ञान एवं उसके यथाकारी प्रतिरूप (सिम्युलक्रा) दिखाई देने वाले आभासी विज्ञानों के बीच का भेद निर्धारण करने की प्रणाली है।

मरकिल (1950), वर्कमीस्टर सेवन थीसेज ऑव लोजिकल पोजिटिविज्म क्रिटीकली एग्जामिण्ड (पी० आर० 1937) कारनेप टेस्टेबिलिटी एण्ड मीनिंग (पी० एस० सी० 1936-7)। राइकनबक कारनेप नीले एवं न्यूरथ की रचनाएँ भी देखें जो इसी अध्याय में चर्चित हुई हैं। पापर का निबन्ध द पावर्टी ऑव हिस्टोरिसिज्म (इकोनोमिका 1944-5) सामाजिक विज्ञानों के रीतिविधान के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान है। वे अब लन्दन स्कूल ऑव इकोनोमिक्स में लोजिक एवं साइण्टिफिक मेथड के प्राध्यापक हैं। उनका वर्णन करना हमें अपने अभीष्ट से बहुत दूर ले जायगा। लोजिक डेर फार्शुंग का अनुवाद 1958 में प्रकाशित हो गया है तथा द पावर्टी ऑव हिस्टोरिसिज्म पुस्तकाकार रूप में 1957 में प्रकाशित हुई है।

[1] इसी रूप में इसने कारनेप पर इतना प्रभाव डाला कि वे निकषण से परीक्षण पर आ गए। न्यूरथ इसके अतिरिक्त इसकी आक्रोशपूर्वक आलोचना ही करते रहे। देखें, उनकी कृति सुडो-रेशनलिस्मस दर फाल्सीफिकेशन (एक० 1935)।

कभी कभी ऐसा भी कहा जाता है कि वैज्ञानिक प्राक्कल्प वही है जिसे पुष्ट किया जा सके। कभी ऐसा भी कहा जाता है कि यदि कोई प्राक्कल्प बहुत अधिक सम्भव हो तो वह वैज्ञानिक हो जाएगा। और यहां तक भी, कि वह वैज्ञानिक है यदि वह उस सब की व्याख्या करता है जो सम्भवतया घटित हो सकता है।' खण्डन का सिद्धान्त इन्हीं दृष्टिकोणों के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई प्राक्कल्प सभी सम्भावनाओं को व्यक्त कर देता है तो वह कुछ भी व्यक्त नहीं करता। यदि उसे किसी पर्यवेक्षण को व्यक्त करना है तो उसे किसी दूसरे पर्यवेक्षण के साथ अप्रयोज्य भी होना होगा। इसी आधार पर पापर मार्क्सवाद के वैज्ञानिक होने के दावे को अमान्य कर देते हैं। जो कुछ घटता है वह सभी सामाजिक विकास के उनके द्वारा स्थापित प्राक्कल्प की ही पुष्टि करता है। किन्तु यदि ऐसा है तो वे कभी भी यह कहने योग्य नहीं रहेंगे कि वस्तुएं एक प्रकार से ही निर्मित न होकर क्यों भिन्न भिन्न प्रकार से निर्मित हो जाती हैं? इस तरह उनके प्राक्कल्प अपनी प्रकृति से ही पूर्णत अवैज्ञानिक है।

किसी अधिक असम्भाव्य प्राक्कल्प पर विचार किया जाना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। हम इस सम्बन्ध में जो कुछ करना है वह यही कि हम कोई अल्प या बिल्कुल खोखला सुझाव ही प्रस्तुत करें। जितना कम हम इससे प्रतिबद्ध होंगे, उतना ही अधिक सम्भाव्य वह होगा। इस तरह यदि हम स्पष्ट करना चाहें कि अमुक अमुक व्यक्ति को बुखार क्यों आ गया है तो इसका स्पष्टीकरण कि उसके साथ कुछ न कुछ गड़बड़ है, अधिक सम्भाव्य स्थिति है। कदाचित् इससे भी अधिक कि उसे खसरे का रोग हो गया। किन्तु यह सब पूर्णत वैज्ञानिक मूल्य से विरहित है। पापर के अनुसार वैज्ञानिक अधिक सम्भव प्राक्कल्प की खोज नहीं करता, किन्तु ऐसी स्थिति की खोज करता है जिसमें निश्चित अपेक्षाएं हों। और यदि वे अपेक्षाएं नहीं प्रकटतीं तो निश्चयतः उन्हें अमान्य कर दिया जाएगा। यह सोचना एक उपयोगी श्रम है प्रत्येक वैज्ञानिक कथन किस किस बात को अमान्य करता है। उदाहरणार्थ 'सभी चीते मनुष्यभक्षी हैं' अमनुष्यभक्षी चीतों की सम्भावना को ही अमान्य कर देता है। इस तरह हमें इस की शक्ति का पता चलता है, और हम देखते हैं कि कितना शीघ्र इसका खण्डन भी हो गया ऐसे चीतों की खोज करके।

अन्त में यह कहना ही पर्याप्त नहीं है कि वैज्ञानिक प्राक्कल्प वही है जिसे पुष्ट किया जा सके। क्योंकि यह सदैव ही सम्भव रहा है कि किसी प्राक्कल्प की किसी तरह पुष्टि कर दी जाय। वास्तविक प्रश्न यही है कि क्या एक प्राक्कल्प का भली भांति परीक्षण हो चुका है? अर्थात् क्या उसका खण्डन किये जा सकने की दिशा में पूरे प्रयत्न कर लिये गए हैं? यही आधार पापर तारक विज्ञान के दावों को भी ठुकरा देते हैं। तारक विज्ञानी प्राक्कल्प जैसे कि सितम्बर में जन्मे

लोग भावुक होते हैं, निश्चय ही अनेक व्यक्तियों के जरिए हो सकता है किन्तु ज्योतिषी अपने इस प्राकल्प को खंडन के प्रयास या परीक्षण तक नहीं ले जाता। इसी तरह संक्षेप में खण्डनीयता वैज्ञानिक प्राकल्प का विशेष रूप है और विज्ञान वहीं है जहाँ खण्डन किये जाने के लिये व्यवस्थित प्रयत्न हों चाहे सफलीभूत हों या असफल।

यह तो स्पष्ट है कि पॉपर ने वैज्ञानिक प्रणाली के आगमनात्मक विश्लेषण को त्याग दिया है जिसके अनुसार विज्ञान विशुद्ध पर्यवेक्षण पर आधृत है और आगमन से शनैः शनैः सामान्यीकरण की ओर हम बढ़ सकते हैं। वैज्ञानिक शनैः शनैः यह विश्वास करने लग जाते हैं कि नियमितताओं का अस्तित्व है केवल यह देखकर कि उनके प्रयोगों के परिणामों द्वारा घटनाओं के एक ही प्रकार के रूपाकार (पैटर्न) बार बार प्रकटे हैं। पॉपर के अनुसार दरअसल हम सभी अपेक्षाओं प्रत्याशाओं को लेकर जन्मे हैं और हमारे अन्दर जन्मजात प्रतिक्रियाएं भी हैं जिनमें से नियमितताओं की अपेक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। हम शनैः शनैः एक आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करनी पड़ेगी जिससे सामान्यीकरण की वृत्ति से हम हट सकें। किन्तु हमारे सामान्यीकरणों को परीक्षण तक ले जाने की इच्छा भी रहनी चाहिए।

वे कहते हैं कि पर्यवेक्षण सिद्धान्तों के लिए कोई उपादान (कच्चा माल) नहीं हैं वरन् सिद्धान्त ही हमें पर्यवेक्षणों की ओर ले जाते हैं। **द पोवर्टी ऑव हिस्टोरिसिज्म** में वे लिखते हैं कि वैज्ञानिक विकास की किसी भी अवस्था में हम सिद्धान्त जैसी किसी वस्तु के बिना प्रारम्भ नहीं करते जो हमारे पर्यवेक्षण का निदेशन करता है और पर्यवेक्षण के असंख्य पदार्थों में से चुनाव करने में सहायता करता है। ह्यूम के इस सुझाव पर कि हमारी अपेक्षाएं हमारे अनुभवों के बीच रहे साम्यों के कारण प्रकटती हैं, पॉपर यह आपत्ति करते हैं कि समरूपता सदैव ही हमारे लिए महत्वपूर्ण किसी स्थिति के समानान्तर स्थिति के प्रकट जाने में ही है। इस प्रकार समानता की स्थिति की पहचान ही यह बतलाती है कि हम पहले से ही अपेक्षाएं रखते हैं।

विज्ञान का प्रारम्भिक बिन्दु गल्पों का तीक्ष्ण विवेचन है, उन गल्पों का जो हमारी सहजात रूढ़ियों के कारण उपजते हैं। और ये पर्यवेक्षणों के आकलन नहीं होते। इस प्रकार वे निष्कर्ष निकालते हैं कि वैज्ञानिक का कार्य यह बताने का नहीं है कि वह कैसे पर्यवेक्षणों से सिद्धान्त की ओर गया। आगमन की कोई समस्या उसके समक्ष नहीं है। प्राकल्पों से प्रारम्भ करके वैज्ञानिक गलत प्राकल्पों को अमान्य करता जाता है और यह बताता है कि उनसे ये गलत निष्कर्ष निकले हैं। उसकी विधि का तार्किक औचित्य इस तथ्य में निहित है कि समष्टिगत

तकवाक्य भी, जो विज्ञान की सीमा के अग हैं, ऐसे तकवाक्यो द्वारा गलत सिद्ध हो सकते हैं जो काल और दिक् के एक विशेष बिंदु पर प्रकटो घटनाओं के अस्तित्व का ज्ञापन करते हैं। इस तरह के तकवाक्य आधारभूत हैं। इस अर्थ मे नही कि वे किसी तात्कालिक अनुभव को व्यक्त करते हैं बल्कि इसलिए कि उनक जरिए एक प्राकल्प का परीक्षण हो जाता है। यदि हम एक आधारभूत तकवाक्य को स्वीकार लें क्योंकि इसी बिंदु पर आकर हमारी आस्था का तत्र प्रकटन लगता है, तो हम उन सब प्राकल्पो का परित्याग करना पडेगा जो इसके विरोध मे हैं। कोई प्राकल्प उनकी दृष्टि म आधारभूत तकवाक्यो की इकाई स निर्मित नही होते। मूलत इसी कारण कि ऐसी कोई भी इकाई एक समष्टिगत तकवाक्य की समरूपिणी (इक्वलेन्ट) नही हो सकती अर्थात् ऐसे तकवाक्य की जो अस्तित्वशील तकवाक्यो को नकारता हो। (तकवाक्यो की य इकाइयाँ 'यह एक मनुष्यभक्षी चीता है' —'वह एक मनुष्यभक्षी चीता है' आदि दोनो मिलकर भी कोई चीता अमनुष्यभक्षी नहीं है' की समरूपिणी नही होगी।) इस तरह सामान्य प्राकल्प को संभवत आगमन द्वारा स्थापित नही किया जा सकता।

पापर की रचनाओ का एक तीसरा महत्वपूर्ण पहलू उनके द्वारा सारवाद (एसेंशलिज्म) की आलोचना है। अर्थात् अमुक अमुक वस्तु क्या है ?' इस आकार के प्रश्नो का उत्तर देन का प्रयास। प्रस्तुत वस्तु के सार या वास्तविक प्रकृति क निरूपण के जरिए यह इनक उत्तर देन का प्रयास मात्र है। अधिक सामान्य रूप से, सारवाद एक ऐसा दृष्टिकोण बताता है कि अंतरिम स्पष्टीकरण देन का श्रेय तो केवल विज्ञान को ही है। पोपर की दृष्टि म इससे जिज्ञासाएँ प्रकट जाएगी एव रहस्यवाद प्रारंभ हो जायगा। दरअसल सारवाद की आलोचना करने वाले पापर पहले ही व्यक्ति नही है। इसके पूर्वालोचक बर्कले एव मैश न भी सामान्यत यह विचार किया है कि सारवाद का एकमात्र विकल्प उपकरण वाद (इन्स्ट्रूमेंटलिज्म) है। वैज्ञानिक सिद्धांत उनकी दृष्टि म संसार की अधिक प्रभावशाली प्रतिलिपियाँ प्रस्तुत करने का प्रयास है। वह केवल विवरण नही है। किंतु पोपर की दृष्टि मे उपकरणवाद वैज्ञानिक प्राकल्पो क परीक्षण की प्रणाली का विवरण देने म असमर्थ है। एक उपकरण टूट भी सकता है, या फैशन स बाहर हो सकता है किंतु निश्चय ही इसको अमान्य नही किया जा सकता। इसके अतिरिक्त उपकरण-वाद विज्ञान का एक विशुद्ध तकनीकी दृष्टि स देखने की माग करता है। और इस तरह वैज्ञानिक सिद्धान्तो क उपयोगी ढंग से लागू किए जान से संबद्ध ऐसी समीचीनता को प्रकटाता है जो अन्तत वैज्ञानिक विकास क लिए ही घातक हो जाता है।

पापर, इस तरह उपकरणवाद एव सारवाद के बीच का एक मध्य माग खोजने की आशा करते हैं। एक वैज्ञानिक सिद्धान्त संसार के लिए एक ज्ञान-

पूर्ण अनुमान है और यह अनुमान कठोर आलोचनात्मक परीक्षणों को प्रस्टा सकता है। यह बात जीवित प्राणियों के लिए भी उतनी ही सच्ची है जितनी विद्युदणुओं के प्राक्कल्प के संबंध में सही है। पॉपर की दृष्टि से एक उपकरणवादी गलती से यह सोचता है कि पदार्थ का विद्युदणु-सिद्धान्त मेज कुर्सियों के यथार्थ का खण्डन ही कर देता है और यह बताता है कि अपनी वास्तविक प्रकृति में वे केवल अणुओं के आकलन मात्र हैं। उपकरणवादी यह सोचकर भी कम गलती नहीं करते कि आणविक सिद्धान्त ही यथार्थ की व्याख्या करने के लिए एकमात्र सिद्धान्त है वह उसका विवरण नहीं है। मेजें विद्युदणुओं की सही प्रकृति की नहीं हैं और नहीं विद्युदणु ही मेजों की प्रकृति के हैं। विद्युदणु एवं मेजें दोनों के सत्य संबंधी दावे यथोचित हैं।[1]

पॉपर की रचनाओं में बहुत सी समस्याएँ खड़ी हो गई हैं। इनमें से सर्वाधिक स्पष्ट (जो विशेषतया सांख्यिक यान्त्रिकी से प्रकटी है) यह है कि यद्यपि सम्भाव्य कथन विज्ञान में महत्वपूर्ण कार्य करते हैं तो भी वे खण्डन-योग्य नहीं लगते। कोई भी अस्तित्वशील तर्कवाक्य (जैसे आज बरसात हो रही है) इस प्रकार के किसी प्राक्कल्प को अमान्य नहीं कर सकता है कि कैनबरा में बरसात होने की संभावना का मूल्यांक 'प है। पॉपर ने इस कठिनाई पर काफी सोचा विचारा है। सर्वप्रथम तो वे यह कहते हैं कि यद्यपि प्रमात्रा-नियमों को सांख्यिकीय पर्यवेक्षण से जांचा जा सकता है तो भी वे अपने आपमें सांख्यिकीय नहीं हैं। तथा दूसरे, इसके विपरीत भाव प्रकट जाने पर भी सम्भाव्यता के प्राक्कल्प सैद्धान्तिक रूप से खण्डनीय हैं क्योंकि वे ससीम श्रेणियों की बारंबारता के संबंध में कुछ कहते हैं। किन्तु हम पॉपर के सिद्धान्त के इस पहलू को और भी अच्छी प्रकार से समझ सकेंगे (यह किसी भी दृष्टि से प्रभावशाली भी नहीं रहा है) यदि हम सम्भाव्यता पर हुए अभिनव कार्यों के संदर्भ में ही इसकी जांच करें।

इस संबंध का अधिकांश कार्य अभिनव गणितीय तर्कशास्त्र की भांति (जिसमें प्रायः इसका निकट का संबंध माना गया है) काफी मात्रा में तकनीकी है। उसमें प्रकट दार्शनिक प्रश्नों को यहाँ उठाना सरल नहीं है। केवल सम्भाव्यता के दो प्रमुख मार्गों का वर्णन करके उनमें विद्यमान भेद की चर्चा हो सकती है। पहला मार्ग उन

---

[1] इस प्रश्न पर देखें जे० जे० सी० स्मार्ट द रीअलिटी आव थ्योरेटिकल एंटिटीज (ए० जे० पी० 1956)। जे० वी० थोर्नटन साइण्टिफिक एण्टिटीज (ए०जे०पी० 1953)। सी० एफ० प्रेसले लॉज एण्ड थ्योरीज इन द फिजिकल साइंस (ए०जे०पी० 1954)।

लोगों का है को कीन्स की भांति सम्भाव्यता की परिभाषा दो तर्कवाक्यों के तार्किक सम्बन्धों में देते हैं। तटस्थ तर्कवाक्यों की इकाई की इस सम्बन्ध सूचकता के कारण ही तर्कवाक्य स म प की सम्भाव्यता प्रकटी है।' दूसरा भाग उनका है जो वन के अनुसरण में सम्भाव्यता के बारम्बारी सिद्धान्त की वकालत करते हैं। उनकी व्याख्यानुसार सम्भाव्यता के सिद्धान्त इस प्रकार के हैं, ब घटनाओं का वर्ग घ घटनाओं के वर्ग में क नामक बारम्बारता के साथ घटित होता है। किन्तु जैसा हम देखेंगे "सभी सीमाएँ इतनी स्पष्ट नहीं हैं। और इसकी उप प्रजातियां तो अनन्त हैं[1] ही।

अभिनव रीतिविधायकों में म हेराल्ड जेफ्रेंज कीन्स के बहुत निकट हैं। कीन्सवादी तरीके से सम्भाव्यता के तुलनात्मक विश्लेषण प्रारम्भ करके जेफ्रीज यह बताने का प्रयास करते हैं (साइण्टिफिक इन्फरेंस 1931 में) कि एक ठोस परिमाणात्मक सम्भाव्यता–विश्लेषण गणक मूल्यों व परम्परागत प्रदानों (असाइनमेंटस) की सहायता में ऐसे स्वयंसिद्धों पर स्थापित किए जा सकते हैं जो केवल तुलनात्मक सम्भावनाओं का ही उजागर करते हैं। जेफ्रेंज की रचनाएं आकार में स्वयं सिद्धान्तिक हैं। एक आकस्मिक पाठक के लिए यह बिल्कुल नहीं लिखी गई है और न एक ऐसे दार्शनिक के लिए जो गणितमना न हो। कीन्सवादी दृष्टि का इसमें उल्लेखनीय पुनरुत्थान तथा विकास देखा जा सकता है।

इसी प्रकार का एक और सिद्धान्त जो बारबानों, एवं अभिनव रूप से जे० वोन क्राईज कृत प्रिंसिपल्स आव द केलकुलस आव प्रोबेबिलिटीज (1886) से ही निःसृत है, विटजनस्टीन द्वारा ट्रेक्टेटस में सुझाया गया था और वसमैन द्वारा उसे व्यापक रूप दिया गया। (देखें[2] अर्केन्तनिस 1930 के प्रथम अङ्क में उनका लेख)। यह सिद्धान्त यह मानकर चलता है कि प्रत्येक तर्कवाक्य का अपना एवं निश्चित

---

1 सम्भाव्यता पर नूतन रचना के लिए देखें, ई० नजल प्रिंसिपल्स आव थ्योरी आव प्रोबेबिलिटी (यू० एस० 1949)। एम० जी० केण्डल थान द रिफाइन लिएशन आव थ्योरीज आव प्रोबेबिलिटीज में (1949 जिसमें एक प्रमुख सांख्यकार द्वारा कीन्सवादी तथा बारम्बारी सिद्धान्तों का समन्वय किया है।) केलकुल देस प्रोबेबिलिटीस एक्चुअलिटीज 1951) पी० पी० आर० 1946–6 में आयोजित एक व्यापक एवं गम्भीर गोष्ठी जो सम्भाव्यता पर थी, देखें। जी० बर्गमैन आर० कारनैप, काफमैन नजल ए। विलियम्स आदि ने इसमें भाग लिया था।

2 लोजिस्के एनालाइस दो वारस्कीनलिकिस्त बग्रिफ'। इस अङ्क में राइकेनबक आर० वान मीसस हुआ था फीगल द्वारा सम्भाव्यता पर लिखे निबंध हैं।

क्षेत्र (स्पाइलरोम) होता है अर्थात् उससे कुछ संभावनाएं प्रकटती हैं। विट्जनस्टीन के लिए तर्कवाक्य का क्षेत्र उसके सत्याधारों से मेल खाता हुआ है। यदि एक तर्कवाक्य के सत्याधारों की संख्या र का प्रतिनिधित्व अ प्रतीक से होता है और र तथा स तर्कवाक्यों में विद्यमान सत्याधारों की संख्या को 'अ स' प्रतीक द्वारा व्यक्त किया गया है तो अ स का अ के प्रति अनुपात उस संभाव्यता का मापदण्ड होगा जो र द्वारा स को दी गई है। इस तरह 'प या फ' के संबंध में प की संभाव्यता $\frac{1}{2}$ हो जाती है क्योंकि सत्य सारणियों में से 'प एवं (प या फ)' एक बटा दो अंश में सत्य है जबकि प या फ सही हैं। इसी प्रकार किसी भी आणविक तर्कवाक्य प की संभावना किसी अन्य फ तर्कवाक्य के प्रमाण पर $\frac{1}{2}$ हो जाती है क्योंकि 'प एवं फ' के सत्याधारों के अङ्कों का फ के सत्याधारों के अंकों में यही अनुपात है।

विट्जनस्टीन कीन्स से इस बात में सहमत हो जाते हैं कि किसी असीम (सिम्प्लिसिटर) की संभावना के बारे में बातचीत करने का कोई अर्थ नहीं है। प्रश्न सदैव ही परिचित परिस्थितियों के अन्दर उसकी संभावनाएं निहित करने का है और यह संभावना तार्किक संभावनाओं में रहे पारस्परिक आकारी संबंधों के बीच की प्रागभावी स्थिति के रूप में परिमापित हुई है। केवल इसी दृष्टिकोण के जरिए विट्जनस्टीन के अनुसार हम यह समझ सकते हैं कि संभाव्यता का कलन कैसे हो सकता है। यह कहना कि एक प्याले में से निकाली जा रही काली गेंदों की संख्या करीब करीब उतनी ही पड़ती है जितनी सफेद गेंदों की एक अनुभववादी तथ्य है। गणितीय तर्कवाक्यों के विट्जनस्टीन द्वारा किए गए विवरण से यह तथ्य गणित का नहीं है। इस तरह बारम्बारी सिद्धान्त संभाव्यता के संबंध सूचकों की तर्क गणितीय प्रकृति के विषय में कहने में असफल हो जाता है।

विट्जनस्टीन के लिए अनुभव से निर्धारित सापेक्ष बारम्बारता संभाव्यता के विश्लेषण में एक नकारात्मक महत्व की स्थिति है। मान लो कि इस सूचना के आधार पर (जो मेरे अधिकार में रही साधक सूचना है।) कि एक प्याले में बराबर बराबर सफेद व काले रंग की गेंदें हैं मैंने इस संभाव्यता का कलन किया है कि 'एक काली गेंद अब प्याले से निकाली जायगी।' तब मुझे पता लगता है कि वास्तव में सफेद गेंदों की संख्या निकाली गई काली गेंदों के बराबर ही है। यह बात मुझे मेरी इस धारणा में दृढ़ करती है कि गेंदों का निकाला जाना मुझसे अज्ञात परिस्थितियों के हाथों में अवलम्बित नहीं है। किन्तु संभाव्यता का वास्तविक कलन सदैव ही तार्किक निगमन का विषय है। वैसमैन भी इसी भांति यह मानेंगे कि श्रेणियों में अनुपारी स्थितियों की मात्रा का माप सदैव ही तार्किक दृष्टि पर निश्चय नहीं हो सकता, क्योंकि अनुपारी स्थितियों (ओवरलपिंग) में से विभिन्न संभावित अनुमानों का चुनाव करके हम सांख्यिक अनुभव के आधार पर अपने

परिणाम लाने का प्रयास करते हैं, किन्तु तो भी समाव्यता तो स्वय ही इन्ही श्रेणियो मे रहे सबधों पर टिकी है।

बारम्बारता के सद्धान्तिकों ने, इसके विपरीत बारम्बारता को समाव्यता के साथ मिला दिया है। बारम्बारता का सिद्धान्त समावना को पार्थिव रूप दता है और उसे प्राग्मावी समावनाओ के रहस्य-क्षेत्रो से अलग ले जाता है। साथ ही इसका एक सास्यकार के व्यावहारिक जगत से निकटतम सबध जोडता है। वास्तव म आर० वोन मीसेज ने प्राबेबिलिटी स्टेटिस्टिक्स एण्ड ट्रूथ (1928)[1] म समाव्यता के बारम्बारी सिद्धान्त की रचना की है जो उतनी ही आनुभविक है जितनी सद्धान्तिक भौतिकी। किन्तु उनकी रचनाओं का वास्तविक प्रभाव बारम्बारी सिद्धान्तो की अनुमववादी प्रकृति पर शका उत्पन्न करना ही था। बारम्बारवादी यह मानने के अभ्यासी हो गए थे कि 'एक पनी (सिक्का) के सिर वाले सिरे से गिरने की समावना $\frac{1}{2}$ है' कहने का यही अथ है कि 'अन्त म जाकर पनी के सिरने की समावना समग्र अङ्को से आधी है।' स्पष्टत यहां अन्त म जाकर नामक वाक्याश अनुपयुक्त है। इसके साथ ही एक अन्य मुश्किल भी है। मानलो सदव ऐसा ही होता कि प्रत्यक पाचवी उछाल का परिणाम पैनी का पिछला सिरा एव प्रत्येक दसवा उसका सिर वाला सिरा होता, तब, यद्यपि यह बात सही है कि अन्तत इस क्रम मे आधी उछालों का परिणाम सर ही होने वाला है तो भी एक पैनी की उछालो को सामान्य क्रम म आधे आधे रूप म विभाजित किया जाना उचित नहीं जान पडता। समाव्यता का सिद्धान्त जुए की विषमताओं से प्रकटा है। निश्चय ही वे विषमताए पूर्णत बदल जाएगी यदि यह भविष्यवाणी की जाए कि एक विशेष उछाल सदव ही, (तथा अमुक उछाल कभी भी नही) सर के रूप मे ही परिणमित होगी। इस तरह बारम्बारता कभी भी समान्यता के साथ तादात्म्य नही रख सकती।

वोन मीसेस इन दोनो आपत्तियो का हल निकालने का प्रयास करते हैं। वे एक समूहवाची धारणा को प्रस्तुत करते हैं। इसकी परिभाषा उन्होने पयवेक्षण

---

[1] अंग्रेजी अनुवाद (1936) देखें। ब्रोड का रिव्यू माइण्ड (1937) मे देखें। आर एल गुडस्टीन 'आन वोन मीसस थ्योरी आव प्रोबेबिलिटी,' (माइण्ड 1940)। नीले कृत प्रोबेबिलीटी एण्ड इण्डक्शन में वान मीसेस पर हुई चर्चा, वेसमैन एव फीगल की आलोचना, अर्केण्टनिस (1930)। बारम्बारता के सिद्धान्त का एक दूसरा सस्करण ए० कोल्मोगोरोव की फाउण्डेशन्स आव द थ्योरी आव प्रोबेबिलिटी (1933 अंग्रेजी अनुवाद 1950) म देखें। आर० एफ० फिशर की रचनाए भी देखें। उनकी पुस्तक द डिजाइन आव एक्सपेरीमेण्ट्स (1935) एव स्टेटिस्टिकल मेथड एण्ड साइण्टिफिक इ फेरेन्स (1956) म।

के ऐसे असीम वर्ग से की है जो दो शर्तों को पूरा करते हों। पहली, जिस बारम्बारता के माध्यम से एक समूहवाची के विशिष्ट सदस्यों का निर्धारण होता है वह एक सीमा में सन्तुलित हो जाए, दूसरे, इस सीमा का मूल्य उस समय भी अप्रभावित रहता हो यदि हम समूहवाची के सभी समावित सदस्यों की इकाई की चर्चा करने के बजाय एक ऐसे उप समूह पर, जो अपने किसी विशिष्ट भाव के कारण सबसे भिन्न है, विचार करें। (यही बेतरतीबता की माँग भी है जिसे वोन मीसेस द्यूत प्रणाली का असम्भावी सिद्धान्त कहते हैं।) यह मान भी लें कि समूहवाची विचार सम्भाव्यता की गणितीय कलन सम्बन्धी क्रिया को सुविधाजनक बनाता है, तो भी बारम्बारी तर्क वाक्यों के आनुभविक स्तर सम्बन्धी गंभीर समस्याएँ भी खड़ी कर देता है। यदि बारम्बारी कथन अनिश्चित वर्ग में व्याप्त विविधता के सन्दर्भ से सम्भाव्यता को परिमापित कर भी दें तो कैसे वे आनुभाविक जाँच पड़ताल को मण्डित या खण्डित कर सकेंगे? क्योंकि यह तो ससीम वर्ग तक ही सीमित हैं? यह प्रश्न स्वभावत खड़ा हो ही जाता है।

पापर का विचार था कि वे बारम्बारता के सिद्धान्त को आनुभविक पृष्ठभूमि पर वोन मीसेस की सीमा से सम्बद्ध सापेक्ष बारम्बारता के संघनन बिन्दु की एवज में रखकर पुनः प्राप्त कर सकते हैं। सीमा से अलग संघटन (कंडेंसेशन) बिन्दु किसी क्रम के ससीम अंश की एक वास्तविक बाम्बारता ही है। यह एक ऐसी बारम्बारता है जो अन्य अंशों की बारम्बारता से अलग है और वह भी बहुत सूक्ष्मांशों में। यह बारम्बारता ही सम्भाव्यता है। एक प्राक्कल्प के रूप में तब हम यह कह सकते हैं कि किसी क्रम के भावी अंशों की बारम्बारता संघनन बिन्दु के मूल्य से अधिक प्रदायी मात्राओं में भिन्न नहीं होगा। इस तरह कुछ सीमाओं में सामान्य कथन भी परीक्षणीय हैं।[1]

बारम्बारता के सर्व विख्यात समर्थक निश्चय ही एच० राइकनबक हैं।[2] राइकेनबक के ज्ञानदर्शन की प्रमुख नवीनता (जो अन्यथा परम्परागत वस्तुस्थितिवादी ढर्रे में चली है) है भार को तृतीय सत्य मूल्यांक मानना। वास्तव में अन्त में तो वे

---

[1] ए० एच० कोपलैंड कृत प्रेडिक्शंस एण्ड प्रोबबिलीटीज (1936) भी देखिए।

[2] उनकी थ्योरी आव प्रोबबिलिटी सर्वप्रथम जर्मन भाषा में छपी (1935) अंग्रेजी अनुवाद (1949)। इसमें कुछ और बातें भी हैं। रसेल द्वारा ह्यूमन नोलेंज (1948) में इसकी आलोचना देखें। इस ग्रन्थ में रसेल की दृष्टि के लिए देखें, एच० जेफ्रेज बर्ट्रेण्ड रसेल आन प्रोबबिलिटीज (माइण्ड 1950)। राइकेनबक की विचारधारा के एक आरम्भिक वृत्तान्त के लिए देखें एक्सपीरिएन्स एण्ड प्रेडिक्शन

उसे सत्य मूल्यांकों का एवजी ही मानते हैं। बहुत कम तर्कवाक्यों को सत्य या असत्य का दर्जा दिया जा सकता है। इस तरह हम कभी भी भावी तर्कवाक्य का विवरण देने की स्थिति में नहीं रहते। प्रत्येक तर्कवाक्य का निश्चित भार होता है, जो सत्य के विपरीत) एक निरन्तर माप द्वारा मापा जा सकता है। सत्य एवं असत्य राइकेनबैक के मत में *ऐसे ही सीमित मसलों के आदर्श मापदण्डों से निर्मित हुए हैं।* कीन्स की भाँति राइकेनबैक का विश्वास है कि हमारे ज्ञान की अवस्था से ही किसी तर्कवाक्य का माप सम्बन्धित है। किन्तु कीन्स के विपरीत वे यह मानते हैं कि प्रत्येक सार्थक तर्कवाक्य का एक निश्चित भार होता है। यह निश्चित परिणाम का होना ही उनकी दृष्टि में सार्थकता की कसौटी है और इसका कथन बारम्बारता के सन्दर्भ से हो सकता है।

कीन्स ने सम्भाव्यता के बारम्बारी विश्लेषण को दो बातों के कारण अमान्य कर दिया था। एक तो यह कि यह किसी एक मामले में होने वाली सम्भावना को प्रकट नहीं कर सकता तथा दूसरी यह कि यह घटनाओं की बारम्बारता से अलग तर्कवाक्यों की सम्भावनाओं से कोई सार्थक बात नहीं कहता। राइकेनबैक स्वीकारते हैं कि बारम्बारवादी किसी भी एक घटना की सम्भावना के सन्दर्भ को अनुपयुक्त कह कर त्याग देंगे। यह वाक्य कि 'बीस सम्भावनाओं में से एक सम्भावना यह भी है कि जोन स्मिथ एक साल के अन्दर अन्दर मर जायगा' बारम्बारता के सिद्धान्त के अनुसार *केवल वृत्ताकार दोष ही प्रकटा सकता है।* तथ्य के आधार पर इसका यही आशय है कि वह एक उपवर्ग का सदस्य है तथा उससे छोटे किसी वर्ग का सदस्य नहीं है जिसके सम्बन्ध में हमें यह सांख्यिक ज्ञान है [मान (पोजिट)] कि उसका मरना बीस में से एक सम्भावना है।' उदाहरणार्थ यह जानते हुए कि जान स्मिथ टी० बी० का मरीज है, एवं उसकी उम्र 21 साल है और यह भी कि ऐसे बीस मरीजों में से एक, साल पूरा होने से पूर्व ही मर जाते हैं और इसके साथ यह जान कर भी कि वह किसी अन्य छोटे वर्ग का सदस्य नहीं है (जैसे कमजोर हृदय वाले टी० बी० के बीमारों का एक वर्ग जिसके विषय में हम समुचित सांख्यिक ज्ञान है--)

(1938)। राइकेनबैक की आलोचना के लिए देखें, पापर की पुस्तक द लोजिक आव साइण्टिफिक इन्वेस्टिगेशन, एवं पी० ह्यूज, (एफ० 1939), ई० जे० नेल्सन प्रोफसर राइकनबैक आन इण्डक्शन (जे० पी० 1936), ई० नैजल का रिव्यू आव द थ्योरी आव प्रोबेबिलटी (माइण्ड 1936), तथा प्रोबेबिलिटी एण्ड थ्योरी आव नोलेज (पी० एस० सी० 1939)। गोर्यारिंगर कृत ऊबर दी वार चीनलिक्कीन वोन हाइपोथेसेन' (जर्नल यूनीफाइड साइंस 1939)। आइ० पी० नीड द जस्टीफिकेशन आव द हबिट आव इण्डक्शन (जे० पी० 1940)। राइकेनबैक ने इन सभी को तत्काल ही उत्तर दिया।

हम यह शत लगा सकते हैं कि 20 म स एक के रूप म मरनेवालो म उसकी बारी भी है। किन्तु हमारी यह शत उस समय बदल भी सकती है यदि हमारे ज्ञान क अवस्था म ही परिवतन आ जाए। अर्थात् यदि हमे मालुम हो जाये कि जोन स्मिथ मोटरसाइकल भी चलाता हैं। इससे यही सिद्ध हुआ कि एक घटना के घटित होने की समावना मे केवल स्थानान्तरी समावना हैं। जबकि निश्चित प्रमाणो पर प्रस्तुत भार (इन कथनों से विपरीत कि इक्कीस वर्षीय टी० बी० क मरीजो मे स बीस म से एक साल पूरा होने क अ दर अ दर मर जाता है) इस बात का तथ्य इस बात स अप्रभावित रहता है कि ऐस मरीजो मे कोई अ य गुण भी मौजूद हैं।

तो भी जहा व्यक्तियो सबधी सभाव्य कथन गल्पात्मक (फिक्टीशस) होते हैं, व्यावहारिक बुद्धि हम ऐसे कथनो को सशत कथनो (पोजिट) क रूप म प्रस्तुत करने के लिए बाध्य भी करती है। हम इस उद्देश्य के लिये सांख्यिक प्रमाण प्रस्तुत करने का औचित्य दे सकते हैं। चू कि इस सबध म आगे बढने का इससे बढिया कोई माग नही है। जब तक इस कथन को कि अमुक अमुक घटना सभाव्य ह' इस आकार मे प्रस्तुत नही किया जाय कि 'यह घटना घटेगी, राइकेनबक के अनुसार, ऐसा कहने वाल का बारम्बारी विश्लेषण तत्काल ही घटनाओ के विवरण के लिए भी उतनी ही शीघ्रता से लागू किया जा सकता है जितना समाव्य तकवाक्यो पर। बारम्बारता क सिद्धा त पर कीन्स की दूसरी आपत्ति भी इस पहली आपत्ति क साथ समाप्त हो जाती है।

समाव्यता के बारम्बारी विश्लेषण को आकार रूप देने के लिए राइकनबक एक बहुमूल्यीय समा यता के तकशास्त्र की रचना करते हैं जिसमे सत्य असत्य सबधी द्विमूल्यात्मक धारणा को बहुमूल्यी धारणा 'भार' स स्थाना तरित कर दिया है। इस तरह क आकारी सम्भावना के तकशास्त्र की रचना, राइकेनबक क अनुसार, इसलिए की जा सकती है क्योकि बारम्बारी व्याख्या के माध्यम से यह गणितीय धारणा म बदल जाती है। अब यह नही माना जाना चाहिए कि जब हम कोई वाक्य बोलते हैं (जिसके सत्य होने के विषय मे कुछ नही जानते और जो भावी अवस्थाओ का उदघोषक है) तो हम सूचनात्मक तकशास्त्र के एक विशेष प्रकार का ही उपयोग कर रहे होते हैं। उनके अनुसार राइकनबक का समाव्यता का तकशास्त्र, आकारी तकशास्त्र को अनुभवसिद्ध बनाने के काय को पूरा करता है। उनका विश्वास है कि उन्होने रसेल क विरुद्ध भी इस बात को सिद्ध कर दिया है कि इस सबध मे अनाकारी, अ तर्बोधी प्राग्भावी सिद्धा तो की सहायता की आवश्यकता भावी कथनो के लिए कतई आवश्यक नहीं हैं।

एक सभा यतात्मक तकशास्त्र इस तरह सामा य कथनो के जरिए कलन करने की ही विधि है। प्रश्न यही रहता है कि हम कसे इन सामा य कथनो की

स्थापना करते हैं। वास्तव म तो हम जिस बात को देख सकते हैं वह है ऐसे मामलो की एक सीमित इकाई। मान लो कि इस इकाई मे कोई विशेष बात निश्चित आवृत्ति के रूप मे प्रकटती है। तो यह कैसे सिद्ध करेगी कि ऐसे ही अन्य मामलो मे इसकी आवृत्ति इसी तरह घटेगी ? या फिर अमुक अमुक सीमाओं म घटेगी ? राइकेनबैक के लिए यह आगमन के शास्त्रीय पक्ष को सही ढग से प्रस्तुत करने का ही तरीका है। उनकी दृष्टि मे आगमन एक नीति है, बारम्बारता की सीमा निर्धारित करने की नीति। इस तरह (जटिलताओं का निवारण करके) इस सीमा तक पहुचा जाता है उन इकाइयो मे जिनकी चर्चा हमने की है। भावी अनुभव के प्रकाश मे इस मूल्य का सशोधन करना ही यह नीति है। आगमनात्मक नीति उचित नीति है क्योकि यदि बारम्बारता की कोई सीमा है तो यही उस सीमा का पता लगाने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है।

इस तरह राइकनबैक एक सुदढ बारम्बारवादी सिद्ध होते हैं। कारनैप अपने प्रकृत्यनुसार मध्यममार्गी होने[1] का रास्ता ही अपनाते हैं। वे दो प्रकार की सभावनाओं के बीच तीव्र भेद करते हैं। बारम्बारी सभाव्यता तथा पुष्टीकरणीय सभाव्यता। पहली सभाव्यता का क्षेत्र साख्यिकीकार का क्षेत्र है। तथा दूसरी का तकशास्त्रियो का। यदि राइकेनबक की भाति हम उसे एक सिद्धान्त मे बदलने का कोशिश करेंगे तो इससे बड़ी गड़बड़ और नही हो सकती। यह सुझाव देना बहुत घातक है कि बारम्बारता ही वास्तविक प्रकार की सभावना है, जबकि यह मानना भी उतना ही घातक है कि सभाव्य कथनों म बारम्बारता नहीं है। कारनप के अनुसार, तब, बारम्बारवादी तथा उनके विरोधी दोनो भिन्न भूमियों पर विचार कर रहे हैं। दोना सम्भाव्यतासम्बन्धी दो बिल्कुल भिन्न धारणाओं पर।

एक विशिष्ट सभाव्य कथन की चर्चा मे हम जाच से सदा यह निश्चित नही कर सकते कि सभाव्यता की कोनसी धारणा को यह मूतिमान कर रहा है। मानलो एक भरी हुई द्यूत के पासों की पेटी का सदभ देकर कोई कहे कि इस द्यूत पेटी मे से निकलने वाले पासो मे ६ अक के निकलने की सभावना 0 15 है। उससे यदि पूछें कि इसका तुम्हारे पास क्या प्रमाण है ? तो वह उत्तर मे कहेगा कि 1000 बार पासा फॅकने की लम्बी शृखला में ६ अकों की आवृत्ति कवल 150 बार हुई। इस

---

[1] इसके लिए देखिये उनकी कृति लोजिकल फाउण्डेशस आव प्रोबेबिलिटी (1950)। इस पुस्तक की दशन से सम्बन्धित सामग्री का प्रकाशन दी नेचर एण्ड एप्लीकेशन आव इण्डक्टिव लोजिक (1951) मे अलग से किया गया है। देखिये एस० टोलमिन का रिव्यू (माइण्ड, 1953) तथा एच० वान राइट का विवेचन।

तरह इससे कोई यह धारणा भी निकाल सकता है कि वह इसमें सामान्यता का बारम्बारी सिद्धान्त ही उपयोग में ला रहा है। किन्तु कारनप का सुझाव है कि यदि वह आगे बढ़े तो उसे मालूम होगा कि वह मात्र बारम्बारता को नहीं गिन रहा, वह बारम्बारता पर एक सामान्यता का अनुमान लगा रहा है। इस तरह उसके कथन की सार्थकता इतनी ही है कि मेरे द्वारा प्रमाणों के आधार पर यह घोषणा करने की काफी सम्भावना है कि छः अंक की सापेक्ष बारम्बारता भविष्य की फेंक की दीर्घ शृंखला में भी कम से कम इस पासे में थोड़े बहुत समयान्तर के बाद ० १५ ही हो जाएगी।[1] इसलिए कारनप का कथन है कि सापेक्ष बारम्बारता से संबंधित यह अनुभवजन्य कथन नहीं है किन्तु प्रमाणों एवं निष्कर्षों के तार्किक संबंधों से उपजा एक तार्किक विश्लेषण है।

यद्यपि इस प्रकार कारनप भी यह मानने के लिए तैयार हैं कि कभी कभी सामान्य कथन बारम्बारता को व्यक्त करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं करते तो भी उनकी दृष्टि में बारम्बारता की व्याख्या के लागू किये जाने का क्षेत्र बहुत सीमित है। इसके प्रवर्तकों द्वारा सोचे गए क्षेत्र से भी बहुत ज्यादा सीमित। सामान्य रूप से कारनप कीन्स से इस बात पर सहमत हो जाते हैं कि सम्भावनाएं किसी खास घटना को केवल तार्किक आधार पर ही मिल सकती हैं। किन्तु कीन्स के विपरीत एक प्राकल्प को सम्भावनाएं प्रदत्त करने के संबंध में वे एक परिमाणात्मक विधि की रचना करना चाहते हैं। तथा वसमैन से भी अलग वे यह सोचते हैं कि श्रेणियों के अनुपातों की माप या फिर एक वाक्य का दूसरे के द्वारा पुष्टीकरणीयता का अंशमान (*डिग्री आव कन्फर्मेबिलिटी*) विशुद्ध तार्किक विधि से *निर्धारित हो सकता* है। और इसके लिए न्यूनतम सांख्यिक पर्यवेक्षण की अपेक्षा नहीं है। ये ही प्रणालियाँ आगमनात्मक तर्कशास्त्र की स्थापना करती हैं।

कारनप पॉपर के साथ सहमत होते हुए कहते हैं कि कोई भी तर्कशास्त्र हमें यह नहीं बता सकता कि सही प्राकल्प की सिद्धि हम कैसे कर सकते हैं। किन्तु इस संदर्भ में आगमनात्मक एवं निगमनात्मक तर्कशास्त्रों की भली भाँति तुलना की जा सकती है–कुछ स्वयंसिद्धों को छोड़कर कोई ऐसी विधि नहीं है जिससे नए साध्यों (थ्योरम्स) की रचना की जा सके, चाहे उसमें दिए गए प्रमाण को जाँचने का यह विधि मौजूद अवश्य हो कि अमुक अमुक साध्य उस स्वयंसिद्ध से निकला है। इसी प्रकार यद्यपि ई प्रमाण हमारे पास है तो भी हमारे पास ऐसी कोई विधि नहीं है जो [illegible] प्राकल्प के उजागर होने की उस स्थिति को बताए जिसमें ई आया है। कारनप के विचार में तर्कों के परीक्षण की ऐसी प्रणालियाँ हैं जो यह सिद्ध करने का दावा करती हैं कि ई के प्रमाण पर ह के पुष्टीकरण का एक अंशमान है जो र है। (यहाँ र एक वास्तविक अङ्क है)। परीक्षण की ये विधियाँ जो अरस्तू

के तकपदो के नियमो के मनुकूल ही हैं, मागमनात्मक तकशास्त्र की रचना करती हैं। इससे यह ता स्पष्ट हो गया कि कारनप की दृष्टि म मागमनात्मक तकशास्त्र का क्षेत्र बहुत सीमित है। मभी तक कारनप ने मपन मागमन क सिद्धान्त को ही व्यक्त किया है। उसके कुछ पहलू तो निश्चय ही बोधगम्य है।[1]

---

[1] देखें द कण्टीनुग्रम माव इण्डक्टिव मेथडस (1952) एक शोध जिसे प्रोबेबिलिटी एण्ड इण्डक्शन क द्वितीय म क म स ल लिया गया था। निकोड कृत लोजिक माव इण्डक्शन (1923) फाउण्डेशन्स माव ज्योमेट्री एण्ड इण्डक्शन (1930) के रूप म पुन प्रकाशित यह पुस्तक की स एव पुष्टीकरण सिद्धान्त के मध्य रही ऐतिहासिक कड़ी है। कारनप हम्पल क ल[illegible] स्टडीज इन द लोजिक माव कनफरेमशन' (माइण्ड 1945) का काफी उपयोग करत हैं। तथा ए डेफीनिशन माव डिग्री माव कन्फरमेशन (पी० एस० सी० 1945) का भी जो पी० मोपरनहीम के सहकार से लिखा गया। हम्पल इस बात की विस्तृत चर्चा करते हैं कि प्राकल्प के पुष्टीकरण का क्या मथ है ? व नीकोड के इस दृष्टिकोण को कि पुष्टीकरण सदैव ही इस माकार का है ममान्य कर देते हैं। 'यह म एव ब दोनो है' यहा प्राकल्प यह है कि 'सब म ब हैं। व इस माधार पर इसका खडन करत हैं कि इसका क्षेत्र बहुत सकुचित होगया है। मौर उनका मत है कि मधिक मुक्त परिभाषाए सरलता से विरोधास्पास्पद स्थितियो की मोर ल जा सकती हैं। इस तरह यह कहना कि एक तकवाक्य प्रत्येक ऐसे तकवाक्य स पुष्ट हो सकता है जो उससे निकला है इसका परिणाम यह होगा कि 'सब हस सफद है," इसकी पुष्टि किसी ऐसी बात से हो सकेगी जो न तो सफेद ही हो मौर न हस ही मर्थात् एक काले कौव से। हैम्पल इस तरह के मतिवाद स बचकर पुष्टीकरण की परिभाषा करने का प्रयास करते हैं। स्पष्टीकरण पर उनकी रचनाए विशेप कर द फक्शन माव जनरल लाज इन हिस्ट्री (जे० पी० 1942) [फीगल एव सेलस की रीडिंग्स भी] काफी प्रभावशाली रही है। उन्होन पापर के इस दृष्टिकोण को काफी चचनीय बनाया कि किसी सघटना की सही व्याख्या करने का मथ यह बताना है कि उसका विकास समष्टि नियमो से तथा विशिष्ट मौलिक दशाम्रो से हुमा है। 'पुष्टीकरण-सिद्धान्त' की मालोचना के लिए देखें, कारनप एव गुडमैन के मध्य हुए सुवाद को (पी पी मार 1947) एव गुडमैन कृत फेक्ट फिक्शन एण्ड फोरकास्ट (1954) को। गुडमैन इसम प्रक्षेपणीयता (प्रोजेक्टबिलिटी) के सिद्धान्त की चर्चा करते हैं जिसस शायद पुष्टीकरण के विरोधाभास दूर हो सकें। मसत्यीकरण के प्रममानो पर हुई चर्चा क लिए देखें पोपर के द लोजिक माव साइण्टिफिक इन्वस्टीगेशन, एफ० बी० फिच एव ए० डब्लू० बक्स जस्टीफिकेशन इन साइ स (एम० व्हाइट द्वारा सपादित एकेडमिक फ्रीडम एण्ड रिलीजन मे 1953) बारहिल एव कारनप के बीच रहे सुवाद के लिए देखें बी० जे० पी० एस० (1952)।

चार अन्य अभिनव कृतिया इमी समान्यता एव आगमन के कथ्य की चर्चा करती हैं। डी० सी० विलियम्स कृत द ग्राउण्ड आव इण्डक्शन (1947), डब्लू० नीले कृत प्रोबेबिलिटी एण्ड इण्डक्शन (1941), जी० एच० वोन राइट कृत द लोजिकल प्रोबलम आव इण्डक्शन (1941) एव आर० बी० बेंथवेट कृत साइण्टिफिक एक्स्प्लेनेशन (1953)। विलियम्स इनमे सबसे अधिक आशावादी हैं। आगमन उनके लिए केवल आकारी दृष्टि से वध युक्ति की एक विशिष्ट प्रजाति है। इसमे यह विचित्रता रहती है कि इनके निष्कप प्रमेया से ही अन्तिम रूप से नि सृत नहीं होते किन्तु उनमे एक उच्च समावना रहती है। उदाहरणाथ मान लें, हमारे समक्ष सेवो का एक ढेर लगा है और हम यह निर्धारित करना चाहते हैं कि उसमे से कीडो द्वारा कितने खाए हुए हैं। विशुद्ध गणितीय युक्ति से विलियम्स के अनुमार हम यह सिद्ध कर सकते हैं कि यदि हम उम ढेर मे से एक निश्चित परिमाण का एक नमूना निकाल लें तो इस तरह थोडे से अ श मे से चुने गए इस नमूने म कीडों द्वारा खाए सेवो का जो अनुपात होगा वह किसी भाति पूरे ढेर म विद्यमान कीडो द्वारा खाए सेवो के अनुपात से कम नही होगा। उदाहरण के लिए यदि चुने हुए नमूने मे 30 प्रतिशत सेव कीडों द्वारा खाए हुए हैं—तो हम यह निष्कप देने के अधिकारी हैं कि यह अधिक मात्रा मे समव है कि 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक के सेव (सारे ढेर मे से) कीडो द्वारा खाए हुग हैं। इस प्रकार वे यह तक देते हैं हम हमारे आगमनात्मक निष्कर्षों को विशुद्ध तक गणितीय युक्ति से उचित ठहरा सकते हैं। निस्सदेह यहा खतरा मोल लेने की स्थिति अवश्य है। यह नमूना प्रतिनिधि नहीं भी हो सकता। किन्तु यह खतरा गिना गिनाया है। ऐसा खतरा उठाने से कोई भी विवेकशील प्राणी नही कतराएगा।[1]

एक तरह से तो वान राइट[2] की ट्रीटिस आन इडक्शन एण्ड प्रोबेबिलिटी

---

[1] देखें विलियम्स की प्रोबेबिलिटी इण्डक्शन एण्ड प्रोबिडेण्ट मैन' एम० फारबर कृत फिलोसोफिकल थोट इन फ्रास एण्ड द यूनाइटेड स्टेटस मे सकलित। इसमे विलियम अपने तकवाक्या को कारनैप के तकवाक्यों से जोडते हैं। पी० पी० आर० 1946–6 मे हुई सभाव्यता पर परिचर्चा विलियम्म के शास्त्रीय समान्यता के पक्षकार होने के कारण उनकी आलोचना पर हुई है। नजल को जे० पी० (1947) म नीले को फिलोसोफी (1949) म एव ब्लक को जे० एस० एल० 1947 म उनके रिव्यू करते देखें तथा उसके साथ आव द डायरेक्ट प्रोबेबिलिटी आव इण्डक्शन्स (माइण्ड 1953) में विलियम्स द्वारा उनके उत्तर देखें।

[2] वोन राइट फिनलेण्ड के एक दार्शनिक थे। वे केम्ब्रिज चेयर मे विटजनस्टीन के कुछ समय तक उत्तराधिकारी रहे, किन्तु अब फिनलण्ड लौट गए हैं। उन्होने ई० कला के जिन्होने वियना वृत्त की चर्चाओं मे भाग लिया था, सरक्षण मे अध्ययन

एक रूढ़िवादी पुस्तक है। वे बारी बारी से आगमनात्मक अनुमानों का परम्परागत तरीके से औचित्य देने की बात करते हैं। सबसे पहले आगमनात्मक विधि का निर्धारण करके, दूसरे उन्हें ऐसे सामान्य सिद्धान्तो पर आधारित करके जैसे प्रकृति की एकरूपता का सिद्धान्त, तीसरे, परम्परागत ढग से यह तर्क देकर कि आगमनात्मक ढग से स्थापित तर्कवाक्य परिभाषा की दृष्टि से सत्य है, चौथे, आगमन से नि सृत तर्कवाक्यो का यदि सत्य रूप म दर्शाया न भी जा सके तो भी वे बहुत अधिक सभाव्य तो हैं ही। प्रत्येक अवस्था म वान राइट इन बातों का औचित्य अधिक सशक्त ढग स प्रस्तुत करते हैं[1], और इसके साथ ही प्रतीकात्मक तर्कवाक्य के सभी उपकरणो का सहारा ले लेते हैं। उनका सामान्य निष्कर्ष यही है कि औचित्य से कभी भी आगमन की वैधता का प्रदर्शन नही हो सकता। किन्तु औचित्य की प्रत्येक विधि खास परिस्थितियो के सदर्भ म काफी प्रभावशाली हो सकती है। कुल मिलाकर, वान राइट परम्परागत औचित्य को आकार देने म ही अधिक निरत दिखते हैं, बजाय विस्तार म यह बताने के कि आगमन को औचित्य देने के लिए उन्हे किस सदर्भ म रखा जाना चाहिए।

इसी भाति सम्भाव्यता पर वान राइट द्वारा किया गया विचार-विमर्श खास तौर पर ए ट्रीटाइज आन इण्डक्शन एण्ड प्रोबेबिलिटी (1951) मे, एक स्वय सिद्ध प्रणाली की रचना म लगा हुआ लगता है। इसकी व्याख्या के सम्बन्ध म बहुत न्यून कहा गया है। वास्तव मे उनका स्वय का यह निष्कर्ष है कि जब हम युक्तियो को आगमनात्मक सम्भाव्यता के सहारे कोई आकार देते हैं तो हमे पता लगता है कि वे निपट नगण्य हैं तथा व्यावहारिक रुचि से शून्य हैं। सम्भाव्यता का सिद्धान्त कलन के रूप में जितना रुचिकर है उतना जाच पडताल के व्यावहारिक उपकरण के रूप म नहीं। किन्तु इसका सकेत देना मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान का एक महत्वपूर्ण अश होगा क्योकि यह सभाव्यता के सैद्धान्तिक को यह मानने से रोक देगा कि उसने कोई जादुई प्रणाली प्राप्त करली है।

किया। देखें सी० ब्रोड कृत हेर वोन राइट आन द लोजिकल इण्डक्शन (माइण्ड 1944) जे० सी० कमनी 'ए ट्रीटीज आन इण्डक्शन एण्ड प्रोबबिलिटी (पी० आर० 1953)। राइट के सभाव्यता सबधी विचार देखें उन्ही के निबध 'आन प्रोबेबिलिटी' (माइण्ड 1940) मे।

[1] खास तौर पर वे मिल की विधि का ही पुनरचन कर रहे हैं, 'दशाओं का तर्कशास्त्र' कहकर। वे यहा ब्रोड के निबध द प्रिसिपल्स आव डिमोंस्ट्रेटिव इण्डक्शन (माइण्ड 1930) से प्रभावित हैं।

विलियम्स की ही भांति नीले[1] सम्भाव्यता का एक तार्किक सिद्धान्त निर्मित करना चाहते थे। उनके अनुसार सम्भाव्यता तर्कवाक्यीय फलनों को जोड़ने वाला वस्तुपरक सम्बन्ध है। सम्भाव्य कथन यह कहते हैं कि म का र जैसा होना इस बात को सम्भव करता है कि वह स के प्रकार का है। इन कथनों का महत्व विवेकशील कर्म से उनके सम्बन्ध में निहित है। कोई भी सन्तोषजनक सम्भाव्यता का सिद्धान्त इतना समझने में हमारी मदद करेगा– (जो बारम्बारता का सिद्धान्त नहीं करता) कि किसी कार्य के लिए सम्भाव्य तर्कवाक्य का उपयोग करना क्यों युक्तियुक्त है ?

नीले के तर्क का एक प्रबल पहलू यह भी है वे अब रूढ़ करार दे दिए गए सिद्धान्तों एवं उचित रूप से स्वीकृत तथ्यों के तादात्म्य को त्याग देते हैं। वे कहते हैं कि सिद्धान्त यह जरूर बताते हैं कि तथ्य क्या हो सकते हैं किन्तु वे अपने आप में तथ्य नहीं है। कुछ सिद्धान्त, जैसे एक ही समय में कोई वस्तु लाल एवं हरी दोनों नहीं हो सकती, अन्तर्ज्ञानीय आगमन से सीधे समझी गई स्थितियां हैं। कुछ सिद्धान्तों का जिनमें प्राकृतिक नियम भी शामिल हैं सीधा बोध नहीं हो सकता। तो भी वे सिद्धान्त तो हैं ही। प्रकृति का यह नियम कि 'प फ है' इस बात को ही सिद्ध नहीं करता कि प्रत्येक प फ है किन्तु इससे भी कहीं ज्यादा कि फ हुए बिना कोई भी स्थिति प नहीं हो सकती।' आगमनात्मक समस्या इस तरह नील के लिए यही बताना है कि ऐसे अन्त बोध हीन सिद्धान्तों को प्राकृतिक नियमों के अन्तर्गत क्यों माना जाए।

नील सम्भाव्यता के क्षेत्रीय सिद्धान्त का संशोधित रूप स्वीकार करते हैं। यह सम्भाव्यता कि म प होकर भ गुण को प्राप्त करता यह बात प क्षेत्र के एवं भ क्षेत्र के फलन के पारस्परिक संबंधों को लेकर है। विट्जनस्टीन ट्रैक्टेटस में तर्कवाक्य के क्षेत्र का आणविक तर्कवाक्य के संयोजक के रूप में प्रकट कर सकते थे। उनके लिए क्षेत्रों की तुलना करना आणविक तर्कवाक्यों का अंकन करने जैसा ही एक सफल कार्य था। इसके विपरीत नील यह मानते हैं कि कि तर्कवाक्यीय फलन, जैसे 'सेब होना' सम्भावनाओं के अनन्त क्षेत्रों को खोलना है। सेब को वर्णित करने के सम्भव मार्गों का कोई अन्त नहीं है। किन्तु ये सम्भावनाएं उनके अनुसार (यहां आकर उनका तर्क बहुत अमूर्त एवं कठिन हो जाता है) उप-श्रेणियों में रखी जा सकती हैं ताकि सेब होने के विभिन्न वैकल्पिक तरीकों के समूहों को सिद्धान्ततः अन्य

---

[1] ब्राड का रिव्यू देखें माइण्ड (1950) में, एफ० एल० विल नोलेज थ्योरी आव प्राबेबिलिटी एण्ड इण्डक्शन' (पी० आर० 1954) एफ० जे० ए सकोम्बे मिस्टर नीले आन प्रोबेबिलिटी एण्ड इण्डक्शन एवं नीले का उत्तर (माइण्ड 1951)।

वकल्पिक तरीको के साथ (जिनमे कीडो द्वारा खाए गये सेवो का विवरण भी शामिल है) रखा जा सकता है। इस प्रकार का समूहीकरण ऐसी दशाओ मे समव है जो सामान्यत सतोषजनक नही है, किन्तु उनका काय तो समावना की परिभाषा करना है। उन्ह यह डीग हाकने की आवश्यकता नही कि उसका माप क्या है इसकी उन्हे पूण सूचना है।

तकवाक्यीय फलनों का क्षेत्र, नीले के अनुसार, वज्ञानिक एव तार्किक नियमो द्वारा नियमित है। केवल सिद्धान्त ही यह बता सकते हैं कि य कौनसी समावनाओ के माग खोलता है, और किसके साथ वह अनुरयुक्त है। प्राकृतिक नियमो की समावना पर विचार करना निरथक है। प्राकृतिक नियम तो वे हैं जो समावनाओ का निर्धारण करते हैं। वे अपने आपमे न तो समव हैं और न असमव।

नीले स्वीकारते हैं कि निःसदेह हम कभी कभी प्राकल्पो को समान्यता प्रदान कर देते हैं अर्थात् एक ऐसे तकवाक्य को जिसके हम प्राकृतिक नियम होने की शका रखते ह। किन्तु ऐसा करके हम समाव्यता की उस धारणा का उपयोग कर रहे हैं जो सयोगो के कलन मे रही समान्यता से बिल्कुल भिन्न है। और इसका प्रकटीकरण इस तथ्य मे होता है कि हम सायक रूप म एक प्राकल्प की समाव्यता को एक आकिक मूल्य प्रदान नही कर सकते। यहाँ फिर एक प्राकल्प की समावना के सबध मे बात करने के बजाय उसी अगीकरणीयता (एक्सेप्टेबिली) पर चर्चा करना बेहतर होगा। केन्द्रीय आगमनात्मक प्रश्न को इस तरह व्यक्त किया जा सकता है कि किन अवस्थाओ मे उसे सिद्धान्त मानकर काय मे प्रयुक्त करना विवेकपूण है? नीले का उत्तर है कि एक प्राकल्प अगीकाय होगा यदि उसे प्राप्त करने म आगमनात्मक नीति का सहारा लिया गया हो। अर्थात् अनुभव द्वारा अब तक प्रकटाई गई बारम्बारताओ का सामान्यीकरण करने की नीति। इस तरह यदि हमे किसी ऐसे क्ष का ज्ञान नही है जो य नही हो तो यह आगमनात्मक नीति है कि यह मानलें कि सब क्ष य हैं। जबकि इसके साथ ही (नीले पापर से भी काफी प्रभावित थे) हम ऐसे अनुभवो पर भी सतकता मे आखें लगाए रहना होगा जो हमारे सामान्यीकरणो के विपरीत कुछ सिद्ध करे। यहा हम पूछ सकते हैं कि 'यह नीति अपने आपमे कसे उचित है?' नीले बताना चाहते हैं कि यदि हम भविष्य[1] के सम्बन्ध म कुछ कहना है तो इस नीति को अपनाना सवश्रेष्ठ है।

---

[1] जसा पीयस कभी कभी सुझाते थे। देखें फीगल **द लॉजिकल करेक्टर आव द प्रिंसिपल आव इण्डक्शन** (पी० एस० सी० 1934) एव 'डी प्रिंसिपाइस नोन ऐस्ट डिस्प्यूटेण्डम' फिलोसोफीकल अनालिसिस, सपा० ब्लक 1950)। यह देखा गया है कि इस अध्याय म नामाकित बहुत से समाव्यता के सैद्धान्तिक आगमन का औचित्य

नीले की रचनाए अपनी आत्मा मे कुक–विलसन–वादी हैं, जबकि ब्रेथवेट, इसके विपरीत, रुचि एव दृष्टिकोण मे पूणत कम्प्रिजवादी हैं। उनकी कृति साइण्टिफिक एक्सप्लेनेशन रीतिविधानिक मसलो की एक बडी सख्या मे चर्चा करती है। उदाहरणाथ नीले के विरुद्ध यह बताना चाहते हैं कि प्राकृतिक नियमो मे एक विचित्र प्रकार की आवश्यकता दिखाई देती है। केवल इसीलिए कि व वनानिक प्रणालियो के निर्माण मे एक महत्वपूण हाथ वटा रही हैं। इसके अलावा भी वे प्रतिमानो (माडल्स) के वनानिक सिद्धा तो मे प्रयुक्त किए जाने की काफी विस्तार म चर्चा भी करते ह। किन्तु हम तो यहा उनके द्वारा प्रस्तुत समाभ्यता एव आगमन के विश्लेपण पर ही वल देना है।

ब्रेथवेट की पुस्तक का एक महत्वपूण पहलू यह है कि दार्शनिक क्षेत्र म भी वे नेमैन पीयसन मार्गी' साख्यिकीकारो की रचनाओ का जिक्र छेड देते हैं, तथा उनके प्रभाव[1] मे विकसित हुए खेलो के सिद्धा त को भी। इस समस्या से अभिमुख होने पर कि यह सब कसे समव है कि समाभ्यता के कथनों को कसे प्रदर्शित या खण्डित करें ब्रेथवेट का कहना है कि समाभ्यता के कथनो के लिए खण्डन का नियम बनाने की समावना तो है (जिसे वे क नियम' कहते हैं) किन्तु इस प्रावधान के साथ खण्डन कभी भी अ तिम नहीं है। जब हम एक समाभ्य प्राकल्प का खण्डन करते हैं तो इस दृष्टि के अनुसार तो वह इस स्वाग्रह के साथ ही हमेशा होता है कि भावी अनुभव इसे पुन स्थापित भी कर सकता है। यह तथ्य कि वे इस तरह

व्यावहारिक कारणो पर देते ह। उनके तक सकलित करके आलोचनात्मक ढग से रिव्यू भी कर लिये गए ह। (एम० ब्लक प्रोब्लम्स आव एनालिसिस।) ब्लक का कथन है कि ये सभी औचित्य पुनरुक्तियां ही सिद्ध हुए हैं। वे यही कहती है कि आगमनात्मक नीतिया ही एक मात्र माग है जिससे विशिष्ट उद्दश्य की प्राप्ति हो सकती है और जिनकी उपलब्धि ही आगमन को दूसरी नीतियो से अलग करती है। ब्लक का मत है आगमन की कोई समस्या ही नही।

[1] देखें ज० एल० रसेल द्वारा प्रस्तुत ब्रथवेट की पुस्तक का रिव्यू, फिलोसोफी एव आर० जे० हुन्ट (पी० क्यू० 1954)। कारनेप ने भी नमन पीयसन माग की ओर ध्यान दिया है। किन्तु वहुत से समाभ्यता के विचारक आर० ए० फिशर जसे साख्यिकीकारों के अलावा किसी को भी नही पढते। देखें उदाहरणाथ जे० नैमन एव पीयसन द टेस्टिंग आव स्टेटिस्टिकल हाइपोथेसेज इन रिलेशन टु प्रोबेबिलिटीज ए प्रायारी (प्रोसी० केम्ब्रिज फिलोसोफी सोसाइटी 1933) एव ए० वाल्ड की रचनाए जिन्हे सक्षेप म स्टटिस्टिकल डिसीशन फक्शन्स (1952) मे लिखा गया है। खेल के सिद्धान्त के लिए देखें जे० न्यूमन एव ओ० मोर्जेनस्टन द थ्योरी आव गेम्स एण्ड इकोनोमिक बिहेवियर (1944)।

अस्थायी तौर पर खण्डित किए जा सकते हैं, सभाव्य कथनो की आनुभविक प्रकृति की सुरक्षा कर लेता है। इस बात म यहा पापर का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है।

'क नियम' यह निर्धारित करता है कि यह प्राक्कल्प कि 'एक अ एक ब है तथा उसके साथ प की सभावना है' अमान्य हो जाएगा यदि ब की सख्या अ सबधी 'न' रूपी अनुभवो म प से उस एक मात्रा मे ज्यादा या कम है जो लघु सख्या क का फलन है। क को दिये जाने वाले मूल्य का निर्धारण सभाव्यताओ के कलन क्षेत्र मे नही आता। यदि कोई प्राकल्प बहुत ज्यादा व्यावहारिक महत्व का है तो हम क को बहुत न्यून मूल्य प्रदान करते हैं, ताकि प्राकल्प उस वक्त अमान्य हो जाए जब अ के तटस्थ पर्यवेक्षणो मे ब का प्रतिशत प से काफी अशो में भिन्न आता है। यदि प्राकल्प सद्धान्तिक महत्व का है तो हम क को केवल बहुत उच्च मान प्रदान करेंगे। इस तरह नैतिक रुचिया, जो सापेक्ष महत्वो के विचार हैं, इस प्रश्न के अन्तस्तल तक बैठ जाती हैं कि अमुक प्राकल्प को अमान्य करना है या नहीं। ऐसे ही विचारों की सहायता से ब्रैथवेट आगे बताते हैं कि हम वैकल्पिक प्राकल्पो मे से कुछ निर्णय ले सकते हैं। खास तौर पर उस समय जब क नियम द्वारा किसी बात का खण्डन न किया जा सकता हो।

इसका यह अर्थ नहीं कि प्राकल्पों के बीच का निर्णय केवल स्वीयात्मक निर्णय है, क्योंकि सिद्धान्तत तो यह सभव है कि जिस बात को हम प्राप्त कर रहे या गवा रहे हैं उसकी गणना हम करलें। तथा इसके लिए तो एक विशिष्ट प्राकल्प बना ही सकते हैं। हमारा चुनाव विवेकपूर्ण होगा जब हम सर्वाधिक उपयोगी प्राकल्प चुनेंगे। अन्त मे विशुद्ध तर्क न होकर उपादेयता ही हमारे चुनाव का निर्देशन करेगी। और तो भी उपादेयता हमे उसी वक्त निर्देशित करेगी जब वैकल्पिक प्राकल्पों की सापेक्ष उपादेयताओ की गणितीय रूप से तुलना की जा सके।

अध्याय १८

विटजनस्टीन एव साधारण भाषा दशन

ट्रैक्टेटस के आमुख म विटजनस्टीन ने विश्वासपूवक अपने विषय मे यह कहा है कि विचारो से सबधित जिस सत्य का सम्प्रेषण यहा किया गया है वह मुझे अकाट्य एव निश्चित लगता है।' उन्होने आगे लिखा मेरा मत यह है कि तात्विक रूप से समस्याए पूणत हल कर दी गई हैं।' इसके बाद यह जानकर किसी को आश्चय नही करना चाहिए कि उन्होने दशन को अनेक वर्षों के लिए त्याग दिया। दाशनिक तो वे एक ऐसे इन्जीनियर की भाति विवशता म बने थे, जिसे कीचड व मौसन-भरे एक स्थल को सुखाने का काय करना था। यह काय पूण हुआ और उसके बाद उससे अधिक कुछ भी नही कहा जाना था।

अपने मौन वर्षों म पूणत अकेले नही थे। रेमजे एव ब्रथवट ने उन्हे आस्ट्रिया मे जाकर खोज लिया था तथा कुछ समय के लिए वे शिलक एव वसमेन के निकट सम्पक मे रहे।[1] 1928 के आसपास दशन मे उनकी रुचि पुन जाग्रत हुई। इसकी प्रेरणा कदाचित् उन्हे गणित सम्बन्धी स्थापनाओ पर दिए गए ब्राउवर भाषणो से हुई हो। इसमे मूलत वे ही समस्याए उठाई गई थी जिनके कारण विटजनस्टीन दशन की ओर प्रवृत्त हुए थे। 1929 मे वे केम्ब्रिज लौट आए।

तार्किक आकारो पर उनका लेख उन विचारो स युक्त उनका अन्तिम सावजनिक कथन था जिन्हे निधडक होकर बाद मे उन्होने स्वय ही अस्वीकृत किया था। उसी वष इसका प्रकाशन प्रोसीडिंग आव द एरिस्टोटेलियन सोसाइटी (पूरक अङ्क) में हुआ था। विटजनस्टीन कहते हैं दशन एक आदश भाषा के निर्माण का प्रयास

---

[1] विटजनस्टीन का कहना है कि रेमसे के साथ हुई उनकी बातचीत ने उन्ह अपनी रूढिवादी नीद से जगाया था। अभी तक तो हम यही अनुमान लगा सकते हैं कि ये चर्चाए किन विषयो पर हुई थी, किन्तु यह उल्लेखनीय है कि रेमसे की बाद की रचनाओ एव फिलोसोफीकल इन्वेस्टीगेशन्स मे अथक्रियावादी स्पश मिलता है। प्रो० डी० ए० टी० गेस्किग ने मुझे सुझाव दिया है कि विज्ञान सबधी उनमे कुछ विचार एन० केम्पवल कृत फिजिक्स द एलीमेण्ट्स मे देखे जा सकते हैं और सभव है इस विषय की सूचना भी रेमसे द्वारा ही विटजनस्टीन को मिली हो। विटजनस्टीन अथशास्त्री पी० स्रोफा की आलोचनाओ से बहुत प्रभावित थे। मैं नही जानता किन मामलो म।

है। पदों से युक्त ऐसी भाषा का जिन्ह समुचित रूप स परिभाषित किया गया है तथा ऐसे वाक्यो स युक्त भाषा का जो बिना अस्पष्टता के उन तथ्यो का जिनका सदभ वे दे रहे है, एक तार्किक आकार प्रकटाए। ऐसी पूण भाषा आणविक तकवाक्यो पर आधारित रहना चाहिए। मूलभूत दार्शनिक समस्या इ ही आणविक तकवाक्यों की रचना का विवरण दना है। उनकी बाद की रचनाए अधिकाश रसेल के तकसम्मत अणुवादी दशन की विरोधी प्रतिक्रियाए है।[1]

दार्शनिको न अपनी क्रियाओ को वज्ञानिको की नकल पर खडी करने का प्रयास करके गलती की है, जसा कि तकसम्मत अणुवाद नामक मुहावरे स ही स्पष्ट हो जाता है। यही कारण है कि उनको ठोस परिभाषाए देनी पडी है। और असामान्य रूप से अमूर्त समष्टिवचनो म युक्त सत्य की खोज करनी पडी है। उदाहरण के लिए जब सुकरात एव थिएटेटस से पूछा गया कि दशन क्या है तो थियटेटस ने उन विभिन्न अवस्थाओ का ही सदभ दिया जिसके जरिए ज्ञान प्राप्त किया जाता है। सुकरात न इस उत्तर को स्वीकारने स मना कर दिया और उसे सम्बन्ध म चर्चा का प्रारम्भिक बि दु मानन स भी मना कर दिया। उ ह उस

विटजनस्टीन ने 1930 से 1947 तक केम्ब्रिज मे किस विषय की शिक्षा इसका पूरा ब्योरा अभी तक अप्रकाशित है। ब्लू बुक नाम से सामान्य रूप विख्यात उनके भाषणों के अ श तथा टाइप किए कुछ पन्ने, जिन्हे ब्राउन बुक की सज्ञा दी गई, बहुत ज्यादा पढे गए। उनकी कक्षाओ मे जाने वाले कुछ सदस्यो ने उनके भाषणो का साराश प्रकाशित भी करवाया है। मुझे यह उचित नही लगता कि विटजनस्टीन के इन भाषणो के विषय मे विस्तृत चर्चा करू जो अपूण प्रतिलिपियो म है। मैं केवल उनके मरणोपरा त प्रकाशित उनकी कृति फिलोसोफिकल इन्वस्टिगेश स (1652) की चर्चा करूगा। तथा उनके एलबम स भी कुछ एक अश चुनूगा, जो उनके जीवन की पिछली दो दशाब्दियो मे बहुत महत्व क रहे। किन्तु मरे प्रस्तुतीकरण का अधिकाश निस्सदेह उनकी अप्रकाशित रचनाओ से ही प्रभावित रहा है। पीछे उनकी स्मारिका का सदभ भी दखें। जी० ई० मूर कृत विटजनस्टीन्स लेक्चर्स इन 1930-3 (माइण्ड 1954-5), जे० एन० फिण्डले सम रिएक्शा स टू रीसेंट केम्ब्रिज फिलोसोफी (ए० जे० पी० 1940-1) एव विटजस्टीन कृत फिलोसोफिकल इ वेस्टीगेश स (आर० आई० पी० 1953), एन मैलकम के रिव्यू (पी० आर० 1954), पी० एफ० स्ट्रासन के, (माइण्ड 1954), फिण्डले के (फिलोसोफी 1955), पी० एल० हीथ के (पी० क्यू० 1997, जी० ए० पाल 'विटजनस्टीन रिवोल्यूशन इन फिलोसोफी (जी० राइल एव अन्य 1956)। ब्लू एव ब्राउन बुक्स 1958 मे प्रकाशित हुई। देखें, डेविड पाल व लेटर फिलोसोफी आव विटजनस्टीन (1958)।

प्रयास से कम किसी भी बात से सतोष नही हो सकता था जिसमे नान के साराश को कठोर परिभाषा देकर प्रस्तुत नही किया गया हो। तो भी ऐसी कठोर परिभाषा न तो सभव है और न वाछनीय है।

अवश्य ही हम अपनी परिभाषाओ को तो कठोर कर सकते हैं किन्तु वह केवल इस स्वीयात्मक निणय के खतरे पर कि यह या वह वास्तव म नान नहीं है। किन्तु विटजनस्टीन के अनुसार ऐसे आगे बढना दशन की प्रकृति को ही गलत समझ लेना है। दशन के लिए हमे लोगो द्वारा नान का वास्तविक अथ निकाले जाने का एक विस्तृत परीक्षण करना होगा ताकि दाशनिको की उस तथाकथित परिभाषा मे से कोई भाग निकल सके जिसे हम ज्ञान-मीमासा की सज्ञा से अभिहित करते रहे हैं। अर्थात् इस सम्बन्ध मे हमारी दनिक व्यवहार की भाषा मे ज्ञान का जो अथ है वही महत्वपूण होगा। परिष्कृत भाषा के शब्द काम मे नही आएगे। शब्दों के इन स्वभिन्न प्रयोगो को किसी लघुसूत्र मे बाधा नही जा सकता अर्थात् किसी ठोस परिभाषा में भी नही। जो शब्द दाशनिको को अच्छे लगते हैं व सुबोध, ज्ञानगम्य शब्द हैं, जो अनेक अर्थों मे प्रयुक्त होते हैं किन्तु जिनका कोई उत्तरदायित्व निश्चित एव परिभाषित नही किया गया है। सीधियम जसे व्यावसायिक शब्दों से भिन्न उन शब्दों के अनेक अथ होते हैं।

किन्तु ज्ञान शब्द का विभिन्न अर्थों में प्रयोग करने वाले तरीकों को एक साथ कैसे जोडा जाए ? खास तौर पर यदि किसी आकारी परिभाषा के जरिए यह काय न किया जाए तो ? एक ठोस बात प्रस्तुत है–कि हम यह देखें कि शब्दो के प्रयोगो को परस्पर जोडा जा सकता है बिना किसी एक व्यापक सूत्र के जरिए वर्णित कर के। उदाहरणाथ, 'खेल' शब्द ही लें। तख्तो के खेल पत्तो के खेलो से कई प्रकार से मिलते जुलते हैं और उनके नियम बहुत कम फुटबाल पर लागू हो सकते हैं। किन्तु शतरज के विषय मे, तब, हमारे सर्वेक्षण का परिणाम विटजन स्टोन के अनुसार यही है कि हम बहुत सी वस्तुओ मे समानताओ का एक जटिल जाल गुथा हुआ देखते हैं। कभी कभी प्रत्येक बात समान दिखाई देती है कभी कभी विस्तार में समानता रहती है। ऐसे गुथे जाल को कुटुम्ब की सज्ञा दी है उन्होंने। ऐसी ही जटिलता मे खेल का मूलभेद छिपा है, और खेल शब्द का प्रयोग मात्र ही इस जटिलता को अपने मे गूथे हुए है। एक सूक्ति में वे इसका निष्कष यों देते हैं साराश व्याकरण द्वारा व्यक्त होता है। व्याकरण हमे यह बताता है कि अमुक पदाथ किस तरह का है।

पाठक एव उनके व्याख्याकार ही प्राय उनसे विग्र स्खलित हो जाते हैं क्योंकि विटजनस्टीन क्षण भर को भी यह स्पष्ट करने के लिए नही रुकते कि वे इस अभिव्यक्ति का[1] प्रयोग कसे कर रहे हैं। यह स्पष्ट करने म उनकी असफलता चाहे उचित हो अथवा नही, उनकी दशन-सम्बन्धी धारणा से उपजी यह सीधी परिणति है। कसी हुई परिभाषाओं स दशन विज्ञान की एक जाति के समान ही लगेगा। विटजनस्टीन की धारणा है कि दशन किसी बात की भी व्याख्या नही करता, और न किसी वस्तु का विश्लेषण ही करता है, केवल वणन करता ह।

इसके अतिरिक्त चिकित्सा-विज्ञान की प्रक्रिया म जिस भाति तत्वों का महत्व है उसी भाति दशन मे भी उसके द्वारा प्रस्तुत विवरणो का महत्व है। नान शब्द के प्रयोग के तरीको मे प्रकटे कुछ पहलू ही दशन की गडबड़ियो के जन्म दाता हैं तथा इनके कारण ही हम बौद्धिक रूप स कुण्ठित हो जाते हैं। इससे कम कोई भी अवस्था हमारा उपचार नहीं कर सकती कि हम वास्तविक भाषाई प्रयोग का सही विवरण प्रस्तुत करें। एक ऐसा विवरण जो किसी भी भाति मूल अभिरुचि का नही। दार्शनिक द्वारा किसी प्रश्न पर विचार उसी प्रकार होता है जसे किसी बीमारी का हुआ करता है। एक भिन्न रूपक लें तो कहेंगे कि दार्शनिक एक घबड़ाई हुई मक्खी को उस बोतल मे से निकलने का माग बताता है जिसम वह चली गई है।

[दार्शनिक का इन सदर्भों म अर्थ है अच्छा दार्शनिक अर्थात् वह दार्शनिक जो विटजनस्टीन की प्रणाली का उपयोग करता है। बहुत स दार्शनिकों ने तो बीमारी का इलाज करने के बजाय बीमारी फलाई है और मक्खी को बोतल मे घुसने के लिए ही आकर्षित किया है।[2]]

इस पर भी यदि हम विटजनस्टीन के द्वारा प्रस्तुत दार्शनिक प्रश्न को समझना चाहें, तो हम सबसे पहल यही पूछना चाहिए कि किन विशिष्ट प्रलोभनों से वे हमें मुक्त करना चाहते हैं। उनकी आवश्यकता की चर्चा को ही लें। इसम विटजनस्टीन दो

---

[1] तुलना के लिए देखें, मूर का यह कथन, 'मैं अभी भी सोचता हू कि व्याकरण के नियमों की बाबत उनके द्वारा कही हुई बात का साधारण अर्थ नहीं था, और मैं अभी तक इस सबध म स्पष्ट नहीं हो पाया हू कि वे किस अर्थ मे उसका उपयोग करते रहे थे।' तथा मैलकम का यह कथन 'थोड़ी हिचक के साथ ही मैं निरूप की धारणा पर कुछ कहूगा, क्योंकि यही विटजनस्टीन के दशन का सर्वाधिक कठिन स्थल है।'

[2] देखें बी० ए० करेल 'एन एप्रेजल आव थेरेप्यूटिक पोजिटिविज्म' (माइण्ड 1946)।

प्रयास से कम किसी भी बात [illegible] संतोष नहीं हो सकता था जिसमें ज्ञान के सारांश को कठोर परिभाषा देकर प्रस्तुत नहीं किया गया हो। तो भी ऐसी कठोर परिभाषा न तो संभव है और न वांछनीय है।

अवश्य ही हम अपनी परिभाषाओं को तो कठोर कर सकते हैं किन्तु वह केवल इस स्वीयात्मक निर्णय के खतरे पर कि यह या वह वास्तव में ज्ञान नहीं है। किन्तु विट्जनस्टीन के अनुसार ऐसे आगे बढ़ना दर्शन की प्रकृति को ही गलत समझ लेना हैं। दर्शन के लिए हमें लोगों द्वारा ज्ञान का वास्तविक अर्थ निकाले जाने का एक विस्तृत परीक्षण करना होगा ताकि दार्शनिकों की उस तथाकथित परिभाषा में से कोई भाग निकल सके जिसे हम ज्ञान-मीमांसा की संज्ञा से अभिहित करते रहे हैं। अर्थात् इस सम्बन्ध में हमारी दैनिक व्यवहार की भाषा में ज्ञान का जो अर्थ है वही महत्त्वपूर्ण होगा। परिष्कृत भाषा के शब्द काम में नहीं आएंगे। शब्दों के इन स्वमिश्र प्रयोगों को किसी लघुसूत्र में बांधा नहीं जा सकता अर्थात् किसी ठोस परिभाषा में भी नहीं। जो शब्द दार्शनिकों को अच्छे लगते हैं वे सुबोध ज्ञानगम्य शब्द हैं, जो अनेक अर्थों में प्रयुक्त होते हैं किन्तु जिनका कोई उत्तरदायित्व निश्चित एवं परिभाषित नहीं किया गया है। लीथियम जैसे व्यावसायिक शब्दों से भिन्न, उन शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं।

किन्तु ज्ञान शब्द का विभिन्न अर्थों में प्रयोग करने वाले तरीकों को एक साथ कैसे जोड़ा जाए? खास तौर पर यदि किसी आकारी परिभाषा के जरिए यह कार्य न किया जाए तो? एक ठोस बात प्रस्तुत है–कि हम यह देखें कि शब्दों के प्रयोगों को परस्पर जोड़ा जा सकता है बिना किसी एक व्यापक सूत्र के जरिए वर्णित कर के। उदाहरणार्थ, 'खेल' शब्द ही लें। ताशों के खेल पत्तों के खेलों से कई प्रकार से मिलते जुलते हैं और उनके नियम बहुत कम फुटबाल पर लागू हो सकते हैं। किन्तु शतरंज के विषय में तब, हमारे सर्वेक्षण का परिणाम विट्जनस्टीन के अनुसार यही है कि हम बहुत सी वस्तुओं में समानताओं का एक जटिल जाल गुंथा हुआ देखते हैं। कभी कभी प्रत्येक बात समान दिखाई देती है कभी कभी विस्तार में समानता रहती है। ऐसे गुंथे जाल को कुटुम्ब की संज्ञा दी है उन्होंने। ऐसी ही जटिलता में खेल का मूलभेद छिपा है, और खेल शब्द का प्रयोग मात्र ही इस जटिलता को अपने में गूंथे [illegible] है। एक सूक्ति में वे इसका निष्कर्ष यों देते हैं सारांश व्याकरण द्वारा व्यक्त होता है। व्याकरण हमें यह बताता है कि अमुक पदार्थ किस तरह का है।

व्याकरण, यहां एक तकनीकी अभिव्यक्ति है। फिलोसोफिकल इन्वेस्टिगेशन्स में कुछ अन्य पद भी हैं जैसे 'भाषा' 'क्रीडा' एवं निकष (क्राइटेरियन)। उनके

पाठक एव उनके व्याख्याकार ही प्राय उनसे विशृंखलित हो जाते हैं क्योंकि विटजनस्टीन क्षण भर को भी यह स्पष्ट करने के लिए नहीं रुकते कि वे इस अभिव्यक्ति का[1] प्रयोग कैसे कर रहे हैं। यह स्पष्ट करने म उनको असफलता चाहे उचित हो अथवा नहीं, उनकी दशन-सम्बन्धी धारणा से उपजी यह सीधी परिणति है। कसी हुई परिभाषाओ से दशन विज्ञान की एक जाति के समान ही लगेगा । विटजनस्टीन की धारणा है कि दशन किसी बात की भी व्याख्या नहीं करता, और न किसी वस्तु का विश्लेषण ही करता है, केवल वणन करता है ।

इसके अतिरिक्त चिकित्सा–विनान की प्रक्रिया मे जिस भाति तत्वों का महत्व है उसी भाति दशन म भी उसके द्वारा प्रस्तुत विवरणो का महत्व है । 'ज्ञान' शब्द के प्रयोग के तरीको मे प्रकट कुछ पहलू ही दशन की गडबडियो के जन्मदाता हैं तथा इनके कारण ही हम बौद्धिक रूप स कुंठित हो जाते हैं । इससे कम कोई भी अवस्था हमारा उपचार नहीं कर सकती कि हम वास्तविक भाषाई प्रयोग का सही विवरण प्रस्तुत करें । एक ऐसा विवरण जो किसी भी भाति मूल अभिरुचि का नहीं । दाशनिक द्वारा किसी प्रश्न पर विचार उसी प्रकार होता है जसे किसी बीमारी का हुआ करता है । एक भिन्न रूपक लें तो कहगे कि दाशनिक एक घबडाई हुई मक्खी को उस बोतल मे से निकलने का माग बताता है जिसमे वह चली गई है।

[दाशनिक का इन सदर्भों मे अर्थ है अच्छा दाशनिक अर्थात् वह दाशनिक जो विटजनस्टीन की प्रणाली का उपयोग करता है । बहुत स दाशनिकों ने तो बीमारी का इलाज करने के बजाय बीमारी फलाई है और मक्खी को बोतल मे घुसने के लिए ही आकर्षित किया है ।[2]]

इस पर भी यदि हम विटजनस्टीन के द्वारा प्रस्तुत दाशनिक प्रश्न को समझना चाह, तो हमे सबसे पहले यही पूछना चाहिए कि किस विशिष्ट प्रलोभनो से वे हमे मुक्त करना चाहते हैं । उनकी आवश्यकता की चर्चा को ही लें । इसम विटजनस्टीन दो

---

[1] तुलना के लिए देखें, मूर का यह कथन 'मै अभी भी सोचता हूँ कि व्याकरण के नियमों की बाबत उनके द्वारा कही हुई बात का साधारण अर्थ नहीं था, और मैं अभी तक इस सबध म स्पष्ट नहीं हो पाया हूँ कि व किस अर्थ मे उसका उपयोग करते रहे थे ।' तथा मैलकम का या कथन, 'थोड़ी हिचक के साथ ही मैं निकष की धारणा पर कुछ कहूगा, क्योंकि यही विटजनस्टीन के दशन का सर्वाधिक कठिन स्थल है ।'

[2] देखें बी० ए० फरेल 'एन एप्रेजल आव थेरेप्यूटिक पोजिटिविज्म' (माइण्ड 1946) ।

प्रमुख प्रलोभनों पर चर्चा करते हैं। पहला है– प्रत्येक शब्द को एक नाम मानना। यह एक ऐसा प्रलोभन है जो हम मीनोंग की भाँति, आभासी इयत्ताओं के रचने की ओर प्रवृत्त करता है। खास तौर पर अमूर्त संज्ञाओं के सन्दर्भ में। तथा दूसरा यह सोचना कि 'शब्द बोध' या 'शब्द सार्थकता का ज्ञान' ये सब कोई न कोई मानसिक प्रक्रिया है। जो उस विचार के पदार्थ हैं जिसे लाक ने प्रत्यय (आइडिया) तथा श्लिक ने विषय वस्तु (कण्टेण्ट) माना है। यह अर्थ का ऐसा विश्लेषण है जो अपरिहार्य रूप से उन पहेलियों की ओर ले जाता है जो श्लिक की रचनाओं में भरी पड़ी है।[1]

यदि हम चुप हो जाएँ और शब्द वस्तुतः जिस तरह प्रयुक्त होते हैं उसी पर बिना पूर्वाग्रह के विचार करें तो अर्थ का रहस्य उड़ जायगा। हम सरलता से अपना सन्तुलन बनाए रख सकते हैं यदि हम वास्तविक भाषाओं के बजाय सम्भव भाषा का प्रयोग करें। कारनैप का दृष्टिकोण भी यही है किन्तु द लोजिकल सिण्टेक्स आव लैंग्वेज में कारनैप सम्भव भाषा का जो विवरण देते हैं वह जटिल एवं कृत्रिम सूत्रों में बद्ध है। इसे हम दैनिक कारोबार की जिन्दगी में प्रयुक्त नहीं कर सकते, जबकि विटजनस्टीन सामाजिक व्यवहार के एक रूप को वर्णित करते हैं–(चाहे यह व्यवहार किसी वास्तविक समुदाय का न लगकर काल्पनिक जाति का ही लगता हो–) और हम उस तरह की भाषा का प्रयोग करने के लिए कहते हैं जो व्यावहारिक रूप से उस

---

[1] यदि मुझे ट्रैक्टेटस के अलावा कोई दो पुस्तकों के विषय में कहने के लिए कोई कहे जो मेरी दृष्टि में फिलोसोफिकल इन्वेस्टीगेशन्स के अध्ययन के लिए उपयुक्त है तो मैं श्लिक की पुस्तक गेसामेल्टे आफ मार्जे (खास तौर पर उनके फार्म एण्ड कण्टेण्ट पर दिए गए भाषणों का) तथा विलियम जेम्स की प्रिंसिपल्स आव साइकोलोजी (जो उनके प्रेग्मेटिज्म नामक ग्रन्थ के पूरक के रूप में निकली थी) का सन्दर्भ देना चाहूँगा। विटजनस्टीन ने जेम्स का सन्दर्भ बहुत दिया है जो एक अपर सम्मान है। किन्तु यह सब उन्होंने कदाचित जेम्स से रहे अपने सम्बन्धों का ब्यौरा देने के लिए किया हो। विटजनस्टीन सेंट आगस्टीन के कन्फेशन्स का भी जिक्र करते हैं जो उत्तम ढंग से उन अवस्थाओं का वर्णन करते हैं जिनमें दार्शनिक समस्याएँ खड़ी होती हैं। मैंने जेम्स के उन पर रहे प्रभाव के विषय में निजी प्रमाणों पर लिखा है। उनके एक पहले के शिष्य ए॰ सी॰ जेकसन ने मुझे कहा है कि विटजनस्टीन ने जेम्स का अविकल सन्दर्भ दिया है तथा आश्चर्य की बात तो यह है कि एक जगह तो उन्होंने उनकी पुस्तक के एक पृष्ठ का सन्दर्भ भी दिया है। एक अवसर पर तो उनके बुक शेल्फ पर केवल जेम्स की ही पुस्तक प्रिंसिपल्स आव साइकोलोजी दिखाई दिया करती थी।

प्रकार के जीवन के लिए उपयोगी हो सकेगा।[1] उदाहरण के लिए, मान लो, एक कारीगर मजदूर के साथ काम कर रहा है। वह जब ईट कहता है तो मजदूर को ईट लाने की शिक्षा देता है। और जब वह 'पत्थर की पट्टी' कहता है तो उसका तात्पर्य उसे पत्थर की पट्टी लाने का सकेत समझाना है। तब विटजनस्टीन के लिए यही एक ऐसी भाषा है जो दार्शनिको के काम की है। खास तौर पर वे भाषा का यह मानकर प्रयोग करें कि वह केवल नामो से ही बनी है। वे यहा आगस्टीन का सदर्भ देते हैं।

ऐसी भाषा निश्चय ही अग्रेजी भाषा से बहुत अधिक सरल होगी। यह बहुत कम सामाजिक परिस्थितियो मे उपयोगी होगी। किन्तु इतने सरलीकृत आकार के प्राप्त हो जाने पर भी शब्द केवल नाम नही रह पाते। 'पत्थर की पट्टी' को समझने का अर्थ होगा उसे भाषाई खेल में कही उपयोग करने का आशय समझना। इस सदर्भ मे यह खेल आदेश देने और लेने की स्थिति है। इस बात को समझने के लिए हमे कारीगर को सुनने की प्रक्रिया को स्वीकारना पडेगा जब वह किसी पदार्थ की ओर सकेत करते हुए कह रहा हो कि 'यह पत्थर की पट्टी है'। वैकल्पिक रूप से, मामले पर विचार करने का एक तरीका, जैसा विटजनस्टीन ने सोचा है, इसी तथ्य को उजागर करता है कि नाम केवल छाप है। पत्थर की पट्टियो मे वास्तव मे पट्टी नामक शब्द लिखा जा सकता है। तब हमे इस शब्द को पढने की शिक्षा ग्रहण करनी पडेगी इससे पूर्व कि हम कारीगर के आदेश मान सकें। किन्तु ऐसी प्रक्रियाए (जिन्हे हम वस्तुओ के नाम जानने की प्रक्रिया कह सकते हैं) भाषा के प्रयोग की प्रारम्भिक अवस्थाए हैं उसके उदाहरण नही। नामकरण मात्र भाषाई खेल मे कोई बहुत बडी गति नही है। शतरज मे चाल चलने का मतलब है कि उस तख्ते मे मोहरे को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रखना।

तब फिर पट्टी का अर्थ नाम रूप-पदार्थ तक ही सीमित नहीं रहेगा, किन्तु भाषा मे इसका कैसे प्रयोग होता है इसका सकेत देगा। यदि वास्तविक पट्टी (भौतिक पदार्थ) भी पट्टी के अर्थ का अश होता तभी हम विटजनस्टीन के अनुसार

---

[1] इस विषय पर कारनप के अनुयायियो तथा साधारण भाषाविचारको के बीच काफी सुवाद चला। उदाहरणार्थ देखें, वाई० बार हिलेल एनालिसिस आव करेक्ट लग्वेज (माइण्ड 1946), एव विटजनस्टीन की तरफ से ए० एम्ब्रोस कृत द प्रोब्लेम आव लिग्विस्टिक इनएडीक्वसी' (फिलोसोफिकल एनालिसिस सपा० एम० ब्लक 1950)। जे० एस० एल० के समीक्षकों ने सदैव ही कडवाहट के साथ यह शिकायत की है कि तार्किक विषयो पर ब्रितानी दार्शनिकों की रचनाए चर्चा करने के लिए अपने आकारों में अपर्याप्त है।

यह कहने लायक होते कि मैंने पट्टी शब्द मे एक अंश को तोड दिया है ।' मैंने आज पट्टी शब्द के सैंकडो टुकडे कर दिए हैं ।' आदि । ऐसे वाक्य स्पष्ट ही निरर्थक हैं—जो हमें यह देखने म सहायता करते हैं कि अर्थों के नामकरण का सिद्धात भी निरर्थक है । यहा विटजनस्टीन का तर्क उस विधि का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन जाता है जिसे वे स्वय उपचार विधि की सज्ञा देते हैं । वे छिपे हुए निरर्थक भाव को प्रकट निरर्थक भाव का रूप देते हैं ।

कुछ खास मामलो म विटजनस्टीन स्वीकारते हैं कि हम किसी को कहते हैं कि पट्टी शब्द का मतलब है इस प्रकार का इमारत का सामान' । उसके साथ पट्टी की ओर इशारा करते हुए हम सकेत भी देंगे । किन्तु उनके विचार मे, तब हम ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे होगे जो हमारे भाषाई खेल को भली भांति समझ रहा है । और हम उसे एक खास बिन्दु पर आकर 'पट्टी' शब्द का प्रयोग करने के लिए कहग, ईंट का नही । सार्थकता के नामकरण का सिद्धात अपनी सगति उन अप्रतिनिधि बातो के हवाले से प्राप्त करता है जिसम हम किसी परिचित भाषा म ही अपनी वाक्य शक्ति का प्रसार कर रहे होते हैं या फिर विदशी भाषा सीख रहे होते हैं जबकि एक समुचित विश्लेषण के लिए उन्हीं बातों पर ध्यान को केन्द्रित करना पडेगा जिनके जरिए हम अपनी ही भाषा को समझ सकते हैं । मामले पर इस तरह दृष्टि रखने पर हम शीघ्र यह देख पाएगे कि यह जान लेना ही कि किन वस्तुओ पर किसकी छाप लगानी है' एक भाषा को समझ लेना नही होगा । चाहे अंकन एव पुनरंकन, समझने के दौर के प्राथमिक कदम के रूप मे जरूरी हो अथवा उपयोगी ।

विटजनस्टीन का प्रश्न है सार्थकता के सिद्धात में सकेतन या प्रकट परिभाषा पर इतना बल क्यो दिया गया है ? क्योंकि दार्शनिको ने सोचा था कि सकेतन से मामला साफ हो जाता है कि यह हमे गलत-फहमी के खतरे से बाहर ले जाता है जब हम चर्चनीय विषय को समुचित रूप से सूक्ष्मतम रूप म स्पष्ट कर लेत हैं । किन्तु विटजनस्टीन का कहना है कि गलत-फहमी क खतरे से बचन का कोई मार्ग नही है—हम किसी क द्वारा दिए गए सकेत को भी गलत समझ सकते हैं—उसी प्रकार जिस प्रकार हम एक आकारी क्रिया पदात्मक परिभाषा को गलत समझ सकते हैं । उदाहरणार्थ यदि एक शिक्षक लाल' वर्ग की ओर सकेत करता हुआ कहता है, लाल । उसके शिष्य यह समझ सकते हैं कि उनका शिक्षक उन्ह वर्ग का नाम बता रहा है । दार्शनिको न मान लिया था कि (यहा अब विटजनस्टीन के मस्तिष्क म ट्रैक्टेटस एव रसेल के तर्कसम्मत अनुवाद की बात है) 'अभिव्यक्ति के अर्थ का भी अन्तिम विश्लेषण होना चाहिए ।' ऐसा विश्लेषण जो सरल तत्वो से बना हो ताकि अर्थ को पूर्ण सरलता से समझने के लिए हम उसम प्रयुक्त शब्दो के सकेत को समझ

सकें। किन्तु अब विटजनस्टीन सोचते हैं कि तकसम्मत अणुवाद के जिन सरलाकारो की माग की गई है व सरलाकार (सिम्पल्स) मिलने सभव नही हैं।

एक प्रस्तुत भाषाई खेल के लिए वे यह मानने के लिए तैयार हैं कि कुछ वस्तुओ को सरल मानकर चल सकते हैं। (तब उनके नाम हमारे वाक्यो मे आगे विश्लेषणापेक्षी नही होंगे।) किन्तु तात्विक रूप से ऐसे पदार्थ सरल नहीं होते। वे ससार के अन्तिम मौलिक तत्व भी नहीं होते। रसल की एक तकसम्मत समुचित सत्ता की खोज' एक ऐसी सत्ता (नाम) की खोज, प्रकृति से ही आगे के विश्लेषण की अपेक्षा नही रखेगी, अन्ततः उन्हें इस निष्कर्ष पर ले गई कि प्रदर्शन-योग्य यह (This) नामक शब्द ही एक ऐसा नाम है जो इस माग की पूर्ति करता है। तो भी यह शब्द विटजनस्टीन के अनुसार कोई नाम है ही नहीं। सही निष्कर्ष तो यही है कि ऐसी एक भी तार्किक रूप से समुचित सत्ता नही है जिससे यह निष्कर्ष निकले कि सार्थकता का विश्लेषण सिद्धान्त (तथा उसके साथ यह दृष्टिकोण भी कि दर्शन का यह विशेष कार्य है कि वह अन्तरिम विश्लेषण सुझाए) पूर्णतः अमान्य कर दिया जाना चाहिए।

तब, हमे कौनसी वस्तु भटका देती है? कौनसी ऐसी अवस्था है जो सरलाकारों एव अन्तिम विश्लेषण की ओर प्रवृत्त करती है? हम इस बात के तो आदी हो गए हैं कि यदि हमारे सामने कोई गलतफहमी पदा हो तो उस गलतफहमी मे डालने वाले वाक्य के स्थान पर हम एक ऐसे एवजी कथन को रख देते हैं जो उसकी अपेक्षा ज्यादा स्पष्ट है। युक्तिपूवक ऐसे एवजी कथन को मौलिक कथन के विश्लेषण का ही अग माना जा सकता है। इस तरह हम यह मानने को विवश होना पड़ता है कि एक पूर्णत उपयुक्त एव पारदर्शी भाषा भी हो सकती है-जिसमे अन्तिम विश्लेषण बताने वाले पदों के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभिव्यक्तिया न हों। ऐसी भाषा को खोजने के लिए हमे वे ही प्रश्न पूछने के लिय विवश होना पड़ेगा-जो ट्रैक्टेटस मे उठाए गए हैं, जैसे एक तकवाक्य का वास्तविक आकार क्या है? या अन्तिम भाषा के उपकरण क्या हैं? आदि। हम सदव ही एक प्रत्यय के कारण तत्ववादी जटिलताओ म घुसकर उसके बन्दी हो जाते हैं। इसलिए उनका सवप्रथम कम उस प्रत्यय का विनाश करना है। उन्हे इस बात का भान था कि ऐसा करने पर उनके आलोचक जो कुछ महान एव महत्वपूण है उसे नष्ट करने का अभियोग उन पर लगावेंगे जब कि उनके खुद के मत म वे केवल ताश के पत्तों का मकान ही ढहा रहे हैं। ये पत्तो के मकान आप ही ढह जाएगे यदि हम उस जमीन की सफाई कर देंगे जिन पर वे खड़े हैं। अर्थात् हम सामान्य दनिक भाषा मे जिस तरह 'ज्ञान-कथन' एव नाम' का वणन करते हैं उसका सही विश्लेषण करने पर यह बात स्वाभाविक रूप से तय हो जाएगी।

यह कहने लायक होते कि मैंने पट्टी शब्द में एक अंश को तोड़ दिया है। मैंने आज पट्टी शब्द के सैकड़ों टुकड़े कर दिए हैं।' आदि। ऐसे वाक्य स्पष्ट ही निरर्थक हैं—जो हमें यह देखने में सहायता करते हैं कि अर्थों के नामकरण का सिद्धान्त भी निरर्थक है। यहां विटजनस्टीन का तर्क उस विधि का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन जाता है जिसे वे स्वयं उपचार विधि की संज्ञा देते हैं। वे छिपे हुए निरर्थक भाव को प्रकट निरर्थक भाव का रूप देते हैं।

कुछ खास मामलों में विटजनस्टीन स्वीकारते हैं कि हम किसी को कहते हैं कि पट्टी शब्द का मतलब है इस प्रकार का इमारत का सामान'। उसके साथ पट्टी की ओर इशारा करते हुए हम संकेत भी देंगे। किन्तु उनके विचार में, तब हम ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे होंगे जो हमारे भाषाई खेल को भली भांति समझ रहा है। और हम उसे एक खास बिन्दु पर आकर 'पट्टी' शब्द का प्रयोग करने के लिए कहेंगे, ईंट का नहीं। सार्थकता के नामकरण का सिद्धान्त अपनी संगति उन अप्रतिनिधि बातों के हवाले से प्राप्त करता है जिसमें हम किसी परिचित भाषा में ही अपनी वाक्य शक्ति का प्रसार कर रहे होते हैं या फिर विदेशी भाषा सीख रहे होते हैं, जबकि एक समुचित विश्लेषण के लिए उन्हीं बातों पर ध्यान को केन्द्रित करना पड़ेगा जिनके जरिए हम अपनी ही भाषा को समझ सकते हैं। मामले पर इस तरह दृष्टि रखने पर हम शीघ्र यह देख पाएंगे कि यह जान लेना ही कि 'किन वस्तुओं पर किसकी छाप लगानी है' एक भाषा को समझ लेना नहीं होगा। चाहे अंकन एवं पुनरंकन समझने के दौर के प्राथमिक कदम के रूप में जरूरी हो अथवा उपयोगी।

विटजनस्टीन का प्रश्न है सार्थकता के सिद्धान्त में संकेतन या प्रकट परिभाषा पर इतना बल क्यों दिया गया है? क्योंकि दार्शनिकों ने सोचा था कि संकेतन से मामला साफ हो जाता है कि यह हमें गलत-फहमी के खतरे से बाहर ले आता है जब हम चर्चनीय विषय को समुचित रूप से सूक्ष्मतम रूप में स्पष्ट कर लेते हैं। किन्तु विटजनस्टीन का कहना है कि गलत-फहमी के खतरे से बचने का कोई मार्ग नहीं है—हम किसी के द्वारा दिए गए संकेत को भी गलत समझ सकते हैं—उसी प्रकार जिस प्रकार हम एक आकारी क्रिया पदात्मक परिभाषा को गलत समझ सकते हैं। उदाहरणार्थ यदि एक शिक्षक लाल' वर्ग की ओर संकेत करता हुआ कहता है, लाल। उसके शिष्य यह समझ सकते हैं कि उनका शिक्षक उन्हें वर्ग का नाम बता रहा है। दार्शनिकों ने मान लिया था कि (यहां अब विटजनस्टीन के मस्तिष्क में ट्रैक्टेटस एवं रसल के तर्कसम्मत अनुवाद की बात है) 'अभिव्यक्ति के अर्थ का भी अंतिम विश्लेषण होना चाहिए।' ऐसा विश्लेषण जो सरल तत्वों से बना हो ताकि अर्थ को पूर्ण सरलता से समझने के लिए हम उसमें प्रयुक्त शब्दों के संकेत को समझ

सकें। किन्तु अब विट्जनस्टीन सोचते हैं कि तर्कसम्मत अणुवाद के जिन सरलाकारों की माँग की गई है वे सरलाकार (सिम्पल्स) मिलना सम्भव नहीं हैं।

एक प्रस्तुत भाषाई खेल के लिए वे यह मानने के लिए तैयार हैं कि कुछ वस्तुओं को सरल मानकर चल सकते हैं। (तब उनके नाम हमारे वाक्यों में आगे विश्लेषणापेक्षी नहीं होंगे।) किन्तु तात्विक रूप से ऐसे पदार्थ सरल नहीं होते। वे संसार के अंतिम मौलिक तत्व भी नहीं होते। रसल की एक तर्कसम्मत समुचित संज्ञा की खोज' एक ऐसी संज्ञा (नाम) की खोज, प्रकृति से ही आगे के विश्लेषण की अपेक्षा नहीं रखेगी, अन्ततः उन्हें इस निष्कर्ष पर ले गई कि प्रदर्शन-योग्य यह (This) नामक शब्द ही एक ऐसा नाम है जो इस माँग की पूर्ति करता है। तो भी यह शब्द विट्जनस्टीन के अनुसार कोई नाम है ही नहीं। सही निष्कर्ष तो यही है कि ऐसी एक भी तार्किक रूप से समुचित संज्ञा नहीं है जिससे यह निष्कर्ष निकले कि सार्थकता का विश्लेषण सिद्धान्त (तथा उसके साथ यह दृष्टिकोण भी कि दर्शन का यह विशेष कार्य है कि वह अन्तरिम विश्लेषण सुझाए) पूर्णतः समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

तब हमें कौनसी वस्तु भटका देती है? कौनसी ऐसी अवस्था है जो सरलाकारों एवं अन्तिम विश्लेषण की ओर प्रवृत्त करती है? हम इस बात के तो आदी हो गए हैं कि यदि हमारे सामने कोई गलतफहमी पैदा हो तो उस गलतफहमी में डालने वाले वाक्य के स्थान पर हम एक ऐसे एवजी कथन को रख देते हैं जो उसकी अपेक्षा ज्यादा स्पष्ट है। युक्तिपूर्वक ऐसे एवजी कथन को मौलिक कथन के विश्लेषण का ही अंग माना जा सकता है। इस तरह हमें यह मानने को विवश होना पड़ता है कि एक पूर्णतः उपयुक्त एवं पारदर्शी' भाषा भी हो सकती है-जिसमें अन्तिम विश्लेषण बताने वाले पदों के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभिव्यक्तियाँ न हों। ऐसी भाषा को खोजने के लिए हमें वे ही प्रश्न पूछने के लिये विवश होना पड़ेगा—जो ट्रैक्टेटस में उठाए गए हैं, जैसे एक तर्कवाक्य का वास्तविक आकार क्या है? या अन्तिम भाषा के उपकरण क्या हैं? आदि। हम सदैव ही एक प्रत्यय के कारण तत्ववादी जटिलताओं में घुसकर उसके बन्दी हो जाते हैं। इसलिए उनका सर्वप्रथम कार्य उस प्रत्यय का विनाश करना है। उन्हें इस बात का ज्ञान था कि ऐसा करने पर उनके आलोचक जो कुछ महान एवं महत्वपूर्ण है उसे नष्ट करने का अभियोग उन पर लगाएँगे जब कि उनके खुद के मत में वे केवल ताश के पत्तों का मकान ही ढहा रहे हैं। ये पत्तों के मकान आप ही ढह जाएँगे यदि हम उस जमीन की सफाई कर देंगे जिन पर वे खड़े हैं। अर्थात् हम सामान्य दैनिक भाषा में जिस तरह ज्ञान-कथन' एवं नाम' का वर्णन करते हैं उसका सही विश्लेषण करने पर यह बात स्वाभाविक रूप से तय हो जाएगी।

यद्यपि बात विटजनस्टीन जैसी सूक्ष्मता से नही कही जा सकी है तो भी भाषा को समझने की उनकी दृष्टि पर इतना कहना काफी है जो यह मानती है कि भाषा के समझने का मतलब यही है कि हम केवल मात्र उन पदार्थों का सकेत समझते हैं, (अर्थात् उन पदार्थों का जो किसी भाषा म शब्दो द्वारा नामाकित होते हैं) चाहे वह सन्निहित (अन्तरिम) रूप से हो या अन्तिम रूप से। अब इससे कठिनतर समस्या भी आती है कि बोध एक मानसिक प्रक्रिया है यह मानने के आवेग को हम कैसे जीतें? एक व्यक्ति के विषय म यह कह सकते हैं कि वह समझता है'। मान लो, एक शिक्षक इस क्रम को लिखता है 3, 9 27। और तब अपने शिष्य से कहता है, आगे जारी रखो। और शिष्य लिखता है–81, 243। और शिक्षक सतुष्ट हो जाता है, यह जानकर कि उसका शिष्य समझता है। या फिर मानलो हम किसी को यह लिखते हुए देखें 1, 3, 6 और मुश्किल मे पड जाए क्योंकि हम 6 के स्थान पर 5 की आशा करते हैं। और तब वह 10 लिखता है तो हम तुरन्त कह सकते हैं कि उसी क्रम मे आग वह 15 21 लिखेगा और हम अपने आप से कहेंगे, कि हम समझ गए।

समझ की ऐसी प्रक्रिया के समय इसके बहुत से सहचारी अग भी हो सकते हैं। हम तनाव का अनुभव कर सकते हैं और तब एक मुक्ति का। हम अपने आप से कहगे 'म तर केवल एक ज्यादा होने का ही था।' हम जिन अको की अपेक्षा करते हैं उनका मानसिक बिम्ब हमारे समक्ष हो सकता है–किन्तु इनम से एक भी हमारी समझ के लिए पर्याप्त नही है। जब हम समझते हैं तो चाहे सामान्यत हमारे समक्ष चाक्षुष बिम्ब रहते हो तो भी इन बिम्बो का सदव ही कुछ अन्य उपकरणो से स्थानान्तर किया जा सकता है। जैसे लाल बिम्ब का होना वर्णफलक को देखकर स्थानान्तरित हो सकता है। और इसम हमारी समझ का कोई भी भाग कम नही हुआ होगा। यदि सामान्यत हम अपने से ही किसी सूत्र म बात करें तो चाहे जितना जोर से हम उसे कह तो भी इससे हमारी समझ पर कोई फर्क नही पडेगा। इसके अतिरिक्त हमारे सामने एक बिम्ब हो सकता है जो हमारे लिए एक सूत्र हो, तो भी हम उसे नहीं समझें यह स्थिति भी हो सकती है। इस तरह विटजनस्टीन का मत है कि जिस रूप मे भी प्रक्रियाए हैं (मानसिक प्रक्रियाओ समेत), ऐसी प्रक्रियाए जिनसे समझ स्पष्ट होती है वे तो ठीक हैं किन्तु समझ अपने आपमे एक मानसिक प्रक्रिया हो यह सही नही है।

यदि समझ मानसिक प्रक्रिया नही है'–तब स्वभावत यही प्रश्न उठेगा कि यह क्या है'? यह मूल प्रश्न है। इसे विटजनस्टीन की दृष्टि मे व्याकरण की समस्या माननी चाहिए। वे समझ के विषय की विशिष्ट समस्या पर अपना ध्यान केन्द्रित करते ह। और उसे मनोवैज्ञानिक शब्दों की एक सामान्य समस्या का रूप देना

चाहते हैं। वे पूछते हैं ये शब्द कैसे कार्य करते हैं? हम संभवत यह कैसे बता सकते हैं कि हम उन्हें सही या गलत ढंग से प्रयुक्त कर रहे हैं? ये सब ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर विटजनस्टीन इन्वेस्टिगेशन्स के उत्तरार्द्ध में देने का प्रयास करते हैं। किन्तु वहां भी हम एक यथोचित एवं निश्चित उत्तर मिलने की आशा नहीं रखनी चाहिए। यह तो विटजनस्टीन की मूल विधि से भी बाहर जाना हो जायगा। उनका उद्देश्य चिकित्सात्मक है। यहां उसका यही अर्थ है कि वे हमारी इस प्रवृत्ति की चिकित्सा करते हैं। जिसके आधार पर हम यह मान लेते हैं कि मनोवैज्ञानिक शब्द सदैव ही ऐसे निजी अनुभवों का नामांकन करते हैं—जिन्हें अकेले हम ही जान सकते हैं। या फिर जैसा वे इसे प्रस्तुत करते हैं उसके अनुसार यह प्रवृत्ति यह मानने की है कि हममें से प्रत्येक एक निजी भाषा का प्रयोग कर रहा है, जिसके शब्द गुप्त मानसिक जीवन का नामांकन कर रहे हैं।

विटजनस्टीन के अनुसार ऐसा निजी भाषा का विचार मात्र ही अबोधगम्य है।[1] भाषा में नामों का प्रयोग उसके अन्तर्बाह्य नियमों के आधार पर ही होगा। अर्थात् वह नियमों पर संचालित है, यही बात भाषा को अर्थहीन कोलाहल या कागज के चिन्हों से अलग करती है। किन्तु विटजनस्टीन का प्रश्न है कि हम तब यह कैसे कहेंगे कि हमारी निजी भाषा में आए नाम समुचित रूप से प्रयुक्त हुए हैं? संवेदनाएं, प्रभाव या जैसा आप सोचें, प्राकल्प से ही प्रवहमान हैं—अस्थायी हैं—हम उन्हें अपने वर्तमान अनुभवों से तुलना करने के लिए वापस लौटा नहीं सकते, ताकि हम यह देख सकें कि उन्हें वही नाम दिया जाय या नहीं जो हमने पहली बार सोचा था। विटजनस्टीन के अनुसार केवल यही जवाब देना पर्याप्त नहीं है कि, वे मुझे वैसे ही दिखाई देते हैं। यह कसौटी कि मैं अपनी भाषा का सही प्रयोग कर रहा हूं या नहीं केवल इस तथ्य में ही निहित नहीं हो सकती कि मैं अपने आप को वैसा करता हुआ देख रहा हूं। एक निश्चय का प्रयोग यह निर्धारित करने के लिए ही होता है कि जो कुछ दिखाई दे रहा है वह सही है या नहीं। यही इसका मूल बिन्दु है। 'आभास होना', ही इस तरह अपने आपमें एक कसौटी नहीं है। यह उत्तर कि मुझे उसके वैसा होने का स्मरण है' भी किसी अच्छी स्थिति का संकेत नहीं है, जब तक कि सामान्य घटनाओं को स्मरण करने के अपने दावे की ही भांति उसको जांच सकने का भी कोई स्वतन्त्र तरीका न हो। अन्यथा केवल अपनी स्मृति का ही सहारा लेना ऐसा है मानो कोई सुबह के एक अखबार की ही अनेक प्रतियां जांच हेतु खरीद लें और उसी आधार पर कहे कि जो कुछ उसमें

---

[1] देखें ए० जे० आयर एवं आर० रीज 'केन देयर बि ए प्राइवेट लैंग्वेज?' (पी० ए० एस० एस० 1954)।

कहा गया है वह सही है। वास्तव में तो इस बात की कोई कसौटी है ही नहीं कि जिस तथाकथित निजी भाषा का प्रयोग हम कर रहे हैं उसके शब्द सही ढंग से प्रयुक्त हो रहे हैं अथवा नहीं। और इसका अर्थ यही हुआ कि ऐसी कोई भाषा नहीं है।

क्या इससे हम यही निष्कर्ष निकालें कि शब्द संवेदनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते? यह विटजनस्टीन की दृष्टि में बेहूदा निष्कर्ष होगा। क्या हम प्रतिदिन संवेदनाओं की बात नहीं करते और उन्हें कोई नाम नहीं देते? केवल वास्तविक प्रश्न यही है कि वे कैसे किसी वस्तु का सन्दर्भ देते हैं? दूसरे शब्दों में हम 'संवेदन शब्दों' को जैसे पीड़ा को कैसे अभिव्यक्त करते हैं? यहां एक संभावना है कि शब्द संवेदना की आदिम एवं स्वाभाविक अभिव्यक्ति से जुड़े हैं और स्वस्थान में ही प्रयुक्त होते हैं। एक बच्चे ने अपने को चोट पहुंचा ली है और वह चिल्लाता है—और तब बुजुर्ग उससे बातचीत करते हैं—और उसे हाव भाव सिखाते हैं और बाद में वाक्यों की रचना भी। इस प्रकार वे बच्चे को नया पीड़ा-व्यवहार सिखाते हैं।

यहां विटजनस्टीन विचार कर कहते हैं कि संभावना यही है कि मैं पीड़ा में हूं नामक वाक्य चिल्लाहट एवं पश्चात्ताप का स्थानान्तर करले चाहे इसका आकार अब एक कथन का हो गया है। अर्थात् वास्तव में यह पीड़ा-व्यवहार का ही एक अन्य प्रकार है—बजाय एक वर्णनात्मक कथन होने के। हम ऐसी व्याख्या को इस आधार पर तत्काल ही अमान्य कर सकते हैं कि एक व्यक्ति सदा ही विचार व्यक्त करने के लिए ही भाषा का प्रयोग करता है। एक तर्कवाक्य का अभिव्यक्ति देने के लिए या कोई निर्णय देने के लिए। किन्तु यह तो इतना ही है कि विटजनस्टीन इसके प्रतिवाद में कह रहे हैं। निर्णय लेना उन बहुत से मार्गों में से एक है जिनमें हम भाषा का उपयोग करते हैं। वे आगे कहते हैं कि इसका अर्थ यह हो सकता है कि मैं पीड़ा में हूं' का भिन्न भिन्न सन्दर्भ में भिन्न भिन्न अर्थ हो। वे लिखते हैं हम निश्चय ही यह नहीं कहते कि कोई शिकायत कर रहा है क्योंकि वह कहता है कि वह पीड़ित है। इस तरह यह शब्द मैं हूं' शिकायत की चिल्लाहट भी हो सकती है या और कुछ भी। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इनका कथन होना जरूरी नहीं है। इसी प्रकार की मान्यता मैं डर गया हूं जैसे मनोवैज्ञानिक कथनों पर भी लागू हो सकती है। यदि हम यह कहें कि मैं डर गया हूं तो हमें पूछा जाता है कि क्या हमारी उक्ति भय की चिल्लाहट है या केवल मैं जैसा अनुभव कर रहा हूं मात्र उसको बताने का प्रयास है? या हमारे मन की वर्तमान अवस्था का चित्रण है? तो हम इसके विषय में भी कभी कुछ और कभी कुछ उत्तर देंगे। और कई दफा हम यह भी नहीं मान पाएंगे कि हम क्या कहना है। इस प्रश्न का कि 'मैं डर गया हूं' का वास्तव में क्या अर्थ है?' कोई सीधा उत्तर नहीं है।

हमे मदद ही सन्म का सहारा लेना होगा एक भाषाई खेल म [जिसमे शब्द बोले गए हैं]। निश्चय ही हम नही मान सकते कि यही वह बिदु है जिस पर विटजनस्टीन खास तौर पर बल देना चाहते हैं कि जो कोई भी ऐसी बात कहता है वह एक मानसिक अवस्था का ही विवरण द रहा है।

ज्ञानवादियो ने सामान्यत यही कहा है कि मैं पीडा म हू एक निजी अवस्था का ही विवरण है और इसी आधार पर उन्होने यह निष्कर्ष निकाला है कि 'केवल मैं ही जानता हू कि मैं पीडा म हू।' किन्तु विटजनस्टीन की आपत्ति है कि यह सब स्पष्टत है ही नही। यह तो दैनिक अनुभव की बात है कि लोगो को यह पता लग जाता है कि मैं कष्ट पा रहा हू। वास्तव म तो मैं स्वय जान नही सकता कि मैं तकलीफ म हू। मैं जानता हू कि मैं पीडा म हू कहना निरर्थक है। इसकी सार्थकता उसी समय होगी जब मैं जानता हू कि पीडा म हू की ऐसे वाक्यो के साथ तुलना की जाय मेरा विचार है कि मैं पीडा म हूँ' या मैं दृढता पूर्वक विश्वास करता हू कि मैं पीडा म हू।' आदि आदि। दूसरे व्यक्ति मुझे देखकर यह कह सकते हैं कि मैं जानता हू कि वह पीडा म है। क्योंकि विटजनस्टीन के अनुसार दूसरी परिस्थितियो म वे सोच सकते हैं या दृढता पूर्वक विश्वास कर सकते हैं कि मैं पीडा म हू, (बिना जाने कि मैं पीडित हूँ अथवा नही किन्तु इसके विपरीत इससे यह कहा सिद्ध होता है कि मैं पीडा मे हूँ इसका ज्ञान मुझे होता है।

जब एक दार्शनिक हम कहे कि हम इस विषय म कभी निश्चित नही हो सकते कि कोई पीडित है या नही, तो विटजनस्टीन के अनुसार वह यही कहना चाहता है क्या तुम इस सभावना की कल्पना नही कर सकते कि यद्यपि वह चिल्ला रहा है पछता रहा है, गुर्रा रहा है तो भी हो सकता है वह सभी अवस्थाओ म केवल बहाना बना रहा हो। विटजनस्टीन भली भाति यह स्वीकारने के लिए तैयार हैं कि हम यह सहज ही कल्पना कर सकते हैं कि कोई कैसे इन मामलो म सदेहशील हो सकता है किन्तु इस माने हुए परिणाम को तो स्वीकारना नही होगा कि कोई कभी भी निश्चित हो ही नही सकता। कोई यह कल्पना भी तो कर सकता है कि एक व्यक्ति जो अपने कमरे का दरवाजा खोलते समय सदा यह सदेह करता है कि बाहर की जमीन ठोस है अथवा नही, और यह अभिमान भी कर सकता है कि एक खास अवसर पर ऐसा व्यक्ति निश्चय ही खोखल शून्य म पर रखेगा तो भी हम इस बात पर सदेह नही करते कि मैदान ठोस है या नही। विटजनस्टीन उपदेश के स्वर म कहते हैं-एक सत्य मामले का लेकर यह जाचने का प्रयत्न करना चाहिए कि अमुक व्यक्ति सचमुच भयभीत है या पीडित ? किन्तु यहा भी कोई दूसरा आपत्ति कर देगा कि यदि आप निश्चित हैं तो सदेह के सामने क्या आप

अपनी आखें बंद करके ही वठ गय ? विटजनस्टीन का उत्तर समझौतावादी नही है। वे कहते हैं आखें बंद हैं। हम अपने गलत होने की सभावना को अमान्य नही कर सकते। किंतु यह निष्कष लना भी ठीक नही है कि हम कभी भी निश्चित नही हो सकते।

सामान्यत विटजनस्टीन के शिष्य अपने गुरु के उदाहरण का अनुकरण करते हैं। खास तौर पर उनके मौन के दिनो म। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि व कभी भी दूसरो द्वारा दिए गए दृष्टिकोण की परवाह नही करत थे। कुछ ऐसे कम्ब्रिज दाशनिक थ (जिनम सुविख्यात हैं जान विजडम)[1] जिन्होने जो बात विटजनस्टीन से एक सूत्र स ग्रहण की उस अपने अपने ढग से ही प्रस्तुत किया—और इस तरह कम्ब्रिज एव बाह्य जगत के बीच विचारो के सम्प्रेषण को खुला रखा।

बहुत से अन्य समसामयिक दाशनिको क विपरीत विजडम कला धम एव व्यक्तिगत सम्बन्धो म विशेष रूप स रुचिशील थे जिन पर उन्होने उल्लखनीय बातें कही हैं। यही कारण है कि वे कुछ अशो म तत्ववाद की ओर सहानुभूति रखत हैं। कोई भी जो साहित्य को या मनोविश्लेषण को गभीरतापूवक लेता है वह इस सिद्धान्त के आगे घुटने नही टेकेगा कि जो कुछ भी कथनीय है उसे स्पष्ट एक कसी हुई भाषा मे कहा जा सकता है। वह इस बात स भी सतुष्ट नही हो सकता कि केवल सत्य कथन ही ज्ञानदायक हो सकते हैं। विजडम का कहना है कि तत्ववाद आज भी मूल्यवान हो सकता है और उसमे वस्तुस्थितिवाद से पूव की इस धारणा को बदलन की आवश्यकता भी नही है कि यह एक पारानुभवी (सुप्रा एम्पिरिकल) इयत्ताओ का सकेत नही है।

तत्ववादी मुवादो की मूल प्रकृति को उजागर करने के लिए विजडम तीन विभिन्न प्रकार के विवादो की चर्चा करत हैं—(1) अनुभववादी विवाद (उदाहरणाथ

---

[1] देखें अध्याय 15 (प्रो०लेम्स आव माइण्ड एण्ड मैटर के बाद उन्होने कोई ग्रथ नही लिखा किंतु उनके निबधो का सग्रह अदर माइण्डस (1952) म सकलित किया है।) तथा फिलोसोफी एण्ड साइकोएनालिसिस (1953)। उनकी रचनाए सामान्य शली मे लिखी गइ हैं जो उनके बोलने क लहजे के बिल्कुल निकट है। लिखित अंग्रेजी भाषा के लहजे से वह काफी भिन्न है। इस तरह एक विचित्र तरीके से वे दुरूह हो जाती हैं। देखें गेस्किग द्वारा विजडम दशन पर चर्चा (ए० जे० पी० 1954) जिससे मैंने काफी सदभ लिया है। विटजनस्टीन के बाद म विकसित हुई केम्ब्रिज विचारधारा के लिए नोमन मैलकम लेवी एम्ब्रोस एस्केस्वे पाल व गेस्किग की रचनाए देखें। लोजिक एण्ड लग्वज (सपा फ्लू 1951 एव 1953) के दो अङ्क तथा ब्लक द्वारा सगृहीत फिलोसोफिकल अनालिसिस (1950) भी देखें।

हीलियम गैस की ज्वलनशीलता के विषय में रहा विवाद)। ये विवाद पर्यवेक्षण एवं परीक्षण से सुलझ जाते हैं। (2) तार्किक विवाद जो भाषा प्रयोग संबंधी दृढ़ नियमों के संदर्भ से हल हो जाते हैं। इस तरह इस विवाद का हल निकालने के लिये। कि 2+2=4 यह एक नियम है या नहीं हम केवल यही बताना चाहिए कि कोई नियम अपने प्रयोग में न सत्य है न असत्य, जबकि तर्क गणितीय तर्कवाक्य दोनों ही हो सकता है। मानलो अब कोई ऐसी समस्या को प्रस्तुत करता है जब एक कुत्ता गाय पर हमला कर रहा होता है तो गाय अपने सींग उसकी ओर किए रहती है और कुत्ते की ओर मुँह किये उसके साथ-साथ घूमती रहती है तो क्या कुत्ता गाय के चारों ओर घूमता है[1]? ऐसे समयों में चारों ओर का सामान्य अर्थ नहीं लगाना होगा। विज़डम के अनुसार यह एक (3) संघर्षमय विवाद है। इसे केवल नई परम्पराएं डालकर ही हल किया जा सकता है, यह निर्णय करके कि इसके लिए कौन सा शब्द प्रयोग में लाना है और कौनसा नहीं—अर्थात् 'चारों ओर' को यहाँ किस रूप में प्रयुक्त करना है और किसमें नहीं।

दार्शनिकों के लिए विचित्र बात यह है कि वे ऐसी मान्यताएं रखते हैं जिन्हें शुद्ध तर्क की कसौटी पर कसें तो वे स्पष्ट ही असत्य नजर आएंगी। वे कहते चले जाते हैं कि गणित के नियम वस्तुतः व्याकरण के नियम ही हैं—जबकि हम उन्हें यह बता देते हैं कि कोई नियम अपने आपमें सत्य या असत्य नहीं होता। वे तब भी कहते हैं (मूर की भांति) कि चाहे हम यह बता दें कि यहाँ एक भौतिक पदार्थ है, तो भौतिक पदार्थ अस्तित्वशील नहीं होता। अब आप ही बताएं कि विवादों के सुलझाने के लिए निश्चित नियमों को स्वीकारने से साफ मना करने की उनकी जिद का हमारे पास क्या इलाज है? तथ्य तो यह है कि दार्शनिक साधारण भाषाई प्रयोग से असंतुष्ट रहते हैं—और इसलिए भाषाई माध्यम से की गई किसी भी धारणा को वे स्वीकार नहीं करेंगे। वे भाषाई नवान्वेषण की वकालत करेंगे। जहाँ हम एक तार्किक विवाद देखते हैं वे वहाँ एक संघर्ष देखते हैं।

दार्शनिक का हठ उसी सीमा तक तो मूल्यवान है जहाँ तक वह हमारा ध्यान उन समान स्थितियों की ओर खींचता है जिन्हें अन्यथा हम अनदेखा कर देते। मान लो एक मनोवैज्ञानिक कहता है हरेक व्यक्ति रुग्णमना (न्यूराटिक) है तो सबसे पहले हम यह सोचते हैं कि यह तर्कवाक्य अनुभवजन्य खोज को व्यक्त करता है। और इसका प्रभाव हम यहाँ तक भी देख सकते हैं। सूक्ष्म विश्लेषण करने पर हम

---

[1] जेम्स द्वारा प्रैग्मेटिज्म में काम में लिए गए 'गिलहरी के उदाहरण' का विज़डम द्वारा किया गया संस्करण इसी बात को सिद्ध करने के लिए ही है।

उन सभी मामलों में एक रुग्ण मन स्थिति का बोध होगा जहाँ पहले हमने ऐसा नहीं पाया था।' यह ठीक उसी प्रकार है जैसे एक शरीर-चिकित्सक इस बात का पता लगा सकता है कि प्रत्येक जीवित प्राणी में कैंसर के कीटाणु विद्यमान होते हैं। किन्तु विजडम के अनुसार हम मनोवैज्ञानिक की पूरी बात को खो देंगे यदि हम उसका जवाब दें कि यह सत्य नहीं है सतर्क जाँच से यह पता लगा है कि जनसंख्या का केवल 14 प्रतिशत भाग ही रुग्ण मन स्थिति का शिकार है।' अर्थात् इसे यदि हम उपर्युक्त कथन की तुलना में रखें तो अनुभव से यही बात सामने आती है। क्योंकि यदि यह सुझाया भी जाय कि इस खोज में कि रुग्णमना एवं स्वस्थ मना लोगों की स्थितियों का भेद जैसा हम मानते हैं उसकी अपेक्षा मुश्किल से अंकित किया जा सकता है तो भी 'प्रत्येक व्यक्ति रुग्णमना है' यह कथन विजडम की दृष्टि में केवल प्राग्भावी है, आनुभविक नहीं। मनोवैज्ञानिक यह सिफारिश कर रहा है कि हमें रुग्णमना शब्द के प्रयोग करने के तरीके को बदलना है। मौलिक रूप से उसके द्वारा की गई इस सिफारिश से होने वाले परिणामों के कारण कदाचित् हम उसकी बात को अमान्य कर दें। इसी भाँति यदि एक दार्शनिक हमसे कहता है कि सभी गणितीय कथन व्याकरण के नियम हैं तो इसका एक मात्र जवाब यदि यह हो कि 'नहीं, निश्चय ही ये नियम नहीं हैं।' तो यह उत्तर सत्य तो होगा पर एक संगत उत्तर नहीं। उचित जवाब इसका होगा कि 'हाँ मैं देखता तो हूँ कि वे उसी प्रकार के नियम अवश्य हैं पर   ।' तब हम यही कहेंगे कि दार्शनिक द्वारा प्रस्तुत विरोधास्पद स्थिति के गौरव को भी हमने बनाए रखा है।

तब फिर विशेषतः दार्शनिक के क्षेत्र की सिफारिशें क्या हैं? वह किन सामान्यताओं पर विशेषतः हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं? इसका परम्परागत उत्तर विजडम के अनुसार यही होगा कि दार्शनिक सत्ता के दोनों को परस्पर संयोजित करता है, भौतिक पदार्थ तथा ऐन्द्रिय संवेदन, तथ्य तथा मूल्य। किन्तु यह उत्तर हमें यह गलत विश्वास करने की ओर प्रेरित कर सकता है कि ऐन्द्रिय संवेदन मूल्यों आदि जैसी विचित्र कोई व्यवस्थाएँ हैं और इनका किसी भाँति दार्शनिक तथ्यों से संबंध बताता है, उसी भाँति जैसे एक डाक्टर वाइरस को बीमारी से जोड़ता है। इससे तो यह स्थिति ही कम भ्रामक होगी कि हम दार्शनिक का एक ऐसा व्यक्ति मान लें जो विभिन्न श्रेणी के वाक्यों के तर्काकार का वर्णन करता हो जो हमें बताए कि वे कैसे निरूपित होते हैं तर्कों द्वारा समर्थित होते हैं और चर्चित होते हैं। एक दार्शनिक उपयोगितापूर्वक इसकी चर्चा कर सकता है कि 'यह लाल है' 'नेपोलियन एक आदमी था' 'मिस्टर पिकविक एक अच्छा आदमी था' आदि वाक्यों के क्या तर्काकार हैं। किन्तु वह उस समय तत्ववाद के बीहड़ में या फिर तार्किक विश्लेपण के जंगल में भटक जायगा यदि वह आभासी एवं वास्तविक सत्ता में तथा मूल्यों एवं तथ्यों के भेद के निरूपण में उलझ गया।

जिन समानताओ म एक दाशनिक रुचि रखता है व वाक्यो क आकारो मे रही समानताए एव असमानताए है। उसकी विरोधास्पद स्थितिया उपयोगी हैं जहा व इन समानताओ पर प्रकाश डालती है। उदाहरण क लिए, जब वस्तुस्थितिवादी यह कहता है कि तत्ववादी तकवाक्य निरथक है तो उसका यह विरोधास्पद सामान्यत उस अन्तर की ओर हमारा ध्यान खीचता है जो वैज्ञानिक तथा दाशनिक कथनो के तक क बीच विद्यमान है। जब वह कहता है कि हम कभी भी दूसरे लोगो के मन की बात नही जान सकते तो वह यह देखने म हमारी मदद करता है कि दूसरे लोगो के मन के विषय स सम्बन्धित कथनो का निरूपण उस तरह नही करत जिस तरह हम मजो या कुर्सियो के विषय म करते है। यह एक ऐसी बात है जिसकी विजडम न अदर माइण्डस नामक अपने निबन्ध मे विस्तृत चर्चा की है। तो भी विजडम यह ता स्वीकारते हैं कि इ ही शब्दो स तत्ववादी विवादो की गहराई एव उसकी विचित्र उत्तेजनाओ की चर्चा करना काफी कठिन है। केवल मौखिक सिफारिश स ही इतनी गर्मी क्यो उत्पन्न हो? इस समस्या के सम्मुख आते ही विजडम अपनी रुचि के विषय मनोविश्लेषण[1] का सहारा लत है। उन दाशनिको को धैयपूवक सुनत हुए जो हठपूवक यह कहते हैं कि दूसरे लोग क्या अनुभव एव विचार करते हैं इसके विषय म हम कभी नही जान सकते तो हम एकदम रुग्णमना वाल दीघकालिक सदेह का स्मरण हो आता है। तत्ववाद की भूलभुलया मे भी वही फुसफुसाहट है जसी काफका के ट्रिबूनल की उन सीढियो मे चढते समय सुनाई देती है जा सदा ही एक ऊची मजिल पर स्थित रहती है।[1] दाशनिक अपने विषय मे यह सोच सकता है कि वह लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है। उदाहरण के लिए दूसर लोगो के मन का प्रत्यक्ष बोध करन वाल लक्ष्य की ओर, जबकि रुग्ण मन स्थिति के मामल की भाति, कोई भी कल्पनीय अनुभव उसे इस बात के लिए आश्वस्त नही कर रह हैं कि उसन लक्ष्य प्राप्त कर ही लिया है। किन्तु यदि हम लक्ष्य क विषय म भूल जाए एव दाशनिक

---

[1] किसी को भी यह अजीब लग सकता है कि एक दार्शनिक को कोई विजडम (बुद्धिमानी) कहे, या यह बात कि एक ही नाम के दो व्यक्ति समसामयिक दार्शनिक हो सकत हैं, युक्तियुक्तता की सीमा से परे की बात लगन लग जाती है। यह दोनो ही मनोविश्लेषण म रुचिशील थ, इस बात ने बहुतो क मन म यह विचार खडा कर दिया है कि दोनो एक हा है। किन्तु तो भी इस बात पर कम बल दिया नही जाना चाहिए कि लन्दन क स्कूल आव इकानामिक्स के जे० ओ० विजडम जिन्होने अन्-कोन्शस ओरीजिन आव बर्कलेज फिलोसोफी (1953) म यह बताने का प्रयास किया है कि कैसे मनोविश्लेषणात्मक शब्दावली स बर्कले के दर्शन की विचित्रताओ का वर्णन किया जा सकता है। यह बात केम्ब्रिज विश्वविद्यालय क प्रोफेसर जान विजडम स बिलकुल ही मेल नही खाती।

कम को उसके द्वारा प्राप्त कर लिए बिंदु का पुन विवरण मानलें तो हमे यह पता लग जायगा कि उसका वास्तविक मूल्य किस बात म निहित हैं ।

विजडम की दाशनिक स्थिति के विषय मे मेरे द्वारा दिया गया विवरण एक महत्वपूर्ण दृष्टि स भ्रामक है । मैंने उनके विषय मे यही बताया है कि वे बहुत सुलझे हुए हैं जबकि वे उतने सुस्पष्ट एव सुलझे हुए नही है । उनकी खास प्रणाली यही है कि वे पहले भेद कर लेते हैं जसे तार्किक एव मधपशील विचारों के बीच का भेद यह मानकर कि यही खास भेद है जो करणीय है । और तब इस भेद की तीक्ष्ण धार को मौंटा कर लेते हैं या फिर यह कहते हैं कि दाशनिक विरोधास्पदियां' केवल क्रियापरनात्मक सिफारिशें हैं– और तब उसके विपरीत कुछ स्वीकार कर जाते हैं । मैंने कहा है कि दाशनिकों के प्रश्न एव सिद्धान्त वस्तुत क्रियावाची होते हैं' (यह बात उन्होंने फिलोसोफीकल परप्लेक्सिटी (पी० ए० एस० 1936) नामक एक लेख मे कही) किन्तु यदि आप चाहे तो हम ऐसा नही कहेंगे या फिर उसके विपरीत ही कोई बात कह दग ।' विजडम की चकाचौंध करने की वृत्ति केवल अनुत्तरदायी एव शिथिल नही है । यह तो उनकी इस पक्की आस्था से प्रवाहित होती हैं कि दाशनिक सिद्धान्त एक साथ ही ज्ञान प्रकाश देने वाले तथा भ्रामक होते हैं । और इस दोनों ही बातों को उजागर किया जाना चाहिए । इस बेहूदी स्थिति को पार कर पाने की कोई आशा नही है और इस तरह ऐसे दाशनिक निष्कर्षों तक पहच सकने की भी जो भ्रामक न हो । अधिक से अधिक एक दाशनिक यही कर सकता है कि वह हम दुष्प्रवृत्त करे और तब उसके बाद स्पष्टत उन बिन्दुओ की ओर हमारा ध्यान खीचे जो स्वय भ्रामक नही हैं किन्तु उसने जो कुछ कहा है वह भ्रामक है ।

लेजरोविच के द्वारा सकलित निबन्धो के सग्रह द स्ट्रक्चर आव मेटाफिजिक्स (1958) की भूमिका म विजडम ने लिखा कि जब लोग विटजनस्टीन को सुनते थे तो प्राय उनके लिये एक ऐसा स्थिर प्रकाश को पा लेना कठिन हो जाता था जिसके जरिए वे जो कुछ देखना चाहते हैं उसका व्यवस्थित रूप देख पाते और आज भी जब व उन्ह पढते हैं तो उनके सामने यही कठिनाई रहती है । विजडम की अपनी रचनाओ के विषय म यही बात बहुत से लोग कहेंग । किन्तु विटजनस्टीन के बाद के दशन की सामान्य प्रवृत्ति निश्चितता की ओर लौटने की है चाहे उसकी आत्मा विटजनस्टीन जसे समय विचारक के हाथ मे पडकर परिष्कृत हो गई हो । हम यह वृत्ति लेजेरोविच की पुस्तक म स्पष्ट रूप से देख सकते हैं । व विजडम के मुख्य कथ्य से प्रारम्भ करते हैं कि दाशनिक विरोधास्पदिया केवल क्रियावाची सिफारिशें हैं जिनकी पृष्ठभूमि मे अचेतन प्रयोजन है मानो यह एक ऐसा वनानिक सिद्धान्त है जिसे विभिन दाशनिक विवादो के निरूप मे रखकर निरूपित किया जा सकता है । विजडम स्पष्ट ही इस प्रकार के परिणामो के कारण पशोपेश म है । वे आगे जोडना चाहते हैं—हां, किन्तु इसके दूसरी ओर– यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ।'

इसी प्रकार क कारणो मे (क्योकि व उ हे या तो अपर्याप्तरूपेण सूक्ष्म लगत हैं या अति स्पष्ट) विटजनस्टीन क सब विद्यार्थी उनक साधारण भाषा दशन क प्रति सहानुभूतिपूण दृष्टि नही रखत [1] जिसन बाद म ओक्सफोड क दाशनिक क्षेत्र का व्यापक रूप स घेर लिया था।

सभी म विटजनस्टीन के प्रभाव क लक्षण मिलत हैं। आक्सफड म विटजनस्टीन क विचारो को एक दूसर ही स्तर म प्रवेश मिला जो कम्ब्रिज म व्याप्त दाशनिक वातावरण स काफी भिन्न पडा। आक्सफाड के दाशनिको न दशन का अध्ययन पाठ्यक्रम क अनुसार शास्त्रीय पद्धति स ही किया था खास तौर पर ओक्सफोड मे अरस्तू का जितना प्रभाव है उतना कम्ब्रिज म नही है। जबकि कोई शास्त्रीय विचारक जो दोनो स्थलो म समान रूप स प्रभावशील रहा है वह प्लेटो है अरस्तू नही। और यही बात विटजनस्टीन एव मूर के लिए भी लागू हो सकती है।

---

[1] देखें, एम० वीज ओक्सफोड फिलोसोफी (पी० आर० 1953)। साधारण भाषा के प्रभाव एव भौतिक प्रकृति क विषय म हुई चर्चा के लिए देखें के० बयर कृत द आर्डिनरी यूज आव द वड्स' (पी० ए० एस० 1951), जी० राइल कृत आर्डिनरी लग्वज' (पी० आर० 1943), ए० जी० एन० फ्लू फिलोसोफी एण्ड लग्वेज' (पी० क्यू० 1955)। आलोचनाओ मे शामिल हैं आर० एल० हीथ का 'अपील टु आर्डिनरी लग्वेज' (पी० क्यू० 1952), जे० ए० पासमूर रिफलेक्शन्स आव लोजिक एण्ड लग्वज (ए० जे० पी० 1952) एव प्रोफेसर राइल्स यूज एण्ड यूसेज' (पी० आर० 1954), चिश्लोम फिलोसोफस एण्ड ओर्डिनरी लग्वेज' (पी० आर० 1951)। इसके साथ मैलकम का उत्तर फिलोसोफी ओर फिलोसोफस भी देखें। एकसम्मत वस्तुस्थितिवाद एव आक्सफोड क साधारण भाषाई दर्शन के बीच रहे बडे अन्तर के लिए देखें, जी० जे० वारनाक का वेरीफिकेशन एण्ड द यूज आव लग्वेज (आर० आई० पी० 1951) एव कारनप के मीनिंग एण्ड नेससिटी (फिलोसोफी 1949) की राइल द्वारा की गई समीक्षा, देखें स्टासन के निबन्ध भी। एव व रिवो ल्यूशन इन फिलोसोफी (1956) म वारनाक के लेख। अभिनव आक्सफोड दर्शन दो अर्थों म साधारण भाषाई दर्शन है– क्योकि (1) प्रतीकवादी तकवादियो की आकारी रचनाओ से भिन्न ओक्सफोडवादी तार्किक मसलो पर अनाकारी तौर पर चर्चा करते हैं और वे इसके लिए नई गढी भाषा का सहारा भी नही लत। (2) कि दार्शनिक समस्याओ पर चर्चा करन क लिए हम साधारण तौर पर जो कुछ बातचीत करते हैं इसे प्राथमिक आधार बताया जाता है, किन्तु सहमति के इन बिन्दुओ के बीच असहमति के भी बहुत से बिन्दु सम्मिलित हैं विशेषकर आकारी तकशास्त्र के खास महत्व के लिये। और जिस सीमा म जाकर भाषाई प्रयोगो की विस्तृत चर्चा हुई है, वह अपने आपम दार्शनिक रुचि उत्पन्न करती है।

जब अरस्तू इस प्रश्न की चर्चा करते हैं कि क्या सद्गुण संवेग हैं, तो यहां वे साधारण भाषा के प्रमाण के सहारे ही इसकी चर्चा करना चाहते हैं। सद्गुण संवेग नहीं हैं क्योंकि हम इस आधार पर अच्छे या बुरे नहीं कहलाते कि कोई खास संवेग प्रदर्शित करते हैं किन्तु हम सद्गुणी उसी समय कहे जाएंगे जब हम कोई अच्छा या बुरा कर्म करते हैं। आगे वे कहते हैं, संवेग के विषय में यह कहा जाता कि वह हमें प्रवृत्त (मूव) कर देता है—जबकि एक सद्गुण या दुर्गुण हमें अनुशासित (गवर्न) करते हैं।’ तब हम जो कहें वही निर्णायक स्थिति है। इस प्रकार की युक्तियां नाइकोमेकियन एथिक्स नामक संग्रह में हर स्थान पर मिलेंगी। और विख्यात अरस्तूवादी ऑक्सफोर्ड के विचारकों द्वारा खूब प्रयुक्त की गई मिलेंगी। जैसा हम देख चुके हैं, कुक विल्सन ने सदैव ही एक सामान्य मुहावरा निर्धारित करने के महत्व पर काफी बल दिया है। डब्ल्यू० टी० रास की नैतिक रचनाओं में, जो मूर की प्रिंसिपिया एथिका से काफी भिन्न हैं, साधारण आदमी के कथन पर एवं उसकी महत्ता पर काफी जोर दिया गया है।

इन विशिष्ट प्रभावों में यह सामान्य विचार और जोड़ें कि शास्त्रीय रूप से प्रशिक्षित व्यक्ति सदैव ही 'सहीपन’ पर अधिक बल देंगे जिसका मृत भाषा में भी एक निश्चित अर्थ होता है और यह तब आश्चर्य की बात नहीं लगेगी कि साधारण भाषा सम्बन्धी दर्शन ने ऑक्सफोर्ड जैसे स्थल में इतनी त्वरित गति पाई। ऑक्सफोर्ड में ही विट्जनस्टीन के विचारों को अरस्तू के मासाई भण्डार में भरती किया जा सका। इस भण्डार में से ऐसे फल निकले हैं जो अन्य बातों के अतिरिक्त अपने केम्ब्रिज प्रतिरूपों की अपेक्षा अधिक सूखे एवं ठण्डे हैं।

ऑक्सफोर्ड दर्शन में भी विशेषकर जे० एम० ऑस्टिन की रचनाओं में भाषा में रुचि देखी जा सकती है। यह रुचि भाषा में अपने ही स्वरूप के लिए है। जो बात विट्जनस्टीन में नहीं मिलती। बहुत से ऑक्सफोर्ड के विचारकों की दृष्टि में भी मन, ज्ञान, प्रत्यक्षीकरण जैसे शब्दों के प्रयोग का अपना अलग महत्व है और यह महत्व उसके चिकित्सात्मक (विश्लेषणात्मक) और तत्ववादविरोधी शक्ति प्रकटाने की दृष्टि से बिल्कुल अलग है। इनके लिए, दर्शन का एक निजी एवं व्यवस्थित कर्म है। केम्ब्रिज के विट्जनस्टीनवादियों के बहुत से पुराने संरक्षकों की दृष्टि में ऑक्सफोर्ड दर्शन मार्गीमता में आकर शापित हो गया है। ऑक्सफोर्ड के विख्यात साधारण भाषाई दार्शनिक गिल्बर्ट राइल हैं। राइल की शिक्षा कुक विल्सन परम्परा में हुई। अरस्तू सदैव ही उनके लिए अलगाव के स्वाभाविक बिन्दु रहे हैं। किन्तु वे महाद्वीपीय दर्शन में भी रुचिशील थे। पहले हुसल व मीनोंग में बाद में तर्कसम्मत वस्तुस्थितिवादियों में। वे एक प्रशिक्षित शास्त्रीय दार्शनिक थे जैसे विट्जनस्टीन नहीं थे परम्परा कायम करने वाले एक दार्शनिक चाहे वे कितने ही रूढ़िहीन क्यों न रहे

हो। यही कारण है कि उनके विचारों की व्यापक रूप से चर्चा हुई है। यहाँ तक कि उन लोगों के द्वारा भी जो विटजनस्टीन में कोई सूत्र नहीं खोज सके।

सिस्टेमेटिक्ली मिसलीडिंग एक्सप्रेशन्स’ (पी० ए० एस० 1931 एवं एल० एल० 1) में राइल अपने परिवर्तन की घोषणा करते हैं यद्यपि यह परिवर्तन झिझक व्यक्त करता है। वे अब यह मानते हैं कि दर्शन का कर्म भाषाई मुहावरों के प्रचलित दुरुपयोग तथा बेहूदे सिद्धान्तों की खोज करना है। ब्रेडले, फ्रेंग तथा रसेल की भाँति अभिव्यक्ति के व्याकरणात्मक आकार तथा उसके द्वारा वर्णित तथ्यों के आकार का अन्तर करके राइल यह तर्क देते हैं कि दैनिक जीवन की बहुत सी अभिव्यक्तियाँ अपने व्याकरणसम्मत आकार के कारण व्यवस्थितता की दृष्टि से भ्रामक हैं। केवल इसीलिए कि एक वाक्य उदाहरणार्थ मिस्टर पिकविक एक गल्प हैं, व्याकरण की दृष्टि से मिस्टर मेंजीस एक राजनीतिज्ञ हैं का समरूपी (अनेलोगस) है। हम इसे यह जानकर भी पढ़ सकते हैं कि मानो यह एक व्यक्ति का वर्णन हो अर्थात् एक ऐसे व्यक्ति का वर्णन जिसमें गल्पात्मकता के गुण मौजूद हैं। वास्तव में यह कथन एक गल्पात्मक व्यक्ति के विषय में नहीं है। यह मिस्टर पिकविक जैसे विचित्र गुणों से युक्त, वास्तविक व्यक्ति के विषय में न होकर डिकिन्स के विषय में है– या एक वास्तविक पुस्तक पिकविक पेपर्स के विषय में है। यदि कोई बात तत्काल स्वीकार न हो तो फिर यह सब कैसे बताया जाय? यदि मिस्टर पिकविक एक गल्प हैं’ एक पिकविक नाम के व्यक्ति के विषय में होता तो इससे यह तर्ककथन निर्मित होता कि ‘मिस्टर पिकविक अमुक अमुक साल में जन्मे हैं।’ अर्थात् यह ऐसा परिणाम है जो मौलिक कथन का ही विरोधाभास है। विरोधास्पद स्थितियाँ एवं विपरीतताएँ इसके प्रमाण हैं कि एक अभिव्यक्ति व्यवस्थितता की दृष्टि से भ्रामक है।

राइल जान बूझकर ऐसी अभिव्यक्तियों के विषय में कहते हैं कि ‘गल्प हैं’ जैसे आकार दैनिक जीवन में हम भ्रमित नहीं करते– किन्तु तत्ववादी जो तथ्यों के आकार में या सत्ता की पदावस्था में विशेष रुचि रखते हैं अपने विचित्र सिद्धान्तों से सम्मोहित हो गये हैं, क्योंकि वे कथनों के व्याकरणसम्मत आकार को उनके ऊपरी रूप में देखने लगे हैं। उन्हें यह मानने को विवश होना पड़ा है कि समष्टियों का अस्तित्व है। यहाँ यह बात स्मरणीय है कि राइल, हुसर्ल एवं मीनोंग का अध्ययन करते रहे हैं। इन लोगों ने गलती से यह मान लिया था कि ‘समय की पावन्दी एक सद्गुण है’ यह तर्कवाक्य व्याकरण की दृष्टि से ‘ह्यूम एक दार्शनिक हैं’ के समानान्तर है। अर्थात् ह्यूम की ही भाँति समय की पावन्दी भी एक नाम है या फिर केवल मात्र इसलिए भी कि हम सही तौर पर यह कहते हैं कि ‘छुट्टी लेने का विचार अभी अभी मेरे मन में आया है’ इस वाक्य को पढ़कर दार्शनिकों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि विचार नाम की कोई इयत्ता भी विद्यमान है जिसे छुट्टा लेने का विचार मूर्त रूप देता है।

दैनिक जीवन के समापणो से इस प्रकार के भ्रामक सुझावों का निवारण करने के लिए दाशनिक को वाक्यो को दुबारा प्रस्तुत करने की शिक्षा मिलनी चाहिए। और उसे यह सब रसेल के विवरण सिद्धान्त की ही भाति प्रस्तुत करने की विधि आनी चाहिए। राइल एव रेमसे के लिए यह तो दशन का एक नमूना है ताकि तथ्यों के आकार को स्पष्टत प्रदर्शित किया जा सके, जिनकी जाच पडताल का माध्यम दशन है। दार्शनिक विश्लेषण उनकी दृष्टि मे ऐसी ही पुन रचनाओ' म निहित है। स्पष्ट ही राइल अब दोनो ही प्रकार की स्थितियो को स्वीकारते हैं कि दर्शन चिकित्सात्मक भी है तथा इसका एक निश्चित काय भी है—अर्थात् तथ्यों के वास्तविक आकारो को प्रकट करना। व्यवस्थितता की दृष्टि से भ्रामक अभिव्यक्तिया वास्तव म विटजनस्टीनयुग के आरम्भिक काल की ही मानी जानी चाहिए। यह युग बाद मे जाकर विजडम के तार्किक सरचना के युग के रूप मे बदल गया। ऐसे समय मे जब कुक विलसन के अनुयायी आक्सफोड म छाए थे, एक आक्सफोड के विद्वान् का कैम्ब्रिज–पद्धति पर चलना महत्वपूर्ण बात थी। (यद्यपि इससे पूव प्राइस ने रसेल के एन्द्रिय सवेदन के सिद्धान्त के प्रति सहानुभूतिशील होकर ओक्सफोड म एक निराशा उत्पन्न करदी थी।)

राइल ने बाद के वर्षों म बहुत से दार्शनिक निबध लिखे थ। 'द कन्सेप्ट आव माइण्ड' को समझने के लिए दो बहुत महत्वपूर्ण है केटेगेरीज (पी० ए० एस० 1937) एव उनका उद्घाटन भाषण (फिलोसोफिकल आरग्यूमेण्ट्स 1945)। केटेगोरीज मे राइल न पदावस्था (केटेगारी) को इस तरह स परिभाषित किया है कि अपने म उन सभी बातों को भी समाहित किया जा सके जो अरस्तू एव काण्ट के दशन म मूल्यवान थी। जबकि उन्होने पदावस्था[1] म दो कथनो को भिन्न सिद्ध करने का एक निश्चित माग भी सुझाया था जो उन दोनो ने नही किया था। थोडी देर के लिए इस अपूर्ण अभिव्यक्ति पर विचार करें (जो वाक्य के आकार की है) कि बिस्तर पर है ऐसी स्थिति मे बिना बेहूदगी के हम खाली स्थान की पूर्ति 'जोन्स या सुकरात' जैसे नाम रखकर कर सकते हैं। किन्तु यहा शनिवार नही रखा जा सकता। यह बात यह सिद्ध करने के लिए काफी है कि 'जोन्स' शनिवार' से भिन्न पदावस्था को व्यक्त करता है। अभी यह तो सिद्ध हुआ ही नही कि जो■ एव सुकरात एक ही पदावस्था के हैं या नही क्य कि कुछ ऐसे वाक्याकार हो सकते

---

[1] आलोचना के लिए देखें ज० जे० सी० स्मार्ट ए नोट आन केटेगोरीज (बी० जे० पी० एस० 1953)। इसम उनका तक है कि राइल के कथनानुसार तो दो अभिव्यक्तिया कभी भी एक पदावस्था के आकार की नही होंगी। ए० जे० बेकर केटेगोरी मिस्टेकस (ए० ज० पी० 1956)। तुलनीय रसेल का प्रकारो का सिद्धान्त।

हैं जहां 'जोन्स' तो रखा जा सकता है किन्तु सुकरात को रखना निरर्थक हो जायगा। इस तरह '   ने अरस्तू का अध्ययन किया है,' जैसे वाक्याकार के रिक्त स्थान पर यद्यपि या तो 'वह' (उसने) या फिर 'इस किताब के लेखक' जैसे शब्द भरे जा सकते हैं। तो भी ये दोनों शब्द भिन्न पदावस्थाओं के हैं। क्योंकि '   ने पुस्तक नहीं लिखी है' जैसे वाक्य में 'इस किताब के लेखक' के बजाय 'वह' (उसने) ही भरा जाना उपयुक्त होगा।

ऐसे मामले में किसी वाक्याकार को अनुचित रूप से पूर दिया जाना ही निरर्थकता का कारण हो सकता है। किन्तु इसके विपरीत यह बात कहां स्पष्ट है कि यदि हम '   असत्य है' के खाली स्थान को, 'जो बात मैं कह रहा हूं' से भर दें तो हम विपरीतताओं तथा विरोधाभासों में पड़ जायेंगे। इस प्रकार की अस्पष्ट बहुढंगिया दार्शनिक दृष्टि से रोचक हैं।[1] वास्तव में दार्शनिक लोग व्यवस्थित रूप से पदावस्थाओं के भेद करने की ओर प्रवृत्त हो गए हैं केवल इसीलिए कि उनसे अप्रत्याशित विपरीतताओं पर प्रकाश पड़ता है। तब वे यह पता लगाने निकल पड़ते हैं कि ऐसे मामलों में छिपी हुई विपरीतताएं कहां हैं, जिनमें पदावस्था का भेद भी छिपा पड़ा है।

'कटेगोरी' नामक राइल के निबंध के दो पहलू महत्त्वपूर्ण हैं। इनमें उनके दृष्टिकोण को समझने में सहायता मिलती है। प्रथम तो यही कि यद्यपि वे सदैव ही अभिव्यक्तियों की ही बात करते हैं वे यह नहीं कहते कि कोई धारणा या विश्वास पूर्णतः बेहूदा हो सकता है। उनका कथन है कि वे कोई भाषा वैज्ञानिक जांच नहीं कर रहे हैं। वे तो वस्तुओं की प्रकृति के विषय में ही कुछ कहना चाहते हैं। या वे केवल धारणाओं के विषय में ही कम से कम कह रहे हैं। इस बात पर बल देना उन्होंने जारी रखा है। बहुत से आलोचक जो अन्यथा उनकी कृतियों से सहानुभूति रखते हैं, यह शिकायत करते हैं कि उनके निष्कर्ष आकारी अवस्था[2] में व्यक्त होने के बजाय भौतिक अवस्था में भ्रामकता पूर्वक व्यक्त हो गए हैं। दूसरे पदावस्थाओं का भेद राइल के वर्णनानुसार दार्शनिक युक्ति की अपेक्षा रखता है अर्थात् एक तार्किक अनुगणन की (रेशियासिनेशन की)। यह बात उन लोगों के द्वारा, जो दर्शन को विश्लेषण मानते हैं, भुला दी गई है, या अनदेखी कर दी गई है।

इस आशय के कथ्य की अभिव्यक्ति के लिए ही उनके भाषण का अधिकांश

---

[1] देखें राइल 'हीटेरालोजिकलिटी' (एनालिसिस 1950), जे० एल० मकी तथा स्मार्ट 'ए वेरिएण्ट आव द हीटरोलाजिकल पराडोक्स' (वही 1952)।

[2] द्रष्टव्य एन० आर० हेन्सन 'प्रोफेसर राइल्स माइण्ड' (पी० क्यू० 1952)।

लगा था। दार्शनिक तर्क न तो आगमन है न प्रदर्शन। दार्शनिक की अपनी एक अलग ही विधि है। जिसका सर्वाधिक प्रतिनिधित्व रिडक्शियो एड एब्सर्डम (असंगतता-निवारण) की विधि के जरिए होता है। अर्थात्, एक तर्कवाक्य में से अथवा तर्कवाक्यों के समूह से ऐसे निष्कर्ष निगमित करना जो परस्पर असंगत हों या फिर मूल तर्कवाक्य से असंगत हों।’ दार्शनिक ऐसे तर्कवाक्यों की वहूदगी बताता है। राइल का यह आशय नहीं है कि दार्शनिक तर्कोक्तियाँ केवल मात्र विध्वंसात्मक ही हैं। रिडक्शियो एड ऐब्सर्डम (असंगतता निवारण) का सिद्धान्त एक छिद्रान्वेषी पटी का ही कार्य करता है। या फिर रूपक को बदलें तो यों कहेंगे कि उन सीमाओं का निर्धारण कर देने पर जहाँ वहूदगी प्रकट हो जाती है, यह तर्कवाक्य के प्रयोग संबंधी वास्तविक चेन का अंकन करने में सहायक होता है।

प्रत्येक तर्कवाक्य में कुछ तार्किक शक्ति भी रहती है। अधिकांश में हम जिस तर्कवाक्य का प्रयोग करते हैं उसकी सीमित तार्किक शक्ति से ही परिचित होते हैं। उनके अर्थ को हम केवल एक आंशिक रूप में ग्रहण कर पाते हैं। तो भी हम ऐसे तर्कवाक्यों का प्रयोग कर सकते हैं जैसे $3 \times 3 = 9$’ या लन्दन ब्राइटन के उत्तर में है।’ और इस वक्त हम उन गणितीय या भौगोलिक भूलों में नहीं पड़ते जो इस बात का प्रयास होगा कि हम जो कुछ कर रहे हों उसे भी भली भाँति समझे हुए नहीं हों। यदि हम उन नियमों का ब्यौरा नहीं दे सकते जिनसे ये तर्कवाक्य संचालित हैं, तो भी कम से कम हम यह तो जानते हैं कि सामान्य परिस्थितियों में इनका उपयोग कैसे किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता, तो राइल के मत में दार्शनिक को कोई बात आरम्भ करने का अवसर या मौका ही नहीं मिलता।

जब तर्कवाक्यों में कुछ समानताएँ आ जाती हैं तो राइल के अनुसार कभी कभी यह सुविधा हो जाती है कि इस सामान्य अंश को धारणा मान ली जाए। उदाहरणार्थ वाक्यों के एक समूह में से जॉन समझदारी का व्यवहार करता है’ ब्राउन समझदारी से विचार करता है आदि, हम समझदारी की धारणा का चुनाव कर सकते हैं। मूर ने अपनी आरंभिक रचनाओं में लिखा है मानो तर्कवाक्यों की रचना करते समय एक धारणा उसका निर्मायक तत्व है (बिल्डिंग ब्लाक) है।’ राइल मूर के विरोध में यह कहते हैं कि धारणा तर्कवाक्य के परिवार के लिए एक हस्तामनक रूप गुटका (हैंडी एब्रीवियेशन) है।’ इस तरह जब राइल धारणा की तार्किक शक्ति के विषय में चर्चा करते हैं तो उनका मतलब है कि वे उन तमाम तर्कवाक्यों की तार्किक शक्ति का संक्षिप्त रूपान्तर प्रस्तुत कर रहे हैं—जो कुछ अंशों में समान गुणों से युक्त हैं।

द कन्सेप्ट आव माइण्ड (1949) मानसिक धारणाओं[1] की तार्किक शक्तियों का विश्लेषण करती है। दैनिक जीवन में हम इन धारणाओं से भली भांति काम चला सकते हैं। हम उदाहरण के लिए यह निर्णय लेना जानते हैं कि 'कौन समझदार है या मूर्ख'—वह केवल मजाक कर रहा है या कि किसी समस्या पर विचार कर रहा है'।

हम जब यह जानने की कोशिश करते हैं कि ऐसी अभिव्यक्तियाँ को कौनसी पदावस्था में रखा जा सकता है तो हम भ्रमित हो जाते हैं। अर्थात् उस समय यह स्थिति उपस्थित होती है जब तर्कवाक्यों में प्रविष्ट पदावस्थाओं की तार्किक शक्ति की खोज हम करनी पड़ती है। इस उलझन पर विजय प्राप्त करने के लिए राइल के मतानुसार, हम विविध मानसिक धारणाओं का नक्शा बनाना पड़ेगा। दूसरे शब्दों में, उनके प्रयोग की सीमाएं निर्धारित करनी पड़ेंगी।

किन्तु सबसे पहले यह गल्पाख्यान (मिथ) भंजित करना होगा एक प्राधिकारिक (आफिशल) या कार्टेजियन गल्पाख्यान कि 'मनो व्यवहारी अभिव्यक्तियाँ एक विचित्र प्रकार की इयत्ता का [illegible] है जो मन या आत्मा के नाम से जाना गया है। यह शरीर से इस अर्थ में भिन्न है कि वह निजी है, अ-दिक्कीय है और केवल अन्त दर्शन द्वारा ही जाना जा सकता है। और यह जानकर कि समझदारी जैसे शब्द ऐसी इयत्ताओं का नामकरण नहीं करते जो यान्त्रिक नियमों से संचालित हैं, दार्शनिक यह मानने को विवश हो गए हैं कि वे सब ऐसी इयत्ताओं का नामांकित करते हैं जो यान्त्रिक न हों, तथा आत्मिक नियमों से संचालित हों। वास्तव में यह मानना पदावस्था-संबंधी भूल है कि वे किसी न किसी इयत्ता का नामांकन तो करती ही हैं। समझदारी शब्द का कार्य मानवी

---

[1] हैम्पशायर की समीक्षा देखें (माइण्ड 1950)। हैम्पशायर ने जो आधुनिक ऑक्सफोर्ड के विचारकों में सर्वाधिक प्रतिभासम्पन्न एवं प्रत्ययवादी थे मानस के दर्शन की ओर विशेष ध्यान दिया है। देखें, उनका 'आन रेफरिंग एण्ड इन्टेण्डिंग' (पी० आर० 1956)। इसमें वे प्रकट (ओवर्ट) क्या है और क्या नहीं इस भेद को व्यक्त करने के लिए एक मार्ग सुझाते हैं। देखें मेक्नालड 'प्रोफेसर राइल आन द कान्सेप्ट आव माइण्ड' (पी० आर० 1951)। जे० न विजडम 'द कोन्सेप्ट आव माइण्ड' (पी० ए० एस० 1928)। ए० सी० गारनेट 'माइण्ड एज माइंडिंग' (माइण्ड 1952)। एवं ए० सी० यूइंग 'प्रोफेसर राइल्स अटैक आन ड्यूएलिज्म' (पी० ए० एस० 1952)। जे० हालोवे 'लैंग्वेज एण्ड इण्टेलीजेन्स' 1951) जो इसी से सम्बन्धित विषयों पर इसी ढंग से चर्चा करती है। लो स्पिरिटो कोमे काम्पोर्टामिण्टो' के नाम से एफ० रासी-लैण्डी द्वारा कृत इटालवी अनुवाद में भी अनुवादक द्वारा बहुत उपयोगी प्रस्तावना प्रस्तुत की गई है।

व्यवहार का वर्णन करना है, किसी इयत्ता का नामांकन करना नहीं।' डेकार्ट एवं उन ज्ञानमीमांसकों के अनुसार जो उनका अनुसरण करते हैं मनुष्य ही विभिन्न इयत्ताओं से निर्मित है मनस एवं शरीर, आत्मा एवं यान्त्रिकी काया[1]।' बस तभी ज्ञानमीमांसकों के समक्ष समस्याओं की एक भीड़ लग जाती है कि कैसे एक अभौतिक आत्मा भौतिक शरीर के कार्यों पर प्रभाव डाल सकती है, कैसे आत्मा अपने चारों ओर व्याप्त भूत जगत् में प्रविष्ट हो सकती है? ऐसे प्रश्नों का राइल की दृष्टि में कोई उत्तर ही नहीं है। तो भी इनका यह कहकर विनाश भी नहीं करना चाहिए (प्रत्ययवादी की भांति) कि वास्तव में मनुष्य आत्म तत्व से ही निर्मित है या (भौतिकवादी के साथ) कि वास्तव में वह एक यन्त्र है। मनुष्य न तो केवल आत्मा ही है, न केवल यन्त्र। वह एक मनुष्य मात्र है जो कभी तो समझदारी से व्यवहार करता है कभी मूर्खता से। कभी तो वस्तुओं को देखता है और कभी उन्हें अनदेखा कर जाता है। कभी तो क्रियाशील रहता है और कभी चुपचाप। राइल के अनुसार मनुष्य को आत्म-तत्व से वंचित मानकर यन्त्र नहीं मानना चाहिए क्योंकि आखिर तो वह उच्च श्रेणी का स्तनधारी प्राणी है। अभी तक जोखिम से भरी यह उछाल हम लेनी ही है कि हम मनुष्य मनुष्य ही हैं' के आकल्प को साहसपूर्वक व्यक्त कर सकें।

दार्शनिकों ने यह मान लिया है कि समझदारी से कार्य करना सिद्धान्तीकरण का पर्याय है या सत्य की खोज करने' का पर्याय है। किन्तु चूंकि विचार प्रायः निजी सीमाओं में ही होता है अतः (एक बार बचपन में हम यह विचार रूपी चालाकी सीखलें तो) यह निष्कर्ष निकालना सरल हो जाता है कि समझदारी की प्रत्येक क्रिया का संबंध एक निजी एवं गुप्त जगत से है। किन्तु राइल का तर्क है कि सिद्धान्तीकरण' केवल बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार की एक प्रजाति है। इस प्रकार सर्वाधिक बुद्धिमत्तापूर्ण कार्य यह जानने में है कि कैसे किसी काम को उसके निष्कर्ष तक ले जाया जाय, या यह जानने में कि एक खेल कैसे खेला जाय या फ्रेंच भाषा कैसे बोली जाय, एक घर कैसे बनाया जाय और ये सब (कैसे) खेलों के, भाषा बोलने के तथा मकान बनाने के विषय में किये गये सिद्धान्तीकरण से बिल्कुल भिन्न हैं। यदि वास्तव में हम यह कहने की कोशिश करें कि व्यवहार उसी समय बुद्धिमत्तापूर्ण होगा यदि उस पर पहले से बुद्धिमत्तापूर्ण विचार कर लिया गया हो तो हम एक अनन्त चक्राकार स्थिति में पड़ जाएंगे। ऐसा मान लेने का यदि कोई भी अच्छा कारण होता कि बुद्धिमानी से क्रिकेट खेलने के लिए यह आवश्यक

---

[1] द कॉन्सेप्ट आव माइण्ड के साथ ही साथ सी० डी० ब्रोड कृत माइण्ड एण्ड इट्स प्लेस इन नेचर पढ़ना अच्छा तरीका है।

है कि क्रिकेट के विषय मे बुद्धिमत्तापूण सिद्धा तीकरण इससे पहले किया जा चुका हो, तो यह विश्वास कर लने का भी उतना ही औचित्य होता कि बुद्धिमत्तापूण सिद्धा तीकरणक लिए उससे पहले सिद्धा तीकरण का बुद्धिमत्तापूण सिद्धा तीकरण होना आवश्यक है, इत्यादि और इस तरह अन त क्रम चलता रहेगा। एक अवस्था पर और क्यो न एक ही बार म ? हमे यह जान लेना पडेगा कि क्रिया का कोई भी रूप (आकार) बुद्धिमत्तापूण होता है चाह कोई स्थिति उससे पूव हो या न हो।

किन्तु यहा यह आपत्ति खडी की जा सकती है कि किसी क्रिया के केवल परीक्षण से ही हम यह नही कह सकते कि वह बुद्धिमत्तापूण है। यह तो मात्र सयोग भी हो सकता है। शतरज के खेल को बहुत कम जानने वाला भी कभी कभी एक सही और मुश्किल मे डाल दने वाली चाल चल सकता है। इसलिए राइल यह स्वीकारते हैं कि हम यह निर्धारित करन के लिये कि कोई कम बुद्धिमत्तापूण है या नही, उस काम से परे जाकर देखना होगा। यह पार दर्शन किसी रहस्य का पता लगा लने जसा नही है, जो हमारे लिय बिलकुल अपनी मानसिक क्रिया को किसी भावल्प से प्रकटता हो। इसके बजाय हम तो उसके (अभि)कर्ता की सामा य क्षमताओ एव शक्तिओ की जाच पडताल करते हैं। क्या वह अन्य परिस्थितियो मे भी ऐसी ही चाल चलेगा ? क्या वह दूसरो के द्वारा चली गई ऐसी चालो को पस द कर या समझ सकेगा ? यदि हमारे प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक है तो वह शतरज खेलना जानता है।

जानने की क्रिया राइल के अनुसार, चित्तवत्यात्मक है। ऐसा कहकर वे यह सुझाव नही दे रहे हैं कि वह खेल एक विशेष प्रकार की इयत्ता का खेल है जिसका नाम चित्तवत्ति है। यह तकवाक्य कि काच म टूटने की प्रवत्ति (डिस्पाजीशन) होती है,' उनके अनुसार (अस्पष्ट एव सीमित) शत कथनो की शृ खला की एक शीघ्रलिपि मात्र है। यदि आप काच को गिरा दें या पत्थर से उस पर चोट करें या इसे मोडने की कोशिश करें तो यह टूट जाएगा। यदि काच कभी न टूटता हो या हमारे अनुभव मे काच टूटने की घटनाए कभी प्रस्तुत न हुई हो तो भी हम उसे टूटनीय' नही कहना चाहिए। इस तरह उसका वणन कर हम किसी घटना का वणन नही कर रह अपितु एक सशत कथन को ही कह रहे होते हैं।[1]

---

[1] आलोचना के लिए देखें डी० पीयस 'द लोजिकल स्टेटस आव सपोजीशन' (पी० ए० एस० एस० 1951), एस० हैम्पशायर डिस्पोजीश स' एव ए० आर० व्हाइट 'मिस्टर हैम्पशायर एण्ड प्रोफेसर राइल आन डिस्पाजीश स (एनालिसिस 1953), जी० एन० बड मिस्टर हैम्पशायर आन डिस्पोजीश स (वही)। देखें,

तब यद्यपि हम एक व्यक्ति के विषय मे यही कहना चाहिए कि वह फ्रेंच भाषा मे पढ सकता है यदि वह कभी कभी ऐसे काय करता है जो फ्रेंच भाषा के पाठको स अपेक्षित हैं– या वह चिडचिडा है यदि वह झुंझलाता है जब वह क्रोध म हाता है या फिर वह मृदुस्वभावी है' यदि वह मित्रतापूण व्यवहार करता है। तो भी कोई ऐसी विशष घटना नही है जिसका घटना इस सम्बन्ध मे आवश्यक एव पर्याप्त दशा हो ताकि उसे व्यक्ति की चित्तवृत्ति के विवरण के लिए[1] लागू किया जा सके। एक इयत्ता या धारणा की खोज करना जो चित्तवृति के द्वारा नामांकित होती हो– एक किसी काल्पनिक प्राणी की खोज करने से अधिक कुछ नही है। राइल की दृष्टि मे यह कहना कि हमारी चित्तवृत्ति अमुक अमुक प्रकार की है' केवल यही कहना है कि हमारा व्यवहार नियमबद्ध है अथात् यह एक नियमित रूप से सचालित है।

इसी से सम्बद्ध भाषण जो काउण्टर–फेक्चुअल कण्डीशन्स' नाम से प्रसारित किए गए। अर्थात् ऐसे सशत कथन जस यदि सीजर ने रूबीकन नदी पार नही की होती तो गणतन्त्र नष्ट नहीं होता शामिल हैं। अभी अभी ऐसे तकवाक्यो पर व्यापक तौर पर चर्चा हुई क्योकि (1) ये किसी भी सघटनवादी एव चित्तवस्त्यात्मक मन या शरीर क विवरण मे एकाएक प्रकट हो जाते हैं। (2) प्राकृतिक नियमो एव मात्र नियमितताओ के भेद को केवल इसी बात म निहित माना गया है (देखें अध्याय 17 नीले पर) कि नियम तो इन दशाओ को स्वीकारते हैं किन्तु मात्र नियमतिताए ऐसा नही होने देती। (3) किसी सत्यफलनीय तकशास्त्र की दृष्टि से उनकी व्याख्या करना स्पष्ट ही ऊटपटाग निष्कष पर पहुचना होगा। जम यदि, तो ' के तर्काकार का भौतिक अभिप्रत प्राप्त करने पर प्रत्येक प्रतितथ्यात्मक दशात्मकता इसी तथ्य के बल पर सही होगी कि उसका पूवपक्षी (एंटिसीडेंट) गलत है। किन्तु प्रकट म कुछ ऐसे तकवाक्य जसे यदि पत्थर से काच पर चोट की जाय तो वह उसे तोड देगा सही है जबकि कुछ अन्य जसे यदि पख से काच पर चोट की जाय तो वह उसे तोड देगा' गलत हो जायगा। चिश्लोम द कण्ट्री टू फक्ट कण्डीशनल (माइण्ड 1946) गुडमैन द प्राब्लम आव काउटर–फक्चुअल कडीशनल (जे० पी० 1943) इसका पुनमुद्रण फक्ट फिक्शन एण्ड फोरकास्ट के नाम स हुआ (1954), जिसमे इसी विषय की विस्तृत चर्चा है। बिल क्नुन द कण्ट्रेरी टू फक्ट कण्डीशनल' (माइण्ड 1947), पोपर कृत ए नोट आन नेचुरल लाज एण्ड द सो काल्ड कण्ट्ररी टू फेक्ट कण्डीशनरस' (एनालिसिस 1949) पी० ज० डिग्स काउण्टर फेक्चुअल कण्डीशनल्स' (माइण्ड 1952) हेम्पशायर सबजकटिव कण्डीशनल्स (एनालिसिस 1948), चिश्लोम ला स्टेटमेण्टस एण्ड काउण्टरफेक्चुअल इनफरेंस (एनालिसिस 1954)।

[1] तुलना के लिए देखें विटजनस्टीन द्वारा समझ पर कही गई बातें। इसी पुस्तक म विवेचित।

राइल द्वारा किया गया प्रयोजनों का विश्लेषण भी इसी आधार पर विकसित होता है। एक प्रयोजन से काम करना, आदत के अनुसार काम करना है। यह बात इस तथ्य में प्रकट होती है कि हम प्रायः इस विषय में अनिश्चित रहते हैं कि अमुक व्यक्ति ने किसी विशेष प्रयोजन से अमुक कार्य किया है या किसी आदत से। किसी कार्य को आदतन प्रकट हुआ मानना उसके रहस्य का उद्घाटन करना है। किन्तु तब उसे अप्रत्याशित या विचित्र कहना अर्थहीन होगा। इसी तरह किसी कार्य को प्रयोजनवश किया हुआ मानना भी उसे किसी सामान्य प्रकार के कर्म की श्रेणी में रखना होगा– और यह उसे कार्य कारण रूप से प्रकट करने से भिन्न होगा। महत्वाकांक्षा से प्रेरित होकर कार्य करना, किसी महत्वाकांक्षी कार्य को उजागर करना है। महत्वाकांक्षा एक अद्भुत अयांत्रिक कारण नहीं है।[1]

ऐसी तथाकथित मानसिक प्रक्रियाओं के बारे में वे कहते हैं (जैसे इच्छाशक्ति की क्रियाएं), कि वे किसी भी दशा में प्रक्रियाओं के समान नहीं हैं। किसी प्रकार के विवरण की प्रक्रिया साधारणतः इस पर लागू नहीं होती। यह पूछना निरर्थक है कि इच्छाएं निरन्तर हैं या बाधित? किस प्रकार उन्हें गति दी जा सकती है और कैसे उन्हें धीमा किया जा सकता है? वे सब शुरू एवं खत्म कब होती हैं? स्वैच्छिक एवं अनैच्छिक व्यवहार इस तथ्य पर आश्रित नहीं रहते कि स्वैच्छिक व्यवहार पूर्ववर्ती है जब कि अनैच्छिक व्यवहार किसी भी इच्छित कर्म का पूर्ववर्ती नहीं है।

इसी भांति यद्यपि देखने और न देखने में, स्मरण एवं पुनः स्मरण करने में निश्चय ही भेद है, तो भी ये कोई मानसिक प्रक्रियाएं नहीं हैं। राइल के तर्क के अनुसार, वे देखने की तथा पुनः स्मरण की क्रियाएं ही हैं। देखना एवं पुनः स्मरण करना वास्तव में, उपलब्धिद्योतक शब्द हैं, प्रक्रियात्मक शब्द नहीं। देखना एक कर्म में सफल होना है, यह तो एक दौड़ जीतने के समानान्तर है जो दौड़ लगाने से भिन्न है। यदि मूर मानसिक क्रियाओं की चकाचौंध से उलझन में पड़ गए थे तो यह सब इसीलिए था कि वे उस वस्तु की खोज कर रहे थे जो वास्तव में थी ही नहीं।

बहुत से दार्शनिक जो राइल द्वारा कार्टेजियन गल्पाख्यान का उन्मूलन करने

---

[1] मनोविश्लेषणात्मक व्याख्याओं के स्तर के लिए राइल द्वारा प्रस्तुत 'प्रयोजनों के सिद्धांत' ने आधुनिक चर्चाओं में एक महत्वपूर्ण योग दिया है। इसी विषय पर देखें एस० टोलमिन की एनालिसिस (1948) में तथा उनके उत्तर के लिए एच० डिंगल को (उसी में)। आर० पीटर्स (1949) डब्लू० एफ० आर० हार्डी (1950)। देखें एलेक्जेण्डर एवं मेकिण्टायर काज एण्ड क्योर इन साइकोथेरपी (पी ए एस एस 1955)।

उनक प्रति सहानुभूतिशील ह उनक कल्पना[1] क विश्लेषण स परशान हो गए हैं। कि तु तो भी यह विश्लेषण उनकी इस सामा य निष्पत्ति के अनुरूप ही है कि जब हम यक्तियो को उनक मानसिक कर्मो स जानते हैं तो हम चेतना प्रवाह की किसी अनन्वेषी प्रात्मिक क्रिया के विषय मे कोई अनुमान नही लगा रहे होते हैं। हम तो उन लोगो द्वारा प्रबल रूप स यक्त किए जा रहे लौकिक यवहार का आंशिक विवरण प्रस्तुत कर रहे होते हैं– उस यह बताना है कि कल्पना करना कि ही निजी इयत्ताओ के किसी एक वग पर गहराई स मनन करने की प्रक्रिया नही है। अर्थात् कोई बिम्ब प्रकटाना नही है जसा कि किसी की हत्या करन का अभिनय करना किसी विचित्र प्रकार की वास्तविक हत्या कर देने जसा नही है। इसी तरह एवरेस्ट के देखन की कल्पना करना वास्तविक रूप से एवरेस्ट का बिम्ब देख लेना नही है। यदि कोई यक्ति एवरेस्ट दखन की कल्पना करता है तो न तो उसकी आखो के समक्ष वास्तव म एवरेस्ट होता ही है और न कोई बनावटी पहाड ही जो उसकी कृत्रिम दृष्टि क समक्ष प्रस्तुत हो। वह तो एवरेस्ट के विषय म प्राप्त अपने ज्ञान का उपयोग कर रहा होता है जिसक जरिए वह बताना चाहता है कि वह कसा दिखाई देगा। कल्पना करना राइल की दृष्टि म एक प्रकार का पूर्वाभ्यास करना है। भविष्य का पूर्वाभास करना है। या फिर बहाना करने का यह एक रूप हो सकता है कि तु निश्चय ही यह आ तरिक दशन नही है। जहा तक पूर्वाभ्यास एव पूर्वाभास सद्धातिक रूप स लौकिक है वसा ही कल्पना करना भी है। इस तरह निजता (प्राइवसी) की आ तरिक किनवन्ती (बिम्बो का जगत्) म तत अभेद्य सिद्ध नही हो पाता।

का सेप्ट आव माइण्ड म राइल ने अपनी ही तरह स दाशनिक मनोविज्ञान की समस्याओ की रचना की है एव उनका हल निकाला है। उनकी इस बात ने विटजनस्टीन को परशान कर दिया था। उनकी कृति डाइलेमाज विटजनस्टीन की मुख्य प्रस्थापनाओ की ओर प्रवत्त है। इसम दाशनिक के समक्ष प्रस्तुत हुई अशमनीय दुविधाओ को हल करन की समस्या पर विचार किया गया है। प्राय दाशनिक के सामने दो प्रकार के निष्कष रहते हैं और य इस तरह स परस्पर जुडे हैं कि इनम से एक पूणत गलत होना चाहिए यदि दूसरा आशिक रूप स सही है तो। बारी बारी स कभी अनक दुविधाओ का विचार करके राइल यह बतान की कोशिश करत हैं कि प्रत्यक अवस्था म सघष स्पष्ट है। उन सिद्धा तो के बीच का एक कृत्रिम सघष जो

---

[1] खें का सेप्ट आव माइण्ड की समीक्षाओ के अतिरिक्त जे० एम० शोटर कृत इमजीनेशन (माइण्ड 1952) तथा उसक साथ ही ए० जी० एन० फ्लू का उत्तर फक्ट एण्ड इमजीनेशन (माइण्ड 1956), बी० एस० ब जामिन आन रिमम्बरिंग (उसी म)। इस म इसी स सम्ब धित प्रश्नो की चर्चा की गई है।

स्वकर्मों से भिन्न श्रेणियों के हैं। और उन्हें समन्वित करने का कोई कारण नहीं दिखाई देता।

उदाहरणार्थ, एक परिचित समस्या लें कि भौतिक शास्त्र किस प्रकार विज्ञान जगत दैनिक जीवन के जगत से सम्बद्ध है। एक ओर जहां भौतिक शास्त्री हमें यह आश्वासन देता है कि वस्तुएं दरअसल दिक के विद्युदणुओं का संयोजनमात्र हैं कि वे वास्तव में रंगीन नहीं हैं, ठोस नहीं हैं या नियत नहीं हैं, इसके दूसरी ओर हम इस बात पर भी पूर्णतः आश्वस्त हैं कि मेजें एवं कुर्सियां वास्तविक हैं, और वे रंगीन हैं, ठोस हैं, एक आकार की हैं आदि आदि। किस प्रकार यह दुविधा पार की जाए? भौतिकशास्त्री के निष्कर्ष राइल की दृष्टि में किसी भी प्रकार हमारे दैनिक जीवन के निर्णय से वस्तुतः संघर्ष में नहीं आते। और इस तरह तथाकथित दुविधा केवल हमारी रुचियों का अन्तर मात्र रह जाती है।

वे अपनी बात को एक दृष्टान्त से सिद्ध करते हैं। एक महाविद्यालय का लेखा परीक्षक (आडिटर) उस विद्यालय के एक उपस्नातक से यह कह सकता है कि महाविद्यालय के लेखे जोखे में विद्यालय का समस्त जीवन आ जाता है उसके खेलकूद मनोरंजन, उसकी शिक्षा आदि सभी उसमें वर्णित हैं। यह लेखापरीक्षक उपस्नातक को धोखा नहीं दे रहा है, क्योंकि दरअसल यह लेखा व्यापक है सही है तथा सब बातों को अपने में समेटता है। तो भी उपस्नातक इस बात से आश्वस्त है कि कुछ ऐसा भी है जो इस लेखे-जोखे से छूट गया है। यही बात ठीक उसी रूप में भौतिक शास्त्री एवं हमारी वास्तविक स्थितियों को व्यक्त करती है कि कोई भी भौतिक परिवर्तन विद्युदणुओं की गति के द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है और उन मामलों में भौतिकी पूर्ण है। तो भी किसी तरह यह जगत् जिससे हम प्रेम करते हैं और जिससे डरते हैं भौतिकशास्त्री के चंगुल से कहीं न कहीं निकल ही जाता है। राइल सुझाते हैं कि उपस्नातक को लेखापरीक्षक के इस दावे की गहराई से जांच करनी चाहिए कि उसके लेखे में महाविद्यालय का पूरा जीवन समेट लिया गया है या नहीं। निस्सन्देह उसके लेखे में यह सब है। इस अर्थ में कि महाविद्यालय की हरेक गतिविधि को आय व्यय के हिसाब से रखा गया है किन्तु उसके लेखे कालेज जीवन के उस पहलू का वर्णन नहीं करते जो उपस्नातक के लिए मनोरंजक या आवश्यक हैं। लेखाकार के लिए पुस्तकालय की एक नयी पुस्तक 25 शिलिंग भर की है। वह किसी श्रेष्ठ आत्मा की मूल्यवान कृति नहीं है। इसी भांति यद्यपि भौतिकी सभी को समेट लेती है तो भी वह उन सभी चीजों का पूरा विवरण नहीं देती। भौतिकशास्त्री तो हमारे चारों ओर व्याप्त जगत के कुछ पहलुओं में ही रुचि रखता है। जिस प्रकार एक लेखापाल का काम तथा उपस्नातक का काम भिन्न है उसी प्रकार भौतिकशास्त्री का काम भी भिन्न है। हर एक अपने रास्ते पर जा रहा है और उसे इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की दुविधा का भय नहीं होना चाहिए। अभाव चेष्टा के इस सिद्धान्त के

बहुत से प्रशंसक हैं। विशेषत उन लोगों में से जो बिना विवाद के धार्मिक होना, तथा साथ ही विवेचनाकार दार्शनिक रहना चाहते हैं।

राइल सदैव ही इस बात पर बल देते रहे हैं कि उनका कर्म तनिक भी दार्शनिक कार्य नहीं है और निश्चय ही वे कभी गहन भाषाई विश्लेषण में निरत नहीं होते हैं। ऐसे विश्लेषणों के लिए हमें जे० एल० आस्टिन के निबंधों की ओर अभिमुख होना चाहिए जो ऑक्सफोर्ड में नीति दर्शन के प्राध्यापक थे तथा जिन्होंने अपनी आलोचनात्मक क्षमता के लिए काफी आदर अर्जित किया है किन्तु अपनी इन क्षमताओं के कारण वे बहुत मोटे ग्रन्थों के रचयिता नहीं हो पाये।

हाउ [illegible] टाक' (पी० ए० एस० 1952)[1] नामक उनका निबंध समापण-क्रिया (स्पीच एक्ट) के प्रकारों के अन्तर को बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत करता है। [illegible] को य जैसा वर्णित करना' क्ष को य कहना तथा यह कहना कि क्ष य है' आदि। निस्संदेह यह सब एक जाँच-पड़ताल का काम ही तो है। क्योंकि आस्टिन का मत है कि दार्शनिकों ने विवरण एवं कथन जैसे शब्दों का भ्रांतिजनक प्रयोग किया है। किन्तु तो भी उनके इस कर्म को भाषाई विश्लेषण का एक ऐसा प्राथमिक रूप माना जा सकता है–जिसमें प्रकट रूप से कोई चिकित्सात्मक ध्येय नहीं है। पी० ए० एस० (1946) द्वारा अदर माइण्ड्स पर आयोजित एक गोष्ठी में उन्होंने अपने एक प्रभावशाली लेख में कहा था कि दार्शनिक सुवाद का संदर्भ अधिक स्पष्ट हो गया है।' किन्तु उस लेख में उठाए गए भाषाई बिन्दु सुन्दर हैं। अपनी प्रकृति में वे राइल की रचनाओं में पाई जाने वाले भाषाई विश्लेषण से कहीं अधिक भाषा वैज्ञानिक हैं। उदाहरणार्थ यह बताने का प्रयास कि हम ठीक तौर पर स्वयं अनुभूतियों से परिचित नहीं हो सकते (अर्थात् जिसे एक व्यक्ति अनुभव कर रहा है उससे) किन्तु हम जिससे परिचित होते हैं वह यह अनुभव मात्र होता है कि अमुक अमुक स्थिति अनुभव की जा रही है। (अर्थात् वह क्या अनुभव कर रहा है यह ज्ञान) आस्टिन का कहना है कि मैं जानता [illegible] कि वह क्या अनुभव कर है जैसे वाक्य में क्या एक प्रश्नवाचक संयोजक का कार्य निबाहता है। एक संबंधवाची संयोजक का जिसे' के पर्याय का नहीं। आस्टिन से पूर्व किसी ने भी इतने सुन्दर ढंग से इस विषय पर ऐसी व्याकरण[2]सम्मत बात नहीं कही थी।

---

[1] आलोचनात्मक टिप्पणी के लिए देखें डी० आर० कज़िन 'हाउ नाट टु टाक (एनालीसिस 1954) जे डब्लू रॉक्सबी कार्क्स फिटिंग एण्ड मैचिंग (एनालीसिस 1955)।

[2] कोई भी देख सकता है कि ऑक्सफोर्ड दर्शन या भाषाई दर्शन पर चर्चा करना कितना खतरे [illegible] भरा हुआ है। इसमें कुछ सार तो है ही क्योंकि ऑक्सफोर्ड दर्शन

ऑस्टिन कृत 'अदर माइण्ड्स' समर्पण क्रियाओं की एक विशेष श्रेणी की ओर ध्यान आकर्षित करता है जिन्हें उन्होंने प्रग्मनकारी उक्तियों की संज्ञा दी थी। दार्शनिकों ने साधारणतया यह मान लिया था कि भाषा शुद्ध रूप से वर्णनात्मक ही है। ऐसी स्थिति में 'मैं जानता हूं स प है' जैसे वाक्य से अभिमुख होकर वे विशिष्ट संज्ञान क्रिया (अर्थात् जानने की क्रिया) की खोज में निकल पड़े हैं—जिसे ज्ञानकथनों से वर्णित किया जाता है, और जो आस्था कथनों से भिन्न है। किन्तु वास्तव में 'मैं जानता हूं' का काम वही है जैसा कि 'मैं दावा करता हूं' का है। यह एक स्वीकारोक्ति के बराबर है। इसमें वही शक्ति है जो 'आप मुझ पर विश्वास कर सकते हैं' या 'आप इस पर मेरा वचन ले लें' जैसे कथनों में रहती है। यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि 'मैं जानता हूं कि यह सब ऐसा है किन्तु मैं गलत भी हो सकता हूं।' केवल इसीलिए नहीं कि जानने की क्रिया दोष रहित है, अपितु इसलिए कि ऐसा कोई भी कथन इस तरह की स्वीकारोक्ति के एक साथ प्रविष्ट होने तथा उससे विमुख रहने की बात के बराबर ही है।

ऑस्टिन की विचार परम्परा को एस० ई० टालमिन जैसे कैम्ब्रिजवादियों द्वारा आगे बढ़ाया गया। बाद में जाकर वे ऑक्सफोर्ड के निवासी हो गए। यह परम्परा 'प्रोबेबिलिटी' (पी ए एस 1950) नामक निबंध में देखी जा सकती है। सम्भाव्यता सिद्धान्त के दर्शनमना प्रचना विचारक (जो असीम वर्गों की जटिलता से परेशान हुए या फिर सम्भाव्यता के कलन की स्पष्टता से मोहित हो गये।) अपने विश्लेषणों का समारम्भ एक बहुत ही विशद बात को लेकर करते हैं। उन्हें इस बात से प्रारम्भ करना चाहिए कि ऐसी सामान्य अभिव्यक्तियों को कि 'मैं सम्भवत आऊंगा।'[1] हम कैसे प्रयुक्त करते हैं। तभी यह स्पष्ट होगा कि 'स सम्भवत प है'

